1.5

ओ३म्

महाभारतानुशासनपर्वान्तर्गतं (१४६ अ०)

विष्णुसहस्रनाम-स्तोत्रम्

(सत्यभाष्याऽऽर्यभाषानुवादसहितम्)

(51-31)

तृतीयो भागः

भाष्यकर्ता—

श्री १०८ पं० सत्यदेव वासिष्ठः साङ्गवेदचतुष्टयी

भूतपूर्व-लवपुर-दिल्ली-भिवानीस्थ-सनातनधर्मायुर्वेद-महाविद्या-
लयीय-प्रधानाध्यापकः, गुरुकुलझज्जरस्यायुर्वेदविभागाध्यक्षश्च,
सामस्वर-भास्करः, वेद-व्याकरण-निरुक्त-छन्दः-
साहित्य-ज्योतिषायुर्वेदाद्यनेक—शास्त्रपारावारीणः

सत्याग्रहनीतिकाव्यस्य नाडीतत्त्वदर्शनस्य च प्रणेता

अनुवादक :

श्री पं० मन्शीरामः शास्त्री

प्रकाशकः—
श्री १०८ पण्डितसत्यदेवो वासिष्ठः
देवसदनम्, महिममार्ग, भिवानी
जि० हिसार (हरयाणा)

मूल्यम्— ~~१२-५०~~ 15-00
प्रथमं संस्करणम् १०००
२०२६ वैक्रमाब्दे
१९६९ खिस्ताब्दे

पितृ-तुल्य आदरणीय एवं सत्प्रेरक
स्व० श्री ला० रूपलाल जी कपूर



जन्म— जून सन् १८६१ निधन—४ अप्रेल, सन् १९४८

...नके ...! सत्यदेव वासिष्ठ जी आपको प्रेस में आना चाहिए अर्थात् कोई विशिष्ट निबन्ध लिखना चाहिये, प्रत्येक मनुष्य को देश-जाति के कल्याणार्थ कुछ कार्य अवश्य कर जाना चाहिए। हां, इतना अवश्य ध्यान रखना कि कार्य अपनी शक्त्यनुसार हो, चन्दा न मांगना पड़े', प्रेरणादायक सदुपदेश से प्रेरित हो कर ग्रन्थकार ने स्वसामर्थ्य पर ...श्रित होकर निम्न महानिबन्ध लिखे।

शरीर-निमित्तम्	=	नाडीतत्त्वदर्शनम्
अधिमानसम्	=	सत्याग्रहनीति-काव्यम्
अध्यात्म	=	विष्णुसहस्रनाम-सत्यभाष्यम्

सत्यदेवो वासिष्ठः

३० भाद्रपद २०२...

विष्णुसहस्रनामस्तोत्रस्य

तृतीयभागस्थ-नाम-वर्णानुक्रमणिका

क्रमाङ्कः	नाम	संख्या	पृष्ठम्
	अ		
५०१	अचलः	७४५	३६६
५०२	अजः	५२१	३४
५०३	अजितः	५४९	७८
५०४	अनन्तः	६५९	२४०
५०५	अनन्तात्मा	५१८	२७
५०६	अनलः	७११	३१३
५०७	अनामयः	६८९	२७४
५०८	अनिर्देश्यवपुः	६५६	२६६
५०९	अनिरुद्धः	६३८	२१०
५१०	अनिवर्ती	५९९	१५९
५११	अनीशः	६२६	१९६
५१२	अनेकमूर्तिः	७२१	३२६
५१३	अन्तकः	५२०	३१
५१४	अपराजितः	७१९	३१९
५१५	अप्रतिरथः	६३९	२११
५१६	अमानी	७४७	३७१
५१७	अमितविक्रमः	५१६	२२
५१८	अमितविक्रमः	६४१	२१४
५१९	अमूर्तिमान्	७२०	३२५
५२०	अमृतपः	५०४	५
५२१	अम्भोनिधिः	५१७	२४
५२२	अर्चितः	६३४	२०५
५२३	अर्चिष्मान्	६३३	२०४
५२४	अव्यक्तः	७२२	३२८
	आ		
५२५	आदित्यः	५६३	१०६
५२६	आनन्दः	५२६	४१
५२७	आनन्दी	५६०	१००
	उ		
५२८	उदीर्णः	६२४	१९४
	ए		
५२९	एकः	७२५	३३३
	क		
५३०	कः	७२८	३३९
५३१	कनकाङ्गदी	५४१	६७
५३२	कपीन्द्रः	५०१	१
५३३	कान्तः	६५४	२३३
५३४	कामदेवः	६५१	२२९
५३५	कामपालः	६५२	२३०
५३६	कामी	६५३	२३२
५३७	कालनेमिनिहा	६४२	२१६
५३८	किम्	७२९	३४०

क्रमाङ्कः	नाम	संख्या	पृष्ठम्
५३९	कुमुदः	५८६	१५०
५४०	कुम्भः	६३५	२०६
५४१	कुवलेशयः	५९०	१५१
५४२	कृतज्ञः	५३२	५५
५४३	कृतागमः	६५५	२३४
५४४	कृतान्तकृत्	५३७	६१
५४५	कृष्णः	५५०	८०
५४६	केशवः	६४८	२२२
५४७	केशिहा	६४९	२२४
५४८	क्षेमकृत्	५९९	१६३
	ख		
५४९	खण्डपरशुः	५६८	११३
	ग		
५५०	गतिसत्तमः	५६६	११०
५५१	गभीरः	५४३	७०
५५२	गहनः	५४४	७२
५५३	गुप्तः	५४५	७३
५५४	गुह्यः	५४२	६९
५५५	गोपतिः	५९२	१५५
५५६	गोप्ता	५९३	१५६
५५७	गोविन्दः	५३९	६५
५५८	गोहितः	५९१	१५४
	घ		
५५९	घृताशीः	७४४	३६५
	च		
५६०	चक्रगदाधरः	५४६	७४
५६१	चन्दनाङ्गदी	७४०	३५७
५६२	चलः	७४६	३६८
	छ		
५६३	छिन्नसंशयः	६२३	१९२
	ज		
५६४	जयः	५०९	१०
५६५	जितामित्रः	५२४	३९
५६६	जीवः	५१३	१८
५६७	ज्योतिरादित्यः	५६४	१०८
५६८	ज्योतिर्गणेश्वरः	६१९	१८७
	त		
५६९	तत्	७३१	३४३
५७०	तीर्थकरः	६९१	२७६
५७१	त्रिदशाध्यक्षः	५३५	५९
५७२	त्रिपदः	५३४	५७
५७३	त्रिलोकात्मा	६४६	२२०
५७४	त्रिलोकेशः	६४७	२२१
५७५	त्रिविक्रमः	५३०	४५
५७६	त्रिसामा	५७४	१२७
	द		
५७७	दर्पदः	७१३	३१६
५७८	दर्पहा	७१२	३१५
५७९	दारुणः	५६९	११६
५८०	दाशार्हः	५११	१२
५८१	दिविस्पृक्	५७१	११९
५८२	दीप्तमूर्तिः	७१९	३२४
५८३	दुर्धरः	७१५	३१८
५८४	दृढः	५५१	८१
५८५	दृप्तः	७१४	३१७
५८६	द्रविणप्रदः	५७०	११७
	ध		
५८७	धनञ्जयः	६६०	२४१

क्रमाङ्कः	नाम	संख्या	पृष्ठम्
	न		
५८८	नन्दः	५२८	४३
५८९	नन्दनः	५२७	४२
५९०	नन्दिः	६१८	१८७
५९१	निर्वाणम्	५७७	१३४
५९२	निवृत्तात्मा	५९७	१६०
५९३	निष्ठा	५८३	१४३
५९४	नैकः	७२६	३३५
	प		
५९५	पदमनुत्तमम्	७३२	३४४
५९६	परायणम्	५८५	१४५
५९७	पुण्यः	६८७	२७२
५९८	पुण्यकीर्तिः	६८८	२७३
५९९	पुरुजित्	५०६	७
६००	पुरुसत्तमः	५०७	८
६०१	पुष्कराक्षः	५५६	९२
६०२	पूरयिता	६८६	२७१
६०३	पूर्णः	६८५	२६९
६०४	प्रद्युम्नः	६४०	२१३
६०५	प्रमोदनः	५२५	४१
	ब		
६०६	ब्रह्म	६६४	२४५
६०७	ब्रह्मकृत्	६६२	२४४
६०८	ब्रह्मज्ञः	६६९	२५१
६०९	ब्रह्मण्यः	६६१	२४२
६१०	ब्रह्मवित्	६६६	२४७
६११	ब्रह्मविवर्धनः	६६५	२४६
६१२	ब्रह्मा	६६३	२४५
६१३	ब्रह्मी	६६८	२५०
६१४	ब्राह्मणः	६६७	२४९
६१५	ब्राह्मणप्रियः	६७०	२५३
	भ		
६१६	भक्तवत्सलः	७३६	३५१
६१७	भगवान्	५५८	९५
६१८	भगहाः	५५९	९८
६१९	भिषक्	५७९	१३८
६२०	भूतावासः	७०८	३०३
६२१	भूतिः	६३०	२००
६२२	भूरिदक्षिणः	५०२	३
६२३	भूशयः	६२८	१९८
६२४	भूषणः	६२९	१९९
६२५	भेषजम्	५७८	१३७
	म		
६२६	मनोजवः	६९०	२७५
६२७	महर्षिःकपिलाचार्यः	५३१	५१
६२८	महाकर्मा	६७२	२५५
६२९	महाक्रतुः	६७५	२५८
६३०	महाक्रमः	६७१	२५४
६३१	महातेजाः	६७३	२५६
६३२	महामानाः	५५७	९३
६३३	महामूर्त्तिः	७१८	३२३
६३४	महायज्ञः	६७७	२५९
६३५	महायज्वा	६७६	२५८
६३६	महार्हः	५२२	३६
६३७	महावराहः	५३८	६२
६३८	महाशृंगः	५३६	६०
६३९	महाहविः	६७८	२६०
६४०	महोदधिशयः	५१९	२९
६४१	महोरगः	६७४	२५७
६४२	माधवः	७३५	३४९
६४३	मानदः	७४८	३७२
६४४	मान्यः	७४९	३७५

क्रमाङ्कः	नाम	संख्या	पृष्ठम्
६४५	मुकुन्दः	५१५	२१
६४६	मोहिनीपतिः	५३३	५६
	य		
६४७	यत्	७३०	३४१
६४८	यदुश्रेष्ठः	७०५	२९६
६४९	रणप्रियः	६८४	२६७
	ल		
६५०	लोकत्रयाश्रयः	६१४	१८१
६५१	लोकनाथः	७३८	३४८
६५२	लोकबन्धुः	७३३	३४६
६५३	लोकस्वामी	७५०	३७६
	व		
६५४	वनमाली	५६१	१०२
६५५	वराङ्गः	७३९	३५६
६५६	वरुणः	५५३	८६
६५७	वसुः	६९६	२८३
६५८	वसुप्रदः	६९३	२७९
६५९	वसुप्रदः	६९४	२८०
६६०	वसुमनाः	६९२	२७७
६६१	वसुरेता	६९२	२७७
६६२	वाचस्पतिरयोनिजः	५७३	१२४
६६३	वारुणः	५५४	८७
६६४	वासुदेवः	६९५	२८१
६६५	वासुदेवः	७०९	३०९
६६६	विजितात्मा	६२०	१८९
६६७	विधेयात्मा	६२१	१८९
६६८	विनयः	५०८	९
६६९	विनयिता (क)	५१४	२०
६७०	विशुद्धात्मा	६३६	२०८
६७१	विशोकः	६३१	२०१
६७२	विशोधनः	६३७	२०९
६७३	विषमः	७४२	३६०
६७४	विष्णुः	६५७	२३७
६७५	वीरः	६४३	२१८
६७६	वीरः	६५८	२३८
६७७	वीरहा	७४१	३५९
६७८	विश्वमूर्तिः	७१७	३२१
६७९	वृक्षः	५५५	८९
६८०	वृषप्रियः	५९५	१५८
६८१	वृषभाक्षः	५९४	१५६
६८२	वेधाः	५४७	७६
	श		
६८३	शतमूर्तिः	७२३	३३०
६८४	शताननः	७२४	३३१
६८५	शतानन्दः	६१७	१८४
६८६	शमः	५८१	१४१
६८७	शान्तः	५८२	१४२
६८८	शान्तिः	५८४	१४४
६८९	शान्तिदः	५८७	१४८
६९०	शाश्वतस्थिरः	६२७	१९७
६९१	शिवः	६००	१६५
६९२	शुभाङ्गः	५८६	१४७
६९३	शून्यः	७४३	३६१
६९४	शूरजनेश्वरः	६४५	२१९
६९५	शूरसेनः	७०४	२९३
६९६	शोकनाशनः	६३२	२०३
६९७	शौरिः	६४४	२१८
६९८	श्रीकरः	६११	१७८
६९९	श्रीदः	६०५	१७४
७००	श्रीधरः	६१०	१७८
७०१	श्रीनिधिः	६०८	१७६
७०२	श्रीनिवासः	६०७	१७५
७०३	श्रीपतिः	६०३	१७२

क्रमाङ्कः	नाम	संख्या	पृष्ठम्
७०४	श्रीमतांवरः	६०४	१७३
७०५	श्रीमान्	६१३	१८०
७०६	श्रीवत्सवक्षाः	६०१	१६७
७०७	श्रीवासः	६०२	१७१
७०८	श्रीविभावनः	६०९	१७७
७०९	श्रीशः	६०६	१७४
७१०	श्रेयः	६१२	१७९
	स		
७११	सङ्कर्षणोऽच्युतः	५५२	८३
७१२	सत्कीर्तिः	६२२	१९१
७१३	सत्कृतिः	७००	२८६
७१४	सत्ता	७०१	२८७
७१५	सत्परायणः	७०३	२९१
७१६	सत्यधर्मा	५२९	४४
७१७	सत्यसन्धः	५१०	११
७१८	सन्निवासः	७०६	२९९
७१९	संन्यासकृत्	५८०	१३९
७२०	सद्गतिः	६९९	२८६
७२१	सद्भूतिः	७०२	२८९
७२२	संक्षेप्ता	५९८	१६२
७२३	सर्वतश्चक्षुः	६२५	१९५
७२४	सर्वदृग्व्यासः	५७२	१२१
७२५	सर्वासुनिलयः	७१०	३१२
७२६	सवः	७२७	३३५
७२७	सहिष्णुः	५६५	१०९
	साक्षी (ख)	५१४	२१
७२८	सात्वतां पतिः	५१२	१३
७२९	साम	५७६	१३३
७३०	सामगः	५७५	१३०
७३१	सुधन्वा	५६७	११२
७३२	सुयामुनः	७०७	३०१
७३३	सुवर्णवर्णः	७३७	३५३
७३४	सुषेणः	५४०	६६
७३५	सोमः	५०५	६
७३६	सोमपः	५०३	४
७३७	स्तवप्रियः	६८०	२६३
७३८	स्तव्यः	६७९	२६१
७३९	स्तुतिः	६८३	२६५
७४०	स्तोता	६८३	२६६
७४१	स्तोत्रम्	६८१	२६४
७४२	स्रष्टा	५८८	१४९
७४३	स्वक्षः	६१५	१८२
७४४	स्वङ्गः	६१६	१८३
७४५	स्वाङ्गः	५४८	७७
७४६	स्वाभाव्यः	५२३	३८
	ह		
७४७	हरिः	६५०	२२८
७४८	हलायुधः	५६२	१०४
७४९	हविः	६९८	२८५
७५०	हेमाङ्गः	७३८	३५४

आर्ष ग्रन्थ क्यों पढ़ने-पढ़ाने चाहिएं ?

"जो महाशय महर्षि लोगों ने सहजता से महान् विषय अपने ग्रन्थों में प्रकाशित किया है वैसा क्षुद्राशय मनुष्यों के कल्पित ग्रन्थों में क्योंकर हो सकता है। महर्षि लोगों का आशय; जहां तक हो सके वहां तक सुगम और जिसके ग्रहण करने में समय थोड़ा लगे, इस प्रकार का होता है, और क्षुद्राशय लोगों की मनसा ऐसी होती है कि जहां तक बने वहां तक कठिन रचना करनी, जिसको बड़े परिश्रम से पढ़ के अल्प लाभ उठा सकें। जैसे पहाड़ का खोदना, कौड़ी का लाभ होना और आर्ष ग्रन्थों का पढ़ना ऐसा है, जैसा एक गोता लगाना बहुमूल्य मोतियों का पाना है।"

—महर्षि दयानन्द

विष्णुसहस्रनामसत्यभाष्ये

तृतीयभागस्य संशोधन-पत्रम्

संशोधन-पत्रम्

मुद्रण में रही भूलों का संशोधन-पत्र दिया जा रहा है। पाठकों से निवेदन है कि वे पहले संशोधन-पत्रानुसार ग्रन्थ को शोध लें, तदनन्तर पढ़ें।

कुछ अशुद्धियां ऐसी भी हो सकती हैं जिनमें ` ं और उ ऊ ऋ की मात्राएं छपते समय टूट जाने से किन्हीं पुस्तकों में न हों। ऐसे मुद्रण दोष जो कहीं हैं, कहीं नहीं हैं; यहां नहीं दिखाये गये हैं।

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१	५	षं०	पं०
१	११	इदि परमैश्वय	इदि परमैश्वर्ये
२	१२	तथाऽऽआत्मापि	तथाऽऽत्मापि
५	१५	भौवादिकाद्धारतोः	भौवादिकाद्धातोः
८	२८	सत्तावले	सत्ता वाले
१५	१९	घृतपरिवाक	घृतपरिपाक
१९	२१	जीवाः सः	जीवः सः
२६	२२	सञ्ज्ञातार्थानि	सञ्ज्ञातार्थानि
२७	१४	अतन्तात्मा	अनन्तात्मा
२९	३०	उपपद रहने	उपपद रहते
३०	४	निर्यक्	तिर्यक्
३०	४	नानिर्यक	न तिर्यक्
३०	१८	मेघ्ये	मेघे
३१	१३	अङ्गुलोनां	अङ्गुलीनां
३३	६	नयेत	नयेत्
३४	११	ब्राह्मणा	ब्रह्मणो
३७	१३	सुभावसिद्धिः	सुभावसिद्धः
३७	१४	श्रोत	स्रोत
३७	१४	पुष्पगणं	पुष्पगनं

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३८	१४	सवर्तः	सर्वतः
३८	२६	स्वभाव	स्वभावं
३९	२	नान्ना	नाम्ना
३९	५	सत्तामती	सत्तावती
४१	९	च्छुक्रमकायमण	च्छुक्रमकायमत्रण
४१	३२	प्रत्यय करने से आनन्द शब्द सिद्ध होता है	प्रत्यय करने से सिद्ध होता है
४२	१०	सर्वौऽपि	सर्वोऽपि
४३	१५	समृद्धा भवति	समृद्धोऽपि, भवति
४४	२	भवन्ति	भवति
४५	१३	त्रिविक्रमणः	त्रिविक्रमः
४५	१४	त प्लवनसंतरणथोः	तृ प्लवनसंतरणयोः
४५	२५	मिस्रित	मिश्रित
४७	२३	म स	मास
५५	२७	नीड़	नीड़ों
६५	८	गच्छीत्यर्थानुगमात्	गच्छतीत्यर्थानुगमात्
६५	९	दूर	दूरं
६७	२०	सिंच	खिंच
७१	१२	गच्छीति	गच्छतीति
७२	२७	अन्तडियों को	अन्तड़ियों का
७३	४	विष्णुमनोज्ञं	विष्णुर्मनोज्ञं
७७	३	तस्पुर्भुवनानि	तस्थुर्भुवनानि
८१	१	कर्षणत्वबृहणत्वोपेतमिदं	कर्षणत्वबृंहणत्वोपेतमिदं
८३	२	तेनव	तेनैव
८३	६	ि ज शक्तियोगात्	निजशक्तियोगात्
८४	२३	आनंद को	आनंद का
८८	१८	जलीयगुशभूयोवत्वात्	जलीयगुणभूयोवत्वात्
८८	३२	चन्द्रदवत	चन्द्रदैवत
९३	१३	महामानाः	महामनाः
९४	३२	उसकी को	उसी को
९६	८	प्रातंभगं	प्रातर्भगं

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२१७	४	ह	हि
२२०	१३	शब्दा	शब्दाः
२२०	१४	लोषु	लोकेषु
२२५	१	केशिव्याख्यान	केशिव्याख्याने
२२६	१२	गत्यर्थ	गत्यर्थं
२२६	२३	।सराग्रों	सिराग्रों
२२६	३१	निदर्शमात्र	निदर्शनमात्र
२२८	४	केशिनामतो	केशिहानामतो
२२८	४	प्रसिद्ध	प्रसिद्धः
२२९	७	कामो	कामी
२३५	१६	तस्मान्	तस्मात्
२४०	२७	ग्रत्याद्यर्थक	गत्याद्यर्थक
२४६	१२	बध्यते	वर्ध्यंते
२४७	३१	जगत् का	जगत् को
२५८	२६	सक्षिप्तार्थं	संक्षिप्तार्थं
२५९	७	यज्ञान	यज्ञान्
२५९	१०	महांन	महान्
२६०	२१	सक्षिप्त	संक्षिप्त
२६३	४	साधमितुं	साधयितुं
२६४	५	शुद्धतरात्मभवः	शुद्धतरात्मभावः
२६४	१९	रतुति	स्तुति
२६५	६	ब्रह्मविवबनः	ब्रह्मविवर्धनः
२६५	१५	क्वचित	क्वचित्
२६६	१	स्तुतोः	स्तुतो
२७३	२०	पूण	पूर्ण
२७६	२७	विाशष्ट	विशिष्ट
२७९	१०	तस्थुश्च	तस्थुषश्च
२७९	१४	तमिश्चाल्लोपः	तस्मिश्चाल्लोपः
२८०	७	उद्बध्यस्वाग्ने	उद्बुध्यस्वाग्ने
२९०	१३	सज्ञं	संज्ञं
२९०	२२	न हिं	नहीं

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२९१	२	अयनम	अयनम्
२९४	१८	न हि	नहीं
२९६	२	त	तं
२९८	२२	न हि	नहीं
२९९	२४	में	ये
३०१	४	जयन्ति	जपन्ति
३०२	५	विश्रमं	विश्रामं
३०४	१४	मकाशे	माकाशे
३०६	९	वता मोघ	वताऽमोघ
३०८	७	भवति	भवन्ति
३०८	१५	विद्वान	विद्वान्
३०८	१८	रह है	रहा है
३०८	२८	सयोग	संयोग
३१०	२	शराररचनाभि	शरीररचनाभि
३१०	४	ज्ञानानन्त्य	ज्ञानानन्त्यं
३१०	२२	प्राणियों को	प्राणियों के
३११	६	भवति	भवन्ति
३१४	२	तृप्तिवचन	तृप्तिवचनं
३१९	५	सूयः	सूर्यः
३२०	३	नम्ना	नाम्ना
३२०	८	प्राणिन	प्राणिनं
३२७	५	वाहुविध्य	बाहुविध्यं
३२८	४	त्रिषुतिवक्रम०	त्रिषु विक्रम०
३२९	५	सन्त	सन्तं
३३२	२६	प्रति पदित	प्रतिपादित
३४५	६	अधिकृत्येवमुच्यते	अधिकृत्यैवमुच्यते
३४५	१४	उत्पाद्योत्यादक	उत्पाद्योत्पादक
३४६	१	पौषास्त्वक्	पौषस्त्वक्
३४६	४	पेद्देनोच्यते	पदेनोच्यते
३४६	५	हन्ताहमिनास्तिस्रो	हन्ताहमिमास्तिस्रो
३४८	५	धातो पचाद्यच्	धातोः पचाद्यच्

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३५४	१	ऋङ् मन्त्रलिङ्गात	ऋङ् मन्त्रलिङ्गात्
३५४	८	वर्णमात्र	वर्णमात्रे
३५५	३	हेमाङ्ग	हेमाङ्गो
३५५	१२	क्रोशांशगणनाया	क्रोशांशगणनया
३५६	७	सर्य	सूर्यं
३५७	११	ततश्चेदित्वानुम्	ततश्चेदित्त्वान्नुम्
३६०	१	क्वचिच्चवं	क्वचिच्चैवं
३६१	१	सुविनिर्दु भ्यः	सुविनिर्दुर्भ्यः
३६१	१५	स्नानीय	स्नानीयं
३६४	१	गो गौः	गोगौः
३६४	८	सहस्रे त्याद्यो	सहस्रे त्याद्याः
३६६	१	जिघृं क्षति	जिघृक्षति
३६८	५	यन्त्र	यन्त्रं
३६९	१	चलाख्य	चलाख्यं
३७०	३	भावार्थश्चैव	भावार्थश्चैवं
३७०	६	यथानियतमर्याद	यथानियतमर्यादं
३७२	१	योरन	योरनः
३७२	३	इन्नन्तलक्षणे	इन्नन्तलक्षणो
३७३	११	भावार्थश्चैषं	भावार्थश्चैष
३७५	६	पूज्येते	पूज्यते
३७७	८	बाहिरायाति	बहिरायाति

अथ

महाभारतान्तर्गत (अनुशासन पर्व-अ० १४९)

श्रीविष्णुसहस्रनाम-स्तोत्रम्

उत्तरार्धम्

[श्री १०८ पं० सत्यदेव-वासिष्ठ-विरचित-सत्यभाष्य-समन्वितम्]

तत्र—

कपीन्द्रः—५०१

कपिरिति—'कपि संचलने' भौवादिको धातुस्तस्मात्—इदिल्लक्षणो नुम् "कुण्ठिकम्प्योर्नलोपश्च" (४।१४४) इत्युणादिसूत्रेण 'इः' प्रत्ययो न लोपश्च कपिः।

इन्द्र इति—'इदि परमैश्वर्ये' भौवादिको धातुस्तस्मात् "ऋज्रेन्द्राग्र" (२।२८) इत्याद्युणादिसूत्रेण 'रन्' प्रत्ययः, सांहितिको दीर्घश्च, कपीन्द्र इति।

कपीन्द्रः सर्वैश्वर्यशाली कम्प्राणां चलनशीलानां मध्ये। अथवा स एव सर्वेषां चलनशीलानां चलनशक्तिसमर्पको गतिद इति। सूर्यादयो ग्रहा अन्ये वा गतिमन्तस्तस्मादेव परमेश्वरात् लब्धशक्तयो गमने चलने प्रभवन्ति, न तेषां गति-

---

कपीन्द्रः—५०१

कपि शब्द 'संचलन' अर्थवाली 'कपि' भ्वादिगण की धातु से उणादि 'इ' प्रत्यय होने से बनता है। इन्द्र शब्द 'इदि परमैश्वर्ये' धातु से उणादि 'रन्' प्रत्यय होने से बनता है। कपि इन्द्र में दोनों इकारों की दीर्घ सन्धि करने से कपीन्द्र शब्द बन जाता है।

कपीन्द्र शब्द का अर्थ है, जो सब चलनशील=चलने वालों में शासक रूप होने से ऐश्वर्यशाली है। अथवा जो सब चलने वाले जङ्गम पदार्थों को गति देने वाला है। सूर्यादि ग्रह तथा अन्य जो भी जङ्गम पदार्थ हैं, वे सब भगवान् विष्णु से ही शक्ति प्राप्त करके चलने में समर्थ होते हैं, उनमें गमन करने की शक्ति अपनी नहीं है। इसी लिए भगवान् का नाम कपीन्द्र है।

शक्तिः स्वकीया, अतः सः कपीन्द्र उच्यते। दृश्यते च लोकेऽपि—यावदात्मा शरीरस्य सञ्चालकस्तावत्सर्वं शरीरोपकरणभूतं रसरक्तादिधातूपधातवो, मलोपमलाश्च युगपद् भ्रमन्ति, एवं भगवान् ब्रह्माण्डाङ्गभूतमिदं भ्रमयत्यतः कपीन्द्रः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स्वस्ति पन्थामनु चरेम सूर्याचन्द्रमसाविव।" ऋक् ५।५१।१५॥
"यथेमे द्यावापृथिवी सद्यः पर्येति सूर्यः।" अथर्व ६।८।३॥
"सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः।" यजुः २३।१० इत्यादि।

भवति चात्रास्माकम्—

नूनं कपीन्द्रः स हि विष्णुरेकः कल्पं समास्थातुं मनो दधानः।
सूर्यादिकान् सर्वनिजोपकार्यान् सम्भ्रामयन् कल्पमिदं वितस्थौ॥१॥

सर्वनिजोपकार्यान्—सर्वान् ग्रहोपग्रहसमेतान् तेषां कार्यांश्च। तद्यथा—सूर्यो दृश्यगणितानुसारं राशितो राशिषु सङ्क्रमते, तथाऽऽत्मापि देहाद्देहान्तरं सङ्क्रमते दृश्यते च प्रत्यक्षम्। चन्द्रमा गोतमः—शीघ्रगमनः सन् मनोऽपि स्वकार्यं गतिमत् कुरुते। पृथिवी भ्रमति देहोऽपि जन्ममृत्योर्भ्रमति, प्राधान्येन पृथिवीविकारत्वाच्छरीरस्य। एवं बहुत्र योजनीयं विज्ञैः।

वितस्थौ=विविधैरुपकरणैः तस्थौ=स्थापयामासेति=अन्तर्भावितण्यर्थः।

लोक में भी देखने से आता है, जब तक जीवात्मा शरीर का सञ्चालक है, तब ही तक शरीर के उपकारक रस, रक्त, धातु-उपधातु, मल-उपमल आदि सब एक साथ भ्रमण करते हैं, इसी प्रकार ब्रह्माण्डाङ्ग भूत जगत् को, घुमाता हुआ भगवान् विष्णु, कपीन्द्र नाम से कहा जाता है। इसमें **"स्वस्ति पन्थामनु चरेम"** (ऋ० ५।५१।१५) **"सूर्य एकाकी चरति"** (यजु० २२।१०) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का ही नाम कपीन्द्र है, क्योंकि वह कल्पपर्यन्त सर्ग स्थिति में रहने के लिये, सर्ग के उपकारक सूर्यादिकों को घुमाता हुआ, कल्प पूरा होने तक इसी रूप में रखता है। अथवा "सर्वनिजोपकार्यान्" शब्द का अर्थ—सब ग्रह-उपग्रह और उनके कार्य यह लेना चाहिए। इसमें यह उपपत्ति है—जैसे सूर्य दृश्यगणित के अनुसार एक राशि से दूसरी राशि में सङ्क्रमण करता है, उसी प्रकार आत्मा भी एक देह से दूसरे देह में सङ्क्रमण करता है, और प्रत्यक्ष दीखता है। जैसे चन्द्रमा शीघ्र गमन करता है, उसी प्रकार अपने कार्य मन को भी वह शीघ्रगमन युक्त करता है। पृथिवी घूमती है उसका विकार भूतकार्य देह भी जन्म मृत्यु के चक्र में घूमता है। इसी प्रकार विद्वान् पुरुष दूसरे पदार्थों में भी समन्वय कर लें।

तथा 'वितस्थौ' यह अन्तर्भावितण्यर्थ अर्थात् प्रेरणात्मक क्रिया है, जिसका अर्थ विविध उपकरणों सहित इस विश्व को कल्प पर्यन्त गतिशील रखता है, अथवा इसमें गति की स्थापना करता है, यह होता है।

भूरिदक्षिणः—५०२

भूरिरिति--'भू सत्तायाम्' भौवादिको धातुस्तस्मात् **"अदिशदिभूशुभिभ्यः क्रिन्"** (४।६५) इत्युणादिः क्रिन् प्रत्ययः। कित्त्वाद् गुणाभावः **"श्र्युकः किति"** (पा० ७।२।११) इतीण्निषेधः, भवतीति भूरिः।

दक्षिणः—'दक्ष वृद्धौ शीघ्रार्थे च' भौवादिको धातुस्तस्मात् **"द्रुदक्षिभ्यामिनन्"** (२।५०) इतीनन् प्रत्ययः, णत्वम्। ततः—स्त्रियामभिधेयायां **"अजाद्यतष्टाप्"** (पा० ४।१।४) सूत्रेण 'टाप्' प्रत्ययः, दीर्घः। एवं दक्षिणाशब्दः सिद्धः। भूरिः=भूयसी दक्षिणा यस्येति बहुव्रीहिसमासे **"गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य"** (पा० १।२।४८) इति ह्रस्वः, भूरिदक्षिणः। यो भवति वर्धयति, शीघ्रं गमयति च, स भूरिदक्षिणः। भगवतः सर्वव्यापकस्य विष्णोर्नाम। लोकेऽपि च दृश्यते, जीवन्तं वर्धयति शीघ्रं कार्येषु नियोजयति च। यथा पक्षिणः फलं जातमात्रं पक्वापक्वविचारमन्तरैव भक्षित्वा स्वकं जीवनं रक्षन्ति। जातमात्रो बालो रोदनादिषु प्रवर्तते, पशवो गमनादिषु प्रवर्तन्ते। यदेतद्दृश्यं दृशा दृश्यते, तत्सर्वं तस्यैव सर्वव्यापकस्य विष्णोरनुकरणम्। भवति चात्रास्माकम्—

> **सन्तं चरन्तं स हि विष्णुरेको वृद्ध्याथ शैघ्र्येण युनक्ति नूनम्।**
> **तस्यानुमानं प्रपदं हि दृश्यम् भूरिः सः उक्तः खलु दक्षिणान्तः ॥२॥**

मन्त्रलिङ्गञ्च—**"नाक्षस्तप्यते भूरि भारः।"** ऋक् १।१६४।१३ ॥

भूरिदक्षिणः—५०२

भूरि शब्द 'सत्तार्थक' भू धातु से उणादि क्रिन् प्रत्यय होने से सिद्ध होता है। दक्षिण-शब्द वृद्धि तथा शीघ्र अर्थवाली दक्ष धातु से उणादि इनन् प्रत्यय करने से बनता है।

भूरिदक्षिण शब्द का अर्थ होता है बहुत=अधिक है, दक्षिणा जिसकी। अन्य पदार्थ प्रधान बहुव्रीहि समास है। अर्थात् जो बहुत बढ़ाता है तथा बहुत शीघ्रता करता है प्रेरणा करने में, उसका नाम है, भूरिदक्षिण भगवान् विष्णु का नाम है। लोक में ऐसा देखा जाता है, जीवधारी को बढ़ाता है, और कार्य में प्रवृत्त होने के लिए बहुत जल्दी प्रेरणा करता है। जैसे, पक्षी उत्पन्न होने के साथ ही पक्के-कच्चे का विचार न करके खाने लगते हैं, और अपने जीवन की रक्षा करते हैं। इसी प्रकार मनुष्यादि प्राणी भी रोदन तथा दुग्धपान आदि कर्मों में बहुत शीघ्र प्रवृत्त हो जाता है, तथा पशु आदि बहुत जल्दी गमन में प्रवृत्त हो जाते हैं। इस प्रकार से वर्धन तथा शीघ्रकारिता रूप गुण से भगवान् सर्वत्र व्यापक हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम भूरिदक्षिण है, क्योंकि वह सत् रूप प्राणी को वृद्धि, तथा शीघ्रता रूप गुण से युक्त करता है, और यह जो दृश्य पदार्थ है, सब उसी भगवान् का अनुकरण मात्र करता है।

इसमें **"नाक्षस्तप्यते भूरिभारः"** (ऋ० १।१६४।१३) यह मन्त्र प्रमाण है।

सोमपः—५०३

सोमः—'षुञ् अभिषवे' सौवादिको धातुस्तस्मात् "अर्त्तिस्तुसुहु" (१।१४०) इत्याद्युणादिसूत्रेण 'मन्' प्रत्ययः, धात्वादेः षकारस्य सकारः, गुणः, सोमः। सोमरूपे कर्मण्युपपदे 'पा पाने' धातोः "आतोऽनुपसर्गे कः" (पा० ३।२।३) सूत्रेण 'कः' प्रत्ययः, तस्मिन् परतः "आतो लोप इटि च" (पा० ६।४।६४) इत्याल्लोपः, सोमपः। सोमपः सूर्यो विष्णुश्च, सोमपो हि विष्णुः, सर्वत्र स्वसोमपानरूपेण गुणेन व्याप्तः। यथा—मनुष्यः निरामिषाश्च पशवो जलपानसमये पूर्वं प्राणेन मुखे जलमाकर्षन्ति, ततः प्राणेनान्तः प्रापयन्ति क्षिपन्ति वा, एवं सूर्यः, सोमं जलमाकृष्यान्तरिक्षे आपूरयति, पुनर्मेघैः पृथिवीं सिञ्चति। एवञ्चेह विष्णुरेव सोमपशब्देन गृह्यते, तस्य वेवेष्टित्वरूपधर्मं प्रदर्शयितुम्। सोमविषये चास्मदाख्यानम्—

जीवनीयं भवेत् यद् यत्तत् सर्वं सोम उच्यते।
एतावानेव सोमार्थो लोके वेदे व्यवस्थितः॥
आपः सोमः शशी सोमो मनः सोमोऽपि तद्वशात्।
धात्वोजोऽपि स्मृत सोमः 'सोमो गौरी अधि श्रितः' (ऋ० ९।१२।३)॥

गौरी=सूर्यः। आत्मा=शरीरे सूर्यः।

सोमपः—५०३

सोम शब्द, षुञ् धातु से, जिसके स्नान करना, मदिरा निकालना, सोम का निष्पीड़न =निचोड़ना अर्थ हैं, उणादि 'मन्' प्रत्यय होने से बनता है। सोम शब्द के उपपद रहते हुवे पा पाने, धातु से कर्ता में कृत् 'क' प्रत्यय करने से, और आकार का लोप करने से सोमप शब्द सिद्ध होता है। सोमप नाम भगवान् विष्णु या सूर्य का है। भगवान् अपने सोमरूप गुण से सर्वत्र व्याप्त हैं। जैसे मांस को न खाने वाले निरामिष मनुष्य, या पशु आदि जल पीने के समय, प्रथम प्राणों से मुख में जल को खींचते हैं, और उसके बाद प्राणों से ही अन्दर ले जाते हैं। इसी प्रकार सूर्य, सोमरूप जल का आकर्षण करके, उसको आकाश में विस्तीर्ण कर देता है, और फिर मेघों द्वारा पृथिवी को सींचता है। इस प्रकार यहां विष्णु के व्यापकत्वरूप धर्म को दिखाने के लिए विष्णु का ही सोमप शब्द से ग्रहण है।

सोम के विषय में हमारा कथन—

लोक और वेद में, जो-जो वस्तु जीवन के लिए हितकर होवे वह सब सोम नाम से कही जाती है। यही सोम शब्द का निश्चित किया हुआ अर्थ है।

जल सोम है, मन सोम है, चन्द्रमा सोम है, ओजरूप धातु सोम है, और सूर्य भी सोम है। गौरी नाम सूर्य का है, शरीर में आत्मा ही सूर्य है।

अग्निषोमौ हि सर्वस्य विश्वस्य विश्वदक्षिणौ ।
अग्निरुत्तरमाख्यातं, सोमो वा दक्षिणायनम् ।।
अग्निषोमीयमाख्यातं विश्वं दृश्यं चराचरम् ।
अग्निर्हिमस्य वह्निस्तु भेषजं परिकल्पितम् ।।

अग्निर्हिमस्य भेषजम् (यजुः २३।१०) अत्रानुसन्धेयम् ।

अग्निर्नारी पुमान् सोमः ताभ्यां जातोऽग्निषोमकः ।
बीजे द्वैधं हि दृश्यं यत् तद् रूपञ्चाग्निषोमयोः ।।
एवं वेत्ति च यो लोकं वेदं वेत्ति स बुद्धिमान् ।
सूर्यो निहन्ति सोमांशमग्नेरंशं तु चन्द्रमाः ।।

भवति चात्रास्माकम्—

स सोमपो भानुरनागसा वा नियन्त्रितः सोमपमाह विष्णुम् ।
अन्नं स लोकाय ददाति सोमं धाराप्रपातेन पृथग् धरांशे ।।३।।

धरांशे=भूखण्डे । भूमौ पृथक्-पृथक् स्थितेषु जनपदेषु ।

अमृतपः—५०४

अमृतप इति—'मृङ् प्राणत्यागे' भौवादिकाद्धारतोः "तनिमृङ्भ्यां किच्च" (३।८८) इत्युणादिसूत्रेण तन् प्रत्ययः किच्च । कित्त्वाद् गुणाभावः । अनिडयं

अग्निरूप उत्तरायण, तथा सोमरूप दक्षिणायन, समग्र विश्व के चलाने में अनुकूल ऋतुवें हैं । यह सकल विश्व अग्निषोमीय है । अग्नि भोक्ता है, और सोम भक्ष्य है ।

अग्नि स्त्री का रूप अथवा स्त्री है, और सोम पुरुषरूप है, इन दोनों के मिथुनीभाव से जो उत्पन्न होता है, वह अग्निषोमीय है । उत्पत्ति के कारण भूत बीज में जो द्विधापन अर्थात् दो प्रकार से विभाग दीखता है, वही अग्नि और सोम का रूप है । इस प्रकार से जो बुद्धिमान् अग्नि तथा सोमरूप लोक को जानता है, वह ही यथार्थ रूप से वेद को जानता है । सोम के अंश का हनन या भक्षण सूर्य जो अग्निरूप है, करता है, और अग्नि के अंश का भक्षण चन्द्रमा जो सोमरूप है, करता है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

वह तेजोरूप सूर्य देव, अपने आप सोमप हुआ, भगवान् विष्णु से नियन्त्रित हुआ, विष्णु का ही सोमप नाम से आख्यान=कथन करता है, तथा भगवान् सूर्य ही पृथिवी के विभिन्न भागों में वर्षा करके जीवों के लिये, सोमरूप अन्न देता है ।

अमृतपः—५०४

अमृत शब्द, 'मृङ्' धातु से जिसका प्राणों का छोड़ना अर्थ है, उणादि 'तन्' प्रत्यय करने से बनता है । तथा मृत के साथ नञ् तत्पुरुष समास हो जाता है ।

धातुः। नञ्समासे नञो नकारलोपो अमृतम्। तत् पिबतीति अमृतपः। सर्वं पूर्ववज्ज्ञेयम्।

अमृतं=जलं=सोमो वा, न म्रियत इत्यमृतं जलं सद्रूपं न नश्यतीत्यर्थः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—"यस्य छायामृतम्"। ऋक् १०।१२१।२॥

भवति चात्रास्माकम्—

छाया यथा छायिनि नित्यसंस्था तथामृतं पीतमिवास्ति सूर्ये।४॥
विष्णुर्व्यवस्था कुरुते यतोऽतस्तेनैव नाम्नाऽमृतपः स उक्तः॥

सोमः—५०५

सोमः—शब्दोऽयं व्युत्पादितः प्राक् 'सोमप' नाम व्याख्याने। तथा च—

आपः सोमः शशी सोमो मनः सोमोऽपि तद्वशात्।
विष्णुः सोमस्वरूपत्वात् स वै सोम उदाहृतः॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"सोम रारन्धि नो हृदि गावो न यवसेष्वा। मर्य इव स्व ओक्ये॥"
ऋक् १।९१।१३॥

ओको=गृहम्=तत्र भवम् ओक्यं, तस्मिन् कक्षादिके। तथा च—

अमृतप शब्द का अर्थ है, जो अमृत को पीता है। अमृत नाम जल वा सोम का जो द्रव्य विशेष है, अमृत नाम जो मरे नहीं, अर्थात् कभी नष्ट न होवे। सत् रूप जल का नाश नहीं होता। इसमें यह मन्त्र प्रमाण है—'यस्य छायामृतम्' (ऋक् १।१२१।२)।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

जैसे छाया छायावाले में नित्य स्थित है, वैसे सूर्य में अमृत नित्य स्थित है, अर्थात् पीत, पीये हुवे के समान है, उसका व्यवस्थापक भगवान् विष्णु है, इसलिये उसको अमृतप नाम से कहा है।

सोमः—५०५

सोम शब्द का 'सोमप' नाम में व्याख्यान हो चुका है। जैसे कि, जलों को सोम कहते हैं, चन्द्रमा तथा मन को भी सोम कहते हैं। भगवान् विष्णु सोम स्वरूप होने से सोम है।

सोम शब्द के विष्णु वाचक होने में, यह मन्त्र प्रमाण है—

'सोम रारन्धि नो हृदि गावो न यवसेष्वा। मर्य इव स्व ओक्ये॥"
(ऋक् १।९१।१३)

इस मन्त्र में जो ओक्य नाम है, वह गृहान्तर्वर्ति किसी कोष्ठक विशेष का नाम है। सोमार्थ की पुष्टि में और भी बहुत से वेदवाक्य प्रमाण हैं। जैसे—

"तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः । तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ।"
यजुः ३२।१ ॥

आपः=सोमः । आप्यो वा सोमः । सोम्या वा आपः ।

भवति चात्रास्माकम्—

सोमः स विष्णु कथितः पुराणैः शान्ता भवन्त्येव तु तं विदित्वा ।
यो वेत्ति लोके विततं हि सोमं स एव देहस्य च वेत्ति सोमम् ।।५।।

पुरुजित्—५०६

पुरुजिदिति—पुरुशब्दो बहुशब्दपर्यायः । 'पॄ पालनपूरणयो' रिति जौहोत्यादिको धातुस्तस्मात् "पॄभिदिव्यधिगृधिधृषिभ्यश्च" (१।२३) इत्युणादिना 'कुः' प्रत्ययः । "उदोष्ठचपूर्वस्य" (पा० ७।१।१०२) इत्यनेन उत्, रपरश्च, ॠकारस्य । कित्त्वाद् गुणा भावः, पुरुः । एतदुपपदात् 'जि जये' भौवादिकाद्धातोः क्विप्, तुक्, गुणाभावश्च, पुरून्=बहून् जयतीति पुरुजित् ।

असंख्याततारा ग्रहोपग्रहसहितं तथा वनोपवनसमुद्रादिसहितं खगोलभूगोलात्मकं सर्वं विश्वं येन वशीकृतं स पुरुजिद् विष्णुः । लोकेऽपि दृश्यते, मनस्सहायक

"तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः, तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ।।"
(यजु० ३।२।१)

जल या जल के विकारों का नाम सोम है, यद्वा सोम के ही विकार रूप जल हैं ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

पुरातन आचार्यों वा ऋषियों ने भगवान् विष्णु को ही सोम नाम से कहा है, क्योंकि सुख-दुःखादि रूप द्वन्द्वों से तप्त हुए प्राणी उसको जानकर शान्त होकर शान्ति को प्राप्त कर लेते हैं । इस प्रकार जो विद्वान् सर्वत्र लोक में प्रसृत=फैले हुए सोम को जनता है, वह इस देह के सोम को भी जान लेता है ।

पुरुजित्—५०६

'पुरु' नाम बहुत का है । जुहोत्यादि गण की पालन और पूरणार्थक, 'पॄ' धातु से उणादि 'कु' प्रत्यय, और ॠकार को रपर उदादेश होने से, पुरु शब्द सिद्ध होता है । पुरु शब्द के उपपद रहते हुए 'जि जये' धातु से क्विप् प्रत्यय और तुगागम तथा कित् होने से गुण का अभाव, क्विप् का सर्वलोप होने से, पुरुजित् शब्द बनता है । पुरुजित् नाम बहुतों को=अनन्तों को जो जीते, अपने वश में=नियम में रखे उसका है । पुरुजित् नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि, यह असंख्य अश्विनी आदि नक्षत्र तथा सूर्यादि ग्रहों सहित खगोल और वन-उपवन तथा समुद्रादि सहित भूगोल उसी के वश में है । लोक में भी ऐसा ही देखने में आता है, यह जीवात्मा मन को अपना सहायक बनाकर सम्पूर्ण शरीर को अपने वश में

आत्मा स्वाभीष्टसिद्धयै सर्वं शरीरं स्वायत्तं कुरुते। नहि जीवात्मन इच्छामन्तरा स्वेच्छयेन्द्रियाणि प्रवर्तन्ते कर्मसु। एवमात्मापि पुरुजित्, मनोजिद्, इन्द्रियजित्, शरीरजिदित्यादिनामभिः स्तुत्यो भवति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"वसूयवो वसुपतिं शतक्रतुं स्तोमैरिन्द्रं हवामहे।" ऋक् १।५२।६॥

भवति चात्रास्माकम्—

स विष्णुरेकः पुरुजित् पुराणः विश्वं समस्तं कुरुते वशं सः।
आत्मापि तद्वत् पुरुजिन्मनोजित् सिद्धोऽथ सिद्धैर्बहुधोपगीतः॥६॥

पुरुसत्तमः—५०७

पुरुसत्तमः—'पुरु' शब्दः 'सत्' शब्दश्च व्युत्पादितौ प्राक्। सच्छब्दात् तमबातिशायनिकः। पुरुषु बहुषु सत्तावत्सु योऽतिशयेन सत्तावान् स पुरुसत्तमः अविनाशीत्यर्थः। स च स्वसत्तालक्षणेन गुणेन सर्वत्र व्याप्तः। तद्यथा—पुरूणि नक्षत्राणि, पुरूणि शरीराणि, तेषु सत्तां जहत्सु विनश्यत्स्वपि कल्पान्तं स्थित्वा, भगवान् स्वसत्तालक्षणं धर्मं न त्यजति। तथा च—यथा बहुषु घटेषु नश्यत्स्वपि, कुम्भकारो न नश्यति। कुम्भकुम्भकारयोरुदाहरणं केवलं कुम्भकारस्य घटापेक्षया सत्तमत्वप्रदर्शनार्थम्। एवं सर्वत्रोहनीयम्।

रखता है, कोई भी इन्द्रिय विना आत्मा की इच्छा के, किसी कर्म में प्रवृत्त नहीं हो सकती। इस प्रकार से आत्मा, पुरुजित्, मनोजित्, इन्द्रियजित्, शरीरजित् आदि नामों से स्तुति को प्राप्त होता है, अर्थात् इन नामों से आत्मा की स्तुति की जाती है। यह भावार्थ इस **"वसूयवो वसुपतिम्"** (ऋ० १।५२।६) इत्यादि मन्त्र से पुष्ट होता है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

पुराण पुरुष भगवान् विष्णु ही पुरुजित् है, क्योंकि वह सकल विश्व को अपने वश में रखता है। सिद्ध पुरुष आत्मा की भी पुरुजित् आदि नामों से स्तुति करते हैं।

पुरुसत्तम—५०७

पुरु और सत् दोनों शब्दों का व्याख्यान पहले किया जा चुका है। सत् शब्द से, अतिशय प्रकट करने में तमप् प्रत्यय किया है. जिसका अर्थ होता है, जो सब सत्तावाले पदार्थों में अधिक सत्ताशाली है, अर्थात् जिसकी सत्ता का कभी अन्त न हो। उस अविनाशी का नाम है, पुरुसत्तम। जगत् के सकल पदार्थ उसी की सत्ता से सत्तावले हैं, अर्थात् उसका सत्तारूप गुण सब जगत् में व्याप्त है। अनन्त नक्षत्र, अनन्त शरीर, सभी समय पाकर अपनी सत्ता को छोड़ देते हैं, अर्थात् नष्ट हो जाते हैं, किन्तु भगवान् की सत्ता अनन्त है, अमर है, क्योंकि भगवान् अपने सत्ता से नित्य है। जैसे कि घड़ों के नष्ट होने पर भी कुम्भकार नष्ट नहीं होता। यहां घट और कुम्हार का उदाहरण केवल घड़ों की सत्ता की अपेक्षा कुम्हार की सत्ता अधिक है, यह दिखाने के लिए है। इसी प्रकार सब जगह समझना चाहिए।

भवति चात्रास्माकम्—

सत्ता हि सर्वस्य विनाशशीला योऽस्तीत्य सर्वं न जहाति सत्ताम् ।
स एव लोके कथितः पुराणैः शब्देन विष्णुः पुरुसत्तमेन ॥७॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यस्य छायामृतम्" । ऋक् १०।१२१।२ ॥ **"न कुतश्चनोनः ।"** ऋक् ॥

विनयः—५०

विनय इति—विपूर्वको 'णीञ् प्रापणे' धातुस्तस्मात् अकर्तरि कारकेऽधिकारे **"एरच्"** (पा० ३।३।५६) सूत्रेण कर्मण्यच् प्रत्ययो गुणोऽयादेशश्च, विनय इति । एवञ्च विशेषेण नीयते प्राप्यते तत्तल्लक्षणैर्व्यापकत्वात् स विनयः । करणे वा 'अच्' प्रत्ययः, विशेषेण नीयते व्यवस्थाप्यते जगद्येन स विनयो विष्णुः । चतुर्धा वा कल्पितं पुरुषं बहुधा विकल्प्य तस्य यथाव्यवस्थं नेता । तद्यथा लोके—शरीरमिदं चतुर्धा विभक्तं—जत्रोरूर्ध्वभाग उत्तमाङ्गम्, भगात् स्कन्धास्थ्यन्तभागो मध्यमाङ्गम्, शाखे बाहू द्वौ, जङ्घे द्वे । तदुक्तमृचा **"एकं विचक्र चमसं चतुर्धा"** (ऋ० ४।३५।२) । चमसं शरीरं चम्यन्ते भोगा अत्रेति । तत्र च

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

विश्व के सब पदार्थों की सत्ता विनाशशील है. अर्थात् सभी जगत् के पदार्थ समय पाकर नष्ट हो जाते हैं, किन्तु भगवान् का सत्स्वरूप सनातन है, नित्य है, अविनाशी है । इसलिये पुराण पुरुष भगवान् विष्णु की पुरुसत्तम शब्द से स्तुति करते हैं ।

उसके अमृतत्व के बतलाने वाले **"यस्य छायामृतम्"** (ऋ० १०।१२।२) इत्यादि ऋङ्-मन्त्र प्रमाण हैं ।

विनयः—५०८

विपूर्वक 'णीञ् प्रापणे' धातु से **"अकर्तरि च कारके"** के अधिकार में वर्तमान **"एरच्"** (पा० ३।३।५६) सूत्र से कर्म में या करण में अच् प्रत्यय करने से विनय शब्द सिद्ध होता है । विनय शब्द का अर्थ. जो विशेष-विशेष लक्षणों से सर्वत्र प्राप्त किया जाता है, अथवा जिसके द्वारा जगत् की विशेष प्रकार से व्यवस्था की जाती है, यह है । यह भगवान् विष्णु का नाम है. क्योंकि वह चार भागों में विभक्त पुरुष को बहुत प्रकार से विभक्त करके उसको व्यवस्था से चलाता है, इसलिए भी उसका विनय नाम है । जैसे लोक में शरीर के चार विभाग किये हैं—जत्रु जो कि ग्रीवा से बद्ध स्कन्धों की नसें हैं उन से ऊपर का भाग उत्तमाङ्ग है, भग से स्कन्धास्थिपर्यन्त भाग मध्यमाङ्ग है, उसी की शाखा रूप दो भुजा, तथा दो जङ्घा । **'एकं विचक्र चमसं चतुर्धा'** (ऋ० ४।३५।२) मन्त्र भी इसमें प्रमाण है । चमस शरीर का नाम है क्योंकि इसी में वा इसी से भोगों का आस्वादन किया जाता है । इन विभागों में भी विविध प्रकार के प्रत्यङ्ग दीखते हैं । यह सब भगवान्

पुनर्विविधानि प्रत्यङ्गानि कृतानि दृश्यन्ते । एतत्तस्य विष्णोरनुकरणं सर्वम् । एवं सर्वत्रोहनीयम् ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"स संनयः स विनयः पुरोहितः स सुष्टुतः स युधि ब्रह्मणस्पतिः ।"
ऋक् (२।२४।६) ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स शम्भुरेको विनयः पुराणः स एव वैविध्यविभक्तविश्वः ।
तस्यानुगानं सुमनाः सुमेधाः करोति नित्यं कविधर्मंमाप्तः ।।८।।

वैविध्येन—विविधं विभक्तं विश्वं येन सः ।

जयः—५०६

जय इति—'जि जये' धातुस्तस्माद् भावेऽच् प्रत्ययः "एरच्" (पा० ३।३।५६) इत्यनेन । तस्मान्मत्वर्थीयेऽचि च जय उत्कृष्टः सर्वस्य जेतेत्यर्थः ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"बह्वीनां पिता बहुरस्य पुत्रश्चिश्चा कृणोति समनावगत्य ।
इषुधिः सङ्काः पृतनाश्च सर्वाः पृष्ठे निनद्धो जयति प्रसूतः ।"
ऋक् ६।७५।५ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

जयः स विष्णुः स हि सर्वयाता स एव सर्वान् प्रपुनाति लोके ।
जयः स सूर्यः पृतनेव सर्वां जयत्यतः सर्वजयो जयः सः ।।६।।

विष्णु का ही अनुकरण मात्र है । इसी प्रकार सब स्थानों में समझना चाहिए । इसमें **"स संनयः स विनयः"** इत्यादि ऋग्वेद (२।२४।६) का मन्त्र प्रमाण है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

पुराण पुरुष भगवान् विष्णु का नाम ही विनय है, क्योंकि वह विश्व को विविध भावों में विभक्त करता है, कविता करने वाला, अथवा बुद्धिमान् सुमेधा पुरुष नित्य उसी भगवान् का अनुकरण करता है ।

जयः—५०६

जय शब्द—'जि जये' धातु से भाव में अच् होने से सिद्ध होता है, और उस जय शब्द से मत्वर्थीय अच् प्रत्यय करने से, जयवाला, जेता, सबसे उत्कृष्ट इत्यादि अर्थ जय शब्द के होते हैं । इसमें **"बह्वीनां पिता···निनद्धो जयति प्रसूतः ।** ऋक् (६ ७५.५) मन्त्र प्रमाण है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम जय है, वह सर्वव्यापक तथा सबको पवित्र करने वाला है । सूर्य का नाम भी जय है, सेना की तरह वह सब को जीत लेता है, सब पर विजय प्राप्त करता है, और स्वयं अजय है, किसी से जीता नहीं जाता, इसलिसे उसका नाम जय है ।

सत्यसन्धः—५१०

सत्यम्—सच्छब्दः शत्रन्तो व्युत्पादितः प्राक्। तस्माच्च "तत्र साधुः" इति यत्प्रत्ययः, सत्सु साधु सत्यम्। सन्धा—समुपसर्गपूर्वो "डुधाञ् धारणपोषणयोः" धातुर्जौहोत्यादिकः। तस्मात् स्त्रियां भावे "आतश्चोपसर्गे" (पा० ३।३।१०६) सूत्रेण 'अङ्' प्रत्ययः, आतो लोपः 'अजाद्यतष्टाप्" (पा० ४।१।४) इति टाप्। सत्या सन्धा यस्येति बहुव्रीहौ "गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य" (पा० १।२।४८) इत्युपसर्जनह्रस्वः सत्यसन्धः। सत्या सन्धा प्रतिज्ञा यस्य स सत्यसन्धो विष्णुः।

सच्चिदानन्दरूपः स स्वयम्भूः, सता प्रकृत्या यथाभिमतं कल्पानुकल्पं सर्वं दधाति, यावदायुश्च सकलं विश्वं पुष्णाति। प्रतिज्ञा हि नाम स्वाभिमतस्य साधनाय प्रतिज्ञानं दृढं वचनं सावधानता वा। लोकेऽपि मनुष्यः सन्तं दधद् तन्माध्यमेनोपादानभूतेनाभिमतानि वस्तूनि निर्मिमीते।

भवति चात्रास्माकम्—

स सत्यसन्धो भगवान् वरेण्यः सत्येन विश्वं परितो दधाति।
एषा हि तस्यास्ति च सत्यसन्धा सोऽहं पुरा योऽस्मि सुते वदामि ॥१०॥

मन्त्रलिङ्गम्—

"अहं सोऽस्मि यः पुरा सुते वदामि कानिचित्।
तं मा व्यन्त्याध्यो वृको न तृष्णजं मृगं वित्तं मे अस्य रोदसी।
ऋक् १।१०५।७॥

सत्यसन्धः—५१०

शत्रन्त सत् शब्द का व्युत्पादन पहले किया जा चुका है, सत् शब्द से साधु अर्थ में, यत्प्रत्यय करने से सत्य शब्द सिद्ध होता है। तथा सम् पूर्वक धा धातु से भाव में अङ् प्रत्यय करने से, सन्धा शब्द बनता है। सन्धा नाम प्रतिज्ञा, जो कि अपनी इष्ट सिद्धि के लिए दृढ़ वचन होता है। इस प्रकार से, सत्यसन्ध शब्द का सत्य प्रतिज्ञा वाला अर्थ होता है। यह भगवान् विष्णु का नाम है, क्योंकि वही सच्चिदानन्द रूप, प्रकृति के द्वारा प्रतिकल्प प्रवाह रूप से चलते हुए, इस विश्व का धारण, तथा आयुपर्यन्त पोषण करता है। लोक में भी मनुष्य सत् रूप साधन को धारण करके, उसके द्वारा स्वाभिमत जीवनोपयोगी वस्तुओं का निर्माण करता है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

वह सबका प्रार्थनीय भगवान् विष्णु सत्यसन्ध है, क्योंकि, वह सत्य के द्वारा समस्त विश्व का पालन तथा धारण करता है। उसकी यह सत्य प्रतिज्ञा है—जैसा या जो मैं सर्ग से पहले था या हूं वह तुझ को अच्छी प्रकार बताता हूं। इसमें "अहं सोऽस्मि यः पुरा सुते वदामि" (ऋ० १।१०५।७) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

दाशार्हः—५११

दाशार्ह इति—'दाशृ दाने' भौवादिको धातुस्तस्येदं रूपं **"दाशगोघ्नौ सम्प्रदाने"** (पा० ३।४।७३) इति सम्प्रदाने निपात्यते। दाशन्ति तस्मै इति दाशः। 'अर्ह पूजायां' भौवादिको धातुस्तस्माद् **"अजपि सर्वधातुभ्यः"** (वा० ३।१।१३४) इत्यचि अर्हतीत्यर्हः। दाशश्चासावर्हः दाशार्हो विष्णुः। यद्वा दाशनं दाशो भावे घञ्, तत्कर्मण्युपपदेऽर्हतेः "अर्हः" (पा० ३।२।१२) इत्यच्, दाशं दानमर्हतीति दाशार्हः।

लोके ह्येतद् दृश्यते—किञ्चिदपि वस्तुरूपं मुद्रारूपं वा धनं यदि कस्मैचित्पूज्याय दीयते, तदा स तेन पूजितमात्मानं मन्यमानो दाशार्हस्वरूपं बिभ्रद्, दातारमाशिषा योजयति भूयस्या। अमुथैव भगवान् विष्णुः सूर्यो वा, पूजांनिमित्तीकृत्य दातारं शुभाशिषा युनक्ति, प्रयच्छति तस्मै सतीं मतिं, प्रचोदयति च तस्य बुद्धिं सत्कर्मणि।

मन्त्रलिङ्गम्—

"अहं दाशुषे वि भजामि भोजनम्।" ऋक् १।४८।१॥
गायत प्रगायत विप्रासो गायत। अथर्व॥
शतहस्त समाहर सहस्रहस्त सङ्किर। अथर्व ३।२४।५॥
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नमउक्तिं विधेम।
ऋक् १।१८९।१; यजुः ४०।१६॥
तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रं सत्रा दधानमप्रतिष्कुतं श्रवांसि भूरि।
मंहिष्ठो गीर्भिरा च यज्ञिया वर्त्तत राये नो विश्वा सुपथा कृणोतु वज्री।
साम पू० प्र० ५, दशति ८७ मन्त्र ४॥

दाशार्हः—५११

दाशार्ह शब्द की सिद्धि 'दाशृ' धातु से, जिसका दान अर्थ है, सम्प्रदान अर्थ में दाश शब्द का निपातन किया जाता है, 'अर्ह' धातु से जिसका पूजा अर्थ है, अच् प्रत्यय करने से अर्ह शब्द बनता है। दोनों शब्दों का कर्मधारय समास करने से दार्शाह, एक समस्त पद बनता है। अथवा दाशृ धातु से भाव में घञ् प्रत्यय करने से दाश शब्द सिद्ध होता है, तथा दाश के उपपद रहते हुए, अर्ह धातु से अच् प्रत्यय होता है, इस प्रकार दार्शाह शब्द बन जाता है। इस प्रकार से जिसके लिए दान देते हैं. अथवा जो दान देने योग्य है, ये दोनों अर्थ दाशार्ह शब्द के होते हैं। लोक में भी देखने में आता है, यदि किसी पूज्य के लिये. कोई वस्तु या धन दान रूप से दिया जाता है, तब वह दाशार्ह रूप होकर दाता के लिये, बहुत प्रकार के आशीर्वाद देता है। इसी प्रकार भगवान् विष्णु वा सूर्य की पूजा-निमित्त जो कुछ दिया जाता है, उससे प्रसन्न होकर भगवान् उस दाता को शुभाशीर्वाद देता है, उसको अच्छी बुद्धि देता है, और उसकी सद्बुद्धि को अच्छे कर्मों में लगाता है। इसमें **"अहं दाशुषे विभजामि भोजनम्"** (ऋक् १।४८।१) तथा **"गायत प्रगायत"** इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भवति चात्रास्माकम्—

उक्तः स दाशार्हपदेन विष्णुः स एव दात्रे प्रददाति भोज्यम् ।
शुभाशिषा तञ्च युनक्ति भूम्ना तमेव मर्त्या बहुधा नमन्ति ॥११॥

सात्वतां पतिः—५१२

सत् शब्दः—'अस् भुवि' धातोर्वर्तमाने लटि, लटः शतरि च व्युत्पादितः प्राक् । तत **"तदस्यास्त्यस्मिन्निति वा मतुप्"** (पा० ५।२।९४) सूत्रेण मतुप् प्रत्ययः । **"तसौ मत्वर्थे"** (पा० १।४।१९) सूत्रेण तान्तस्य भत्वाज्जश्त्वाभावः । **"झयः"** (पा० ८।२।१०) सूत्रेण मतुपो मकारस्य वकारः । **"इन्द्रो मरुत्वान्"** (ऋ० ३।४।६) इत्यत्रेव । सत्वत्-शब्दस्य ताद्धितत्वात् प्रातिपदिकसंज्ञा, ततः सुबाद्युत्पत्तिः षष्ठीसमर्थाच्च तस्मात् **"तस्येदम्"** (पा० ४।३।१२०) सूत्रेण सम्बन्धसामान्ये 'अण्' प्रत्ययः **"तद्धितेष्वचामादेः"** (पा० ७।२।११७) सूत्रेणादि-वृद्धिः सात्वतमिति । ततः सात्वतशब्दान् **"तत्करोति तदाचष्टे"** इति चुरादिगण-सूत्रेण करोत्यर्थे आचष्ट इत्यर्थे वा णिच् प्रत्ययः । **"णाविष्ठवत्प्रातिपदिकस्य"** इति (पा० ६।४।१५५) सूत्रवार्तिकेनेष्ठवद् भावत्वात् अकाररूपटेर्लोपः, 'सात्वति' इत्यस्य **"सनाद्यन्ता धातवः"** (पा० ३।१।३२) इत्यनेन धातुसंज्ञा, **"क्विप् च"** (पा० ३।२।७६) सूत्रेण क्विप् प्रत्ययः, क्विपि णेर्लोपः, क्विपः सर्वापहारः । कृदन्तत्वात्प्रातिपदिकसंज्ञा, ततः सात्वदिति प्रातिपदिकात् षष्ठी विभक्तिः ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम दाशार्ह है, क्योंकि वह दाता के लिए भोजन देता है, तथा उसके लिए बहुत से आशीर्वाद देता है । मनुष्य उसी को बार-बार नमस्कार करते हैं ।

सात्वतां पतिः—५१२

'अस भुवि' धातु के शतृप्रत्ययान्त सत् शब्द से मतुप् तद्धित प्रत्यय करने से, तथा **'झयः'** (पा० ८।२।१०) सूत्र से मकार को वकार करने से सत्वत् शब्द सिद्ध होता है । सत्वत् शब्द की तद्धितान्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा, तथा उससे षष्ठी सुब्विभक्ति आती है, और षष्ठ्यन्त सत्वत् शब्द से सम्बन्ध सामान्य अर्थ में तद्धित 'अण्' प्रत्यय और आदि अच् को वृद्धि होने से, सात्वत शब्द बनता है । उस सात्वत शब्द से करने या कहने अर्थ में 'णिच्' प्रत्यय करने से तथा इष्ठवद्-भाव और टि का लोप करने से 'सात्वति' ऐसा रूप बन जाता है । सात्वति की णिजन्त होने से 'सनाद्यन्त' (पा० ३।१।३२) सूत्र से धातु संज्ञा, तथा कर्ता में क्विप् प्रत्यय, क्विप् परे रहते 'णि' का लोप और क्विप् का सर्वापहार किया जाता है । कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा, तथा षष्ठी विभक्ति आने से 'सात्वतां' पद सुबन्त बन जाता है ।

यद्वा, सातिर्हेतुमण्ण्यन्तः सौत्रो धातुस्तस्मात्क्विप्, क्विपि णेर्लोपः, क्विपश्च सर्वापहारः, सात् शब्दान्मतुप्, तान्तस्य भसंज्ञा, जश्त्वाभावः "झयः" मकारस्य वकारः। प्रातिपदिकसंज्ञा, षष्ठीविभक्तिः, सात्वतामिति।

पतिः—पातेरुणादिडतौ व्युत्पादितचरः।

मनो हि सत्तावदक्षरममृतं वा। मन्त्रलिङ्गञ्च "इमानि यानि पञ्चेन्द्रियाणि मनःषष्ठानि मे हृदि। अथर्व १९।९।५॥ एतेन मनस इन्द्रियत्वं सिद्धम्। "यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु।" यजुः ३४।३॥ "……परिगृहीतममृतेन सर्वं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।" यजुः ३४।४॥ "हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।" यजुः ३४।६॥ मनसस्पतिश्च विष्णुः सूर्यो वा। मन्त्रलिङ्गञ्च—"अपेहि मनसस्पतेऽपक्राम परश्चर। परो निर्ऋत्या आचक्ष्व बहुधा जीवतो मनः।" ऋक् १०।१६४।१॥ अथर्वणि (२०।९६) यक्ष्मासूक्तेऽपि चायं मन्त्रः।

प्रसङ्गप्राप्तं किञ्चिदुच्यते—

तत्रैव चास्यौषधम्—"सहस्राक्षेण[१] शतवीर्येण[१] शतायुषा[१] हविषाऽहार्षमेनम्।" अथर्व २०।९६।८॥

१. शतावरी तद् घृतञ्च। उक्तञ्चान्यत्र—शतवारो अनीनशत् यक्ष्मान् रक्षांसि तेजसः। आरोहन् वर्चसा सह मणिर्दुर्णामचातनः। अथर्व १९।३६।१॥ एतद्विषयकं सर्वं सूक्तमेव। आयुर्वेदीयार्षसंहितासु शतावरीविकल्पनोपेतम-

---

अथवा—हेतुमण्णिजन्त 'साति' यह सुखार्थक धातु है। उससे क्विप् प्रत्यय, क्विप्-परक 'णि' का लोप तथा क्विप् का सर्वापहार करने से सात् शब्द सिद्ध होता है, सात् शब्द से मतुप् प्रत्यय, तान्त होने से भसंज्ञा, जिससे तकार को दकार नहीं होता, मकार को वकार, और षष्ठी विभक्ति आकर 'सात्वतां' पद बन जाता है। पति शब्द की सिद्धि पहले की जा चुकी है।

सात्वत् नाम मन का है, तथा मन का नाम अमृत और अक्षर भी है, जो कि, "यज्ज्योतिरमृतं प्रजासु" (यजुः ३४।३) यजुर्मन्त्रसे सिद्ध है। तथा "परिगृहीतममृतेन सर्वम्" इत्यादि यजुर्वेद (३४।४) के वाक्य मन को अमृत नाम से कहते हैं। मन इन्द्रिय भी है, जो कि "इमानि यानि पञ्चेन्द्रियाणि मनःषष्ठानि मे हृदि" इस अथर्ववेद (१९।९।५) के वाक्य से सिद्ध है। मन का पति भगवान् विष्णु वा सूर्य है। जैसा कि इस "अपेहि मनसस्पते" इत्यादि ऋग्वेद (१०।१६४।६) के मन्त्र से सिद्ध है। अथर्ववेद के यक्ष्मा सूक्त में (२०।९६) में भी यह मन्त्र है।

यहां कुछ प्रासङ्गिक भी लिखा जाता है। अथर्ववेद के उक्त यक्ष्मा सूक्त में यक्ष्मा रोग के निवारणार्थ औषध भी बतलाई है। जैसे कि "सहस्राक्षेण शतवीर्येण" (अ० २०।९६।८) इत्यादि तथा "शतवारो अनीनशत्" इत्यादि सूक्त (अ० १९।३६।१) से, यक्ष्मा के निवारक औषध का वर्णन है। यहां सहस्राक्ष, शतवीर्य तथा शतवार आदि शतावरी

भिमतौषधरिद्धं घृतं, पुनः पुनस्तेनैव विधिना पाचितं वीर्यतत्तरं वीर्यवत्तमञ्च भवति। अस्माभिः परीक्षितं रमणीयमेतद् घृतपरिपाककर्म। आयुर्वेदानूचानोऽहं लब्धोपाधिकः। चरकोऽनुशास्ति घृततैलानां पाकं सहस्रपाकान्तं यावत् तत्रैव द्रष्टव्यं कणेहत्य।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

स सात्वतानां पतिरस्ति लोके स एव जीवान् मनसा युनक्ति।
मनस्तरङ्गान् विषमान् समान् वा अपां समत्वेन तदोपयाति ॥१२॥

शुभोर्मिमत्स्यात्मन आत्मसंस्थं जीवः प्रार्थयतेऽतिमन्त्रैः।
मनो जविष्ठं विविधेऽप्सु[1] तच्च [2]जीवैरनेकैः पुरुषं स शास्ति ॥१३॥

१. अप्सु कर्मसु। २. प्रतिशरीरं मनो भिन्नं-भिन्नं सत् शक्तिमीहाञ्च भिन्नां-भिन्नां स्वात्मनि स्थापयति।

मनसां बहुविधत्वे हेतुः—

नक्षत्रभेदादुत पादभेदात् भस्यांशभेदादुत दृष्टिभेदात्।
स्थानस्य भेदाद् गतिभेदभेदात् कालस्य शुक्रस्य च लभ्यभेदात् ॥१४॥

१. नक्षत्रचरणभेदात्।

२. ग्रहाणामंशांशानां भेदात्।

के नाम हैं। शतावरी की नाना प्रकार की भावनाओं से सिद्ध किया हुआ घृत तथा शतावरी से यथाविधि, बार बार पकाया घृत बलशील तथा अत्यन्त बलशाली बन जाता है। यह घृत परिवाक कर्म हमारा अनुभव किया हुआ है। आयुर्वेद का यथार्थज्ञान होने से मुझे **"आयुर्वेदानूचान"** उपाधि प्राप्त है। महर्षि चरक घृत-तैलों को सैकड़ों और सहस्रों बार पकाने का उपदेश करता है। यह सब वहां ही देखना चाहिए।

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम सात्वतां पति है, क्योंकि वह ही जीवों को मन के साथ जोड़ता है और सदा जलों के समान टेढ़े या सरल अथवा दुःखद या सुखद मन के तरङ्गों को अविकृत रूप से प्राप्त करता है।

आत्मा में लगे हुवे=आत्मनिष्ठ मन की तरङ्गें या कल्पनायें शुभ होती हैं। इसीलिए जीव बहुत से मन्त्रों द्वारा मन के शिवसङ्कल्प होने की प्रार्थना करता है। मन बहुत वेगवाला तथा नाना प्रकार के भोग्यपदार्थों की इच्छा रखने वाला होने से, नाना शरीरों में स्थित होकर, भिन्न-भिन्न शक्ति तथा चेष्टाओं को अपने आप से प्राप्त करता है।

मन के नाना होने में हेतु—

नक्षत्र भेद, चरण भेद, ग्रहों का अंशों का भेद, दृष्टि भेद, स्थान का=भावों का भेद, ऊंची नीचीं टेढ़ी आदि गति भेद, ऋतुओं का भेद, पुरुष स्त्री नपुंसक रूप लिङ्ग भेद हैं।

३. स्थानभेदात्—स्थानं=भावः।
४. ऊर्ध्वाधःतिर्यग्रूपगतिभेदात्।
५: ऋतूनां भेदात्।
६. दोषदूषितभेदात्।
७. पुंस्त्रीनपुंसकभेदात्।

मनोनदीरूपमयी दुरन्ता जीवेषु सर्वत्र तरङ्गिणी सा।
विश्वं ह्यनन्तेषु गमेषु गन्तुं प्रकाशं[1] छन्नं कुरुते समग्रम्॥१५॥

१. प्रकाशं=व्यक्तम्।

दुरन्तपाराममृतां नदीं यो नियम्य विश्वं परिपाति सम्यक्।
स सात्वतामत्र पतिर्महात्मा ज्ञाने समास्थाप्य भवत्यलिङ्गः[1]॥१६॥

१. नास्ति लिङ्गं चिह्नं यस्य सोऽलिङ्गः।

एवं हि यो वेत्ति महेशमेनं चराचरे व्याप्तमचिन्त्यवीर्यम्।
स सात्वतानां पतिमेव पश्यन् न क्लेशमायाति न चैति हर्षम्॥१७॥

सातिः सुखार्थकः सौत्रो धातुस्ततो निष्पन्नं सात्वच्छब्दं लक्षीकृत्य—
भवतश्चात्रास्माकम्—

आनन्दसिन्धुर्भगवान् स्वयम्भूः पिपर्ति तान् ये सुखयन्ति जीवान्।
स सात्वतां चास्ति पतिर्यतोऽतः [1]तत्रार्पयन्त्येव कृतं स्वकर्म॥१८॥

१. तत्र=ब्रह्मणि।

भाष्यकार मन को साकार तथा दुरन्तपार नदी के समान बतलाते हुवे कहते हैं, सब जीवों में वर्तमान यह तरङ्गों लहरों वाली मनोनदी, अनेक ज्ञानों तथा मार्गों में विभक्त करने के लिये इस समग्र अव्यक्त विश्व को व्यक्त कर देती है अर्थात् सृष्टि रूप से प्रकाश में ला देती है।

जो इस दुरन्तपार प्रवाहरूप से अमृत नदी को अर्थात् मनोनदी को नियम में रखता हुवा सब प्रकार से विश्व की रक्षा करता है. वह महात्मा भी 'सात्वतां पति' रूप होकर समग्र विश्व को अपने ज्ञान में स्थापित करके अव्यक्त अर्थात् निर्विशेष भगवद्रूप हो जाता है।

इस प्रकार महाशक्तियुक्त, जड़ चेतन में व्याप्त, अतुल बलशाली रूप से जो भगवान् को जानता है। वह सर्वत्र भगवान् 'सात्वतां पति' को देखता हुवा, न अपने आप में दुःख का अनुभव करता है, तथा न सुख का, अर्थात् द्वन्द्वातीत होकर दुःख सुख में समान बना रहता है।

सुखार्थक 'साति' सौत्र धातु के अर्थ को लेकर—

आनन्द के सागर भगवान् स्वयम्भू, उनको सुख और समृद्धि से भरपूर करते हैं, जो जीवों को अर्थात् साधारण जीवों के दुःख का निवारण करके उनको सुखी बनाते हैं और जो अपने किये हुवे कर्मों के फल को परमेश उस 'सात्वतां पति' के अर्पण करते हैं।

एवं हि यो लौकिककर्ममग्नो दिवानिशं [1]कार्मणमातनोति ।
कर्माणि लिम्पन्ति न कारकं तं स एव शेते गतभीरलिप्सुः ॥१६॥

१. कर्मणां समूहः, 'तस्य समूहः' (पा० ४।२।३७) इत्यण् ।

यद्वा—

निराशीः कर्मसंयुक्तान् सात्वतांश्चाप्यकल्पयन् ।
सात्वतज्ञानद्रष्टाऽहं सत्वतः सात्विकीपते ॥२०॥

क्वचित्सात्वतीपते पाठः ।

सत्त्वगुणप्रधानं सात्वतं कर्म ज्ञानं वा ।

यत्तूक्तं—सत् प्रकृतिः—

यो दृश्यमेतत्पुरुषस्य काव्यं समीक्षते नित्यमतन्द्रितः सन् ।
ज्ञातुं स शक्नोति विभक्तरूपां विचित्रचित्रां प्रकृतिं त्रिरूपाम्[1] ॥२१॥

१. सत्त्वरजस्तमोमयीम् ।

तां योऽविभक्तां कुरुते विभक्तां स एव लोके पतिरस्ति तस्याः ।
एवं दृशा पश्यति योऽत्र मर्त्यः स सात्वतानां पतिमेति पश्यन् ॥२२॥

सत्=ब्रह्म तदधिकृत्य—

स सात्वतान् संयममात्रनिष्ठान् यथार्हभोगेन युनक्ति काले ।
पतिर्यतः स सकलस्य लोके कुतो न पायान्निजसात्वतान् सः ॥२३॥

इस प्रकार निष्काम भाव पूर्वक कर्मों को रात दिन करते हुवे भी उस कर्म-कर्ता पुरुष को वे कर्म बांधते नहीं, अर्थात् उसके बन्धन का कारण नहीं बनते, वही निष्काम पुरुष निर्भय होकर रहता है ।

यत्तूक्तं सत्प्रकृतिरिति—

जो मनुष्य नित्य आलस्य रहित, सावधान होकर, भगवान् के जगत् रूप दृश्य-काव्य =नाटक को देखता है, वही विचित्र चित्रों से चित्रित बहुधा विभक्त त्रिरूप, सत्त्वरजस्तमोमयी प्रकृति को जानने में समर्थ है ।

उस समावस्थ रूप प्रकृति की एकता को जो विभक्त=भिन्न करता है, वही उस सत् रूप प्रकृति का पति है । जो मनुष्य इस प्रकार से संसार को देखता है, वह प्रकृति वधू के भर्ता भगवान् को सर्वत्र देखता हुवा, परमेश्वर 'सात्वतां पति' को प्राप्त करता है ।

सत् नाम ब्रह्म अर्थ के अभिप्राय से—

भगवान् अपने संयमी भक्तों के लिये समय-समय पर उनके योग्य भोगों का प्रदान करते हैं, क्योंकि वह सकल लोक के नाथ=स्वामी हैं, इसलिये अपने भक्तों की रक्षा क्यों नहीं करें ? अर्थात् करते ही हैं ।

जीवः—५१३

जीव इति—'जीव प्राणधारणे' भौवादिकाद्धातोर्णिच्, ततः पचाद्यच् ततो णेर्लोपः। जीवयति प्राणान् धारयतीति जीवः। जीवानां प्राणधारणकारणमित्यर्थः। सकलं विश्वं परस्परसाहाय्यापेक्षं जीवति। एषा च पारस्परिक्यपेक्षा जीवने हेतुत्वमापन्ना, स्वगुणेन जीवनकारणभूतेन सकलं व्याप्नुवन्तं भगवन्तं जीवनामानं विष्णुं कार्त्स्न्येन व्यनक्ति। लोकेऽपि दृश्यते—जीवो जीवस्य जीवनमिति। ओषधयोऽपि जीवयन्तीति जीवनाम्नोच्यन्ते, ता हि प्राणानां दाने समर्थाः। तद्यथा पशवस्तृणानि भुक्त्वा जीवन्ति, मत्स्या अन्ये वा जलजन्तवः स्वतो लघून् जलजन्तून् स्वजीवनहेतुतामापादयन्ति। मत्स्याश्च जीवनीयं त्वचैवाददते, यतो हि तेषां कफोढौ=फुप्फुसौ न भवतः। फुप्फुसयोः कफोढवाच्यत्वे लिङ्गम्—"**कति कफोढौ**" (अथर्व १०।२।४) इति मन्त्रम्। मण्डूकस्त्वचा कफोढाभ्याञ्च जीवति। अथवैवं वक्तुं शक्यते गौण्या वृत्त्या—गुरुः शिष्येण, शिष्यश्च गुरुणा जीवति। भार्या पतिसहाया पतिश्च भार्यासहायो जीवति। स्वजीवने=सद्भावे दक्षिणायनमुत्तरायणम्, उत्तरायणञ्च दक्षिणायनमपेक्षते। मूलञ्चास्य चन्द्रसूर्ययोर्जीवकत्वेन सद्भावः। तत्र मन्त्रलिङ्गम्—"**द्वे ते चक्रे।**" ऋक् १०।८५।१६॥ तथा—

जीवः—५१३

जीव धातु 'प्राणों के धारण' करने के अर्थ में है। उससे 'णिच्' तथा णिजन्त से पचादि 'अच्' प्रत्यय करने से जीव शब्द बनता है, जिसका अर्थ होता है—जीवन में सहाय, या जिलाने वाला। यह सकल संसार परस्पर के आश्रय='सहारे" से जीता है और यह जीवन की हेतुभूत परस्पर की अपेक्षा, अपने स्वरूप से सर्वत्र व्याप्त होकर, सकल रूप से सर्वत्र व्याप्त, भगवान् जीवनामा विष्णु को प्रकट कर रही है। लोक में भी ऐसा देखने में आता है, जीव ही जीव का जीवन है, जीव के जीवन में, दूसरा जीव हेतु बनता है। ओषधियां जीवन देतीं हैं, इसलिये ओषधियों का नाम भी जीव है। क्योंकि प्राण धारण करवाने में ओषधियां ही मुख्य साधन हैं। जैसे पशु घास खाकर जीते हैं। मछलियां तथा दूसरे जल-जन्तु, अपने से छोटे जल-जन्तुओं को खाकर जीते हैं। मत्स्य अपने जीवनीय पदार्थ को त्वचा से ही ग्रहण कर लेते हैं। क्योंकि उनके, कफोढ="फुप्फुस" नहीं होते। कफोढ का वाच्यार्थ फुप्फुस है, इसमें "**कति कफोढौ**" यह वेद-वाक्य (अथर्व १०।२।४) प्रमाण है। मेण्डक त्वचा और कफोढों दोनों से जीता है। अथवा गौणी वृत्ति से ऐसा भी कहा जा सकता है कि गुरु शिष्य से और शिष्य गुरु से जीता है, भार्या पति की सहायता से, तथा पति भ र्या की सहायता से जीता है। अपने-अपने जीवनरूप सद्भाव में, उत्तरायण दक्षिणायन की, और दक्षिणायन उत्तरायण की अपेक्षा रखता है। कारण इसका यही है कि सबके जीवन के हेतु, चन्द्र और सूर्य ही हैं। इसमें "**ते द्वे चक्रे**" (ऋक् १०।८५।१६)

"पूर्वापरं चरतो माययैतौ शिशू क्रीडान्तौ परियातो अध्वरम्।
विश्वान्यन्यो भुवनाभि चष्ट ऋतूंरन्यो विदधज्जायते पुनः।"
ऋक् १०।८५।१८ ॥

"नवो नवो भवति जायमानोऽह्नां केतुरुषसामेत्यग्रम्।
भागं देवेभ्यो विदधात्यायन् प्र चन्द्रमा तिरते दीर्घमायुः।"
ऋक् १०।८५।१९ ॥

चन्द्रमाः स्वकलावृद्धिक्षययुक्तः सन् नवोनवो भवन्नुदेति इति ध्वनितोऽर्थः।

सुषुम्णा नामकः सूर्यरश्मिश्च चन्द्रमसं प्रकाशयति—"सुषुम्णः सूर्यरश्मिश्चन्द्रमा गन्धर्वः।" (यजुः १८।४०) इत्यादि मन्त्रात्।

अन्यच्च मन्त्रलिङ्गम्—"इमं जीवेभ्यः परिधिं दधामि।"
ऋक् १०।१८।४॥

"मुञ्चामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्।"
ऋक् १०।१६१।१।

"शतं जीव शरदो वर्धमानः शतं हेमन्ताञ्छतमु वसन्तान्।
शतमिन्द्राग्नी सविता बृहस्पतिः शतायुषा हविषेमं पुनर्दुः।"
ऋक् १०।१६१।५॥

"जीवेम शरदः शतम्।" यजुः ३६।१५॥

"जिजीविषेत शतँ समाः। यजुः ४०।२॥ इत्यादि।

निदर्शनमात्रमुक्तं, बहुकृत्वः प्रयुक्तो जीवधातुर्वेदे।

भवति चात्रास्माकम्—

जीवाः सः विष्णुर्मिथुनेन विश्वं चराचरं जीवयति प्रसह्य।
तेनैव चक्रे विहिते ह दृश्ये सूर्यस्ततश्चन्द्र उ जायते वा ॥२४॥

"पूर्वापरं चरतो माययैतौ" इत्यादि मन्त्र (ऋ० १०।८५।१८) प्रमाण हैं। सुषुम्णा नामक सूर्य की रश्मि से चन्द्रमा को प्रकाश मिलता है। इसमें "सुषुम्णः सूर्यरश्मिः" (यजुः १८।४०) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

यहां संस्कृत भाग में 'जीव' धातु के वैदिक प्रयोग केवल उदाहरण मात्र दर्शाये हैं। जीव धातु का प्रयोग वेद में बहुत स्थानों में आता है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम जीव है, क्योंकि वह अपने बल से, द्वन्द्व भाव से, अर्थात् एक जीव को दूसरे जीव का हेतु बनाकर, स्वयं चराचर के जीवन का कारण बना हुवा है।

मन्त्रलिङ्गम्—

"सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः।" यजुः २३।१० ॥

(क) विनयिता—५१४

विनयितेति—विपूर्वः 'णय गतौ' धातुर्भौवादिकः "णो नः" (पा० ६।१।६३) इति नकारः, तस्मात् तृच् प्रत्ययः कृत्, तत इट्, ततश्चानङादि, विनयिता। सर्वस्य जगतो गतिं प्राययिता गतेर्दातेत्यर्थः। यथा विद्युत् स्वशक्त्या यन्त्रं गमयति गतिं प्रापपति, यथैवायं सूर्यः सकलस्य विनयिता, गतिं प्रापयिता=सञ्चालक इत्यर्थः। ननु सूर्यो जगद् गमयति, किन्तु सूर्यस्य को नाम गमक इति प्रश्ने भगवान् विष्णुरेव सूर्यं, सूर्येण च जगद् गमयति, इत्युत्तरम्। मन्त्रलिङ्गञ्च—**"एष हितो विनीयतेऽन्तः शुभ्रावता पथा। यदीं तुञ्जन्ति भूर्णयः।"** ऋक् ९।१५।३ ॥

णय गतौ, णीञ् प्रापणे, द्वयोरपि गतिरर्थः, किन्तु विनयिता सेटो नयतेरेव न नीयतेरनिट्त्वात्। अर्थे तु न भेदः।

भवति चात्रास्माकम्—

स एव विष्णुर्गमयन् समस्तं [1]जगज्जगत्यां कुरुते ह्यपारम्।
तत्रापि वैविध्यमनक्ति योऽसौ गते 'र्वि' धर्ता=नयिताऽस्ति विष्णुः ॥२५॥

१. गच्छतीति=जगत्।

उसी भगवान् ने इस दृश्य जगत् के दो चक्र बनाये हैं जो कि सूर्य और चन्द्र रूप से वार-वार उदय होते हैं। इसमें यह मन्त्र भी प्रमाण है **"सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः"** (यजुः २३।१०) इत्यादि।

(क) विनयिता—५१४

विपूर्वक—'णय' धातु जो कि गति अर्थ में है, उससे तृच् प्रत्यय करने से विनयिता शब्द बनता है। जिसका अर्थ होता है, गति देने वाला। जैसे विजली यन्त्र को गति देती है—अपनी शक्ति से चलाती है। उसी प्रकार सूर्य भी सकल संसार को गति देता है, चलाता है। यदि कोई पूछे कि सूर्य को कौन चलाता है ? तो कहना पड़ेगा कि सूर्य को चलाने वाला भगवान् विष्णु है। इसलिये विनयिता रूप विष्णु ही सूर्य और सूर्य के द्वारा सकल संसार का सञ्चालक है। इसमें **"एष हितो वि नीयतेऽन्तः शुभ्रावता"** (ऋ० ९।१५।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

यद्यपि णीञ् धातु भी गति अर्थ वाली है, तथापि वह अनिट् है। इसलिये विनयिता शब्द सेट् 'णय गतौ' धातु का ही तृजन्तरूप है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम विनयिता है, क्योंकि वह इस अपार संसार को रचकर इसे गति देता है, तथा उसमें विविध भावों, भेदों को प्रकट करता है। अर्थात् जङ्गम जगत् को नाना भावों से युक्त बनाकर उसमें गति को उत्पन्न करता है।

(ख) साक्षी—५१४

साक्षी नाम साक्षाद् द्रष्टा, साक्षादिति अव्ययात् "साक्षाद् द्रष्टरि सञ्ज्ञायाम्" (पा० ५।२।९१) सूत्रेण ताद्धित इनिः प्रत्ययः। अव्ययानां भमात्रे टिलोपो वक्तव्य इति (पा० ६।४।३५५। सूत्रस्थ) वार्तिकेन टिलोपः, इन्नन्तलक्षणो दीर्घः साक्षी।

मन्त्रलिङ्गम्—

"आ देवो याति भुवनानि पश्यन्।" ऋक् १।३५।२॥

भवति चात्रास्माकम्—

साक्षी स विष्णुः स हि दर्शनो वा द्रष्टा स्वयं स हि सूर्यचक्षुः।
ज्ञानं हि चक्षु ऋंतमात्रबोधः [1]सोऽन्तर्गतः पश्यति विश्वमात्रम्॥२६॥

१. तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः। यजुः ४०।५॥

यो विनयिता स एव साक्षी सविशेषणमेकं नाम खण्डशो व्याख्यातं, महार्थत्वमस्य नाम्नो दर्शयितुम्।

मुकुन्दः—५१५

मुकुन्द इति—'मुच्लृ मोचने' तौदादिको धातुस्तस्मात् "स्त्रियां क्तिन्" (पा० ३।३।९४) सूत्रेण स्त्रीविशिष्टभावे क्तिन् प्रत्ययः, "चोः कुः" (पा० ८।२।३०) इति कुत्वम्—मुक्तिः। मुक्तिरूपे कर्मण्युपपदे "आतोऽनुपसर्गे कः"

(ख) साक्षी—५१४

साक्षी नाम प्रत्यक्ष रूप से देखने वाले का, अर्थात् स्वयं अपने नेत्रों से देखने वाले का है। साक्षात् इस अव्यय शब्द से संज्ञा में, तद्धित इनि प्रत्यय होता है और 'टि' का लोप होता है। इस प्रकार साक्षी शब्द सिद्ध होता है। इसमें "आ देवो याति भुवनानि पश्यन्" (ऋ० १।३५।२) यह मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम साक्षी है, क्योंकि वह सूर्यरूप चक्षु से, सकल जगत् को स्वयं देखता है, सर्वत्र व्याप्त सत्यज्ञान रूप चक्षु से भगवान् विश्व में व्याप्त होकर सकल विश्व को देखता है। जैसे कि वेद का वचन भी इसी अर्थ को पुष्ट करता है—'वह ही सब के अन्दर है और वह ही सबके बाहर है।'

विनयिता साक्षी, एक ही विशेषण विशिष्ट नाम नाम है। केवल नाम की महार्थता को दिखाने के लिए पृथक्-पृथक् व्याख्यान किया है।

मुकुन्द—५१५

मोचनार्थक 'मुच्लृ' तुदादिगण की धातु से स्त्रीविशिष्ट भाव में 'क्तिन्' प्रत्यय करने से मुक्ति शब्द की सिद्धि होती है, तथा मुक्तिरूप कर्म के उपपद रहते हुवे 'दा' धातु से

(पा० ३।२।३) इति सूत्रेण कः प्रत्ययः, तत आल्लोपः, मुक्तिं ददातीति मुकुन्दः। पृषोदरादिना वर्णविकारः "उम्", अर्थात् मुक्तिस्थाने 'मुकु' इति रूपादेशः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीयमामृतात्।" यजुः ३।६०॥

उर्वारुकम्=दशाङ्गुलम्।

"उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय।" यजुः १२।१२॥

भवति चात्रास्माकम्—

स [1]केतपूः सर्वकलाभिरामो विमोचयत्येव तदाप्तिवाञ्छम्।
मुकुन्द उक्तो बत मुक्तिदः स स्तुवन्ति गायन्ति नमन्ति तं वा॥२७॥

१. केतमिति कर्मनाम।

अमितविक्रमः—५१६

'माङ् माने' धातुर्जौहोत्यादिकस्ततः कर्मणि क्तः, तस्मिन् परतः "द्यतिस्यतिमास्थामित्ति किति" (पा० ७।४।४०) इतीत्त्वम्, गुणाभावः। ततो नञ्समासे नञो नकारस्य लोपः। न मीयते परिच्छिद्यत इत्यमितः।

विक्रमः—'क्रमु पादविक्षेपे' भौवादिकाद्धातोर्भावे घञ्, तस्मिन् सति "अत उपधायाः" (पा० ७।२।११६) इति प्राप्ताया वृद्धेः "नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्या-

---

कर्ता में कृत् 'क' प्रत्यय, आकार का लोप और पृषोदरादि से मुक्ति के स्थान में 'मुकुम्' यह आदेश करने से मुकुन्द शब्द बनता है। जिसका अर्थ होता है, मुक्ति देते वाला, अर्थात् किये कर्मों से, कर्म फलों से, भोगरत जीव को सांसारिक दुःखों से मुक्त करने वाला, यह भगवान् विष्णु का नाम है। **"उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय"** इत्यादि यजुर्वेद (३।६) मन्त्र इसमें प्रमाण हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् सर्वेश्वर विष्णु का नाम मुकुन्द है, क्योंकि वह सर्वथा निःस्पृह तथा निरीह होता हुवा भी, अपनी अचिन्त्यशक्ति से, सब प्रकार की कलाओं, अपनी लीलाओं में, रमण =क्रीड़ा करता है, तथा जीव के द्वारा भगवदर्पित कर्मों से, भगवान् की प्राप्ति के निमित्त शुद्ध करके, संसार के दुःखों से या बन्धनों से छुड़ा देता है=मुक्त कर देता है। इसीलिये महापुरुष उसका मुकुन्द नाम से स्तवन गान तथा प्रमाण करते हैं।

अमितविक्रमः—५१६

अमित शब्द "माङ् माने" जुहोत्यादि गण की धातु से बनता है। जिसका अर्थ होता है, जो मित न होवे अर्थात् मित नाम है, नपा=तुला, परिणाम से युक्त का, और जिसका कोई नाप=परिणाम न होवे, उसका नाम है, अमित।

विक्रम शब्द—विपूर्वक 'क्रमु पादविक्षेपे' धातु से घञ् प्रत्यय और धातु के मान्त

नाचमेः" (पा० ७।३।३४) सूत्रेण निषेधः। अमितो विक्रमः पादविक्षेपो यस्येत्यमितविक्रमः। विक्रमे मन्त्रलिङ्गम्—

"नपातं च विक्रमणं च विष्णोः।" ऋक् १०।१५।३ ॥

"पुरां भिन्दुर्युवा कविरमितौजा अजायत।

इन्द्रो विश्वस्य कर्मणो धर्त्ता वज्री पुरुष्टुतः।" ऋक् १।११।४ ॥

"इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा निदधे पदम्।" ऋक् १।२२।१७ ॥ यजुः ५।१५ ॥ साम ३।३।९ ॥ अथर्व ७।२६।४ ॥

अमितमिति मानरहितं विक्रमणं चलनं यस्य सः। अमितविक्रमः—अमितचलनः—अमितौजा इति समानार्थकाः शब्दाः।

लोकेऽपि च दृश्यते, पर्वत्रयमयमिदं सर्वम्। तद्यथा—अङ्गुलीनां त्रीणि पर्वाणिः; गुल्फसन्धिः, जानुसन्धिः, उरुफलकसन्धिश्चेति पर्वत्रयं पादयोः; मणिबन्धसन्धिः, कफोणिसन्धिः, बाहुमूलसन्धिश्चेति पर्वत्रयं हस्तयोः; सत्त्वरजस्तमांसि त्रीणि; भूतवर्तमानभविष्यदाख्याः कालाश्च त्रयः; चतुर्विंशतिहोरात्मकः कालोऽपि दिनोषोरात्रिभेदेन त्रिधा; पृथिवी द्यौरन्तरिक्षमिति त्रीणि; मासानां राशीनाञ्च त्रिधाभावः। यथा—

ब्राह्मणः	क्षत्रियः	वैश्यः	शूद्रः
१	२	३	४
५	६	७	८
९	१०	११	१२

चतुर्वर्गात्मके राशिचक्रे मासचक्रे वा ब्राह्मणास्त्रयः, क्षत्रियास्त्रयः, वैश्यास्त्रयः, शूद्राश्च त्रयः।

होने से "नोदात्तोपदेशस्य" (पा० ७।३।३३) इत्यादि सूत्रों से वृद्धि का निषेध होकर विक्रम शब्द बनता है। इसका अर्थ होता है—परिणाम रहित विक्रमण वाला, अर्थात् जिसका विक्रमण अनन्त है। अमितविक्रम शब्द के ही समान अर्थ वाले अमितचलन= अमितौजा इत्यादि शब्द भी हैं।

लोक में देखा जाता है कि प्रत्येक वस्तु तीन पर्वों=पोरियों=ग्रन्थियों से युक्त है। जैसे—प्रत्येक अङ्गुली के तीन-तीन पर्वग्रन्थियां हैं; पैरों के भी टखना, घुटना तथा जङ्घाऽस्थि नाम के तीन पर्व हैं, इसी प्रकार हाथों के भी, भुजाओं का मूल (कन्धास्थि), कोहनी, तथा हथेली के पास का मणिबन्ध, ये तीन पर्व हैं; गुण तीन हैं; तथा दिन, रात्रि, उषा, भेद से २४ घण्टों से परिमित काल के भी तीन पर्व हैं; पृथिवी, द्यौ और अन्तरिक्ष भी तीन हैं; मास और राशि के भी तीन-तीन विभाग हैं। चतुर्वर्ग वाले मास या राशि चक्र में १।५।९ ब्राह्मण, २।६।१० क्षत्रिय, ३।७।११ वैश्य, ४।८।१२। शूद्र वर्ण हैं।

इदमेव त्रिधाविक्रमणं वैदिकपरिभाषायां 'त्रिवृत्करण' शब्देनोच्यते। एवं चैतादृशी कल्पना तस्यामितविक्रमस्य विष्णोरमितविक्रमणरूपं गुणं सर्वत्र=व्याप्तं पश्यद्भिर्विद्वद्भिः सर्वत्र कर्तव्या। दृश्यं श्रव्यञ्च लोकवेदयोः समानं भवति।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

सूर्यः स विष्णुः क्रमतेऽतिमात्रं वैविध्यमस्यास्ति जगत्प्रसिद्धम्।
को नाम शक्नोति नरो हि मातुं तमच्युतं चामितवीर्यवन्तम् ॥२८॥
त्रेधा पदस्य क्रमणं हि विष्णोस्त्रिपर्वता साऽत्र गतास्ति विश्वे।
सांख्या न संख्याभिरियत्त्वमाप्तुं भवन्त्यलं सोऽमितविक्रमोऽतः ॥२९॥
एवं हि यो वेत्ति तुरीयमस्य शिष्टं पदं तेन तुरीय उक्तः।
स एकपाद् विष्णुरजः स देवः स्तुवन्ति तं[1] वेदवचोभिरर्च्यम् ॥३०॥

१. "शं नो अज एकपाद् देवो अस्तु" (ऋक् ७।३५।१३) इत्यादिभिर्मन्त्रैः।

अम्भोनिधिः—५१७

अम्भोनिधिरिति—"आप्लृ व्याप्तौ" धातुः सौवादिकः "सर्वधातुभ्योऽसुन्, आपः कर्माख्यायां ह्रस्वो नुट् च" (४।१८९, २०८) इत्युभाभ्यामसुन्, आपो

यह त्रिविध विक्रमण ही वैदिक परिभाषा में 'त्रिवृत्करण' शब्द से कहा जाता है इसलिये इस प्रकार की त्रिविधत्व की कल्पनायें विद्वानों को सब ही वस्तुओं में कर लेनी चाहिये, क्योंकि भगवान् अमितविक्रम का अमितविक्रमणरूप गुण त्रिधा रूप से सर्वत्र व्याप्त है। लोक में जैसे दृश्य वस्तु या श्रव्य शब्द होते हैं उसी प्रकार वेद में होते हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु सूर्यरूप से निरन्तर गमन करता है, तथा उसकी विविधता=नाना-भाव जगत् में प्रसिद्ध है। अनन्त=अपरिमित वीर्यशाली उस विष्णु का मान करने में=इयत्ता का निश्चय करने में कौन समर्थ है? अर्थात् किसी प्रकार से भी उसका मान नहीं किया जा सकता, नापा नहीं जा सकता।

भगवान् विष्णु का तीन प्रकार से क्रमण=प्रसार ही विश्व में त्रिपर्वता=तीन प्रकार की ग्रन्थियों के रूप से व्याप्त है। सांख्य=ज्ञानी पुरुष भी गणना से उसकी इयत्ता=परिमाण नहीं कर सकते, इसलिए उसको अमितविक्रम नाम से कहा है।

भगवान् का त्रिपाद् रूप से विक्रमण=प्रसार ही यह संसार है। इसके अतिरिक्त जो चतुर्थ पाद है, उसका विद्वान् महापुरुष "एकपाद् विष्णुरजः स देवः", रूप से [1]वेद की ऋचाओं से स्तवन करते हैं।

१. शं नो अज एकपाद् देवो अस्तु (ऋ० ७।३५।१३) आदि।

अम्भोनिधिः—५१७

अम्भः शब्द व्यापनार्थक स्वादिगण पठित 'आप्लृ' धातु से उणादि 'असुन्' प्रत्यय,

ह्रस्वश्चेत्यनुवर्तमानेषु "उदके नुम्भौ च" (४।२१०) इत्युणादिसूत्रेण नुमागमो धातोर्भकारान्तादेशो ह्रस्वश्च विधीयते । तेन 'असुन्' प्रत्यये भकारादेशे नुमि ह्रस्वादेशे च अम्भः । नुमागमस्य मित्त्वात् "मिदचोऽन्त्यात्परः" (पा० १।१।४०) सूत्रेण अकारात्परो भवति ।

निधिः—निपूर्वो 'डुधाञ् धारणपोषणयोः' इति धातुर्जौहोत्यादिकः । तस्मात् 'अकर्तरि च कारके' अधिकारे "उपसर्गे घोः किः" (पा० ३।३।९२) इति अधिकरणे किः प्रत्ययः । एवञ्च—अम्भांसि निधीयन्तेऽस्मिन्नित्यम्भोनिधिरान्तरिक्षः समुद्रः पार्थिवः समुद्रश्चोभौ गृह्येते । यश्चाम्भस्सु गुणातिशयमाधाय तेषां व्यवस्थया निधाता, निहितानां व्यवस्थापयिता च सोऽम्भोनिधिर्विष्णुः ।

लोके च दृश्यते—शरीरमिदमम्भोनिधिसमानं सदम्भोनिध्याख्यां लभते, तत्र हि हृदयं रसगुणप्रधानं रक्तं भ्रमयति प्रतिक्षणं, निधीयते वा हृदये रक्तमात्मनाऽतः स आत्माऽपि—अम्भोनिधिरुच्यते । एवं प्राणिशरीरेषु सर्वत्र विज्ञेयम् । वीरुद्वृक्षलतादिष्वपि जलस्यैव प्राधान्यं तस्मात् वीरुदादयोऽपि अम्भोनिधिशब्दवाच्याः । जलप्रधानो हि सर्गः "अपां रेतांसि जिन्वति" (ऋक् ८।४४।१६) इति मन्त्रलिङ्गात् । अन्यच्च—

"अम्भो अमो महः सहः इति त्वोपास्महे वयम् ।
"नमस्ते अस्तु पश्यत पश्य मा पश्यत ।
अन्नाद्येन यशसा तेजसा ब्राह्मणवर्चसेन ।" अथर्व १३।४।५० ॥

तथा "उदके नुम्भौ च" (४।२१०) उणादि सूत्र से 'नुम्' और पकार को भकारादेश, आकार को ह्रस्व अकार करने से बनता है ।

निधि शब्द जुहोत्यादिगण की धारण तथा पोषण अर्थ वाली 'डुधाञ्' धातु से अधिकरण अर्थ में 'कि' प्रत्यय करने से बनता है । इस प्रकार से 'अम्भोनिधि' शब्द का 'जिसमें जल रहें' यह अर्थ होता है । अम्भोनिधि शब्द से आन्तरिक्ष तथा पार्थिव दोनों समुद्रों को ग्रहण होता है । अम्भोनिधि विष्णु का नाम इसलिए है कि वह जलों को विशेष-विशेष गुणों से युक्त करके उनका निधान=स्थापन करता है, तथा स्थापन करके उनको व्यवस्था-बद्ध अर्थात् नियमित=नियम में रखता है । लोकानुभव से शरीर का नाम भी अम्भोनिधि है, क्योंकि शरीर में, रस गुण प्रधान वाला हृदय, प्रतिक्षण रक्त को घुमाता है । आत्मा हृदय में रक्त की स्थापना करता है, इसलिए आत्मा भी अम्भोनिधि है । इस प्रकार सब प्रकार के प्राणि-शरीरों में जान लेना चाहिए । छोटे-छोटे विना शाखाओं के पौधे, वृक्ष, लता, आदि में भी जल की ही प्रधानता है । इसलिये इन सब का भी अम्भोनिधि नाम है । सृष्टि में जल की ही प्रधानता है । "अपां रेतांसि जिन्वति" (ऋ० ८।४४।१६) इस वेद वचन से यही कहा है और भी "अम्भो अमो महः सहः" इत्यादि अथर्ववेद (१३।४।५०) के मन्त्र इसमें प्रमाण हैं ।

अत्र प्रसङ्गप्राप्तमुच्यते—

स वा अह्नोऽजायत तस्मादहरजायत ॥२९॥
स वा रात्र्या अजायत तस्माद् रात्रिरजायत ॥३०॥
स वा अन्तरिक्षादजायत तस्मादन्तरिक्षमजायत ॥३१॥
स वै वायोरजायत तस्माद्वायुरजायत ॥३२॥
स वै दिवोऽजायत तस्माद् द्यौरध्यजायत ॥३३॥
स वै दिग्भ्योऽजायत तस्माद् दिशोऽजायन्त ॥३४॥
स वै भूमेरजायत तस्माद् भूमिरजायत ॥३५॥
स वा अग्नेरजायत तस्मादग्निरजायत ॥३६॥
स वा अद्भ्योऽजायत तस्मादापोऽजायन्त ॥३७॥
स वा ऋग्भ्योऽजायत तस्मादृचोऽजायन्त ॥३८॥
स वै यज्ञादजायत तस्माद्यज्ञोऽजायत ॥३९॥
स यज्ञस्तस्य यज्ञः स यज्ञस्य शिरस्कृतम् ॥४०॥
स स्तनयते स विद्योतते स उ अश्मानमस्यति ॥४१॥
पापाय वा भद्राय वा पुरुषायासुराय वा ॥४२॥
यद्वा कृणोष्योषधीर्यद्वा वर्षसि भद्रया यद्वा जन्यमवीवृधः ॥४३॥
तावांस्ते मघवन् महिमोपो ते तन्वः शतम् ॥४४॥
उपो ते बद्धे बद्धानि यदि वासि न्यर्बुदम् ॥४५॥

इदं सूक्तम् (अथर्व १३।४) सूर्ये महेशे वा सङ्गतार्थं भवति । अत्रैव (अथर्व १३।४) च—विभूः, प्रभूः, अम्भः, अमः, महः, सहः, अरुणम्, रजतम्, रजः, उरुः, पृथुः, सुभूर्भुवः, प्रथः, वरः, व्यचः, लोकः, भवद्वसुः, इदद्वसुः, संयद्वसुः, आयद्वसुः, इत्यादीनि नामानि सङ्कीर्तितानि, यानि सूर्ये महेशे च सङ्गतार्थानि भवन्ति । सूक्तमिदमध्यात्मदेवताकमिति वैदिका अपि ब्रुवन्ति । 'सूक्तस्याध्यात्मं देवतेत्यनुशासनात् ।

विस्तरेण लिखितमिदमध्येतॄणां बुद्धेर्वैशद्याय महार्थत्वावेदनाय च, व्याख्यातञ्च निगदेनैव ।

यहां भाष्यकार "स वा अह्नोऽजायत" इत्यादि अथर्व सूक्त (१३।४।२९-४५) से कुछ प्रसङ्ग प्राप्त का वर्णन करते हैं । यह सम्पूर्ण सूक्त सूर्य तथा विष्णु में समान रूप से सङ्गतार्थ है और यहां पर ही "विभु, प्रभु" आदि बहुत से नाम हैं, जो इन दोनों सूर्य और विष्णु में अनुगतार्थ हैं अर्थात् इन नामों के ये दोनों ही वाच्यार्थ हैं । पढ़ने वालों के बुद्धि विकाश के लिये, तथा अर्थ के महत्त्व को प्रकट करने के लिये इतने विस्तार से लिखा है । मन्त्रों का अर्थ उच्चारण से ही स्पष्ट हो जाता है ।

भवतश्चात्रास्माकम्—

स सर्वसाद् भाव्यमितो यथेश आपश्च साद्भाव्यमितास्तथैव ।
अम्भोनिधिः सोऽस्ति महेश उक्तो योऽपां निधानं कुरुतेऽतिरम्यम् ॥३१॥

अम्भोनिधि तं पुरुषं पुराणमाप्यं तथा पार्थिवमाहुरस्मिन् ।
सर्वं स्थितं विश्वहिते च यत् तत् स्तुवन्ति तं देवगणा व्यलीकाः ॥३२॥

व्यलीकाः=निष्पापाः=सत्त्वप्रधानाः ।

अनन्तात्मा:—५१८

अनन्तात्मेति—'अन प्राणने' आदादिको धातुस्तस्माद् अत्र बाहुलकेन 'जृविशिभ्यां झच्" (३।१२६) इत्यौणादिको 'झच्' प्रत्ययः । "झोऽन्तः" (पा० ७।१।३) सूत्रेण अन्तादेशः चकार इत्, चित्त्वादन्तोदात्तः, अनन्तः ।

आत्मा शब्दः 'अत सातत्यगमने" इत्यस्माद् धातोः "सातिभ्यामनिन्मनिणौ" (४।१५३) इत्युणादिसूत्रेण मनिण् प्रत्ययः । णित्त्वाद् वृद्धिः ।

अनन्त+आत्मा "अकः सवर्णे दीर्घः" (पा० ६।१।१०१) इति सवर्णदीर्घः—अनन्तात्मा । अनन्तः=प्राणको=रक्षकः आत्मा=स्वरूपं यस्य सः अनन्तात्मा विष्णुः सूर्यो वा । यथा सूर्योऽतनधर्मा, तथा भूतमतनधर्मकं सर्वं विश्वं

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम अम्भोनिधि है, क्योंकि वह विशेष गुणों से युक्त जलों को बड़े सुन्दर रूप से निधान=स्थापना करता है निधान में सौन्दर्य यही है कि वह निधान करके उनको सुव्यवस्थित रखता है तथा जैसे—भगवान् प्रत्येक वस्तु के सद्भावत्त्व को प्राप्त हो रहा है, अर्थात् प्रत्येक के अस्तित्व का कारण है, इसी प्रकार जल भी सब की सद्भवता का कारण है । पुरातन पुरुष का नाम अम्भोनिधि है, तथा आन्तरिक्ष और पार्थिव समुद्र का नाम भी अम्भोनिधि है । क्योंकि जो-जो विश्व की हितकारक वस्तु है, वह सब इस अम्भोनिधि में स्थित है इसलिये सात्विक देवगण भगवान् की इस नाम से स्तुति करते हैं ।

अनन्तात्मा—५१८

अनन्त शब्द "अन प्राणने" अदादिगण की धातु से उणादि 'झच्' प्रत्यय और उसको अन्त आदेश होने से सिद्ध होता है । आत्मा शब्द "अत सातत्यगमने" भ्वादिगण की धातु से उणादि मनिण् प्रत्यय और णित् होने से वृद्धि होकर बनता है । इस प्रकार से अनन्तात्मा का अर्थ 'जिवाने वाला जीवन का कारण है आत्मा=स्वरूप जिसका' यह हुवा । अर्थात् जो सब के जीवन का हेतु=रक्षक है. उसका नाम अनन्तात्मा है । भगवान् विष्णु तथा सूर्य दोनों ही अनन्तात्मा शब्द के वाच्यार्थ हैं । जैसे सूर्यदेव सदा गमनशील है, वैसे ही यह सकल प्राणिवर्ग गमनशील है । इस गमनशील प्राणिवर्ग का भगवान् सूर्य व्यक्त या अव्यक्त रूप

प्राणयति व्यक्तोऽव्यक्त उदितोऽनुदितो वा, तथा भगवान् विष्णुरपि सर्वत्र सिद्धः सूर्यचन्द्रादिकान् प्राणयति, सर्वस्य जीवनस्वरूपोऽतोऽनन्तात्मा विष्णुरित्युक्तो भवति।

लोकेऽपि च दृश्यते—जीवात्मा देहमधिशयानो देहं प्राणयति। तत्र हृद्गुहागतः स्वचैतन्यधर्ममाधाय हृदयं सततं गमयति रसरक्तादिधातुमयशरीरस्य शोधनाय जीवनाय वा। जीवेऽपयाते मृतं शरीरं न प्राणिति। तस्मात्प्राणकत्वाज्जीवात्माऽपि—अनन्तात्मोच्यते।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिं धियंजिन्वमवसे हूमहे वयम्।
पूषा नो यथा वेदसामसद् वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये।"
यजुः २५।१८॥

"देवा न आयुः प्र तिरन्तु जीवसे।" यजुः २५।१५॥

भवति चात्रास्माकम्—

लोके ह्यनन्तात्मपदेन विष्णुः प्राणेन युक्तं कुरुते समस्तम्।
देहं यथात्मा प्रतिगात्रसंस्थः तथा जगत् [1]प्राणिति चान्तरात्मा॥३३॥

१. प्राणिति—अन्तर्गर्भितण्यर्थः प्राणयतीति भावः।

से, उदित वा अनुदित सब प्रकार से जीवन देने वाला=जीवन का हेतु है। इसी प्रकार भगवान् विष्णु सूर्य चन्द्र आदि के जीवन का कारण या सब का जीवन रूप है, इसलिये उसका नाम अनन्तात्मा है। लोक में भी देखने में आता है, देह में वास करता हुवा जीवात्मा देह को जीवन देता है, अर्थात् देह का रक्षक है। हृदय गुफा में स्थित अपने चैतन्य गुण के आधान=समर्पण से हृदय को निरन्तर चलाता है। रस रक्त आदि धातु रूप शरीर के शोधन वा जिवाने के लिये, क्योंकि जीवात्मा के निकल जाने पर यह शरीर प्राणन=जीवन रहित हो जाता है। इसलिए प्राणक=जीवन का कारण होने से जीवात्मा का नाम भी अनन्तात्मा है।

"तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिम्" (२८।१८) इत्यादि यजुर्वेद के मन्त्र इसमें प्रमाण हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

अनन्तात्मा नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह लोक में सब प्राणिवर्ग को प्राणों से युक्त करता है, अर्थात् सब को जीवन देता है। जैसे प्रत्येक शरीर में स्थित जीवात्मा शरीर को जीवन देता है, उसी प्रकार भगवान् विष्णु भी अन्तर्यामी रूप से सब के जीवन का कारण है। यहां प्राणिति पद, प्रेरणा अर्थ को देता है, जिसका अर्थ है जिवाने वाला। अथवा अन्त शब्द का समाप्ति अर्थ है, और अनन्त शब्द उसके विपरीत, जिसकी समाप्ति=अन्त या इयत्ता नहीं है, इस अर्थ को प्रकट करता है।

यद्वा—अन्तशब्दः=समाप्तिवचनः, तत्र नास्ति अन्तः—इयत्त्वं यस्य सः—अनन्तः। एतस्मिन्नर्थे—

अम गत्यादिषु, भौवादिको धातुस्तस्मात् "हलिमृग्रिण्वामिदमिलूपूधूर्विभ्यस्तन्" (३।८५) इत्युणादिस्तन् प्रत्ययः "तितुत्रेति" (पा० ७।२।६) इण्निषेधः, ततोऽनुस्वारपरसवर्णौ। नञ्पूर्वो बहुव्रीहिः। नलोपो नञः, नुट् च (पा० ६।३।७१, ७२) अनन्त इति। अनन्तश्चासावात्मा च अनन्तात्मा कर्मधारयसमासः।

भवति चात्रास्माकम्—

सान्ते समग्रे विभुना निबद्धे सान्तः कुतः पारमियात्तु विष्णोः।
ईष्टे स विश्वस्य स पाति विश्वं नान्तः स्वरूपेण विभुर्विशिष्टः ॥३४॥

महोदधिशयः—५१६

महच्छब्दो व्युत्पादितचरः।

उदकम्—"उन्दी क्लेदने" रौधादिको धातुरीदित्, तस्मात् "**क्वुन् शिल्पिसंज्ञयोरपूर्वस्याऽपि**" (२।३२) इत्युणादिसूत्रेण क्वुन् प्रत्ययः संज्ञायाम्। "**अनिदितां हल उपधायाः क्ङिति**" (पा० ६।४।२४) सूत्रेण उन्देर्नलोपो गुणाभावः, "**युवोरनाकौ**" (पा० ७।१।१) इत्यनेन वोरकः, उदकम्। तदुपपदे च "डुधाञ् धारणपोषणयोः" धातोरधिकरणे "**कर्मण्यधिकरणे च**" (पा० ३।३।९३) सूत्रेण किः प्रत्ययः, "**पेषंवासवाहनधिषु च**" (पा० ६।३।५८) इत्युदकस्योदादेशः, उदधिः। महांश्चासावुदधिरिति कर्मधारयतत्पुरुषः। महोदधिरूपेऽधिकरण उपपदे "शीङ्-

---

जो कि समाप्त्यर्थक अन्त शब्द है वह 'अम गत्यादिषु' इस भ्वादिगण की धातु से उणादि तन् प्रत्यय तथा अनुस्वार और परसवर्ण होकर निष्पन्न होता है उससे नञ् का समास होकर अनन्त शब्द बनता है। उसका आत्मा के साथ कर्मधारय समास होकर अनन्तात्मा शब्द बनता है।

यह सकल विश्व सान्त=अन्तवाला प्रभु ने बनाया है। फिर यह सान्त प्राणी अनन्त विष्णु का पार कैसे पाये? वह सर्वेश्वर, सकल जगत् का स्वामी इसकी सब प्रकार से रक्षा करता है। इसलिये वह अनन्त रूप विशेषण से विशिष्ट है, अर्थात् अनन्तात्मा है।

महोदधिशयः—५१६

महत् शब्द की सिद्धि पहले की जा चुकी है। उदधि—"उन्दी क्लेदने" रुधादिगण की धातु से उणादि 'क्वुन्' प्रत्यय करने से तथा नकार का लोप और 'वु' को 'अक' आदेश करने से उदक शब्द बनता है। उदक शब्द के उपपद रहने 'डुधाञ् धारणपोषणयोः' धातु से अधिकरण में कृत् 'कि' प्रत्यय तथा उदक को 'उद' आदेश करने से उदधि शब्द सिद्ध होता है। महत् शब्द के साथ उदधि शब्द का कर्मधारय समास करने से 'महोदधि' शब्द

शये" धातोः "अधिकरणे शेतेः" (पा० ३।२।१५) इति सूत्रेण 'अच्' प्रत्ययो गुणायादेशौ, महोदधौ शेत इति महोदधिशयः, शब्दसिद्धिर्ज्ञेया।

महोदधिरान्तरिक्षः समुद्र,ः स एवान्तरिक्ष्याणामपां पार्थिवीनाञ्च योनिः। अत एव—अब्विकारा धूमा वाष्पीभूता अन्तरिक्षमभिगच्छन्ति नाधो ना निर्यक्। तद्विकारा भौमा आपश्च पार्थिवं समुद्रमधितिष्ठन्ति। अतो विकारभूतं सर्वं जलं निम्नगं भवति समुद्रस्य निम्नभागे स्थानात्, निम्नोच्चत्वे भूगोलं मर्यादीकृत्योक्ते। अत एव शारीरं दुष्टं जलं वस्तिस्थानमधितिष्ठत् प्रस्रवणमापन्नं मूत्रशब्देनाभिधीयते, तच्च क्षारं सत् पार्थिवक्षारसमुद्रजलेन साम्यं भजति। वस्तिस्थानञ्च मध्यमभागस्य निम्नं स्थानमिति पार्थिवेनोदधिना साम्यं लभते। तत्र शेते रसरूप इति महोदधिशयो विष्णुः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"और्वभृगुवच्छुचिमप्नवानवदा हुवे। अग्नि समुद्रवाससम्।"

ऋक् ८।१०२।४॥

परि प्रासिष्यदत् कविः सिन्धोरूर्मावधि श्रितः।
कारुं बिभ्रत् पुरुस्पृहम्। साम० पू० ५।१०।१०॥

भवति चात्रास्माकम्—

महोदधौ शेत इव स्वभावादग्निर्यथा विष्णुरयं तथैव।
तस्यैव शक्त्या धृतमस्ति सर्वं मेध्ये जले विश्वमिदञ्च तस्मात्॥३५॥

बन जाता है। महोदधि शब्द के उपपद रहते "शीङ् शये" धातु से अधिकरण अर्थ में अच् प्रत्यय तथा गुणायादेश करने से 'महोदधिश" शब्द सिद्ध होता है। जिसका अर्थ 'बड़े उदधि =समुद्र में सोने वाला' होता है। महोदधि नाम अन्तरिक्ष समुद्र का है, अन्तरिक्ष में होने वाले तथा पृथिवी में होने वाले जलों का वह ही उत्पत्ति स्थान है। इसलिये जल का विकार भूत धूम्र=धुवां अथवा वाष्प=भाफ अन्तरिक्ष की ओर ही जाता है, टेढा या नीचे को नहीं जाता। उसके विकाररूप पार्थिव जल समुद्र में रहते हैं, विकाररूप जल नीचे को ही जाते हैं, क्योंकि उनका निधान अधः स्थित पार्थिव समुद्र में होता है। यह ऊंचा और नीचापन भूगोलक को ध्रुव बनाकर कहा है। इसी प्रकार शरीर का दुष्ट जल जब वस्तिस्थान से नीचे को बहता है तब मूत्र शब्द से कहा जाता है और वह क्षाररूप होने से पार्थिव समुद्र के जल के समान हो जाता है। वस्तिस्थान भी मध्यम भाग का निम्न स्थान है। इसलिये उसकी पार्थिव समुद्र से समानता है। उसमें भगवान् रसरूप से शयन करते हैं, इसलिए भगवान् का महोदधिशय नाम है। इसमें **"अग्नि समुद्रवाससम्"** (ऋ० ८।१०२।४) तथा **"सिन्धोरूर्मावधि श्रितः"** (साम० पू० ५।१०।१०) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम महोदधि है, क्योंकि वह वाडवाग्नि के समान स्वभाव से ही समुद्र में शयन करता है, तथा उसी सर्वेश्वर की शक्ति से मेघों के जल में यह सब कुछ दृश्य जगत् धारण किया हुवा है।

अन्तकः—५२०

अन्तक इति—अमतेस्तनि अन्तः, स च पूर्वं व्युत्पादितोऽनन्तनामप्रसङ्गे। अन्तशब्दात् **"तत्करोति तदाचष्टे"** इति चुरादिगणसूत्रेण णिच्, तस्मिंश्च परतः **"णाविष्ठवदिति"** (वा० ६।४।११५) टिलोपः, सनाद्यन्तधातुत्वे **"ण्वुल्तृचौ"** (पा० ३।१।१३३) इति ण्वुल्, वोरकः, णिलोपोऽन्तकः। अन्तं करोत्याचष्टे वान्तकः। **"संयोगा विप्रयोगान्ताः"** इति सिद्धान्तः। जातस्य जगतो लयस्य कर्ता, जगतः संहारक इत्यर्थः। लोकेऽपि च दृश्यते जातः प्राणी मृत्युना पञ्चत्वं प्राप्यते। कुम्भकारो घटं कस्माच्चिद् व्याजाद्भिनत्ति।

मन्त्रलिङ्गम्—

"यमाय स्वाहाऽन्तकाय स्वाहा मृत्यवे स्वाहा।" यजुः ३९।१३॥

प्रसङ्गप्राप्तमुच्यते बुद्धेर्वैशद्याय—

मृत्युर्हि नाम स्वरूपाद्विच्युतिः। सा च विश्लिष्टस्य संयुक्तिः, संयुक्तस्य विश्लिष्टिरित्यपि। तद्यथा—अङ्गुलीनां विभक्ता स्थितिर्जीवनं संयुक्ता च मरणम्। सन्धीनां संयुक्ता स्थितिर्जीवनं विभक्ता च मरणम्। एवं सर्वत्र योज्यम्। वियोजक एव मारकः=अन्तकः इत्यर्थः। यथा—कश्चिद्दण्डेन घटं भिनत्ति, तत्र दण्डसाधनको भेदको मारकः=अन्तकः। अतएव च ज्योतिःशास्त्रं मनुष्योपकाराय प्रवर्तितमाचार्यैः। सर्व एव ग्रहा यथादशं प्राप्ताः मृत्युस्थानमापन्ना मृत्युदा भवन्तीति कुण्डलीषु पृथक्-पृथक् व्यवह्रियन्ते। तथा च, यथा घटो हस्ता-

---

अन्तकः—५२०

अन्त शब्द 'अम गत्यादिषु' भ्वादिगण की धातु से उणादि तन् प्रत्यय करने से बनता है। इसका व्युत्पादन अनन्तात्मा नाम के व्याख्यान में हो चुका।

अन्त शब्द से करना या आख्यान अर्थ में 'णिच्' प्रत्यय, 'टि' का लोप, **"सनाद्यन्ताः"** (पा० ३।१।३२) सूत्र से धातु संज्ञा, कर्ता में 'ण्वुल्' प्रत्यय और वु को अक आदेश करने से अन्तक शब्द सिद्ध होता है। इसका अर्थ जो सबका अन्त करता है। यह वास्तविक सत्य है कि सब संयोग वियोगान्त होते हैं अर्थात् संयोग का अन्त वियोग होता है और उन्नति का अन्त पतन होता है। उत्पन्न हुवे जगत् का जो संहार=अन्त करता है, अतः वह अन्तक है।

लोक में भी ऐसा देखने में आता है—उत्पन्न हुवे प्राणी का मृत्यु के द्वारा अन्त होता है। कुम्हार भी किसी कारणवश स्वयं बनाये हुवे घट का भेदन=अन्त कर देता है। इसमें **"यमाय स्वाहान्तकाय स्वाहा"** (यजुः ३९।१३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

बुद्धि विकाश के लिये कुछ प्रसङ्ग से प्राप्त विषय का वर्णन करते हैं—मृत्यु नाम स्वरूप से पृथक् होने का है। स्वरूप से पृथक् होना संयुक्त का वियुक्त होना और वियुक्त का संयुक्त होना भी है। जैसे अङ्गुलियों का पृथक्-पृथक् रहना उनका जीवन है और

च्चुतो भग्नस्तत्र च्यवनं घटभेदे कारणम् । एवं सुधीभिर्लोकदर्शं सङ्गमयितव्यम् । जातककुण्डल्यामंशैर्यथा सबलो निर्बलो वा शुभग्रहदृष्टोऽशुभग्रहदृष्टो वा, शुभ-ग्रहसंयुक्तोऽशुभग्रहसंयुक्तो वा, शुभग्रहदशान्तर्गतोऽशुभग्रहदशान्तर्गतो वा, स ग्रहः प्राणदशान्तं तत्कारकत्वरूपं स्वस्वरूपं प्रकाशयति तद्विद्याविदे ।

तथा च, यथा कश्चिदाचम्य मृतः प्राणदशा । कश्चिज्जले निमज्ज्य मृतो महादशा । कश्चिन्नित्याः क्रियाः कुर्वन् स्वस्थः स्नान् वा मृत, सा जलस्थानस्य चन्द्रस्यान्तर्दशा । स्वस्थः सत्पुरुषेण सम्भाषमाणः स्वनित्यं कर्म स्नानं कुर्वाणो मृतः तत्र शुभग्रहयुतस्य चन्द्रस्यान्तर्दशा मृत्युकारिका । दुष्टेन दृश्येन श्रवणेन, वचनेन, भोजनेन, पानेन, वोद्विग्नः स्नान् मृतस्तत्राशुभग्रहयुतस्य चन्द्रस्यान्तर्दशा मृत्युकारिका । तीर्थे स्नान् मृत, तत्रोत्तमस्थानस्थश्चन्द्रो मृत्युकारकः । कूपं खनन् मृतः, तत्र पापस्थानस्थश्चन्द्रः पापं स्थानं प्राप्य मृत्युं करोति । पर्वतशृङ्गे मृतः तत्र राहोरुच्चत्वमिते काले शनेर्दशां प्राप्तो मरणकारकः। सोम्यदृश्येन शुभ-ग्रहयुतेन बुधेन स्नाने प्रवृत्तो मृतस्तत्र जलं प्राणदशास्थानीयं सत् स्वमारकत्वरूपं प्राकाशयत् । एवं यदुक्तं मया तत्सुधीभिः शतधा सहस्रधा विवर्धनीयम् । अन्येषु

संयुक्त हो जाना ही उनका मरण है । इस प्रकार से सब वस्तुओं में समझ लेना चाहिए । वियोग करने वाले का नाम मारक या अन्तक हैं ।

जैसे कोई दण्ड से घट का भेदन करता है, इसमें दण्ड के द्वारा भेदन करने वाला मारक या अन्तक है । इसलिये आचार्यों ने मनुष्यों के उपकार के लिये ज्योतिःशास्त्र बनाया और उसमें दशा के अनुसार मृत्यु स्थान को प्राप्त हुवे सब ही ग्रह मारक हो जाते हैं । यह जन्म-कुण्डली में पृथक्-पृथक् करके बतलाया जाता है । जैसे हाथ से छूटकर घड़ा फूट गया, यहां घड़े के फूटने में हाथ से छूटना ही कारण है । इस प्रकार विद्वानों को सर्वत्र समन्वय कर लेना चाहिये । जातक की कुण्डली में ग्रह अपने अंशों में सबल वा निर्बल, शुभग्रह से अथवा अशुभग्रह से दृष्ट, शुभग्रह से अथवा अशुभग्रह से युक्त, शुभग्रहदशान्तर्गत अथवा अशुभग्रहदशान्तर्गत, किसी भी अवस्था में वह, प्राणदशा के अन्त तक ज्योतिर्विदों के लिये अपना कारकत्वरूप प्रकट करता है । जैसे कि कोई आचमन करके मर गया, यह प्राण दशा है, कोई जल में डूबकर मर गया, यह महादशा है । कोई अपनी नित्य क्रिया करता हुवा अथवा नीरोग स्नान करता हुवा मर गया, वहां जल स्थानीय चन्द्रमा की अन्तर्दशा है । स्वस्थ किसी सत्पुरुष से भाषण करता हुवा, स्नान करता हुवा वा मर गया, वहां शुभग्रहयुत चन्द्र की अन्तर्दशा मृत्युकारक होती है ।

यदि किसी समय दुष्ट श्रवण, दर्शन, वचन, भोजन या दुष्ट पान करने से घबराकर स्नान करता हुवा मर गया, वहां अशुभ ग्रहयुत चन्द्रमा की अन्तर्दशा मृत्युकारक समझनी चाहिये । यदि तीर्थ में स्नान करता हुवा मरे तो वहां उत्तमस्थानस्थ चन्द्रमा मृत्युकारक होता है ! यदि कोई कुवा खोदता हुवा मर जाये तो वहां पाप स्थानस्थ चन्द्रमा पापस्थान

ग्रहेष्वप्येवं योजनीयमन्तस्य कारकत्वे। अत उपपन्नमेतद्विष्णुरेव स्ववेवेष्टित्वरूपं धर्मं प्रदर्शयन् विश्वस्यान्तकरत्वधर्मस्य व्याजाद् अन्तकत्वं मूलेन कारणेन समन्वेतुम् अन्तं=गतिं करोतीति, महार्थकान्तकशब्दवाच्यो भवति।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

सृष्ट्वा जगत्सोऽन्तक एव विष्णुः संस्थाप्य काले च यथाविधानम्।
जलातिपातेन विशोषणेन कृशानुयोगाच्च नयेत स्वगर्भे ॥३६॥

कृशानुः=अग्निः। स्वगर्भे=कारणभूते स्वरूपे। यथा पञ्चमहाभूतमयं शरीरं, पञ्चत्वं गतमुक्तं भवति अन्तकाले।

यथास्थितं यद्विभुना प्रणीतं तथा स्थितं जीवनमाहुरार्य्याः।
वियोगहेतुत्वमुपैति यस्यात् तत्कारकं तस्य विकारकत्वात् ॥३७॥
लोकं दृष्ट्वा फलं चिन्त्यम् फलनादुक्तं फलं ग्रहाः।
चौरः स्तेयफलेनैव चारैर्निगृह्य नीयते ॥३८॥

को प्राप्त करके मृत्युकारक होता है। यदि कोई पर्वत के शिखर मर जाये तो वहां राहु के उच्चकाल में और शनि की दशा में जलस्थ चन्द्रमा मृत्युकारक होता है। सौम्य ग्रह दृष्ट शुभग्रहयुत बुध से स्नान करता हुवा मरे तो वहां जल ही प्राणदशा रूप बनकर अपने मारकत्वरूप स्वरूप को प्रकट करता है। इस प्रकार से मैंने जो कुछ कहा है इसको विद्वान् पुरुष जितना बढ़ा सकते हों बढ़ायें। दूसरे ग्रहों की मृत्युकारकता में भी इसी प्रकार योजना करनी चाहिये। इसलिये यह युक्ति-युक्त है कि भगवान् विष्णु अपने व्यापकत्वरूप को प्रकट करता हुवा विश्व के अन्तकरणरूप धर्म के व्याज से अन्तक रूप मूल कारण से विश्व को मिलाने के लिये अन्त=गति करता है, यह महार्थ-सम्पन्न अन्तक शब्द का वाच्यार्थ है अर्थात् विष्णु का नाम अन्तक है।

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम अन्तक है, क्योंकि वह इस विश्व की रचना करके और अपने विधान के अनुसार इसकी रक्षा करता हुवा अन्त में अतिवृष्टि अनावृष्टि अथवा अग्नि आदि से इसका अन्त कर देता है अर्थात् अपने आप में रख लेता है।

सर्वेश्वर प्रभु ने जो वस्तु जैसी बनाई है, उस वस्तु का वह प्राकृत रूप का त्याग ही मृत्यु है। जो उस वस्तु के अपने स्वरूप से च्युति=पृथक् होने का कारण बनता है, वह ही विकार का करने वाला होने से कारक कहा जाता है, अर्थात् वस्तु को अपने स्वाभाविक रूप से जो पृथक् करता है, वह कारक होता है।

लोक में कार्यानुसार ही फल का विचार करना चाहिए, फल के साधक=दायक होने से ही ग्रहों का नाम भी फल अर्थात् फलग्रह हैं। चोरी के फलस्वरूप चोर को ही राज कर्मचारी पकड़ कर ले जाते हैं।

स भवेद् वेदविद् वक्ता दाता भोक्ता महान् कविः ।
किं स्यात् चौरेषु तादृगुण्यात् चौर्यात् चौर उदाहृतः ।।३६।।

ग्रहाणां तु फलं व्यक्तं लोके दृश्यं सनातनम् ।
मर्त्ये तत्कीदृशं कर्हि ज्ञानमेतन्महार्थकम् ।।४०।।

ये निन्दन्ति विमूढास्ते वेदवाचां बहिर्मुखाः ।
वेदो गायति सोद्घोषं चन्द्रमाः तिरते वयः ।।४१।।

प्र चन्द्रमास्तिरते दीर्घमायुः । ऋक् १०।८५।१६ ।।

अजः-५२१

अज इति—"अव—रक्षण—गति—कान्ति—प्रीति—तृप्ति—अवगम—प्रवेश—श्रवण—स्वाम्यर्थ—याचन—क्रियेच्छा—दीप्ति—अवाप्ति—आलिङ्गन—हिंसा—दान—भाग—वृद्धिषु" भौवादिको धातुस्तस्माद् **"अन्येष्वपि दृश्यते"** (पा० ३।२।१०१) सूत्रेण डः प्रत्ययः । अत्र सूत्रे "अपिशब्दः सर्वोपाधिव्यभिचारार्थस्तेन धात्वन्तरादपि भवति, कारकान्तरेऽपि डः प्रत्ययो भवति", काशिकावृत्तौ कारकस्यानभिमतत्वात् शब्दसिद्धिरेवाभिमता । डित्वाट्टिलोपः प्रत्ययाकारोऽवशिष्टः 'अ' इति, ब्रह्मनाम, तदुपपदे "जनी प्रादुर्भावे" दैवादिकाद् धातोः **"अन्येष्वपि दृश्यते"** (पा० ३।२।१०१) इति डप्रत्ययष्टिलोपश्च । एवञ्च आद् ब्राह्मणो जातः—अजः प्राकृतो विकारसमूहः । अजो महद् ब्राह्मणम् । तदुक्तम्—

बड़े से बड़ा विद्वान् वेद को जानने वाला व्याख्याता दाता भोक्ता तथा कवि भी चोरों की सङ्गति आदि से चोरों के गुणों से चोर कहा जाता है ।

ग्रहों का फल सदा लोक में स्पष्ट दीख रहा है, किन्तु मनुष्य पर उसका किस समय कैसा प्रभाव पड़ता है, यह ज्ञान महार्थक महत्त्वशाली है ।

जो ग्रहों के फलदानादि पर विश्वास न करते हुवे फलित ज्योतिष की निन्दा करते हैं, वे विमूढ और वेदवाणी से विमुख हैं । वेद मुक्तकण्ठ से घोषणा करता है कि चन्द्रमा 'वयं' अर्थात् दीर्घ आयु को पार करता है ।

अजः—५२१

'अव' धातु है भ्वादिगण की, इसके रक्षा करना, जाना, इच्छा करना इत्यादि अनेक अर्थ हैं । इस धातु से **"अन्येष्वपि दृश्यते"** (पा० ३।२।१०१) इस सूत्र में 'अपि' शब्द को सर्व-उपाधि के व्यभिचार के लिये मानकर अर्थात् प्रकरणनिर्दिष्ट धातु तथा कारक को आवश्यक न मानकर, केवल यथापेक्षित शब्द सिद्धि को लक्ष्य में रख 'ड' प्रत्यय करते हैं । डित् होने 'टि' का लोप होकर केवल प्रत्यय का अकारमात्र शेष रहा जाता है । 'अ' कृत् है, इसलिये इसकी प्रातिपदिक संज्ञा तथा सु विभक्ति आकर 'अः' यह ब्रह्म का नाम है । 'अ'

"सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात् स विद्याद् ब्राह्मणं महत्।"
अथर्व १०।८।३३॥

यद्वा—न जायत इत्यजो व्याख्यातचरो विष्णोर्नाम। यतो हि स न जायते स्वरूपान्न प्रच्यवते। तदुक्तम्—"अज एकपाद्देवः" (ऋ० ७।३५।१३) इति मन्त्रलिङ्गाद् व्यापनशीलो विष्णुर्ग्राह्यः।

तत्र प्राकृतसमूहस्याजत्वे मन्त्रलिङ्गम्—

"ततो विराडजायत विराजो अधि पूरुषः।
स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद् भूमिमथो पुरः॥
तस्माद् यज्ञात् सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम्।
पशूंस्तांश्चक्रे……॥
तस्माद् यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे……।
तस्मादश्वा अजायन्त……अजावयः॥" यजुः ३१।५, ६, ७॥
विश्वान्यर्यो भुवना जजान। ऋक् २।३५।२॥
अर्यः स्वामिवैश्ययोः (३।१।१०३) इति पाणिनिसूत्रम्।

भवति चात्रास्माकम्—

यदत्र विश्वे परितोऽस्ति दृश्यं नक्षत्रचन्द्रार्कधरासमेतम्।
विकारजातञ्च पृथक् स्थितं यत् तत् ख्याति नित्यं तमजं पुराणम्॥४२॥

से जो उत्पन्न होता है वह 'अज' है। 'अ' उपपद होने पर 'जनी प्रादुर्भावे' धातु से पूर्ववत् 'ड' प्रत्यय और 'टि' का लोप होकर प्रातिपदिक संज्ञा तथा सु प्रत्यय आने से 'अजः' बन जाता है। इस प्रकार 'अ' नाम ब्रह्म से उत्पन्न होने वाली प्रकृति तथा उसका विकार समूह "अज" कहलाता है। इसमें मन्त्रलिङ्ग है—सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात् स विद्याद् ब्राह्मणं महत्। अथर्व १०।८।३३॥ ब्राह्मण=ब्रह्म से उत्पन्न।

अथवा "न जायते" जो अपने वास्तविक सत्यरूप को त्यागकर विकार को प्राप्त नहीं होता, उसका नाम अज है। अज नाम भगवान् विष्णु का है। इसमें "अज एकपाद् देवः" (ऋ० ७।३५।१३) यह मन्त्र प्रमाण है। जहां प्राकृत विकार समूह का नाम अज है, उसमें "ततो विराडजायत" (यजुः ३१।५) इत्यादि प्रमाण हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

जो इस विश्व में नक्षत्र, चन्द्र तथा सूर्य और पृथिवी तथा इन से भिन्न और विकृतियां दीखने में आती हैं, वे सब पद-पद पर उस नित्य पुराण पुरुष अज को बतला रही हैं, क्योंकि जन्म लेने वाला साधारण जीव इनका निर्माण नहीं कर सकता।

महार्हः—५२२

"मह पूजायाम्" चौरादिको धातुस्तस्मात् **"घञर्थे कविधानम्"** इति ३।३।५८ सूत्रवार्तिकेन घञर्थे कः प्रत्ययः, महः पूजनम्। यद्वा—चौरादिकान्महयते-र्णिचि धातोः अतो लोपेऽकारस्य स्थानिवद्भावत्वान्नोपधावृद्धिः। महिर्णिजन्त-स्तस्माद् **"एरच्"** (पा० ३।३।५६) इति सूत्रेण भावेऽच् प्रत्ययो मह इति। तदुपपदे "अर्ह पूजायाम्" धातो **"अर्हः"** (पा० ३।२।१२) सूत्रेणाच् प्रत्ययः कर्म-ण्यणोऽपवादः। एवं च महं पूजामर्हति लब्धुं योग्यो भवतीति महार्हो विष्णुः। विविधा हि पूजा साधनभेदात्पूज्यभेदाच्च। तद्यथा—**"त्वं हि नः पिता वसो! त्वं माता शतक्रतो! बभूविथ। अथा ते सुम्नमीमहे।** ऋक् ८।९८।११॥ सुम्नं=स्वभ्यस्तं, 'म्ना अभ्यासे' धातुः। ईमहे=कुर्मः **"देहि मे ददामि ते"** (यजुः ३।५०) एतेन नियमेनाग्निं सम्बोध्य **"युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनम्"** (यजुः ४०।१६) पुनर्वयं किं करिष्यामः **"नमउक्तिं ते विधेम"** (यजुः ४०।१६) नमस्कारपूर्वकं वाचा त्वां स्तोष्याम इति। षोडशोपचारपूजा च प्रसिद्धैव। अवयवपूजा च—**"नमस्ते रुद्र! मन्यव उतो त इषवे नमः। बाहुभ्यामुत ते नमः।** यजुः १६।१॥ दिङ्मात्रमुदाहृतं बहु स्वयमूहनीयम्।

यथा—वनमालीत्यपि भगवन्नाम। तत्र वन्यते सम्भज्यते इति वनं सम्भ-जनं संविभाग इत्यर्थः। मा=शोभा, तां लाति=आदत्ते इति मालः, स्त्रियां माला। वनानां=वनभवानां पुष्पाणां माला अस्येति मत्वर्थीय इनिः (पा० ५।२।११६ सूत्रेण) वनमाली। वनशब्देनेह तात्स्थ्याद् वनभवानि पुष्पाणि गृह्यन्ते।

महार्हः—५२२

पूजा अर्थ वाली चुरादिगण की 'मह' धातु है, उससे घञ् के अर्थ में अर्थात् भाव अर्थ में 'क' प्रत्यय होने से 'मह' शब्द बनता है, तथा 'अर्ह पूजायाम्' धातु से मह पद के उपपद रहते हुवे कर्ता में 'अच्' प्रत्यय होकर महार्ह शब्द सिद्ध होता है। जिसका अर्थ 'जो पूजा के योग्य वा पूजने लायक है' यह होता है। पूजा साधन भेद से तथा पूज्य के भेद से बहुत प्रकार की होती है। जैसे कि—**"त्वं हि नः पिता वसो! त्वं माता शतक्रतो!"** (ऋक् ९।९८।११) इत्यादि मन्त्रों में प्रसिद्ध है। सुम्न नाम अच्छी प्रकार से अभ्यास का है। "म्ना अभ्यासे" धातु से बनता है। **"नमउक्तिं ते विधेम"** (यजुः ४०।१६) इत्यादि नमस्कार पूजा तथा **"नमस्ते रुद्र! मन्यवे उतोत बाहुभ्यामुत ते नमः"** (यजुः १६।१) इत्यादि से अवयव पूजा, जिसका दूसरा नाम अङ्ग पूजा है। इसी प्रकार षोडषोप-चार पूजा, पञ्चोपचार आदि पूजायें हैं। यह संक्षिप्त उदाहरण है, अन्य उदाहरणों की कल्पनायें अपने आप कर लेनी चाहियें। जैसे—वनमाली, यह भगवान् का नाम है, वहां वन नाम, सम्भजन=संविभाग का है, मा नाम शोभा को जो ग्रहण करे, उसका नाम वन-

अत्रैवं सन्धातव्यम्—प्रतिवृक्षं स्थितानि पुष्पाणि, विभक्त्या स्थिता वृक्षाश्च क्व प्रोता इति प्रश्ने, पुष्पाणि वृक्षाश्च तस्मिन् विष्णावेव प्रोता इत्युत्तरमिति। तथा—नक्षत्रैः कस्य शोभा, सूर्यादीनाञ्च कः परिक्रम्य इति प्रश्ने, स एव, तस्यैव चेत्युत्तरम्। एवञ्च स महार्हो। विष्णुरित्युक्तो भवति। लोकेऽपि, यथाकालमुपलभ्यमानैः साधनैः पूज्यं प्रति स्वसद्भावान् प्रकटयन्ति मनुजाः। पूज्यमानश्च स परं तुष्यति। लोके बहुमार्गा पूजा। सर्वा हि वाक् तमेवार्चति। तथा हि, यथा कस्यचित् कश्चित्सम्बन्धी मृतः, स तं चिन्तं-चिन्तं रोदिति बहु, अन्ये च तस्याश्वासयितारः 'हे प्रभो! तवेच्छा बलीयसी न केनाप्यतिक्रमितुं शक्येति, तमेव प्रभुं मुहुर्मुहुः स्तुवन्ति। एवं सर्वत्र ज्ञेयम्। लोके वेदे च स एव महार्हो न ततोऽन्यः। लोके च तस्यानुकरणमात्रम्। विष्णोर्नामसु 'अतिथि' रिति नाम, अतोऽतिथिमपि विष्णुं मत्वा सत्कुर्वन्ति।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्महार्हः स सुभावसिद्धिः कृतं धृतं तेन यतो ह सर्वम्।
स श्रोत आस्ते सकलेऽतिरम्ये तथा यथा पुष्पगणं हि सूत्रम् ॥४३॥

माली है, वन नाम वन में होने वाले पुष्पों का है। यहां यह समझना चाहिये, प्रत्येक वृक्ष में पृथक्-पृथक् रहने वाले पुष्प, तथा वन में पृथक्-पृथक् स्थित वृक्ष, ये सब किसके आश्रित हैं, ऐसा प्रश्न होने पर, ये सब उस विष्णु में ही स्थित हैं, यह उत्तर है।

उसी प्रकार यदि पूछा जाये कि नक्षत्र आदिकों से किस की शोभा है? सूर्यादि ग्रह किसकी परिक्रमा करते हैं? तब भी यह ही उत्तर होगा, उसी की शोभा तथा उसी की परिक्रमा करते हैं। इस प्रकार से महार्ह नाम विष्णु का है। लोक में भी पूज्य के प्रति समय पर प्राप्त साधन-द्रव्यों से अपने सत्य तथा श्रद्धायुक्त भावों को प्रकट करते हैं, अर्थात् समय पर प्राप्त वस्तुओं को श्रद्धा भाव से अपने पूज्य के प्रति अर्पित करते हैं और जिसकी पूजा की जाती है, वह अत्यन्त सन्तुष्ट होता है। लोक में पूजा के बहुत से मार्ग हैं। सकल शब्द रूप वाणी, उसी प्रभु की स्तुति करती है। जैसे—किसी का कोई सम्बन्धी मर जाये, तब वह उसको याद=स्मरण करके बार-बार रोता है, दूसरे उसको धैर्य दिलाते हैं, और कहते हैं—हे प्रभु! तेरी इच्छा का निवारण कोई नहीं कर सकता, तू जो चाहता है, कर ही देता है। इस प्रकार बार-बार उस प्रभु की स्तुति करते हैं। वस्तुत लोक और वेद में महार्ह नाम उस विष्णु में ही सङ्गतार्थ होता है। लोक में केवल उसका अनुकरण करते हैं। विष्णु का नाम 'अतिथि' भी है। इसलिये अतिथि का भी विष्णु मानकर सत्कार करते हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम स्वभाव सिद्धि महार्ह है, क्योंकि उसी ने सकल विश्व को बनाया तथा धारण किया है और वह पुष्पों में सूत्र के समान इस विश्व में व्यापक है।

अथवा—

एवं हि यो वेत्ति महार्हमेकं विष्णुं स ना[1] कर्मशतानि कुर्वन् ।
तमर्चयन् कर्मशतैरलिप्तो मालेव सूत्रं [2]गलमेति तस्य ॥४४॥

१. ना=पुरुषः । २. गलम्=कण्ठम् ।

स वीतशोको व्यपयातचिन्तस्तस्मिन् स्थितः तेन भवेत् स पोष्यः ।
महार्हभावेन रजस्तमोभ्यां विमुच्यते कर्मशतानि कुर्वन् ॥४५॥

स्वाभाव्यः—५२३

स्वाभाव्य इति—स्वशब्दो व्याख्यातः "स्वृ शब्दोपतापयोः" इति धातोर्ड-प्रत्यये ।

आभाव्यः—आङ्पूर्वकाद् भूधातोः "ओरावश्यके" (पा० ३।१।१२५) सूत्रेणावश्यके ण्यत्प्रत्ययः "अचो ञ्णिति" (पा० ७।२।११५) वृद्धिः "वान्तो यि प्रत्यये" (पा० ६।१।७९) सूत्रेणावादेशः । स्वपदेन सवर्णदीर्घे स्वाभाव्यम्, तद-स्यास्तीति स्वाभाव्यः । एवञ्च स्वेन=आत्मना, आ=सर्वतोऽवश्यं—भाव्यं भवनमस्यास्तीत्यर्थः फलति । स्वभावसिद्धः सर्वतः सत्तावानित्यर्थः । न कश्चित् तस्य भवनहेतुर्भावयिता । इत्थं स एव सर्वं स्वसत्तया व्याप्य स्थितः स्वाभाव्य उच्यते भगवान् विष्णुः ।

इस प्रकार जो पुरुष इसको महार्ह रूप से जानता है, तथा कर्मों को करता हुवा प्रभु की पूजा करता है वह निर्लेप रहता है । भगवान् विष्णु माला के समान उसके कण्ठ में विराजते हैं । वह विशोक तथा निश्चिन्त होता है, वह कर्म करता हुवा भी रज और तम से विमुक्त होता है, उसकी स्थिति भगवान् में होती है । भगवान् उसका पोषण करता है ।

स्वाभाव्यः—५२३

स्व शब्द "स्वृ शब्दोपतापयोः" धातु से उणादि 'ड' प्रत्यय होकर बनता है । आङ् पूर्वक 'भू' धातु से आवश्यक अर्थ में ण्यत् प्रत्यय, वृद्धि, आवादेश तथा स्व के साथ सवर्ण दीर्घ होने से स्वाभाव्य शब्द बनता है । स्वाभाव्य शब्द से मत्वर्थीय अच् प्रत्यय होता है । इस प्रकार से अपने द्वारा सब ओर से जिसका होना है, अर्थात् जिसकी स्वाभाव सिद्ध सर्वत्र सत्ता है, यह अर्थ होता है । उसकी भवन क्रिया में कोई दूसरा कारण नहीं होता, अर्थात् उसका होना किसी और के आधीन नहीं । इस प्रकार से वह अपनी सत्ता से सब को व्याप्त करके स्थित हुवा, स्वाभाव्य नाम से कहा जाता है भगवान् विष्णु ।

भवति चात्रास्माकम्—

स्वाभाव्यनाम्ना कथितोऽत्र विष्णुः स्वयं समन्तात्परितोऽभ्युपैति ।
अवश्यरूपेण[1] मनुं न वाञ्छेद् द्रष्टा स सर्वस्य चराचरस्य ॥४६॥

१. मनुं=मन्तारम् ।

लोकेऽपि पश्यामः—राजाज्ञा स्वयमावश्यकत्वेन सत्तामती सती, प्रजयोपेक्ष्यतेऽपेक्ष्यते वा, न च सा कञ्चिन्मन्तारमवमन्तारं वाऽपेक्षत इति ।

जितामित्रः—५२४

जितामित्र इति—"अम गत्यादिषु" भौवादिको धातुस्तस्मात् "**अमेर्द्विषति चित्**" (४।१७४) इत्यौणादिकः 'इत्रः' प्रत्ययः, स च चित्, चित्त्वादन्तोदात्तः, अमित्रो द्वेष्टा ।

जितः—"जि जये" धातोः कर्मणि क्तो गुणाभावः । जिता अमित्रा येन स जितामित्रः, विशेष्यवल्लिङ्गम्—जितामित्रं ब्रह्म, जितामित्रा देवी, जितामित्रो विष्णुरिति यथा । बहुव्रीहावन्यपदार्थप्रधानत्वात् ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—"**द्युमाँ अमित्रदम्भनः ।**" ऋक् ४।१५।४ ॥

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

स्वाभाव्य नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह सब ओर से सर्वत्र अपनी सत्ता से व्याप्त है, तथा वह किसी अपने मनन करने वाले की स्वयं इच्छा नहीं करता, अथवा मुझे कोई माने इस प्रकार की इच्छा नहीं करता, और वह सकल चर तथा जड़ का देखने वाला है ।

लोक में भी जैसे राजा की आज्ञा, स्वयं आवश्यक सत्तावाली है, प्रजा उसकी उपेक्षा करे या अपेक्षा, किन्तु राजाज्ञा किसी मानने वाले मन्ता या न मानने वाले अवमन्ता की अपेक्षा नहीं करती है ।

जितामित्रः—५२४

गत्याद्यर्थक भ्वादिगण की 'अम' धातु से द्वेष करने अर्थ में औणादिक इत्र प्रत्यय होकर 'अमित्र' शब्द बनता है । अमित्र शब्द का अर्थ है, द्वेष करने वाला ।

'जि जये' धातु से कर्म में निष्ठा संज्ञक क्त प्रत्यय होने से जित शब्द सिद्ध होता है, और जित और अमित्र शब्द का बहुव्रीहि समास होकर जितामित्र शब्द बनता है । इसका अर्थ 'जीतलिये हैं अमित्र=शत्रु जिसने' यह होता है । जितामित्र यह विशेषण शब्द है, इसके लिङ्ग वचन विशेष्य के समान होते हैं, जैसे—जितामित्रं ब्रह्म, जितामित्रा देवी इत्यादि । जितामित्र नाम विष्णु का है, इसमें "**द्युमाँ अमित्रदम्भनः**" ऋक् ४।१५।४ तथा "**अमित्र-**

अमित्रसेनां मघवन्नस्माञ्छत्रूयतीमभि ।
युवं तानिन्द्र वृत्रहन्नग्निश्च दहतं प्रति । अथर्व ३।१।३ ॥
अमित्रसेनामभि भञ्जमानो द्युमद् वद दुन्दुभे सूनृतावत् ।
अथर्व ५।२०।६ ॥

त्वं तमन्द्रि मर्त्यममित्रयन्तमद्रिवः ।
सर्वरथा शतक्रतो नि याहि शवसस्पते । ऋक् ५।३५।५ ॥

"शवो बलम्" इति भावप्रधानम् । इति निदर्शनमात्रमुक्तम् ।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

लोके जितामित्रपदेन विष्णुः शवांसि तस्मिन् निचितानि यस्मात् ।
अमित्रसेनामभिभञ्जमानो मित्रस्य सव्ये च विराजतेऽतः ॥४७॥

जयः स विष्णुः स युवा महान् सः महाबलो विक्रमणः स एव ।
स एव जेता स हि सत्यधर्मा तदाश्रितानां स भवेच्च सव्यः ॥४८॥

यशांसि सर्वाणि स एव भुङ्क्ते श्रवांसि सत्यानि शृणोति वा सः ।
नरस्तु मोहावृतबुद्धिदोषात् न्यक्कृत्य तं स्वं जयमातनोति ॥४६॥

सव्ये स्थितं योद्धृतमं वरेण्यं पश्यन् प्रहर्ता जयते ह्यमित्रान् ।
न यत्र सत्यं न च यत्र धर्मः पराजिता तत्र भवेच्च सेना ॥५०॥

सेनां मघवन्" अथर्व (३।१।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं। इनमें **"त्वं तमिन्द्र मर्त्यममित्रयन्तमद्रिवः"** (ऋक् ५।३५।५) इत्यादि मन्त्र भाव प्रधान है। शव नाम बल का है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

जितामित्र नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि उसमें सब प्रकार के अनेक बलों का संचय है, अर्थात् सब ही बल उसमें विद्यमान हैं, तथा वह शत्रुसेना का खण्डन करता हुवा मित्रों के, अर्थात् स्व-सेवकों के सदा अनुकूल रहता है। वह सर्वेश्वर विष्णु ही जय, युवा=यौवन धर्म विशिष्ट, महत्त्वधर्मा, महाबल, विक्रमण=विक्रान्ति-धर्मा, जेता=जयशील, तथा सत्यधर्मा है, जो प्राणी उसकी शरण ले लेता है, उसके वह सदा अनुकूल रहता है। वह ही सब यश, शब्द तथा सत्यों को सुनता और भोगता है, किन्तु मोह से आवृत बुद्धि के दोष से मनुष्य भगवान् का अपमान करके अपनी जय मानता है।

जो मनुष्य योद्धाओं में श्रेष्ठ योद्धा भगवान् को अपने अनुकूल बनाकर युद्ध करता है, वह सब शत्रुओं को आसानी से जीत लेता है। जो योधा सत्य तथा धर्म का त्याग कर देता है, उसकी पराजय=हार निश्चित है।

प्रमोदनः—५२५

प्रमोदन इति—प्रोपसर्गपूर्वको "मुद हर्षे" भौवादिको धातुस्तस्माण्णिच्, तदन्ताच्च ल्युः—णिलोपः प्रमोदनः। प्रमोदयति स्वस्वयोनिस्थितान् जीवान् हर्षयतीति प्रमोदनः। स्वयोनौ सर्वः प्रमोदते न कश्चिज्जिहासति, स्वकर्मप्राप्तां योनिमिति प्रमोदनो विष्णुरुच्यते। प्रमोदनाख्यश्च तस्य गुणः सर्वत्र व्याप्तः। सर्वत्र व्याप्तं भगवन्तं पश्यते उदितसत्त्वाय पुरुषाय स्वरूपं प्रकाश्य तं प्रकृष्टं मोदयतीति प्रमोदनः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स पर्यगाच्छुक्रमकायम णमस्नाविरꣳ शुद्धमपापविद्धम्।

यजुः ४०।८ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

प्रमोदनो विष्णुरशेषयोनिः प्रमोदयन् वासयते सनात् सः।
प्रमोदनोऽतः श्रुतिवाक् वरेण्यं तं वक्ति शुद्धं ह्यजरामरञ्च ॥५१॥

आनन्दः—५२६

आनन्द इति—आङ्पूर्वः "टुनदि समृद्धौ" धातुर्भौवादिकः इदित्वान्नुमागमः, तस्माद् भावे घञ्, घञन्ताच्च "अर्शआदिभ्योऽच्" इति (पा० ५।२।१२७)

प्रमोदनः—५२५

प्र पूर्वक 'मुद् हर्षे' भ्वादिगण की धातु से प्रेरणा में णिच् तथा णिजन्त से "नन्द्यादि ल्यु प्रत्यय" (पा० ३।१।१३४) और यु को अन आदेश करने से प्रमोदन शब्द सिद्ध होता है। इसका अर्थ 'जो अपनी-अपनी योनि में स्थित जीवों को प्रमुदित आनन्दित करता है' क्योंकि ऐसा देखने में भी आता है कि प्रत्येक जीव अपनी-अपनी योनि में सदा सन्तुष्ट तथा प्रसन्न रहता है, वह कर्मवश से प्राप्त योनि को कभी छोड़ना नहीं चाहता। भगवान् विष्णु का प्रमोदनरूप गुण सर्वत्र व्याप्त है। जो सात्त्विक पुरुष भगवान् प्रमोदन को सर्वत्र व्यापकरूप से देखता है, उसको भगवान् अपना स्वरूप दिखाकर प्रमुदित करते हैं, इसमें "स पर्यगाच्छुक्रमकायम्" (यजु० ३।१।१३४) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

सकल विश्व का उत्पत्ति स्थान, आदि कारण भगवान् विष्णु का नाम प्रमोदन है, क्योंकि वह सब को सदा प्रसन्न करके रखता है, इसलिये सब के प्रार्थनीय भगवान् विष्णु की वेदवाणी शुद्ध अजर तथा अमर नाम से स्तुति करती है।

आनन्दः—५२६

आनन्द शब्द आङ्पूर्वक 'टुनदि समृद्धौ' भ्वादिगण की धातु से भाव में घञ् और घञन्त से मत्वर्थीय अच् प्रत्यय करने से आनन्द शब्द सिद्ध होता है। इसका अर्थ जो आनन्द वाला वा आनन्दस्वरूप है।

इति सूत्रेण मत्वर्थीयोऽच् । तत्परे च **"यस्येति च"** (पा० ६।४।१४८) सूत्रेणाकार-लोपः । आनन्दमस्यास्तीति आनन्दः, आनन्दस्वरूपः । यद्वा—आसमन्तान्नन्दनं =समर्द्धनं=संवर्धनं परिपूर्णत्वमित्यर्थः । लोकेऽपि च दृश्यते—विश्वेऽस्मिन् लब्धसाधनः सर्व एव शरीरी शरीरसम्बन्धिनीं न्यूनतां नानुभवति, अन्यत्र विकारात्, तस्मात्स आनन्दो विष्णुः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

पश्यदक्षण्वान्न वि चेतदन्धः । अथर्व ९।९।१५ ॥

मित्र ईक्षण आवृत्त आनन्दः । अथर्व ९।७।२३ ॥

विश्वरूपगोरूपवर्णने सूक्तमेतत् तत्रैव **"आवृत्त आनन्द"** इति विश्वरूपेण =सर्वरूपेण समृद्धत्वात् स आनन्दः समृद्धौ सत्यां सर्वोऽपि समृद्ध्यपरपर्यायमानन्दमनुभवति ।

स विश्वरूपेण समर्धमानः स सर्वरूपेण समर्धमानः ।

आवृत्त आनन्दपदेन योऽसावानन्द एको बहुधा प्रकाश्यः ॥५२॥

नन्दनः—५२७

नन्दन इति—'टुनदि समृद्धौ' धातोरिदित्वान्नुमागमः, णिच् ततो ल्युः (पा० ३।३।१३४) योरनादेशो णेर्लोपः, नन्दनः । नन्दयति समर्धयति संवर्धयति वा नन्दनो विष्णुः ।

अथवा जिसका सब ओर से संवर्धन समृद्धि वा परिपूर्णता है, अर्थात् जो सब ओर से परिपूर्ण है । लोक में देखा जाता है, जिसके पास सब प्रकार के जीवनोपयोगी साधन होते हैं, वह किसी प्रकार के विकार विना अपनी कभी न्यूनता का अनुभव नहीं करता, अर्थात् वह अपने आपको परिपूर्ण मानता है ।

इसमें **"मित्र ईक्षण आवृत्त आनन्द"** (अथर्व ९।७।२३) इत्यादि वेद वाक्य प्रमाण हैं । यह अथर्ववेद का सूक्त विश्वरूप गोरूप का वर्णन करता है । जो विश्वरूप से= सब प्रकार से समृद्ध है, वह आनन्द है, क्योंकि समृद्धि होने पर सब ही आनन्द का अनुभव करते हैं ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम आनन्द है, क्योंकि वह सर्वरूप से सब प्रकार से समृद्ध है और समृद्धि में ही आनन्द है, वह ही भगवान् आनन्दरूप विभक्त होकर बहुत प्रकार से प्रकाशमान है ।

नन्दनः—५२७

नन्दन शब्द 'टुनदि समृद्धौ' धातु से णिच् तथा णिजन्त से नन्द्यादि ल्यु प्रत्यय (पा० ३।१।१३४) और यु को अन आदेश करने से सिद्ध होता है । इसका अर्थ जो संवर्धन

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"नाभिर्मे चित्तं विज्ञानं वायुर्मेऽपचितिर्भसत्
ग्रानन्दनन्दावाण्डौ मे भगः सौभाग्यं पसः ।
जङ्घाभ्यां पद्भ्यां धर्मोऽस्मि विशि राजा प्रतिष्ठितः ।" यजुः २०।६ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स नन्दनो विष्णुरमित्रशत्रुश्चराचरं नन्दयतेऽतिरम्यैः ।
नक्षत्रचन्द्रार्कधराविकारैः समृध्यमानं भुवनं चकार ॥५३॥

नक्षत्राणां विकारो रूपम्—नक्षत्राणि बहून्यतो रूपाण्यपि बहूनि। चन्द्रो ग्रहस्तस्य विकारा ग्रापः, ग्राप्याश्च तदुपजीवि च मनः। सूर्यो ग्रहः स शरीरे ग्रात्मा, तस्य विकारोऽग्निराग्नेयाश्च तदुपजीविनः। धरा ग्रहस्तस्य विकारः शरीरं पार्थिवाश्च भावाः। एवं सर्वत्र योजनीयं सुधीभिः।

नन्दः—५२८

नन्द इति—'टुनदि समृद्धौ' धातोरधिकरणे घञ्। नन्दन्ति समर्धन्तेऽस्मिन् विश्वरूपे पुरुष इति नन्दो विष्णुः। लोकेऽपि दृश्यते, ग्रल्पारम्भो भूर्यारम्भे सति समृद्धा भवति। एवं तच्छाययैव नन्दति समृद्धं भवति विश्वमतः स नन्दः।

करे बढ़ाये, यह है। इसमें **"नाभिर्मे चित्तं विज्ञानं......ग्रानन्दनन्दावाण्डौ मे भगः सौभाग्यं पसः** इत्यादि यजुर्वेद (२०।६) मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम नन्दन है, क्योंकि वह बहुत सुन्दर-सुन्दर नक्षत्र चन्द्र सूर्य तथा पृथिवी के विकारभूत पदार्थों से इस जड़-चेतन विश्व को सुखी करता है, ग्रर्थात् समृद्ध बनाता है, यह विश्व सर्वदा समृद्धि को प्राप्त होता रहता है।

नक्षत्रों का विकार रूप है, नक्षत्र ग्रनेक हैं, इसलिये रूप भी ग्रनेक हैं। चन्द्र ग्रह विकार जल, जलीय वस्तु तथा मन हैं। सूर्य ग्रह के विकार ग्रग्नि तथा तेजःप्रधान वस्तुयें सुवर्ण ग्रादि। शरीर में सूर्य ही ग्रात्मा है। धरा (पृथिवी) ग्रह के विकार शरीर तथा पार्थिव वस्तुयें। इस प्रकार से विद्वान् पुरुष सर्वत्र योजना कर सकते हैं।

नन्दः—५२८

नन्द शब्द "टुनदि समृद्धौ" धातु से ग्रधिकरण ग्रर्थ में घञ् प्रत्यय करने से बनता है, इसका ग्रर्थ जिस पूर्ण पुरुष में सकल जीव समृद्धि को प्राप्त होते हैं, यह हैं।

लोक में ऐसा देखा जाता है, कोई भी छोटा ग्रारम्भ=शुरुग्रात, बड़ा ग्रारम्भ होने पर ग्रर्थात् बढ़ने पर समृद्ध होता है। इसी प्रकार चित्पुरुष की छाया=ग्राभास="झलक"

मन्त्रलिङ्गञ्च—"**आनन्दनन्दावाण्डौ**" यजु २०।९ ॥

भवन्ति चात्रास्माकम्—

नन्दः स विष्णुः प्रपदं ह सर्वं स्वस्मिन् स्थितं नन्दयति स्ववीर्यैः ।
तथा यथात्मा निजवीर्यसिद्धो देहं सखायं कुरुते समृद्धम् ॥५४॥

समानख्यानं समनस्कं देहमिति भावः ।

सत्यधर्मा--५२९

सत्यधर्मेति—अस्तेः शतरि सत्, तस्माद् यति सत्यशब्दः प्राग् व्युत्पादितः। धरतेर्मनिनि धर्मः । सत्यो धर्मो यस्येति सत्यधर्मा "**धर्मादनिच् केवलात्**" (पा० ५।४।१२४) सूत्रेण समासान्तोऽनिच् प्रत्ययः ततश्च, "**यस्येति च**" (पा० ६।४।१४८) इति सूत्रेणाकारलोपः समासत्वात्प्रातिपदिकत्वम्, सौ दीर्घः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

त्रिपञ्चाशः क्रीडति व्रात एषां देव इव सविता सत्यधर्मा ।
उग्रस्य चिन्मन्यवे ना नमन्ते राजा चिदेभ्यो नम इत् कृणोति ।

ऋक् १०।३४।९ ॥

से यह विश्व समृद्ध होता है । इसलिये उस चित्पुरुष का नाम नन्द है । यह "**आनन्द-नन्दावाण्डौ**" यजुर्वेद (२०।९) वाक्य इसमें प्रमाण है ।

भगवान् विष्णु का नाम नन्द है, क्योंकि वह अपने में स्थित सकल विश्व को अपनी शक्ति से आनन्दित=समृद्ध करता है । जैसे स्वभावसिद्ध शक्ति से जीवात्मा अपने सखा=मित्र भूत शरीर को समृद्ध करता है ।

सखा का अर्थ है, समानख्याति वाला अथवा मन सहित देह ।

सत्यधर्मा—५२९

'अस भुवि' धातु से शतृ प्रत्यय होकर सत् शब्द सिद्ध होता है, तथा सत् शब्द से साधु अर्थ में ताद्धित यत् प्रत्यय होकर सत्य शब्द बनता है । 'धृञ् धारणे' धातु से मनिन् उणादि प्रत्यय करने से धर्म शब्द बनता है । सत्य और धर्म शब्द का बहुव्रीहि समास होने से समासान्त 'अनिच्' प्रत्यय हो जाता है । इस प्रकार से सत्यधर्मा शब्द बनता है । इसका अर्थ, सत्य अव्यभिचरित है धर्म=धारणाशक्ति=नियम=वा व्यवस्था जिसकी, यह होता है । इसमें "**त्रिपञ्चाशः......देव इव सविता सत्यधर्मा**" (ऋक् १०।३४।९) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

भवति चात्रास्माकम्—

स सत्यधर्मा प्रभुरद्वितीयः सत्येन वृत्तेन करोति विश्वम्।
तथैव [1]दाधर्ति धरिष्यते वा स सत्यधर्मा न जहाति लिङ्गम् ॥५५॥

यस्य यल्लिङ्गं पृथक्त्वविज्ञापकं चिह्नं, तथाविधमेव सर्गारम्भाद्यक्षणाद्य यावत् कुरुते करिष्यति चाग्रे। न जहाति लिङ्गमिति श्लोकोक्तं वाक्यम्। लोकेऽपि दृश्यते केनचिद् भेदेन वस्तुनो भेदः। तद्भेदाच्च तन्नामभेदः। नामभेदात् मूल्यभेदो मानुष्यके कर्मणि दृश्यते। परन्तु न तथा भगवत्कृते कर्मणि। सत्यासत्ये हि धर्मो मनुष्यस्य विष्णुस्तु केवलं सत्यधर्मकः। **"सत्यं ब्रह्म"** (शत० १४।८।५।१॥ **"सत्यमेव देवाः, अनृतं मनुष्याः।** शत० १।१।१।४॥ **सत्यसंहिता वै देवाः। अनृतसंहिता मनुष्याः।** ऐ० ब्रा० १।६॥ इत्युक्तेः।

१. दाधर्तीति वैदिकपदानुकरणम्, यद्वा छन्दोवत् कवयः कुर्वन्तीति न्यायेन छान्दसप्रयोगोऽपि क्वचिल्लोके प्रयुज्यत एवेति नापशब्दत्वभागयम्।

त्रिविक्रमणः—५३०

त्रिविक्रम इति "तॄ प्लवनसन्तरणयोः" इति भौवादिको धातुस्ततः **"तरतेर्ड्रिः"** इति ड्रिप्रत्यय औणादिकः, डित्त्वात् टेर्लोपः, **"नेड्वशि कृति"** (पा० ७।२।८) सूत्रेणेट्प्रतिषेधः, त्रिः।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

उस अद्वितीय प्रभु का नाम सत्यधर्मा है क्योंकि वह सत्य नियम=व्यवस्था से विश्व को बनाता है, तथा धारण करता है, और करेगा, यह वस्तुओं के पृथक्त्व को जताने वाले लिङ्ग=चिह्न=लक्षण विशेष को नहीं छोड़ता। भगवान् ने सर्ग के आरम्भ से जो वस्तु जिस चिह्न युक्त बनाई, उस वस्तु का वह चिह्न सर्ग के अन्त तक उसी प्रकार रहता है। लोक में भी ऐसा देखने में आता है, प्रत्येक वस्तु का किसी प्रकार के भेद से भेद रहता है, उसी भेद से वस्तु का भेद होता है, वस्तु के भेद से नाम का भेद होता है, नाम के भेद से मूल्य=कीमत का भेद होता है। यह मनुष्य कृति कर्म देखा जाता है। किन्तु भगवान् के कर्म में ऐसा नहीं होता, क्योंकि मनुष्य का कर्म सत्य और असत्य से मिश्रित होता है। किन्तु भगवान् का कर्म सत्य ही होता है। जैसा कि **"सत्यमेव देवा अनृतं मनुष्याः।"** (शत० १।१।१।४) आदि कहा है।

त्रिविक्रमः—५३०

त्रिशब्द भ्वादिगणपठित प्लवन तथा सन्तरणार्थक 'तॄ' धातु से उणादि ड्रि प्रत्यय तथा 'टि' का लोप करने से सिद्ध होता है।

विक्रमः—व्युपसर्गपूर्वकः "क्रमु पादविक्षेपे" भौवादिको धातुस्ततो भावे घञ्, घञि च "नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्यानाचमेः" (पा० ७।३।३४) इति वृद्धि-निषेधे विक्रम इति।

त्रीणि विक्रमणानि यस्य स त्रिविक्रमः। मन्त्रलिङ्गम्—

"प्र तद्विष्णुः स्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः।
यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा।"
ऋक् १।१५४।२॥

तन्महिमा च—

"यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रꣳ रसया सहाहुः।
यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम।"
यजुः २५।१२॥

अस्मत्पद्यम्--

त्रिविक्रमो विष्णुरिमान् समस्तान् विरच्य लोकान् कुरुते चतुर्धा।
चतुष्प्रकारान् कुरुते त्रिधा स त्रिविक्रमोऽतः स परः पुराणः॥

तद्यथा—

मासा द्वादश—	ब्राह्मणः	क्षत्रियः	वैश्यः	शूद्रः
	१	२	३	४
	५	६	७	८
	९	१०	११	१२

त्रयो ब्राह्मणाः, त्रयः क्षत्रियाः, त्रयो वैश्याः, त्रयः शूद्राः।

विक्रम शब्द विपूर्वक 'क्रमु पादविक्षेपे' इस भ्वादिगण पठित धातु से भाव में घञ् प्रत्यय तथा—"**नोदात्तोपदेश**" (पा० ७।३।३४) इत्यादि सूत्र से वृद्धि का निषेध होने से बनता है। जिसका अर्थ 'तीन प्रकार का है पादों का विभाग वा पाद विन्यास=रचना जिसकी।' भगवान् के तीन पादों के विभागों में ही समस्त विश्व की कल्पना की गई है और उसका चतुर्थ पाद विश्वातीत है। इसी अर्थ को "**प्रतद्विष्णुः स्तवते** (ऋ० १।१५४।२) **यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षयन्ति भुवनानि विश्वा**" (यजुः २५।१२) इत्यादि मन्त्र प्रमाणित करते हैं।

भाष्यकार के पद्य का भावार्थ इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु का नाम त्रिविक्रम इसलिये है कि वह चतुर्भेद युक्त विश्व की रचना करके फिर इसे वह तीन प्रकार से विभक्त करता है। जैसे—मास बारह १२ हैं, उनमें तीन ब्राह्मण, तीन क्षत्रिय, तीन वैश्य तथा तीन शूद्र हैं।

तत्र गणना यथा—नवरूपायाः संख्यायाः संयोगेन समानवर्गीयस्य द्वितीयस्याङ्कस्योत्पत्तिर्जायते, नवाख्या संख्या च नवत्वं नातिक्रमते—इति च सम्यग् ज्ञेयम् ।

१+९=१० । १०+९=१९ इयमेकोनविंशतिर्द्वादशभिर्वितष्टा तत्र-लब्धा द्वादश भवन्ति वर्षेण समानाः ते गताब्दे लीयन्ते, शेषाश्च सप्त ७ अग्रिमवर्षस्य मासेन राशिना वा समानाः । यथा ७ सप्त शिष्टाः ७+९=१६, द्वादशापवर्तनेन ४ चत्वारोऽवशिष्टाः, ४+९=१३, द्वादशभिर्विभजनेनैकं १ शिष्टमिति समानवर्गता । तत्र वर्गाणां चतुर्धात्वमित्थम्—यथा—१—४—७—१० प्रथमो वर्गः । २—५—८—११—द्वितीयो वर्गः । ३—६—९—१२—तृतीयरूपो वर्गः । तत्र च द्वितीयो २—५—८—११—वर्गो नवात्मसंख्यापातेनैवं शिष्यते । यथा—२+९=११, ११+९=२०, २०—१२=८, ८+९=१७, १७—१२=५, ५+९=१४, १४—१२=२ एवं भवति—२—५—८—११ इति । एवं तृतीयो वर्गः—३+९=१२, १२+९=२१, २१—१२=९, ९+९=१८, १८—१२=६, ६+९=१५, १५—१२=३, इति ३—६—९—१२

इनकी गणना का प्रकार निम्नलिखित प्रकार से समझना चाहिये । जैसे—स्वतन्त्र संख्या नव ९ तक है, १, २. ३, ४, ५, ६, ७, ८. ९; फिर जो १० दश संख्या है, उसमें जो एक १ का अङ्क है, वह यह सूचित करता है कि यहां १ एक बार नवसंख्या की पूर्ति हो चुकी तथा शून्य (०) नव संख्या की निःशेषता का सूचक है । किसी भी अभिमत एक अङ्क में ९ को संयुक्त करने से जो अङ्क बनता है, वह अभीष्ट अङ्क का उत्पादित "उत्पन्न किया हुआ" अङ्क होता है, किन्तु नव ९ की संख्या, अपने नवत्व को नहीं छोड़ती—अर्थात् वह अपने स्वरूप में ज्यों की-त्यों बनी रहती है । जैसे—हमारा अभीष्ट अङ्क १ है, इसमें नव ९ का योग करने से दश १० बनते हैं । यह दश १० का अङ्क एक अङ्क ने उत्पन्न किया किया है, इस एक अङ्क को हम वैशाख म स भी कह सकते हैं, तथा इससे उत्पन्न होने वाले १० दश के अङ्क को माघ मास भी कह सकते हैं । इसी प्रकार १० के अङ्क में, नव ९ का संयोग करने से १९ अङ्क बना, यह १९ का अङ्क १२ के अङ्क से अधिक होने से १९ के अङ्क में से १२ अङ्क का अपवर्तन 'घटाने" से ७ शेष रहते हैं । यहां १२ वर्तमान वर्ष के समान हैं, शेष जो ७ सात हैं, वे अग्रिम वर्ष के मास अथवा उस राशि के ज्ञापक हैं । ७ सात से अधिक जो १०—११—१२—ये तीन मास थे, वे गताब्द "गये हुये वर्ष" में लीन हो जाते हैं । १० में पुनः नव ९ युक्त किये तो हुए ९+७=१६, बारह १२ के अपवर्तन "घटाने" से शेप रहे ४, इन ४ में पुनः ९ नव का योग करने से बने १३, इनमें से १२ घटाने पर रहा १, इस प्रकार एक वर्गता की उपलब्धि होती है, जैसे १—४—७—१० यह प्रथम वर्ग हुआ । इसी प्रकार—२—५—८—११—यह दूसरा चतुर्वर्ग हुआ ३—६—९—१२—यह तीसरा चतुर्वर्ग हुआ । पूर्ववत्—९ नव के अङ्क का योग तथा १२ अङ्क का अपवर्तन 'घटाना' करने से चतुर्वर्ग बन जाता है. जैसे—२+९=११—११

तत्र स्थितानां ग्रहाणामप्याभिरेव संख्याभिः ब्राह्मण क्षत्रिय—वैश्यशूद्रतोक्ता भवति। एवं संवत्सरोऽपि द्वादशमासात्मके चक्रे—१—५—९ संख्याभिर्ब्राह्मणः। २—६—१० संख्याभिः क्षत्रियः, ३—७—११ संख्याभिर्वैश्यः, ४—८—१२ संख्याभिः शूद्र इति। वैक्रमं संवत्सरमधिकृत्योच्यते—यथा—१९९९ संख्याकः संवत्सरो ब्राह्मण इति सुज्ञेयो भवति, नवात्मकसंख्याया ब्राह्मणत्वात्। १९७६क्षत्रियच्छायान्वितः क्षत्रियान्तर्हृदयो वा षड्रूपायाः संख्यायाः क्षत्रियवर्गे निपातात्। द्वादशराशियो नवग्रहाः कतिधा भवन्ति? अष्टोत्तरशतधा भिद्यन्ते—९×१२=१०८, नातिवर्तन्ते संख्यामिमाम्। तस्माद् य एतज्ज्ञो भवति, स लोकं वेद, सोऽधिगतयाथातथ्यो भवति। स एव कृत्याकृत्यविवेकी कृतकृत्यो भवति, स एव च परावरं जानाति।

एवञ्च योऽङ्को यमङ्कं जनयति, स तस्य पुत्रः तदधीनो वा, यस्माच्च

—११+९=२०, २० में से बारह १२ घटाने से शेष आठ ८, ८ में ९ का योग करने से १७ तथा १२ घटाने से शेष ५, पुनः ५ के अङ्क में ९ संयुक्त करने पर बने १४ तथा १२ घटाने से शेष रहे २, इस प्रकार २—५—८—११ एक दूसरा वर्ग उत्पन्न हो जाता है। यह ही क्रम तृतीय वर्ग का भी है, उपपत्ति जान लेनी चाहिए। जैसे—३+९=१२, १२ में ९ संयुक्त किये तो हुये २१ इसमें १२ घटाने से शेष रहे ९, इसमें ९ और मिलाने से हुये १८ इसमें १२ घटाने से शेष रहे ६, पुनः इसमें ९ का योग और १२ के घटाने से शेष रहे ३, इस प्रकार ३—६—९—१२ यह तृतीय वर्ग हुआ। अथवा ९ संख्या बारह १२ से कम होने से, १२ मिलाकर घटाना कोई जरूरी नहीं किन्तु, ये ९ वर्तमान वर्ष के ही मास माने जाते हैं। इन तीन वर्गों में, एक-एक ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, होने से यह ही निर्णय बन जाता है, जैसा कि प्रथम ही दिखाया जा चुका है। इन ही राशियों में स्थित ग्रहों की भी ब्राह्मणादि संज्ञा होती है। इसी प्रकार १—५—९—संख्यात्मक संवत्सर ब्राह्मण, २—६—१० संख्यात्मक क्षत्रिय, ३—७—११—संख्यात्मक वैश्य तथा ४—८—१२—संख्यात्मक शूद्र होता है। उदाहरण रूप में १९९९ विक्रम संवत् को लीजिये, यह ब्राह्मण संज्ञक है, क्योंकि नव ९ संख्या ब्राह्मण संज्ञक है।

इसी प्रकार १९७६ संवत् क्षत्रिय संज्ञक होता है, क्योंकि षट् ६ संख्या का क्षत्रिय वर्ग में निपातन है, अथवा यह संवत्सर, ४ का भाग देने पर शून्य (०) शेष रहता है, जो ४ का प्रत्यापक है, इसलिये क्षत्रिय होता हुआ भी शूद्रत्व से प्रभावित है।

द्वादश राशियों में घूमते हुये ग्रहों की १०८ अवस्थायें बनती हैं, जैसे—१२×९ =१०८ इति। इसलिये जो मनुष्य ग्रहों की इन १०८ वृत्तियों=अवस्थाओं को जानता है, वह ही वस्तुतः लोक को जानता है। वह ही यथार्थविद् होता है। वही ही कृत्य, अकृत्य तथा कृत, अकृत और पर, अवर को सत्यरूप से जानता है।

इस प्रकार जो अङ्क जिस अङ्क को उत्पन्न करता है, वह उत्पाद्यमान अङ्क उत्पादक

जायते स्वयं तत्तस्य मूलमिव माता पिता स्वामी वा। एवञ्चात्र ज्ञेयम्—१ एकस्य फलं १०, मूलं ६ नव।

अत्रास्मत्पद्यम्—

भानां भ्रमतां भेषु रूपमष्टोत्तरं शतम्।
वेद्मि वच्मि ततश्चार्थान् ततोऽस्म्यष्टोत्तरं शतम्॥

परम्परातोऽधिगतविद्यत्वात्।

अष्टोत्तरशतस्य समाहार—१+०+८=६ इति, यच्चोक्तं नव संख्या नवत्वं नातिक्रमते तत्र "१०" अत्र नवरूपा संख्या एकधापवृत्ता नवभिर्व्यपवर्तनेन शिष्टोऽङ्कः पूर्वं निपतति गणितकोविदानां समय एष स्मृत्युपपत्तये, यथा दशके। दशकस्य (१०) नवसंख्यया विभजनेन एकं १ शिष्यते तस्य च पूर्वं निपातः। एवञ्च '१०' इत्यत्र एकाङ्केनैकधा नव संख्या गता, शून्येन च तस्या निःशेषत्वञ्ज्ञाप्यते।

अपरञ्चात्रोदाहरणम्—यथा पञ्चत्रिंशदिति ३५ संख्या, तत्र नवात्मिका संख्या त्रिरपगतेति, त्रिसंख्याकेनाङ्केन सूच्यते—६×३=२७, अत्र सप्तविंशत्यां पञ्चत्रिंशदङ्कयोः ३+५=८ सम्मेलनेन पुनः सा मूलं स्वरूपमादत्ते संख्या ३५ पञ्चत्रिंशदिति। इति प्राचीनानां गणितस्य रमणीयता। अस्माभिश्च "भूतभव्यभवत्प्रभुः, आदित्यः, चतुर्भुजः" नाम व्याख्याने यथा व्याख्यापेक्षमुक्तं न तु

अङ्क का पुत्र, अथवा इसके आधीन होता है और उत्पादक अङ्क उसका पिता, माता वा स्वामी होता है। इस प्रकार १ अङ्क का पुत्र १० और एक १ अङ्क का मूल ६ अङ्क हुआ।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा संक्षेप से इस प्रकार व्यक्त करते हैं—

६ ग्रह द्वादश राशियों पर घूमते हुये १०८ रूपों को धारण करते हैं, इस १०८ की पूर्ण जानकारी से ही भाष्यकार नित्य सब प्रश्नों का समाधान करते हैं, क्योंकि यह ज्ञान इन्होंने, गुरु-मुख परम्परा से प्राप्त किया है, इसलिये ये १०८ के अङ्क से अलङ्कृत हैं। १०८ अङ्क का परस्पर योग ६ ही बनता है, जैसे—१+०+८=६। जो पहले लिख आये हैं कि नव संख्या अपने नवत्व को नहीं छोड़ती, उसी युक्ति का दूसरा उदाहरण—

जैसे—३५ इस संख्या में ६ नव अङ्क तीन बार इकाई स्थान से उठ चुका है, इसका दशक स्थान में स्थित ३ का अङ्क ज्ञापक है। इकाई स्थान में स्थित ५, नव ६ से न्यून होने के कारण ६×३=२७ में, उदाहृत ३५ में दृश्यमान ३ और ५=८ के योग से ३५ बन जाते हैं यह वेदविद् ऋषियों की बुद्धिमत्ता सिद्ध अङ्क-विन्यास युक्ति सरलता को लिये हुये है। इसी विज्ञान का हमने भूतभव्यभवत्प्रभु, आदित्य तथा चतुर्भुज नामों में विशद वर्णन किया है। यहां के और वहां के वर्णन में थोड़ा अन्तर है, ज्ञानी को वहां कहा हुआ भी पर्याप्त है। भूत, वर्तमान, भविष्यत् भेद से काल तीन हैं। सत्त्व, रजस्, तमस्

सविस्तरम्, तत्रावकाशाऽभावात् । यदत्रोक्तं न तत्र, यच्च तत्रोक्तं तन्नेह, परन्तु ज्ञानवते तदप्यलं मन्ये ।

कालास्त्रयः—भूतवर्तमानभविष्यद्रूपाः, गुणास्त्रयः—सत्त्वरजस्तमोरूपाः, वेदाश्चत्वारोऽपि ज्ञान-कर्म-उपासनात्मके त्रित्वे लीयन्ते । यद्वा ऋग्यजुःसामात्मकेषु त्रिविधेषु मन्त्रेष्वन्तर्भवन्ति । लोकास्त्रयः—भूर्भुवःस्वरिति । भूरिति भूलोको भुवरिति अन्तरिक्षं स्वरिति द्यौर्लोकः । य एवं सर्वं चराचरं रज्ज्वेव निबध्नाति स त्रिविक्रमः ।

लोकेऽपि दृश्यते—षडङ्गं शरीरम्, तत्र—गलाद् यावच्छिर एकमङ्गम्, बाहू द्वितीयमङ्गम्, मध्यं तृतीयमङ्गम्, जङ्घे द्वे चतुर्थमङ्गम्, द्वौ बाहू द्वे जङ्घे चेति चत्वारि भवन्ति संख्याने, तथापि आकृतेः समत्वात्, बाहुत्वेन जङ्घात्वेन च एकैकत्वेन गृह्यते । तत्र बाह्वोर्जङ्घयोश्च, यत्त्रिसन्धिमत्त्वं, तत्तस्य विष्णोरेव त्रिविक्रमत्वम् । एवं पृष्ठकशेरुकाणामपि त्रिविधत्वं कृतपरीक्षणमस्थिशेषेऽपि द्रष्टुं शक्यम् । कपालास्थिष्वप्येवं योजनीयम् । प्रतिबाहु प्रतिजङ्घञ्च त्रिंशदस्थीनि मासेन समानता सम्पादनाय । शरीरस्यात्मा सूर्यः, सारयति=गमयति स्थानात् स्थानान्तरं प्रापयतीत्यर्थात् । शरीरञ्च वर्षशब्देन समानार्थत्वमाप्नोति । रूपे भेदो नत्वर्थे । देहाभिपातिन आत्मरूपस्य सूर्यस्य शरीरं संवत्सरः, तत्र यावदायुः सम्यक्

रूप से गुण तीन हैं । वेद ४ होते हुये भी कर्म, उपासना तथा ज्ञान इन तीनों के प्रतिपादक होने से तीन ही हैं, अथवा चारों वेद ऋक् यजुः और साम संज्ञक त्रिविध मन्त्र समूह के अन्तर्लीन हो जाते हैं । भू लोक, अन्तरिक्ष लोक तथा द्यौ लोक रूप से लोक भी तीन हैं । इस प्रकार वह त्रिविक्रम नामा भगवान्, रज्जु के समान इस सकल विश्व को बांधे हुये है । हम लोक में भी देखते है—यह शरीर ६ छः विभागों में विभक्त है, जैसे कि—एक गल से ऊपर का शिरोभाग, दूसरा भाग बाहू २, तीसरा मध्यमाङ्ग तथा चतुर्थ भाग जङ्घा २ । ये प्रधान भाग ४ ही हैं, किन्तु भुजा और जङ्घाओं के दो-दो मानने से ६ छः बन जाते हैं । बाहुओं तथा जङ्घाओं में जो तीन-तीन सन्धियाँ हैं, वे भी भगवान् के सर्वत्र व्याप्त त्रिविक्रमत्त्व रूप गुण को व्यक्त करती हैं । इसी प्रकार पृष्ठ वंश के कशेरुकों में तीन प्रकार का विशेष निर्माण देखने में आता है अथवा प्रयत्न से देखा जा सकता है ।

कपाल स्थित अस्थियों में भी इसी प्रकार सङ्गति कर लेनी चाहिये । प्रत्येक बाहू तथा जङ्घा में ३०—३० अस्थियां हैं जो कि मास के आधार भूत ३० अंशों की समानता को व्यक्त करती हैं । शरीर का आत्मा सूर्य है क्योंकि आत्मा ही अपनी चेतन शक्ति से शरीर को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाता है । शरीर अर्थात् निवास स्थान के समान है । आकृति में भेद होते हुये भी अर्थ की वास्तविकता में भेद नहीं, देहाभिमानी सूर्य रूप आत्मा अपने आयुपर्यन्त इस शरीर में वास करता है । जिसमें वास किया जाता है उसे संवत्सर कहते हैं । इसका विशेष विवेचन (संवत्सर) नाम में किया गया है, वहां देख

वसतीत्यतः। संवत्सर इति नाम व्याख्याने विशदं व्याख्यातं तत्र द्रष्टव्यम्। एवं लोकं दृष्ट्वा विविधमूहनीयम्। लोको बुद्धिमतामाचार्यः, शत्रुश्चाबुद्धिमताम् इत्याह आत्रेयः पुनर्वसुश्चरके।

भवति चात्रास्माकम्—

त्रिविक्रमे सर्वमिदं त्रिसूत्रं यो वेद तं वेद स एव विश्वम्।
त्रिविक्रमः स्वस्य महिम्नि निष्ठस्तुर्यं पदं स्वात्मनि गुप्तमस्ति ॥५६॥

नव=न व्येति, न विकुरुते।

महर्षिःकपिलाचार्यः—५३१

महच्छब्दो व्याख्यात आत्वादिकञ्च।

ऋषि—'ऋषी गतौ' ईदित् तौदादिकः, ततः **'सर्वधातुभ्यः इन्'** (४।११८) इत्युणादिसूत्रेण इनोऽनुवृत्तौ **"इगुपधात् कित्"** (४।१२०) इति 'इन्' प्रत्ययः कित्त्वं च, कित्त्वाद् गुणाभावः, ऋषिः।

महांश्चासौ ऋषिरिति कर्मधारयतत्पुरुषे **"ऋत्यकः"** (पा० ६।१।१२८) इति प्रकृतिभावाभावपक्षे **"आद् गुणः"** (पा० ६।१।८७) इति गुणो रपरश्च, महर्षिरिति। **"ऋषिर्दर्शनात्"** (निरु० २।११) **ऋषयो मन्त्रद्रष्टार इति** च,

---

लेना चाहिये। इस प्रकार लोक को देखकर विविध प्रकार की ऊहायें करनी चाहियें। चरक में पुनर्वसु आत्रेय ने भी कहा है—

यह समस्त संसार बुद्धिमानों का आचार्य तथा मूर्खों का शत्रु के समान है।

भाष्यकार के श्लोक का संक्षिप्त भावार्थ—

त्रिविक्रम—संज्ञक भगवान् में यह समग्र त्रिसूत्र जगत् विराजमान है। जो त्रिविक्रम को जानता है, वह इस विश्व को जानता है। त्रिविक्रम नामा भगवान् अपनी महिमा में स्थित होता हुआ अपने चतुर्थ चरण=पाद को अविचाल्य रूप में रखे हुये हैं।

संख्यावाची नव शब्द का वाच्यार्थ जो कभी व्यभिचार को न प्राप्त होवे, किन्तु एक रूप बना रहे, ऐसा होता है।

महर्षिःकपिलाचार्यः—५३१

महत् शब्द की सिद्धि प्रथम की जा चुकी है।

ऋषि शब्द तुदादि गण की "ऋषी गतौ" धातु से उणादि 'इन्' प्रत्यय करने से बनता है। महत् शब्द के साथ ऋषि शब्द का कर्मधारय समास होकर महर्षि शब्द समस्त बन जाता है। ऋषि नाम देखने या जानने वाले का है, जैसे कि "ऋषिर्दर्शनात्" (निरु० २।११) तथा **"ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः"** ये यास्क जी के वचन हैं। भगवान् विष्णु प्राणियों

ऋषिशब्दार्थः। स हि भगवान् प्राणिस्थभावानां यथार्थतो द्रष्टा, अतएव साम्प्रतं विभक्तेन वेदचतुष्टयेन यथार्थं ज्ञानमग्निवायुरव्यङ्गिरोभ्योऽदात्, तैश्च तज्ज्ञानं ब्रह्मणे प्रत्तं, ब्रह्मा च तज्ज्ञानं प्रजाभ्य उपादिशत्। स यथाकालं शाखानुशाखं प्रवृद्धो वेदतरुर्व्यासेन पाराशर्येण व्यासीकृतोऽतः स एतद्व्यवसनकर्मणा व्यास इत्याख्यामलभत। तदुक्तम्—**वेदान् विव्यास यस्मात् स वेदव्यास इति स्मृतः** (महाभारत) इति। अतएव सर्वा वेदवाचस्तमेव भगवन्तं वदन्ति तस्मिन्नेव चर्षीणामृषौ गुणसृजां गुरावात्मानं निदधति। अतो निधिरपि ब्रह्मनाम।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।" यजुः ३१।७॥

लोकेऽपि यो यस्य कर्मणो यन्त्रादिकस्य वाऽऽविष्कर्ता भवति स तस्य ज्ञाता—ऋषिरित्यभिधानीयो भवति।

भवति चात्रास्माकम्—

ऋषिः स विष्णुः प्रपदं विजानज्ज्ञानस्य तत्त्वं स ददादृषिभ्यः।
ऋषिर्हि साक्षात्प्रपदं यथावद् दृष्ट्वा स मन्त्रस्य ऋषिर्बभूव॥५७॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अपक्रामन् पौरुषेयाद् वृणानो दैव्यं वचः।
प्राणीतीरभ्यावर्तस्व देवेभिः सखिभिः सह। अथर्व ७।१०५।१॥

के भावों को यथार्थ रूप से देखता है, इसलिये संहिता रूप से विभक्त चारों वेदों के द्वारा उसने अग्नि, वायु, सूर्य तथा अङ्गिरा के लिये अपना यथार्थ ज्ञान दिया, तथा अग्नि आदिकों ने ब्रह्मा को दिया और ब्रह्मा ने उपदेश के द्वारा वह ही यथार्थ ज्ञान प्रजा के लिये दिया। वह शाखा तथा प्रशाखा अनुशाखा रूप से बढ़ा हुवा ज्ञान-वृक्ष, पराशरपुत्र व्यास ने समयानुसार व्यस्त=विभक्त किया। इसीलिये उसका नाम व्यास हुवा। इसीलिये सब वेदवाणी उसी ऋषियों के ऋषि, तथा गुरुओं के गुरु की स्तुति करती है और उसी में अपने आपको निहित=लीन कर देती है। यह सिद्धान्त है कि जो वस्तु जिस उपादान कारण से निकलती है वह उसी में लीन होती है। ब्रह्म से वेदोत्पत्ति **"तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः"** (यजुः ३१।७) इत्यादि मन्त्र बताते हैं। लोक में भी जो पुरुष जिस कर्म वा यन्त्र आदि का आविष्कार करता है, वह उसका जानकार होता है। इसलिये वह भी ऋषि शब्द=नाम से कहा जाता है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम ऋषि है, क्योंकि वह स्वयं सर्वज्ञ है तथा उसने ऋषियों के लिये यथार्थ रूप से तत्त्वज्ञान दिया और वही तत्त्वज्ञान प्राप्त करके मन्त्र का ऋषि हुवा।

इस अर्थ की पुष्टि में **"अपक्रामन्"** (अथर्व ७।१०५।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

देवस्येदं दैव्यं ब्राह्ममार्षमित्यादि । स एव सर्वेषां महतां लोकानां याथार्थ्यंविदिति महर्षिरुक्तो भवति ।

मनुष्यवाचि, मनुष्यज्ञाने, मनुष्यानुभवे च नैयून्यरूपविस्मृतिदोषसद्भावात्, सोऽप्रतिहतयथार्थज्ञानाम् ऋषीणामप्यृषिर्महर्षिशब्देनोक्तः । लोकेऽपि च दृश्यते—मुखं विहाय यदि नेत्रे चरणयोः क्रियेतां तदा किं स्यादिति प्रश्ने, सर्वेषामुत्तरं पृथक्-पृथक् भवेत् खण्डज्ञानत्वाद्=अपूर्णज्ञानवत्त्वादित्यर्थः ।

भवति चात्रास्माकम्—

महर्षिरेतस्य कृताकृतस्य यथार्थवित् सन् कुरुते जगन्ति ।
स एव धर्मान् स उ वोपदेशान् नृभ्योऽददाल्लोकभवञ्च सत्यम् ॥५८॥

कपिल इति—'कमु कान्तौ' भौवादिको धातुः 'कबृ वर्णे' वा; एतयोरन्यतरस्मात् "कमेः पश्च" (१।५५) इत्युणादिसूत्रे "कबेः पश्च" इत्यपि केषाञ्चिन्मते पाठादिलच् प्रत्ययः । उभयत्रापि पकारोऽन्तादेशोऽतोऽर्थभेदेऽपि न रूपभेदः, कपिल इति ।

देव का जो हो उसे दैव्य कहते हैं, जैसे ब्रह्म का ब्राह्म और ऋषि का आर्ष इत्यादि । वही सकल लोगों के महत्त्व-विशिष्ट ज्ञान का यथार्थ से जानने वाला है, इसलिये उसका महर्षि नाम है ।

मनुष्य के ज्ञान में मनुष्य की वाणी में तथा मनुष्य के अनुभव में विस्मृति दोष=भूल स्वाभाविक है । यह ही उसमें न्यूनता 'कमी' है । किन्तु उसके ज्ञान में=भगवान् के ज्ञान में किसी प्रकार का दोष नहीं होता, इसलिये वह पूर्ण यथार्थज्ञानी होने से ऋषियों का भी ऋषि है, इसीलिये उसका महर्षि नाम है । लोक में भी देखा जाता है, यदि नेत्र मुख में न करके चरणों में किये जाते तब क्या होता ? ऐसा प्रश्न होने पर प्रत्येक पुरुष इसका भिन्न-भिन्न उत्तर देगा, क्योंकि पुरुष का पूर्ण अप्रतिहत ज्ञान नहीं होता, किन्तु उसका ज्ञान खण्डित होता है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम महर्षि है, क्योंकि वह सकल कृताकृत को यथार्थ रूप से जानता हुवा जगत् की रचना करता है और वह ही मनुष्यों के लिये धारणा लक्षण धर्म का उपदेश तथा लौकिक सत्यज्ञान का प्रदान करता है ।

कपिल शब्द "कमु कान्तौ" भ्वादिगण की धातु से उणादि 'इलच्' प्रत्यय तथा धातु को पकारान्तादेश होने से सिद्ध होता है । किसी के मत में 'कबृ वर्णे' धातु से उणादि इलच् तथा पकारान्तादेश होता है, दोनों ही धातुओं से रूप समान ही बनता है, केवल धातुओं के अर्थ का भेद है ।

आचार्य इति—आङ्पूर्वः 'चर गतिभक्षणयोः' इति भौवादिको धातुः "चरेराङि चागुरौ" (पा० ३।१।१००) इति वार्तिकेन गुरुवाच्याभावे यत्प्रत्ययो विधीयते। अतो गुरुवाच्ये "ऋहलोर्ण्यत्" (पा० ३।१।१२४) इति ण्यत्प्रत्ययः, णित्त्वाद् उपधावृद्धिश्च, आचार्यः। आचरति स्वयं, शिष्येभ्यश्चाचारं ग्राहयति इत्याचार्यः। यथा हि सनक्षत्राः सूर्यादयो ग्रहा दृश्यदृष्टया चरिष्णवः, तथायं सर्वस्यान्तरतो बाह्यतश्च सर्वमाचारयति गतिं प्रदाय व्यवस्थापयति। अतः स सर्वेषामाचार्यः। कपिलश्चासावाचार्यः कपिलाचार्यः। आवृणोति च, चरति चेति कपिलाचार्यः सूर्यः, स हि सर्वं गर्भमिवात्मना वृणोति, कामयते वा भावाभावौ प्राणिनामिति कपिलाचार्यः सर्वगतो विष्णुः।

भवति चात्रास्माकम्—

विश्वं स लोके कपिलः पुराणः [1]यायत्यमानं प्रकरोति यस्मात्।
आचार्य उक्तस्तत एव तं वा स्तुवन्ति गायन्ति नमन्ति सर्वे ॥५६॥

१—'यती प्रयत्ने' इत्यस्माद् यङन्तात् शानजन्तं विश्वविशेषणम्।

इति खण्डशो व्याख्यातमिदं नाम।

समूहालम्बनात्मकश्च महर्षिःकपिलाचार्यः, बाहुलकात्संज्ञायां सुपोऽलुक् तेनेदमेकं नाम, गणेशीलालवत्।

आचार्य शब्द आङ्पूर्वक 'चर गतिभक्षणयोः' धातु से "चरेराङि चागुरौ" (पा० ३।१।१००) वार्तिक से गुरु अर्थ के वाच्य न होने पर यत्प्रत्यय होता है। गुरु अर्थ वाच्य होने पर "ऋहलोर्ण्यत्" (पा० ३।१।१२४) से ण्यत् प्रत्यय तथा णित् होने से वृद्धि होती है। इसका अर्थ है 'जो अपने आप सद्धर्म का आचरण करता हुवा शिष्यों को आचार का उपदेश करे' यह होता है। जैसे नक्षत्रों सहित सूर्यादि ग्रह दृश्यदृष्टि से चलनशील हैं, इसी प्रकार जो सबका बाहर तथा अन्तर से चालक है, सब को गति देकर व्यवस्थित करता है, इसलिये वह सबका आचार्य है। कपिल जो आचार्य वह कपिलाचार्य है। यह सूर्य का नाम है क्योंकि वह अपनी प्रभा से सबका आवरण=आच्छादन करता है और चलता है। भगवान् विष्णु गर्भ के समान अपने व्यापकत्व धर्म से सबका आवरण करता है तथा प्राणियों के उत्पत्ति तथा लय की कामना करता है। इसलिये सर्वत्र व्यापक भगवान् कपिलाचार्य है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम कपिल है, क्योंकि वह अत्यन्त प्रयत्नशील विश्व की रचना करता है। उसी पुराण पुरुष की आचार्य पुरुष आचार्य नाम से स्तुति तथा गान करते हैं।

इसका व्याख्यान खण्ड करके किया है। 'महर्षिःकपिलाचार्यः' यह एक नाम है, समास होने पर भी बहुल-वचन से गणेशीलाल के समान सुप् का लुक नहीं होता।

भवति चात्रास्माकम्—

महर्षिः कपिलाचार्यः सर्वहृद्गह्वरं गतः ।
आवृत्य गमयत्येतद्विश्वं चक्रमतन्द्रितः ॥६०॥

कृतज्ञः—५३२

"डुकृञ् करणे" धातुरनिट्, तस्मात् कर्मणि क्तः, गुणाभावः । कृतकर्मोपपदाद् 'ज्ञा अवबोधने' धातोः **"आतोऽनुपसर्गे कः"** (पा० ३।२।३) सूत्रेण कः प्रत्यय आतो लोपः, कृतं जानातीति कृतज्ञ इति । लोके यथा कर्ता स्वकृतानि कार्याण्यवबुध्यते, पक्षिणश्च स्वकृतान्नीडान्न विस्मरन्ति बहु दूरं गता अपि । परन्तु कृतज्ञविधौ व्यभिचारो दृश्यते मनुष्यादीनाम् । कृतज्ञनाम्नो भगवतो विष्णोश्च कृतज्ञविधौ व्यभिचारो न भवति, स्वकृतज्ञत्वेन सर्वं व्यश्नुते सः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

अतो विश्वान्युद्भुता चिकित्वाँ अभि पश्यति ।
कृतानि या च कर्त्वा । ऋक् १।२५।११ ॥
इन्द्रे विश्वानि वीर्या कृतानि कर्त्वानि च ।
यमर्का अध्वरं विदुः । ऋक् ८।६३।६ ॥

महत्त्वात् तमसः परत्वाच्च विष्णोः कृतविषयकं ज्ञानं निर्व्यभिचारम् । तदुक्तम्—**"यस्य नाम महद्यशः"** (यजुः ३२।३) इति **"तमसः परस्तात्"** (यजुः ३१।१८) इति च ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

सब की हृदयरूप गुफा में स्थित महर्षिकपिलाचार्य इस विश्वचक्र को अपने व्यापकत्व धर्म से आच्छादन करके सुव्यवस्थित रूप से चला रहा है ।

कृतज्ञः—५३२

'डुकृञ् करणे" धातु से कर्म में क्त प्रत्यय होने से कृत शब्द सिद्ध होता है । कृत शब्द के उपपद होने पर "ज्ञा अवबोधने" धातु से कर्ता में कृत् क प्रत्यय और आकार का लोप होने से कृतज्ञ शब्द बन जाता है, जिसका अर्थ होता है—'जो किये हुवे को जाने' । जैसे लोक में किसी कार्य को करने वाला अपने कृत कार्य को जानता है तथा जैसे पक्षी अपने बनाये हुवे घोंसलों को जानते हैं, अर्थात् बहुत दूर गये हुवे भी अपने नीड़=घोंसलों को भूलते नहीं । किन्तु मनुष्यादिकों के कृतज्ञान में व्यभिचार हो जाता है । परमेश्वर के कृतज्ञान में व्यभिचारदोष नहीं होता । भगवान् अपने कृतज्ञत्वरूप गुण से सर्वत्र व्यापक है । इसमें **"अतो विश्वान्युद्भुता……। कृतानि या च कर्त्वा ।"** (ऋक् १।२५।११) **"इन्द्रे विश्वानि वीर्या कृतानि कर्त्वानि च ।"** (ऋक् ८।६३।६) इत्यादि ऋङ्मन्त्र प्रमाण हैं । भगवान् विष्णु महान् हैं तथा तम से परे ज्योतिःस्वरूप हैं । इसलिये उसका कृतविषयक ज्ञान व्यभिचरित नहीं होता ।

भवति चात्रास्माकम्—

कृतज्ञनामा भगवान् स विष्णुः कृतानि जानाति जगन्ति विश्वा।
कैर्हेतुभिः कुत्र कदा कथं च कियद्वयस्कानि कृतानि तेन ॥६१॥

मेदिनीपतिः—५३३

मेदिनी—"ञिमिदा स्नेहने" ञि-इत् भौवादिको धातुः ततः "सर्वधातुभ्योऽसुन्" (४।१८९) इत्युणादिरसुन् प्रत्ययः, तस्मिंश्च गुणे मेदस्, पृषोदरादिलक्षणः सलोपः। अदन्तो वा "रज-शिर" इतिवत्। यथा रज इत्यदन्तः सान्तोऽपि, एवं शिर इत्यदन्तः, शिरस् इति सान्तः। यदाऽदन्तो मेदस्तदा घञा तस्य सिद्धिः। मेदाच्च मत्वर्थीयः "अत इनिठनौ" (पा० ५।२।११५) इतीनिः प्रत्ययः। यस्येति लोपः, ततः स्त्रियां "ऋन्नेभ्यो ङीप्" (पा० ४।१।५) सूत्रेण नान्तलक्षणो ङीप् प्रत्ययस्ततो मेदिनी।

मेदिनी नाम पृथिवी, सा हि समुद्रजलेनान्तरिक्षजलेन च स्निग्धा सती प्राणिनां मित्रवद्धितं सम्पादयत्यतो मेदिनीत्युच्यते। स्नेहसम्पादकजलाभावे च सा सस्योत्पादनेऽक्षमा भवति, तत्र सति दुर्भिक्षे प्राणिनो म्रियन्ते क्षुधार्ताः। लोके च स्पष्टं दृश्यते—शोषमुपयाते शारीरे जले म्रियते प्राणी, "पुरुषोऽयं लोकसम्मितः" इति चरके (शारीरस्थान अ० ५) पुनर्वसुरात्रेयः। तस्या मेदिन्याः पतिर्मेदिनीपतिः। पतिशब्दो व्युत्पादितः पूर्वत्र। मन्त्रलिङ्गम्—

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम कृतज्ञ है क्योंकि वह अपने किये हुवे जगत् रूप कार्य को किस कारण से, कहां, कब कैसे और कितने समय तक के लिये किया है, यह सब जानता है।

मेदिनीपतिः—५३३

स्नेहन अर्थ में "ञिमिदा" भ्वादिगण की धातु से उणादि "असुन्" प्रत्यय, लघूपध गुण और पृषोदरादि से सकार का लोप होकर 'मेद' शब्द अदन्त बन जाता है। अथवा जैसे रज और शिर शब्द सान्त और अदन्त दोनों प्रकार हैं, उसी प्रकार घञन्त मेद शब्द भी अदन्त है, इससे मत्वर्थीय इनि तद्धित प्रत्यय तथा तद्धितान्त से स्त्रीलिंग नान्तलक्षण ङीप् प्रत्यय करने से मेदिनी शब्द सिद्ध होता है। मेदिनी नाम पृथिवी का है, क्योंकि वह समुद्र वा अन्तरिक्ष जल से स्निग्ध=आर्द्र होकर मित्र के समान प्राणियों का हित करती है, इसलिये इसका नाम मेदिनी है। वर्षा न होने से जब इसमें स्नेह "गीलापन" या आर्द्रता नहीं आती, तब यह धान्य उत्पन्न करने में असमर्थ हो जाती है और क्षुधा से पीड़ित प्राणी मरने लग जाते हैं। यह लोक में स्पष्ट देखने में आता है कि शरीर में जल के अंश के शुष्क हो जाने पर प्राणी मृत्यु को प्राप्त होता है। चरक (शारीरस्थान अ० ६) में आत्रेय पुनर्वसु ने लोक और पुरुष की समानता का कथन किया है, अर्थात् लोक और पुरुष का निर्माण

"इहा यन्तु प्रचेतसो मेदिनीर्वचसो मम।
यथेमं पारयामसि पुरुषं दुरितादधि ॥" अथर्व ८।७।७ ॥

यथायं निजव्यवस्थया कल्पान्तं पृथिवीं विस्तीर्णां मेदिनीमप्सम्भूतां "तम आसीत्तमसा गूढमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्" (ऋक् १०।१२९।१) पाति रक्षतीति। तथैवेदं शरीरं द्रुताभ्यां=द्रवीभूताभ्यां रजःशुक्राभ्याञ्जातं जीवेन मरणान्तं परिरक्ष्यतेऽतः समान एव मेदिनीपतिर्भगवान् विष्णुरात्मा च। शरीरपतिर्वात्मा।

भवति चात्रास्माकम्—

लोकेऽस्ति सिद्धः स हि मेदिनीपतिर्व्यवस्थया तां परिपाति सर्वतः।
उनत्ति सामुद्रनभोभवाम्भसा देहञ्च तद्वत्परिपाति [1]चेतनः ॥६२॥

१—चेतनः—आत्मा।

त्रिपदः—५३४

त्रिशब्दस्तरतेड्रिप्रत्ययान्तो व्युत्पादितः प्राक्। पदम्—"पद गतौ" धातुर्दैवादिकस्ततः "खनो घ च" (पा० ३।३।१२५) सूत्रेण बाहुलकात् कर्मणि घः

समान है। जो कुछ बाहर लोक में दीखता है, वह सब पुरुष में भी उसी प्रकार से है। मेदिनी की रक्षा करने वाले का नाम मेदिनीपति हैं। पति शब्द का व्याख्यान प्रथम किया गया है। "इहा यन्तु प्रचेतसो मेदिनीर्वचसो मम" इत्यादि अथर्ववेद (८।७।७) का मन्त्र इसमें प्रमाण है। जैसे जल से उत्पन्न विस्तीर्ण मेदिनी=पृथिवी की भगवान् रक्षा करता है। इसी प्रकार यह शरीर, द्रवीभूत "पिघले" हुवे रज स्त्री-धातु तथा शुक्र पुरुष-धातु से उत्पन्न हुवा मृत्यु तक जीव के द्वारा रक्षित होता है। इसलिये जैसे मेदिनीपति नाम भगवान् विष्णु का है, इसी प्रकार आत्मा का भी है। क्योंकि शरीर पार्थिव है और वह उसका पति है, इसलिये जीवात्मा भी मेदिनीपति है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् का मेदिनीपति नाम लोक में प्रसिद्ध है, क्योंकि वह इस मेदिनी=पृथिवी की व्यवस्था से रक्षा करता है तथा पार्थिव समुद्र और आन्तरिक्ष के जल से इसे स्निग्ध=आर्द्र करता है, इसी प्रकार चेतन जीवात्मा देह की रक्षा करता है।

त्रिपदः—५३४

त्रि शब्द का व्याख्यान "तॄ" धातु से "ड्रि" उणादि प्रत्यय करके पहले किया गया है।

पद शब्द गत्यर्थक दिवादिगण की 'पद' धातु से, "खनो घ च" (पा० ३।३।१२५) इस सूत्र में खन धातु से 'घ' प्रत्यय किया है। घित्त्व का प्रयोजन चकार तथा जकार को

प्रत्ययः। यद्वा "**खलो भगः पदं च**" इति पठ्यते कैश्चित्, किन्तु तत्र पदमञ्जरी-कारो नानुकूलः।

यद्वा खनो 'घ' विधाने घित्त्वस्य प्रयोजनाभावः। यतो हि घिति चजयोः कुत्वं भवति, खनि च तयोरसद्भाव एव। अतो घित्करणाज्ज्ञाप्यते, खनधातोर-न्यतोऽपि घः प्रत्ययो भवतीति। यथा **खलो भगः पदम्** इत्यादि। त्रिभिः पद्यते ज्ञायत इति त्रिपदः। यद्वा, गत्यर्थानां धातूनां ज्ञानं गमनं प्राप्तिरिति त्रयोऽर्था भवन्ति। अतस्त्रिभिर्ज्ञायते गम्यते वा त्रिपदः।

त्रीणि तत्त्वानि पदानि—यथा—

त्रिप्रतिष्ठिते—अथर्व १०।२।३२ ॥
त्रिबन्धुः—ऋक् ७।३७।७ ॥
त्रिबर्हिषि—ऋक् १।१८१।६ ॥
त्रिभुजम्—अथर्व ८।९।२ ॥
त्रिमन्तुः—ऋक् १।११२।४ ॥
त्रिमाता—ऋक् ३।५६।५ ॥
त्रिमूर्धानम्—ऋक् १।१४६।४ ॥
त्रियुगम्—ऋक् १०।९७।१ ॥
त्रियोजनम्—अथर्व ६।१३१।३ ॥
त्रिबन्धुरः—ऋक् १।११८।१ ॥
त्रिवरूथः—ऋक् ६।१५।९ ॥
त्रिधातु—ऋक् ७।१०१।२ ॥
त्रिवर्तु—ऋक् ७।१०१।२ ॥
त्रिवृत्—ऋक् १।१४०।२ ॥
त्रिवृषः—अथर्व ५।१६।३ ॥
त्रिशीर्षाणम्—ऋक् १०।८।८ ॥

इति संक्षेपतः त्रिपदस्यैव माहात्म्यं वाच्यभेदाद्धातुभेदः।

कुत्व करना है, खनधातु में चकार तथा जकार हैं ही नहीं, इसलिये घित्त्व निरर्थक होकर खन धातु से अतिरिक्त धातु से भी "घ" प्रत्यय होता है, यह सूचित करता है। इसलिये 'पद' शब्द कर्म में 'घ' प्रत्यय होने से सिद्ध होता है, जिसको तीनों के द्वारा जाना जाये, गमन किया जाये अथवा प्राप्त किया जाये यह अर्थ होता है।

तीन प्रकार के तत्त्व ही तीन पद हैं। जैसे—**त्रिप्रतिष्ठिते, त्रिबन्धुः, त्रिबर्हिषि,** त्रिभुजमित्यादि संक्षेप से यह सब त्रिपद का ही माहात्म्य है, वाच्यभेद से केवल धातुओं का भेद है। त्रित्व को लेकर त्रिविक्रम नाम में बहुत लिखा गया है, वहां देखना चाहिये।

त्रित्वमधिकृत्य—'त्रिविक्रम' शब्दे यद् व्याख्यातं तत्तत्र द्रष्टव्यम्। ज्ञाने, गमने, प्राप्तौ च सर्वस्य जगतः स्थितिरिति स सर्वेश्वरः संक्षेपतस्त्रिपद उच्यते, सूर्यो वा त्रिपदः।

भवति चात्रास्माकम्—

त्रिधा विभक्तं त्रिपदेन सर्वं तत्रास्ति गम्यस्त्रिपदः स विष्णुः।
एवं हि यः पश्यति सर्वथा तं पश्यत्सु तं सूक्ष्मदृशं हि मन्ये ॥६३॥

त्रिदशाध्यक्षः—५३५

त्रिशब्दो बहुशो व्याख्यातः।

दशा—"दंश दशने" भौवादिकाद्धातोः "गुरोश्च हलः" (पा० ३।३।१०३) सूत्रेण स्त्रियां भावे 'अ' प्रत्ययस्ततष्टाप् दशा, पृषोदरादित्वान्नलोपः।

यद्वा—पा० ३।३।५८ सूत्रस्थवार्तिकेन "घञर्थे कविधानम्" इति कः प्रत्ययः, तस्मिंश्च "अनिदितां हल उपधायाः क्ङिति" (पा० ६।४।२४) सूत्रेण नकार लोपः, स्त्रियां टाप्।

अध्यक्षः—अधिपूर्वकः 'अक्षू व्याप्तौ' भौवादिको धातुः, ततः पचाद्यच्—अधेरिकारस्य सांहितिको यण्, अध्यक्षः। तिसृणां दशानामध्यक्षः प्रेक्षको व्यापकतया यः स त्रिदशाध्यक्षः। त्रिपदनामव्याख्याने यदुक्तं तदिहापि ज्ञेयम्। यद्वा—

ज्ञान, गमन, प्राप्ति में सकल जगत् की स्थिति है, इसलिये भगवान् सर्वेश्वर वा सूर्य ही संक्षेप से त्रिपद कहा गया है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

त्रिपद नाम भगवान् विष्णु का है क्योंकि उसने प्रत्येक वस्तु को तीन भेदों से विभक्त किया है। इस विश्व में भगवान् विष्णु ही जानने योग्य है, इस प्रकार जो पुरुष भगवान् को त्रिपद रूप से देखता है वह सब देखने वालों में सूक्ष्मदर्शी है यह मैं मानता हूँ।

त्रिदशाध्यक्षः—५३५

त्रि शब्द की सिद्धि बहुत बार की जा चुकी है। दशा शब्द की सिद्धि "दंश दशने" भ्वादिगण की धातु से स्त्रीविशिष्ट भाव में 'अ' प्रत्यय, 'टाप्' तथा पृषोदरादि से नकार का लोप होने से होती है। अथवा घञर्थ में 'क' प्रत्यय अनिदितामित्यादि सूत्र से नकार का लोप तथा स्त्रीलिङ्ग में टाप् करने से दशा शब्द सिद्ध होता है।

अध्यक्ष शब्द अधिपूर्वक "अक्षू व्याप्तौ" भ्वादिगण की धातु से पचाद्यच् प्रत्यय तथा अधि उपसर्ग के इकार को यणादेश करने से सिद्ध होता है।

इस प्रकार से 'तीनों दशाओं को प्रत्यक्ष देखने वाला' यह 'त्रिदशाध्यक्ष' शब्द का अर्थ हुवा। त्रिपद नाम के व्याख्यान में जो कुछ कहा है, वह ही यहां भी समझ लेना।

त्रिदशाः देवाः तेषामध्यक्षः त्रिदशाध्यक्षः, सुराध्यक्षनामव्याख्याने यदुक्तं तदिहापि ज्ञेयम् । त्रिदशाध्यक्षः सुराध्यक्ष इति समानोऽर्थः ।

भवति चात्रास्माकम्—

स विष्णुस्त्रिदशाध्यक्षो देवाध्यक्षोऽपि स स्मृतः ।
शम्भुर्दशासु सर्वासु सर्वं व्याप्नोत्यशेषतः ॥६४॥

महाशृङ्गः—५३६

महच्छब्दो व्युत्पादितचरः, आत्वदीर्घत्वादिकं च ।

शृङ्गः—'शॄ हिंसायाम्' क्र्यादिको धातुः **"शृणातेर्ह्रस्वश्च"** (१।१२६) इति सूत्रेणौणादिको गन् प्रत्ययः, कित्त्वातिदेशः प्रत्ययस्य नुडागमश्च, धातोश्च ह्रस्वादेशः क्रियते । नेड् वशि कृति (पा० ७।२।८) इत्यनेनेण्निषेधः । कित्त्वाद् गुणाभावः, अनुस्वारपरसवर्णौ च । शृणाति हिनस्तीति शृङ्गः, महान् शृङ्गो यस्य स महाशृङ्गः । महाशृङ्गनाम्नः परिपुष्ठ्यै वैदिकं प्रकरणमुपन्यस्यते । तद्यथा—

"साहस्रस्त्वेष ऋषभः पयस्वान् विश्वा रूपाणि वक्षणासु बिभ्रत् ।
भद्रं दात्रे यजमानाय शिक्षन् बार्हस्पत्य उस्रियस्तन्तुमातान् ।"

इत्युपक्रम्य सूक्तम् (अ० ९।४)—

'शृङ्गाभ्यां रक्ष ऋषत्यवर्तिं हन्ति चक्षुषा ।
शृणोति भद्रं कर्णाभ्यां गवां यः पतिरघ्न्यः ।" अथर्व ९।४।१७ ॥

अथवा—त्रिदश नाम देवों का है उनका जो अध्यक्ष स्वामी वह त्रिदशाध्यक्ष है । इसका अभिप्रेत अर्थ सुराध्यक्ष नाम में आ चुका है । त्रिदशाध्यक्ष तथा सुराध्यक्ष का अर्थ समान ही है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

त्रिदशाध्यक्ष तथा सुराध्यक्ष ये दोनों ही नाम भगवान् विष्णु के हैं, क्योंकि वह सर्वेश्वर शम्भु सब दशाओं, सब अवस्थाओं में, सब का व्यापन करता है और इसीलिये वह सबका प्रत्यक्ष द्रष्टा है ।

महाशृङ्गः—५३६

महत् शब्द का व्याख्यान प्रथम किया जा चुका है । शृङ्ग शब्द "शॄ हिंसायाम्" क्र्यादि गण की धातु से उणादि 'गन्' प्रत्यय तथा प्रत्यय को 'नुट्' आगम होने से बनता है । महत् शब्द और शृङ्ग शब्द का आपस में बहुव्रीहि समास करने से महाशृङ्ग शब्द बनता है । जिसका अर्थ 'बहुत बड़ा है शृङ्ग=हिंसा साधन जिसका' यह होता है । महाशृङ्ग नाम की पुष्टि यह वैदिक प्रकरण करता है । जैसे कि **"साहस्रस्त्वेष ऋषभः पयस्वान्"** (अ० ९।४।१) इत्यादि मन्त्र से आरम्भ करके **"शृङ्गाभ्यां रक्ष ऋषत्यवर्तिं हन्ति चक्षुषा"** (अथर्व ९।४।१७) इत्यादि ।

"पिशङ्गरूपो नभसो वयोधा ऐन्द्रः शुष्मो विश्वरूपो न आगन् ।"
अथर्व ९।४।२२ ॥

"सरस्वती मन्युमन्तं जगाम ।" अथर्व १९।४०।१ ॥

अत्र सूर्यचन्द्रौ महाशृङ्गौ । विश्वानि रूपाणि बिभर्ति ऋषभः=इन्द्रः । एवमन्यत्राप्युपमीयत ऋषभेण—

"चत्वारि शृङ्गास्त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य ।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आ विवेश ।"
ऋक् ४।५८।३ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स एव सूर्यः स उ चन्द्रमा वा तावेव लोकं विहतोऽथ पातः ।
यस्तौ नियम्यारभते च विश्वं लोके महाशृङ्गपदेन विष्णुः ॥६५॥

"इन्द्रो दाधार पृथिवीम् ।" मैत्रा० सं० ४।१४।७ ॥
"नेन्द्रादृते पवते धाम किञ्चन ।" ऋक् ९।६९।६ ॥

उभयत्र इन्द्रः सूर्यः ।

कृतान्तकृत्—५३७

कृतान्तकृदिति—करोतेः कर्मणि निष्ठा कृत इति, 'अम गत्यादिषु' तस्मादुणादिस्तन् प्रत्ययः—अन्त इति । 'कृती छेदने' धातोः क्विप्, कृन्तति छिनत्तीति कृत् । करोतेर्वा क्विपि तुकि करोतीति कृदिति । कृतस्य अन्तं करोतीति

"पिशङ्गरूपो नभसो वयोधा ऐन्द्रः शुष्मो विश्वरूपो न आगन्" (अथर्व ९।४।२२) इत्यादि ।

भगवान् के सूर्य तथा चन्द्र रूप महाशृङ्ग हैं । ऋषभनाम इन्द्र का है । इसी प्रकार अन्यत्र भी उसकी वेद ने ऋषभ से समानता बताई है। जैसे "चत्वारि शृङ्गास्त्रयो अस्य पादा......त्रिधा बद्धो वषभो रोरवीति ।" (ऋक् ४।५८।३) इत्यादि मन्त्र में ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

लोक में महाशृङ्ग नाम विष्णु का ही है क्योंकि लोक का विनाश वा रक्षा करने वाले चन्द्र और सूर्य को वह ही अपने नियम से चला रहा है। इसमें "इन्द्रो दाधार पृथिवीम्" (मैत्रा० स० ४।१४।७) "नेन्द्रादृते पवते धाम किञ्चन" (ऋक् ९।६९।६) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं । दोनों स्थानों पर इन्द्र नाम सूर्य का है ।

कृतान्तकृत्—५३७

'डुकृञ् करणे' धातु से कर्म में क्त प्रत्यय करने से कृत शब्द बनता है । 'अम गत्यादिषु' धातु से उणादि तन् प्रत्यय करने से अन्त शब्द सिद्ध होता है तथा 'कृती छेदने' धातु से क्विप् अथवा 'डुकृञ् करणे' धातु से कर्ता में क्विप् और तुक् करने से कृत् शब्द

कृतान्तकृत् विष्णुः। कृतं कार्यं पुनस्तत्कारणेऽन्तः समावेशयतीति कृतान्तकृत्। लोकेऽपि दृश्यते, मनुष्यः स्वकृतं कर्म सम्पादितफलं समाप्नोति विनाशयति वा। यथा च भुक्तमन्नादि, यथापेक्षितं शारीरोपकाररूपं फलं सम्पाद्य पुनर्मल-रूपतामापद्य स्वकारणे मृदि निलीयते। सैषा व्यवस्था विष्णोरेवास्ति प्रतिप्राणि विहिता। अथापरमतोऽपि स्थूलमुदाहरणम्—यथा कश्चित् कृषीवलः क्षेत्रे बीजं वपति, सिञ्चति च, रक्षति च, परिपक्वे च सस्ये तत्कृन्तति=लुनाति=छिनत्ति। अतः स कृतान्तकृदेव। एवं सर्वमिदं जगत्तमेवानुकुरुते विष्णुमिति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अनन्तं विततं पुरुत्रानन्तमन्तवच्चा समन्ते।
ते नाकपालश्चरतिविचिन्वन् विद्वान् भूतमुत भव्यमस्य।"

अथर्व १०।८।१२॥

भवति चात्रास्माकम्—

कृतान्तकृद्विष्णुरिदं समस्तं वितत्य काले कुरुतेऽन्तवत्तत्।
एवं हि यः पश्यति धैर्यधृष्णुर्न मोहमभ्येति कृतान्तजं सः॥६६॥

महावराहः—५३८

महाशब्दः प्राक् व्युत्पादितो बहुशः।

बनता है। किये हुवे का जो अन्त=विनाश करे वह कृतान्तकृत् है। यह विष्णु का नाम है। किये हुवे कार्य का फिर अपने उपादान कारण में लय करने वाले का नाम कृतान्तकृत् है। लोक में भी देखा जाता है कि मनुष्य कर्म का फल प्राप्त करके उस कर्म को समाप्त या नष्ट कर देता है और जैसे खाया हुवा अन्नादि यथापेक्षित शरीर का रस आदि से उपकार करके फिर मलमूत्र होकर मिट्टी में मिल जाता है, जो कि उसका कारण है। यह व्यवस्था प्रत्येक प्राणी के लिये भगवान् विष्णु ने ही बनाई है। इससे भी स्थूल एक और उदाहरण है, जैसे कोई कृषक=किसान जमीन में बीज बोता है, उसे सींचता है तथा उसकी रक्षा करता है, पक जाने पर उसे काट लेता है। इसलिये उसका नाम कृतान्तकृत् है। इस प्रकार से सकल जगत् उसी भगवान् विष्णु का अनुकरण करता है। इसमें "अनन्तं विततमित्यादि अथर्व (१०।८।१२) मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

कृतान्तकृत् नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह इस सकल विश्व को बनाकर नष्ट कर देता है। इस प्रकार से जो धैर्यशाली पुरुष भगवान् को जानता है, वह कृतान्त से उत्पन्न होने वाले मोह को प्राप्त नहीं होता।

महावराहः—५३८

महा शब्द की व्याख्या पूर्वत्र बहुत बार की जा चुकी है।

वरः—"वृञ् वरणे" सौवादिको धातुस्तस्माद् "ग्रहवृदृनिश्चिगमश्च" (पा० ३।३।५८) सूत्रेण कर्तृभिन्ने कर्मादिकारके अप् प्रत्ययो गुणो रपरः, वर इति।

आङ्पूर्वको "हन हिंसागत्योः" आदादिको धातुस्ततः "अन्येष्वपि दृश्यते" (पा० ३।२।१०१) सूत्रेण डः प्रत्ययः टिलोपः, आह इति। महावरश्चासावाहः= महांश्चासौ वराह इति वा महावराहः। महावराहो विष्णुः सूर्यश्च। स हि महद्भिर्व्रियते, स एव चाहन्ति वृत्रं तमो वा। यथा बृहद्भानुरिति व्यापकधर्मणि सूर्ये विष्णौ चान्वितार्थः। दृश्यते चान्यत्र बहुत्र महाशब्दस्य विशेषणता। यथा— महादेवः (अथर्व ५।२१।११), महाधनम् (ऋक् ६।८६।१२), महामहः (ऋक् १०।११६।१२), महावीरः (ऋक् १।३२।६) इति निदर्शनमात्रम्।

मन्त्रलिङ्गम्—

"हरिरर्षा पुनानः" (ऋक् ६।६७।६) इत्यनुवर्तमाने—

"प्र काव्यमुशनेव ब्रुवाणो देवो देवानां जनिमा विवक्ति।
महिव्रतः शुचिबन्धुः पावकः पदा वराहो अभ्येति रेभन्।"
(ऋक् ६।६७।१०)

उत्तरत्र च "तिग्मशृङ्गः" (ऋक् ६।६७।६) "हन्ति रक्षः (ऋक् ६।६७।१०) इति सूर्यविशेषणम्। वदति च वेदो वराह विशेषयन्—"षडक्षं त्रिशीर्षाणम्···विप्रा वराहम्।" (ऋक् १०।६६।६) न च लोके षण्नेत्रस्त्रिशिराः वा कश्चिद् वराहः।

वर शब्द 'वृञ् वरणे' स्वादिगण की धातु से कर्मादि में कृत् "अप्" प्रत्यय तथा रपर गुण होकर सिद्ध होता है।

आह—आङ् पूर्वक 'हन हिंसागत्योः' अदादि गण की धातु से 'ड' प्रत्यय तथा 'टि' का लोप होने से बनता है। महावराह शब्द का अर्थ 'जो महापुरुषों से याचना किया जाये, अर्थात् जिससे सब महापुरुष याचना=प्रार्थना करते हैं तथा जो तम=अन्धकार और वृत्र का हनन=विनाश करता है' ऐसा है। महावराह विष्णु या सूर्य का नाम है। जैसे— "बृहद्भानु" यह नाम व्यापक धर्म वाले विष्णु वा सूर्य दोनों में सङ्गतार्थ है और भी बहुत वैदिक वाक्यों में महा शब्द विशेषण बनकर आता है। जैसे—महादेवः अथर्व (५।२१।११) में महाधनम् ऋक् (६।८६।१२) में, महामहः ऋक् (१०।११६।१२) में तथा महावीरः भी ऋक् (१।३२।६) में आता है। ये कुछ उदाहरण रूप हैं। इसमें "हरिरर्षा पुनानः" की अनुवृत्ति होते हुए "प्र काव्यमुशनेव······पदा वराहो अभ्येति रेभन्" मन्त्र प्रमाण है तथा इसी मन्त्र के आगे "तिग्मशृङ्गः" तथा "हन्ति रक्षः" ये सूर्य के विशेषण हैं। वेद में वराह का "त्रिशीर्षाणं षडक्षं" (द्र० ऋक् १०।६६।६) यह विशेषण दिया है, किन्तु लोक में तीन शिरों वाला तथा छह नेत्रों वाला कोई वराह नाम का जीव नहीं है।

महताम्=बृहतामुदयास्ताभ्यामावृत्तिमाचरतां ग्रहाणां तेजांसि आहन्तीति सूर्यो महावराहः। विष्णुना च सर्वाणि तेजांस्यभिभूयन्ते स्वतेजसाऽतः स महावराह इत्युक्तः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

यथा सूर्यो नक्षत्राणामुद्यंस्तेजांस्या ददे।
एवा स्त्रीणाञ्च पुंसां च द्विषतां वर्च आ ददे।। अथर्व ७।१३।१ ।।

तत्र च स भगवानेव सूर्यादिकं स्वज्योतिषा ज्योतिष्मन्तं कुर्वाणः **"विश्वं-शृणोति पश्यति"** (ऋक् ८।७८।५) इति सुश्रवाः सुदर्शनश्चोक्तः—तत्रैव सुदर्शन-नामव्याख्याने द्रष्टव्यम्।

यद्वा—अह व्याप्तौ, इति च्छादसो धातु स्तस्मात् पचाद्यचि, अह्नोतीति अहः। महान्ति अवराणि च व्याप्नोतीति महावराहः परापरव्यापक इत्यर्थः।

भवति चात्रास्माकम्—

महावराहो भगवान् स विष्णुर्महावराहं कुरुते च सूर्यम्।
महाधनोऽसौ स महामहो वा सुदर्शनोऽयं स्तुवते प्रजास्तम्।।६७।।

उदय तथा अस्त रूप से आवृत्ति=भ्रमण करते हुवे बड़े-बड़े ग्रहों के तेज का जो नाश=अभिभव करता है उसका नाम महावराह है, यह सूर्य का नाम है। भगवान् विष्णु अपने तेज के द्वारा सब के तेजों का अभिभव करता है, इसलिये विष्णु का नाम महावराह है। भगवान् विष्णु ही सूर्यादिकों को अपनी ज्योति से ज्योति वाले बनाता है। इसलिये **"विश्वं शृणोति पश्यति"** (ऋक् ८।७८।५) इस वेदवाक्य में उसको सुश्रवाः और सुदर्शन कहा है। यह सुदर्शन नाम के व्याख्यान में देखना चाहिये।

अथवा "अह व्याप्तौ" इस वैदिक धातु से पचाद्यच् प्रत्यय करने से "अह" शब्द सिद्ध होता है। जिसका अर्थ 'व्यापक' होता है अर्थात् जो बड़े तथा छोटे=पर और अवर का व्यापन करे वह महावराह है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम महावराह है, क्योंकि वह अपनी ज्योति से सूर्य को भी ज्योति युक्त महावराह बनाता है तथा प्रजा उसकी महाधन, महामह और सुदर्शन आदि नामों से स्तुति करती है।

गोविन्दः—५३९

गोविन्द इति—'गम्लृ गतौ' धातोः **"गमेर्डोः"** इत्युणादिडोप्रत्यये गो-शब्दो निष्पद्यते।

'विद्लृ लाभे' इति तौदादिकाद्धातोः पा० ३।१।१३८ सूत्रस्थेन **"गवादिषु विन्देः संज्ञायाम्"** इति वार्तिकेन कर्तरि शः प्रत्ययः क्रियते। **"शे मुचादीनाम्"** (पा० ७।१।५९) इति नुम्, अनुस्वारपरसवर्णौ, **"सार्वधातुकमपित्"** (पा० १।२।४) इति ङिद्वद्भावाद् गुणाभावः। **"अतो गुणे"** (पा० ६।१।९७) इति पररूपे विन्द इति सिध्यति। एवञ्च गा विन्दतीति गोविन्दः। गच्छीत्यर्थानुगमात् सर्वं गमनधर्मकं पदार्थजातं गोपदेनोच्यते। दूरं दूरतरञ्च गमनान्मनो गौः, इन्द्रियाण्यपि विषयान् गच्छन्ति अतस्तान्यपि गावः, देहोऽपि एकस्थानादन्यस्थानं गच्छत्यतो गौः, सूर्योऽपि गमनधर्मा गौः। एवं सर्वे ग्रहा अपि गच्छन्तीति गोशब्देनोक्ता भवन्ति। पार्थिवं सर्वं पदार्थजातं षड्भावविकारैर्गतिमदिति तद्विन्दते प्राप्नोति सर्वगतत्वेनेति गोविन्दः। लोकेऽपि दृश्यते देहे देहावयवे वा या गतिमत्ता सा तावदेव यावद्देहे देही तिष्ठति। अतो देहस्य गतिमत्तां विदधज्जीवोऽपि गोविन्दः। विषयप्राप्त्यर्थमिन्द्रियाणां गतिं प्रददन्मनोऽपि गोविन्दः। एवं सर्वत्रोहनीयम्। **गोविदां पति**रिति नाम्नो व्याख्यापि द्रष्टव्या। सूर्यस्य गोत्वपक्षे **"आयं गौः"** (ऋक् १०।१८९।१) इति मन्त्रलिङ्गम्।

गोविन्दः—५३९

गो शब्द "गम्लृ गतौ" धातु से उणादि डो प्रत्यय और 'टि' का लोप करने से सिद्ध होता है तथा गो शब्द के उपपद रहते "विद्लृ लाभे" इस तुदादिगण की धातु से कर्ता में 'श' प्रत्यय कृत् और नुम् करने से गोविन्द शब्द कृदन्त बन जाता है, जिसका अर्थ 'जो गौवों को प्राप्त करे' यह होता है। **गच्छतीति गौः** इस व्युत्पत्ति से गमन करने वाली प्रत्येक वस्तु गोपद से कही जाती है। मन का नाम गौ है क्योंकि वह दूर तथा बहुत दूर तक चला जाता है। इन्द्रियों का नाम भी गौ है क्योंकि वे भी विषयों की ओर जाती हैं। शरीर का नाम भी गौ है क्योंकि वह भी एक स्थान से दूसरे स्थान में जाता है। सूर्य भी गमनधर्मा होने से गौ है। इसी प्रकार सब ग्रह चलते हैं, इसलिये उनका नाम भी गौ है।

जितना भी पार्थिव पदार्थ है वह षड्भाव-विकार वाला होने से गति वाला है, इसलिये इसका नाम भी गौ है। इन सबको जो प्राप्त करे उसका नाम गोविन्द है। लोक में देखने में आता है, देह में देह के अवयव हस्त आदि में तब तक ही गति है, जब तक जीवात्मा उसमें रहता है, इसलिये देह को गति देने वाला जीव भी गोविन्द है। विषयों की प्राप्ति के लिये इन्द्रियों को गतिशील बनाने वाला मन भी गोविन्द है। इस प्रकार सर्वत्र जानना चाहिये। **गोविदां पति** इस नाम की व्याख्या भी देखनी चाहिये। सूर्य गौ है, इसमें **"आयं गौः"** यह मन्त्र (ऋक् १०।१८९।१) प्रमाण है।

भवति चात्रास्माकम्—

[1]जगत्स्वनाम्नैव गतिं व्यनक्ति गतौ स्थितं तत्तमनक्ति विष्णुम् ।
मनश्च गौस्तानि[2] मनोऽनुगानि व्यजन्ति जीवं [3]स पुनस्तमेति ॥६८॥

१—गच्छतीति=जगत् । २—तानि=इन्द्रयाणि गोवाच्यानि । ३—स जीवः पुनस्तं गोविन्दं विष्णुं प्राप्नोति ।

सुषेणः—५४०

"षिञ् बन्धने" सौवादिको धातुः, "धात्वादेः षः सः" (पा० ६।१।६२) इति मूर्धन्यषकारस्य दन्त्यसकारादेशः । ततः—"कृवृजृसिद्रुपन्यनिस्वपिभ्यो नित्" (३।१०) इत्युणादिर्निन्नः प्रत्ययो विधीयते । धातोरनुदात्तत्वादिडभावः, गुणश्च । ततः स्त्रियां टाप्, सवर्णदीर्घत्वं च । ततः सुशब्देन समासः—शोभना= उत्तमा सेना यस्य स सुषेणः, "गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य" (पा० १।२।४८) इति ह्रस्वत्वम्, "एति संज्ञायामगात्" (पा० ८।३।९९) इति षत्वञ्च । "अट्कुप्वाङ्-नुम्व्यवायेऽपि" (पा० ८।४।२) इति सूत्रेण णत्वम्, सुषेणः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अयमुपर्यर्वाग्वसुस्तस्य सेनजिच्च सुषेणश्च सेनानीग्रामण्यौ ।
यजुः १५।१९ ॥

ऋतजिच्च सत्यजिच्च सेनजिच्च सुषेणश्च ।
अन्तिमित्रश्च दूरे अमित्रश्च गणः । यजुः १७।८३ ॥

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

जगत् शब्द **गच्छतीति जगत्** इस व्युत्पत्ति से ही अपनी गतिशीलता को प्रकट करता है । गतिशील समस्त पदार्थ अपनी गति को देने वाले विष्णु को प्रकट करते हैं अर्थात् जगत्स्थ सम्पूर्ण पदार्थों की गति का कारण भगवान् विष्णु ही है, अतः वह गोविन्द है । मन का नाम भी गतिशील होने से गौ है, मनोऽनुगामिनी इन्द्रियां भी गौ हैं, उनकी गति भी जीवात्मा के अस्तित्व को व्यक्त करती है क्योंकि जीव के विद्यमान होने से ही देह और इन्द्रियां गतिशील होती हैं । वह जीव भी अन्त में विष्णु को प्राप्त होता है । इसलिये विष्णु का नाम गोविन्द है ।

सुषेणः—५४०

"षिञ् बन्धने" स्वादिगण की धातु से उणादि 'न' प्रत्यय, गुण तथा स्त्रीलिङ्ग में टाप् प्रत्यय करने से सेना शब्द सिद्ध होता है । उसका 'सु' के साथ समास होने से 'अच्छी है सेना जिसकी' उसका नाम सुषेण होता है । **"अयमुपर्यर्वाग्वसुस्तस्य सेनजिच्च सुषेणश्च"** (यजुः १५।१९) इत्यादि, तथा **"सत्यजिच्च सेनजिच्च सुषेणश्च"** (यजुः १७।८३) इत्यादि मन्त्र वचन इसमें प्रमाण हैं ।

सुष्ठु=सम्यग्वा सिनोति=बध्नातीति सुषेणः, सम्यग् विश्वं व्यवस्थया बद्धं तेनातो भगवान् विष्णुः सुषेणः।

लोकेऽपि च पश्यामः—तथा हि—अपयातेऽपि जीवे शरीरमिदं तदेकदेशाङ्गुल्याकर्षणेन सर्वमाकृष्टं भवतीति, व्यनक्ति तस्य भगवतः सुषेणत्वमिति सुबद्धत्वाद्धेतोः। एवमपयातेऽपि जीवे न विश्लिष्यन्ति सन्धिबन्धनानि शरीरस्येत्यात्मापि सुषेण उच्यते। विशदं 'नक्षत्री' नामव्याख्याने द्रष्टव्यम्।

भवति चात्रास्माकम्—

स विष्णुरेकः कथितः सुषेणः सितं समस्तं न वियौति तेन।
मृतोऽपि देहश्च सुषेणबद्धो नित्यं तमंक्त्वा [1]चितिमभ्युपैति॥६९॥

१—श्मशाने चितां प्राप्नोति, भस्मी भवतीत्यर्थः।

कनकाङ्गदी—५४१

कनकः—"कनी दीप्तिकान्तिगतिषु" भौवादिको धातुस्तस्मात् "क्वुन् शिल्पिसंज्ञयोरपूर्वस्यापि" (२।३२) इत्युणादिसूत्रेण क्वुन् प्रत्ययः। अपूर्वस्येत्यस्याविद्यमानपूर्वस्येत्यर्थः, अपिशब्दाद्विद्यमानपूर्वस्यापि। वोरकादेशः। कनक इति। कनति प्रकाशते, कन्यते गम्यते वेतस्ततो व्यवहर्तुमिति कनकः सुवर्णं गोधूमो वा, 'अन्नविशेषो गेहूं-पदवाच्यः।'

अथवा जो अच्छी प्रकार व्यवस्था से विश्व को बांधता है, वह भगवान् विष्णु सुषेण है। लोक में भी देखते हैं, जैसे कि यह शरीर भगवान् विष्णु के द्वारा सुबद्ध होने से जीवात्मा के निकल जाने पर भी, केवल एक अङ्गुली खींचने से=आकर्षण से सम्पूर्ण आकृष्ट होता है सिंच जाता है, इसीलिये भगवान् विष्णु की सुषेणता=सुबन्धकता को प्रकट करता है। इसी प्रकार आत्मा के निकल जाने पर भी शरीर के सन्धि-बन्धन शिथिल नहीं होते, इसलिये आत्मा का नाम भी सुषेण है। 'नक्षत्री' नाम में स्पष्ट व्याख्यान किया है, वहां देखना चाहिये।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम सुषेण है, क्योंकि उसका बांधा हुवा कभी वियुक्त=विश्लिष्ट=भग्न नहीं होता है। मृत शरीर भी सुषेण के द्वारा बद्ध होने से उसको प्रकट करता हुवा=बोधन करता हुवा चिता को प्राप्त होता है।

कनकाङ्गदी—५४१

कनक शब्द "कनी दीप्तिकान्तिगतिषु" धातु से उणादि क्वुन् प्रत्यय तथा वु को अकादेश होने से बनता है। कनक शब्द का अर्थ 'जो प्रकाशमान होता है अथवा जो प्राप्त किया जाता है, अथवा जिसको प्राप्त करने की इच्छा की जाती है, अथवा जो व्यवहार के लिये इधर-उधर ले जाया जाता है' आदि होता है। यह सुवर्ण या अन्न विशेष=गेहूँ का नाम है।

अङ्ग—अगि गत्यर्थको भौवादिको धातुरिदित्, इदित्त्वान्नुम्, पचाद्यच् प्रत्ययश्च, अङ्गति गच्छतीति, अङ्गः। अङ्गनं वा अङ्गो गतिः। कनकश्च अङ्गश्च कनकाङ्गौ, तौ ददातीति कनकाङ्गदः, कनकाङ्गकर्मोपपदाद् "डुदाञ् दाने" धातोः "आतोऽनुपसर्गे कः" (पा० ३।२।३) इत्यनेन कः प्रत्ययः, आल्लोपः, ततो मत्वर्थीयः "अत इनिठनौ" (पा० ५।२।११५) इतीनिः प्रत्ययः, "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) इत्यकारलोपः। इन्नन्तलक्षणो दीर्घः सौ, कनकाङ्गदी।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्। यजुः ३३।४३॥

भावप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"साध्वर्या अतिथिनीरिषिराः स्पार्हा सुवर्णा अनवद्यरूपाः।
बृहस्पतिः पर्वतेभ्यो वितूर्या निर्गा ऊपे यवमिव स्थिविभ्यः।
ऋक् १०।६८।३॥

सुद्योतनमधिकृत्य—

अस्य त्वेषा अजरा अस्य भानवः सुसंदृशः सुप्रतीकस्य सुद्युतः।
भात्वक्षसो अत्यक्तुर्न सिन्धवोऽग्ने रेजन्ते अससन्ते अजराः।
ऋक् १।१४३।३॥

एवञ्च वक्तुमर्हम्—यः प्रकाशमानेभ्यः प्रकाशं दीप्तिं गतिञ्च ददाति, स सर्वत्र व्याप्तः सर्वेश्वरो विष्णुः कनकाङ्गदी इत्युच्यते।

लोकेऽपि च पश्यामः—सुवर्णस्य दीप्तिमतो गमनशीलस्य निमेषोन्मेषाभ्यां दृशिक्रियां कुर्वाणस्य नेत्रस्य प्रकाशयिता आत्मा शरीरे वर्तमानः सन् कनका-

---

अङ्ग शब्द 'अगि' भ्वादिगण की धातु जिसका गति अर्थ है, उससे पचादि अच् प्रत्यय तथा नुम् का आगम होने से बनता है। इसका अर्थ है, 'जो चलता है।' कनक और अङ्ग शब्द के उपपद रहते 'दा' धातु से 'क' प्रत्यय तथा आकार का लोप होने से "कनकाङ्गद" शब्द बन जाता है। कनकाङ्गद शब्द से मत्वर्थीय इनि प्रत्यय करने से 'कनकाङ्गदी' यह शब्द सिद्ध होता है। इसका अर्थ होता है 'कनक और अङ्ग देने वाला गुण जिसमें है।' "हिरण्ययेन सविता" (यजुः ३३।४३) इत्यादि तथा "स्पार्हा सुवर्णा अनवद्यरूपाः" (ऋक् १०।६८।३) इत्यादि यजुर्वेद तथा ऋग्वेद के वचन प्रमाण हैं तथा उसकी प्रकाशमानता को बतलाने वाले "अस्य त्वेषा अजरा अस्य भानवः सुसंदृशः" (ऋक् १।१४३।३) इत्यादि वेदवचन हैं। इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि जो प्रकाश करने वाले पदार्थों को दीप्ति तथा गति देता है, वह सर्वत्र व्यापक सर्वेश्वर भगवान् विष्णु कनकाङ्गदी है।

लोक में भी देखते हैं, तेजःस्वरूप गमनशील, संकोच विकास रूप से दर्शन रूप क्रिया करते हुवे नेत्र को प्रकाश देने वाला आत्मा कनकाङ्गदी है क्योंकि उसी के शरीर में

ङ्गदी । आत्मन्यपयाते शरीरात् नेत्रं निष्प्रभं निर्निमेषोन्नेषञ्च भवति गतिहीनम् । एवं लोको वेदेन साम्यं भजति ।

भवति चात्रास्माकम्—

नूनं हि विष्णुः कनकाङ्गदी स्यात् तस्यैव दीप्त्या द्युतिमज्जगत् स्यात् ।
बद्धं गतौ सर्वमिहास्ति तेन जीवोऽपि देहे कनकाङ्गदीव ॥७०॥

सुवर्णवर्णः, हेमाङ्गः इति नाम्नोरप्येतद् भावप्रधानं व्याख्यानं ज्ञेयम् । यथास्थानञ्च वैशिष्ट्यं द्रष्टव्यम् ।

गुह्यः—५४२

गुह्य इति—'गुहू संवरणे' धातुर्भौवादिक ऊदित् । ततः "शंसिदुहिगुहिभ्यो-वेति वक्तव्यम्" इति पा० ३।१।१०९ सूत्रस्थवार्तिकेन क्यप् प्रत्ययो विभाषया, पक्षे च ण्यद् भवति । गुह्यते संव्रियते, यद्वा गूहितुं संवरितुं योग्यं सर्वमस्येति गुह्यः । यद्वा गुह्यते सर्वत्रान्तर्हितो भवतीति गुह्यः ।

यद्वा गुहायां हृदयरूपायां वर्तमानो गुह्यः "तत्र भवः" इत्यधिकारे "शरीरावयवाद्यत्" (पा० ४।३।४६) इति यत्प्रत्ययस्तद्धितः । हृदयवर्ती सोऽनुभूतिं ददाति अतो गुह्यः पुण्डरीकाक्षः, पुण्डरीकाक्षे यद् व्याख्यातं तदिहापि द्रष्टव्यम् ।

होने पर नेत्र गतिशील होता है । शरीर से आत्मा के निकल जाने पर नेत्रों की कान्ति तथा संकोच-विकास सब समाप्त हो जाते हैं । इस प्रकार लोक की वेद से समानता होती है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का ही नाम कनकाङ्गदी है, क्योंकि उसी की दीप्ति से यह सकल जगत् दीप्तिवाला प्रकाशमान है और उसी की व्यवस्था से सब गतिशील हैं । जीवात्मा भी देह को कान्ति तथा गति देने वाला होने से कनकाङ्गदी है ।

गुह्यः—५४२

'गुहू संवरणे' यह भ्वादि गण की धातु है । इससे कर्म में कृत्य "क्यप्" प्रत्यय करने से गुह्य शब्द सिद्ध होता है जिसका अर्थ 'जो संवरण किया हुवा है अर्थात् जो जगत् में अन्तर्यामीरूप से रहता हुवा, आच्छादन किया=ढका हुवा-सा अलक्षित रहता है अथवा जिसका सब कुछ संवरण=आच्छादन करने योग्य है' यह हुवा ।

अथवा जो हृदयरूप गुहा में वर्तमान है वह गुह्य है । 'भव' अर्थ में तद्धित यत् प्रत्यय करने से गुह्य बनता है । वह हृदय में विराजमान होकर अनुभव=यथार्थ ज्ञान देता है, इसलिये गुह्य नाम पुण्डरीकाक्ष का है, यह पुण्डरीकाक्ष नाम के व्याख्यान में देखना चाहिये ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके ।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः । यजुः ४०।५ ।।

इति मन्त्रलिङ्गात् संवृतः सर्वतो भगवान् विष्णुरेव प्रकाश्यते वेदैर्वेदविदैश्च ।

भवति चात्रास्माकम्—

गुह्यः सः विष्णुः कुरुते समस्तं गूढं जगत्स्वस्य च गोह्यधर्मतः ।
अन्तः स विश्वस्य बहिस्तथैव गुह्यो गुहायां कुरुते [1]विरामम् ।।७१।।

१—विरामम्—विशेषं रमणम् ।

तत्र मन्त्रलिङ्गञ्च—

सोम रारन्धि नो हृदि गावो न यवसेष्वा ।
मर्य इव स्व ओक्ये । ऋक् १।९१।१३ ।।
हृदा पश्यन्ति मनसा विपश्चितः । ऋक् १०।१७७।१ ।।

गभीरः—५४३

गभीर-गम्भीरशब्दौ उणादौ (४।३५) निपात्येते ईरन्प्रत्ययान्तौ । तत्र "गम्लृ गतौ" धातुस्तस्मादीरन् प्रत्ययः भकारश्चान्तादेशः । तेन गभीरः, निपातनेन नुमि च गम्भीरः । द्वयोरर्थः समान एव । गच्छतीति गभीरो गम्भीरो वा ।

केचित्तु 'गाधृ प्रतिष्ठालिप्सयोर्ग्रन्थे च' इति धातोः ईरन् प्रत्ययं विधाय

इसमें "तदेजति······तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ।" (यजुः ४०।५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । सब प्रकार से संवृत अन्तर्हित भगवान् विष्णु का ही सब वेद और वेदविद् प्रकाश करते हैं ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

गुह्य नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह अपने गुह्यरूप धर्म से सकल विश्व का आच्छादन करता है, वह सम्पूर्ण विश्व के अन्तर तथा बाहर सर्वत्र विराजमान है और स्वयं गुह्य होकर प्राणियों के हृदयरूप गुहा में विशेष करके रमण करता है ।

इसमें वेदवचन प्रमाण हैं—"सोम रारन्धि नो हृदि" (ऋक् १।९१।१३) तथा "हृदा पश्यन्ति मनसा विपश्चितः" (ऋक् १०।१७७।१) इत्यादि ।

गभीरः—५४३

गभीर और गम्भीर दोनों शब्द 'गम्लृ गतौ' धातु से उणादि ईरन् प्रत्यय, भकार अन्तादेश तथा एक स्थान में नुम् का निपातन करने से सिद्ध होते हैं तथा अन्य व्याख्याकार 'गाधृ प्रतिष्ठालिप्सयोर्ग्रन्थे च' इस धातु से 'ईरन्' प्रत्यय, धातु को ह्रस्व, भकार अन्तादेश

धातोर्ह्रस्वत्वं भकारादेशं, निपातनान्नुमञ्च विधाय गभीर-गम्भीरशब्दौ साधयन्ति। गाध्यते प्रतिष्ठाविषयो लिप्साविषयश्च भवतीत्यर्थः, अर्थात् प्रतिष्ठमानो लिप्स्यमानो वा गभीर इति। बाहुलकाच्च कटचत इति कटीरम्—हरीतकी। कुडि धातोः कुडीरम्, कुण्डेर्नुम्प्रतिषेधोऽपि बाहुलकादेव (द्र० दशपादी उणादिवृत्ति ७।७७)

मन्त्रलिङ्गञ्च—

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।
किमावरीवः कुहकस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्।
ऋक् १०।१२९।१॥

यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन्त्सो अङ्ग वेद यदि वा न वेद।
ऋक् १०।१२९।७॥

महामहिमवत्त्वात् स गभीरः। गच्छीति गभीरः सूर्यः। अगाधशक्तिमत्त्वात् स गभीरो विष्णुः सूर्यो वा। आत्माऽपि अगाधशक्तित्वाद् गभीरो गम्भीरो वा। प्रसूतिपरम्परयानन्तज्ञानत्वान्मनुष्योऽपि गभीरः।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्गभीरः स हि वास्ति सूर्यः प्रतिष्ठितश्चास्ति चराचरे सः।
विपश्चितस्तं कवयः सदैव पश्यन्त्यलीकं मनसा हृदन्तः॥७२॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

हृदा पश्यन्ति मनसा विपश्चितः (ऋक् १०।१७७।१) इति।

तथा पक्ष में निपातन से नुम् करके गभीर और गम्भीर शब्द सिद्ध करते हैं। जो प्रतिष्ठा वा लिप्सा प्राप्ति की इच्छा का विषय होता है अथवा प्रतिष्ठित वा चाहा हुवा होता है वह गभीर वा गम्भीर कहाता है। बहुल-वचन से 'कट' धातु से कटीर, तथा 'कुडि' इदित् धातु से कुडीर शब्द सिद्ध होते हैं। कुडि धातु को इदित् होने से प्राप्त नुमागम के अभाव का निषेध भी बहुल से ही होता है। इसमें **"नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं……किमासीद् गहनं गभीरम्"** (ऋक् १०।१२९।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है। वह इसलिये गभीर है कि उसकी महिमा अगाध है। गच्छति=जाता है इस व्युत्पत्ति से सूर्य भी गभीर है। अगाध शक्ति वाला होने से सूर्य और विष्णु दोनों ही गभीर हैं। प्रसूति=सन्तान परम्परा से अनन्त ज्ञान वाला होने से मनुष्य भी गभीर है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु वा सूर्य का नाम गभीर है, क्योंकि वह जड़ तथा चेतन में प्रतिष्ठित है। ज्ञानी पुरुष उसको सदा अपने हृदय में मन के द्वारा देखते हैं।

इसमें **"हृदा पश्यन्ति मनसा विपश्चितः"** (ऋक् १०।१७७।१) यह वेद-वचन प्रमाण है।

गहनः—५४४

'गाहू विलोडने' भौवादिको धातुस्ततो "**बहुलमन्यत्रापि**" (२।७८) इत्युणादिसूत्रेण युच् प्रत्ययः, बाहुलकाच्च धातोर्ह्रस्वादेशः, । योरनादेशः, गहनः । विलोडयिता मन्थिता वा गहनः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

दूरे चत्ताय च्छन्त्सद् गहनं यदिनक्षत् ।
अस्माकं शत्रून् परि शूर विश्वतो दर्मा दर्षीष्ट विश्वतः ।

ऋक् १।१३२।६ ॥

विलोडनार्थे मन्त्रलिङ्गम्—

संबाहुभ्यां धमति सं पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देव एकः ।

ऋक् १०।८१।३ ॥

'बाधृ विलोडने' धातोर्बाहुः । स्पष्टीकृतमेतद् विश्वबाहुः (२१३) नामव्याख्याने ।

लोके चानुभूयते—प्रतिप्राणि लघुगुरुभेदात्मकमान्त्रयुगलं विलोडनकर्मप्रधानकं प्रतिष्ठापयन् सर्गारम्भाद्यक्षणाद् आरभ्य सर्गान्तं यावद् गाहनगुणको विलोडनगुणको वा विष्णुः सर्वत्र व्याप्तं, गहनाख्यं गुणमव्यक्तमपि व्यनक्ति स्वमिति । उक्तञ्च ऋग्वेदे—**हृदा पश्यन्ति मनसा विपश्चितः** (१०।१७७।१) इति । विपश्चितः=लब्धगुरूपदेशाः । एवं गहनाख्यो विष्णुर्विश्वं व्यश्नुते ।

गहनः—५४४

विलोडनार्थक भ्वादि गण की गाहू धातु से उणादि (२।७८) युच् प्रत्यय, बाहुलक से धातु को ह्रस्वादेश तथा यु को अन आदेश होने से गहन शब्द सिद्ध होता है । जिसका अर्थ 'विलोडन=मन्थन करने वाला' होता है । भगवान् के गहन नाम में "**दूरे चत्ता यच्छन्त्सद् गहनं यदिनक्षत्**" (ऋक् १।१३२।६) यह मन्त्र प्रमाण है तथा विलोडनरूप अर्थ में "**संबाहुभ्यां धमति सम्पतत्रैः**" (ऋक् १०।८१।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । बाहु शब्द "बाधृ विलोडने" धातु से बनता है । इसका स्पष्टीकरण २१३ संख्या वाले 'विश्वबाहु' नाम के व्याख्यान में किया गया है ।

लोक में भी अनुभव होता है, प्रत्येक प्राणि में लघु और गुरु भेद से आन्त्रयुगल=अन्तड़ियों के जोड़े का अर्थात् दो-दो अन्तड़ियों को निर्माण किया है, जिसका प्रधान कर्म विलोडन=मन्थन करना है । भगवान् सृष्टि से लेकर प्रलय तक स्वयं गहन=विलोडन गुण वाला होने से अपने अव्यक्त रूप गाहन गुण को सर्वत्र संसार में प्रकट कर रहा है । ऋग्वेद में यह स्पष्ट कहा है—**'जिन्होंने सद् गुरुओं से उपदेश प्राप्त किया है वे विद्वान् मन के द्वारा सर्वत्र उस परमेश्वर को देखते हैं ।" हृदा पश्यन्ति मनसा विपश्चितः ।** (ऋक् १०।१७७।१) इस प्रकार से भगवान् गहन सर्वत्र विश्व में व्यापक

विश्वबाहुरिति (२१३) नामव्याख्याने विशदं व्याख्यातं तत्र द्रष्टव्यम् । तत्रोक्तमिहावगन्तव्यं वा ।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णु [1]मनोज्ञं [2]गहनं [3]भविष्णुं [4]विलोडनाधारनिधानदक्षम् ।
यथा शरीरं कुरुते पृथक्शः पश्यन्ति तं [5]लब्धगुरूपदेशाः ॥७३॥

१—ज्ञानगम्यम् । २—विलोडनाधारस्य कर्तारम् । ३—सत्ताशीलम् । ४—विलोडनाधारमान्त्रं—तत्र भक्ष्य, चोष्य, अवलेह्य, पेयेति चतुर्विधस्याहारस्य भेदको वायुः । तच्च महास्रोतःशब्देनापि संज्ञाप्यते । ५—लोकवेदयोः साम्यं गुरुमुखादधिगतं यैस्ते लब्धगुरूपदेशाः ।

गुप्तः--५४५

'गुपू रक्षणे' भौवादिको धातुस्ततः कर्मणि क्तः, ऊदित्त्वादिड्विकल्पः, विकल्पेट्कत्वाच्च निष्ठायां **"यस्य विभाषा"** (पा० ७।२।१५) सूत्रेणेण्निषेधः । आयादेशोऽप्यस्य वैकल्पिकः **"आयादय आर्धधातुके वा"** (पा० ३।१।३१) इति सूत्रेण । अत आयादेशाभावपक्षे गुणाभावे च गुप्त इति । स्वयं गुप्तो विश्वं गोपायतीति गुप्तः । यथा त्वक् शरीरमावृणोति, आवृत्य च रक्षति, तथैवायं भगवान् गुप्ताख्यो विष्णुर् जगदिदं निर्माय तस्य रक्षाविधानमपि विधत्ते । अत एवायं गुप्त इति ।

हो रहा है । इस विषय का स्पष्ट व्याख्यान **'विश्वबाहु'** नाम में किया गया है इसलिये वहीं देखना चाहिये । अथवा वहां जो कुछ कहा है वह सब यहां समझ लेना चाहिये ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

सत्स्वभाव ज्ञानगम्य मन्थन तथा मन्थन के आधार को बनाने वाले भगवान् विष्णु का नाम गहन है क्योंकि वह प्रत्येक शरीर में विलोडन के आधार भूत आन्त्र युगल को शरीर के अनुसार बनाता है । जिन्होंने सद्गुरुओं से श्रद्धापूर्वक उपदेश प्राप्त किया है, वे विद्वान् पुरुष ही भगवान् को देखते हैं ।

विलोडन का आधार आन्त्रड़ियों का युगल है, आन्त्र-युगल में ही चतुर्विध आहार का वायु भेदन करता है । इस आन्त्र-युगल का दूसरा नाम महास्रोत भी है ।

गुप्तः—५४५

'गुपू रक्षणे' धातु भ्वादिगण की है, उससे कर्म में क्त प्रत्यय करने से गुप्त शब्द की सिद्धि होती है । जिसका अर्थ 'जो स्वयं गुप्त होकर विश्व की रक्षा करे' होता है । जैसे त्वगिन्द्रिय शरीर का आच्छादन करती है और शरीर की भी रक्षा करती है, उसी प्रकार भगवान् विष्णु जगत् का निर्माण करके इसकी रक्षा करता है । इसलिये भगवान् का नाम

मन्त्रलिङ्गम्—

अच्युतच्युत् समदो गमिष्ठो मृधो जेता पुरएतायोध्यः ।
इन्द्रेण गुप्तो विदथा निचिक्यद्धृद्द्योतनो द्विषतां याहि शीभम् ।
अथर्व ५।२०।१२ ।।

भवति चात्रास्माकम्—

गुप्तो ह विष्णुः कुरुते सुगुप्तं विरच्य विश्वं सकलं चिराय ।
शिल्पी यथा यन्त्रविधानविज्ञो गोपायतीत्थं भगवान् स गुप्तः ।।७४।।

गोपायतीति शेषः ।

चक्रगदाधरः--५४६

चक्रम्—"डुकृञ् करणे" धातुस्ततः "**घञर्थे कविधानम्**" (पा० ३।३।५८) इति घञर्थे कः प्रत्ययस्तस्मिंश्च परतः "**द्विर्वचनप्रकरणे कृञादीनां के**" इति पा० ६।१।१२ सूत्रस्थेन वार्तिकेन द्वित्वं, 'कृ कृ अ' इति स्थिते "**पूर्वोऽभ्यासः**" (पा० ६।१।४) इति अभ्याससंज्ञा, "**उरत्**" (पा० ७।४।६६) सूत्रेणाभ्यासस्य-अकारो रपरः, "**हलादिः शेषः**" (पा० ७।४।६०) इति 'क कृ अ' इति स्थिते "**कुहोश्चुः**" (पा० ७।४।६२) इति चवर्गादेशः । "**इको यणचि**" (पा० ६।१।७७) इति यण्—ऋकारस्य रेफश्चक्रमिति ।

यद्वा "चक तृप्तौ" इति भौवादिकाद् धातोः "**चकिरम्योरुच्चोपधायाः**" (२।१४) इत्युणादिसूत्रेण रक् प्रत्ययः, बाहुलकादुत्वाभावः । "**नेड् वशि कृति**" (पा० ७।२।८) इतीण्निषेधः । क्रियते चक्यते=तृप्यते वा येनेति चक्रम् ।

गुप्त है । इसमें "**अच्युतच्युत् समदो······इन्द्रेण गुप्तो विदथा**" (अथर्व ५।२०।१२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम गुप्त है; क्योंकि वह गुप्त होकर विश्व की रचना तथा उसकी रक्षा करता है । जैसे यन्त्र के निर्माण का जानने वाला शिल्पी यन्त्र को बनाकर उसकी रक्षा करता है । इसलिये भगवान् का नाम गुप्त है ।

चक्रगदाधरः—५४६

चक्र शब्द "डुकृञ् करणे" धातु से घञर्थ में क प्रत्यय और उस 'क' प्रत्यय के परे रहते 'कृ' को द्वित्व तथा अभ्यासादि सकल कार्य और अन्त्य ऋकार को यणादेश होने से सिद्ध होता है ।

अथवा "चक तृप्तौ" धातु से उणादि (२।१४) रक् प्रत्यय होने से चक्र शब्द बनता है । जिससे कार्य किया जाये अथवा जो तृप्ति का साधन हो, उसका नाम चक्र है ।

गदा—"गद व्यक्तायां वाचि" भौवादिको धातुस्ततः पचाद्यच्, स्त्रियाञ्च टाप् प्रत्ययो दीर्घः, गदा व्यक्तं वदतीति । चक्रञ्च गदा च चक्रगदे, ते धारयतीति चक्रगदाधरः । प्रकृते प्रत्यये संज्ञाछन्दसोः "रोर्देणिलुक् च" (२।२३) इत्युणादिसूत्रेण णेर्लुग् विधीयते, तदन्येभ्योऽपि धातुभ्यो भवति बाहुलकात् । तेन पाशान् धारयतीत्यर्थे पाशधरः, शूलधरः, चक्रधरः, वज्रधरः, शक्तिधरः, श्रीधरः, धरणीधर इत्यादयः सिध्यन्ति । लुग्विधानात् णेः प्रत्ययलोपेन वृद्धिर्न भवति (द्र० पा० १।१।६३) अजुनिमित्तो गुणो भवति ।

यद्वा—"धृञ् धारणे" भौवादिको धातुस्तस्मात् पचाद्यच्, धरतीति धरः, अन्तर्भावित ण्यर्थोऽत्र धरतिः । शेषत्वविवक्षायां चक्रगदयोर्धरश्चक्रगदाधरः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"सूरश्चिद्रथं परितक्म्यायां पूर्वं करदुपरं जूजुवांसम् ।
भरच्चक्रमेतशः सं रिणाति पुरो दधत् सनिष्यति क्रतुं नः ।।
ऋक् ५।३१।११ ।।

एवं बहुत्र मन्त्रेषु चक्रशब्दः प्रयुक्तोऽस्ति । यथा—"द्वे ते चक्रे"
ऋक् १०।८५।१६ ।।

भवति चात्रास्माकम्—

चक्रं हि तद्येन करोति विश्वं दधाति तच्चक्रधरोऽप्यतोऽसौ ।
सूर्योऽपि चक्रं भुवनानि चक्रं चक्रं विना नास्ति जगद्धि किञ्चित् ।।७५।।

गदा शब्द "गद व्यक्तायां वाचि" भ्वादि गण की धातु से पचादि अच् प्रत्यय तथा स्त्रीलिङ्ग में टाप् प्रत्यय होने से सिद्ध होता है । जो स्पष्ट बोले वह गदा है । चक्र और गदा को जो धारण करे वह चक्रगदाधर कहाता है । धर शब्द ण्यन्त 'धारि' धातु से पचादि अच् प्रत्यय तथा बाहुलक से 'णि' का लुक् होता है । इस प्रकार से चक्रगदा और धर शब्द का षष्ठी समास होने से "चक्रगदाधरः" शब्द बनता है । इसी प्रकार पाशधर, शूलधर, चक्रधर, वज्रधर तथा शक्तिधर आदि सिद्ध होते हैं । णि का लुक् करने से णि को प्रत्ययलक्षण मान कर वृद्धि नहीं होती, अच्निमित्तक गुण होता है ।

इसमें "सूरश्चिद्रथं……। भरच्चक्रमेतशः सं रिणाति पुरो दधत् सनिष्यति क्रतुं नः ।" (ऋक् ५।३१।११) इत्यादि मन्त्रों में चक्र शब्द का प्रयोग बहुत करके होता है । जैसे "द्वे ते चक्रे" (ऋक् १०।८५।१६) इत्यादि ऋक् में ।

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

चक्र नाम उसका है, जिसके द्वारा विश्व की रचना करता है । इस चक्र को जो धारण करे उसका नाम चक्रधर है । सूर्य का नाम भी चक्र है, भुवनों का नाम भी चक्र है, सकल संसार ही चक्ररूप है, चक्र के विना संसार कुछ भी नहीं है ।

वेदोऽस्ति वाचां निचयः पुराणोः गदास्ति वाग् धारयते च तां सः ।
गदाधरः प्राणिनि वाक्प्रवृत्तः स वाङ्मयं विश्वमिदं तनोति ॥७६॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—
"मन्द्रो होता नित्यो वाचा यजीयान् ।" ऋक् १०।१२।२ ॥
शूरोऽपि यदि गदां धारयति गदाधर उच्यते । तथा च—
इयं गदा या समरे सशब्दा प्रक्षिप्यते द्वेष्टरि मन्युगर्भा ।
तां यो दधात्यात्मनि निर्भयः सन् गदाधरोऽसौ मनुजोऽप्यनिन्द्यः ॥७७॥

वेधाः—५४७

विपूर्वको "डुधाञ् धारणपोषणयोः" जौहोत्यादिको धातुः, ततः "**विधाञो-वेधश्च**" (४।२२५) इत्यौणादिकोऽसुन्प्रत्ययापवादोऽसिः प्रत्ययः, स्वरभेदः प्रयोजनम् । विपूर्वस्य धातोर्वेधादेशः, आदेशेऽकार उच्चारणार्थः । असन्तलक्षणो दीर्घः (द्र० पा० ६।४।१४) 'वेधाः' इति । विदधातीति वेधा विधाता ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—
"अग्ने कविर्वेधा असि होता पावक यक्ष्यः ।
मन्द्रो यजिष्ठो अध्वरेष्वीड्यो विप्रेभिः शुक्र मन्मभिः ॥"
ऋक् ८।६०।३ ॥

यद्वा "विध विधाने" तौदादिकाद्धातोः "**विधतेर्वेध वा**" (दशपादी उणादि ९।८५) इत्युणादिरसिप्रत्ययो भवति वेधादेशश्च वा भवति विधाः, वेधा वा (द्र० दश० उ० वृत्ति ९।८५) ।

वाणी के समूह का नाम वेद है तथा उसी वाणी का नाम गदा है और वाणी रूप गदा को वह धारण करता है । प्राणी में भी वाणी के धारणा से गदाधर शब्द प्रवृत्त है । भगवान् वाङ्मयरूप विश्व की रचना करता है । इसमें "**मन्द्रो होता नित्यो वाचा यजीयान्**" (ऋक् १०।१२।२) यह मन्त्र प्रमाण है ।

सांसारिक मनुष्य भी जब युद्ध में गदा धारण करता है तब क्रोध में आकर अर्थात् क्रुद्ध होकर शत्रु पर उसका शब्द सहित प्रयोग करता है । उस गदा को जो निर्भीक होकर धारण करता है, वह अनिन्द्य पुरुष भी गदाधर नाम से कहा जाता है ।

वेधाः—५४७

विपूर्वक "डुधाञ् धारणपोषणयोः" जुहोत्यादि गण की धातु से उणादि 'असि' प्रत्यय, वि उपसर्ग सहित धा धातुको 'वेध' आदेश तथा प्रातिपदिक से सु आने पर असन्त लक्षण दीर्घ होकर 'वेधाः' शब्द बनता है । वेधा शब्द का अर्थ है 'जो करता है ।' इसमें "**अग्नेः कविर्वेधा असि**" इत्यादि ऋग्वेद (८।६०।३) वचन प्रमाण है ।

अथवा "विध विधाने" तुदादि गण की धातु से उणादि असि प्रत्यय तथा विकल्प से वेध आदेश हो जाता है, जिससे 'विधाः' वा 'वेधाः' दो शब्द सिद्ध हो जाते हैं ।

भवति चात्रास्माकम्—

अग्निर्हि वेधाः स कविः स होता स एव यक्ष्यः स यजिष्ठ उक्तः ।
विश्वं समस्तं विदधाति सान्तं तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा ।।७८।।

लोकेऽपि च पश्यामः—आत्मा यावज्जीवं सान्तं शरीरं स्वीयया चेतन-शक्त्या बिभर्त्ति, तावदेव च सर्वेन्द्रियप्रचारः यावदात्माधिदेहं विराजते । एवं हि विराट्शक्त्या विराड् इदं जगद् विचित्रचित्ररमणीयतामापन्नं दृश्यते । वेधाः शब्दो हि वेदे बहुत्र प्रयुक्तः प्रत्यग्निसूर्यं विद्योतमानः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः ।
देवो देवेभिरागमत् ।। ऋक् १।१।५ ।।

स्वाङ्गः—५४८

स्वः—"स्वृ शब्दोपतापयोः" धातोर्डप्रत्ययान्तः प्राग् व्युत्पादितः ।

अङ्गमपि 'अगि' गत्यर्थकधातोः 'कनकाङ्गदी' नामव्याख्याने कृतव्याख्य-मिति । स्वस्मिन्निति स्वविरचिते जगति अङ्गं=गमनं यस्य, यद्वा स्वाधिष्ठानकं

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

अग्नि रूप भगवान् विष्णु ही वेधा, कवि, होता, यक्ष्य तथा यजिष्ठ नामों से कहा जाता है । वह इस सान्त=जिसका अन्त=विनाश होता है, ऐसे इस विश्व को बनाता है तथा उसी परमेश्वर में ये सब भुवन स्थित हैं ।

लोक में भी देखते हैं, जीवन भर आत्मा अपनी चेतन शक्ति से इस सान्त शरीर को धारण करता है तथा जब तक जीवात्मा इस शरीर में विराजता है तब ही तक इन्द्रियां अपने विषयों में विहार करती हैं । इस प्रकार यह जगद् विराट् की शक्ति से विचित्र सौन्दर्य को प्राप्त हुवा दीखता है ।

वेधा शब्द का वेद में बहुत प्रयोग होता है । अग्नि और सूर्य के प्रति प्रकाशमान होने से वह वेधा है । इसमें यह वेद वचन **"अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः"** (ऋक् १।१।५) इत्यादि प्रमाण है ।

स्वाङ्गः—५४८

'स्व' शब्द का व्याख्यान प्रथम किया जा चुका है, 'अङ्ग' शब्द का व्याख्यान भी 'कनकाङ्गदी' नाम की व्याख्या में किया गया है । स्व शब्द से अपना जगत् और अङ्ग शब्द से गमन अर्थात् 'अपने बनाये हुवे जगत् में है गमन=गति जिसकी' उसका नाम है स्वाङ्ग । अथवा 'अपने आप में है गमन जिसका' उसका नाम स्वाङ्ग है । भगवान् विष्णु वा सूर्य का नाम स्वाङ्ग है ।

गमनं यस्येति वा स्वाङ्गो विष्णुः सूर्यो वा। यद्व्यवस्थया सूर्यः स्वयं गमनं करोतीति वा स विष्णुः स्वाङ्गः। बृहद्भानुपदेन वेदे विष्णुरेव सम्बोध्यते। लोके चापि दृश्यते—यावदयं जीवात्मा शरीरे विराजते, तावत् स्वयं तस्याङ्गानि गतिं विदधति, निर्गते चात्मनि न केनापि तान्यङ्गानि अङ्गयितुं चालयितुं शक्यन्ते। तथैवायं विष्णुर्यविदिदं विराजं जगद् अधितिष्ठति, स्वाङ्गमयं विश्वमिदं तं स्वाङ्गं विष्णुं व्यनक्ति। मन्त्रलिङ्गञ्च—

ऊर्ध्वं भानुं सूर्यस्य स्तभायन् दिवो वसुभिररतिर्वि भाति ॥
ऋक् १०।३।२ ॥

आ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः। ऋक् १०।१३।१ ॥
स्थिरेभिरङ्गैः पुरुरूप उग्रो बभ्रुः शुक्रेभिः पिपिशे हिरण्यैः।
ईशानादस्य भुवनस्य भूरेर्न वा उ योषद् रुद्रादसुर्यम्।
ऋक् २।३३।९ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स्वान्तः स्थिराङ्गः पुरुरूपभानुर्विश्वं समस्तं गमयत्यचिन्त्यम्।
न कोऽपि तस्यास्ति गतेर्विधाता स्वाङ्गः स्वयं सर्वगतोऽस्ति यस्मात् ॥७६॥

अजितः—५४९

"जि जये" धातोः कर्मणि क्तः, गुणाभावः, अनिडयं धातुः। जीयते इति जितः, न जितः, अजितः। नञ्तत्पुरुषसमासे नञो नलोपेऽजित इति।

अथवा जिसकी व्यवस्था से सूर्य स्वयं गमन करता है, उसका नाम स्वाङ्ग है। वेद में विष्णु को 'बृहद्भानु' नाम से सम्बोधित किया है। लोक में भी देखा जाता है जब तक यह जीवात्मा शरीर में विराजमान रहता है तब तक उस शरीर के अङ्ग उपाङ्ग स्वयं गतिशील बने रहते हैं, जीवात्मा के निकल जाने पर उनको कोई भी चलाने में समर्थ नहीं होता। इसी प्रकार स्वाङ्गमय यह जगत् गतिशील होकर पद-पद पर उस स्वाङ्गरूप विष्णु को प्रकट कर रहा है। इसमें "ऊर्ध्वं भानुं सूर्यस्य······वसुभिररतिर्वि भाति" (ऋक् १०।३।२) इत्यादि वेदमन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

जगत् में अन्तर्यामीरूप से विविध रूपों से प्रकाशमान भगवान् इस अचिन्त्य समस्त विश्व को चलाता है, गति देता है, किन्तु परमेश्वर को गति देने वाला कोई नहीं हैं तथा वह सर्वगत होने से स्वाङ्ग नाम वाला है।

अजितः—५४९

'जि जये' धातु से कर्म में क्त प्रत्यय होने से जित शब्द बनता है। नञ् के साथ जितः शब्द का तत्पुरुष समास होने से अजित शब्द सिद्ध होता है।

जयपराजयौ हि द्विकं तृकौ। द्वितीयस्य च यत्र तत्र निषेधः श्रूयते। यथा अथर्ववेदे—"न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो न" (अथर्व १३।४।१५) इति अजितनामैकत्वस्य व्यञ्जकम्। यतो हि स विष्णुरेकोऽतः केन जितः स्यादित्यजित एव सः। स एव चात्मानं वितत्य विश्वरूपेण विश्वं नियमयन् द्वन्द्वाभासो भवति। लोके यथा—सोदर्याणां भ्रातृणामाकृतीनां भेदकं किञ्चित् लक्षणं भवति, येनायमस्मात् परः, अयञ्चास्मात्पूर्वं इति परस्परं तत्पृथक्त्वं ज्ञाप्यते। एतदभावे लोकव्यवहार एव विच्छिद्येत। सैषा लोकव्यवस्था तस्याजितस्य छायाभूता सर्वथा तमजितं व्यनक्ति।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

लोकेऽजितः कः स हि विष्णुरेकः परोऽपरं यस्यति चाधिकर्तुम्।
न चात्र तस्यास्ति परः समानः स्वयं स लोकेऽजित आत्मसंस्थः ॥८०॥
एवं हि यो वेत्ति ततं हि विष्णोर्व्याप्तं स्वरूपं सकले कले [1]ले।
मनोविकारैर्वलितः स नान्यं सङ्क्लेशयन्नात्मसुखानि भुङ्क्ते ॥८१॥

१—ल इति—लाति=आदत्ते=आदानं वा प्राप्नोतीति लः। यद्वा लातीति लाः कर्तरि क्विपि, ला एव लः, स्वार्थेऽणि अवर्णलोपे लः, तस्मिल्ले।

जय तथा पराजय ये दो-दो के आश्रित होते हैं, दो का विरोध होने पर ही एक का जय तथा दूसरे का पराजय=हार होती है, किन्तु वेद में जहां तहां द्वितीय का निषेध सुनने में आता है, जैसे अथर्व वेद में—"न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो न" इत्यादि। इसलिये अजित शब्द एकत्व को प्रकट करता है। इसलिये जब वह विष्णु एक ही है, तब उसको जीतने वाला दूसरा कोई है ही नहीं, इसलिये वह अजित है। किन्तु वह विष्णु स्वयं विश्वरूप बनकर विश्व का नियन्त्रण करता हुवा, द्वन्द्व रूप-सा प्रतीत होता है। जैसे लोक में एक उदर से उत्पन्न हुवे सगे भाईयों के आकार का भेद करने वाला, कोई चिह्न विशेष होता है, जिससे यह इससे प्रथम है और यह इससे अपर या लघु है, ऐसी प्रतीति होती है। यदि ऐसा न हो तो लोक का व्यवहार ही समाप्त हो जाये। यह ही लोक की व्यवस्था भगवान् विष्णु की प्रतिविम्ब होकर उस अजित को प्रकट कर रही है।

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

भगवान् विष्णु ही लोक में अजित रूप है, जो पर तथा अपर पर अपना अधिकार किये हुवे है। यहां उसके समान दूसरा कोई नहीं है, वह अपने आप में स्वयं ही अजित है।

इस प्रकार जो पुरुष सकल विनश्वर जगत् के व्यवहार में विष्णु के स्वरूप को व्याप्त जानता है, वह मनोविकारों से युक्त भी दूसरों को पीड़ित न करता हुवा, सुख का भोग करता है।

भाष्यकार के श्लोक में 'ल' नाम सूर्य का है, क्योंकि वह लेता है, आदान करता है अर्थात् अपनी किरणों द्वारा रसों को ग्रहण करता है अथवा "ला आदाने" धातु से कर्त्ता में क्विप् तथा क्विबन्त से स्वार्थ में अण् प्रत्यय करने से 'ल' शब्द सिद्ध होता है। यह सकल

कल इति—कलनं कलः, गणना=संख्यानं वा, तदस्यास्तीति कलो विकारी तस्मिन्। सकलः समानः कलो लो वा यस्य स सकलः सर्वजगद्व्यवहारः। नश्वरमिदं सर्वं नियतायुष्यञ्च सूर्यभगणगतिरूपेण कालेन। तस्मिन् जगति नश्वरे लरूपे।

सर्वं स्वकेऽस्त्यप्रतिमस्वरूपं मूढो न जानन् धुनुते स्वमन्तः।
मोहेऽपयाते न [1]परं हि पश्यन् सुखं शयानोऽजितमेति चान्ते ॥८२॥

१—परं=अन्यं=द्वितीयमिति। अजितं=विष्णुम्।

कृष्णः—५५०

"कृष विलखने" धातो, "कृषेर्वर्णे" (३।४) उणादिनक्प्रत्ययः, अनिडयं, कित्वाद् गुणाभावः। "रषाभ्यां नो णः समानपदे" (पा० ८।४।१) सूत्रेण णत्वम्। बाहुलकाद् वर्णार्थितोऽन्यत्रापि नक् दृश्यते। यथा—"आ कृष्णेन रजसा वर्तमानो……रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्।" यजुः ३३।४३; ३४।३१॥

"आ कृष्णेन" इत्यस्यार्थमन्यभावेन वदति वेदः—"आ रात्रि पार्थिवꣳ रजः।" यजुः ३४।३२॥

"द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते अजरे भूरिरेतसा।"
यजुः ३४।४५॥

जगत् सूर्य की गति रूप काल से नियत आयु वाला होने से नश्वर है ऐसे नश्वर लकाररूप जगत् में, यह अभिप्राय 'ले' का है।

'कल' नाम गणना का है, वह जिसमें है, मत्वर्थीय अच् होने से कल शब्द बनता है, जिसका अर्थ होता है विकारी, व्यावहारिक, समान है कल=व्यवहार जिसका ऐसा जो लरूप नश्वर जगत् उसमें।

जगत् का प्रत्येक प्राणी अपने आप में अप्रतिम=अपरिमेय=परिणामरहित है, मूढ़ प्राणी इस अर्थ तत्व को न जानता हुवा हृदय में कम्पायमान होता है और जब इसका मोह या अज्ञान समाप्त हो जाता है तब वह अपने जीवन को सुखपूर्वक व्यतीत करके अन्त में भगवान् अजित को प्राप्त होता है।

कृष्णः—५५०

'कृष विलेखने' धातु से बाहुलक से वर्णव्यतिरिक्त अर्थ में नक् प्रत्यय उणादि तथा नकार को णकार होने से कृष्ण शब्द सिद्ध होता है। कृष्ण शब्द का अर्थ आकर्षण=अपनी ओर खींचना या धारण करना है। सकल जगत् का आकर्षण=धारण करने से भगवान् का नाम कृष्ण है। कृष्ण नाम अन्धकार का भी है। इस उपरोक्त सकल अर्थ में "आ कृष्णेन रजसा वर्तमानः" (यजुः ३३।४३; ३४।३१) तथा आ कृष्णेन शब्द के अर्थ को दूसरे प्रकार से बताने वाले "आ रात्रि पार्थिवꣳरजः" (यजुः ३४।३२) तथा "द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते अजरे भूरिरेतसा" (यजुः ३४।४५) इत्यादि यजुर्वेद का मन्त्र

एवं च कर्षणत्वबृंहणत्वोपेतमिदं पार्थिवं जगन्नक्तत्वदिनत्वरूपेण तं भगवन्तं व्यनक्ति । रात्रिः=तमः, दिनं=प्रकाशः । यद्वा रात्रिः=पृथिवी, दिनं=द्यौरिति । द्यावापृथिवी तेनैव वरुणधर्मणा धृते तमेव कृष्णं=विष्कभितारं व्यङ्क्तः । कृष्णशब्दः सप्तपञ्चाशत्तमे नाम्नि व्याख्यातचरस्तत्र द्रष्टव्यः ।

लोकेऽपि दृश्यते—चिकित्साविदामेतत् सूत्रं सत्यापयत्यात्मनः स्वरूपं "चिकित्सितं कर्षणबृंहणाख्यम्" शार्ङ्गधरसंहिता ।

भवति चात्राऽस्माकम्—

द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं यत्
कृष्णेन सर्वं धृतमस्ति नित्यम् ।
यो वेत्ति कृष्णं स हि वेत्ति शुक्लं
छायाऽस्ति कार्ष्ण्यं न जहाति सा स्वम् ॥८३॥

मन्त्रञ्च—"आत्वेषं वर्तते तमः ।" यजुः ३४।३२ ॥
त्विष दीप्तौ, त्वेषं=दिनम् ।

दृढः–५५१

दृढ इति "दृह वृद्धौ" भौवादिको धातुः, तस्मात् 'क्तः' प्रत्ययः । "दृढः स्थूलबलयोः" (पा० ७।२।२०) इति निपातनाद् इडभावः, तकारस्य ढः, धातु-

---

प्रमाण हैं । रात्रि नाम तम का है और दिन नाम प्रकाश का है, अथवा रात्रि नाम पृथिवी का है और दिन नाम द्यौ=अन्तरिक्ष का है । द्यावापृथिवी उसी वरुणधर्मा विष्णु के द्वारा धारण किये हुवे हैं तथा उसी धारकधर्म विशिष्ट कृष्ण के व्यञ्जक=प्रकट करने वाले हैं । कृष्ण शब्द का व्याख्यान ५७ संख्या के नाम में कर दिया है ।

लोक में भी "चिकित्सितं कर्षणबृंहणाख्यम्" (शार्ङ्गधर संहिता) इस चिकित्सकों के सूत्र से कृष्ण शब्द का उक्त अर्थ प्रमाणित होता है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

द्यौ और पृथिवी का जो अन्तराल भाग तथा ये दोनों उसी भगवान् कृष्ण के द्वारा धारण किये हुवे हैं । जो कृष्ण के स्वरूप को जानता है, वह ही शुक्ल को जानता है । कार्ष्ण्य छाया=प्रतिबिम्ब है, वह अपने स्वरूप बिम्ब का कभी त्याग नहीं करती । इसी अर्थ में "आत्वेषं वर्तते तमः" (यजुः ३४।३२) यह वेद-वाक्य प्रमाण है । 'त्विष दीप्तौ' धातु से त्वेषा शब्द बनता है जिसका अर्थ दिन है ।

दृढः—५५१

'दृढ' शब्द वृद्धि अर्थ वाली भौवादिक 'दृह' धातु से 'क्त' प्रत्यय, प्रत्यय को ढकारादेश, हकार का लोप एवं इट् का अभाव निपातन (द्र० पा० ७।२।२०) से होता है ।

स्थहकारस्य लोपः, दृढ इति। यद्वा "दृहि वृद्धौ" धातोरिदित्त्वात् प्राप्तस्य नुमो नलोपोऽपि निपात्यः, शेषं पूर्ववत्। दृढः स्थूलो बलवान् वा।

लोकेऽपि प्रतिपदं व्यवस्था दृश्यते--यो हि स्वसंबद्धं निजे बले वशी करोति स दृढ इत्युच्यते। तद्यथा—समुद्रः स्वां परिधिं न जहाति, आसर्गाद् अद्य यावत् पृथिवी परिमातुमशक्यं जलं वहन्त्यपि नार्द्रतां याति। जलं हि खातेन नीचैस्तरं क्वचिल्लभ्यते, क्वचिच्चोपरिष्टादेव प्राप्तुं सुशकं भवति, पाषाणमयेषु पर्वतेष्वनवरतं जलं स्रवद् दृश्यते, न च पृथिवी तेन आर्द्रा सती नाशं याति, अतः पृथिवी दृढा इत्युच्यते। सेयं स्थूला पृथिवी येन धृता वर्तते सोऽपि तामेव प्रशंसां लभते। यथा भीमसिंहः, 'सिंह इव भीमः' इति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"[1]ता हि क्षत्रं धारयेथे अनु द्यून् दृंहेथे सानुमुपमादिव द्योः।
दृढो नक्षत्र उत विश्वदेवो भूमिमातान् द्यां धासिनायोः॥"
ऋक् ६।६७।६॥

१—ता—मित्रावरुणौ।

"येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा येन स्व स्तभितं येन नाकः।
यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥"
यजुः ३२।६॥

अथवा इदित् 'दृहि' धातु से इदित् होने से प्राप्त नुम् के नकार का लोप और शेष कार्य पूर्ववत् निपातन से होते हैं। दृढ का अर्थ है स्थूल एवं बलवान्।

लोक में प्रतिपद व्यवस्था देखने में आती है कि जो अपने से संबद्ध को वश में रखता है वह दृढ कहाता है। जैसे—समुद्र अपनी परिधि का कभी उल्लङ्घन नहीं करता, पृथिवी भी सर्गारम्भ से लेकर आजतक अपरिमित जल को धारण करती हुई भी गीली नहीं होती अर्थात् भीगकर पिलपिली होकर नष्ट नहीं होती। जल कहीं पर खोदने पर निम्न स्तर पर उपलब्ध होता है तो कहीं ऊपर ही प्राप्त हो जाता है एवं पर्वतों में निरन्तर स्रवित होता हुआ जल दिखाई पड़ता है, परन्तु पृथिवी उससे आर्द्र होकर नाश को प्राप्त नहीं होती, इसलिये पृथिवी दृढा कही जाती है। इस दृढ=स्थूल पृथिवी को जिसने धारण किया है वह भी उसी नाम से व्यवहृत होता है। यथा सिंह के समान बलवान् होने से भीम, भी भीमसिंह कहा जाता है।

इसमें "ता हि क्षत्रं धारयेथे अनुद्यून् दृढो नक्षत्र उत······भूमिमातान् द्यां धासिनायोः" (ऋक् ६।६७।६) "येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा" (यजुः ३२।६) इत्यादि वेद-वचन प्रमाण हैं।

लोके चापि पश्यामः —शरीरेऽस्थिधातुः पृथिवीवत् दृढ न क्लिद्यति, न चेतरे धातवो व्यतियन्ति शारीरं कर्म, तेनैव दृढेन विष्णुना व्यवस्थापिताः सन्तः। "लोकसम्मितः पुरुषः" इति च सिद्धान्तः (द्र० पूर्वत्र नाम ५३३, पृष्ठ ५६)। एवं सर्वत्र स व्यापनगुणशीलः स्वेन गुणेन दृढ दृहन्ति।

भवति चात्रास्माकम्—

दृढः स विष्णुर्निजशक्तियोगात् स्तम्भ्नाति विश्वं परितोऽभ्युपेतः।
यथा शरीरेऽस्थि दृढं, तथैव दृढा धरा वारिनिधिं दधाति ॥८४॥

सङ्कर्षणोऽच्युतः—५५२

सङ्कर्षणः—समुपसर्गपूर्वः "कृष विलेखने" धातुस्तौदादिको भौवादिको वा, ततो ल्युल्युँड् वा. योरनादेशः। लघूपधलक्षणो गुणः। "अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि" (पा० ८।४।२) सूत्रेण णत्वम्। समो मकारस्यानुस्वारः, पाक्षिकः परसवर्णश्च। संकर्षति, सङ्कर्षति, सङ्कर्षयतीति वा सङ्कर्षणः।

एतच्च भावप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"ओमे अन्ता रोदसी हर्षते हितः।" ऋक् ९।७०।५॥

आ उपसर्गो हित इत्यनेन सम्बध्यते।

लोक में भी देखते हैं—शरीर में अस्थि धातु पृथिवी के समान दृढ है, वह कभी आर्द्र नहीं होती=नरम नहीं होती, अन्य धातुयें भी अपने शरीर सम्बन्धी कर्म को उसी दृढ नामा विष्णु की व्यवस्था से व्यवस्थापित हुई, उल्लङ्घन नहीं करतीं। पुरुष और लोक में समानता=समान रूपता है, यह भगवान् आत्रेय का वचन है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

वह दृढ नाम वाला भगवान् विष्णु सर्वत्र व्याप्त होकर अपनी शक्ति से समस्त विश्व को स्तम्भन=धारण किये हुए हैं। शरीर में जैसे अस्थि धातु दृढ=कठोर है, उसी प्रकार पृथिवी भी दृढ है और इसी कारण वह समस्त जल को धारण करती हुई भी अपने स्वरूप में दृढ है।

सङ्कर्षणोऽच्युतः—५५२

सङ्कर्षणः—'सम्' उपसर्ग है. 'कृष' यह धातु तुदादिगण या भ्वादिगण की है। इसका अर्थ विलेखन अर्थात् भेदन करना है। इससे 'ल्यु' या 'ल्युट्' प्रत्यय करने से कर्षण शब्द सिद्ध होता है। कर्षण शब्द का अर्थ 'कर्षण=भेदन करने वाला' अथवा 'भेदन या आकर्षण करना स्वाभाव जिसका है' ऐसा होता है।

इस शब्द का भाव "ओमे अन्ता रोदसी हर्षते हितः" (ऋक् ९।१०।१५) इत्यादि इस मन्त्र से सिद्ध होता है। इस मन्त्र में आकार का सम्बन्ध हित इस क्तान्त शब्द से है। तथा संकर्षण शब्द अपनी ओर आकर्षण करके धारणरूप अर्थ को कहता है।

"तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ।" (अथर्व १०।८।१) इत्यधिकृत्य—
"यदेजति पतति यच्च तिष्ठति प्राणदप्राणन्निमिषच्च यद् भुवत् ।
तद् दाधार पृथिवीं विश्वरूपं तत् सम्भूय भवत्येकमेव ।।"
अथर्व १०।८।११ ।।

"अनन्तमन्तवच्चा समन्ते ।" अथर्व १०।८।१२ ।।
"मध्या कर्तोर्विततं सं जभार ।" ऋक् १।१०५।४ ।।

भवति चात्रास्माकम्—
बालो यथा क्रीडनकं विधाय स्वचेतसस्तत्र रतिं विधत्ते ।
स्वमेव सर्वं मनुते [1]विरामं सङ्कर्षयन् तद् गृहमेत्युदस्तः[2] ।।८५।।

१—विरामं=विक्रीडनम्, क्रीडामयं विविधं साधनम् ।

२—उदस्तः=औदासीन्यं प्राप्तः ।

लोकेऽपि च दृश्यते—विपणिस्वामी विपणिमध्यासीनः सर्वमहो व्यवहरन् सायं तां सङ्कृष्य=उपसंहृत्य स्वगृहं प्रत्येति । येयं व्यवस्था लोके दृश्यते सा सङ्कर्षणगुणवतो विष्णोरेवानुकरणरूपा । यथा विपणेः स्वामी विपणिं संहरन् न मोहमेति, तथा विष्णुरिति ।

अथर्ववेद में "तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः" (अथर्व १०।८।१) इस प्रकार से आरम्भ करके "यदेजति पतति यच्च तिष्ठति……। तद् दाधार पृथिवी विश्वरूपं तत् सम्भूय भवत्येकमेव ।" अथर्व १०।८।११)

"अनन्तमन्तवच्चा समन्ते" (अथर्व १०।८।१२) इत्यादि मन्त्रों से इस अर्थ की पुष्टि की गई है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

सङ्कर्षण नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह, जैसे कोई बालक खिलौने बनाकर उनसे खेलता=क्रीड़ा करता हुवा विशेष प्रकार के आनन्द को अनुभव करता है तथा फिर इस सम्पूर्ण खेल और खिलौनों को ध्वस्त=नष्ट करके स्वयं उदासीन होकर घर को चला जाता है, उसी प्रकार भगवान् भी जगत् के पदार्थरूप खिलौनों से नाना प्रकार से क्रीड़ा करके इसका आकर्षण=संकोच या अपने में लय कर लेता है । इसलिये सङ्कर्षण नाम से कहा जाता है ।

लोक में भी ऐसा देखा जाता है, जैसे कोई दुकानदार व्यापारी सम्पूर्ण दिन व्यापार करके सायङ्काल दुकान को बन्द कर देता है, किन्तु वह दुकान बन्द करता हुवा भी किसी प्रकार के मोह को प्राप्त नहीं होता । यह सब सङ्कर्षण रूप भगवान् विष्णु का अनुकरण मात्र है ।

अच्युतः—

"च्युङ् गतौ" भौवादिको धातुस्तस्मात् 'कर्तरि' क्तः प्रत्ययः, गुणाभावः अनिट् चायं धातुः। नञ्समासे नञो नकारलोपः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स पर्वतो न धरुणेष्वच्युतः सहस्रमूतिस्तविषीषु वावृधे।
ऋक् १।५२।२॥

भवति चात्रास्माकम्—

यस्यासनं यद्विधमत्र धात्रा कृतं स तत्राच्युत एव सर्वः।
कालेन सर्वं च्यवते ह सर्वं न चाव्ययोऽसौ च्यवतेऽच्युतोऽतः॥८६॥

सङ्कर्षणश्चासावच्युतश्च 'सङ्कर्षणाच्युतः' इति सविशेषणकं नाम।

भवतश्चात्रास्माकम्—

सङ्कर्षणश्च्यावयतीह सर्वं पुनर्विधत्तेऽच्युतधर्मकं तत्।
यथाप्तकालं निखिलञ्च पश्यन् स्वयं स्वधर्माच्च्यवते न कर्हि॥८७॥

अच्युतः—

'च्युङ्' यह भ्वादिगण की धातु है इसका 'जाना=एक स्थान से दूसरे स्थान में प्राप्त होना' अथवा 'एक स्वरूप से दूसरे स्वरूप में परिवर्तित होना=बदलना' अर्थ है। इस धातु से कर्ता में 'क्त' प्रत्यय तथा नञ्तत्पुरुष समास करने से "अच्युत" शब्द सिद्ध होता है। भगवान् के इस नाम में "स पर्वतो न धरुणेष्वच्युत" ऋग्वेद (१।५२।२) का मन्त्र प्रमाण है।

'सङ्कर्षणाच्युत' यह विशेषण सहित एक ही नाम है अर्थात् वह स्वरूप से च्युत न होता हुवा सम्पूर्ण सग्रहोपग्रह सनक्षत्र इस दृश्य जगत् को आकर्षण से धारण कर रहा है, इसलिए उसका नाम सङ्कर्षणाच्युत है।

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

इस जगत् में विधाता ने जो वस्तु जिस रूप में बनाई है, उसका उस रूप में रहना अच्युतपन है, किन्तु जगत् के सब ही पदार्थ काल के द्वारा स्वरूप से च्युत किये जाते हैं, अर्थात् नष्ट किये जाते हैं। किन्तु भगवान् विष्णु अपने स्वरूप से कभी भी च्युत नहीं होता इसलिये उसका नाम अच्युत है। सङ्कर्षण नामा भगवान् विष्णु सर्ग के अन्त में इस सकल जगत् को अपने स्वरूप से च्युत करके फिर सर्ग के आदि में इसको अपने अच्युतत्व धर्म से युक्त करके बनाता है। तथा समय-समय पर इसका लय और सर्जन करता हुवा भी वह अपने स्वरूप से च्युत=पृथक् नहीं होता।

यथा वणिक् वृतिमुपायमानोऽलङ्कृत्य वस्तूनि पुरस्करोति ।
स्वयं स [१]सर्वेण वृतोऽच्युतः सन् करोति नित्यं भगवांश्च तद्वत् ॥८८॥

१—सर्वेण वृतः—सर्वमापन्नः ।

सारांशः—यथायमात्मा आशरीरं च्युताच्युतानि कर्माणि कुर्वन् स्वयमच्युत एव शरीरमध्यास्ते, तथा भगवानिति ।

वरुणः—५५३

"वृञ् वरणे" सौवादिको धातुस्ततः "कृवृदारिभ्य उनन्" (३।५३) इति उनन् प्रत्यय औणादिकः, तस्मिन् गुणो रपरश्च । "अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि" (पा० ८।४।२) सूत्रेण णत्वम्, वरुणः । वृणोति सर्वमावृणोतीति वरुणः । अथवा आव्रियते सर्वमनेनेति वरुणः । मन्त्रलिङ्गम्—

"उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय ।
अथा वयमादित्यव्रते तवानागसोऽदितये स्याम । ऋक् १।२४।१५ ॥
यजुः १२।१२ ॥ अथर्व ७।८३।४; १८।४।६९ ॥

सूर्योऽपि वरुणः, तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"इमं मे वरुण श्रुधी हवम् ।" ऋक् १।२५।१९ ॥
"स वरुणः सायमग्निर्भवति स मित्रो भवति प्रातरुद्यन् ।
स सविता भूत्वान्तरिक्षेण याति स इन्द्रो भूत्वा तपति मध्यतो दिवम् ।
तस्य देवस्य·····मुञ्च पाशान् ।" अथर्व १३।३।१३ ॥

जैसे कोई व्यापारी व्यापार करता हुवा अपने दुकान के सामान को सजा-सजा कर रखता है, तथा वह उस सकल सामान से आवृत भी स्वयं अच्युत ही रहता है । इसी प्रकार भगवान् भी सब कुछ करता हुवा अच्युत है ।

सारांश—जैसे कोई जीवात्मा शरीर की स्थिति पर्यन्त च्युत तथा अच्युत कर्म करता हुवा भी स्वयं अच्युत रहता है । इसी प्रकार विश्व में भगवान् भी अच्युतरूप से विराजमान है ।

वरुणः—५५३

'वृञ्' धातु स्वादिगण की है तथा इसका स्वीकार करना, अपना बनाना अर्थ है । इस धातु से उणादि 'उनन्' प्रत्यय और गुण होकर वरुण शब्द सिद्ध होता है । आवरण करना भी इस शब्द का वाच्यार्थ है । जो सबका आवरण करे अथवा जिसके द्वारा सबका आवरण किया जाये, उसका नाम वरुण है । "उदुत्तमं वरुण" इत्यादि ऋग्वेद (१।२४।१५) का मन्त्र भगवान् के वरुण नाम में प्रमाण है । सूर्य का नाम भी वरुण है । इसमें "इमं मे वरुण" ऋक् १।२५।१९ ॥ "स वरुणः सायमग्निर्भवति····· तस्य देवस्य·····।" अथर्व १३।३।१३॥

"इन्द्रं मित्रं वरुणं......। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति...... ॥
ऋक् १।१६४।४६ ॥

लोके च दृश्यते—स प्रतिप्राणि वर्तमान आत्मा वृणोति विश्वं सकलायुर्भोगाय। यद्वा आत्मनैव नभो जलं पृथिवी च व्रियते यथानिचितसंस्काराणां भावाभावाय।

भवतश्चात्रास्माकम्—

वृणोति यो विश्वमिदं समस्तं सर्वेण यो वा व्रियते स विष्णुः।
उद्यन् स मित्रः सवितान्तरिक्षे यन्मध्य इन्द्रोऽस्तमितः स चाग्निः ॥८९॥
एवं वृणोत्याभुवनं स सूर्यः सर्वेण वासौ व्रियते न भोगः।
यद् भीषया भ्राम्यति चान्तरिक्षे वृणोति तं सोऽपि महेशमेकम् ॥९०॥

वारुणः—५५४

वरुणशब्दो व्युत्पादितस्तस्मात् "तत्र भवः" (पा० ४।३।५३) सूत्रेण

"एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति" इत्यादि ऋग्वेद (१।१६४।४६) का प्रमाण हैं।

लोक में भी देखा जाता है—प्रत्येक प्राणी में व्यापकरूप से वर्तमान आत्मा सबको आयु योग्य भोगों को भुगवाने के लिये सकल विश्व को स्वीकार करता है अर्थात् स्वायत्त=अपने आधीन करता है अथवा आत्मा ही जन्म जन्मान्तरों से संचित संस्कारों के विनाश तथा नूतन संस्कारों की उत्पत्ति के लिये आकाश जल पृथिवी अर्थात् पञ्चभूतात्मक पिण्डों का अपनी व्याप्ति से आवरण करता है अथवा तद्रूपता को प्राप्त होता है।

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम वरुण है, क्योंकि वह इस समस्त विश्व को सुचारुरूप से चलाने के लिये स्वीकार करता है, अपनाता है, अथवा अपनी व्याप्ति से इस विश्व का आवरण करता है अथवा आत्यन्तिक सुख प्राप्ति के लिये विश्व ही भगवान् को स्वीकार, करता है=अपनाता है। वरुण नाम सूर्य का भी है। वही सूर्य उदय होता हुवा मित्र, अन्तरिक्ष में चलता हुवा सविता तथा अन्तरिक्ष के मध्य भाग में तपता हुवा इन्द्र और अस्त होकर अग्नि नाम से कहा जाता है। इस प्रकार से सूर्य सकल विश्व को अपने प्रकाश से व्याप्त वा आच्छादित करता है तथा सकल विश्व सूर्य को अन्तरिक्ष स्थित को प्रार्थना से स्वीकार करता है। जिसके भय से यह सूर्य आकाश में घूमता रहता है, वह सूर्य भी भगवान् को प्रकाश के ग्रहण से स्वीकार करता है।

वारुणः—५५४

वरुण शब्द की सिद्धि पहले की जा चुकी है, वरुण शब्द से "भव" अर्थ में अण् प्रत्यय और आदि वृद्धि करने से वारुण शब्द सिद्ध होता है अथवा वरुण का जो हो वह

भवार्थेऽण् प्रत्ययः, आदिवृद्धिः । "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) सूत्रेणाकार-लोपो वारुण इति । वारुणो विष्णुर्जलं वा । मन्त्रलिङ्गम्—

"अपां रेतांसि जिन्वति ।" ऋक् ८।४४।१६ ॥

"अपां मध्ये तस्थिवांसम् ।।" ऋक् ७।८९।४ ॥

"कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत् ।"

ऋक् १०।१२९।४ ॥

"अप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम् ।" १०।१२९।३ ॥

"इयमस्य धम्यते नाडी ।" ऋक् १०।१३५।७ ॥

"अप्सु ते राजन् वरुण गृहो हिरण्ययो मिथः ।
ततो धृतव्रतो राजा सर्वा धामानि मुञ्चतु ।" अथर्व ७।८३।१ ॥

"प्रास्मत् पाशान् वरुण मुञ्च सर्वान् य उत्तमा अधमा वारुणा ये ।
दुःष्वप्न्यं दुरितं निः ष्वास्मदथ गच्छेम सुकृतस्य लोकम् ।"

अथर्व ७।८३।४ ॥

"त्रीणि जाना परिभूषयन्त्यस्य समुद्र एकं दिव्येकमप्सु ।"

ऋक् १।९५।३ ॥

लोके च पश्यामः—रसमूलकमेवैतच्छरीरं पुष्यति=जीवति । मेदो धातुरेव वायुना शोषितोऽस्थित्वं लभते, शरीरे यद् दृढतमं भवति । तस्माद् वक्तुं शक्यते वारुणं शरीरम् । जलचराणाञ्च शरीरमक्लेद्यं भवति, जलीयगुणभूयोवत्त्वात् । अत एवेदमुपपद्यते, चन्द्रदैवतायां स्त्रियां सूर्यदैवतः पुमान् रेतोरूपं बीजमादधाति वारुणत्वात् ।

वारुण, वरुण-सम्बन्धित कार्य का नाम है, जिसमें जगत् या तदेकदेश रूप जल का ग्रहण है, कार्य धर्म से कारणरूप विष्णु का नाम वारुण है ।

भगवान् के वारुण नाम को सङ्गतार्थ करने वाले बहुत से वेद-मन्त्र प्रमाण हैं । जैसेकि—"अपां रेतांसि जिन्वति" (ऋक् ८।४४।१६) "अपां मध्ये तस्थिवांसम्" (ऋक् ७।८९।४) "अप्सु ते राजन् वरुण गृहो हिरण्ययो मिथः" (अथर्व ७।८३।१) "प्रामत्' पाशान् वरुण मुञ्च सर्वान् य उत्तमा अधमा वारुणा ये" (अथर्व ७।८३।४) इत्यादि ।

लोक में भी ऐसा देखने में आता है कि शरीर की पुष्टि तथा जीवन रस से ही, जो कि जल रूप है होती है । वायु से शुष्क होकर मज्जा धातु ही अस्थि=हड्डी बन जाती है, जो कि शरीर में सबसे दृढ वस्तु है । इसलिये शरीर को वारुण कहा जा सकता है । जलचरों के शरीर का जल में क्लेदन=गलना इसलिये नहीं होता, क्योंकि उसमें जलीय=जलका अंश अधिक होता है । इसलिसे यह वचन भी युक्ति-युक्त होता है कि चन्द्र-दवत स्त्री में सूर्य-दैवत पुरुष वारुण होने से रेतोरूप=जलरूप बीज का आधान=स्थापन करता है ।

भवति चात्रास्माकम्—

स वारुणो विष्णुरिदं समस्तं विश्वं विधत्ते वरुणेन गुप्तम् ।
रजोद्रवः शुक्रमथापि तद्वत् स चाप्सु बीजं व्यकिरत् पुराणः ।।९१।।

वृक्षः—५५५

"वृक्ष वरणे" भौवादिकाद्धातोः पचाद्यचि वृक्ष इति। यद्वा—"ओव्रश्चू छेदने" तौदादिको धातुस्ततः **"स्नुव्रश्चिकृत्यृषिभ्यः कित्"** (३।६६) इत्युणादिसूत्रेण 'सः' प्रत्ययः, स च किद्विधीयते, अतः **"ग्रहिज्यावयिव्यधिवष्टिविचतिवृश्चतिपृच्छतिभृज्जतीनां ङिति च"** (पा० ६।१।१६) इति सूत्रेण यणः स्थाने सम्प्रसारणमृकारः। वृश्च् स इति स्थितौ **"व्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराजभ्राजच्छशां षः"** (पा० ८।२।३६) सूत्रेण षकारान्तादेशः, ततश्च श्चुत्वसम्पन्नस्य शकारस्यापि सकारः वृस् ष् स इति स्थितौ **"स्कोः संयोगाद्योरन्ते च"** (पा० ८।२।२९) इत्यनेन संयोगादिसकारस्य लोपः, **"षढो कः सि"** (पा० ८।२।४१) इत्यनेन षकारस्य ककारः **"आदेशप्रत्यययोः"** (पा० ८।३।५९) इति सकारस्य षकारादेशः, कषयोः संयोगे प्रातिपदिकसंज्ञायाञ्च सौ वृक्ष इति। वृक्षते च्छायामिति वृक्षस्तरुः, सूर्यः। तथा सूर्यादिकानपि यो वृश्चति स वृक्षो विष्णुः।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

वारुण नाम भगवान् विष्णु का है क्योंकि वह इस सकल विश्व की वरुणरूप जल से रचना तथा रक्षा करता है, रज तथा शुक्ररूप वीर्य भी जलरूप ही हैं, वह पुरातन पुरुष जल में ही अपने [1]जलरूप बीज का आधान करता है।

१—यहां जल नाम तरलावस्थापन्न द्रव्य का है।

वृक्षः—५५५

'वृक्ष' शब्द भ्वादिगण की 'वृक्ष वरणे' धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से सिद्ध होता है। अथवा तुदादिगण की "ओव्रश्चू छेदने" धातु से औणादिक 'स' (३।६६) प्रत्यय तथा प्रत्यय को कित् विधान किया है, इसलिये रेफ को कित्त्वनिमित्तक सम्प्रसारण ऋकार हो जाता है। **"व्रश्च"** (पा० ८।२।३६) सूत्र से चकार को षकार **"षढोः कः सिः"** (पा० ८।२।४१) से षकार को ककार तथा ककार से परभूत सकार को मूर्धन्य षकार और क्ष् संयोग होने पर प्रातिपदिक संज्ञा और सु विभक्ति आने से वृक्ष शब्द सिद्ध हो जाता है। जिसका धातु भेद से अर्थ होता है—'जो छाया को वरण करे अर्थात् स्वीकार या अपनावे' वह वृक्ष होता है। यह तरु का नाम पड़ता है। अथवा 'जो अन्धकार का छेदन=निराकरण करता है वह वृक्ष है। यह सूर्य का नाम होता है। वृक्ष के भगवन्नाम होने में यह मन्त्र प्रमाण है—

मन्त्रलिङ्गम्—

"किं स्विद्वनं क उ वा स वृक्ष आस यतो द्यावापृथिवी निष्टतक्षुः।
संतस्थाने अजरे इतऊती अहानि पूर्वीरुषसो जरन्त। ऋक् १०।३१।७ ॥

यदुक्तं—स सूर्यादिकान् वव्रश्च इति, तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"यः सूर्यं य उषसं जजान यो अपां नेता स जनास इन्द्रः।"
ऋक् २।१२।७ ॥

सूर्यो वृक्ष इत्यत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"कः स्विद्वृक्षो निष्ठितो मध्ये अर्णसः।" ऋक् १।१८२।७ ॥

वृक्षस्तरुरित्यत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"वृक्षो न पक्वः।" ऋक् ४।२०।५ ॥

तत्रैव योषाऽपि वृक्षस्तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"मर्य्यो न योषामभिमन्यमानो……।" ऋक् ४।२०।५ ॥

"यो नः शपादशपतः शपतो यश्च नः शपात्।
वृक्ष इव विद्युता हत आमूलादनु शुष्यतु।" अथर्व ७।५९।१ ॥

प्रकृतिर्वृक्षस्तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभि चाकशीति।"
ऋक् १।१६४।२०; अथर्व ९।९।२०; निरुक्त १४।३० ॥

यथा च—

"यस्मिन् वृक्षे मध्वदः सुपर्णाः निविशन्ते स्तुवते चाधि विश्वे।
ऋक् १।१६४।२२ ॥

"किं स्विद् वनं क उ वा स वृक्ष आस……।" (ऋक् १०।३१।७) तथा सूर्यादिकों का भी वह प्रलय काल में भगवान् विष्णु व्रश्चन करता है, इसमें 'यः सूर्यं य उषसं जजान" (ऋक् २।१२।७) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है। सूर्य के वृक्ष होने में—"कः स्विद् वृक्षो निष्ठितो मध्ये अर्णसः" (ऋक् १।१८२।७) यह मन्त्र प्रमाण है। तरु भी वृक्ष होता है, इसमें—"वृक्षो न पक्वः" (ऋक् ४।२०।५) यह मन्त्र प्रमाण है। स्त्री का नाम भी वृक्ष है, इसमें—"मर्य्यो न योषामभि मन्यमानः" (ऋक् ४।२०।५) मन्त्र प्रमाण है। प्रकृति का नाम भी वृक्ष है, इसमें—"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया……।" (ऋक् १।१६४।२०; अथर्व ९।९।२०) इत्यादि प्रमाण है। तथा यह मन्त्र १४।३० निरुक्त में भी है और भी ऋग्वेद में परमात्मा अर्थ में वृक्ष शब्द का अनुगम कराने वाले मन्त्र हैं। जैसे—"यस्मिन् वृक्षे मध्वदः" (ऋक् १।१६४।२२) इत्यादि।

लोके च पश्यामः—आत्मा शरीरं वृश्चति शरीरान्तरात् शरीरं पृथक् करोतीति वृक्ष आत्मा। अमुथैव भगवान् सर्गारम्भे सर्वं वृश्चति=विभजति=पृथक् करोतीति, सनक्षत्रं ग्रहोपग्रहयुक्तं लोकलोकान्तरमिति स वृक्षः। वृक्षः सूर्यो वृश्चति तमः। वृक्षः प्रकृतिः पृथक्-पृथक् करोति स्वोपादानकानि कार्याणि। छिदाविषयो वृक्षोऽपि वृक्षः, वृक्षते फलपुष्पगन्धशाखादीनि। मनुष्योऽपि वृक्षः, वृक्षते गुणकर्मायूंषि।

लोकेऽपि दृश्यते—प्रत्येकमिन्द्रियद्वारं खातं=विदारितं=तष्टं भवति, तस्य तष्टा च भगवान् विष्णुरेव वृक्षाख्यः। प्रतिशरीरं कार्यानुसारीण्यस्थीनि केन तष्टानि? तत्रोत्तरं भगवता विधात्रा त्वष्ट्रा। एवं स भगवान् स्ववृक्षत्वरूपेण गुणेन सर्वत्रौतो वृक्षसंज्ञया व्यवह्रियते।

अन्यच्च—यथा भगवान् वृक्षस्तथा माताऽपि वृक्षः, साऽनन्तान्यपत्यानि वृश्चति, पृथक्-पृथक् करोति प्रसूते। इत्थं समानो लोको वेदेन, वेदश्च लोकेनेति।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

वृक्षः स विष्णुः स हि वास्ति सूर्य आत्मा च वृक्षः प्रकृतिश्च वृक्षः।
माताऽपि वृक्षस्तरुरस्ति वृक्षो वृक्षेण विश्वं विततं महत्तत् ॥६२॥

लोक में भी ऐसा देखने में आता है—जीवात्मा एक शरीर को दूसरे शरीर से छेदन पृथक् करता है। इसलिये आत्मा का नाम भी वृक्ष है। इसी प्रकार भगवान् सृष्टि के आदि में इस विश्व को काटता है, विभक्त=पृथक् पृथक् करता है, नक्षत्र ग्रहादि सहित लोक-लोकान्तरों के पृथक् करने से भगवान् का नाम वृक्ष है। इसी प्रकार सूर्य भी वृक्ष है, क्योंकि वह अन्धकार का छेदन करता है। प्रकृति भी वृक्ष है क्योंकि वह अपने सब विकारों को पृथक्-पृथक् करती है। जो काटा जाता है अर्थात् छेदन क्रिया का विषय होता है, वह तरु भी वृक्ष है क्योंकि वह वरण करता है—स्वीकार करता है, अपने में फल पुष्प शाखा आदिकों को। मनुष्य का नाम भी वृक्ष है, क्योंकि वह भी गुण कर्म तथा आयु आदि को वरण=स्वीकार करता है।

लोक में भी देखते हैं, प्रत्येक इन्द्रिय का द्वार=मुख विदीर्ण होता है। उसका विदारण करने वाला वृक्षनामा भगवान् विष्णु ही है। यदि कोई पूछे शरीरान्तर्गत अस्थियों को छेदन=तक्षण=छीलना करके उनको कार्य समर्थ किसने बनाया? तब उत्तर यही होगा कि विश्व को बनाने वाले विधाता ने। इस प्रकार भगवान् अपने वृक्षत्वरूप गुण से सर्वत्र व्याप्त वृक्ष नाम से कहा जाता है।

और भी जैसे भगवान् वृक्ष है, उसी प्रकार माता भी वृक्ष है क्योंकि वह भी बहुत सन्तानों को पृथक्-पृथक् उत्पन्न करती है। इस प्रकार से लोक तथा वेद दोनों समान हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम वृक्ष है तथा सूर्य, जीवात्मा, प्रकृति, माता, तरु, इन सब का नाम भी वृक्ष है। भगवान् वृक्षरूप विष्णु ने ही विविध भावों में विभक्त करके इस विश्व का विस्तार किया है।

एवं हि यो वेत्ति निगूढमर्थं वृक्षस्य, वृक्षे च जगत्समस्तम् ।
स एव वृक्षं परितोऽभ्युपेत्य वृक्षः स्वयं वृश्चति मोहवृक्षम् ॥९३॥

वृक्ष वरणे धातुमधिकृत्य—
वृणोति शम्भुर्यदिहास्ति दृश्यं वृणोति सूर्यो भुवनानि पश्यन् ।
वृणोति माता सवनेन पुंसां वृणोति चात्मा निजमात्रमेकम् ॥९४॥

पुष्कराक्षः—५५६

पुष्करशब्द "पुष पुष्टौ" दैवादिकः क्रैयादिको वा धातुस्ततः "पुषः कित्" (४।४) इत्युणादिसूत्रेण "करन्" प्रत्ययः, स च कित्, कित्त्वविधेर्गुणाभावः। पुष्यतेरनुदात्तत्वादिडभावः, क्रैयादिकात्तु बाहुलकादिडभावश्च, पुष्करः।

अशेः क्सिप्रत्ययेऽक्षिशब्दे (उ० ३।१५५) व्युत्पादितः **लोकाध्यक्ष** इति नामव्याख्याने। पुष्करशब्दस्याक्षिशब्देन सह बहुव्रीहिसमासो **"बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच्"** (पा० ५।४।१३३) इति षच् समासान्तः। **"यस्येति च"** (पा० ६।४।१४८) सूत्रेणेकारलोपः, पुष्कराक्षः।

पुष्करशब्द आकाशवचनः, पुष्करमश्नुते व्याप्नोतीति पुष्कराक्षः। तत्र-मन्त्रलिङ्गम्—

इस प्रकार वृक्ष के रहस्य अर्थ को जो तत्त्ववेत्ता पुरुष जानता है तथा इस सकल विश्व को उस वृक्ष में स्थित जानता है, वह सब ओर से विश्व में वृक्ष को प्राप्त करके अपने आप इस मोहरूप वृक्ष का छेदन करता है। 'वृक्ष वरणे' धातु से अनुगतार्थ भगवान् विष्णु इस सकल दृश्य को अपनेपन से अर्थात् स्वत्व से स्वीकार करता है या अपनाता है तथा सूर्यदेव अपने तेज से सकल भुवनों को प्रकाशित करता हुवा वरण करता है, स्वायत्त करता है अर्थात् भुवनों को। इसी प्रकार माता भी उत्पत्ति के द्वारा अपनी सन्तानों को पृथक् करती है तथा आत्मा भी अपने को शरीरोपाधि परिच्छिन्न दूसरों से पृथक् करता है अथवा अपने को चेतन ब्रह्म से अभिन्न स्वीकार करता है=मानता है। माता भी सन्तानों को उत्पन्न करके स्वत्व रूप से स्वीकार करती है।

पुष्कराक्षः—५५६

पुष्कर शब्द दिवादिगण अथवा क्र्यादिगण की "पुष पुष्टौ" धातु से उणादि प्रत्यय "करन्" तथा उसको किद्वद्भाव होने से बनता है, किद्वद्भाव होने से गुण नहीं होता है। दिवादिगण की धातु के अनुदात्त होने से इट् का आगम नहीं होता। क्रैयादिक के सेट् होने से बाहुलक से इट् का अभाव जानना चाहिये। "अशू व्याप्तौ" धातु से उणादि **'क्सि'** (३।१५५) प्रत्यय होने से अक्षिशब्द सिद्ध होता है, इसका व्युत्पादन **लोकाध्यक्ष** नाम के व्याख्यान में किया गया है। पुष्कर और अक्षि शब्द का बहुव्रीहि समास तथा समासन्त षच् प्रत्यय करने से पुष्कराक्ष शब्द बनता है।

पुष्कर शब्द आकाश का वाचक है, पुष्कर नाम आकाश का जो व्यापन करे, वह पुष्कराक्ष कहा जाता है। इस अर्थ को यह **'गर्भं ते अश्विनौ देवावा धत्तां पुष्कर-**

"गर्भं ते अश्विनौ देवावा धत्तां पुष्करस्रजा।" ऋक् १०।१८४।६ ॥

"विश्वे देवा पुष्करे त्वाददन्त।" ऋक् ३।३३।१७ ॥

यद्वा—पुष्करौ चन्द्रसूर्यौ अक्षिणी यस्य स पुष्कराक्षः। तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"यस्य सूर्यश्चक्षुश्चन्द्रमाश्च पुनर्णवः।
अग्निं यश्चक्र आस्यं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः॥"
अथर्व १०।७।३३ ॥

लोकेऽपि दृश्यते—नेत्रयोरूर्ध्वतमस्थाने निवेशो जीवस्य, तस्य ब्रह्मणोऽनुकरणमेव। एवं भगवान् व्यापनशीलो विष्णुः पुष्कराक्षनामा।

भवति चात्रास्माकम्—

अन्तः शयानो हृदये भवे वा व्याप्नोति विश्वा स हि पुष्कराक्षः।
तं पुष्कराक्षं मनसा विपश्चित् नित्यं हृदा पश्यति वीतमोहः[1] ॥९५॥

१—मोहो—व्यभिचारि ज्ञानम्।

महामानाः—५५७

महच्छब्दो व्युत्पादितचरः।

मनः—"मन ज्ञाने" धातुर्दैवादिकस्तस्मात् "सर्वधातुभ्योऽसुन्" (४।१८९) इत्युणादिः 'असुन्' प्रत्ययः। महच्छब्देन मनःशब्दस्य बहुव्रीहिसमासविधानना-

---

स्रजा" (ऋक् १०।१८४।२) मन्त्र प्रमाणित करता है तथा इसी नाम में यह "विश्वे देवा पुष्करे त्वाददन्त" (ऋक् ७।३३।११) मन्त्र भी प्रमाण है।

अथवा चन्द्रमा और सूर्य जिसके नेत्र हैं, उसका नाम पुष्कराक्ष है। इसमें यह मन्त्र "यस्य सूर्यश्चक्षुश्चन्द्रमाश्चपुनर्णवः" (अथर्व १०।७।३३) प्रमाण है।

लोक में भी देखा जाता है, नेत्रों के ऊपर के भाग भृकुटि स्थान में जीव की स्थिति है। यह सब व्यापनशील भगवान् पुष्कराक्षनामा विष्णु का ही अनुकरण है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

पुष्कराक्ष नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह सकल विश्व या सबके हृदयों में विराजमान होकर सबका व्यापन कर रहा है, अर्थात् सब में व्याप्त है। उस भगवान् पुष्कराक्ष को विगत शोक मोह विद्वान् पुरुष नित्य मन के द्वारा सर्वत्र देखता है।

महामनाः—५५७

महत् शब्द का साधन किया जा चुका है। "मन ज्ञाने" यह दैवादिक धातु है इससे उणादि (४।१८९) असुन् प्रत्यय करने से मनस् शब्द बन जाता है। महत् शब्द और मनस् शब्द का बहुव्रीहि समास होकर महामनस् शब्द बनता है। इसकी प्रातिपदिक संज्ञा तथा सु

न्तरं प्रातिपदिकसंज्ञायां सौ असन्तलक्षणो दीर्घः। महामना व्यापकज्ञानवान्= अनन्तज्ञान इत्यर्थः। अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"त्वमग्ने सौभगत्वस्य विद्वान् अस्माकमायुः प्र तिरेह देव।"
ऋक् १।९४।१६।

"अयं मित्रस्य वरुणस्य धायसेऽवयातां मरुतां हेडो अद्भुतः।
मृडा सु नो भूत्वेषां पुनरग्नेः सख्ये मा रिषामा वयं तव।"
ऋक् १।९४।१२॥

हे अग्ने! एषां मित्रवरुणमरुतां मनो=ज्ञानवान् भूत्वा नः सुमृड=सुखयेति भावः।

"मन्द्रो विश्वानि काव्यानि विद्वान्।" ऋक् ३।१।१७॥
"अग्निर्विश्वानि काव्यानि विद्वान्।" ऋक् ३।१।१८॥
"अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्॥"
ऋक् १।१८९।१; यजुः ३।३६।

लोकेऽपि दृश्यते—यो हि बहुविद् भवति स बहून् ज्ञानवतोऽभिभूय "महामनाः" इति नाम्ना प्रशंसाभाग् भवति। तथैवायं भगवान् विष्णुः पुष्कराक्षापरनामा प्रतिहृदयं वर्तमानः सर्वेषां ज्ञानान्यभिभवति, अतएव महामना नाम्ना स्तूयते।

भवति चात्रास्माकम्—

स एव विद्वान् कविरग्निसंज्ञो [1]मनांसि सर्वाणि च तद् भवानि।
महामना विष्णुरिहास्ति वाच्यो मेधाप्तये तं बहुधा स्तुवन्ति ॥९६॥

१—मनांसि=ज्ञानानि। तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

विभक्ति आकर महामनाः रूप बनता है, जिसका अर्थ होता है 'महत्=बड़ा है मन=ज्ञान जिसका' अर्थात् अनन्तज्ञान वाला। इस भाव के समर्थन में **"त्वमग्ने सौभगत्वस्य विद्वान्"** (ऋक् १।१९४।८) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं। इसका भाव यह है। हे अग्निदेव! मित्र, वरुण, मरुत्, आदि देवों का जानकार होकर हम को सुखी कर।

लोक में भी ऐसा देखा जाता है—जिसका बहुविषयक तथा अधिक ज्ञान होता है, वह दूसरे विद्वानों से अधिक आदर पाता है और महामना नाम से उसकी प्रशंसा की जाती है। इसी प्रकार सब के हृदयों में अन्तर्यामी रूप से वर्तमान भगवान् पुष्कराक्ष, सब के ज्ञानों को तिरस्कृत करके अपने सर्वत्र प्रसृत ज्ञान के कारण 'महामना' नाम से प्रशंसनीय होता है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

'महामनाः' नाम भगवान् विष्णु का है तथा उसकी को विद्वान् कवि और अग्नि नाम से भी कहते हैं। सर्वविषयक सम्पूर्ण मन=ज्ञान उसी से उत्पन्न होता है। सब ही

**"यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते ।
तया मामद्य मेधयाऽग्ने मेधाविनं कुरु ॥" यजुः ३२।१४ ॥**

"मेधां मे वरुणो दधातु" इत्यादिः । यजुः ३२।१५ ॥

भगवान्—५५८

"भज सेवायाम्" भौवादिको धातुस्ततः **"खनो घ च"** (पा० ३।३।१२५) सूत्रेण 'घ' प्रत्ययः 'घित्करणमन्यतोऽपि ज्ञापनार्थमिति' वचनाद् भवति (द्र० ५३४ पदव्याख्या पृष्ठ ५८), **"चजोः कु घिण्यतोः"** (पा० ७।३।५२) इत्यनेन कुत्वं जस्य गकारः । कृतन्तत्वात् प्रातिपदिक संज्ञा स्वाद्युत्पत्तिः, भगः ।

ततो भग शब्दात्—अस्य अस्मिन्निति वार्थे **"तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्"** (पा० ५।२।९४) इत्यनेन मतुप् प्रत्ययस्ताद्धितः । **"मादुपधायाश्च मतोर्वोऽयवादिभ्यः"** (पा० ८।२।९) इति सूत्रेण मकारस्य वकारः । तद्धितान्तत्वात्प्रातिपदिकसंज्ञा, सुः प्रत्ययः, उगित्वान्नुम्, अत्वन्तलक्षणो (द्र० पा० ६।४।१४) दीर्घः, भगवानिति साधुः । भगोऽस्यास्ति अस्मिन्नस्तीति वा भगवान् । भज्यते सेव्यत इति भग=इष्यमाणोऽर्थः । इष्यते च सर्वैरैश्वर्यं यशः सन्ततिरूपो विस्तारो ज्ञानादिकञ्च, तत्सर्वमस्मिन्नस्तीति भगवान् । अत्र नित्ययोगे भूमार्थे वा मतुप् । एवञ्च नित्यानन्तैश्वर्यशाली, नित्यानन्तयशस्कः, नित्यानन्तविस्तारः तथा नित्या-

---

महापुरुष ज्ञान प्राप्ति के लिये उसी की स्तुति करते हैं । इसमें निम्न यह मन्त्र प्रमाण है—

**"यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते ।
तया मामद्य मेधयाऽग्ने मेधाविनं कुरु ।" यजुः ३२।१४ ॥**

भगवान्—५५८

'भज' यह भ्वादिगण की धातु है, सेवा करना इसका अर्थ है । इससे 'घ' प्रत्यय पूर्ववत् तथा जकार को कुत्व गकार, कृदन्त होने से प्रातिपादिक संज्ञा और सु विभक्ति आकर भगः पद सिद्ध होता है ।

भग शब्द से 'इसका या इसमें' इस अर्थ में तद्धित 'मतुप्' प्रत्यय होता है, मतुप् के मकार को वकार तथा तद्धितान्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा, सुविभक्ति आने से नुम् और अत्वन्त लक्षण दीर्घ होकर भगवान् शब्द सिद्ध होता है. जिसको प्राप्त करने की इच्छा हो, अर्थात् जिसको हर समय मनुष्य प्राप्त करना चाहता है, जैसे—ऐश्वर्य—अर्थात् प्रभुत्व, यश और अपनी सन्तान का विस्तार, यह सब भग नाम से कहा जाता है । इसमें ज्ञान भी आ गया । यह भगरूप सब अर्थ जिसमें नित्य रहता है उसका नाम भगवान् है । इस प्रकार से भगवान् शब्द का वाच्यार्थ यह होता है—जो नित्य अनन्त ऐश्वर्य वाला, नित्य अनन्त ज्ञान

नन्तज्ञानश्च भगवान्। तस्य चायं विस्ताररूपो गुणः प्रजासु सर्वत्र स्पष्टं समन्वितो दृश्यते। यथा—प्रत्येकं जायमानो वर्धते, सन्ततिपरम्परयात्मानं विस्तारयति। एकं बीजं वृक्षतां प्राप्यासंख्येयं विस्तारमाप्नोति। यथा वटवृक्षे फलागमः, फले च बहुबीजप्रादुर्भावः। बीजेभ्यश्च पुनर्बहुवृक्षसद्भावः। वृक्षेभ्यश्च पुनर्बहुबीजोत्पत्तिः, एष विस्तार रूपोऽर्थो भगशब्दे निहितः। व्यवस्थापयित्रा भगवतैव विस्तारितमिदं जगत्। विस्तारगुणवन्तमात्ममूलं व्यनक्ति भगवत्पदेन।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"प्रातर्भगं पूषणं ब्रह्मणस्पतिं प्रातः सोममुत रुद्रं हुवेम।"

यजुः ३४।३४॥

यत्तूक्तं भगो विस्तार इति, तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"भग प्रणेतर्भग सत्यराधो भगेमां धियमुदवा ददन्नः।
भग प्र नो जनय गोभिरश्वैर्भग प्र नृभिर्नृवन्तः स्यामः।"

यजुः ३४।३६॥

"भग एव भगवाँ२ऽअस्तु......।" यजुः ३४।३८॥

एवं सुधीभिरुन्नेया मन्त्रार्थाः। सूर्योऽपि भग उच्यते। स भज्यते सेव्यते सर्वकेणाभीष्टसिद्ध्यै। अग्निः सूर्यः, सूर्यो वाऽग्निः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

वाला, नित्य अनन्त यश वाला तथा नित्यानन्त विस्तार वाला हो, वह भगवान् है। उसके ये गुण प्रजा में सब जगह व्याप्त हो रहे हैं, तथा विशेषकर के स्पष्ट रूप से विस्तार गुण की व्याप्ति लोक में दीखती है। जैसे—प्रत्येक पदार्थ उत्पन्न होकर बढ़ता है, सन्तान परम्परा से अपने आपको विस्तृत करता है। एक ही बीज वृक्ष बनकर बहुत विस्तार वाला हो जाता है। जैसे—बड़ के बीज से बड़ का वृक्ष और उसमें फल तथा फल में बहुत से बीजों का प्रादुर्भाव==उत्पन्न होना, तथा पुनः बहुत बीजों से बहुत वृक्षों का उत्पन्न होना और उनसे फिर बहुत बीजों का होना सब यह विस्तार रूप अर्थ भग शब्द में निहित है, वर्तमान है।

व्यवस्थापक रूप भगवान् के द्वारा विस्तारित यह जगत् विस्तार गुण युक्त अपने मूल को प्रकट करता है, भगवान् पद से। भग के भगवन्नाम होने का समर्थन यह **"प्रातर्भगं पूषणं ब्रह्मणस्पतिं प्रातः सोममुत रुद्रं हुवेम"** (यजुः ३४।३४) मन्त्र करता है। भग नाम विस्तार का है, इसमें **"भग प्रणेतर्भग सत्यराधो......। भग प्र नो जनय गोभिरश्वैर्भग प्र नृभिर्नृवन्तः स्याम।"** (यजुः ३४।३६) तथा **"भग एव भगवाँ२ऽअस्तु"** (यजुः ३४।३८) मन्त्र प्रमाण हैं। इस प्रकार से बहुविध कल्पनायें कर लेनी चाहिये।

"उद् बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्ते संसृजेथामयञ्च ।"
यजुः १५।५४ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णोः पदं यत् परमं पवित्रं तज्जागृवांसः स्तुवतेऽर्थसिद्ध्यै ॥
भगो हि सूर्यो भगवान् स विष्णुः भगं जगच्चक्रमयं[1] विधत्ते ॥९७॥

१—चक्रमयं=सङ्कोचविस्तारवच्चक्रमयमिति भावः ।

यदुक्तं—'विष्णोः पदं जागृवांसः स्तुवते', तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते ।
विष्णोर्यत् परमं पदम् ॥" यजुः ३४।४४ ॥

भगशब्दोऽनन्तपारे शब्दार्णवे प्रयुज्यमानो नानार्थः प्रतीयते । ततश्च सुखबोधाय विष्णुपुराणे तदर्थगणना विहिता । यथा—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः ।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ॥ वि० पु० ६।५।७४ ॥

तथा—

उत्पत्तिञ्च लयं चैव भूतानामागतिं गतिम् ।
वेत्ति विद्यामविद्याञ्च स वाच्यो भगवानिति ॥ वि० पु० ६।५।७८ ॥

प्रसङ्गप्राप्तं किञ्चिदुच्यते—सामान्यतः सर्वापि स्त्री भगवती, यतो हि सा

सूर्य का नाम भी भग है, क्योंकि अपने मनोरथ की सिद्धि के लिये सब उसकी सेवा करते हैं। अग्नि ही सूर्य है और सूर्य ही अग्नि है। भग शब्द के सूर्य नाम होने में "उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि" इत्यादि यजुर्वेद (१५।१४) मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

विद्वान् महापुरुष अपनी अर्थ सिद्धि के लिये विष्णु की परम पवित्र भगवान् नाम से स्तुति करते हैं। सूर्य का नाम भी भग है तथा भगवान् विष्णु इस संकोच विकाशशाली जगत् को भी भग रूप ही बनाता है।

भाष्यकार ने श्लोक में जो कहा है 'जागृवांसः' पुरुष भगवान् की स्तुति करते हैं, इसमें यह मन्त्र **"तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते"** (यजुः ३४।४४) इत्यादि प्रमाण है। यह 'भग' शब्द अनन्तपार शब्दार्णव में प्रयुज्यमान होता हुवा विविध अर्थों की प्रतीति करवाता है। इसके अर्थों का सुख से बोध हो जाये, इसलिये विष्णु पुराण में इसके अर्थों की गणना की है—"ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान, वैराग्य इनको भग कहते हैं और भूतों के उत्पत्ति-विनाश, हानि-लाभ, विद्या तथा अविद्या को जानता है, उसका नाम भगवान् है।" विष्णुपुराण ६।५।७४, ७८ ॥ अब कुछ प्रासङ्गिक कथन करते हैं—

प्रजाः विस्तारयति । उक्तञ्च वेदे—"सौभाग्यमस्यै दत्त्वायाथाऽस्तं वि परेतन" (ऋक् १०।८५।३३) । अस्तं=गृहम् ।

'सुभगे' इति च स्त्रियाः सम्बोधनं वेदे । सर्व एव वा सदारो भगवान् । यथा—भगवान् रामः, भगवान् कृष्णः; न भगवान् भीष्मः । यथा लोके भगवती-सम्बन्धाद् भगवान्, तथा परमेश्वरोऽपि प्रकृतिसम्बन्धाद् भगवान् ।

भगहाः—५५६

'भगशब्दो' व्याख्यातचरः ।

"हन हिंसागत्योः" आदादिको धातुः । उभावप्यार्थावत्र सङ्गच्छेते । "ब्रह्मभ्रूणवृत्रेषु क्विप्" (पा० ३।२।८७) इति सूत्रेण यो भूते क्विप् विहितः, स "बहुलं छन्दसि" (पा० ३।२।८८) इति सूत्रेण बहुलग्रहणात् अन्यस्मिन्नुप-पदेऽपि भवति तथा भूतकालाभावे, छन्दोऽभावे, धात्वन्तरादपि भवति, यतो हि सर्वोपाधिव्यभिचारार्थको बहुलशब्दः । तदुक्तम्—

क्वचित्प्रवृत्तिः क्वचिदप्रवृत्तिः क्वचिद् विभाषा क्वचिदन्यदेव ।
विधेर्विधानं बहुधा समीक्ष्य चतुर्विधं बाहुलकं वदन्ति ।
(दशपाद्युणादिवृत्तौ ५।७ उद्धृतः)

साधारण रूप से सब ही स्त्रियों का नाम भगवती है, क्योंकि वह प्रजा का विस्तार करती है। वेद में कहा है—"सौभाग्यमस्यै दत्त्वायाथाऽस्तं वि परेतन" (ऋक् ११।८५।३३) । मन्त्र में 'अस्त' पद गृह का वाचक है तथा वेद में स्त्री के सम्बोधन में 'सुभगे' आता है ।

अथवा जिसके साथ स्त्री का सम्बन्ध है, वह प्रत्येक पुरुष भगवान् नाम से कहा जाता है । जैसे भगवान् राम, भगवान् कृष्ण । किन्तु स्त्री का सम्बन्ध न होने से "भीष्म" को भगवान् नहीं कहा जाता ।

जैसे लोक में भगवती=स्त्री के सम्बन्ध से पुरुष भगवान् कहा जाता है उसी प्रकार परमेश्वर विष्णु भी प्रकृतिरूपा भगवती के सम्बन्ध से भगवान् कहा जाता है ।

भगहाः—५५६

'भग' शब्द का व्याख्यान पहले कर दिया है ।

भग शब्दोपपद हन् धातु से भूतकाल में कर्ता में क्विप् प्रत्यय होता है । "बहुलं छन्दसि" (पा० ३।२।८८) सूत्र में पठित 'बहुल' शब्द 'अन्य शब्दों के उपपद रहते हुवे, भूतकाल से अतिरिक्त काल में, वेद से भिन्न लोक में तथा अन्य धातुओं से भी क्विप् प्रत्यय होता है' यह बोधित करता है, क्योंकि बहुल शब्द सब ही न्यूनताओं के निवारण के लिये

बहुलमेव बाहुलकम् । बहुलवचनाच्च सर्वे विधयो विपर्यासं भजन्ते । तेषु केषाञ्चित् संग्रहो महाभाष्ये (३।१।८५) एवं प्रदर्शितः—

सुप्तिङुपग्रहलिङ्गनाराणां कालहलच्स्वरकर्तृयङां च ।
व्यत्ययमिच्छति शास्त्रकृदेषां सोऽपि सिध्यति बाहुलकेन ॥

अन्यच्च पृषोदरादिसूत्रे (६।३।१०९) काशिकावृत्तौ—

वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ ।
धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम् ॥

एवं चेह भगोपपदाद् वर्तमाने च काले हन्तेः क्विब्भवति । भगहा=विस्तारहा इत्यनर्थान्तरम् । भगं हन्ति=प्राप्नोति संक्षिपति वा । स यदेच्छति तदा स्वनियमानुसारं सङ्कोचविकासौ विधत्ते । लोकेऽपि पश्यामः—क्रिमयः फलानि दूषयन्ति, विकारयन्ति च पक्षिणोऽपि । इयं तस्यैव भगवतो व्यवस्था न तु मनुष्यस्य । उक्तञ्च दृढबलेन चरके—

विस्तारयति लेशोक्तं संक्षिपत्यतिविस्तरम् ।
संस्कर्ता कुरुते तन्त्रं पुराणञ्च पुनर्नवम् ॥ (सिद्धिस्थान १२।६५)

एवं सुधीभिः सर्वत्रोन्नेयम् । भावार्थप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"तस्य ते वाजिनो वयं विश्वा धामानि जिग्युषः । सखित्वमा वृणीमहे ॥"
ऋक् ९।६५।९ ॥

है । शब्दों की सिद्धि के लिये भाष्यकार ने **"सुप्तिङुपग्रह"** इति तथा **"वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च"** इत्यादि विभिन्न प्रकार की प्रक्रिया का आश्रय लिया है । भगहा शब्द का दूसरा पर्याय वाचक शब्द 'विस्तारहा' कहा जा सकता है, अर्थात् भग को जो प्राप्त होता है, विस्तार का जो संक्षेप करता है, वह भगहा कहा जाता है । भगवान् विष्णु अपनी इच्छा और नियमानुसार इस विश्व का विस्तार तथा संक्षेप करते हैं ।

लोक में भी देखते हैं, विकसित सुरस सम्पन्न फलों को कीट या पक्षी दूषित करके समाप्त या संकुचित कर देते हैं । यह सब भगवान् विष्णु की ही व्यवस्था है । मनुष्य या अन्य जीव तो उसका अनुकरण मात्र करते हैं । चरक संहिता (सिद्धि० १२।६५) में **"विस्तारयति लेशोक्तं संक्षिपत्यतिविस्तरम्"** इत्यादि श्लोक से इसी अर्थ का समर्थन किया गया है । इसी प्रकार विद्वानों को सब स्थान में समझ लेना चाहिये । यह मन्त्र भगहा शब्द के भावार्थ को प्रकट करता है—

"तस्य ते वाजिनो वयं विश्वा धामानि जिग्युषः । सखित्वमा वृणीमहे ।
ऋक् ९।६५।९ ॥

अन्तकृत्, मृत्युः, अन्तक इत्यादि नामसु यदुक्तं तदत्रापि "भगहा" नाम-व्याख्याने बोध्यम् । विजयो नाम परस्य स्वायत्तीकरणम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

लोकेऽस्ति दृश्यं विभुना कृतं यन्मर्त्येन वा यद्विहितं स्वशक्त्या ।
सर्वं हि तत् स्वायुरहं समाप्य वृणोति विष्णुं भगहेति सिद्धम्[1] ॥६८॥

१—स्वयं न क्षयं यातीति सिद्धो भगवान् विष्णुरिति ।

लोके चापि पश्यामः—सर्पिणी शुनी वा स्वजातकानि स्वयमश्नाति, संक्षेप-संस्तव एव तयोर्विहितो विधात्रा ।

एवं बहुत्र दृश्यते प्राणिषु भगहत्वं=विस्तारहत्वं स्वभावतः ।

आनन्दी—५६०

"टुनदि समृद्धौ" भौवादिको धातुराङ्पूर्वः । टुरिच्च इत्, इदित्त्वान्नुम् । पचादिलक्षणोऽच् प्रत्ययः, आनन्दः । यद्वा—भावे घञ्, आनन्दनं—आनन्दः । उभयत्रापि "**अत इनिठनौ**" सूत्रेणेनिः प्रत्ययो मत्वर्थीयस्तस्मिंश्च "**यस्येति च**" (पा० ६।४।१४८) सूत्रेणाकारलोपे, आनन्दी । तद्धितान्तत्वात् प्रातिपदिक-संज्ञायां सौ इन्नन्तलक्षणो दीर्घः, आनन्दी—समृद्धः । तदुक्तम्—"**न कुतश्चनोनः**" इति । मन्त्रलिङ्गम्—

"**अन्तकृत्, मृत्यु, अन्तक**" इत्यादि नामों के व्याख्यान में हमने जो कुछ कहा है, वह यहाँ भी समझ लेना चाहिये । दूसरे पर अधिकार करना या अपने वश में करना विजय शब्द का अर्थ है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम भगहा है, क्योंकि वह अपने किये हुवे तथा अपनी शक्ति से मनुष्य के किये हुवे इस सकल दृश्यवर्ग को सर्ग के अन्त में संक्षिप्त कर देता है, समाप्त करके स्वयं स्थित रहता है, इसलिये वह सिद्ध विष्णु ही भगहा नाम से कहा जाता है ।

लोक में भी देखा जाता है; सर्पिणी या कुतिया अपने बच्चों को उत्पन्न करके अपने आप खा जाती है, यह उसका विस्तार करके संक्षेप करना ही है । बहुत प्राणियों की ऐसी प्रवृत्ति स्वाभाविक है ।

आनन्दी—५६०

"टुनदि समृद्धौ" यह भ्वादिगण की धातु है, समृद्धि इसका अर्थ है । समृद्धि नाम सब प्रकार के जीवनोपयोगी साधन सम्पत्ति का है । 'टु' तथा 'इ' की इत्संज्ञा हो जाती है । इदित् होने से नुम् हो जाता है । आङ्पूर्वक नन्द धातु से पचादि अच् प्रत्यय, प्रातिपदिक संज्ञा और सु प्रत्यय आकर आनन्द शब्द सिद्ध होता है । मत्वर्थीय इनि प्रत्यय होने से आनन्दी पद बन जाता है । अथवा भाव में घञ् प्रत्यय और मत्वर्थीय इनि प्रत्यय होने से भी आनन्दी शब्द सिद्ध होता है । आनन्दी नाम समृद्ध का है, अर्थात् सब प्रकार से सम्पन्न

सर्वे नन्दन्ति यशसागतेन सभासाहेन सख्या सखायः ।
ऋक् १०।७१।१० ॥

कालेन सर्वा नन्दन्त्यागतेन प्रजा इमाः । अथर्व १९।५३।७ ॥

अथ च कामः सः—"**कामस्तदग्रे समवर्तत**" (अथर्व १९।५२।१), तमधिकृत्य जीवः प्रार्थयते—

"**यत्काम कामयमाना इदं कृण्मसि ते हविः ।**
तन्नः सर्व समृध्यतामथैतस्य हविषो वीहि स्वाहा ।" अथर्व १९।५२।५ ॥

आनन्दी समृद्धार्थः समन्तान्नन्दनं समर्धनं यस्य यस्मिन् वास्ति स आनन्दी ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"**यत्रानन्दाश्च मोदाश्च मुदः प्रमुद आसते ।**
कामस्य यत्राप्ताः कामास्तत्र माममृतं कृधीन्द्रायेन्दो परिस्रव ।"
ऋक् ९।११३।११ ॥

भवन्ति चात्रास्माकम्—

स एव विष्णुर्न कुतश्चनोनः यत्राप्तकामाः परमाश्रयन्ति ।
तं सच्चिदानन्दमयं पुराणं त्रिकालसिद्धं कवयन्ति धीराः ॥९९॥

इस अर्थ में "**न कुतश्चनोनः**" यह वेद-वचन प्रमाण है, तथा "**सर्वे नन्दन्ति यशसागतेन**" (ऋक् १०।७१।१०) इत्यादि और "**कालेन सर्वा नन्दन्त्यागतेन प्रजा इमाः**" (अथर्व १९।५३।७) मन्त्र इसी अर्थ को पुष्ट करते हैं। भगवान् का नाम काम भी है, इस नाम में "**कामस्तदग्रे समवर्तत**" (अथर्व १९।५२।१) वाक्य प्रमाण है, तथा "**यत्काम कामयमानाः**" (अथर्व १९।५२।५) इत्यादि में काम को उद्देश्य बनाकर की गई जीव की प्रार्थना इस भगवान् के काम-शब्द वाच्यत्व को पुष्ट करती है जो सब प्रकार से सम्पन्न तथा अच्छी प्रकार से ऋद्ध=बढ़ा हुवा है, उसका नाम आनन्दी है। ऐसे भगवान् विष्णु ही हैं, इसलिये उसी का यह आनन्दी नाम है। इसमें प्रमाण—"**यत्रानन्दाश्च मोदाश्च मुदः प्रमुद आसते**" (ऋक् ९।११३।११) इत्यादि मन्त्र हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

आनन्दी नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह सब प्रकार से समृद्ध है, किसी रूप से न्यून नहीं है। जिस पर-पुरुष का आश्रय लेकर साधारण पुरुष भी आप्तकाम=समृद्ध हो जाते हैं। उस त्रिकालसिद्ध अव्यय सच्चिदानन्द पर-पुरुष की विद्वान् पुरुष आनन्दी नाम से स्तुति करते हैं।

वनमाली--५६१

"वन संभक्तौ" भौवादिको धातुस्ततः पचाद्यच् प्रत्ययः। वनति=संविभजतीति वनम्। मन्त्रलिङ्गम्—"**अग्निर्नो वनते रयिम्**" (ऋक् ६।१६।२८)। वनते=संविभजतीत्यर्थः।

माला—माङ् माने जौहोत्यादिको धातुस्तस्मात् "**ऋज्रेन्द्राग्र०**" (२।२८) इत्याद्युणादिसूत्रेण रन्नन्तो निपातितः। प्रत्ययस्य रेफस्य लत्वं निपात्यते। ततो मालशब्दात् स्त्रियां टापि माला।

यद्वा—"मान पूजायां" भौवादिको धातुस्ततो "रन्" प्रत्यय औणादिकः, धातोर्नकारस्य लोपो निपात्यते, प्रत्ययरेफस्य च लत्वम्, स्त्रियां टापि मान्यतेऽनयेति माला।

यद्वा—धारणार्थप्राधान्यमधिकृत्य "मल धारणे" धातोः "रन्" प्रत्ययः, रेफस्य अकारादेशः, उपधाया दीर्घश्च निपातनात्, तथा स्त्रियां टापि, मल्यते धार्यते या सा माला।

यद्वा—मां=शोभां लाति=आदत्त इति माला। मोपपदात् "ला आदाने" धातोः "**आतोऽनुपसर्गे कः**" (पा० ३।२।३) इति कप्रत्यये टापि च माला शब्दसिद्धिः।

वनमाली—५६१

"वन संभक्तौ" यह भ्वादिगण की धातु है। सम्भक्ति=संविभाग इसका अर्थ है। इस धातु से पचादि अच् प्रत्यय होने से वन शब्द सिद्ध होता है। वन नाम विभाग करने वाले का है। इस अर्थ में "**अग्निर्नो वनते रयिम्**" यह ऋग्वेद (६।१६।२८) वचन प्रमाण है, इस वचन में 'वनते' का संविभाग करना अर्थ है।

माला शब्द की सिद्धि भाष्यकार ने कई प्रकार से की है—जैसेकि "माङ् माने" धातु से उणादि प्रत्यय "रन्" (उ० २।२८) तथा प्रत्यय के रेफ को लकार निपातन करके स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय करके माला शब्द सिद्ध किया है।

अथवा—"मान पूजायाम्" धातु से उणादि "रन्" प्रत्यय, धातु के नकार का लोप, प्रत्यय के रेफ को लत्व, यह सब निपातन से होता है और स्त्रीलिङ्ग में टाप् प्रत्यय होकर माला शब्द सिद्ध होता है। जिससे मान=पूजा की जाये, उसका नाम माला है।

अथवा—धारणार्थक "मल" धातु से उणादि रन् प्रत्यय, 'र' प्रत्यय को अकार तथा उपधा को दीर्घ निपातन से होता है। उससे स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय करने से माला शब्द सिद्ध होता है। जो धारण की जाये वह माला है।

अथवा—मा=शोभा वाचक कर्म के उपपद रहते हुवे "ला आदाने" धातु से कृत् "क" प्रत्यय, आकार का लोप तथा स्त्रीलिङ्ग में टाप् प्रत्यय करने से माला शब्द सिद्ध होता है। शोभा को जो ग्रहण करता है अर्थात् जिससे शोभा होती है उसका नाम माला है।

मालाशब्दात् "व्रीह्यादिभ्यश्च" (पा० ५।२।११६) सूत्रेण मत्वर्थीय इनिः प्रत्ययः, "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) सूत्रेणाकारलोपः। इन्नन्तलक्षणो दीर्घः, वनमालीति। बहुधा विभक्तं विश्वमिदं सूत्रे पुष्पसमूह इव सूत्रात्मके ब्रह्मणि प्रोतम्, अतएव 'वनमाला' शब्देनोच्यते तद्धारकश्च वनमालीति।

मन्त्रलिङ्गम्—

"तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा।" यजुः ३१।१९॥

भावार्थप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"आ ग्रावभिरहन्येभिरक्तुभिर्वरिष्ठं वज्रमा जिघर्ति मायिनि।
शतं वा यस्य प्रचरन् स्वे दमे संवर्त्तयतो वि च वर्त्तयन्नहा।"
ऋक् ५।४८।३॥

"विश्वो देवस्य नेतुर्मर्तो वुरीत सख्यम्।
विश्वो राय इषुध्यति द्युम्नं वृणीत पुष्यसे।" ऋक् ५।५०।१॥

भवति चात्रास्माकम्—

विभिन्नवर्णाकृतिगन्धयुक्तं पौष्पं सनेत्रं निर्मले च सूत्रे।
माला यथा विश्वमिदञ्च तद्वत् मालाभृतं विष्णुमनक्ति नित्यम् ॥१००॥

१—पुष्पाणां समूहः पौष्पम्।

मालाशब्दे विभक्तानामेकीभावरूपोऽर्थः, पूजार्थश्च निहितो वर्तते।

माला शब्द से वन शब्द का षष्ठी तत्पुरुष समास और वनमाला शब्द से मत्वर्थीय इनि प्रत्यय करने से मनमाली शब्द सिद्ध होता है। जैसे नाना प्रकार के विभिन्न पुष्पों को एक सूत्र में ग्रथन से माला बन जाती है और उसको धारण करने वाले का नाम माली होता है। उसी प्रकार नाना प्रकार से विभक्त जगत् के पदार्थ वन और उनका समष्टि रूप जगत् माला के समान जिस ब्रह्म रूप सूत्र में प्रोत=पिरोया हुवा=ग्रथित किया हुवा है, उसका नाम वनमाली है, क्योंकि वह इस जगत् रूप वनमाला को धारण किये हुवे है। इसमें "तस्मिन् ह तस्थुः" इति यजुर्वेद का वचन प्रमाण है। तथा "आ ग्रावभिरहन्येभि रक्तु भिर्वरिष्ठम्" इत्यादि ऋग्वेद (५।४८।३) का मन्त्र इस भावार्थ को प्रकट करते हैं।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

जैसे नाना प्रकार के वर्ण=रङ्ग, आकार तथा गन्ध से युक्त छिद्र युक्त पुष्पों का समूह एक विमल सूत्र में ग्रथित होने से माला कहा जाता है, उसी प्रकार नाना प्रकार के रङ्ग=आकारादि विशिष्ट पदार्थों से ग्रथित यह जगत् भी माला है। इसलिये यह माला रूप जगत् अपने धारण करने वाले वनमाली को प्रकट करता है।

माला शब्द परस्पर विभक्त=पृथक् भूतों का एक होना=समूह रूपता तथा पूजा

तथापि, यथा—सत्य-देव, द्वयोः शब्दयोरेकीकृत्याभिधानं सत्यदेव इति तथा वन, मालाशब्दयोर्वनमालेति ।

हलायुधः--५६२

"हल विलेखने" भौवादिको धातुस्ततः पचाद्यच् प्रत्ययः । हलति विलिखतीति हलः ।

आयुधम्—आङ्पूर्वकः "युध सम्प्रहारे" धातुर्दैवादिकः, तस्माद् "घञर्थे कविधानं स्थास्नापाव्यधिहनियुध्यर्थम्" पा० ३।३।५८ सूत्रस्थवार्तिकेन करणे कः प्रत्ययः, कित्त्वाद् गुणभावः । आसमन्ताद् युध्यतेऽनेनेत्यायुधम्, प्रहरणसाधनं शस्त्रम् । हल आयुधमस्यास्तीति हलायुधः सांहितिको दीर्घः । हलशब्दो हि सीरशब्दपर्यायः, तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"इन्द्र आसीत्सीरपतिः ।" अथर्व ६।३०।१ ॥

"युनक्त सीरा वि युगा तनुध्वं कृते योनौ वपतेह बीजम् ।"
ऋक् १०।१०१।३ ॥

हलेन आयुध्यते विलिख्यते इति हलायुधः । "अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित्कृषस्व" ऋक् १०।३४।१३ ॥

यद्वा—हलेन विलेखनेन=कर्षणेन समन्तात् सम्प्रह्रियते येन स हलायुधः । विलेखनस्य साधनं करणं वा हलम्, तत् सम्प्रहरणं यस्य स हलायुध इति ।

अर्थ का वाचक है । फिर भी जैसे—सत्य और देव, दो शब्दों को एक बनाकर सत्यदेव, ऐसा कहते हैं, उसी प्रकार वन और माला शब्द को एक करके वनमाला शब्द से कहा है ।

हलायुधः—५६२

हलः—"विलेखने" यह भ्वादिगण की धातु है । इससे पचादि अच् प्रत्यय करने से हल शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ है 'विलेखन=भेदन करने वाला' ।

आयुध—आ उपसर्ग है, "युध सम्प्रहारे" यह दिवादिगण की धातु है । इससे "घञर्थे कविधानम्" इत्यादि वार्तिक से करण अर्थ में 'क' प्रत्यय करने से आयुध शब्द सिद्ध होता है । जिससे युद्ध किया जाय, ऐसा साधन-शस्त्र विशेष का नाम है । बहुव्रीहि समास से 'जिसका हल आयुध=युद्ध का साधन है' उसका नाम हलायुध है ।

हल शब्द का पर्यायवाचक शब्द 'सीर' है । इसमें प्रमाण "इन्द्र आसीत् सीरपतिः" (अथर्व ६।३०।१) यह मन्त्र है, तथा दूसरा "युनक्त सीरा वियुगा" इत्यादि ऋग्वेद (१०।१०१।३) का मन्त्र भी प्रमाण है ।

अथवा हलायुध नाम कृषक का है, क्योंकि वह हल से भूमि का विलेखन=भेदन करता है । वेद की आज्ञा है "अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित्कृषस्व" ऋग्वेद १०।३४।१३ ॥

लोकेऽपि पश्यामः—यथा लोके कृषीवलो हलायुधस्तथा प्रत्येकं प्राणी स्वक्षेत्रभूतां योनिं हलरूपेण स्वशिश्नेन विलिखति। अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"सं पितरावृत्विये सृजेथां माता पिता च रेतसो भवाथः।
मर्य इव योषामधि रोहयैनां प्रजां कृण्वाथामिह पुष्यतं रयिम्॥
तां पूषञ्छिवतमामेरयस्व यस्यां बीजं मनुष्या वपन्ति।
या न ऊरू उशती विश्रयाति यस्यामुशन्तः प्रहराम शेपम्॥
आरोहोरुमुप धत्स्व हस्तं परिष्वजस्व जायां सुमनस्यमानः।
प्रजां कृण्वाथामिह मोदमानौ दीर्घं वामायुः सविता कृणोतु॥"

अथर्व १४।२।३७, ३८, ३९॥

अतएतद्वक्तुमर्हं यत्—भगवता हलायुधेन सर्वमिदं जैवं जगत्, हलायुधरूपं विहितं प्रवाहतोऽनादिमतो जगतः सन्तानाय। उक्तं हि करणनामव्याख्याप्रसङ्गे—करणनामानं भगवन्तमनुकरोति मनुष्यः। तथा हि प्रत्येकं मनुष्यः स्वस्वकार्यसिद्धौ पृथग्विधानि स्वोपकरणानि करोति। लोके चापि दृश्यते—पाचकश्चुल्ल्यां काष्ठानि विलिखति=निदधाति=पाकाय, तत्र चुल्ली योनिस्थानीया, काष्ठानि शिश्नस्थानीयानि। अमुथैव सर्वासामोषधीनां पृथिवीयोनिः, हलं तद्विलेखने साधनम्। तत्र मन्त्रः—

गिरा च श्रुष्टिः सभरा असन्नो नेदीय इत् सृण्यः पक्वमेयात्।"

ऋक् १०।१०१।४॥

एवं भगवान् हलायुधनामा विष्णुः प्रतिपदं स्वहलायुधरूपेण गुणेन व्याप्तः स्तुतिमुपयाति। मनुष्यो हि भगवतोऽनुकरणशीलः।

अथवा सब ही प्राणी हलायुध हैं क्योंकि कृषक (किसान) के समान वे सब ही अपनी क्षेत्र रूप योनि का शिश्न रूप हल से कर्षण=भेदन करते हैं। इसमें ये **"सं पितरावृत्विये"** इससे आरम्भ करके **"या न ऊरू उशती विश्रयाति यस्यामुशन्तः प्रहराम शेपम्"** इत्यादि अथर्ववेद (१४।२।३७, ३८, ३९) के मन्त्र प्रमाण हैं। इसलिये ऐसा कहा जा सकता है कि भगवान् हलायुध ने सब जीव भी हलायुध ही बनाये हैं, प्रवाह से अनादि जगत् के प्रसार के लिये। **करण** नाम की व्याख्या में हमने कहा है कि यह सब जीव-वर्ग करण नाम भगवान् का ही अनुकरण करता है। जैसे कि प्रत्येक मनुष्य अपने कार्य की सिद्धि के लिये पृथक्-पृथक् उपकरण=साधन तैयार करता है।

लोक में भी ऐसा देखा जाता है—एक पकाने वाला चुल्हे में लकड़ी रखता है, कुछ पकाने लिये के लिये। यहां चुल्हा योनिस्थानीय तथा लकड़ियां शिश्नस्थानीय हैं। इसी प्रकार सब औषधियों की योनि पृथिवी है तथा उसके विलेखन का साधन हल है। इसमें मन्त्र प्रमाण—**"गिरा च श्रुष्टिः......पक्वमेयात्"** (ऋक् १०।१०१।४) इत्यादि।

इसी प्रकार हलायुध नामा भगवान् विष्णु अपने हलायुध रूप गुण से सर्वत्र व्याप्त स्तुति को प्राप्त होता है। मनुष्य भगवान् का अनुकरणशील है।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

हलायुधो विष्णुरिदं प्रतन्वन् जगत् समृद्धं कुरुते हलेन ।
[1]हलस्य नानाविधतेह दृश्या कार्यस्य योन्याश्च तथैव भेदः ॥१०१॥
एवं हि यो वेत्ति हलायुधं तं विष्णुं समस्ते विततं भवेऽस्मिन् ।
न मोहमभ्येति स कार्यसिद्धौ [2]हलं क्रियासिद्धिकरं करोति ॥१०२॥
निःसाधनो[3] ना सबलोऽप्यपार्थकः सुसाधनो नूनबलोऽपि सार्थकः ।
हलस्य तत्त्वं निहितं गुहायां विज्ञाय धीरः सुखमेत्यनिन्द्यम् ॥१०३॥

१—हलस्य=शिश्नस्य । २—हलं=करणम् । ३—साधनं=शिश्नं=करणम् ।

आदित्यः—५६३

आदितिः—"दो अवखण्डने" दैवादिको धातुस्तस्मात् स्त्रीविशिष्टे भावे 'क्तिन्' प्रत्ययो नञा समासः ।

आदित्यः—अदितिशब्दात् **"दित्यदित्यादित्यपत्युत्तरपदाण्ण्यः"** (पा० ४।१।८५) इत्यादि सूत्रेण अपत्यार्थे ण्यः प्रत्ययः । **"यचि भम्"** (पा० १।४।१८) सूत्रेण पूर्वस्य भसंज्ञा, भत्वात् **"यस्येति च"** (पा० ६।४।१४८) सूत्रेण इकारलोपः । **"तद्धितेष्वचामादेः"** (पा० ७।२।११७) इति आदिवृद्धिः । ततः प्रातिपदिक-

---

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

हलायुध नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह योनियों तथा कार्यों के भेद से तथा नाना साधन भूत हलों से जगत् को समृद्ध करता है ।

शिश्न के अभिप्राय से—इस प्रकार से जो पुरुष इस समग्र विश्व में व्याप्त उस हलायुध को जानता है, वह किसी भी कार्य सिद्धि में हल का सफल प्रयोग करता हुवा मोह को प्राप्त नहीं होता ।

करण के अभिप्राय से—जिस पुरुष के पास कार्य सिद्धि कर साधन नहीं होता, वह पुरुष सबल होता हुवा भी अपनी कार्य-सिद्धि में असफल होता है, तथा जिसके पास साधनों का बल है, स्वयं निर्बल होता हुवा भी कार्य सिद्धि में सफल है ।

हलका तत्त्व अत्यन्त निगूढ है, जो इस हलायुध के तत्त्व को समझ लेता है, वह आत्यन्तिक सुख को प्राप्त कर लेता है ।

आदित्यः—५६३

"दो अवखण्डने" दिवादिगण की धातु से स्त्री विशिष्ट भाव में 'क्तिन्' प्रत्यय करने तथा ओकार को आकार और आकार को इकारादेश करने से दिति शब्द बनता है, नञ्-तत्पुरुष समास होने से अदिति शब्द बन जाता है । अदिति शब्द से 'अपत्यार्थ' में तद्धित

संज्ञायां सुप्, आदित्यः । अदितिर्नाम या खण्डिता न भवति, न खण्डनं विघटनं भवति यस्याः सा अदितिः । का पुनः सा ? अत्र वेद आह—

"अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः ।
विश्वे देवा अदितिः पञ्चजना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ।"
यजुः २५।२३ ॥

"प्रातर्जितं भगमुग्रं हुवेम वयं पुत्रमदितेर्यो विधर्ता ।" यजुः ३४।३५ ॥

अदितेर्दिवः पुत्रः सूर्यः । यतो हि स प्रत्यक्षम्, अन्तरिक्षाज्जायमानो दृश्यते । सूर्यस्यापि यो जनकः सोऽप्यदितिः—"यः सूर्यं······जजान······स जनास इन्द्रः" (ऋक् २।१२।७) यद्वा, जातं जनित्वञ्चादितिरिति मूलमदितिः—तस्याः कार्यमादित्यः । लिङ्गं विशेष्याधीनमत आदित्यं—जगत् इत्यादि । एवञ्चादितिरूपाद् ब्रह्मणो जातत्वात् सर्वं जगदादित्यं, सर्वो लोक आदित्यः प्रवाहतो नित्यं जगदादित्यम् । एवमादित्यरूपगुणेन विश्वं व्यश्नुवानो भगवान् विष्णुरादित्यः ।

भवति चात्रास्माकम्—

प्रवाहनित्यं जगदाततान विचित्रभरणां कुरुतेऽदितिं सः ।
विकारजातांश्च करोत्यनन्तान् सर्वेऽपि चादित्यपदेन ते स्युः ॥१०४॥

अभिधेया इति शेषः ।

ण्य प्रत्यय करने से आदि वृद्धि, 'भ' संज्ञा से इकार का लोप होकर "आदित्य" यह सिद्ध होता है ।

अदिति का अर्थ 'जिसका खण्ड न होवे' यह है । इस अदिति के विषय में "अदितिर्द्यौः" इत्यादि यजुः (२५।२३) तथा "पुत्रमदितेर्यो विधर्ता" इत्यादि यजुर्वेद (३४।३५) का मन्त्र हैं । इन मन्त्रों में द्यौ, अन्तरिक्ष, माता, पिता, पृथिवी इत्यादि सब को अदिति रूप से कथन किया जाता है तथा द्यो रूप अदिति का पुत्र सूर्य बतलाया है, क्योंकि वह प्रत्यक्ष रूप से अन्तरिक्ष से उदय होता हुवा दीखता है । सूर्य का जनक अदिति है, इसमें "यः सूर्यं······जजान······स जनास इन्द्रः" यह ऋग्वेद (२।१२।७) का वचन है । अथवा जात और जन्मरूप जनित्व सब अदिति हैं, अर्थात् इन सब का मूल अदिति है और कार्य आदित्य है । इसलिये जगत् कार्य होने से आदित्य है, अथवा सब लोक ही आदित्य हैं । इस प्रकार से आदित्यरूप गुण से सर्वत्र व्याप्त भगवान् विष्णु आदित्य है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम आदित्य है, क्योंकि वह प्रवाह से नित्य आदित्य रूप जगत् को बनाता है, तथ उसमें धारणात्मक शक्ति से विशिष्ट विचित्र नाना प्रकार के अन्तरिक्ष, पृथिवी, औषधी आदि अदिति और आदित्य रूप विविध प्रकार के उनके विकारों को बनाता है, वे सब आदित्य नाम से ही कहे जाते हैं ।

ज्योतिरादित्यः—५६४

ज्योतिः—"द्युत दीप्तौ" भौवादिको धातुस्ततः "द्युतेरिसन्नादेश्च जः" (२।११०) इत्युणादिः 'इसन्' प्रत्यय आदिदकारस्य जकारादेशः गुणश्च। आदित्यशब्दो प्राग् व्युत्पादितः। ज्योतिश्च तदादित्यश्च, ज्योतिरादित्यः। छाया=छायी च समानस्थितिकाविति समाननाम्ना गृह्येते। अमृतं ब्रह्म तच्छायापि अमृता। अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"यस्य छायामृतं······कस्मै देवाय हविषा विधेम।" यजुः २५।१३॥

विशदमत्रानुसन्धेयम्—सूर्यः पञ्चमराशिसिंहनायकः। मघा पूर्वाफाल्गुन्नी तथोत्तराफाल्गुन्या एकं पादं सिंहराशिः, सूर्यो वा। अग्निः=सूर्यः, सूर्यो वाग्निः। पिता—पुत्रः, पुत्रो वा पिता। माता पुत्रः पुत्रो वा माता। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अदितिर्माता स पिता स पुत्रः······अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्।" यजुः २५।२३॥

एवं स पिता स पितामह इत्यादि। एवं वेदे सर्वत्र सङ्गमनीयम्, न कुत्रचिद् विसंशनीयम्, लौकिकान् शब्दान् दृष्ट्वा। यतो हि महार्था वेदवाणी। तद्यथा, सूर्य आत्मा, आत्मा वा सूर्यः। सूर्यो यशो, यशः सूर्यः। सूर्यः पिता, पिता

ज्योतिरादित्यः—५६४

ज्योतिः—'द्युत्' यह भ्वादिगण की धातु है, दीप्ति "चमक" इसका अर्थ है। इससे उणादि "इसन्" प्रत्यय तथा आदि दकार को जकारादेश और गुण होकर ज्योतिः शब्द सिद्ध होता है। आदित्य शब्द का साधन पहले किया जा चुका है। ज्योति और आदित्य शब्द का कर्मधारय समास होने से ज्योतिरादित्य शब्द बन जाता है। इसका अर्थ होता है ज्योतिरूप आदित्य। छाया और छायी की स्थिति एक समान ही होती है। इसलिये उन दोनों को एक नाम से ही कहा जाता है। जैसे—ब्रह्म का नाम अमृत है और उसकी छाया का नाम भी अमृता है। इसमें **"यस्य छायामृतं······कस्मै देवाय हविषा विधेम"** (यजुः २५।१३) मन्त्र प्रमाण है।

यहां स्पष्ट रूप से इस प्रकार जानना चाहिये—पांचवीं राशि सिंह का स्वामी सूर्य है। मघा और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र सम्पूर्ण तथा उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का एक चरण का नाम सिंह राशि या सूर्य है। अग्नि सूर्य है, वा सूर्य अग्नि है। पिता पुत्र है, वा पुत्र ही पिता है। माता पुत्र है, वा पुत्र ही माता है। इसमें प्रमाण यह **"अदितिर्माता स पिता स पुत्रः······अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्"** (यजुः २५।२३) मन्त्र है। इसी प्रकार वह ही पिता है और वह ही पितामह है, इत्यादि जान लेना चाहिये। इसी प्रकार की सङ्गति वेद में भी निःसंशय होकर कर लेनी चाहिये, क्योंकि लौकिक शब्दों की अपेक्षा वेदवाणी विशेष अर्थ महिमा से युक्त होती है। जैसे—सूर्य आत्मा, अथवा आत्मा ही सूर्य है। सूर्य यश, अथवा यश ही सूर्य है। सूर्य पिता, अथवा पिता ही सूर्य है। सूर्य सत्य, सत्य

सूर्यः । सूर्यः सत्यं, सत्यं सूर्यः । अग्निर्यशो यशो वाग्निः । अग्निर्वाक्, वाग्वाग्निः । एवं सर्वत्र शब्दमहार्थता नियममाश्रित्य ग्रहैः फलकथने ज्योतिःशास्त्रं प्रवर्तते, तत्र मुह्यन्ति गुरूपदेशरहिताः ।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

छाया सदा छायिनमेति नित्यं छायी च तस्या हि सदानुकारी ।
ज्योतिर्हि सूर्यः स उ वा प्रकाशः सिंहश्च सूर्यः स च पञ्चमो वा ॥१०५॥
एवं ततं यो मनुते जगत्यां स एव वेद किमु वाचमीश्वरीम् ।
विज्ञाय लोके सुखमेत्यनिन्द्यं वेदाश्च तस्मिन् विलसन्ति नन्द्याः ॥१०६॥

सहिष्णुः—५६५

"षह मर्षणे" भौवादिको धातुस्तस्मात् तच्छीलतद्धर्मतत्साधुकार्यर्थेषु "अलङ्कृञ्निराकृञ्" इत्यादि (पा० ३।२।१३६) सूत्रेण 'इष्णुच्' प्रत्ययः । सहते तच्छीलः तद्धर्मः तत्साधुर्वा सहिष्णुः सहनशील इत्यर्थः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अयमग्निः पृतनाषाट् सुवीरो येन देवासो असहन्त दस्यून ।"
ऋक् ३।२९।९ ॥

ही सूर्य है, इत्यादि । इसी प्रकार अग्नि यश और वाक् है, यश और वाक् ही अग्नि है, इत्यादि जानना चाहिये ।

इसी प्रकार सर्वत्र शब्द की महार्थता को लेकर ग्रहों से फल कहने में ज्योति-शास्त्र प्रवृत्त होता है । उसमें वे मनुष्य विमूढ़ होते हैं, जिनको सद्गुरुओं से उपदेश नहीं मिला है ।

भाष्यकार के श्लोकों का भावार्थ—

'ज्योतिरादित्य' नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि ज्योति छायी=बिम्ब रूप है और आदित्य छाया प्रतिबिम्ब रूप है । छायी और छाया सदा आपस में अनुकरण करते हैं । अर्थात् ये दोनों परस्पर नित्य सम्बद्ध है । ज्योति ही सूर्य है, अथवा सूर्य ही ज्योति=प्रकाश रूप है । सिंह राशि ही सूर्य है अथवा सूर्य ही सिंह राशि है ।

इस प्रकार जो मनुष्य इस ज्योति रूप आदित्य भगवान् को सर्वत्र व्यापक रूप से विराजमान देखता है, वह ही इस ईश्वरी वाणी=वैदिक वाक् को प्राप्त करता है, अर्थात् उसी में वेदों का विकास होता है तथा वह सात्त्विक आत्यन्तिक सुख को प्राप्त करता है ।

सहिष्णुः—५६५

'षह'—यह भ्वादिगण की धातु है, सहन करना इसका अर्थ है । इससे तच्छील तद्धर्म तथा तत्साधुकारी विशिष्ट कर्ता अर्थ में "इष्णुच्" कृत् प्रत्यय होता है । सहनशील, सहनधर्मा, सहनसाधुकारी वा 'सहिष्णु' नाम से कहा जाता है । इसमें यह मन्त्र **"अयमग्निः पृतनाषाट् सुवीरो येन देवासो असहन्त दस्यून्"** (ऋक् ३।२९।९) प्रमाण है । तथा

"येन सहांसि सहसा सहन्ते।" ऋक् ६।६६।९॥

"इन्द्रो तुराषाण्मित्रो वृत्रं यो जघान यतीर्न।
बिभेद वलं भृगुर्न ससहे शत्रून् मदे सोमस्य।" अथर्व २।५।३॥

एवं बहुत्र सहधातोः प्रयोगो वेदे। लोकेऽपि च पश्यामः सहिष्णुर्भगवान् विष्णुः प्रतिशरीरं सहिष्णूनामस्थ्नां समूहं कुरुते, तेन नरा भारसहा भवन्ति।

"सहोऽसि सहो मयि धेहि।" यजुः १९।९॥

भवतश्चात्रास्माकम्—

सहोऽस्ति विष्णुः सहते समग्रं सहिष्णुमन्तः कुरुते जगत् सः।
यथा शरीरेऽस्थिवितानमन्तः कृत्वा सहिष्णून् कुरुते च जन्तून्॥१०७॥

एवं हि यो वेत्ति सहं सहिष्णुं तस्यैव साहश्च जगत् प्रसृप्तः।
सर्वं खलानां सहते स शान्तः सहिष्णु [1]मग्र्यञ्च सखाय [2]मित्वा॥१०८॥

१—अग्र्यम्=उत्तमम्। २—इत्वा=प्राप्य।

गतिसत्तमः—५६६

गतिशब्दो "गम्लृ गतौ" धातोः क्तिनि व्युत्पादितः प्राक्। तथा सत्तम-शब्दोऽपि "अस् भुवि" धातोः शतृप्रत्यये, तदन्ताच्चातिशायनिके तमपि प्राक्

"येन सहोऽसि" इत्यादि (ऋक् ६।५५।९) और "इन्द्रो तुराषाण्मित्रो वृत्रं······ ससहे शत्रून् मदे सोमस्य।" (अथर्व २।५।३) मन्त्र भी इस अर्थ को प्रमाणित करते हैं।

लोक में भी यह अनुभय किया जाता है, सहिष्णु नाम भगवान् विष्णु प्रत्येक शरीर में सहनशील अस्थि "हड्डी" समूह बनाता है, जिससे प्राणी भार को सहन करता है। जैसेकि वेद कहता है—"सहोऽसि सहो मयि धेहि" (यजुः १९।९)।

भाष्यकार के श्लकों का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम सहिष्णु है, क्योंकि वह स्वयं सहनशील होता हुवा इस समग्र जगत् को सहनशील बनाता है। जैसे शरीर के अन्दर दृढ़ अस्थियों का प्रसार करके प्राणियों को सहनशील बना देता है। इस प्रकार जो मनुष्य सहिष्णु भगवान् के सहन रूप गुण को सर्वत्र विश्व में प्रसृत=फैला हुवा देखता है, वह उत्तम सखा रूप विष्णु को प्राप्त करके, शान्त हुवा खलों के कुकृत्यों को सहन करता है।

गतिसत्तमः—५६६

गति शब्द "गम्लृ गतौ" भ्वादिगण की धातु से भाव में क्तिन् प्रत्यय करके पहले सिद्ध किया है। इसी प्रकार सत्तम शब्द भी "अस भुवि" धातु से शतृ प्रत्यय और अतिशयार्थक तमप् प्रत्यय करके सिद्ध किया है। गमन का नाम गति है। यहां गति शब्द से

साधितः । गतिशब्देनेह गतिराश्रयो गृह्यते, तेन गत्याश्रितानां श्रेष्ठतमो गतिसत्तमः । तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"तद् दूरे तद्वन्तिके, तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ।
यजु ४०।५ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्भवेऽस्मिन् गतिसत्तमोऽस्ति सर्वं गतं तेन [1]सदात्मयोगात् ।
[2]अमर्त्यगत्या मृत एति चात्मा सूर्योऽपि तद्वद् गतिसत्तमः खे ॥१०६॥

१—सत् एव आत्मा=स्वरूपं यस्य स सदात्मा, तस्य योगः सदात्मयोगः, तस्मादिति । अस्तित्वरूपेण सर्वग इत्यर्थः ।

२—देहं परित्यज्य, आत्मा कया गत्या यातीति न केनापि मर्त्येन वक्तुं शक्यमिति "अमर्त्यगत्या" इत्युक्तम् ।

प्रसङ्गप्राप्तं किञ्चिदुच्यते—सूर्यो राशे राश्यन्तरं सङ्क्रमते यथा, तथाऽयमात्मा देहाभिमानी देहाद्देहान्तरं सङ्क्रमते । मन्त्रलिङ्गम्—

"त्रिंशद् धाम विराजति वाक् पतङ्गाय धीयते ।
प्रति वस्तोरहद्युभिः ।" ऋक् १०।१८६।३ ॥

त्रिंशदंशाः=त्रिंशद् धामानि । षष्ट्युत्तराणि त्रीणि शतानि चास्थ्नां भवन्ति, इति वेदवादिनो वदन्ति । तदुक्तम्—

षष्टिश्च ह वै त्रीणि च शतानि पुरुषस्यास्थीनि । शत० १०।५।४।१२ ॥

गति का आश्रय लिया है, अर्थात् गतिवालों में जो सबसे श्रेष्ठ गति वाला होवे, वह गतिसत्तम शब्द से कहा जाता है । यहां यह मन्त्र **"तद् दूरे तद्वन्तिके तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः"** (यजुः ४०।५) प्रमाण है ।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

भगवान् विष्णु का नाम गतिसत्तम है, क्योंकि वह अस्तित्व रूप से सर्वत्र संसार में अनुगत है तथा उसकी गति मर्त्यगति से विलक्षण है, अर्थात् यह कोई नहीं जान सकता कि शरीर को छोड़कर यह जीवात्मा किस गति से जाता है । इसी प्रकार आकाश में सूर्य भी गतिसत्तम होता है, क्योंकि उसकी गति भी बहुत तेज तथा अज्ञेय होती है ।

अब प्रसङ्ग से प्राप्त कुछ वर्णन करते हैं—

जैसे—सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में सङ्क्रमण करता है, उसी प्रकार आत्मा भी एक शरीर से दूसरे शरीर में सङ्क्रमण करता है । इसमें यह मन्त्र प्रमाण है—**"त्रिंशद्धाम वि राजति वाक् पतङ्गाय धीयते ।"** (ऋक् १०।१८६।३) इत्यादि ।

त्रिंशद्धाम=३० अंशों का नाम है । ३६० शरीर में अस्थियां होती हैं, यह वेदविद् विद्वान् कहते हैं (द्र० शत० १०।५।४।१२) ।

सुधन्वा--५६७

"धन धान्ये" जौहोत्यादिको धातुस्तस्मात् "अर्तिपृवपियजितनिधनितपिभ्यो नित्" (२।११७) इत्यनेनोणादिसूत्रेण "उसिः" प्रत्ययस्तस्य च नित्त्वातिदेशः स्वरार्थम्। सुपूर्वो बहुव्रीहिस्ततः "वा संज्ञायाम्" (पा० ५।४।१३३) सूत्रेण समासान्तो वैकल्पिकोऽनङ् क्रियते, स च "ङिच्च" (पा० १।१।५३) इति सूत्रेणान्त्यस्यालः सकारस्य स्थाने भवति—'सु धनु अन्' उकारस्य यणादेशेन वकारः। प्रातिपदिकसंज्ञायां सुः प्रत्ययः, नान्तलक्षणो दीर्घः, सुधन्वा, पक्षे सुधनुरित्येव। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"धनुर्हस्तादाददानो मृतस्यास्मे क्षत्राय वर्चसे बलाय।
अत्रैव त्वमिह वयं सुवीरा विश्वाः स्पृधो अभिमातीर्जयेम।"
ऋक् १०।१८।९॥

अहं रुद्राय धनुरा तनोमि ब्रह्मद्विषे शरवे हन्तवा उ।
अहं जनाय समदं कृणोमि अहं द्यावापृथिवी आ विवेश।
ऋक् १०।१२५।६॥

लोकेऽपि दृश्यते—या भ्रुकुटिः सा सूर्यस्य धनुरिव, सूर्यो हि चक्षू रूपेण स्थितस्तत्र। तदुक्तम्—"चक्षोः सूर्यो अजायत" (यजुः ३१।१२) इति।

भवति चात्रास्माकम्—

लोकेऽस्ति दृश्या भ्रुकुटिर्मनुष्ये मन्ये सुधन्वैव पदं व्यनक्ति।
विष्णुः सुधन्वा धनुरातनोति [1]ब्रह्मद्विषो रक्षति [2]तेन विश्वम्॥११०॥

१—ब्रह्मद्विड्भ्य इत्यर्थः, पञ्चम्यन्तं पदम्। २—तेन=धनुषेत्यर्थः।

सुधन्वा—५६७

"धन धान्ये" यह जुहोत्यादिगण की छान्दस धातु है, इससे उणादि "उसि" प्रत्यय तथा उसको स्वर के लिये नित्त्व का अतिदेश किया जाता है। सु पद के साथ बहुव्रीहि समास, नाम वाचक अर्थ में विकल्प से "अनङ्" आदेश समासान्त होकर 'सुधन्वा' शब्द सिद्ध होता है।

सुधन्वा नाम में मन्त्र प्रमाण—"धनुर्हस्तादाददानो मृतस्यास्मे क्षत्राय वर्चसे बलाय···। (ऋक् १०।१८।९) "अहं रुद्राय धनुरा तनोमि ब्रह्मद्विषे शरवे हन्तवा उ" (ऋक् १०।१२५।६) इत्यादि हैं। लोक में भी देखा जाता है—सूर्य चक्षु रूप है और भ्रकुटि सूर्य के धनुष के समान है। वेद भी कहता है—"चक्षोः सूर्यो अजायत" (यजुः ३१।१२)।

भाष्यकार के श्लोक का भावार्थ—

जगत् में प्रत्येक प्राणी के नेत्रों के ऊपर जो भ्रुकुटि स्थान है, उसमें मानो सुधन्वा की ही स्थिति है। सुधन्वा नाम विष्णु का है, क्योंकि वह धनुष को तानकर "चढ़ाकर" उससे ब्रह्मद्विषः=आसुर प्रकृति वालों से विश्व की रक्षा करता है।

खण्डपरशुः—५६८

यद्वा "सुधन्वा—अखण्डपरशुः" इत्यपि च्छेत्तुं शक्यते ।

खण्ड—"खनु अवदारणे" धातुर्भौवादिकस्तस्मात् "ञमन्ताड्डः" (१।११४) इति सूत्रेणौणादिको "डः" प्रत्ययः । ञमिति प्रत्याहारः, तेन ञ—म—ङ—ण—न—एषां पञ्चानां ग्रहणम् । "चुटू" (पा० १।३।७) इति डकारस्येत्संज्ञा च बाहुलकान्न भवति । इत्संज्ञाभावाच्च न लोपः । "नेड् वशि कृति" (पा० ७।२।८) इत्यनेनेण्निषेधः । अनुस्वारपरसवर्णौ, खण्ड इति ।

यद्वा, "खडि भदेने" चौरादिकः, इदित्त्वान्नुम्, 'णिच्', तदन्ताच्च पचाद्यच् प्रत्ययः, णेर्लोपः, खण्ड इति । इदित्करणलिङ्गात् णिचः पाक्षिकत्वे (माधवीया धातुवृत्तिः चिति स्मृत्याम् १०।२) तु केवलात् खण्डधातोरेव अच् प्रत्ययः । खनति, खण्डयति वा खण्डः । खायते खण्डचते वा खण्डः ।

परः—"पॄञ् पालनपूरणयोः" क्र्यादिको धातुस्ततोऽच् प्रत्ययो गुणो रपरः । पृणातीति परः=पालकः पूरको वा ।

परशुः—परशब्दे उपपदे "शॄ हिंसायाम्" इति क्र्यादिकाद्धातोः "आङ्-परयोः खनिशॄभ्यां डिच्च" (१।३३) इत्युणादिः 'कुः' प्रत्ययो डित्त्वातिदेशश्च तस्य, तेन टेर्लोपः, परशुरिति ।

खण्डपरशुः—५६८

'सुधन्वा—अखण्डपरशु' ऐसा छेद भी किया जा सकता है ।

खण्ड—'खनु' यह भ्वादिगण की धातु है, अवदारण=भेदन इसका अर्थ है । इससे उणादि 'ड' प्रत्यय तथा अनुस्वार परसवर्ण होने से खण्ड शब्द सिद्ध होता है । बहुल से प्रत्यय के डकार की इत्संज्ञा नहीं होती । अथवा, "खडि भेदने" यह चौरादिक धातु है, इदित् होने से नुम् हो जाता है । णिजन्त की धातु संज्ञा होकर पचादि अच् प्रत्यय तथा णि का लोप होने से, अथवा णिज् के अभाव में केवल खण्ड' धातु से ही पचादि अच् प्रत्यय करने से खण्ड पद सिद्ध होता है, जिसका अर्थ 'जो भेदन करता है, अथवा जिसका भेदन किया है' यह होता है । 'पर' शब्द "पॄञ्" धातु क्र्यादिगण की, जिसका अर्थ 'पालन या पूरण करना है', उससे पचादि अच् प्रत्यय तथा रपर गुण होकर सिद्ध होता है, जिसका अर्थ 'पालन या पूरण करने वाला' ऐसा होता है ।

परशु—परशब्दोपपद 'शॄ हिंसायां" धातु से उणादि "कु" प्रत्यय तथा उसको डित्त्व का अतिदेश किया है । इससे टि का लोप होकर परशु शब्द सिद्ध होता है ।

खण्डन करने वाला, पालन या पूरण करने वाला, अथवा शत्रु का हनन करने वाला, यह समुदित 'खण्डपरशु' शब्द का अर्थ होता है ।

खनति=अवदारयति, खण्डयति=भिनत्ति वा खण्डः। पृणाति=पालयति =पूरयति वा परः। परं शत्रुं शृणाति हिनस्तीति परशुः—अत्र परशब्दः स्वा-परवाचकः। भगवति च परशुशब्दः पूर्वोक्तव्युत्पत्त्या सङ्गच्छते। एवञ्च—खनन—भेदन—पालन—पूरण—हिंसनानां समाहारो यस्मिन् स खण्डपरशु-र्विष्णुः। कः खनति समुद्रं ? कः पूरयति च तं ? कश्च पालयति हिनस्ति वेति प्रश्ने, उत्तरम्—सोऽनिर्वचनीयज्ञानबलक्रियोदयः कश्चिन्मनुष्यबुद्धेरगोचरः सत्स्वरूपो, यो विधत्ते व्यवस्थापयति संहरति चेति सर्वस्य महार्थस्य संक्षेपः खण्डपरशुरिति। अथवा अ—खण्ड—परशु—इति त्रिपदमेकं नाम।

अः—"अत सातत्यगमने" धातोः "अन्येष्वपि दृश्यते" (पा० ३।२।१०१) इति डप्रत्यये टिलोपे च सिध्यति। अत्र "अपिशब्दः सर्वोपाधिव्यभिचारार्थः" इति, तेन विनाप्युपपदे धात्वन्तरादपि डः प्रत्ययो द्रष्टव्यः। एवञ्च—अतति सर्वं सदा गच्छति व्याप्नोति, खण्डयति=आत्मनात्मानं विभजति जगद्रूपेण नानाविधं करोति, पृणाति=विविधभेदभिन्नमिदं जगत् पालयति पूरयति वा, ततश्च सर्वमिदं शृणाति संहरति इति महार्थवदेतन्नाम। अत्र मन्त्रलिङ्गानि क्रमणे—

अः—"तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।" यजुः ४०।५॥
खण्डः—"प्र वक्षणा अभिनत् पर्वतानाम्।" अथर्व २।५।५॥

कौन समुद्र को खोदता है ? कौन उसको पूरण करता है ? कौन जगत् का पालन या संहार करता है ? इन प्रश्नों का उत्तर यही होगा कि जो अपरिमित तथा स्वाभाविक ज्ञान, बल, क्रिया वाला है, जो मनुष्य की बुद्धि का अगम्य है, जो सत्स्वरूप है, तथा जो सर्जन रक्षा और संहार करता है वह ही भगवान् खण्डपरशु है। यह इस महार्थ खण्डपरशु नाम का संक्षिप्तार्थ है। अथवा इस नाम में '**अ—खण्ड—परशु**' इस प्रकार से तीन पद हैं।

अ—यह पद "अत सातत्यगमने" धातु से कृत् 'ड' प्रत्यय कर्ता में, तथा 'टि' का लोप होने पर सिद्ध होता है, जिसका अर्थ होता है 'जो निरन्तर सर्वत्र सबको व्यापन करे' अर्थात् जो सर्वत्र व्यापक हो वह "अ" है।

खण्ड—इस शब्द का अर्थ है, 'जो अपने आप, अपने आप का विविध विश्व रूप से विभजन=विदारण करे।'

परशुः—इस शब्द का अर्थ है, 'जो पूरित या पालित का संहार करे' अर्थात् जो पालन या पूर्ण करके इस विश्व को संहृत=नष्ट करे। इस प्रकार से यह नाम महार्थशाली है। इन तीनों पृथक्-पृथक् पदों में क्रम से ये मन्त्र प्रमाण हैं। यथा—

अ—"तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।" यजुः ४०।५॥
खण्ड—"प्र वक्षणा अभिनत् पर्वतानाम्।" अथर्व २।५।५॥

परः—"वाश्रा इव धेनवः स्यन्दमाना अञ्जः समुद्रमव जग्मुरापः।"

अथर्व २।५।६॥

परशुः—"अहं रुद्राय धनुरातनोमि ब्रह्मद्विषे शरवे हन्तवा उ।

अहं जनाय समदं करोमि अहं द्यावापृथिवी आ विवेश।"

ऋक् १०।१२५।६। इति निदर्शनाम्।

लोकेऽपि पश्यामः—मनुष्यः पूर्वं किञ्चिदुपादत्ते, ततः तस्मिन् स्वत्वमाधत्ते, स्वत्वरूपेण तद् व्याप्नोतीत्यर्थः। सैषा अवस्था 'अ' शब्देनोच्यते। पुनस्तत् खनति खण्डयति वा, अर्थात् स्वकार्योपयोगार्हं विधत्ते। तत्र च या न्यूनता तां पूरयति, पुनश्च तत्र विघ्नभूतानि तत्कार्यविहन्तृणि=स्वाभीष्टसिद्धिविघातकानि हिनस्ति। अतश्च वक्तुं शक्यते. सर्वे मनुष्यास्तं भगवन्तमेवानुकुर्वन्ति सर्वमनिन्द्यं कुर्वन्तस्तमेव ध्यायन्ति। निन्द्ये कर्मणि भगवतो रतिर्नास्ति, तमसः परत्वात्तस्य, तदुक्तं—

"तमसः परस्तात्" (यजुः ३१।१८) इति।

परशु—"अहं रुद्राय धनुरातनोमि ब्रह्मद्विषे शरवे।"

इत्यादि ऋक् १०।१२५।६।

चतुःपद पक्ष में—

पर—"वाश्रा इव धेनवः स्यन्दमाना अञ्जः समुद्रमवजग्मुरापः।"

अथर्व २।५।६॥

लोक में भी इस प्रकार का नियम देखने में आता है। जैसे—कोई भी मनुष्य प्रथम किसी वस्तु का ग्रहण करता है, फिर उसे अपनी बनाता है, अर्थात् उसमें अपनेपन= आत्मत्व का व्यापन करता है। यह इतना अर्थ "अ" शब्द से प्रकट होता है। फिर वह मनुष्य उसी वस्तु को विविध रूपों से विभजन करके अपने कार्य के योग्य बनाता है, उसमें जो कुछ "न्यूनता" कमी होती है, उसे पूरी करता है। इस प्रकार से यह कथन उचित है कि, मनुष्य जो कुछ करता है, वह सब भगवान् विष्णु का अनुकरण मात्र है, भगवान् विष्णु का ध्यान करता हुवा, प्रशस्त कार्य करता है उसी का अनुकरण करता है क्योंकि निन्दनीय कार्य में भगवान् की प्रीति नहीं होती, क्योंकि वह तम से, अन्धकार रूप पाप से परे है, जैसा कि यजुर्वेद कहता है—

"तमसः परस्तात्" यजुः ३१।१८॥

भवति चात्रास्माकम्—

सोऽनन्तविज्ञानविभक्तविश्वं विष्णुर्विचित्रं कुरुते ह्यपारम् ।
व्याप्नोति लीलायितमात्रमात्तं[1] तद् भ्रामयन् नेमिरिवासिनोति[2] ॥१११॥

१—आत्तं=गृहीतम् । २—आसिनोति=आसमन्ताद् बध्नाति ।

यच्चोक्तं नेमिरिवेति—लोके यथा नेमिस्थानीयनाभौ निबद्धमिदं शरीरं जीवात्मा 'रथ' इति व्यवहरति ।

दारुणः--५६६

"दॄ विदारणे" क्रैयादिको धातुस्ततो णिच् रपरा वृद्धिश्च, 'दारि' इति णिजन्त धातोः—"कृवृदारिभ्य उनन्" (३।५३) इत्यौणादिकः "उनन्" प्रत्ययो णिलोपो णत्वम् । कृदन्तत्वात् प्रातिपदिकसंज्ञा, सुप् च, दारुण इति ।

दारयति=द्विधा करोतीति दारुणः । विदारण-दारुणशब्दयोः समानोऽर्थः, प्रत्ययभेदेन रूपभेदः । यदस्माभिर्विदारणे उक्तम्, तदिहापि ज्ञेयम् ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यद् दारुणि बध्यसे यच्च रज्ज्वां, यद् भूम्यां बध्यसे यच्च वाचा ।
अथर्व ६।१२१।२ ॥

भाष्यकार का विवक्षित भावार्थ इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु का नाम खण्डपरशु है, क्योंकि वह अनन्त निशानों से विभक्त "नानाविध" इस विश्व को विचित्र और अपार बनाता है, तथा लीला रूप से गृहीत "उत्पादित" इस विश्व को चक्र रूप से घुमाता हुवा, इसमें व्याप्त होकर, इसको नेमि "चक्र की परिधि" के समान इसे बांधे रखता है । अर्थात् जैसे शरीर रूप रथ में सारथि रूप जीवात्मा शरीर को नियन्त्रित सुव्यवस्थित रखता है, उसी प्रकार भगवान् विष्णु इस जगत् रूप रथ में व्याप्त होकर इसे अपनी व्यवस्था में बांधे हुवे सुनियन्त्रित रखता है ।

दारुणः—५६९—

क्र्यादिगण पठित "दॄ विदारणे" धातु है, इससे 'णिच् तथा रपर' वृद्धि करने पर 'दारि' यह णिजन्त धातु बन जाता है, फिर इससे उणादि "उनन्" प्रत्यय, णि का लोप णत्व, कृदन्त होने से प्रातिपादिक संज्ञा तथा सु विभक्ति आने से दारुण शब्द सिद्ध होता है । दारुण शब्द का "द्विधा-भेदन करने वाला" यह अर्थ होता है । दारुण और विदारण दोनों शब्दों का समान ही अर्थ है, केवल रूप में भेद है । हमने जो कुछ विदारण नाम के विषय में व्याख्यान किया है, वह यहां भी जानना चाहिये ।

इसमें **"यद् दारुणि बध्यसे यच्च रज्ज्वाम्"** इत्यादि (अथर्व ६।१२१।२) । तथा—

अग्रे च—

"वि जिहीष्व लोकं कृणु बन्धान्मुञ्चासि बद्धकम् ।
योन्या इव प्रमुच्यतो गर्भः पथः सर्वां अनु क्षिय । अथर्व ६।१२१।४ ।।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

स दारुणो विष्णुरिदं समस्तं द्विधा विभक्तं कुरुते जगत्याम् ।
बद्धं विमुक्तं कुरुते स बन्धान्मुक्तं स बध्नाति च बन्धनेन ।।११२।।
कायेन बद्धस्य मृतिविर्मोको मृतस्य बन्धोऽस्ति च गर्भरज्ज्वा ।
दृणाति विश्वं स सदाऽप्रमत्तः तथा यथा स्त्री च पुमांश्च तौ वा ।।११३।।
एकं हि सद् द्वैधमुपैति लोके द्विधा च यत्तत् पुनरेकभावम् ।
एकं त्वनेकं कुरुते स एको विचित्रमायोऽस्ति स दारुणोऽतः ।।११४।।

द्रविणप्रदः--५७०

"द्रु गतौ" भौवादिको धातुस्ततो "द्रुदक्षिभ्यामिनन्" (२।५०) इति उणादिसूत्रेण "इनन्" प्रत्ययः, तस्मिंश्च गुणः, अवादेशः, णत्वम्, द्रविणम् । द्रवति=गच्छतीति द्रविणं धनम्, द्रविणः पुमान् ।

"बन्धान्मुञ्चासि बद्धकम्" इत्यादि (अथर्व ६।१२१।४) मन्त्र प्रमाण हैं ।

भाष्यकार अपने विवक्षितार्थ को इस प्रकार प्रकट करते हैं—

भगवान् विष्णु का नाम दारुण है क्योंकि वह इस सकल विश्व को दो प्रकार से विभक्त करता है—बन्धे हुवे को बन्धन से मुक्त करता है और मुक्त को बन्धन "मोहरूप" से बान्धता है ।

शरीर से बन्धे हुवे की मुक्ति मरण=मृत्यु है तथा उस मुक्त का गर्भरूप रज्जु से बन्धन है । भगवान् सदा अप्रमत्त=सावधान=निरालस भाव से विश्व का विदारण= नाना भाव में परिवर्तन करता है, जैसे—स्त्री-पुरुष अथवा दोनों मिलकर सन्तान परम्परा को विभक्त करते हैं ।

लोक में एक ही अनेक बन जाता है और अनेक फिर एकत्व भाव को=एकता को प्राप्त हो जाता है, अर्थात् अनेक एक बन जाता है । इस प्रकार से जो एक को विभक्त करके अनेक करता है तथा अनेक प्रकार से विभक्त को एक करता है, वह भगवान् विष्णु दारुण शब्द से स्तुति किया जाता है, उसकी माया शक्ति बहुत विचित्र और अनिर्वचनीय है ।

द्रविणप्रदः—५७०

भ्वादिगण पठित "द्रु गतौ" धातु है, इससे उणादि "इनन्" प्रत्यय और उसके परे रहते गुण अवादेश तथा णत्व करने से द्रविण शब्द की सिद्धि होती है ।

द्रवण=गमन से अर्थात् एक स्थान में स्थिर न रहने से द्रविण नाम धन का है तथा गमन करने से ही अन्य-अन्य वस्तुओं का नाम भी द्रविण है । द्रविण शब्द जिस वस्तु

प्रदः—प्रपूर्वकाद् दाधातोः "प्रे दाज्ञः" (पा० ३।२।६) सूत्रेण "कः" प्रत्ययः, आकार लोपः, प्रदः ।

द्रविणस्य प्रदः, द्रविणं वा प्रददतीति द्रविणप्रदो धनद इत्यर्थः । यद्वा गतिमतः प्रदो द्रविणप्रद इति महार्थोऽयं द्रविणप्रदशब्दः । तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"भग प्रणेतर्भग सत्यराधो भगेमां धियमुदया ददन्नः ।
भग प्र नो जनय गोभिरश्वैर्भग प्र नृभिर्नृ वन्तः स्याम ।"

यजुः ३४।३६ ॥

धनमपि द्रविणं, यतो हि तन्मनुष्यान्मनुष्यान्तरं गच्छति, भवति चाभीष्ट-सिद्धौ प्रधानम् ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"दधासि रत्नं द्रविणञ्च दाशुषेऽग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव ।

ऋक् १।९४।१४ ॥

"द्रविणोदा द्रविणसो ग्रावहस्तासो अध्वरे ।
यज्ञेषु देवमीडते ।" ऋक् १।१५।७ ॥

"प्रजापते नत्वदेता……।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम् ।"

यजुः ४०।१६ ॥

एवं बहुत्र वेदे विविधरूपेण तस्य द्रविणप्रदत्वं वर्ण्यते ।

के साथ प्रयुक्त होगा उसी के अनुसार द्रविण शब्द का लिङ्ग हो जायेगा, जैसे—"द्रविणः पुमान्" इत्यादि ।

प्रदः—प्रद शब्द प्र पूर्वक दा धातु से कर्ता में कृत् "क" प्रत्यय होने से और आकार का लोप होने से बन जाता है । द्रविणप्रद पद में षष्ठी तत्पुरुष अथवा उपपद समास है, इसलिये इसका अर्थ हुवा 'धन को देने वाला' ।

अथवा शब्द की महार्थता से द्रविण शब्द से केवल गति अर्थ लेने से, द्रविणप्रद शब्द का 'गति देने वाला' अर्थ होता है । इस अर्थ में "भग प्रणेतर्भगसत्यराधो भगेमां धियम्" (यजुः ३४।३६) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

धन का नाम भी द्रविण है, क्योंकि वह एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य के पास आता जाता रहता है तथा कार्य सिद्धि में प्रधान कारण है । इसमें "दधासि रत्नं द्रविणञ्च दाशुषेऽग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव" (ऋक् १।९४।१४) मन्त्र प्रमाण है ।

वेद में भगवान् का द्रविण-प्रदत्व बहुत प्रकार से वर्णित है, जैसे— 'यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्" इत्यादि (यजुः ४०।१६) ।

भवति चात्रास्माकम्—

स एव रत्नानि दधाति विष्णुः स एव गर्भे द्रविणं दधाति ।
स एव दात्रे प्रददाति नित्यं स एव लोके द्रविणप्रदोऽस्ति ।।११५।।

दिविस्पृक्--५७१

दिवि—"दिवु क्रीडादौ" दैवादिको धातुस्ततः "उणादयो बहुलम्" (पा० ३।३।१) सूत्रभाष्ये—"संज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे । कार्याद् विद्यादनूबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु ।" इति श्लोकवार्तिकम् । अत एव "दिवेर्डिविः"[1] इतिन्यासकृतोहितेनोणादिसूत्रेण[1] 'डिवि' प्रत्ययः, टिलोपस्ततः प्रातिपदिक-सञ्ज्ञायां सुपि ङौ दिवीति ।

१—धातुवृत्तौ ४।१ सायणः, श्वेतवनवासी तु साक्षात् सूत्रं पठति । द्रष्टव्या तदीयावृत्तिः ५।८० ।।

स्पृक्—"स्पृश संस्पर्शने" धातुस्तौदादिकस्ततः "स्पृशोऽनुदके क्विन्" (पा० ३।२।५८) सूत्रेण—उदकभिन्ने दिवि उपपदे क्विन् प्रत्ययः "क्विन्-प्रत्ययस्य कुः" (पा० ८।२।६२) इति कुत्वम् । यद्वा परत्वात् पूर्वं कुत्वे कृते तस्यास्यासिद्धत्वाद् "व्रश्चेति" (पा० ८।२।३६) सूत्रेण शस्य षकारादेशस्तस्य जश्त्वेन डकारस्तस्य पुनः कुत्वेन गकारस्तस्य च पक्षे चर्त्वं ककारः । क्विन्-

---

भाष्यकार का विवक्षितार्थ इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु का नाम द्रविणप्रद है, क्योंकि वह अपने आप में द्रविण शब्द वाच्य रत्नादि को धारण करता है और वह ही दाता के लिये द्रविण का=धन का दान करता है, इसलिये वह ही सत्यरूप में द्रविणप्रद है ।

दिविस्पृक्—५७१

क्रीडाद्यर्थक दिवाद्गिण पठित "दिवु" धातु से "उणादयो बहुलम्" सूत्र के भाष्य में भाष्यकार का "संज्ञासु धातुरूपाणि" इत्यादि श्लोकवार्तिक है । इसका अनु-सरण करते हुवे न्यासकार ने दिव धातु से "डिवि" प्रत्यय की कल्पना, टिलोप करके 'दिव्' शब्द सिद्ध किया है । इसके सप्तमी के एकवचन में 'दिवि' बनता है ।

स्पर्शनार्थक "स्पृश" इस तुदादिगण पठित धातु से दिवि सप्तम्यन्त उपपद रहते हुये "क्विन्" प्रत्यय और उसका सर्वापहार तथा ष, ड, ग और विकल्प से चर्त्व, सप्तमी

प्रत्ययस्य सर्वापहारः, स्पृक्। दिविस्पृशति—इति दिविस्पृक्, तत्पुरुषे कृति बहुलम् (पा० ६।३।१४) इति सप्तम्या अलुक्। मन्त्रलिङ्गम्—

"वातस्य नु महिमानं रथस्य रुजन्नेति स्तनयन्नस्य घोषः।
दिविस्पृग्यात्यरुणानि कृण्वन्नुतो एति पृथिव्या रेणुमस्यन्।"
ऋक् १०।१६८।१॥

दिविस्पृक् सूर्यः। बहुत्र दिव्युपपदेन सूर्य उच्यते—यथा **'दिविक्षयम्'** (ऋक् ५।४६।५), **'दिविक्षिता'** (ऋक् १०।९२।१२), **'दिविचराः'** (अथर्व १९।९।७), **'दिविजाः'** (ऋक् ७।७५।१ तथा ८।४३।२८), **'दिवियजः'** (ऋक् ९।६७।२६), **'दिवियोनिः'** (ऋक् १०।८८।७), **'दिविश्रितः'** (अथर्व ११।७।२३-२७), **'दिविषदः'** (अथर्व १०।९।१२), **'दिविसदम्'** (यजुः ९।२)।

सर्वं एते शब्दा दिवि-उपपदे तत्तद्धातुभ्यः क्विन्क्विबादीनां सर्वापहारे तद्भिन्ने वा प्रत्यये सिध्यन्ति। य एवं दिविस्पृशं सूर्यं ग्रहोपग्रहान् वा व्यवस्थापयति स सर्वव्यापको विष्णुर्दिविस्पृक्। स बृहद्भानुरिति व्याख्यातः।

हृन्मस्तिष्कयोः परस्परं सम्बन्धित्वात् सूर्यवत् मनुष्यस्य ज्ञानमपि दिवः-प्रतीकभूते शिरसि तिष्ठति। एवञ्च स्वाभाविकः प्रयत्नेन निर्वर्तितो वा पशु-पक्षिसरीसृपादीनां क्षुद्रजीवानां ज्ञानोदयोऽपि मस्तिकाश्रयः सन् तं सर्वत्र व्याप्तं दिविस्पृशं विष्णुं व्यनक्ति।

विभक्ति के लुक् का अभाव आदि करने से दिविस्पृक् शब्द सिद्ध होता है। यह भगवान् विष्णु वा सूर्य का नाम है।

सूर्य का नाम दिविस्पृक् है. इसमें **"वातस्य नु महिमानं रथस्य······दिविस्पृग् यात्यरुणानि कृण्वन्"** (ऋक् १०।१६८।५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है। वेद में **'दिविक्षयम्'** ऋक्(५।४६।५), **'दिविक्षिता'** (ऋक् १०।९२।१२) **'दिविचराः'** (अथर्व १९।९।७), इत्यादि स्थानों में दिविक्षय आदि नाम सूर्य के आते हैं। उपरोक्त सब शब्द दिविशब्द के उपपद रहते हुये, तत्तद्धातुओं से क्विन् अथवा क्विप् प्रत्यय और उसका सर्वापहार तथा इन से भिन्न दूसरे-दूसरे प्रत्ययों के करने से सिद्ध होते हैं। दिविस्पृक्=सूर्य तथा और ग्रह, उपग्रह आदि की जो व्यवस्था करता है, उस सर्वव्यापक भगवान् विष्णु का नाम दिविस्पृक् है, तथा उसका बृहद्भानु नाम से भी व्याख्यान किया गया है।

हृदय और मस्तक का परस्पर सम्बन्ध होने से मनुष्य का ज्ञान जो सूर्य रूप है, वह द्यु स्थानीय मस्तक में रहता है। इसी प्रकार मनुष्यों का स्वाभाविक अथवा प्रयत्न= अध्ययन आदि से सम्पादित तथा पशु, पक्षी, सर्प आदि क्षुद्र जीवों का ज्ञानोदय मस्तक में होता हुआ, उस सर्वत्र व्यापक भगवान् विष्णु की दिविस्पृक् वाच्यता को प्रकट कर रहा है अर्थात् सर्वेश्वर विष्णु दिविस्पृक् है, इस अर्थ को बता रहा है।

भवतश्चात्रास्माकम्—

दिविश्रितं यत् सकलं हि तेन व्याप्तेन नद्धं निजसत्ययोगात् ।
दिविस्पृशं तं रविमेक आहुर्विश्वस्य यन्तारमथापि चक्रे ॥११६॥
एवं हि यो वेत्ति पदं भविष्णोः स एव लोकं किमु वा शरीरम् ।
विज्ञाय सूक्ष्मादपि सूक्ष्मभूतं सूत्रस्य सूत्रं सुखमेत्यनन्तम् ॥११७॥

सर्वदृग्व्यासः—५७२

सर्वशब्दोपपदाद् "दृशिर् प्रेक्षणे" धातोः क्विप् प्रत्ययः, षडगका आदेशा यथाक्रमं दिविस्पृग्वज्ज्ञेयाः (पृष्ठ ११९) सर्वं पश्यतीति सर्वदृक् । मन्त्रलिङ्गम्—

"यमा इव सुसदृशः सुपेशसः ।" ऋक् ५।५७।४ ॥
"पुरुद्रप्सा अञ्जिमन्तः सुदानवस्त्वेष संदृशो अनवभ्रराधसः ।
सुजातास्ते जनुषा रुक्मवक्षसो दिवो अर्का अमृतं नाम भेजिरे ।"
ऋक् ५।५७।५ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स सर्वदृग् विष्णुरमोघकर्मा करोति जन्तूनभितो [1]दृशानान् ।
जले स्थले खे दिवि वान्धकारे पश्यन्ति ते सर्वदृशं स्तुवन्तः ॥११८॥

१—दृशान इति—दृश् धातोः "युधिबुधिदृशेः किच्च" इत्युणादिः (२।९०) कर्तरि "आनच्" प्रत्ययः, किद्वदतिदेशश्च तस्य । पश्यतीति दृशानः ।

भाष्यकार ने अपने विवक्षित अर्थ को पद्य-बन्ध से इस प्रकार प्रकट किया है—

भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का नाम 'दिविस्पृक्' इसलिये है जो कि वह सर्वत्र व्यापक होकर अपने सत्य=अनिवार्य, सम्बन्ध=नियम अथवा व्यवस्था से अन्तरिक्ष में स्थित सकल ग्रह, उपग्रह आदि को निबद्ध=नियन्त्रित करता है तथा भगवान् विष्णु सूर्य सहित समग्र खगोल-भूगोल को नियमित=व्यवस्थित करता है। जो मनुष्य सर्व भवनशील=सर्वरूप विष्णु को इस रूप से जान लेता है, वह ही मनुष्य, लोक, शरीर अथवा सूक्ष्म-से-सूक्ष्म उस सूत्ररूप भगवान् के ज्ञान से, सूत्ररूप परमात्मा को जानकर उसमें रमण करता हुआ परम आनन्द को प्राप्त करता है।

सर्वदृग्व्यासः—५७२

सर्वदृक्—सर्व शब्द के कर्मरूप उपपद रहते हुवे भ्वादिगण पठित दर्शनार्थक 'दृशिर्' धातु से क्विप् प्रत्यय तथा उसका सर्वापहरण और दिविस्पृक् के समान क्रमसः ष, ड, ग, क आदि करने से सिद्ध होता है। सब को देखने वाले का सर्वदृक् नाम है। इसमें—"यमा इव सुसदृशः" (ऋक् ५।५७।४) तथा—"पुरुद्रप्सा……संदृशो अनवभ्रराधसः" (ऋक् ५।५७।५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

सर्वदृग् नाम के रहस्य को भाष्यकार अपने पद्यों से इस प्रकार प्रकट करते हैं—

जिसका कोई कर्म निष्फल नहीं होता, ऐसा सर्वदृक् भगवान् विष्णु, अपने सर्वदृग्रूप गुण की व्याप्ति से सब ही जन्तु=प्राणियों को सर्वदृग्रूप गुण से युक्त ही बनाता

यथा च—

कायं यथा भूतमसौ ददाति [1]जीवाय भोगानुपनेतुकामः ।
तदर्थशक्तानि च तानि तेषु कृत्वा यथाकर्म वयो ददाति ॥११९॥

१—जीवाय—जातावेकवचनम् ।

[1]विचित्रयोन्याततचित्रविश्वं विचित्रचित्राणि च [2]शक्तिमन्ति ।
खान्याचितान्यात्मबलेन विश्वे पृथक्-पृथक् सर्वदृगस्ति यस्मात् ॥१२०॥

१—विचित्रयोनिभ्य आततं विचित्रं विश्वमित्यभिप्रायः ।

२—तद्यथा—योजनगन्धा पिपीलिका, दूरश्रवाः क्रुञ्चः, चिराय पर्याप्तं जलमापदान उष्ट्रः, बहुप्रसूः सर्पिणी । एवमूह्यं तथा योनिवैचित्र्यम् ।

व्यासः—

विपूर्वकः "असु क्षेपणे" दैवादिको धातुस्तत "हलश्च" (पा० ३।३।१२१) सूत्रेण करणे कर्मणि वा घञ् प्रत्ययः, वृद्धिः, व्यासः । व्यस्यन्ते पृथक् क्रियन्ते-

---

है, जिससे कि वे भगवान् सर्वदृक् की प्रशंसा करते हुये जल में, स्थल में, आकाश में अथवा अन्धकार में भी, अच्छे प्रकार से देखते हैं ।

श्लोक पठित 'दृशानः' पद दृश धातु से कर्ता में "आनच्" उणादि प्रत्यय तथा उसको किद्वत् भाव होने से बनता है, जिसका अर्थ 'देखता है' ऐसा होता है ।

वह जीवों के भोग सिद्धि के लिये जैसे शरीर देता है, उस शरीर में उसकी अर्थ= प्रयोजन सिद्धि में समर्थ उसके कर्म तथा अवस्था के अनुसार इन्द्रियों का निर्माण करता है ।

भगवान् ने अपनी अचिन्त्य शक्ति से बहुत प्रकार की विलक्षण योनियों से विस्तीर्ण इस विलक्षण विश्व में प्रत्येक शरीर में पृथक्-पृथक् विलक्षण शक्ति से युक्त इन्द्रियों का रचन=रचना=निर्माण किया है, इसलिये वह सर्वदृक् है ।

वे विलक्षण शक्तियों से युक्त इन्द्रियां इस प्रकार हैं, जैसे—पिपीलिका=चींटी, योजन भर की दूरी से गन्ध को ग्रहण कर लेती है, क्रुञ्च नाम का पक्षी, बहुत दूर से शब्द को सुनता है, उष्ट्र=ऊंट नाम का पशु एक बार जल पीकर फिर बहुत समय पर्यन्त जल नहीं पीता अर्थात् वह एक बार ही बहुत अधिक जल पी लेता है, सर्पिणी एक साथ बहुत से बच्चे उत्पन्न करती है इत्यादि । इस प्रकार से सब योनियों की विचित्रता जान लेनी चाहिये ।

व्यासः—

विपूर्वक क्षेपणार्थक दिवादिगण पठित "असु" धातु से कर्म या करण में "घञ्" प्रत्यय तथा उपधा वृद्धि करने से सिद्ध होता है । जिसका अर्थ होता है 'जिसके द्वारा पृथक्

ऽनेनेति व्यासः सूर्यः। तेन हि दिनं निशा च पृथक् क्रियेते। उत्तरायणं दक्षिणायनञ्च पृथक् क्रियेते। शुक्लकृष्णपक्षौ च पृथक् क्रियेते चन्द्रेणातश्चन्द्रोऽपि व्यासः। सूर्यचन्द्रौ च पृथक्-पृथक् व्यवस्थाप्येते येन सोऽनन्तशक्तिर्विष्णुर्व्यासः। तेन हि सर्व एव ग्रहोपग्रहाः सनक्षत्राः पृथक् क्रियन्ते।

लोकेऽपि दृश्यते—मनुष्यः स्वानि कर्माणि विभज्य कुर्वन् तं विष्णुमेव सर्वथाऽन्वाचष्टे।

भावप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"पवमान महिश्रवश्चित्रेभिर्यासि रश्मिभिः।
शर्धन् तमांसि जिघ्नसे विश्वानि दाशुषो गृहे।" ऋक् ९।१००।८॥

भवति चात्राऽस्माकम्—

व्यासो हि सूर्योऽथ निशाकरश्च व्यस्तञ्च वा सर्वमिदं जगत्याम्।
ग्रहो विचित्राभरणीयमस्य व्यासस्य यत्तन्नयते समस्तम् ॥१२१॥

सर्वदृक् चासौ व्यासः सर्वदृग्व्यासः, सविशेषणमेकं नाम, सांहितिकं जश्त्वम्।

किया जाय' इस अर्थ में यह सूर्य का नाम होता है, क्योंकि वह रात्रि और दिन को पृथक् करता है, तथा उत्तरायण और दक्षिणायन को पृथक् करता है। चन्द्रमा का नाम भी व्यास है, वह शुक्ल और कृष्ण पक्ष को पृथक् करता है। भगवान् विष्णु का नाम व्यास है, क्योंकि वह सूर्य तथा चन्द्रमा को पृथक्-पृथक् व्यवस्था में व्यवस्थित करता है, अर्थात् वह अनन्त शक्ति भगवान् नानाविध विश्व की पृथक्-पृथक् व्यवस्था करता है। जगत् में मनुष्य विभक्त करके अपने कर्मों को करता हुआ भगवान् विष्णु का ही व्याख्यान करता है।

इस भाव को यह "पवमान महिश्रवश्चित्रेभिर्यासि" इत्यादि (ऋक् ९।१००।८) मन्त्र प्रमाणित करता है।

भाष्यकार अपने विवक्षित अर्थ को अपने पद्यों से इस प्रकार प्रकट करते हैं—

व्यास नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह इस विश्व को व्यस्त=विविध भावों में व्यक्त करके पृथक्-पृथक् रूप से अपनी विचित्रभरणी=अचिन्त्य रक्षा साधनों से व्यवस्थित करके चला रहा है।

'सर्वदृग्व्यास' में कर्मधारय तत्पुरुष समास है—"सर्वदृक् चासौ व्यासः" इति। संहिता में जश्त्व किया गया है।

सर्वदृग्व्यास शब्द के समवेत अर्थ को भाष्यकार अपने पद्यों से इस प्रकार प्रकट करते हैं—

भवतश्चात्रास्माकम्—

स सर्वदृग् व्यासकरोऽप्यसौ वा व्यस्तं समस्तञ्च वशे दधानः ।
नित्यं ह विश्वे कुरुते [1]विरामं विक्रीडयन् विश्वमतन्द्रितः सन् ॥१२२॥

१—विरामं=विक्रीडनम् ।

यथा शरीरे कुरुतेऽङ्गवर्गं पृथक्-पृथक् रूपमथापि कर्म ।
परन्तु सर्वाणि समस्य देहं कुर्वन्ति शक्तं जगदस्ति तद्वत् ॥१२३॥

वाचस्पतिरयोनिजः—५७३

वाचस्पतिः—"वच परिभाषणे" अदादिको धातुस्ततः "क्विब्वचिप्रच्छ्या" (२।५७) इत्याद्युणादिसूत्रेण क्विप्, दीर्घः, सम्प्रसारणाभावश्च । "वचिस्वपि"—इत्यादिना (पा० ६।१।१५) सूत्रेण सम्प्रसारणस्य प्राप्तिरासीत् । ततः प्रातिपदिकसंज्ञा षष्ठ्या एकवचनं ङस् प्रत्ययश्च । तस्य च रुत्वविसर्गौ । वाचः पतिरित्यत्र "ऋषिभिः परिगीतानि" (एतत्स्तोत्रादौ अ० १४९।१३) इति प्रतिज्ञानान्नाम्नां छन्दोवद्भावस्ततश्च "षष्ठ्याः पतिपुत्रपृष्ठपारपदपयस्पोषेषु" (पा० ८।३।५३) सूत्रेण विसर्गस्य सकारादेशो वेदे, वाचस्पतिरिति, लोके तु वाचःपतिरिति ।

भगवान् विष्णु सर्वदृक् होता हुआ व्यास का कारक है इसलिये उसका नाम सर्वदृग्व्यास है । वह इस विश्व को खिलाता हुआ स्वयं खिलाड़ी बनकर इससे क्रीड़ा कर रहा है तथा व्यस्त और समस्त रूप समग्र विश्व को अपने आधीन रखता हुआ सुव्यवस्था से तथा सचेतरूप से चला रहा है ।

जैसे—भगवान् प्रत्येक शरीर में विभिन्न प्रकार के अङ्ग रूप तथा कर्मों का निर्माण करता है, फिर वे सब परस्पर में मिलकर शरीर को शक्त=कार्य-करण में समर्थ करते हैं, उसी प्रकार भगवान् विभिन्न रूप से जगत् की रचना करता है और यह जगत् परस्पर में उपकार्य उपकारक भाव से मिलकर कार्य करता रहता है ।

वाचस्पतिरयोनिजः—५७३

परिभाषणार्थक अदादिगण पठित 'वच' धातु से उणादि क्विप् प्रत्यय, दीर्घ तथा "वचिस्वपि" (पा० ६।१।१५) इत्यादि सूत्र से प्राप्त सम्प्रसारण का अभाव और कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा, षष्ठी का एक वचन ङस् विभक्ति आने से वाचः पद सिद्ध होता है । वाचः पतिः—इस स्थिति में "ऋषिभिः परिगीतानि" (इसी स्तोत्र के आदि में पठित) कथन के अनुसार ऋषि प्रोक्त होने से विष्णु के सहस्र नाम छन्द=वैदिक माने जाते हैं । इसलिये "षष्ठ्याः पतिपुत्र" (पा० ८।३।५३) इस पाणिनीय वैदिक सूत्र से विसर्गों को सकारादेश होता है और वाचस्पति ऐसा शब्द बन जाता है । लोक में 'वाचःपतिः' ऐसा ही प्रयोग रहेगा ।

यद्वा संज्ञावाचकत्वात् समासे षष्ठ्या अलुक्। वाचस्पतिमधिकृत्य विशदं व्याख्यातं, वाचस्पतिरुदारधीरिति नाम्नि। पतिशब्दश्चापि बहुवारं व्युत्पादितो ह्यत्यन्तः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"देव सवितः प्र सुव यज्ञं प्र सुव यज्ञपतिं भगाय।
दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतं नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु।"
यजुः ९।१; ११।७; ३०।१॥

यथायं सूर्यो वाचस्पतिस्तथैवायं जीवो यावद्देहे तिष्ठति तावद् वदति। अतो जीवोऽपि वाचस्पतिरुक्तो भवति। अत्र च देहे देहाभिमान्यात्मा सूर्यः। सर्वा विद्या वाग्विषया इति विद्यापतिरपि वाचस्पतिरुच्यते।

भवतश्चात्रास्माकम्—

वाचोऽग्निरीशोऽस्ति रविश्च वह्नेः
सूर्योऽग्निरूपेण च जन्तुमात्रे।
[1]आत्मा स्ववाच्यानभिधातुमिच्छन्
कायाग्निमाहन्ति मनः स वायुम् ॥१२४॥

वायुर्यथास्थानमभिप्रयातः
शब्दं यथास्थानविभागभक्तम्।
जगत्प्रचाराय करोति शक्तं
वाचस्पतिस्तत्र च पाति वाचम् ॥१२५॥

१—आत्मा बुद्ध्या समेत्यर्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्।
मारुतस्तूरसि चरन्मन्दं जनयति स्वरम्॥
इति श्लोकात्मिका पाणिनीयशिक्षा इहानुसन्धेया॥

अथवा यह नित्य समस्त संज्ञावाचक शब्द है। इसमें षष्ठी विभक्ति का लुक् नहीं होता। उसमें "देव सवितः प्र सुव यज्ञं......वाचस्पति वाचं नः स्वदतु" (यजुः ९।१; ११।७; ३०।१) मन्त्र प्रमाण है। जैसे—सूर्य वाचस्पति है वैसे आत्मा भी सूर्य रूप अथवा यावत् शरीरस्थिति बोलने वाला होने से वाचस्पति है। पूर्ण रूप से विद्या को जानने वाले विद्यापति का नाम भी वाचस्पति है, क्योंकि सब ही विद्यायें वाग्रूप होती हैं।

भाष्यकार ने अपने विवक्षितार्थ को पद्यों से इस प्रकार व्यक्त किया है—

भगवान् विष्णु का नाम वाचस्पति है, क्योंकि वह समस्त वाङ्मय की रक्षा तथा उसको व्यवहार के लिये शक्त=समर्थ करता है अर्थात् वह वाणी को उस रूप में ले आता है, जिसमें जगत् व्यवहार चल सके, जैसे कि वाक् का अधिपति अग्नि है, अग्नि का अधिपति सूर्य है तथा सूर्य अग्नि रूप से सब के हृदय में विराजमान है। आत्मा जब अपने विवक्षित अर्थ को कहना चाहता है तब वह कायाग्नि का आहनन=प्रेरणा करता है, कायाग्नि मन को तथा मन वायु को प्रेरणा देता है, वायु जिस स्थान में आघात करता है, उस स्थान में स्थानानुसार भिन्न-भिन्न शब्द उत्पन्न करता है।

अयोनिज इति—

"यु मिश्रणामिश्रणयोः" आदादिको धातुस्ततः "**वहिश्रिश्रुयु०**" (४।५) इत्याद्युणादि सूत्रेण निः प्रत्ययः निच्च, आद्युदात्तार्थम् । गुणः, "**नेड् वशि कृति**" (पा० ७।२।८) सूत्रेण इण्निषेधः, योनिः ।

"जनी प्रादुर्भावे" दैवादिको धातुस्ततः सप्तम्यन्ताद् योनिशब्दोपपदात् "**सप्तम्यां जनेर्डः**" (पा० ३।२।९७) सूत्रेण डः प्रत्ययः, टेर्लोपो योनिज इति । न योनिजोऽयोनिजः, नञ्तत्पुरुष समासः । अयोनिजः सूर्यः । उक्तञ्च— "**दिवियोनिः**" (ऋक् १०।८८।७), यस्य जन्म भगाख्ययोनेर्न भवतीत्यर्थः । तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"दृशेन्यो यो महिना समिद्धोऽरोचत दिवियोनिर्विभावा ।
तस्मिन्नग्नौ सूक्तवाकेन देवाहविर्विश्व आजुहवुस्तनूपाः ।"

ऋक् १०।८८।७ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

सर्वस्य धाता रुचिरो हि सूर्यः कथं भगाख्यां समियात् स योनिम् ।
यस्तस्य धाता स कथं व्रजेद्वा योनिं ह्यतोऽयोनिज एव विष्णुः ॥१२६॥

वाचस्पतिश्चायोनिजश्चेत्येकं सविशेषणं नाम वाचस्पतिरयोनिज इति ।

अयोनिज इति—

योनि शब्द मिश्रणामिश्रणार्थक अदादिगण पठित 'यु' धातु से उणादि 'नि' प्रत्यय तथा प्रत्यय को नित्त्व का अतिदेश आद्युदात्त स्वर के लिये, वशादि कृत् परे होने से इट् का निषेध और गुण करने से, योनि शब्द सिद्ध होता है ।

सप्तम्यन्त योनि शब्द के उपपद रहते हुवे प्रादुर्भावार्थक दिवादिगण पठित 'जनी' धातु से 'ड' प्रत्यय तथा 'टि' का लोप करने से योनिज शब्द सिद्ध होता है और नञ् के साथ तत्पुरुष समास करने से अयोनिज शब्द बन जाता है । यह सूर्य का भी नाम है, क्योंकि "**दिवियोनिः**" (ऋक् १०।८८।७) यह वेदवचन इसमें प्रमाण है । अर्थात् जिसका जन्म स्त्री चिह्न रूप प्राकृत योनि से नहीं होता उसका नाम है, अयोनिज । इसमें मन्त्र प्रमाण— "**दृशेन्यो यो महिना समिद्धोऽरोचत दिवियोनिर्विभावा**" (ऋक् १०।८८।७) इत्यादि है ।

भाष्यकार ने उपरोक्त अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार निबद्ध किया है—

सकल जगत् का पालन-पोषण अथवा धारण करने वाला स्वयं प्रकाशमान और सब को प्रकाश देने वाला सूर्य, प्रकृत योनि, जिसका कि अपर नाम 'भग' है उससे कैसे उत्पन्न हो सकता है और जब भगाख्य योनि से उत्पन्न होना सूर्य के लिये ही असम्भव है, तब भगवान् के लिये तो अत्यन्त असम्भव है, क्योंकि वह तो सूर्यादि सहित समस्त विश्व का धारण कर्ता तथा आदि करण है, तथा अशरीर है, इसलिये वह अयोनिज है । 'वाचस्पतिरयोनिजः'—यह सविशेषण एक ही नाम है ।

भवति चात्रास्माकम्—

वाचस्पतिर्यः स न याति योनिं जीवोऽपि तद्वत् कथितोऽस्ति नित्यः ।
यथा शरीराणि बिभर्ति जीवः तथा दरीधर्ति च लोकसङ्घम् ॥१२७॥

त्रिसामा—५७४

त्रिशब्दः तरेर्तड्रिप्रत्ययान्त प्राक् साधितः ।

सामा—"षो अन्तकर्मणि" दैवादिको धातुस्ततः "**धात्वादेः षः सः**" (पा० ६।१।६३) इति षकारस्य सकारे तथा "**आदेच उपदेशेऽशिति**" (पा० ६।१।४५) सूत्रेणात्वे चौणादिको 'मनिन्' प्रत्यय्यः, साम इति । त्रीणि सामानि यस्मिन् स त्रिसामा । नान्तोपधलक्षणो दीर्घः । तानि पुनः सामानि बृहद्-रथन्तर-वामदेव्यानीति । स्यति=अन्तं गमयतीति साम ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"असि यमो अस्यादित्यो अर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेन ।
असि सोमेन समया विपृक्त आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि ॥
त्रीणि त आहुर्दिवि बन्धनानि त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे ।
उतेव मे वरुणश्छन्त्स्यर्वन् यत्रा त आहुः परमं जनित्रम् ॥"

ऋक् १।१६३।३, ४ ॥

भाष्यकार के पद्य का सरलार्थ—

भगवान् विष्णु—वाचस्पतिरयोनिज है, क्योंकि वह कभी योनि को प्राप्त नहीं होता, इसी प्रकार जीवात्मा भी नित्य तथा अयोनिज है, जैसे जीवात्मा शरीरों को धारण करता है, उसी प्रकार भगवान् विष्णु भी लोक समूह को धारण करता है ।

त्रिसामा—५७४

'त्रि' शब्द का साधन पहले किया जा चुका है ।

अन्तकर्म=विनाशार्थक दिवादिगण पठित 'षो' धातु से, धातु को सकारादेश, उणादि 'मनिन्' प्रत्यय ओकार को आकारादेश प्रातिपदिक संज्ञा तथा नान्तोपध-लक्षण दीर्घ होने से सामा शब्द सिद्ध होता है । त्रि शब्द के साथ बहुव्रीहि समास होने से त्रिसामा शब्द बनता है, जिसका अर्थ होता है 'तीन हैं साम जिसके' अर्थात् बृहदादि तीन प्रकार के सामों से जिसकी स्तुति की जाती है । तीन सामों के वृहद्, रथन्तर, वामदेव्य, नाम हैं । साम नाम, जो अन्त=समाप्ति करे उसका है । यहां—**असि यमो अस्यादित्यो……असि सोमेन समया विपृक्त आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि ।**" तथा "**त्रीणि त आहुर्दिवि बन्धनानि त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे……**" इत्यादि (ऋक् १।१६३।३, ४) मन्त्र प्रमाण हैं तथा

"यो जागार तमृचः कामयन्ते यो जागार तमु सामानि यन्ति ।
यो जागार तमयं सोम आह तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः ।।
अग्निर्जागार तमृचः कामयन्ते अग्निर्जागार तमु सामानि यन्ति ।
अग्निर्जागार तमयं सोम आह तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः ।।"
ऋक् ५।४४।१४, १५; सामवेद उ० ६।२।५, ६ ।।

अथापि च—

"यद् गायत्रे अधिगायत्रमाहितं त्रैष्टुभाद्वा त्रैष्टुभं निरतक्षत ।
यद् वा जगज्जगत्याहितं पदं य इत् तद्विदुस्ते अमृतत्वमानशुः ।।"
ऋक् १।१६४।२३ ।।

एता एव गायत्रस्य समिधस्तिस्रः । मन्त्रलिङ्गम्—

"गायत्रस्य समिधस्तिस्र आहुः ।" ऋक् १।१६४।२५ ।।

"गायत्रेण प्रति मिमीते अर्कमर्केण साम त्रैष्टुभेन वाकम् ।
वाकेन वाकं द्विपदा चतुष्पदाऽक्षरेण मिमीते सप्त वाणीः ।।"
ऋक् १।१६४।२४ ।।

इत्यादि विस्तरशो द्रष्टव्यं वेदे ।

यस्मात्तिस्रः समिधस्तस्मात् 'त्रिसामा' इति नाम ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत् ।
धर्मकृते विपश्चिते पनस्यवे । ऋक् ८।९८।१ ।।

सामवेद (उ० ६।२।५, ६) में भी "यो जागार तमृचः कामयन्ते यो जागार तमु सामानि यन्ति" इत्यादि मन्त्र इस अर्थ को प्रमाणित करते हैं । ऋग्वेद में "यो जागार तमृचः कामयन्ते......" ५।४४।१४ से लेकर ५।४४।१५ तक तथा इनके अतिरिक्त "यद् गायत्रे अधिगायत्रमाहितम्" इत्यादि (ऋक् १।१६४।२३) में इस अर्थ का स्पष्ट प्रतिपादन मिलता है ।

ये ही गायत्र की तीन समिध् हैं । इसमें यह "गायत्रस्य समिधस्तिस्र आहुः" (ऋक् १।१६४।२५) वचन प्रमाण है । इसका विस्तार वेद में देखना चाहिये ।

तीन समिधायें=प्रकाशक इसके हैं, इसलिये इसका नाम त्रिसामा है । इसमें "इन्द्राय साम गायत" इत्यादि (ऋक् ८।९८।१) प्रमाण है अर्थात् रथन्तरादि तीन प्रकार के सामों से जिसके अप्राकृत गुणों का प्रकाश होता है ।

तत्र बृहत्-साम—

२र र २र र २ २ १र र २ॅ
ओ हो यि त्वामिद्धि हवामहा ३ ए । सा तौ वाजा । स्याकी

३ ५ १ २ ३र ४र ५ २ १ २
रा २ ३ ४ वाः । तु वा ३ ४ । औ हो वा । वृत्रायिषुवायि । त्रा सा ३ १ त् ।

२ ३ ५ १र र २ ३र ४र ५ १
पतिं ना २ ३ ४ राः । त्वां काष्ठा ३ ४ । औ हो वा । सू २ अर्वा २ ३ ४ । ताः ।

५ ५ १
उ हु वा ६ हो उ । वा । हस् ।

रथन्तरं साम—

२र र र र १ १ २र र र र २
अभि त्वा शूर नोनुमो वा । आ दुग्धा इव धेनव ईशानमस्य

१ २ १ र २ १ ४ १
जगतः । सुवा २ ३ दृं शा न् । आ यि शा न मा २ ३ यिन्द्रा ३ । तास्थू २ ३ ४

र र ५ ५ १
षा । ओ वा ६ हा उ वा । अस् ॥

"रथन्तरे सूर्यं पर्यपश्यत् ।" ऋक् १।१६४।२५ ॥

वामदेव्यं साम—

३ र ४ २ ४र ५ १ २ १र २ १
का ५ या । नश्चा ३ यित्रा ३ आ भुवात् । ऊ । तीः स दा वृ धः स ।

२ र २ २ २ ३ र २ १ १
खा । औ ३ हो हायि । ॐया २ ३ शचायि । ष्ठयोहो ३ । हुम्मा २ । वाऽ२र्तो ३ ५

२
हायि ॥१॥

३ र ४ २ ४र ५ १ २र १ २ १
का ५ स्त्वा । सत्यो ३ मा ३ दा नाम् । मा । हिष्ठो मात्सा दन्ध । सा ।

२ र २ १ २ॅ ३ र २ १ १
औ ३ हो हायि । दृढा २ ३ चिदा । रुजो हो ३ । हुम्मा २ । वाऽ२सो ३ ५

२
हायि ॥२॥

३ र ५ ४ २ ४ ५ १ २र १ २र
आ ५ भी । षु णा ३ : सा ३ खी नाम् । आ । वि ता ज रा ई तॄ ।

१ र २ १ २ॅ ३ र २ १
णाम् । औ २ ३ हो हायि । शता २ ३ म्भवा । सि यो हो ३ । हुम्मा २ ।

१ २
ताऽ२ यो ३ ५ हायि ॥३॥

भवन्ति चात्रास्माकम्—

मन्ये त्रिसामा भगवान् त्रिबन्धो विश्वं निबध्नन् गमयत्यभीष्टम् ।
तं वामदेव्येन रथन्तरेण स्तुवन्ति नूनं बृहता च तज्ज्ञाः ॥१२८॥
साम्नां बहुत्वं प्रथितं हि वेदे गायन्ति तद् गानविदो यथार्थम् ।
ज्ञात्वा विकारं प्रकृतिञ्च साम्नां ते चोक्थशासः प्रचरन्ति लोके ॥१२९॥
एवं हि यो वेत्ति स वेत्ति सर्वां छन्दोमयीं गां समिधश्च तिस्रः ।
वेदेऽस्ति गीतं विविधं यथावत् तज्ज्ञास्त्वलङ्कारमिति ब्रुवन्ति[1] ॥१३०॥

१—यथा—त्रिककुत्, त्रैष्टुभम्, त्रिबन्धनम् इत्यादि रूपेण ।

सामगः—५७५

सामशब्दो व्युत्पादितः प्राक् ।

सामगः—सामोपपदाद् "गै शब्दे" इति भौवादिकधातोः "आदेच उपदेशेऽशिति" (पा० ६।१।४५) इत्यात्त्वे "गापोष्टक्" (पा० ३।२।८) इत्यनेन कः प्रत्यय आतो लोपश्च, सामगः । साम गायतीति सामगो विष्णुः । लोकेऽपि दृश्यते,

---

भाष्यकार ने त्रिसामा नाम के भाव को अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

'त्रिसामा' भगवान् विष्णु का नाम इसलिये है कि वह इस सकल विश्व को अर्थात् विश्वान्तर्गत प्रत्येक वस्तु को तीन प्रकार से निबद्ध=बान्ध करके उस वस्तु के स्वभावानुसार चला रहा है अर्थात् प्रत्येक वस्तु त्रिगुणमय अथवा त्रिपर्व रूप ग्रन्थियों से निबद्ध है, उस भगवान् विष्णु के वस्तुतत्त्व के जानने वाले ज्ञानी पुरुष भगवान् की वामदेव्यादि सामों से स्तुति किया करते हैं ।

सामवेद में बहुत प्रकार के सामों का वर्णन है, उनका ज्ञानी पुरुष अपने प्रयोजनानुसार समय-समय पर गान करते हैं तथा सामों के परस्पर प्रकृति विकृति भाव को जानकर उनका यथार्थ रूप से गान करते हुये लोक में व्यवहार करते हैं ।

उपरोक्त रूप से जो मनुष्य भगवान् त्रिसामा के वस्तुतत्त्व को जानता है, वह सम्पूर्ण वेदवाणी तथा तीन प्रकार की प्रकाशक रूप समिधाओं को तत्त्वरूप से जानता है और विद्वान् महापुरुष विविध प्रकार की गीतियों से उसका अलङ्कारात्मक वर्णन करते हैं । यथा—"त्रिककुत्, त्रैष्टुभ, त्रिबन्धन" आदि रूप से ।

सामगः—५७५

साम शब्द की सिद्धि पहले की जा चुकी है ।

साम रूप कर्म के उपपद रहते हुये शब्दार्थक भ्वादिगण पठित "गै" धातु से कर्ता अर्थ में कृत् 'टक्' प्रत्यय तथा ऐकार को आकार आदेश और आकार का लोप करने से सामगः शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ है सामगाने वाला । लोक में यदि कोई सुखी

कश्चित् मनुष्यः सुखं प्राप्य यदि दुःखमाप्नोति तदा स किञ्चिद् गातुमुपक्रमते। तत्र वेदः—"**अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत**" (ऋक् ८।६९।८) अर्चत=गायत, तं भगवन्तमिति शेषः।

"**तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।**
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।" ऋक् १०।९०।९;
यजुः ३१।७; तु० अथर्व १९।६।१३॥

"**यस्मादृचो अपातक्षन् यजुर्यस्मादपाकषन्।**
सामानि यस्य लोमान्यथर्वाङ्गिरसो मुखम्।
स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः।" अथर्व १०।७।२०॥

भवति चात्रास्माकम्—

यदन्तरङ्गं मनुजस्य दुःखं सुखञ्च वा येन [1]विलासमेति।
ताभ्यां प्रणुन्नेन जनेन किं स्यात् गेयं तु सामैव मतं श्रुतीनाम्॥१३१॥

१—विगतो लासोः विलासः=दुःखमिति यावत्, विशिष्टो लासो वा विलासः=सुखञ्च।

अथ च सामेत्यन्तस्यापि नाम सर्वोऽपि सर्वं प्रारब्धमन्तं गमयति प्राप्तं वा। तथा हि—स्वतः प्राप्तं मूर्खत्वमपनेतुं वेदानध्येतुं प्रारभते। वेदाध्ययनं मूर्खताया

मनुष्य समय पाकर विपत्ति में पड़ जाये तो वह अपने मन को शान्त करने के लिये कुछ गाना आरम्भ करता है, इस अर्थ की पुष्टि "**अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत**" (ऋक् ८।६९।८) यह वेद वचन करता है, यहां विपत्ति में भगवान् का गान=भजन करो यह अर्थ अभिप्रेत है।

इस नाम में—"**तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि**" इत्यादि (ऋक् १०।९०।९; यजुः ३१।७; अथर्व १९।६।१३) तथा "**यस्मादृचो अपातक्षन् यजुर्यस्मादपाकषन्। सामानि यस्य लोमानि**" इत्यादि (अथर्व १०।७।२०) मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार अपने अभिप्रेत अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार वर्णन करते हैं—

मनुष्य अपने शुभाशुभ कर्म जन्य अन्तरङ्ग=मानस या अन्य प्रकार के दुःख तथा सुखों से प्रतिक्षण दुःखी या सुखी रहता है, किन्तु इन दोनों क्षणिक दुःख सुखों से आक्रान्त=दबाया हुआ, मनुष्य यदि परमश्रेय प्राप्त करना चाहे तो उसके लिये परम कर्तव्य यह ही है, वह भगवान् साम-नामा विष्णु का गान करे, यह ही वेद का मत है। विलास शब्द में वि शब्द के विगत और विशिष्ट अर्थ भेद से दुःख और सुख दोनों अर्थ होते हैं।

साम यह अन्त का भी नाम है, क्योंकि प्रत्येक प्राणी अपने आरम्भ किये कार्य को या प्राप्त द्रव्य को समाप्त करता है, जैसे कि स्वभाव से प्राप्त मूर्खता को समाप्त करने के

अन्तः, वेदाध्ययनसमाप्तिश्च वेदाध्ययनस्यान्त इति । एवं सर्गादौ सर्गान्ते च शिष्टः स भगवान् सामनामा, गातुमर्हत्वादिति ।

"प्रदक्षिणिदभि गृणन्ति कारवो वयो वदन्त ऋतुथा शकुन्तयः ।
उभे वाचौ वदति सामगा इव गायत्रं च त्रैष्टुभं चानु राजति ॥

उद्गातेव शकुने साम गायसि ब्रह्मपुत्र इव सवनेषु शंससि ।......
सर्वतो नः शकुने भद्रमा वद विश्वतो नः शकुने पुण्यमा वद ।
आवदस्त्वं शकुने भद्रमा वद ।" ऋक् २।४३।१, २, ३ ॥

शकुनीनधिकृत्य यच्छास्त्रं प्रवृत्त तच्छाकुनं शास्त्रं वेदाङ्गभूतव्याख्यं लोकोपकाराय ऋषिभिः प्रणीतम् । तन्नूनं ज्ञेयमभ्यसनीयञ्च ।

उच्चैर्गायतीत्युद्गाता, उच्चैऽर्गीयमानत्वात् सामाप्युद्गीथम् । सामवेदस्य कौथुमप्रभृतयः शाखाः साममन्त्राणां गानप्रकारप्रदर्शिन्य एव । बाल्य एव मया कौथुमशाखा गुरुमुखादधीता, पञ्च वर्षाणि यावत् । तत्र मम गुरोर्नाम "रामशङ्कर-सामवेदी" । अयं च महानुभावो गुर्जरब्राह्मणवंश्यः काशीवासी ।

लिये वेदाध्ययन आरम्भ करता है। मूर्खता का अन्त वेदाध्ययन है तथा वेदाध्ययन की समाप्ति, वेदाध्ययन का अन्त है । इस प्रकार से सृष्टि के आदि तथा अन्त में शेष रहने वाले भगवान् विष्णु का नाम सामग है. क्योंकि वह सब का गेय=भजनीय है । इसमें—

"प्रदक्षिणिदभिगृणन्ति......सामगा इव ।"

"उद्गातेव शकुने साम गायसि ब्रह्मपुत्र इव सवनेषु शंससि । ......सर्वतो नः शकुने भद्रमावद सर्वतो नः शकुने पुण्यमावद ॥"

"आवदंस्त्वं शकुने भद्रमावद" इत्यादि (ऋक् २।४३।१, २, ३) मन्त्र प्रमाण हैं ।

जिस शास्त्र में शकुनि=पक्षियों की भाषा को विषय बनाकर विचार किया गया हो उस शास्त्र का नाम शाकुन शास्त्र है, वह ऋषियों ने लोक के लिये बहुत उपकारक है, इस बुद्धि से बनाया है तथा वह भी वेद की व्याख्या का अङ्ग भूत=उपकारक है, इसलिये उसका ज्ञान तथा अभ्यास आवश्यक है । जो ऊंचे स्वर से गाये उसे उद्गाता कहते हैं तथा साम का नाम उद्गीथ है क्योंकि वह ऊंचे स्वर से गाया जाता है । सामवेद की कौथुम आदि शाखायें, सामवेद के मन्त्रों के गाने का प्रकार ही बताती हैं । मैंने बाल्यावस्था में ही गुर्जर ब्राह्मण कुल में उत्पन्न श्री पूज्य गुरु रामशङ्कर जी सामवेदी से काशी में पांच वर्ष तक कौथुम शाखा का अध्ययन किया है ।

साम—५७६

साम-शब्दः, प्राग् व्युत्पादितः। स्यति=अन्तं करोतीति साम=ब्रह्म। सर्वे वेदाः कर्माणि सर्वाणि यस्मिन्नन्तं गच्छन्ति तद् ब्रह्म साम—इति ज्ञेयम्।

स्तुतिर्हि स्तुत्ये लीयतेऽत एव स्तुत्यं स्तुत्वा स्तुतिरन्तं गच्छति स्तोतुश्चाभीष्टं साधयति। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अपूर्वेणेषिता वाचस्ता वदन्ति यथायथम्।
वदन्तीर्यत्र गच्छन्ति तदाहुर्ब्राह्मणं महत्।" अथर्व १०।८।३३॥

"तद्वै ब्रह्मविदो विदुः।" अथर्व १०।८।४३॥

भवति चात्रास्माकम्—

सर्वस्य कर्तारमचिन्त्यशक्तिं [१]गायन्तु मर्त्याः निहितार्थसिद्ध्यै।
स सर्वगः सर्वसुहृत् हृदिस्थः स एव चेष्टेन युनक्ति मर्त्यम्॥१३२॥

१—हे मर्त्या गायन्तु=स्तुवन्तु भवन्तः।

मन्त्रलिङ्गम्—

"प्र वो महे महि नमो भरध्वमाङ्गूष्यं शवसानाय साम।
येना नः पूर्वे पितरः पदज्ञा अर्चन्तो अङ्गिरसो गा अविन्दन्।"
ऋक् १।६२।२॥

साम—५७६

साम शब्द की सिद्धि की जा चुकी है। स्यति=अन्तं करोतीति साम ब्रह्मनाम। सकलवाङ्मय तथा समस्त कर्मों का जिसमें अन्त=समाप्ति होती है, उसका नाम साम है। स्तुति अपने स्तोतव्य की महिमा का वर्णन करके अपने स्तोतव्य में लीन=समाविष्ट 'समाप्त' हो जाती है तथा स्तोता को अपने इष्ट=अभिप्रेत अर्थ की प्राप्ति हो जाती है।

इस अर्थ का यह अथर्व श्रुति "अपूर्वेणेषिता वाचस्ता वदन्ति यथायथम्। वदन्तीर्यत्र गच्छन्ति तदाहुर्ब्राह्मणं महत्" (अथर्व १०।८।३३) पोषण करती है।

भाष्यकार ने इस अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट किया है—

हे मनुष्यों! आप सब अपनी अर्थ सिद्धि के लिये सकल विश्व के कर्ता तथा अचिन्त्य अनन्तशक्ति भगवान् विष्णु की स्तुति करो, क्योंकि वह ही सर्वव्यापक, सर्वसुहृत् तथा सब के हृदय रूप गुहा में स्थित इस प्राणि वर्ग के इष्ट=अभीप्सित अर्थ को सिद्ध करता है।

इसमें यह मन्त्र "प्र वो महे महि नमो······अर्चन्तो अङ्गिरसो गा अविन्दन्" (ऋक् १।६२।२) इत्यादि प्रमाण है।

निर्वाणम्–५७७

निरुपसर्गो निश्चयार्थकः। यथा च—यास्कप्रणीतं निरुक्तं निश्चयेनोक्त-मित्यर्थः। निश्चयेन वचनं निर्वचनम्—इति च। यद्धि लोके सत्यत्वेन निश्चितं प्रमाणैः परीक्षितञ्च भवेत्तदर्थविवक्षया निर्ब्रूयात्। कथं निर्ब्रूयात्? एवं निर्ब्रूयादित्येवं प्रकारकं शासनं यस्मिन् शास्त्रे तन्निरुक्तं शास्त्रं नाम। आसन् बहूनि शास्त्राणि निरुक्ताख्यानि प्रणीतान्याचार्यैः प्राक्तनैः। तत्रेदानीन्त्वेकं यास्कीयमेव निरुक्तं प्रचुरप्रचारमुपलभ्यते। यास्कीये निरुक्ते बहूनामाचार्याणां नामोपलब्धिरेव निरुक्तबहुत्वज्ञापिका—इति प्रसङ्गप्राप्तमुक्तम्। "वा गतिगन्धनयोः" आदादिको धातुस्ततः कर्तरि निष्ठा, क्तः, **"निर्वाणोऽवाते"** (पा० ८।२।५०) इत्यनेन निपातनात्तस्य नत्वं णत्वञ्च निर्वाणमिति। लिङ्ग-मशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्येत्युक्तं महाभाष्ये **"लुपि युक्तवद् व्यक्तिवचने"** (पा० १।२।५१) इति सूत्रे। यानि च लिङ्गानुशासनसूत्राणि तानि शब्द-लिङ्गाभिधायकानि, न तु लिङ्गनियामकानि। यथा—दारा इति बहुवचने, परन्तु एकवचने सावपि कैश्चित् प्रयुक्तः। पदमिति नपुंसके पुंल्लिङ्गे च प्रयुज्यते इति

निर्वाणम्—५७७

गति तथा गन्धनार्थक अदादिगण पठित 'वा' धातु से कर्ता अर्थ में निष्ठा प्रत्यय तथा णत्व का निपातन कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा और सु विभक्ति तथा उसको अमादेश करने से निर्वाणम् शब्द सिद्ध होता है।

निर्वाण शब्द में 'निर्' उपसर्ग है और इसका 'निश्चय' तथा 'निषेध' अर्थ होता है। जैसे—निरुक्त नाम जो निश्चय से कहा गया, निर्वचन—निश्चय से कहना। वस्तुतः सत्य-रूप से प्रमाणों से परीक्षित अर्थ को कहने में निरुक्त शब्द का प्रयोग होता है। जैसे—यास्क जी से प्रणीत निरुक्त ग्रन्थ में कैसे निर्वचन करे? ऐसे निर्वचन करे, अर्थ की प्रधानता से निर्वचन करे इत्यादि बहुत प्रकार से परीक्षित अर्थ का अन्वाख्यान किया है। इसीलिये इसका नाम निरुक्त है। निरुक्तकार आचार्य बहुत हुवे हैं, किन्तु आजकल यास्कीय निरुक्त का ही अध्ययन-अध्यापन रूप प्रचार अधिक मात्रा में हो रहा है। यद्यपि आजकल किसी अन्य निरुक्त की उपलब्धि नहीं होती तथापि यास्क के निरुक्त में बहुत नैरुक्त आचार्यों के नाम आते हैं, इससे बहुत से निरुक्त ग्रन्थ पहले थे, ऐसा प्रतीत होता है। यह प्रसङ्ग से प्राप्त का वर्णन किया है।

स्त्रीलिङ्ग पुंल्लिङ्ग आदि लिङ्गों को महाभाष्यकार ने शास्त्रायत्त न करके लोक के आधीन कथन किया है। इसलिये लौकिकी विवक्षा से ही शब्द लिङ्ग का प्रयोग किया जाता है। पाणिनि जी के लिङ्गानुशासन के सूत्र शब्दों के लिङ्ग का नियमन नहीं करते, किन्तु उसका अभिधान मात्र करते हैं। जैसे शास्त्र में द्वारा शब्द को बहुवचनान्त और पुंल्लिङ्ग बताया है, किन्तु किसी-किसी ने इसको एक वचन में भी प्रयुक्त किया तथा पद शब्द शब्दा-

निदर्शनमात्रमुक्तं प्रसङ्गप्राप्तम् । अत्रास्मत् प्रबन्धेऽपि सर्वत्रैवं सङ्गमनीयम् । उक्तञ्च मयैव स्वकृते सत्याग्रहनीतिकाव्ये विद्यार्थिप्रकरणे—

चुम्बन्ति ये कामवशेन बालान् ये चापि तान् गूढमुपस्पृशन्ति ।
युञ्जन्ति ये निन्द्यपदान् प्रशास्तौ तेऽध्यापकाश्छात्रजनैर्न सेव्याः ।
स० नी० का० ४।३।६ ॥

अत्र "निन्द्यपदानि शास्तौ" इत्यापि युक्तम् । एवञ्च लिङ्गानुशासनं नाम न सुनियन्त्रितमिदमित्थमेवेति, परिवर्तयितुमशक्यमिति । तत्र कारणम्—

क्वचिद् भाषाप्रवाहस्य रक्षा, क्वचिन्निन्दावचनम्, क्वचिच्छन्दोनुरोध-विवशता चेत्यादि ।

अस्याश्चोहायामूलं **"पात्रेसमितादयश्च"** (पा० २।१।४७) इति सूत्रे गणसङ्ग्रह एव । तद्यथा—"मातरिपुरुषः" इति पठ्यते, तत्र सप्तम्या अलुका "मातरि गर्भस्याऽऽधापयिता" इति निन्दनीयार्थस्य प्रतीतिः । अनुयैव—स्वसरिपुरुषः, दुहितरिपुरुष इत्याद्यप्यूह्यं भवति । अनन्तोऽयं शब्दार्णवः, शास्त्रं केवलं मार्गप्रदर्शकं भवति ।

निर्वाणं नाम पृथक्करणम् । तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"ईर्ष्याया ध्राजिं प्रथमां प्रथमस्या उतापराम् ।
अग्निं हृदय्यं शोकं तं ते निर्वापयामसि ।" अथर्व ६।१८।१ ॥

नुशासन से पुंल्लिङ्ग होना चाहिये, किन्तु इसका प्रयोग प्रायः करके नपुंसक में होता है । वह केवल उदाहरण-मात्र दिखाया है । हमारे ग्रन्थ में भी सर्वत्र इस बात का ध्यान रखना चाहिये । मैंने स्वयं अपने **सत्याग्रहनीति काव्य** के विद्यार्थी-प्रकरण में **"चुम्बन्ति ये कामवशेन बालान्"** इत्यादि (स० नी० का० ४।३।६) पद्य में जहां **"निन्द्यपदान् प्रशास्तौ"** यह लिखा है वहां **"निन्द्यपदानि शास्तौ"** भी हो सकता था । इस प्रकार से इस शब्द का लिङ्ग ऐसा ही है, इसका परिवर्तन नहीं किया जा सकता, ऐसा अनुशासन नहीं हो सकता । शब्द लिङ्ग के नियमबद्ध न हो सकने के कारण—कहीं पर भाषा प्रवाह, कहीं किसी शब्द से निन्दा का कथन, कहीं छन्द के अनुरोध से पारवश्य इत्यादि हैं ।

"पात्रेसमितादयश्च" (पा० २।१।४७) सूत्र में गणपाठ का संग्रह इस कल्पना का मूल है । उस गणपाठ में **"मातरिपुरुषः"** ऐसा है, वहां सप्तमी विभक्ति का लुक् न करने से ही 'माता में गर्भ का आधान करने वाला' इस निन्दनीय अर्थ की प्रतीति होती है । इसी प्रकार **स्वसरिपुरुषः, दुहितरिपुरुषः** इत्यादि अपठित भी जानने चाहियें । शब्द-समुद्र का पार पाना दुष्कर है । इसलिये शास्त्र केवल पथप्रदर्शक मात्र है ।

पृथक्-पृथक् करने का नाम निर्वाण है । इसमें ईर्ष्या के उद्देश्य से विनियुक्त **"ईर्ष्याया ध्राजिं प्रथमाम्"** (अथर्व ६।१८।१) इत्यादि त्रिमन्त्रक सूक्त प्रमाण है । **निर्वापयामसि** का अर्थ है—पृथक्-पृथक् करते हैं ऐसा है । निरुपसर्ग-पूर्वक ण्यन्त 'वा'

इदं त्रिमन्त्रं सूक्तमीर्ष्यामधिकृत्यैव, निर्वापयामसि=पृथक् कुर्म इत्यर्थः। 'निर्वापय' पदप्रयोगो लाके वेदे च बहुधा दृश्यते। यथा ऋग्वेदे १०।११।१३, तथाथर्ववेदे १८।३।६। तथा लोकेऽपि दीपं निर्वापय=अस्तं गमय, दीपं कुरु निर्वापयेत्यर्थः।

सारांशः—विष्णुर्हि यथासमयं जन्तुं सर्गं वा निर्वापयति अतः स विष्णुर्निर्वाण इत्युक्तो भवति। शब्दस्वारस्याच्च निर्वाणं मोक्षाख्यं पदम्, भूतानां विमुक्ताविद्याबन्धनानां शरीरतः पृथगवस्थानमिति। लोकेऽपि च दृश्यते, मनुष्यः स्वानि कर्माणि विदधद् यथा समयं तानि मुञ्चति=निर्वापयति। तदेतत्सर्वं निर्वाणात्मकस्य विष्णोरनुकरणमात्रमिति। य एवं वेद स कर्माणि कुर्वन्=समाप्नुवन् वा तमेव स्तौति निरभिमानः—त्वय्येवैतद् व्यवस्थितमिति ब्रुवाणः।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्हि निर्वाणपदेन वाच्यो निर्वापयन् विश्वमिदं दधाति।
यथोदयास्तौ रविराश्नुवानो दृश्योऽस्ति लोके सकलञ्च तद्वत् ॥१३३॥

धातु का प्रयोग लोक और वेद में बहुधा देखने में आता है। ऋग्वेद मन्त्र १०।११।१३ में अथर्व वेदमन्त्र १८।३।६२ में। लोक में भी **"दीपं निर्वापय"** इसका अर्थ है—'दीपक को अस्त=समाप्ति करो' अथवा 'दीपक को शान्त करो' होता है।

सारांश—भगवान् विष्णु समयानुसार प्राणिवर्ग या सृष्टि का अन्त=समाप्ति करता है। इसलिये उसका निर्वाण नाम है। शब्द की अन्वर्थता से मोक्षपद का नाम भी निर्वाण है, क्योंकि अविद्या रूप बन्धन से युक्त होकर प्राणिवर्ग वहां शरीर से पृथक् होकर रहता है।

लोक में भी मनुष्य अपने कर्मों को करता हुआ समय आने पर उन्हें समाप्त कर देता है। यह सब निर्वाण-नामक भगवान् विष्णु का ही अनुकरणमात्र है। जो मनुष्य इस तत्त्व को जानता है वह कर्मों को करता हुआ अथवा उनको समाप्त करता हुआ, 'हे भगवान्! यह सब आपकी व्यवस्था से ही हो रहा है,' ऐसा कहता हुआ निरभिमान होकर भगवान् का ही स्तवन करता है।

इस सकल अर्थ को भाष्यकार ने अपने पद्य द्वारा संक्षेप से इस प्रकार व्यक्त किया है।

भगवान् विष्णु का नाम निर्वाण है, क्योंकि वह इस सकल विश्व का धारण-पोषण करता हुवा अन्त में इसे समाप्त कर देता है। जैसे—सूर्यदेव कभी उदय और कभी अस्त होता हुआ दीखता है, इसी प्रकार सकल दृश्य वर्ग कभी भगवदिच्छा से उदय होता है और कभी अस्त=नष्ट होता है।

भेषजम्–५७८

"भिषज् चिकित्सायाम्" इति कण्ड्वादिगणपठितो धातुस्ततः "**कण्ड्वादिभ्यो यक्**" (पा० ३।१।२७) सूत्रेण स्वार्थे यक् प्रत्ययः, ततश्च क्विप्, तस्मिन् "**यस्य हलः**" (पा० ६।४।४९) सूत्रेण "**आदेः परस्येति**" (पा० १।१।५४) सूत्रसाहाय्यतो यकारस्य लोपः। अकारस्य च "**अतो लोप**" (पा० ६।४।४८) सूत्रेण लोपः। क्विपः सर्वापहारः, प्रातिपदिकसंज्ञा सुबुत्पत्तिर्भिषगिति। भिषक्-शब्दात् सम्बन्धसामान्ये "**तस्येदम्**" (पा० ४।३।१२०) सूत्रेणाण् प्रत्ययः, ततश्चादिवृद्धिर्भैषजम्, तस्य पुनः पृषोदरादित्वाद्वर्णविकार एकारो भेषजमिति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अप्स्वन्तरममृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये।
देवा भवत वाजिनः।" ऋक् १।२३।१९॥

अप्सु यश्चिकित्सोपयोगी गुणः स तस्यैव विष्णोः। अप्सु यद्भेषजं तत् "अमृतम्" अमृतस्य विष्णोः सूर्यस्य वा गुणभूतमिति सत्यापयितुमिति।

"यत् सिन्धौ यदसिक्न्यां यत्समुद्रेषु मरुतः सुबर्हिषः।
यत् पर्वतेषु भेषजम्॥
विश्वं पश्यन्तो बिभृथा तनूष्वा तेनानो अधि वोचत।
क्षमा रपो मरुत आतुरस्य त इष्कर्ता विह्रुतं पुनः।"
ऋक् ८।२०।२५, २६॥

"सोमस्य मित्रावरुणोदिता सूर आददे। तदातुरस्य भेषजम्।"
ऋक् ८।७२।१७॥

भेषजम्—५७८

चिकित्सार्थक कण्ड्वादि गण पठित "भिषज्" धातु से स्वार्थ में यक् प्रत्यय तथा उससे कर्ता अर्थ में क्विप् प्रत्यय और क्विप् परे रहते यकार तथा अकार का लोप, क्विप् का सर्वापहार, कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा तथा सु विभक्ति आने से 'भिषज्' तथा जश्त्व और विकल्प से चर्त्व करने से भिषक् शब्द सिद्ध होता है। भिषज् शब्द से सम्बन्ध सामान्य में तद्धित 'अण्' प्रत्यय, आदि वृद्धि और पृषोदरादि से ऐकार को एकार वर्ण-विकार होने में भेषजम् शब्द बन जाता है। इसमें मन्त्र प्रमाण "**अप्स्वन्तरममृतमप्सु भेषजम्**" इत्यादि (ऋक् १।२३।१९) है। जलों में होने वाला चिकित्सोपयोगी गुण मूल पुरुष भगवान् विष्णु ही है। इस अर्थ की सिद्धि जल के अमृत नाम होने से भी होती है, क्योंकि अमृत नाम भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का है। उसी से अमृत रूप भेषजत्व गुण जल में भी आया हुवा है और भी भगवान् के भेषज नाम की पुष्टि करने वाले—"**यत् सिन्धौ यदसिक्न्यां......पर्वतेषु भेषजम्**" (ऋक् ८।२०।२५) तथा "**सोमस्य मित्रावरुणोदिता......तदातुरस्य भेषजम्**" इत्यादि (ऋक् ८।७२।१७) मन्त्र हैं। भेषज शब्द का

वेदे बहुत्र लभ्यतेऽयं भेषजशब्दः । सर्वत्र च तस्य व्यापकता दृश्यते, जिज्ञासुभिर्वेद एव द्रष्टव्यम् । नाम्नो लिङ्गमात्रप्रदर्शनं नः समीहितम् ।

भवतश्चात्राऽस्माकम्—

यदत्र दृश्यं किमुवाप्यदृश्यं तद् भेषजेनास्ति ततं समग्रम् ।
विष्णुः स्वयं भेषजमाप्तमात्रः क्षिणोति रोगं [1]सकलस्य लोके ॥१३४॥

१—सकलस्य=चतुर्विधसृष्टेरिति ।

जन्तुर्यदा याति निजान्तकालं स भेषजस्तञ्च जहाति तस्मात् ।
न भेषजं नापि भिषक् च तत्र व्यनक्ति वीर्यं किमु वास्ति चित्रम् ॥१३५॥

भिषक्—५७६

भिषक्-शब्दो भेषजनामव्याख्याने व्याख्यातः । भिषज्यति चिकित्सां करोतीति भिषक्—भिषग् वा, चर्त्वविकल्पः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यत्रौषधीः समग्मत राजानः समिताविव ।
विप्रः स उच्यते भिषग् रक्षोहामीवचातनः ।"

ऋक् १०।९७।६; यजुः १२।८० ॥

भवति चात्रास्माकम्—

भिषक् हि विष्णुः स हि सर्वयातः सुप्तं प्रमत्तं विषमस्थितं वा ।
जन्तुं सदा रक्षति दुर्गतं वा सर्वत्र भैषज्यमयो यतः सः ॥१३६॥

प्रयोग वेद में बहुत स्थानों में मिलता है। यह व्यापक शब्द है, इसलिये जिज्ञासु पुरुष इसे वेद में ही देख लें। नाम का प्रमाण मन्त्र दिखाना हमारा प्रयोजन है।

भाष्यकार के भावार्थ का पद्य द्वारा स्पष्टीकरण—

इस समग्र विश्व में जो कुछ भी इन्द्रिय-गोचर अथवा इन्द्रियातीत है, वह सब भगवान् भेषज नामा विष्णु से व्याप्त है। स्वयं भगवान् भेषजत्व को प्राप्त होकर सकल प्राणिवर्ग के रोगों का नाश करता है अर्थात् चतुर्विध सृष्टि को नीरोग बनाता है। भगवान् भेषज नामा विष्णु से विमुक्त जीव, अन्तकाल=मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, वहां वैद्य तथा औषधियां कुछ भी काम नहीं करती, इसमें आश्चर्य ही क्या है।

भिषक्—५७६

भिषक् शब्द का व्युत्पादन भेषज नाम के व्याख्यान में हो चुका, चिकित्सा=रोग का निवारण करने वाले का नाम भिषक् है।

मन्त्र प्रमाण—**"यत्रौषधीः समग्मत राजानः समिताविव"** (ऋक् १०।९७।६ तथा यजुर्वेद १२।८०) है।

भिषक् नाम भगवान् विष्णु का है क्योंकि वह सोते हुवे, प्रमत्त=पागल, विपद्ग्रस्त जीवनोपयोगी साधनों से हीन प्राणी की सदा रक्षा करता है और इसका भैषज्य=चिकित्सा अर्थात् रोगनिवारिणी क्रिया सब जगत् में प्रसृत=व्याप्त है।

लोके च दृश्यते वानरभल्लूकप्रभृतयः पशवोऽपि स्वोपकारिणमुपचिकीर्षन्ति। कुत एवं? यतो हि तत्रापि पश्वादिषु भगवान् विष्णुरेव व्याप्तः। तत्र स भिषग्रूपो विष्णुस्तं पशुं तथाविधया धिया युनक्ति। मन्त्रलिङ्गम्—

'मा त्वा रुद्र चुक्रुधा मा नमोभिर्मा दुष्टुती वृषभ मा सहूती।
उन्नो वीराँ अर्पय भेषजेभिर्भिषक्तमं त्वा भिषजां शृणोमि।"

ऋक् २।३३।४ ॥

संन्यासकृत्—५८०

सं-निश्चोपसर्गौ, तत्पूर्वकः—"असु क्षेपणे" दैवादिको धातुः, ततो भावे घञ् प्रत्ययः, उपधावृद्धिः, नेरिकारस्य सांहितिको यणादेशः संन्यासः।

संन्यासरूपकर्मोपपदे "डुकृञ् करणे" धातोः क्विप् प्रत्ययः, तुगागमः, क्विपः सर्वापहारश्च, संन्यासं करोतीति संन्यासकृत्। मन्त्रलिङ्गम्—

"परीत्य भूतानि परीत्य लोकान् परीत्य सर्वाः प्रदिशो दिशश्च।
उपस्थाय प्रथमजामृतस्याऽऽत्मनात्मानमभि सं विवेश॥
परि द्यावापृथिवी सद्य इत्वा परि लोकान् परि दिशः परि स्वः।
ऋतस्य तन्तुं विततं विचृत्य तदपश्यत् तदभवत् तदासीत्।"

यजुः ३२।११, १२॥

विचृत्य—इति "चृती हिंसाग्रन्थनयोः" इति तौदादिकस्य धातोः क्त्वो ल्यपि रूपम्, विचृत्य=विच्छिद्य=संक्षिप्य वेत्यर्थः, स च सूर्यः। सूर्ये हि रजस्त-

---

लोक में भी ऐसा देखने में आता है कि मनुष्य तो क्या, किन्तु वानर भल्लूक आदि पशु भी अपने उपकारक "सुख देने वाले" का भला=उपकार करना चाहते हैं। ये सब लक्षण सर्वत्र व्याप्त भगवान् विष्णु के परिचायक हैं। भिषक् रूप से व्याप्त विष्णु ही पशुओं में भी इस प्रकार की बुद्धि उत्पन्न कर देता है।

इसमें "मा त्वा रुद्र……उन्नो वीराँ अर्पय भेषजेभिर्भिषक्तमं त्वा भिषजां शृणोमि" (ऋक् २।३३।४) तन्त्र प्रमाण है।

सन्यासकृत्—५८०

सं—और नि—उपसर्ग पूर्वक क्षेपणार्थक, दिवादिगण पठित 'असु' धातु से, भाव में घञ्, उपधा वृद्धि तथा 'नि' के इकार को यणादेश करने से संन्यास शब्द की सिद्धि होती है। संन्यासरूप कर्म के उपपद होने पर "डुकृञ्" करण अर्थ वाली धातु से क्विप् प्रत्यय, तुक् का आगम और क्विप् प्रत्यय का सर्वापहार होने से संन्यासकृत् शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ है 'अच्छे प्रकार से न्यास=त्याग, संक्षेप का करने वाला'। इसमें यह—"परीत्य भूतानि परीत्य लोकान्" (यजुः ३२।११) तथा "परि द्यावापृथिवी सद्य इत्वा" इत्यादि (यजुः ३२।१२) मन्त्र प्रमाण है। इस मन्त्र में 'विचृत्य' यह क्रिया पद तुदादिगणपठित हिंसा तथा ग्रन्थनार्थक "चृती" धातु से क्त्वा को ल्यप् आदेश करने से बना है जिसका अर्थ है 'छेदन करके अथवा संक्षेप करके'। इस पद का कर्ता सूर्य है, क्योंकि

मश्च न भवति, किन्तु प्रकाशाभावरूपस्य तमसः प्रकाशस्य च सन्धिभूतं रजस्त्वं रात्रिदिवसयोः सन्धिभूत उषाकाल इव भवति । अतएव चोषसां रक्तिमा जायते । संन्यासिनां काषायवस्त्रपरिधानञ्चाप्येतस्यैवानुकरणम् । लोकेऽपि पश्यामः—सूर्यो हि दृश्यचक्षुषा हानोपादाने विदधद्—तदपश्यत्, तदभवत्, तदासीत् ।

यश्चायं संन्यास आश्रमः स तस्यैव भगवतः संन्यासकृतो रूपं मनुष्येभ्यो दर्शयति, तदनुकरणभूतः, भगवति तेषामासनां भावनां वा विधातुमिति ।

अतएव च यो ब्रह्मभावभावितस्तस्यैव संन्यासाश्रमोपदेशः । कथञ्चेदं शरीरं ब्राह्मं क्रियत इति ? तदुत्तरं—

"स्वाध्यायेन व्रतैर्होमैस्त्रपसा चेज्यया पुनः ।
महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः ।" मनुः २।२८ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

नित्यं भ्रमन् लौकिकमार्गमाप्तो यदा मनुष्यः सुकृतानुरोधात् ।
तमांसि हित्वा किमु वा रजांसि संन्यासकृत्[1] विष्णुरिवापरः सः ॥१३७॥

अतएव लोकैषणा-वित्तैषणा-पुत्रैषणा च परिहर्तव्या भवति ।

सूर्य रजस् और तमका विच्छेद वा संक्षेप=उपसंहार करता है, अर्थात् सूर्योदय के समय प्रकाश का अभाव रूप तम तथा प्रकाश इन दोनों का सन्धि रूप रजः ही मानों उषाकाल होकर आता है। इसीलिये उषा का वर्ण लाल होता है। संन्यासियों का काषाय वस्त्र धारण भी इसी रहस्य का अनुकरण है।

लोक में देखते हैं—सूर्यदेव दृश्य वर्ग के चक्षु द्वारा अन्य अन्य वस्तुओं का त्याग अथवा ग्रहण करता हुआ दृश्य वर्ग को देखता हुआ स्वयं चक्षु रूप होता है तथा पूर्व में था। संन्यासाश्रम उस ही भगवान् संन्यासकृत् का अनुकरण होकर भगवान् संन्यासकृत् का रूप मनुष्यों को दिखाता है, भगवान् में मनुष्यों की निष्ठा या भावना उत्पन्न करने के लिये। इसीलिये ब्रह्म की भावना से भावितचित्त के लिये अर्थात् जिसके चित्त में ब्रह्म-भावना उत्पन्न हो गई है, उसी के लिये संन्यासाश्रम का उपदेश किया जाता है।

शरीर को ब्रह्ममय बनाने के साधन स्मृतिकारों ने इस प्रकार कथन किये हैं, जैसे कि—

स्वाध्याय=वेदाध्ययन, व्रत, हवन, तपस्या, भगवद्पूजा, दान, महायज्ञ=बलि-वैश्वदेवादि तथा यज्ञ=अन्यान्य बहुद्रव्य साध्य यागादिकों से यह शरीर ब्रह्ममय अथवा ब्रह्मप्राप्ति योग्य बनाया जाता है।

भाष्यकार ने पूर्वोक्त अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

लौकिक कर्म मार्ग में नित्य भ्रमण करता हुआ मनुष्य पुण्योदय से जब रज वा तम अर्थात् तदुपलक्षित पाप-पुण्य कर्मों को छोड़ देता है, तब वह भगवान् विष्णु के ही समान संन्यासकृत् बन जाता है। इसीलिये लोकैषणा, वित्तैषणा तथा पुत्रैषणा, यह तीन प्रकार की एषणा मनुष्य को छोड़नी चाहिये।

शमः—५८१

"शमु उपशमे" दैवादिको धातुस्ततो घञ् प्रत्ययस्ततश्च उपधावृद्धिः प्राप्ता, सा **"नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्यानाचमेः"** (पा० ७।३।३४) सूत्रेण निषिध्यते। अत्र च **"अनाचमिकमिवमीनामिति वक्तव्यम्"** इति वार्तिकम्, तेन मान्तत्वेऽपि कामः वाम इति भवति। वक्ष्यति च **कामः=कामप्रद** इति अत्रैव संग्रहे।

तस्माच्च द्वितीयान्तात् शमशब्दात् **"तत्करोति तदाचष्टे"** (वा० ३।१।२६) इति करोति, आचष्टे वार्थे 'णिच्', **"णाविष्ठवत्प्रातिपदिकस्य"** इतीष्ठवद् भावस्तेन टिलोपे 'शमि' इति धातुस्ततः पचाद्यच् ततश्च णेर्लोपः, शम इति। शमः सूर्यः, यतो हि स तमोभवानि कार्याणि शमयति निशाचराणाम्। नरोऽपि मे तामसानि कर्माणि शान्तानि स्युरिति बुद्ध्या कर्म कुर्वाणस्तमेव शमाख्यं विष्णुं सूर्यं वान्वाराधयति। एवं सर्वत्रानुवृत्तः शमः स्वं लिङ्गं परितो व्याप्नोति।

भवति चात्रास्माकम्—

शमो विष्णुः शमः सूर्यः शमो मर्त्योऽपि तद्वशात्।
शमं पश्यन् शमं प्राप्तः शमः शान्तिं प्रपद्यते ॥१२८॥

शमः—५८१

दिवादिगण पठित उपशमार्थक "शमु" धातु से 'घञ्' प्रत्यय, घञ् प्रत्यय निमित्तक प्राप्त उपधा वृद्धि का **"नोदात्तोपदेश"** (पा० ७।३।३४) सूत्र से निषेध हो गया। शम शब्द से 'करता है' या 'कहता है' इस अर्थ में 'णिच्' प्रत्यय, उसके परे रहते 'इष्ठवद् भाव' होने से 'टि' का लोप हो गया, पुनः 'शमि' धातु से पचादि अच् तथा 'णि' का लोप होने से शम शब्द सिद्ध होता है। शमयति=जो शमन=शान्त=समाप्त करता है, उसका नाम शम है। यह सूर्य का नाम है, क्योंकि वह निशाचरों के जो तमोभव=अन्धकार में होने वाले कार्य हैं, उनको शान्त=समाप्त करता है। प्रत्येक ही मनुष्य भगवान् विष्णु की इसलिये आराधना करता है कि मेरे तामस=पाप कर्म शान्त हो जायें। यह सब सर्वत्रानुगत भगवान् विष्णु का परिचायक लक्षण है अर्थात् इससे यह प्रतीत होता है कि भगवान् अपने शम-रूप गुण द्वारा अपने कार्यभूत जगत् में सर्वत्र व्याप्त है।

भाष्यकार इस अर्थ को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करते हैं—

भगवान् विष्णु का नाम शम है, सूर्य का नाम भी शम है तथा भगवान् शम का अनुकरण करने से मनुष्य का नाम भी शम है। जो सर्वत्र और सब समय भगवान् को शम रूप से देखता है, वह स्वयं शम होकर शान्ति को प्राप्त होता है।

मन्त्रलिङ्गम्—

"आवः शमं वृषभं तुग्र्यासु।" ऋक् १।३३।१५॥

इन्द्रो यातोऽवसितस्य राजा शमस्य च शृङ्गिणो वज्रबाहुः।

सेदु राजा क्षयति चर्षणीनामरान्न नेमिः परि ता बभूव।"

ऋक् १।३२।१५॥

शान्तः—५८२

"शमु उपशमे" दैवादिको धातुस्ततः कर्तरि क्तः प्रत्ययः, "उदितो वा" (पा० ७।२।५६) सूत्रेण क्त्वि वैकल्पिक इड् विधीयतेऽतो निष्ठायां "यस्य विभाषा" (पा० ७।२।१५) इतीण्निषेधः। "अनुनासिकस्य क्विझलोः क्ङिति" (पा० ६।४।१५) सूत्रेण दीर्घः। अनुस्वारपरसवर्णौ। शान्तः=अविकृतमानसः, स्वस्थो वा। पश्यामश्च लोके निर्विकारः स्वस्मिन् स्थितः शान्तो भवति। निर्विकारञ्च ब्रह्म, तत्स्वशान्तिगुणेन सर्वं विश्वं व्याप्नोति। अतः स शान्त इत्युक्तो भवति भगवान् विष्णुः।

भवति चात्रास्माकम्—

शान्तो हि विष्णुः स विधत्त एतत् जगत् समस्तं निजशान्तभावे।

शान्तं स्मरन् शान्तमनास्तपस्वी हित्वा च काम्यान् तमुपैति शान्तम् ॥१३६॥

अथापि मन्त्रलिङ्गम्—

"शान्तो अग्निः क्रव्याच्छान्तः पुरुषरेषणः।

अथो यो विश्वदाव्यस्तं क्रव्यादमशीशमम्।" अथर्व ३।२१।६॥

इसमें "आवः शमं वृषभं तुग्र्यासुः" (ऋक् १।३३।३५) तथा "इन्द्रो यातोऽवसितस्य राजा शमस्य च" (ऋक् १।३२।१५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

शान्तः—५८२

उपशमार्थक दिवादिगण पठित 'शमु' धातु से कर्ता अर्थ में क्त प्रत्ययः "अनुनासिकस्य" (पा० ६।४।१५) सूत्र से दीर्घ और अनुस्वार परसवर्ण करने से शान्त शब्द बनता है। यहां क्त्वा में इट् का विकल्प होने से निष्ठा में इट् नहीं हुआ। शान्त नाम समाहित मन वाले का है अर्थात् जिसका मन कभी विकृत नहीं होता, उसका नाम शान्त होता है, वह अपने आप में शान्त होता है।

निर्विकार ब्रह्म अपने शान्ति-रूप गुण से सर्वत्र विश्व में व्याप्त हो रहा है, अतः वह शान्त कहा जाता है।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा इस अर्थ को इस प्रकार व्यक्त किया है—

भगवान् विष्णु का नाम शान्त है, क्योंकि वह इस समस्त विश्व को अपने शान्त भाव से युक्त बनाता है, जो तपस्वी शान्त मन होकर और काम्य कर्मों को छोड़कर भगवान् शान्त का स्मरण करता है, वह स्वयं शान्त बन जाता है।

इसमें "शान्तो अग्निः क्रव्याच्छान्तः" (अथर्व ३।२१।६) आदि मन्त्र प्रमाण हैं।

निष्ठा—५८३

निपूर्वकः "ष्ठा गतिनिवृत्तौ" धातुर्भौवादिकस्तस्य षस्य सकारः, षकाररूपनिमित्तापाये ठकारस्यापि थकारः। "आतश्चोपसर्गे" (पा० ३।३।१०६) सूत्रेण 'अकर्तरि च कारकेऽधिकारे' अधिकरणे 'अङ्' प्रत्ययः, आल्लोपः। स्त्रियां टाप्, "उपसर्गात् सुनोति" (पा० ८।३।६५) इत्यादिना सूत्रेण षत्वं, तद्योगात् ष्टुत्वञ्च निष्ठेति।

गतयो निवर्तन्ते यत्र सा निष्ठा, गतिनिरोधाश्रयो विष्णुरित्यर्थः। सर्वं हि स्वस्मिन् स्थितं निवृत्तगतिर्भवति। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यूथे नः निष्ठा वृषभो वि तिष्ठसे।" ऋक् ६।११०।६॥

भवतश्चात्रास्माकम्—

निष्ठा हि विष्णुर्गतिमच्च सर्वं तत्र स्थितं ब्रह्म न चै ति याति।
यथा तथा प्रस्तरनिष्ठजन्तुरश्मानमाकम्पयितुं न शक्तः॥१४०॥

निष्ठां हि यो वेत्त्यविकल्पतो[1] ना[2] न कम्पते नापि च याति मोहम्।
मनोविकाराः किमु वापि विघ्नास्तं निष्ठनिष्ठं न विचालयन्ति॥१४१॥

१—अविकल्पतो=निश्चयतो निःशंसयमित्यर्थः। २—ना=पुरुषः।

निष्ठा—५८३

निपूर्वक गति से निवृत्त होने अर्थ में भ्वादिगण पठित 'ष्ठा' धातु है। उसके आदि षकार को सकार तथा षकार के वियोग से ठकार को तकार, 'स्था' रूप से "अकर्तरि च०" के अधिकार में "अङ्" (पा० ३।३।१०६) प्रत्यय और स्त्रीत्व वाच्य में टाप् प्रत्यय, तथा पुनः सकार को षकार करने से निष्ठा शब्द की सिद्धि होती है। जिसका अर्थ होता है गति से निवृत्त होकर स्वरूप में स्थिति, क्योंकि स्वरूप में स्थित होने पर गति का निरोध होता है। ऐसे गतिनिरोध का जो आश्रय है वह भगवान् विष्णु है और वह ही निष्ठा है। इसमें "यू नः निष्ठा०" इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

निष्ठा नाम के अर्थ को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त करते हैं—

निष्ठा नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह अपने से अतिरिक्त जगत् में व्यापक रहता हुवा भी स्वयं गमन नहीं करता, किन्तु कूटस्थ रहता है। अथवा उस विष्णु में रहता हुआ भी यह गति वाला विश्व उसे गतिशील नहीं बना सकता। जैसे कि किसी पत्थर में रहता हुआ भी कीट, पत्थर को नहीं कंपा सकता अर्थात् उसे चलाने में समर्थ नहीं होता।

जो मनुष्य इस प्रकार से निष्ठा नाम भगवान् विष्णु को निश्चय से जानता है वह कभी भी हृष्ट या विचलित नहीं होता, उस निष्ठा में स्थित पुरुष को मन के विकार अथवा और किसी प्रकार के अन्तराय=विघ्न विचलित करने में समर्थ नहीं होते।

शान्तिः—५८४

"शमु उपशमे" दैवादिको धातुस्ततः 'अकर्तरि च कारके' इत्यधिकारे "स्त्रियां क्तिन्" (पा० ३।३।९४) सूत्रेण स्त्रीत्वविशिष्टे भावे क्तिन् प्रत्ययो-ऽथापि चाधिकरणे । 'शम्—ति' इत्यत्र "तितुत्रतथसिसुसरकसेषु च" (पा० ७।२।९) सूत्रेणेण्निषेधः। "अनुनासिकस्य क्विझलोः क्ङिति" (पा० ६।४।१५) इत्युपधादीर्घः। अनुस्वारपरसवर्णौ च, प्रातिपदिकसंज्ञा, सुप्, शान्तिः। एवञ्च शाम्यति यत्र सर्वमिति शान्तिः, शमनं वा। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म......।" यजुः ३६।१७॥

उपशमशब्दो हि स्वात्मधारकधारणरूपमर्थं ब्रवीति। यथा—अग्निं शमयति जलम्, अत्र अर्थादितदापद्यते यज्जलम् अग्निं स्वात्मनि लीनं कुरुते। अतो द्यौः शान्तिरित्यत्र—क्तिन् प्रत्ययस्य भावार्थकत्वादधिकरणार्थकत्वाद् वा, दिवः शमनं, दिवो वा शमनं यत्रेत्यर्थः। यद्वा तेजस्विनां सूर्यादीनां तेजांसि केनाधृतानि, क्व वोपशान्तानि भवन्ति, तत्र—**द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथिवी शान्तिरिति**', दिवा अन्तरिक्षेण पृथिव्या वा धृतानि भवन्ति, तेष्वेवोपशाम्यन्ति, अतो द्यौरन्तरिक्षं पृथिवी च शान्तिशब्देनोक्ता भवन्ति। सर्वमेतद् ब्रह्मणा धृतं ब्रह्मणि च शाम्यति, अतो **ब्रह्म शान्तिः**, शान्ते वा सर्वाधारभूते ब्रह्मणि सर्वमेतद्

शान्तिः—४८३

उपशमार्थक 'शमु' धातु से 'अकर्तरि च कारके' अधिकार में स्त्रीत्व विशिष्ट भाव अथवा अधिकरण अर्थ में क्तिन् प्रत्यय, इट् का निषेध तथा **"अनुनासिकस्य"** (पा० ६।४।१५) सूत्र से दीर्घ होने से शान्ति शब्द सिद्ध होता है। इस प्रकार जो स्वयं शान्त तथा जिसमें सब शान्त होता है, उसका नाम शान्ति है। इसमें प्रमाण—**"द्यौः शान्तिः"** इत्यादि यजुर्वेद (३६।१७) का मन्त्र है। उपशम शब्द का अपने आप में धारण करना अर्थ है—जैसे जल अग्नि को शान्त करता है, इसका अर्थ हुआ जल अग्नि को अपने में धारण करता है।

"द्यौः शान्तिः" यहां पर क्तिन् प्रत्यय भाव या अधिकरण अर्थ में होने से, इसका अर्थ दिव का शमन=शान्त होना अथवा दिव का शमन=शान्ति है जहां पर, ऐसा अर्थ होता है। अथवा सूर्यादि तेजस्वी पदार्थों का तेज किस पर आधारित है और कहां शान्त होता है, ऐसा प्रश्न होने पर इसका उत्तर यह है कि दिव, अन्तरिक्ष तथा पृथिवी पर आधारित है और इन ही में शान्त होता है, इसलिये द्यौ, अन्तरिक्ष तथा पृथिवी, शान्ति शब्द से कहे जाते हैं। यह सकल दृश्यमान विश्व ब्रह्म से धारण किया हुवा है तथा ब्रह्म में ही शान्त होता है, इसलिये ब्रह्म का नाम शान्ति है। अथवा यह सब दृश्य शान्त स्वरूप ब्रह्म से

शाम्यति, अतः शान्तिरेव शान्तिः, सर्वं वा एतद् धृतमुपशान्तं भवति परस्परं वा सापेक्षमतः सर्वं शान्तिरिति ।

एवं वेदे धारकाणां सुव्यक्ता व्याख्या विहिता इति वेदार्थस्य हृदयम् । सा शान्तिः=अत्यन्तसहनशीलता सदा सर्वत्र एधिषीष्टाऽनुक्षणमित्यन्ते—सा मा शान्तिरेधीति । एवं भगवतः शान्तिगुणकत्वात्तस्य शान्तिरूपो गुणः सर्वत्रानुस्यूतो व्यापनशीलत्वात्, शान्तिर्विष्णुः ।

शमु धातुप्रकृतिकशब्दप्रयोगो वेदे बहुत्र दृश्यते ।

भवति चात्रास्माकम्—

शान्तिर्हि सा यत्र धृतं हि किञ्चित् विष्णुर्हि शान्तिः सकलं दधाति ।
विष्णौ हिरण्यात्मनि सर्वमास्ते जीवोऽपि तं शान्तमुपैति शान्तः ॥१४२॥

परायणम्—५८५

परायणमिति—परशब्दः प्राक् साधितः । अयनशब्दः "इण् गतौ" इत्यादादिकाद्धातोः, "अय गतौ" इति भौवादिकाद् वा धातोर्ल्युट् प्रत्ययः करणे,

---

धारण किया हुआ है और उसी ही में शान्त होता है. इसलिये शान्ति का नाम शान्ति है। अथवा यह दृश्य जगत् परस्पर=आपस में, एक-एक में आधारित तथा एक-एक से शान्त होता है, इसलिये सब ही शान्ति रूप है।

इस प्रकार वेद में धारण शक्ति विशिष्ट पदार्थों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, यह ही वेदार्थ का हृदय=रहस्य है। वह शान्ति=अत्यन्त सहनशीलता क्षण-क्षण में सदा बढ़ती रहे, यह अन्त में कामना की गई है।

इस प्रकार से भगवान् का व्यापनशील शान्ति रूप गुण सब जगत् में व्याप्त है तथा व्यापक होने से भगवान् विष्णु ही शान्ति है। शमु धातु से निष्पन्न शम शब्द का प्रयोग वेद में प्रायः करके मिलता है।

भाष्यकार ने इस अर्थ का स्पष्टीकरण पद्य द्वारा इस प्रकार किया है—

शान्ति नाम उसका है, जिसमें यह सब दृश्य स्थित है। अथवा जो कुछ भी धारण करता है, धारकत्व शक्ति विशिष्ट है, वह सब शान्ति है। भगवान् विष्णु जो कि हिरण्यात्मा है, उसमें यह सब कुछ स्थित है। इसलिये उसका नाम शान्ति है। जीवात्मा भी शान्त-स्वरूप भगवान् को प्राप्त करके शान्ति बन जाता है।

परायणम्—५८५

'पर' शब्द की सिद्धि पहले की जा चुकी है। 'अयन' शब्द गत्यर्थक अदादिगण पठित 'इण्' धातु से अथवा भ्वादिगण पठित गत्यर्थक 'अय' धातु से करण अर्थ में ल्युट् प्रत्यय, यु को अनादेश, गुण, अयादेश तथा कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा और सु विभक्ति

योरनादेशः, गुणायादेशौ चेति—अयनं सुबन्तपदम्। परञ्च तदयनमिति परायणम्, इति सांहितिको दीर्घः। "पूर्वपदात् संज्ञायामगः" (पा० ८।४।३) इति णत्वं, ल्युडन्तं नपुंसकम्। वस्तुतस्तु लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्येति महाभाष्यम् (२।१।३६ इत्यादिषु बहुत्र)।

मृत्योरतिक्रमणाय परमपुरुषज्ञानं विना नान्यः पन्था विद्यते इति स विष्णुस्तद् ब्रह्म वा परायणमुक्तं भवति। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तपसः परस्तात्।
तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय।
यजुः ३१।१८॥

लोकेऽपि च पश्यामः—यो मनुष्यः प्रकृतेः=विश्वस्य यावत्तत्त्वं वेत्ति तावदेव स क्लिष्टेऽपि कर्मणि सुखमनुभवति। यथा—दूरभाषयन्त्रं (रेडियो) विद्युत् साहाय्येन आकाशगुणं शब्दं दूरं नयति, स च शब्दस्ताम्रादिधातुविकारभूतं तारं विनापि यन्त्रसाहाय्येन समीपस्थ इव श्रूयते, श्राव्यते च। तत्र यन्त्राविष्कर्ता तत्त्वविद् भवति। एवं गन्धोऽपि सर्वत्र व्याप्तोऽस्ति पार्थिवेषु, किन्तु यो गन्धादानकुशलो गन्धादानतत्त्वं वेत्ति स स्वासनस्थ एव सूर्यकिरणैः सर्वविधान् गन्धानादत्ते। मया प्रत्यक्षं दृष्टमेतत्, काश्यां स्वाध्यायकाले एकाशीत्युत्तरे

आकर नपुंसक लिङ्ग में 'परायणम्' शब्द सिद्ध होता है। ल्युडन्त का प्रयोग प्रायः नपुंसक में होता है। वस्तुतस्तु महाभाष्यकार के मतानुसार लिङ्ग लोकसिद्ध है, शास्त्रसिद्ध नहीं।

जीव का मृत्यु से छुटकारा पाने के लिये भगवज्ज्ञान ही परमाश्रय है। उससे अतिरिक्त और कोई ऐसा मार्ग नहीं, जिसको आश्रय बनाकर जीव इस मृत्यु रूप जगत् के बन्धन से छूट जाये। इसी अभिप्राय से विष्णु का नाम परायण है। इस अर्थ की पुष्टि यह "वेदाहमेतं पुरुषम्" इत्यादि (यजुः ३१।१८) मन्त्र करता है।

लोक में भी ऐसा देखने में आता है, जिस मनुष्य को प्रकृति=संसार का जितना ज्ञान होता है, वह मनुष्य क्लेश युक्त कर्म में भी उतना ही सुख का अनुभव करता है। जैसे—आकाश के गुण भूत शब्द को विद्युत् की सहायता से दूरभाष यन्त्र=रेडियो बहुत दूर तक ले जाता है और ताम्र, लौह आदि धातु के तारों के विना भी यन्त्र के प्रभाव से वह शब्द मानों समीप में ही हो, इस प्रकार से सुना या सुनाया जाता है। यहां यन्त्र का आविष्कार करने वाला ही तत्त्वविद् माना जाता है। इसी प्रकार गन्ध भी पार्थिव पदार्थों में सर्वत्र व्याप्त है, किन्तु जो गन्ध-ग्रहण विज्ञान को अच्छे प्रकार जानता है वह अपने आसन पर बैठा हुआ ही सूर्य की किरणों द्वारा सब प्रकार की गन्ध ले लेता है।

मैंने यह अपने आंखों से प्रत्यक्ष देखा है। जब मैं संवत् १९८१ में काशी जी में पढ़ता था, उस समय एक बङ्गाली जिसने इस विषय का ४० वर्ष तक अभ्यास किया हुवा था, वह भिन्न-भिन्न गन्धवाली सूर्य की किरणों को पहिचानता था और उससे रूई में गन्ध

एकोनविंशतितमे वैक्रमाब्दे गन्धादानं कुर्वाणः कश्चिद्वङ्गदेशीयः। स च चत्वारिंशद् वर्षाणि यावत् कृताभ्यासः त्रिविधं सगन्धं तूलं पृथक्-पृथक्—आदत्ते स्म, स हि गन्धात्मकं सूर्यरश्मि परिचिनोति स्म। तत्रासन् बहवो दिदृक्षवः तद्विधंगन्धमादित्सवश्च। स काचादाग्नेयकाचे=सूर्यकान्तमणौ, पुनः पराच्चाग्नेयकाचान्निःसृतं किरणं तूले क्षिपति स्म, तत्तूलं शुष्कं सत् सगन्धं दिव्यगन्धं वा भवति स्म। दिनानां त्रयञ्च तद् गन्धं तस्मिन् तूले स्थितमिति। निदर्शनमात्रमुक्तम्।

भवति चात्रास्माकम्—

परायणे ब्रह्मणि सर्वमोतं यो वेत्ति तद् विश्वभवञ्च वा यत्।
स एव दुःखान्यतिमुच्य शेते परायणेऽशेष सुखालये वा ॥१४३॥

शुभाङ्गः—५८६

"शुभ शोभार्थे" तौदादिको धातुस्तत इगुपधलक्षणः (पा० ३।१।१३५) कः प्रत्ययो गुणाभावः। शुभति शोभां प्राप्नोतीति शुभः। अङ्गः—अङ्गतिर्गतिकर्मा, तस्मात्पचाद्यच्। अङ्गति=गच्छति=व्याप्नोतीत्यङ्गः। शुभश्चासावङ्गः शुभाङ्गः। प्रकाशको व्यापकश्चेत्यर्थः।

ले लेता था। तीन प्रकार की गन्धवाली रूई मैंने स्वयं उससे ली थी। वहां पर देखने वाले तथा उस गन्ध को लेने की इच्छा वाले बहुत से मनुष्य एकत्र हो जाते थे। वह सूर्य की किरणों का एक आग्नेय सीसे (आतसी शीशे) में ग्रहण करता था तथा उस काच से फिर दूसरे आग्नेय काच में, फिर उस काच से निकली हुई किरण को रूई में गेरता था, जिससे शुष्क उस रूई में गन्ध अथवा एक प्रकार की दिव्य गन्ध उत्पन्न होती थी और वह गन्ध उस रूई में तीन दिन तक रहती थी। यह अनुभव मैंने स्वयं किया है। यह केवल उदाहरण मात्र दिखाया है।

भाष्यकार अपने विवक्षित अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करते हैं—

यह सकल विश्व अथवा विश्व में होने वाले सकल पदार्थ उस सब के परम आश्रय भूत ब्रह्म में ही सूत्र में पुष्पों के समान ओत-प्रोत हैं। ऐसा जो मनुष्य जानता है वह सब दुःखों को अतिक्रमण करके उसी सुखधाम भगवान् परायण में स्थित होता है।

शुभाङ्गः—५८६

शोभार्थक तुदादिगण पठित "शुभ" धातु से कर्ता अर्थ में कृत् 'क' प्रत्यय होता है। कित् होने से गुण नहीं होता। जो शोभा को प्राप्त करता है उसका नाम शुभ है। अङ्ग शब्द गत्यर्थक भ्वादिगण पठित 'अगि' धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से बनता है। जो जाता है=व्यापन करता है, उसका नाम अङ्ग है। शुभ और अङ्ग शब्द का कर्मधारय समास होने शुभाङ्ग शब्द बनता है, जिसका अर्थ है, जिसमें प्रकाशकत्व और व्यापकत्वरूप धर्म हैं, ऐसा कथन मात्र में धर्मी, वस्तुतस्तु निर्धर्मक है।

यस्य च गतिसाधनानि, अङ्गानि च शुभानि स पुरुषोऽपि शुभाङ्ग उच्यते, स्त्री शुभाङ्गी, यन्त्रादिकं नपुंसकं शुभाङ्गमित्यादि। सूर्योऽपि शुभाङ्गः, स निरन्तरगतिशीलो दीप्तियुक्तश्च।

मन्त्रलिङ्गम्—

"आ द्योतनिं वहति शुभ्रयामा।" ऋक् ३।५८।१॥

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुः शुभाङ्गः कुरुते शुभाङ्गं सूर्यं जगच्चापि तथैव शक्तम्।
शुभाङ्गता [1]सर्वशरीरजा या सा द्योतिका तस्य शुभस्य दातुः॥१४४॥

१—सर्वशरीर जा=सर्वेषां जगदन्तर्वर्तिनां प्राणिनां यावद्धि पशुपक्षिणां तथा जडपदार्थानामपि शरीरेषु अङ्गसौन्दर्यं शुभाङ्गत्वं दृश्यते, तत्तमेव शुभाङ्गं सर्वदाऽऽख्याति।

शान्तिदः—५८७

शान्तिशब्दो भावक्तिन्नन्तो व्युत्पादितः। शान्तिरूपकर्मोपपदाद् दाधातोः **"अतोऽनुपसर्गे कः"** (पा० ३।२।३) सूत्रेण कर्तरि कः प्रत्ययः, तस्मिंश्चाल्लोपः। शान्तिं द्यौरादिलक्षणां ददातीति शान्तिदः। अयं विषयः शान्तिनाम-व्याख्याने (सं० ५८४ पृष्ठ १४४) सविस्तरं व्याख्यातः।

उस मनुष्य का नाम भी शुभाङ्ग है, जिसके गति के साधन अङ्ग शुभ हैं, स्त्री शुभाङ्गी एवं यन्त्रादि नपुंसकलिङ्ग शुभाङ्ग कहाते हैं। सूर्य का नाम भी शुभाङ्ग है, क्योंकि वह निरन्तर गतिशील तथा दीप्तियुक्त है। इसमें **"आ द्योतनिं वहति शुभ्रायामा"** (ऋक् ३।५८।१) मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार ने इस अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

सर्वेश्वर भगवान् विष्णु का नाम शुभाङ्ग है और वह सूर्य तथा इस समस्त जगत् को अपने समान ही शुभाङ्ग तथा इस समर्थ बनाता है। जगत् के समस्त शरीरों में जो शुभाङ्गता देखने में आती है वह उस शुभ को देने वाले भगवान् विष्णु का ही लक्षण है, अर्थात् उसे ही सर्वत्र प्रकट करती है।

शान्तिदः—५८७

शान्ति शब्द की सिद्धि भाव में या अधिकरण अर्थ में 'क्तिन्' प्रत्यय करने से की गई है। शान्ति रूप कर्म के उपपद रहते हुये दानार्थक 'दा' धातु से कर्ता अर्थ में 'क' प्रत्यय तथा आकार का लोप होने से शान्तिद शब्द सिद्ध होता है।

द्यौ, अन्तरिक्ष तथा पृथिवी आदि रूप शान्ति को देने वाले का नाम शान्तिद है। शान्ति नाम के व्याख्यान (संख्या ५८४) में सविस्तार वर्णन किया जा चुका है।

भवति चात्रास्माकम्—
स शान्तिदो [1]विष्णुरमर्त्यकर्मा विश्वस्य वासाय ददाति शान्तिम् ।
एवं हि यो वेत्ति [2]जगच्छयानं विष्णुं स देहेऽपि ततं [3]रहस्यम् ।।१४५।।

१—अमर्त्यकर्मा=सततकर्मा ।
२—जगच्छयानं=जगति वर्तमानम् ।
३—रहस्यं=साधारण्येन ज्ञातुमशक्ये गुप्ते धाम्नि वर्तमानो=निगूढस्तमित्यर्थः ।

स्रष्टा-५८८

"सृज विसर्गे" तौदादिको धातुरनिट्, तस्मात्तृच् प्रत्ययः कर्तरि, "सृजि-दृशोर्झल्यमकिति" (पा० ६।१।५८) सूत्रेण झलादावकिति प्रत्ययेऽमागमो मित्त्वादन्त्यादचः परः । धातुस्थस्य ऋकारस्य यण्=रेफः, "व्रश्चभ्रस्जसृज" (पा० ८।२।३६) इत्यादिसूत्रेण षत्वं, ष्टुत्वम्, अनङादिकार्यं च । एवं निष्पन्नः स्रष्टा शब्दः ।

भगवान् विष्णुर्हि प्रलयकाले स्वात्मनि समावेशितं सर्वमिदं सृजति=आविर्भावयति, तस्मात् स्रष्टोच्यते । माताऽपि स्रष्ट्री उच्यते, यतो हि साऽप्यन्तरात्मगृहीतं गर्भं विसृजति बहिरिति कृत्वा । मन्त्रलिङ्गञ्च—

इस नाम के भाव को भाष्यकार ने इस प्रकार प्रकट किया है—

भगवान् विष्णु का नाम शान्तिद है, क्योंकि वह सतत कर्म करता हुआ विश्व की स्थिति के लिये शान्ति=पृथिवी आदि रूप शान्ति प्रदान करता है । इस प्रकार जगत् में व्यापक रूप से वर्तमान तथा शरीर में हृदय रूप गुहा में रहस्य=निगूढ अथवा छिपे हुये विष्णु को जो मनुष्य जान लेता है वह शान्ति को प्राप्त करके दूसरों के लिये शान्तिद बन जाता है ।

स्रष्टा—५८८

'सृज' यह तुदादिगण पठित अनिट् धातु है, विसर्ग इसका अर्थ है । निर्माण करना अथवा अन्तः स्थित वस्तु को बाहर प्रकट करना, विपूर्वक सृज धातु का अर्थ होता है । इससे कर्ता अर्थ में तृच् प्रत्यय अमागम यण्, "व्रश्चभ्रस्ज" (पा० ८।२।३६) सूत्र से षत्व, ष्टुत्व, प्रातिपदिक संज्ञा तथा सु विभक्ति और अनङादि कार्य करने से स्रष्टा शब्द सिद्ध होता है ।

भगवान् विष्णु प्रलय काल में अपने में समाविष्ट=लीन किये हुवे इस जगत् को सृष्टि काल में पुनः प्रकट करता है इसलिये उसका नाम स्रष्टा है । माता का नाम स्रष्ट्री है, क्योंकि वह भी अपने उदर में स्थित गर्भ को बाहर प्रकट करती है ।

"सृजामि सौम्यं मधुः।" ऋक् १।१६।६॥

बहुत्र वेदे सृजिधातुजाः प्रयोगा उपलभ्यन्ते। निदर्शनमात्रमस्माकमभिमतम्।

भवति चात्रास्माकम्—

स एव स्रष्टा कथितोऽत्र विष्णुस्तस्माद्ध जज्ञे यदिहास्ति दृश्यम्।
स्रष्टारमीशं कवयः स्तुवन्ति स्वयं मनुष्यः सृजतीह सृज्यम्॥१४६॥

कुमुदः—५८६

"कै शब्दे" भौवादिको धातुस्ततः "आदेच उपदेशेऽशिति" (पा० ६।१।४५) इत्यात्त्वं, बाहुलकात् "कुभ्रंश्च" (१।२२) इत्यौणादिकः कुः प्रत्ययो भवति। यद्वा प्रत्ययस्य प्राङ्निर्देशाद् अन्यतोऽपि भवतीति ज्ञाप्यते। तदुक्तम्—प्राक्प्रत्ययनिर्देशः शरण्डादीनां प्रसिद्ध्यर्थः। (दशपादीवृत्ति ५।६)। तस्मिन् आलोपः, कुरिति।

मुदः—"मुद हर्षे" भौवादिको धातुस्ततः कर्तरि "इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः" (पा० ३।१।१३५) इति कः प्रत्ययो गुणाभावश्च कुमुदः। कायति मोदते चेति कुमुदः।

लोकेऽपि दृश्यते प्राणी स्वमोदं व्यङ्क्तुं हर्षध्वनिं कुरुते गायति वा। यैषावस्था मनुष्यस्य तया स मनुष्यस्तथाभूतः सन् तं सर्वत्र व्याप्तं कुमुदमेवान्वाख्याति।

इसमें यह "सृजामि सौम्यं मधु" (ऋक् १।१६।६) मन्त्र प्रमाण है। सृज धातु सिद्ध शब्दों का वेद में बहुत प्रकार से प्रयोग आता है। हमारा अभिप्राय यहां केवल उदाहरण मात्र दिखाने का है।

भाष्यकार का विवक्षितार्थ इस पद्य से प्रकट किया जाता है—

भगवान् विष्णु का नाम स्रष्टा है, क्योंकि जो कुछ दृश्य वर्ग यहां दीख रहा है वह सब उसी से प्रकट होता है, इसीलिये विद्वान् पुरुष भगवान् की स्रष्टा नाम से स्तुति करते हैं। मनुष्य का नाम भी स्रष्टा है, क्योंकि वह भी सन्तान की सृष्टि करता है।

कुमुदः—५८६

भ्वादिगण पठित शब्दार्थक 'कै' धातु से उणादि प्रत्यय बाहुलक से आत्व तथा आकार का लोप करने से 'कु' शब्द बनता है।

मुद—हर्षार्थक, भ्वादिगण पठित "मुद" धातु से कर्ता में कृत् 'क' प्रत्यय करने से मुद शब्द सिद्ध होता है। कु और मुद शब्द का कर्मधारय समास करने से कुमुद शब्द बन जाता है, जिसका अर्थ होता है, जो शब्द करता हुआ हर्ष को प्राप्त होता है उसका नाम है कुमुद।

लोक में भी मनुष्य जो हर्षध्वनि अथवा गान करता हुआ आनन्दित होता है, यह सर्वत्र जगत् में व्याप्त भगवान् कुमुद नाम विष्णु का ही अनुकरण है।

भवति चात्रास्माकम्—

यो मोदते कार्यति तत्र किञ्चित् युक्तं भवेत्तूक्तमथाप्ययुक्तम् ।
वाचं मुदं चापि स एव नृभ्यो ददन्मुदं तिष्ठति वीतरागः ॥१४७॥

वेदे स वाचस्पतिरुक्तः । तथा हि—

"वाचस्पतिं विश्वकर्माणमूतये ।" ऋक् १०।८१।७ ॥

"आनन्दा मोदाः प्रमुदोभीमोदमुदश्च ये ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रिताः ॥" अथर्व ११।७।२६ ॥

कुवलेशयः—५६०

कुशब्दो व्युत्पादितः कायतेरुणादिकुप्रत्यये । वलशब्दो "वल संवरणे सञ्चरणे च" इति भौवादिकधातोः पचाद्यचि सिध्यति । संवृणुते सञ्चरति वा वलः ।

ईश शब्दोऽपि "ईश ऐश्वर्ये" इत्यादादिकधातोरिगुपधलक्षणे (द्र० पा० ३।१।१३५) कप्रत्यये सिद्धः, ईष्ट इतीशः ।

एवञ्च कायन्ति, शब्दायन्ते, गायन्ति वेति कवः । वलन्ति संवृण्वते, सञ्चरन्ति वेति वलाः । ईशते कल्पन्ते प्रभवन्ति इतीशाः शक्तिशालिनः । एतांश्च सर्वान् याति=प्राप्नोति सर्वगतत्वेनेति कुवलेशयः । कवश्च वलाश्च ईशा-

---

इस नाम के भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करते हैं ।

लोक का नियम ही ऐसा है जब किसी को मोद या आनन्द प्राप्त होता है, तब वह युक्त या अयुक्त कुछ भी हो, अपने मुख से हर्षजन्य शब्द का उच्चारण करता है अथवा गाता है । इस प्रकार की वाक् तथा मोद मनुष्यों के लिये देता हुआ भी भगवान् स्वयं वीतराग=निर्विकार रूप से स्थित रहता है तथा कुमुद नाम से स्तुत होता है ।

कुवलेशयः—५६०

कु शब्द "कै शब्दे" धातु से उणादि कु प्रत्यय करके सिद्ध किया गया है । वल शब्द, संवरणार्थक या सञ्चरणार्थक धातु "वल" से पचादि अच् प्रत्यय करने से बनता है । ईश शब्द ऐश्वर्यार्थिक अदादिगण पठित "ईश" धातु से कर्ता अर्थ में इगुपधलक्षण 'क' प्रत्यय करने से सिद्ध होता है । इस प्रकार से कु—वल—ईश शब्दों का द्वन्द्व समास होने से कुवलेश शब्द बन जाता है और इस कुवलेश शब्द के उपपद रहते हुये "या प्रापणे" धातु से कर्ता में 'क' प्रत्यय तथा आकार का लोप करने से 'कुवलेशय' शब्द बन जाता है जिसका अर्थ 'शब्द करने वाले या गाने वाले, आच्छादन करने वाले या चलाने वाले, तथा शक्तिशाली समर्थों को जो प्राप्त करे' यह होता है ।

अथवा कुवल नाम है पृथिवी पर चलने वाले सांसारिक पदार्थों का । उनको जो शासन करें वे हैं कुवलेश ब्रह्मा विष्णु तथा महेश और दूसरे राजा । उन सब को अपनी

श्चेति कुवलेशा द्वन्द्वः। कुवलेशकर्मोपपदाद् "या प्रापणे" धातोः "अतोऽनुपसर्गे कः" (पा० ३।२।३) सूत्रेण कप्रत्यये आतो लोपे च कुवलेशय इति निष्पन्नः।

यद्वा, कौ पृथिव्यां वलन्ति सञ्चरन्तीति कुवलाः सञ्चरणशीला जागताः पदार्थास्तेषामीशते, शासितुं समर्था भवन्तीति कुवलेशा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः, पार्थिवा वा। तान् याति=ईशनशक्तिदातृत्वेन प्राप्नोतीति कुवलेशयः। तेभ्यः स्वशक्तिं प्रदाय जगच्चक्रं प्रवर्तयतीत्यर्थः।

यद्वा, कुं=पृथिवीं वलति स्वतेजसा संवृणोतीति कुवलः सूर्यः, तत्र सौरमण्डले शेत इति कुवलेशयः, सर्वजगदन्तर्यामी भगवान् विष्णुः। कुवलाधिकरणपूर्वकात् "शीङ् स्वप्ने" धातोः "अधिकरणे शेते" (पा० ३।२।१५) इत्यचि "शयवासवासिष्वकालात्" (पा० ६।३।१८) सूत्रेण सप्तम्याः पाक्षिकोऽलुक्, कुवलेशयः, कुवलशय इति वा। जीवात्माऽपि स्वचितिशक्त्या शरीरं संवृणोति=आच्छादयति--अतः सोऽपि कुवलेशयः।

लोकेऽपि पश्यामः—मनुष्यः शब्दायते, पशुः शब्दायते, पक्षिणः शब्दायन्ते तथा मनुष्यादयो यथायोनि यथाबलं वा कर्तुमर्हं स्वकर्म व्याप्नुवन्ति, ते च सर्वे स्वायत्तकर्मणामीशा इति। शब्दनसंवरणेशनरूपेण गुणेन सर्वत्र व्याप्तः भगवान् स्वगुणार्पणेन तान् अपि स्वदृशान् कुवलेशयान् विधत्त इति सर्वे जागतपदार्थाः कुवलेशय शब्दवाच्याः भवन्ति। सर्वशक्तिमन्तञ्च भगवन्तञ्जीव एवं प्रार्थयते—

"भग एवं भगवाँ अस्तु।" यजुः ३४।३८॥

शक्ति के दान से जो प्राप्त करे उसका नाम है कुवलेशय अर्थात् ब्रह्मा विष्णु महेश तथा अन्य पृथिवी के शासकों को अपनी शक्ति देकर जो इस जगत् रूप चक्र को चला रहा है।

अथवा, कुवल नाम सूर्य का है, क्योंकि वह अपने तेज से पृथिवी को आच्छादित करता है, उस सौर मण्डल में स्थित सर्व जगदन्तर्यामी भगवान् विष्णु का नाम कुवलेशय है। कुवल शब्द रूप अधिकरण उपपद रहते हुये शीङ् धातु से 'अच्' तथा सप्तमी का अलुक होने से कुवलेशय सिद्ध होता है। सप्तमी का अलुक् विकल्प से होता है, इसलिये पक्ष में 'कुवलशय' ऐसा भी शब्द बनेगा। जीवात्मा का नाम भी कुवलेशय है, क्योंकि वह अपने चितिशक्ति के द्वारा शरीर का आच्छादन=संवरण करता है।

लोक में मनुष्य शब्द करता है, पशु शब्द करता है, पक्षी शब्द करते हैं तथा ये सब अपनी शक्ति के अनुसार और योनि के अनुसार कर्मों का संवरण=व्यापन करते हैं और सब अपने अधिकृत कर्मों के ईश=स्वामी होते हैं, इस प्रकार से भगवान् अपने शब्दन, संवरण तथा ईशन रूप गुणों की व्याप्ति से सब जगत् के पदार्थों को अपने समान ही बनाता है। इसलिये वे सब कुवलेशय शब्द के वाच्य होते हैं। यह जीव सर्वशक्तिमान् भगवान् की **"भग एव भगवाँ अस्तु"** इस (यजुः ३२।३८) वचन के अनुसार प्रार्थना करता है। इस प्रकार से कुवलेशय शब्द में बहुत अर्थों का सङ्ग्रह है सो जान लेना चाहिये।

एवं कुवलेशयशब्दे महान् अर्थः सङ्गृहीतोऽस्ति । मन्त्रलिङ्गञ्च पृथक्-पृथक् —

कुः—"वाचस्पतिं विश्वकर्माणमूतये ।" ऋक् १०।८१।७ ॥

वलः—"येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा ।" यजुः ३२।६ ॥

ईशः—"य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः ।" ऋक् १०।१२१।३ ॥

"स क्षियति विश्वस्येशानः ।" अथर्व ११।७।१६ ॥

यः—"तद् दूरे तद्वन्तिके तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ।
यजुः ४०।५ ॥

"राद्धिः प्राप्तिः समाप्तिर्मह······हिता ।" अथर्व ११।७।२२ ॥

भवतश्चात्रास्माकम् —

स [1]कातृवर्गं वचसानुयाति स संवृणोत्येव च भूमिमुग्राम् ।
ईष्टे स ईशान इदं समस्तं प्राप्तिः समाप्तिश्च हितास्ति यस्मिन् ॥१४८॥

एवं हि यो वेत्ति विचित्रवीर्यं विचित्ररूपेण वितत्य विश्वे ।
विराजमानं च सखायमेकं स वेद विष्णुं कुवलेशयं तम् ॥१४९॥

१—कातृवर्गः—शब्दक-वर्गः=गायक-वर्गो वा ।

इन सब व्यस्त शब्दों के पृथक्-पृथक् मन्त्र प्रमाण इस प्रकार हैं—

कु—"वाचस्पतिं विश्वकर्माणमूतये" १०।८१।७ ॥

वल—"येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा ।" यजुः ३२।२ ॥

ईशः—"य ईशे अस्य द्विपश्चतुष्पदः ।" ऋक् १०।१२१।३ ॥

स—"क्षियति विश्वास्येशानः ।" अथर्व ११।७।१६ ॥

यः—"तद् दूरे तद्वन्तिके ।" इत्यादि यजुः ४०।५ ॥ तथा

"राद्धिः प्राप्तिः समाप्तिर्मह······हिता ।" अथर्व ११।७।२२ ॥

भाष्यकार का पद्यों द्वारा स्पष्टीकरण—

भगवान् विष्णु का नाम कुवलेशय है, क्योंकि समस्त प्राणिवर्ग का वाणी से सम्बन्ध करना पृथिवी का संवरण या स्तम्भन करना तथा समस्त विश्व का शासन करना, यह सब भगवान् का कार्य है तथा उस ही में सब की प्राप्ति और समाप्ति स्थित है ।

उस विलक्षण अनन्तशक्ति, विश्व का विस्तार करके, विश्व में मित्र के समान विराजमान एक रूप भगवान् विष्णु को जो इस पूर्वोक्त रूप से जानता है, वह ही कुवलेशय नाम की अर्थवत्ता को जानता है ।

गोहितः—५६१

गो शब्दो "गम्लृ गतौ" इति भौवादिकाद्धातो "गमेर्डो" (२।६७) इत्युणादिडप्रत्यये टिलोपेन सिद्ध्यति।

हितशब्दश्च दधातेः कर्मणि निष्ठायां हिनोतेर्वा कर्तरि निष्ठायां सिध्यति। गोशब्देन सर्वे प्राणिनो जङ्गमं जगदेव वा सर्वं गृह्यत इत्युक्तं प्राक् सविस्तरम्। एवञ्च सर्वं गोरूपं प्राणिवर्गं जगद् वा धृतं येनेति, अथवा सर्वं गोरूपं प्राणिवर्गं जगद् वा हितो=गतो=व्यापकत्वेन प्राप्त इत्यर्थः। यद्वा गवां गमनशीलानां, हित इत्यन्तर्भावितण्यर्थो गमयितेत्यर्थः। मन्त्रलिङ्गम्—

"तदेजात तन्नैजति तद् दूरे तद्वन्तिके।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।" यजुः ४०।५॥

लोकेऽपि च पश्यामः—मनुष्यो हि स्वाभीष्टाप्तये वाष्पं, तैलं वा अग्नि-साहाय्येन वाष्पीकृतं, विद्युतं वा यन्त्रेषु निदधाति तेन तया वा यन्त्रं चालयतीत्यर्थः। गतिमतां गतेः प्रदातेत्यर्थः।

भवति चात्रास्माकम्—

स गोहितो विष्णुरिदं समस्तं गत्या नियुञ्जन् भ्रमणेन युङ्क्ते।
शिल्पी यथा यन्त्रकलाप्रवीणः शक्ति नियुङ्क्ते गमनाय तद्वत्॥१५०॥

गोहितः—५६१

भ्वादिगण पठित गमनार्थक "गम्लृ" धातु से उणादि 'डो' प्रत्यय तथा टि का लोप करने से गो शब्द सिद्ध होता है। हित शब्द धारणपोषणार्थक 'धा' धातु से अथवा गत्यर्थक 'हि' धातु से कर्म में या कर्ता में निष्ठा 'क्त' प्रत्यय होने से सिद्ध होता है। हमने यह पहले सविस्तर व्याख्यान किया है कि गो शब्द से जङ्गम प्राणी अथवा सकल जगत् का ही ग्रहण होता है। इस प्रकार से गोहित शब्द का गो रूप प्राणिवर्ग अथवा सकल जगत् जिसने धारण किया हुआ है, अथवा गोरूप प्राणीवर्ग वा जगत् में जो व्यापक रूप से गया हुआ है, इसका नाम गोहित है, यह अर्थ होता है अथवा गो=गमनशील तथा हित यह अन्तर्भावित ण्यर्थ है, इससे गति वालों को गति देने वाला, चलाने वाला यह अर्थ होता है। इसमें "तदेजति तन्नैजति" इत्यादि (यजुः ४०।५) वचन प्रमाण है। लोक में भी मनुष्य अपने मनोरथ की सिद्धि के लिये यन्त्र में वाष्प या तैल की अग्नि द्वारा की हुई वाष्प (भांफ) अथवा बिजली का सम्बन्ध करके उसे चलाता है, अर्थात् उसे गति देता है।

भाष्यकार पद्य द्वारा अपने विवक्षित अर्थ को यों व्यक्त करते हैं—

भगवान् विष्णु का नाम गोहित है, क्योंकि वह इस समस्त विश्व को गति देकर इसे घुमा रहा है। जैसे यन्त्र कला में चतुर शिल्पी=मिस्त्री—अपनी वाष्पी शक्ति से यन्त्र को गति देकर चलाता है।

गोपतिः—५९२

गोशब्दः पतिशब्दश्च द्वावपि प्राग् बहुवारं साधितौ। गोर्गतिमतो जगतः प्राणिवर्गस्य वा पती रक्षकः=पाता गोपतिः। लोके चापि पश्यामः—यथा गच्छति रथे स्थितः सारथिस्तं पाति, तथा भगवानपि सर्वमिदं चराचरं विश्वं जीवात्मनानुप्रविष्टो गोपतिरुच्यते।

मन्त्रलिङ्गम्—

"या आपो याश्च देवता या विराड् ब्रह्मणा सह।
शरीरं ब्रह्म प्राविशत् शरीरेऽधि प्रजापतिः।" अथर्व ११।८।३० ॥

"तस्माद्वै विद्वान् पुरुषमिदं ब्रह्मेति मन्यते।
सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते।" अथर्व ११।८।३२ ॥

भवतश्चात्रास्माकम्—

सर्वं प्रवाहेण हि नित्यमेतत् पुनश्च तद् व्यासकृतावधानः।
गतिञ्च गम्ये प्रहिणोति यो वै स गोहितो विष्णुरिहास्ति गीतः ॥१५१॥

रथी यथा तत्र विराजमानः चलत्सु वा वाजिषु 'हिं' करोति।
तान् सर्वतः पाति रथञ्च तद्वत् स गोपतिर्विष्णुरिहास्ति बोध्यः ॥१५२॥

गोपतिः—५९२

गो और पति इन दोनों शब्दों की सिद्धि की जा चुकी है। गो नाम जङ्गम प्राणी-वर्ग अथवा सकल जगत् का है, उसका जो पति रक्षक है वह गोपति वाच्य विष्णु है।

लोक में भी जैसे चलते हुये रथ में बैठा हुआ सारथि उसकी सब प्रकार से रक्षा करता है, उसी प्रकार भगवान् विष्णु भी जीवरूप से इस चराचर विश्व में प्रवेश करके इसकी रक्षा करता हुआ गोपति नाम से कहा जाता है। इसमें "या आपो याश्च देवता" इत्यादि (अथर्व ११।८।३०) तथा "तस्माद् वै विद्वान्……सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते" (अथर्व ११।८।३२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार ने पूर्वोक्त अर्थ को पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

भगवान् विष्णु का नाम गोपति इसलिये है, क्योंकि वह प्रवाहरूप से नित्य वर्तमान इस जगत् को विस्तीर्णता=विविध भाव में लाने के लिये गतिशील बनाता है अर्थात् इसमें गति का आधान=स्थापना करने से गोहित तथा इसकी रक्षा से करने से गोपति नाम से कहा जाता है।

जैसे रथ में विराजमान सारथि चलते हुये अश्वों को हिङ्कार शब्द से प्रेरणा या गति देता हुआ रथ तथा अश्व सब की रक्षा करता है, इसी प्रकार से गति देने तथा रक्षा-रूप कार्य से गोहित तथा गोपति शब्द से कहा जाता है।

गोप्ता–५६३

"गुप् रक्षणे" भौवादिको धातुस्तत आयाभावपक्षे कर्तरि तृच् प्रत्ययो गुणः, अनङादि च—गोप्तेति ।

गोपायति सर्वमिति गोप्ता सर्वस्य रक्षक इत्यर्थः ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"अग्निर्मा गोप्ता परिपातु विश्वत उद्यन् सूर्यो नुदतां मृत्युपाशान् ।
व्युच्छन्तोरुषसः पर्वता ध्रुवाः सहस्रं प्राणा मय्यापतन्ताम् ।"
अथर्व १७।१।३० ॥

भवति चात्रास्माकम्—

गोप्ता स विष्णुः स हि गोप्तृधर्मा दिविश्रितेभ्योऽथ च भूश्रितेभ्यः ।
यच्छन् स शर्म स्वयमात्मगुप्तो विश्वञ्च गोपायति सर्वगुप् सः ॥५५३॥

वृषभाक्षः–५६४

वृषभः—"वृषु सेचने" इति भौवादिकधातोः "ऋषिवृषिभ्यां कित्" (३।१२३) इत्युणादिसूत्रेण "अभच्" प्रत्ययस्तस्य च कित्त्वातिदेशः । तेन गुणाभावः । अक्षः—अक्षू व्याप्तौ भौवादिको धातुस्ततः पचाद्यच् प्रत्ययः । अक्षति=व्याप्नोतीत्यक्षः ।

गोप्ताः—५६३

रक्षणार्थक भ्वादिगण पठित 'गुपू' धातु से आर्धधातुक प्रत्यय के विषय में विकल्प से होने वाले 'आय' आदेश के अभाव पक्ष में कर्ता अर्थ में 'तृच्' कृत् प्रत्यय होता है । तृच् प्रत्यय परे रहते गुण कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा तथा सुविभक्ति और अनङ् आदि कार्य होकर गोप्ता शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ है रक्षा करने वाला । सकल विश्व का रक्षक होने से भगवान् विष्णु का नाम गोप्ता है ।

इस भगवन्नाम में "अग्निर्मा गोप्ता परिपातु विश्वतः" (अथर्व १७।१।३०) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

इस नाम के भाव को भाष्यकार ने अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

भगवान् विष्णु का नाम गोप्ता है, क्योंकि रक्षा करना उसका धर्म है तथा वह स्वयं गुप्त होता हुआ जलचर भूचर तथा अन्तरिक्षचर रूप समस्त जगत् की रक्षा करता है ।

वृषभाक्षः—५६४

भ्वादिगण पठित चलनार्थक 'वृष' धातु से उणादि 'अभच्' प्रत्यय और उसको किद्-वद् भाव करने से तथा गुण का अभाव होने से 'वृषभ' पद सिद्ध होता है । अक्ष पद, भ्वादि-गण पठित व्याप्त्यर्थक 'अक्षू' धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से बनता है ।

वृषभश्चासावक्ष इति वृषभाक्षः सेक्ता व्याप्ता वेत्यर्थः। अग्निः सूर्यो वा।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

वृषभः—"त्वमग्ने वृषभः पुष्टिवर्धन उद्यतस्रुचे भवसि श्रवाय्यः।
य आहुतिं परि वेदा वषट्कृतिमेकायुरग्रे विश आविवाससि।"
ऋक् १।३१।५॥

सूर्यः—"प्र केतुना बृहता यात्यग्निरा रोदसी वृषभो रोरवीति।
दिवश्चिदन्ताँ उपमाँ उदानडपामुपस्थे महिषो ववर्ध।"
ऋक् १०।८।१॥

स एव वृषभः—भुवश्चक्षुर्महः......" (ऋक् १०।८।५) स एव वृषभः—"भुवो यज्ञस्य रजसश्चनेता......" (ऋक् १०।८।६), स एव वृषभः—"त्वाष्ट्रस्य चिद्विश्वरूपस्य......" (ऋक् १०।८।९) इत्यादि रूपेणोक्तः।

भवति चात्रास्माकम्—

स एव विष्णुर्वृषभाक्ष उक्तो व्याप्नोति विश्वं स महः स चक्षुः।
मेघैश्च यत् सिंचति विश्वमात्रं व्याप्नोति सर्वं वृषभाक्ष एकः॥१५४॥

एवं विधाया व्यवस्थाया यो व्यवस्थापयिता सोऽपि वृषभाक्षपदेन स्तूयते। एवं वृत्रघ्ना निहता मेघा अपो मुञ्चन्ति, तत्र यः स्तनयित्नुः स सूर्यस्य प्रति-

---

वृषभ और अक्ष शब्द का कर्मधारय समास करने से वृक्षभाक्ष एक पद बन जाता है, जिसका अर्थ होता है सेचन तथा व्यापन करने वाला। वृषभाक्ष नाम अग्नि अथवा सूर्य का है। वृषभ इस भगवन्नाम में, जब कि यह अग्नि से स्तुत होता है, यह मन्त्र प्रमाण है—"त्वमग्ने वृषभः पुष्टिवर्धनः" इत्यादि (ऋक् १।३१।५) तथा जहां सूर्य की वृषभ नाम से स्तुति की जाती है, उसमें "प्र केतुना बृहता यात्यग्निरारोदसी वृषभो रोरवीति" इत्यादि (ऋक् १०।८।१) मन्त्र प्रमाण है तथा "भुवश्चक्षुर्मह......" (ऋक् १०।८।५) "भुवो यज्ञस्य रजसश्च नेता" (ऋक् १०।८।६) "त्वाष्ट्रस्य चिद् विश्वस्य" (ऋक् १०।८।९) वेद वाक्यों द्वारा भी वृषभ नाम का ही महत्त्व प्रकट किया जा रहा है।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा इस अर्थ को इस प्रकार व्यक्त किया है—.

भगवान् विष्णु का नाम वृषभाक्ष है, क्योंकि वह ज्योतिःस्वरूप तथा चक्षु=अक्ष स्वरूप होता हुआ, विश्व का व्यापन और मेघों द्वारा सिंचन करता है। इस प्रकार की व्यवस्था का जो व्यवस्थापक है, उसका नाम भी वृषभाक्ष है।

वृत्रहा के द्वारा ताडित=भेदन किये हुये मेघ जल छोड़ते हैं, वहां जो स्तनयित्नु=विद्युत् या बिजली है, वह सूर्य की प्रतिरूपक=छाया रूप है। इस प्रकार से सब लोक या लोकों में रहने वाला जीव वर्ग वर्षा के जल से जीवित होता है तथा वह ही वर्षा का जल

रूपको ज्ञेयः। एवं लोको लोकान्तरा जीवा वा वर्षाजलेन जीवन्ति नद्यश्च समुद्रं प्रति वहन्ति, समुद्राश्च—उद्रिक्ता वृष्टिमाघ्नन्ति इत्यादि क्रमः। एवं बहुत्र वेदे, निदर्शनमात्रमस्माकं प्रयोजनम्।

वृषप्रियः—५९५

वृषः—"वृष सेचने" भौवादिको धातुस्ततः "इगुपधज्ञाप्रीकिरः" (पा० ३।१।१३५) सूत्रेण कः प्रत्ययः कित्त्वाद् गुणाभावश्च, वर्षतीति वृषः।

प्रियः—"प्रीञ् तर्पणे कान्तौ च" क्रैयादिको धातुस्ततः "इगुपध......" (पा० ३।१।१३५) इति कः प्रयत्यो गुणभावः, "अचि श्नुधातु" (पा० ६।४।७७) इत्यादिना सूत्रेण 'इयङ्' ईकारस्य। प्रीणातीति प्रियः। वृषश्चासौ प्रियो वृषप्रियः। यो वर्षति प्रीणाति च।

वृषः—अग्निः—तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"वृषोऽग्निः समिध्यतेऽश्वो न देववाहनः।" ऋक् ३।२७।१४॥

प्रियः—"प्रियमिन्द्रस्य काम्यं सनिं मेधामयासिषम्।"

ऋक् १।१८।६॥

"अप्सरा जारमुपशिश्रियाणा योषा बिभर्ति परमे व्योमन्।
चरत् प्रियस्य योनिषु प्रियः सन्त्सीदत् पक्षे हिरण्यये स वेनः।"

ऋक् १०।१२३।५॥

नदी रूप से समुद्र में जा गिरता है तथा समुद्र पूर्ण होकर वर्षा के कारण बनते हैं। ऐसा क्रम है। इस प्रकार का वर्णन वेद में बहुत स्थानों में है। हमारा यहां केवल उदाहरण दिखाना प्रयोजन है।

वृषप्रियः—५९५

वृष—सेचनार्थक भ्वादिगण पठित 'वृष' धातु से इगुपध-लक्षण 'क' प्रत्यय कर्ता अर्थ में करने तथा कित् होने से और गुण न होने से वृष शब्द सिद्ध होता है।

प्रिय—तर्पण तथा कान्त्यर्थक क्र्यादिगण पठित 'प्रीञ्' धातु से इगुपध-लक्षण 'क' प्रत्यय और 'इयङ्' आदेश करने से प्रिय शब्द बनता है। वृष और प्रिय शब्द का कर्मधारय समास होने से 'वृषप्रिय' यह एक पद बनता है। इसका अर्थ 'सेचन तथा तृप्त करने वाला' यह होता है।

वृष नाम अग्नि का है। इसमें यह "वृषोऽग्निः समिध्यतेऽश्वो न देववाहनः" (ऋक् ३।२७।१४)।

प्रिय नाम में—"प्रियमिन्द्रस्य काम्यं सनिं मेधामयासिषम्" (ऋक् १।१८।६), "अप्सरा जारम्...चरत् प्रियस्य योनिषु प्रियः सन्" (ऋक् १०।१।१२३।५) मन्त्र प्रमाण हैं।

अयं वेन इति प्रथमे मन्त्रे ।

"भानुः शुक्रेण शोचिषा चकानस्तृतीये चक्रे रजसि प्रियाणि।" ऋक् १०।१२३।८ ।। इत्याद्यूह्यं संयोजनीयञ्च । तथा च—

"एष विश्ववित् पवते मनीषी सोमोविश्वस्य भुवनस्य राजा। द्रप्साँ ईरयन् विदथेष्विन्दुर्वि वारमव्यं समयाति याति।" ऋक् ९।९७।५६ ।।

भवति चात्राऽस्माकम्—

वृषप्रियो विष्णुरिदं स जानन् प्रीणाति सूर्यः स उ वाग्निरुर्व्याम् ।
प्रीणाति विश्वञ्च स वर्षणेन स एव [1]विश्वाय ददाति भोज्यम् ।।१५५।।

१—अत्र विश्वशब्दो जड़चेतन समष्टिरूपजगद्वाचकः संज्ञा शब्दः । अत एवेह सर्वनामसंज्ञा तत्कार्याभावश्च द्रष्टव्यः ।

अनिवर्ती—५९६

नि—उपसर्गः, "वृतु वर्तने" भौवादिको धातुस्ततः "सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये" (पा० ३।२।७८) इति णिनिः, प्रातिपदिकसञ्ज्ञा, सु प्रत्ययः, इन्नन्तलक्षणो दीर्घः, नञ्समास, अनिवर्तीति, न निर्वर्तितु शीलमस्येति—अनिवर्ती । सदा सर्वत्रानुगतो न कुतश्चिदपि निवृत्त इत्यर्थः । मन्त्रलिङ्गम्—

प्रथम मन्त्र में "अयं वेनः" ऐसा पाठ है उसकी "भानुः शुक्रेण···चक्रे रजांसि प्रियाणि" (ऋक् १०।१२३।८) तथा "एष विश्ववित् पवते मनीषी" (ऋक् ९।९७।५६) मन्त्रों में पूर्वोक्त अर्थ की अपनी ऊहा से सङ्गति कर लेनी चाहिये ।

इस अर्थ को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करते हैं—

वृषप्रिय नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह इस सकल दृश्य वर्ग को ज्ञानपूर्वक सूर्य तथा अग्नि रूप से वर्षा के द्वारा भोज्य पदार्थों को उत्पन्न करके तृप्त करता है ।

इस पद्य में विश्व शब्द जड़ चेतन जगत् का संज्ञावाचक है । इसीलिये यहां विश्व की सर्वनाम संज्ञा नहीं होती ।

अनिवर्ती—५९६

निपूर्वक वर्तनार्थक भ्वादिगण पठित 'वृतु' धातु से ताच्छील्य विशिष्ट कर्ता अर्थ में 'णिनि' प्रत्यय, कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा, सुविभक्ति, इन्नन्तलक्षण दीर्घ तथा नञ् समास होने से अनिवर्ती शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ निवृत्त=वापिस=होने का स्वभाव नहीं है जिसका, ऐसा होता है अर्थात् वह सर्वत्रानुगत है, ऐसा कोई एक परमाणु मात्र भी स्थान नहीं है, जहां से वह निवृत्त हो, जहां वह न हो । इसीलिये उसका नाम

"यदी मन्थन्ति बाहुभिर्विरोचतेऽश्वो न वाज्यरुषो वनेष्वा ।
चित्रो न यायन्नश्विनोरनिवृतः परि वृणक्त्यश्मनस्तृणा दहन् ।"
ऋक् ३।२९।६ ।।

लोकेऽपि दृश्यते—सूर्यः सर्वकालं रजांसि प्रकाशयति न च कदाचित्स्वप्रकाशनधर्मं निवर्तयति । एवमयं जीवात्मा देहे वर्तमानो न निवर्तते=विरमतीन्द्रियप्रकाशनात् । लोकसम्मितः पुरुषस्तथा लोकवेदयोश्च समानता ।

भवति चात्राऽस्माकम्—

यद्विष्णुना यत्र यथाविधं वा कृतं तदासर्गनिवृत्तिशून्यम् ।
तथाविधं तत् कुरुते च कर्म [1]नक्षत्रधर्मेण जगद्वितन्वन् ।।१५६।।

१—नक्षत्रधर्मेण=अनश्वरधर्मेण=आप्रलयं स्थास्नुधर्मेणेत्यर्थः । जगदिति—कर्म ।

निवृत्तात्मा—५६७

नि—उपसर्गः, 'वृतु वर्तने" भौवादिको धातुस्ततः कर्तरि क्तो गुणाभावः, उदित्त्वात् क्त्वाप्रत्यये इड्विकल्पविधानान्निष्ठायामिडभावश्च, निवृत्तः । आत्म-

---

अनिवर्ती है । इसमें यह मन्त्र—'यदी मन्थन्ति बाहुभिर्विरोचते······चित्रो न यायन्नश्विनोरनिवृतः······" (ऋक् ३।२९।६) प्रमाण है ।

लोक में भी हम देखते हैं, प्रकाशनधर्मा सूर्य प्रतिक्षण लोकों का प्रकाश करता है, वह अपने प्रकाशन रूप धर्म से किसी समय भी निवृत्त नहीं होता । इसी प्रकार शरीर में स्थित जीवात्मा अपने इन्द्रिय प्रकाशन रूप धर्म से निवृत्त नहीं होता । लोक और पुरुष की समानता तथा लोक और वेद की समानता है अर्थात् जैसे जो कुछ बाहर लोक में दृष्टिगोचर होता है, वह सब पुरुष शरीर के अन्दर है, इसी प्रकार जो कुछ वेद में है, वह सब लोक में है ।

भाष्यकार अपने पद्य से इस अर्थ को इस प्रकार व्यक्त करते हैं—

भगवान् विष्णु का नाम अनिवर्ती है, क्योंकि वह जो कुछ और जैसा बनाता है, वह प्रलय पर्यन्त उसी रूप में चलता है, मध्य में निवृत्त नहीं होता, तथा वह प्रवाहरूप से अविनश्वरधर्मक जगद् का विस्तार करता हुआ उसी प्रकार का कर्म करता है, जो कभी मध्य में निवृत्त नहीं होता अर्थात् प्रलय तक निरन्तर चलता रहता है ।

श्लोक में पठित 'नक्षत्रधर्मं' नाम अविनाशी धर्म का है, जो प्रलय तक स्थिर रहे ।

निवृत्तात्मा—५६७

नि उपसर्ग पूर्वक वर्तनार्थक 'वृतु' धातु से कर्ता अर्थ में 'क्त' प्रत्यय तथा गुण का निषेध होने से निवृत्त शब्द सिद्ध होता है ।

शब्द उणादिमनिण् प्रत्ययान्तो व्युत्पादितः। निवृत्त आत्मा स्वरूपं यस्येति बहुव्रीहिः। आत्मशब्दः स्वरूप वचनो निवृत्तस्वरूप इत्यर्थः।

लोकेऽपि यथा मनुष्यो नियतकालं कर्म कुर्वाणो यथा कालं तत् परित्यजति, पुनश्च प्राप्ते समये पुनरारभते कर्तुम्। तथैव भगवान् विष्णुः सृष्टिकाले प्रलयकाले च सृष्टि प्रलयौ यथाक्रमं विदधदपि, स्वस्वरूपतो निवृत्तात्मा भवत्यसङ्गः, प्रलयकाले वा सृष्टेर्निवर्तत इति निवृत्तात्मा विष्णुरुक्तो भवति।

निवर्तत इत्यर्थे मन्त्रलिङ्गम्—

"एकचक्रं वर्तते एकनेमि सहस्राक्षरं प्र पुरो नि पश्चा।
अर्धेन विश्वं भुवनं जजान यदस्यार्धं क्व तद् बभूव।"

अथर्व १०।८।७॥

पुरः प्रवर्तते, पश्चान्निवर्तते।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्निवृत्तात्मपदेन बोध्यः प्रवर्तते यश्च निवर्तते च।
गोलार्धके सूर्य इहास्ति दृश्यः परार्धकास्तञ्च[1] 'निवृत्त' माहुः॥१५७॥

१—निवृत्तं=अस्तङ्गतं वदन्ति।

निपूर्वो वृतु धातुः "परे भवः" इत्यर्थे वेदे बहुत्र प्रयुक्तः। निदर्शनमात्रं यथा—

आत्मा शब्द 'अत' धातु से उणादि 'मनिण्' प्रत्यय करके सिद्ध किया गया है। निवृत्त और आत्मा शब्द का बहुव्रीहि समास होने से निवृत्तात्मा यह एक पद बनता है, जिसका अर्थ 'निवृत्त है, आत्मा स्वरूप जिसका' ऐसा होता है। निवृत्त शब्द का असङ्ग अर्थ यहां लिया है। जैसे लोक में मनुष्य समयानुसार कार्य करता हुआ समय पर उसे समाप्त कर देता है और फिर समय पर उसे प्रारम्भ कर देता है। उसी प्रकार भगवान् विष्णु, समय-समय पर सृष्टि तथा प्रलय क्रम से करता हुआ भी स्वयं निवृत्तात्मा=असङ्ग रहता है अथवा प्रलयकाल में वह सृष्टि से निवृत्त हो जाता है, इसलिये भी उसका नाम निवृत्तात्मा है। इस प्रकार यह भगवान् विष्णु का नाम है।

'निवृत्त होता है' इस अर्थ में यह—"एकचक्रं वर्तते" इत्यादि (अथर्व १०।८।७) मन्त्र प्रमाण है। इस मन्त्र में पहले प्रवृत्त होता है, तथा पीछे निवृत्त होता है, ऐसा भाव है।

भाष्यकार ने इस अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

निवृत्तात्मा नाम भगवान् विष्णु का वाचक है, क्योंकि वह सर्गकाल सर्जन में प्रवृत्त होकर पश्चात् प्रलय में निवृत्त हो जाता है। जैसे गोल के पूर्वार्ध में सूर्य प्रवृत्त दृश्य है और परार्ध में अस्त निवृत्त है, ऐसा मनुष्य कहते हैं।

"उप त्वा रातिः सुकृतस्य निष्ठान्नि वर्तस्व हृदयं तप्यते मे ।"
ऋक् १०।९५।१७ ॥

संक्षेप्ता—५९८

समुपसर्गः, "क्षिप प्रेरणे" धातुरनिट्, ततः "तृन्" (पा० ३।२।१३५) सूत्रेण तच्छीलाद्यर्थेषु 'तृन्' प्रत्ययः, गुणोऽनङादि, समोऽनुस्वारः, संक्षेप्ता ।

सम्पूर्वः क्षिपिधातुः संहारार्थकः "उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते" इति नियमात् । संक्षेपः कारणं, विक्षेपः कार्यम् । कार्यं कारणरूपेण संक्षेपयन् कारणे समावेशयन् भगवान् संक्षेप्तेत्युच्यते । यथा—वटवृक्षं तद् बीजे संक्षिपति । य एव संक्षेपः स एव संहारः ।

भावप्रधानार्थे मन्त्रलिङ्गम्—

"संमील्य यद्भुवना पर्यसर्पत क्व स्वित् तात्या पितरा व आसतुः ।"
ऋक् १।१६१।१२ ॥

भवति चात्राऽस्माकम्—

आब्रह्मकीटान्तमिदं हि विश्वं [1]संक्षेपविक्षेपमयं विधत्ते ।
बीजे वटं वृक्षमथापि बीजात् [2]संक्षेपशीलः कुरुतेऽति चित्रम् ॥१५८॥

१—संक्षेपः=समासः, विक्षेपो=व्यासः ।
२—संक्षेपशीलः=संक्षेपधर्मा ।

वेद में निपूर्वक वृतु धातु का 'परे होने' अर्थ में अधिक प्रयोग मिलता है । उदाहरण रूप में जैसे—"उप त्वा रातिः" (ऋक् १०।९५।१७) इत्यादि ।

संक्षेप्ता—५९८

समुपसर्ग पूर्वक प्रेरणार्थक अनिट् धातु "क्षिप्" से ताच्छील्यादि विशिष्ट कर्ता अर्थ में 'तृन्' प्रत्यय, सम् के मकार को अनुस्वार, गुण, कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा, सु विभक्ति तथा अनङ् आदि करने से संक्षेप्ता शब्द सिद्ध होता है ।

उपसर्ग के बल से धातु के अर्थ का परिवर्तन हो जाता है, ऐसा वैयाकरणों का नियम है । तदनुसार संपूर्वक क्षिप् धातु संहार अर्थ का वाचक है । संहार नाम किसी विस्तृत वस्तु का सङ्कोच अर्थात् संक्षेप करना होता है । संक्षेप कारण है विक्षेप कार्य है । इस जगत् रूप विक्षेप=कार्य को अपने कारण रूप में समाविष्ट=विलीन=संक्षिप्त करने से भगवान् का नाम संक्षेप्ता है । जैसे वट, वृक्ष विक्षेप रूप कार्य है तथा उसका वटबीज रूप में आना संक्षेप रूप कारण है, जो संक्षेप है वह ही संहार है । इस भाव के प्राधान्य में यह "संमील्य यत् भुवना पर्यसर्पत्" (ऋक् १।१६१।१२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं ।

भाष्यकार विवक्षित अर्थ को अपने पद्य द्वारा प्रकट करते हैं—

भगवान् संक्षेपधर्मा है इसीलिये उनका नाम संक्षेप्ता है । वह बड़े-से-बड़े ब्रह्म से लेकर छोटे-से-छोटे कीट पर्यन्त इस विश्व को विस्तृत करके संक्षिप्त=कारण रूप में समाविष्ट कर देता है । जैसे—वृक्ष रूप से विस्तृत कार्य को उसके बीज रूप कारण में संक्षिप्त कर देता है, यह उसका अनिर्वचनीय विचित्र कार्य है । संक्षेप नाम समास का तथा विक्षेप=फैलाव का है ।

संक्षेपं सम्यक्कर्तुं मना इत्यपि ज्ञेयम् । तृन्प्रत्यो हि संक्षेपशीलवति कर्तरि भवति ।

क्षेमकृत्–५६६

"क्षि क्षये" भौवादिकः 'क्षि निवासगत्योः" तौदादिकः, "क्षि हिंसायाम्" सौवादिकः, एभ्यो धातुभ्यो यथार्थविवक्षं **"अर्तिस्तु सु हुसृवृक्षिक्षुभावापदिपक्षिनीभ्यो मन्"** (१।१४०) इत्युणादिर्मन् प्रत्ययः, गुणः, क्षेम इति ।

क्षेमोपपदात् कृञ् धातोर्बाहुलकात् कर्तरि क्विप्, तुगागमः क्विपः सर्वापहारश्च क्षेमकृदिति । क्षेमं करोतीति क्षेमकृत् । मन्त्रलिङ्गम्—

"स हि क्षेमो हविर्यज्ञः ।" ऋक् १०।२०।६ ॥

बहुत्र प्रयुक्तोऽयं धातुः कृदन्तस्तिङन्तश्च वेदे । निवासेऽर्थे—

"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।"
ऋक् १।१५४।२ ॥

स स्वयं न क्षीयते—

"यस्य त्रिपूर्णा मधुना पदान्यक्षीयमाणा स्वध्या मदन्ति ।
य उ त्रिधातु पृथिवीमुतद्यामेको दाधार भुवनानि विश्वा ।"
ऋक् १।१५४।४ ॥

...अथवा तृन् संक्षेपशील विशिष्ट कर्ता में किया है, इसलिये 'अच्छे प्रकार का मन वाला' ऐसा अर्थ होता है ।

क्षेमकृत्—५६६

भ्वादिगण पठित क्षयार्थक 'क्षि', तुदादिगण पठित निवास तथा गत्यर्थ 'क्षि' स्वादिगण पठित हिंसार्थक 'क्षि' धातुओं से अर्थ की विवक्षा के अनुसार उणादि मन् प्रत्यय तथा गुण होने से क्षेमशब्द सिद्ध होता है । क्षेम शब्द के उपपद रहते हुए 'कृञ्' करणार्थक धातु से बहुलता से कर्ता अर्थ में क्विप् प्रत्यय और उसका सर्वस्व लोप तथा तुक् का आगम करने से क्षेमकृत् शब्द बनता है । इस प्रकार से क्षेम शब्द के 'निवास, गति, क्षय, हिंसा' आदि बहुत अर्थ धातु भेद से होते हैं । लोक में क्षेम शब्द कल्याण का पर्याय है, जो क्षेम करे उसका नाम है क्षेमकृत् ।

इस भगवन्नाम में **"स हि क्षेमो हविर्यज्ञः"** (ऋक् १०।२०।६) मन्त्र प्रमाण है ।

वेद में यह 'क्षि' धातु कहीं पर कृदन्तपद रूप से तथा कहीं पर तिङन्त पद रूप से बहुत स्थानों में प्रयुक्त हैं । निवास अर्थ में—**"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति"** (ऋक् १।१५४।२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं । भगवान् स्वयं क्षय को प्राप्त नहीं होता, इसमें **"यस्य त्रिपूर्णा मधुना पदान्यक्षीयमाणा"** (ऋक् १।१५४।४) इत्यादि प्रमाण है ।

विष्णोः सूर्यस्य न कोऽप्यन्तमवाप, अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"न ते विष्णो जायमानो न जातो देव महिम्नः परमन्तमाप।
उदस्तभ्ना नाकमृष्वं बृहन्तं दाधर्थ प्राचीं ककुभं पृथिव्याः।"

ऋक् ७।९९।२ ॥

विष्णुश्च सर्वस्य पारं वेत्ति, तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"परो मात्रया तन्वा वृधान न ते महित्वमन्वश्नुवन्ति।
उभे ते विद्म रजसी पृथिव्या विष्णोः देवः त्वं परमस्य वित्से।"

ऋक् ७।९९।१ ॥

सूर्यः प्राचीं दिशं धारयति, तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"दाधर्थ प्राचीं ककुभं पृथिव्याः।" ऋक् ७।९९।२ ॥

स विष्णु रेव 'क्षेमकृत्', स एव च सर्वं वेत्ति इति समन्त्रं व्याख्यातम्।

लोके च दृश्यते—प्रभुर्जीवस्य निवासाय शरीरं ददाति, तच्च शरीरं 'गच्छति, निवसति, निवासयति स्वस्मिन्नात्मानं, क्षीयते मृत्युना ग्रस्यते चेति स क्षेमकृदुच्यते।

भवति चाऽत्रास्माकम्—

स क्षेमकृद्विष्णुरिदं वितन्वन् सर्वस्य पारं च स वेद एकः।
[1]क्षेमं स जीवाय ददाति[2] गुप्तम् [3]स्वोकांसि जीवोऽपि करोति तस्मात् ॥१५९॥

१—क्षेमं=शरीरम्। २—गुप्तं=जीवनोपकरणै रक्षितम्। ३—ओकांसि =स्थानानि।

भगवान् विष्णु वा सूर्य का अब तक किसी ने पार नहीं पाया, इसमें—"**न ते विष्णो जायमानो न जातो देव महिम्नः परमन्तमाप**" (ऋक् ७।९९।२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

भगवान् विष्णु सब के आदि अन्त का जानकार है, इसमें—"**परोमात्रयातन्वा बृधान···विष्णो देव त्वं परमस्य वित्से**" (ऋक् ७।९९।१) मन्त्र प्रमाण है। सूर्यदेव पूर्व दिशा को धारण करते हैं, इसमें—"**दाधर्थ प्राचीं ककुभं पृथिव्याः**" (ऋक् ७।९९।२) इत्यादि वचन प्रमाण हैं।

भगवान् विष्णु सर्वज्ञ है तथा क्षेमकृत् है, इसकी मन्त्रों सहित व्याख्या की है।

लोक में भी देखा जाता है—जैसे सर्वेश्वर प्रभु जीव के निवासार्थ जो शरीर देता है, वह शरीर चलता है, निवास करता है तथा अपने आप में जीवात्मा को निवास देता है और क्षीण—मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। इसलिये प्रभु का नाम क्षेमकृत् है।

भाष्यकार ने इस अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

भगवान् विष्णु का नाम क्षेमकृत् है, क्योंकि वह समस्त विश्व की रचना करके इसको स्थिति या निवास प्रदान करता है तथा वह इसके आदि अन्त का पूर्ण जानकार है। वह जीव के लिये सकल जीवनोपयोगी उपकरण समेत शरीर रूप निवास प्रदान करता है। इसी प्रकार भगवान् का अनुकरण करता हुआ जीव भी अपने निवासार्थ स्थान बनाता है।

शिवः—६००

शिव शब्दः "शीङ् स्वप्ने" धातोः "सर्वनिघृष्वरिष्वलिष्वशिवह्रस्वपद्व-प्रह्वेष्वा ग्रतन्त्रे" (१।१५३) इत्युणादिसूत्रेण—ग्रकर्तरि वन्प्रत्ययान्तो निपात्यते, धातोर्दीर्घेकारस्य ह्रस्वेकारोऽपि निपातनात् । शेतेऽस्मिन् सर्वमिति शिवः । ग्रत्र गुणाभावोऽपिनिपात्यते । तत्र केचन ग्राहुः—ह्रस्वविधान-सामर्थ्यादेव गुणो न भविष्यतीति तन्निपातनमयुक्तमिति । ग्रत्रैतच्छङ्कावसर एव नायातु—इति ह्रस्वत्वमगुणत्वञ्च निपात्यत इति व्याख्यानं युक्तमिति, सत्यदेववासिष्ठः ।

यद्वा "शो तनूकरणे" धातोर्वन् प्रत्ययो ह्रस्वेकारश्चोकारस्य निपात्यते, श्यति=तनूभवति=संक्षेपीभवति सर्वमस्मिन्निति शिवः सर्वाधिष्ठानम् ।

यद्वा "श्यैङ् गतौ" भौवादिकधातोर्वन् प्रत्यय सम्प्रसारणमिकारश्च निपातनात्, श्यायते सर्वमिति प्राप्नोतीत्यर्थः, शिवः=शम्भुः । क्षेमकृत्=शिवः सन्धौ, क्षेमकृच्छिवः । मन्त्रलिङ्गम्—

"त्वमग्ने: प्रथमो सङ्गिरा ऋषिर्देवो देवानामभवः शिवः सखा ।
तव व्रते कवयो विद्म नापसोऽजायन्त मरुतो भ्राजदृष्टयः ।"
ऋक् १।३१।१ ॥

शिवः—६००

शिव शब्द शयनार्थक 'शीङ्' धातु से उणादि वन् प्रत्यय तथा धातु ईकार को ह्रस्वादेश निपातन करके सिद्ध किया है । यह सकल दृश्य प्राणी वर्ग जिसमें सोता है उसका नाम शिव है । यहां गुण का ग्रभाव भी निपातन से ही किया है । कुछ वैयाकरणों का मत है कि गुणाभाव के निपातन की ग्रावश्यकता नहीं, क्योंकि ह्रस्व करने के सामर्थ्य से ही गुण नहीं होगा, यदि गुण ही करना होता तो ह्रस्व करने की क्या ग्रावश्यकता थी, गुण तो दीर्घ को भी हो सकता था । यहां गुणाभाव तथा ह्रस्व का निपातन इसलिये किया है कि, जिससे इस प्रकार की शङ्का उठाने का ग्रवसर ही न ग्राये, यह भाष्यकार का मत है ।

ग्रथवा तनुकरणार्थक 'शो' धातु से उणादि 'वन्' प्रत्यय तथा ग्रोकार को इकार निपातन करने से शिव शब्द सिद्ध होता है । यहां कर्म की ग्रविवक्षा करके, जिसमें यह सब संक्षिप्त=संमित होता है, उसका नाम शिव है ।

ग्रथवा—गत्यर्थक, भ्वादिगण पठित 'श्यैङ्' धातु से उणादि वन् प्रत्यय, सम्प्रसारण, इकार का निपातन तथा पूर्वरूपैकादेश करने से शिव शब्द सिद्ध होता है जो सर्वत्र गया हुग्रा, व्यापक है, उसका नाम शिव है । इसमें—"त्वमग्ने प्रथमो······शिवः सखा" (ऋक् १।३१।१) ।

"उप नः पितवा चर शिवः शिवाभिरूतिभिः ।
मयोभुरद्विषेण्यः सखा सुशेवो अद्वयाः ।" ऋक् १।१८७।३ ॥
"स नो युवेन्द्रो जोहूत्रः सखा शिवो नरामस्तु पाता ।
यः शंसन्तं यः शशमानमूती पचन्तञ्च स्तुवन्तञ्च प्रणेवत् ।"
ऋक् २।२०।३० ॥

"आरे अस्मदमतिमारे अंह आरे विश्वां दुर्मतिं यन्निपासि ।
दोषा शिवः सहसः सूनो अग्ने यं देव आ चित् सचसे स्वस्ति ।"
ऋक् ४।११।३ ॥

शिवः शिवमित्यादि निदर्शनम् ।

शिवाय, शिवासः, शिवे, शिवेन, शिवेभिः, शिवतमः, शिवतमाः, शिवतमाभिः, शिवतमाम्, शिवतमाय, शिवतराय । एवं बहुत्र वेदे प्रयुक्तोऽयं शिवशब्दस्तत एवावगन्तव्यः ।

भवति चात्रास्माकम्—

शिवः स विष्णुः स सखा स देवः स एव लोकान् परितः पिपर्ति ।
शिवोऽग्निरुक्तः स हि पाति विश्वं स दुर्मतिं कृन्तति हूयमानः ॥१६०॥

"उप नः पितवा चर शिवः शिवाभिरूतिभिः" (ऋक् १।१८७।३) सनो युवेन्द्रो जोहूत्रः सखा शिवो नरामस्तु पाता" (ऋक् २।२०।३०) "आरे अस्मदमतिमारे......दोषा शिवः सहसः सूनो......" (ऋक् ४।११।६) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं ।

यह शिव शब्द वेद में—शिवः—शिवम् शिवाय—शिवासः—शिवे—शिवेन—शिवेभिः—शिवतमः शिवतमाः—शिवतमाभिः—शिवतमाम्—शिवतमायः शिवतराय—इत्यादि विविध रूपों में बहुत प्रयुक्त है । विशेष जिज्ञासा होने पर वहां ही देखना चाहिये ।

भाष्यकार का अपने पद्य द्वारा इस अर्थ का स्पष्टीकरण—

भगवान् विष्णु का नाम शिव है, क्योंकि वह सब लोकों में पूर्ण अथवा व्यापक होकर सब लोकों की रक्षा तथा उनको सर्व रूप से पूर्ण करता है तथा जो मनुष्य उसका प्रेम से आह्वान अथवा हवनादि उसके निमित्त से करता है, उसकी दुर्मति=कुमति को नष्ट करके उसे सद्बुद्धि प्रदान करता है । कवि पुरुष उसकी सखा तथा अग्नि आदि नामों से स्तुति किया करते हैं ।

श्री विष्णु सहस्र नाम के ६०० सौ श्लोकों का व्याख्यान समाप्त हुआ ।

व्यख्यायि षष्ठं शतकं मयेदं मनोरमं विष्णुसहस्रनाम्नः ।
अनूदितं राष्ट्रगिरा च भूयाद् भव्याय दिव्यं भुवि भावुका नाम् ॥

इतिषट्शती व्याख्याता

सत्यदेवो वासिष्ठः

अनन्तराम-सुतः

द्रौपदी-मातः

न कविः स्थानेन निबध्यते सर्वेषां गौरवास्पदत्वात्। साम्प्रतं हरियाणा-राज्यान्तर्गत भिवानी नगरस्थितेन मया व्याख्यायते श्रीविष्णुसहस्रनाम।

श्रीवत्सवक्षाः—६०१

श्रीः—"श्रिञ् सेवायां" भौवादिको धातुस्ततः "**क्विब्वचि प्रच्छयायतस्तु०**" (पा० ३।२।१७८) इत्यादिनां वर्तिकेन क्विप् प्रत्ययो दीर्घश्च। श्रयति, श्रीयते वा श्रीः शोभा, विभूतिर्वा हिरण्यादिकम्।

वत्सः—"वद् व्यक्तायां वाचि" भौवादिको धातुस्ततः "**वृतृवदिहनिकमिकषिभ्यः सः**" (३।६२) इत्युणादिसूत्रेण सः प्रत्ययः."**तितुत्रेति**" (पा० ७।२।९) इति सूत्रेणेण्निषेधः, चर्त्वम्। वदतीति वत्सः।

वक्षः—"वच परिभाषणे" इत्यादादिको धातुस्ततः "**पचिवचिभ्यां सुट् च**" (४।२२०) इत्युणादिना "असुन्" प्रत्ययः सुट्श्चागमो विहितः, सुटष्टित्त्वात्

अनन्तराम सुत—

सत्यदेव वासिष्ठ,

माता का नाम द्रौपदी

कवि का सर्वत्र गौरव होता है, इसलिये वह किसी एक स्थान में नहीं बंधता। यह विष्णु सहस्रनाम की व्याख्या हरियाणा राज्य अन्तर्गत भिवानी नगर में लिखी गई है।

श्रीवत्सवक्षाः—६०१

बार-बार परहित का उपदेश देने वाला। श्री शब्द 'श्रिञ् सेवायाम्' इस भ्वादिगण परित धातु से "**क्विब्वचि**" (पा० ३।२।१७८) इत्यादि वार्तिक से 'क्विप्' प्रत्यय और दीर्घ होने से बनता है, जिसका अर्थ होता है 'जो परमपिता परमात्मा को अपना आश्रय बना।कर रहती है, अथवा सकल प्राणिवर्ग जिसके आश्रित है वह हिरण्यादि सम्पत्ति'।

वत्स शब्द भ्वादिगण पठित स्पष्ट वचनार्थक 'वद' धातु से "**वृतृवदिहनि०**" इत्यादि उणादि (३।२२) सूत्र से 'स' प्रत्यय "**तितुत्रेति**" पाणिनीय (७।२।९) सूत्र से इट् का निषेध और दकारकों तकार रूप चर्त्व करने से सिद्ध होता है। बोलने वाले का नाम वत्स है।

वक्षस् शब्द अदादिगण पठित परिभाषणार्थक 'वच' धातु से "**पचि वचिभ्यां सुट् च**" इस उणादि (४।२२०) सूत्र से 'असुन्' प्रत्यय और सुट् का आगम।

"आद्यन्तौ टकितौ" (पा० १।१।४६) इत्याद्यवयवः, अनुदात्तत्वान्नेट्। "चोः कुः" (पा० ८।२।३०) इति सूत्रेण झलि कुत्वम्। "आदेशप्रत्यययोः" (पा० ८।३।५५) सूत्रेण प्रत्ययावयवस्य सस्य षत्वम्। प्रातिपदिकसंज्ञा, सुविभक्तिर्वक्षा इति।

श्रीश्च वत्साश्च श्रीवत्सा वक्षसि=उरसि=हृदये यस्य स श्रीवत्सवक्षाः—"असन्तलक्षणो" (द्र० पा० ६।४।१४) दीर्घः। श्रियो वत्सा इति वा द्वन्द्वगर्भस्तत्पुरुषगर्भो वा बहुव्रीहिः। "सप्तमीविशेषणे बहुव्रीहौ" (पा० २।३।३५) इति सप्तम्याः पूर्वनिपाते प्राप्ते "गड्वादिभ्यः परा सप्तमी वक्तव्या" (२।२।३५) इति वार्तिकेन तस्याः परनिपात एव विहितः। गड्वादिरित्यत्रादिः शब्दः प्रकारार्थकः। क्वचिच्च न भवति, यथा वहेगडुः। श्रीः=परहिताराधनं, तत्पुनः पुनर्वदतीति तु वास्तविकोऽर्थः। एवञ्च परं सेवध्वं परं सेवध्वमिति मुहुर्मुहुर्वदन् श्रीवत्सवक्षा उच्यते।

यद्वा श्रीः=परहिताराधनं, तद् वदन्ति, प्राणिभ्य उपदिशन्तीति श्रीवत्साः=भक्ता विद्वांसो वा, तान् वक्ति, शुभलक्षणा यूयं मामुपैत इति श्रीवत्सवक्षाः।

'चोः कुः' (पा० ८।२।३०) सूत्र से कुत्व, षकारदेश करने से बनता है। यह शब्द रूढ तथा यौगिक दोनों प्रकार का है। इनमें रूढ अर्थ उरःस्थल का वाचक है तथा यौगिक अर्थ बोलने वाला=वक्ता है।

श्री और वत्स शब्द का द्वन्द्व समास करके श्रीवत्स शब्द का वक्ष शब्द के साथ बहुव्रीहि समास होता है। यद्वा "श्रियोवत्साः श्रीवत्सा" यह षष्ठी तत्पुरुष समास करके, वक्ष शब्द के साथ बहुव्रीहि करने से तत्पुरुष गर्भ बहुव्रीहि समास होता है। बहुव्रीहि समास में—यद्यपि "सप्तमीविशेषणे०" (पा० २।२।३५) सूत्र से सप्तम्यन्त का पूर्व निपात प्राप्त है तथापि "गड्वादिभ्यः परा सप्तमी" इस (२।२।३५) वार्तिक से परनिपात ही उचित है।

श्रीनाम, अपने से भिन्न दूसरों के हित सिद्ध करने या किसी भी प्रकार से सेवा करने का है। वत्स और वक्ष शब्द से बार-बार बोलना अर्थ प्रकट होता है, क्योंकि ये दोनों शब्द बोलने के अर्थ वाले दो धातुओं से बनते हैं। इस प्रकार से श्रीवत्सवक्षाः शब्द का अर्थ दूसरों का हित करो, दूसरों की सेवा करो, इस प्रकार जो बार-बार कहता है, ऐसा होता है।

अथवा दूसरों के हित साधन का नाम 'श्री' है, इसका अर्थात् परोपकार करने का उपदेश जो प्राणियों को देते हैं, उनका नाम श्रीवत्स है। यह भक्तों का नाम हुआ या विद्वानों का, उनको जो यह कहता है, तुम शुभ लक्षणों वाले हो, मेरे पास आओ, मुझे प्राप्त करो, उसका नाम भी श्रीवत्सवक्षाः है।

अथवा श्रीनाम भगवान् विष्णु की शक्तिरूपा माया का है अथवा हिरण्यादि धन का

यद्वा, श्रीर्विष्णुशक्तिः, विभूतिर्वा, वत्सा वदन्तीति, अस्मभ्यं देहीति भगवन्तं प्रार्थयमाना अकिञ्चना दीना अर्थार्थिनो भक्ताः श्रीवत्साः, तान् वक्ति, मा भैष्ट, मां शरणं व्रजतेति श्रीवत्सवक्षाः ।

यद्वा श्रियमात्मशक्तिं वदत्यर्थानुगमाद् वत्सं वेदरूपं ज्ञानञ्च, सर्गारम्भकाले विराडात्मने ब्रह्मणे वक्ति=उपदिशतीति श्रीवत्सवक्षाः ।

यद्वा श्रियो लक्ष्या वत्साः प्रेमपात्रभूता वैभवशालिनो लक्ष्मीपुत्रा धनिनः, तान् वक्ति, दत्त दत्तेति पुनः पुनरुपदिशतीति श्रीवत्सवक्षाः सर्वेषां हृद्यन्तर्यामिरूपेण वर्तमानो भगवान् विष्णुः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम् ।" यजुः ३१।२२ ॥

अत्र किञ्चित्प्रसङ्गप्राप्तमुच्यते—

यदिह लोके व्यवहारहेतुभूतं हिरण्यादिकं धनं तद्योगभेदतो द्वैरूप्यमुपैति । यथा हि—तत्पालनभावेन=सेवाभावेन परहिताय प्रयुक्तं, चकासद्दिनमिव धवलं यशो वितरद् श्रीसंज्ञामुपैति । आत्मभोगाय प्रयुक्तञ्च रात्रिवत्

हैं, इसके लिये जो भगवान् से प्रार्थना करते हैं, हमारे लिये श्री शक्ति या सम्पत्ति दीजिये, उन अकिञ्चनों का नाम श्रीवत्स है, उनको जो निर्भयता और सब कुछ देने का आश्वासन देता है, उसका नाम श्रीवत्सवक्षा है ।

अथवा अपनी शक्ति तथा वद धातु के अर्थानुकूल्य से वत्स नाम वेदरूप ज्ञान का जो सर्ग के आदिकाल में ब्रह्मा के लिये उपदेश करता है, उसका नाम श्रीवत्सवक्षा है ।

अथवा श्री के वत्स नाम पुत्र जो कि लक्ष्मी के प्रेमभाजन, वैभवशाली और धनी पुरुष हैं उनका नाम श्रीवत्स है, उनको जो अन्तर्यामी रूप से हृदय में स्थित होकर बार-बार कहता है, प्रेरणा देता है अर्थात् "दान दो, दान दो" इस प्रकार से प्रेरित करता है, उसका नाम है श्रीवत्सवक्षा ।

यहां कुछ प्रसङ्ग प्राप्त का वर्णन किया जाता है । इस जगत् में जो व्यवहार का साधन हिरण्यादिक हैं, वह प्रयोग के भेद से दो प्रकार का हो जाता है अर्थात् दो नामों से उसका अभिधान होता है । जैसे कि—हिरण्यादिक धन जो दूसरों की रक्षा या सेवा की भावना से प्रयुक्त किया हुआ सूर्य प्रकाशात्मक दिन के समान यश को फैलाता हुआ 'श्री' नाम से कहा जाता है और वही केवल अपने भोग के लिये प्रयुक्त हुवा अन्धकारात्मक कृष्ण वर्ण रात्रि के समान अपयश को फैलाता हुआ 'लक्ष्मी' नाम से कहा जाता है । इस अर्थ को **"श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्या०"** यह यजुर्वेद (३१।२२) का वचन प्रमाणित करता है । इस वेद मन्त्र में पत्नी शब्द का पालिका अर्थात् पालन करने वाली अर्थ है । जैसे सकल जगत् की स्थिति या पालना अहोरात्र रूप युगल से ही होती है, इसी प्रकार सकल विश्व

कृष्णवर्णं तमोरूपमयशो वितरत्—लक्ष्मीरूपतामुपैति । पत्न्यौ शब्देन पालिके उच्येते । यथा—अहोरात्रेण सर्वं जगत् पाल्यते, तथा श्रीलक्ष्मीभ्यामिदं सर्वं विश्वं पाल्यते ।

तथा च—"यथा गौः—तृणादिभक्षणेन स्वात्मानं पालयन्ती, पालयति विश्वं दुग्धमूत्रगोमयवत्सादिप्रदानेन । एवं सर्वत्र तत्र तत्र वृक्षादिष्वप्यूह्यम् ।" तत्र मनुष्याः गुणवैषम्यजान् विविधान् भावान् भजन्ति । तद्यथा—तमोगुणप्रधानाः स्वात्मपोषणाय भोगान् भुञ्जते । रजोगुणप्रधाना आत्मानं पोषयन्तः परानपि पोषयन्ति । सत्त्वप्रधानाश्च सर्वाभिर्विभूतिभिः परपोषणरता आत्मानमुपेक्षन्ते । यथा सत्त्वात्मकः सूर्यः परार्थस्वरूपः । तस्माद् विष्णुः सूर्यो वा श्रीवत्सवक्षा इत्युच्यते नतु लक्ष्मीवत्सवक्षा इति ।

भवति चात्रास्माकम्—

श्रीवत्सवक्षा भगवान् स विष्णुर्विश्वं स वक्तीति पुनः पुनश्च ।
सेवध्वमन्यं तमसः परोऽहं श्रीरस्ति सर्वा मयि गुप्तरूपा ॥१६१॥

यदुक्तं पुनः पुनर्वक्तीति, अत्र हि नाम्नि समस्ते द्विधातुजं रूपद्वयमस्ति, वदतेर्वत्सः वक्तेर्वक्ष इति च । **"अभ्यासे भूयांसमर्थं मन्यन्ते"** (निरुक्त १०।१४) इति न्यायेन समानार्थकयोः शब्दयोः प्रयोगात् पौनःपुन्यरूपो विशेषार्थो द्योत्यते ।

की स्थिति या रक्षा श्री और लक्ष्मी से होती है । जैसे गोनामक पशु घास खाकर अपने आपकी रक्षा करती हुई दूध, गोमूत्र, गोमय तथा बछड़े उत्पन्न करके विश्व की रक्षा करती है । इसी प्रकार सब वृक्षादि में भी समझ लेना चाहिये । गुणों की विषमता से मनुष्यों के नाना प्रकार के भाव होते हैं । जैसे—तमोगुण प्रधान पुरुष, केवल आत्मपोषण में ही सर्वथा रत रहते हैं तथा अपने आपका पोषण करने के लिये ही भोगों को भोगते हैं । रजोगुण प्रधान पुरुष अपने तथा दूसरों के पोषण में रत रहते हैं । सत्त्व प्रधान पुरुष सब प्रकार की अपनी सम्पत्ति से दूसरों का ही पोषण करते हैं, वे अपने आपकी सर्वथा भोगभोगने में उपेक्षा ही रखते हैं । जैसे प्रकाशात्मक भगवान् सूर्यदेव का सत्त्व या स्वरूप परार्थ है, केवल दूसरों के लिये है । इसलिये भगवान् विष्णु या सूर्य का नाम 'श्रीवत्सवक्षा' है किन्तु 'लक्ष्मीवत्सवक्षा' नहीं ।

पूर्वोक्त भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करते हैं—

भगवान् विष्णु का नाम 'श्रीवत्सवक्षा' है, क्योंकि वह सकल विश्व के प्राणिवर्ग को पुनः पुनः यही प्रेरणा देता है कि दूसरों की सेवा करो, भोगों को स्वयं न भोगकर दूसरों के लिये प्रयुक्त करो, मैं अन्धकार से परे ज्योतिःस्वरूप हूं और यह सकल श्री विभिन्नरूपा मुझ में ही गुप्तरूप से स्थित है । 'पुनः पुनः कहना' अर्थ इसी नाम में दो धातुओं से निष्पन्न दो वत्स और वक्ष शब्दों से प्रकट हो रहा है । क्योंकि **"अभ्यासे भूयांसमर्थं मन्यन्ते"** (निरु० १०।१४) वचन से वत्स वक्ष इन समानार्थक शब्दों के प्रयोग से 'पुनः पुनः' यह विशेष अर्थ ध्वनित होता है । वद् धातु से वत्स और वच् धातु से वक्ष शब्द बनता है ।

पृथिव्याश्छायैव रात्री, यावत्प्राचीं ककुभन्नाश्रयते सूर्यस्तावत्तमः। यदुक्तं—"आत्वेषं वर्तते तमः" इति याजुषो मन्त्रः (३४।३२)।

श्रीवासः—६०२

श्रीशब्दो व्याख्यातः। वासः शब्दो निवासार्थकाद् भौवादिकाद् 'वस' धातोः "हलश्च" (पा० ३।३।१२१) सूत्रेणाधिकरणे घञि वृद्धौ च सिद्ध्यति। श्रिया उष्यते यस्मिन् स श्रीवासः। अत्र लिङ्गम्—

'श्रीणामुदारो धरुणो रयीणाम्।' (ऋक् १०।४५।५) तथा
"ऋष्टयो वो मरुतो अंसयोरधि सह ओजो बाह्वोर्वो बलं हितम्।
नृम्णा शीर्षस्वायुधा रथेषु वो विश्वा वः श्रीरधि तनूषु पिपिशे।"
(ऋक् ५।५७।६)

इति ऋग्वेदवचने।
भवति चात्रास्माकम्—

श्रीवास एकः स हि सूर्य उक्तस्तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि यस्मात्।
तस्मात् स विष्णुर्निजशक्तिमस्यन् श्रियं पुरुत्रा कुरुतेऽधिविश्वम्॥१६२॥

लोके चापि दृश्यते, सजीवो देहः श्रीमानुच्यते, अतः कायोऽपि श्रीवास-नाम्नाभिधीयते।

पृथिवी की छाया का नाम ही रात्रि है, जब तक सूर्यदेव पूर्व दिशा में प्रवृत्त नहीं होते, तब तक अन्धकार रहता है, जैसा कि **"आत्वेषं वर्तते तमः"** यह याजुष मन्त्र (३४।३२) कहता है।

श्रीवासः—६०२

श्री शब्द का व्याख्यान किया जा चुका है।

वास शब्द भ्वादिगण पठित निवासार्थक 'वस' धातु से अधिकरण में 'घञ्' प्रत्यय तथा वृद्धि करने से सिद्ध होता है।

'श्रियो वासः' इस षष्ठीतत्पुरुष समास से 'श्री के रहने का स्थान' ऐसा अर्थ प्रकट होता है। इस अर्थ में **"श्रीणामुदारो०"** (१०।४५।५) तथा **"ऋष्टयो वो मरुतो…… श्रीरधि तनूषु पिपिशे"** (५।५७।६) इत्यादि ऋग्वेद वचन प्रमाण हैं।

इसका संक्षिप्तार्थ भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

श्रीवास नाम सूर्य तथा विष्णु दोनों का है, क्योंकि जैसे श्री के विभिन्न रूप सकल भुवन सूर्य में स्थित हैं, वैसे ही सूर्य सहित सकल विश्व भगवान् विष्णु में स्थित है। भगवान् विष्णु ही अपनी श्रीरूप शक्ति को नानाविध विश्व में विकीर्ण करके उसके बहुत रूपों या भेदों का निर्माण करता है अर्थात् विश्व में, विश्वरूपानुसार वह श्री बहुरूपवती हो जाती है।

लोक में भी सजीव शरीर को श्रीमान् कहते हैं, इसीलिये शरीर का नाम भी श्रीवास है।

श्रीपतिः–६०३

श्रीशब्दः पतिशब्दश्चोभावपि पृथक् पृथग् व्याख्यातौ । श्रियः पतिः श्रीपतिरिति षष्ठीतत्पुरुषसमासः । अत्र मन्त्रलिङ्गम्–

"श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ ।" यजुः ३१।२२ ॥

पतिशब्दात् स्त्रियां ङीपि, पतिशब्देकारस्य नत्वे च पत्नीशब्दः सिद्ध्यति, श्रीलक्ष्म्यौ पत्न्यौ यस्य, तयोः पतिरित्यर्थः । तयोश्च पाता=रक्षिता विष्णुरेवातो–विष्णुरेव श्रीपतिः, न तद्व्यवतिरिक्तः कश्चिदन्यः ।

लोके चापि पश्यामः, कश्चित् कस्माच्चित् किञ्चित् वस्त्वादत्ते, स च यावत् तन्न प्रत्यावर्तयति, तावत् स्वगर्भमिव रक्षति । अन्यच्च, दानिना निष्कामभावेन दत्तं, स विष्णुरेव पाति=रक्षति, तत्फलदानप्रतिभूः । अत एव स श्रीपतिरित्युच्यते ।

भवति चात्रास्माकम्–

स श्रीपतिर्विष्णुरिदं वितन्वन् श्रियं स्वयं पाति सना समग्राम् ।
लोकेऽस्ति दृश्यं बहुपुष्पजातं कस्तच्छ्रियं पाति स एव विष्णुः ॥१६३॥

श्रीपतिः–६०३ श्री का रक्षक

श्री शब्द और पति शब्द का पृथक्-पृथक् व्याख्यान किया जा चुका है ।

"श्रियः पतिः" श्री का पति=रक्षा करने वाला यह षष्ठी तत्पुरुष समास है ।

इस नाम में **"श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ"** (३१।२२) इत्यादि याजुष मन्त्र प्रमाण है ।

पति शब्द से स्त्रीत्व वाच्य होने पर 'ङीप्' तथा पति शब्द के इकार को नकार करने से पत्नी शब्द सिद्ध होता है । श्री और लक्ष्मी हैं पत्नी जिसकी, अर्थात् श्री और लक्ष्मी की रक्षा करने वाला केवल एक विष्णु ही श्रीपति है, उसके अतिरिक्त और कोई श्रीपति नहीं है ।

लोक में भी देखने में आता है, कोई किसी से कुछ वस्तु लेता है, वह जब तक उस वस्तु को वापस नहीं देता, तब तक उस वस्तु की गर्भ के समान रक्षा करता है तथा किसी दाता ने किसी को निष्काम भाव से दान दिया, उसके फल देने में प्रतिभूः 'जमानती' भगवान् विष्णु ही उस दान की रक्षा करता है, इसलिये उसका नाम श्रीपति है ।

भाष्यकार पद्य द्वारा अपने भाव को इस प्रकार स्पष्ट करता है–

भगवान् विष्णु का नाम श्रीपति है, क्योंकि वह इस विश्व का विस्तार करके, इसमें फैली हुई समस्त श्री की रक्षा करता है । लोक में पुष्पादि विभिन्न पदार्थों में स्थित श्री की वही रक्षा करता है, इसलिये उसका श्रीपति नाम सार्थक है ।

श्रीमतांवरः—६०४

श्रीशब्दात् "तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्" (पा० ५।२।९४) इति मतुप् प्रत्ययस्तदन्तस्य प्रातिपदिकसंज्ञायां षष्ठीबहुवचन आमि, श्रीमतामिति ।

वरः शब्दो वरणार्थकाद् 'वृञ्' इति सौवादिकाद्धातोः "ग्रहवृदृनिश्चिगमश्च" (पा० ३।३।५८) सूत्रेणाप्प्रत्यये गुणे रपरे च सिध्यति । निर्धारणे षष्ठी, श्रीमतांवर इति ।

भवतश्चात्रास्माकम्—

श्रीमज्जगत् सर्वमिहास्ति दृश्यं वरीतुमर्होऽस्ति स एव विष्णुः ।
तमाप्तवाचः कवयः पुराणाः स्तुवन्ति गायन्ति नमन्ति चान्ते ॥१६४॥

श्रीः सन्ति वेदा य उ तान् वृणोति श्रीमान् स उक्तः स वरः स मान्यः ।
ऋचाऽथ साम्ना यजुषा च नित्यं तं जागृवांसः कवयः स्तुवन्ति ॥१६५॥

अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत् परमं पदम् ।"
यजुः ३४।४४ ॥

श्रीमतांवरः—६०४

श्री शब्द से "यह इसका है या इसमें है" इस अर्थ में ताद्धित 'मतुप्' प्रत्यय तथा मतुबन्त की प्रातिपदिक संज्ञा तथा षष्ठी का बहुवचन आने से श्रीमतां पद सिद्ध होता है ।

वर शब्द, स्वादिगण पठित वरणार्थक 'वृञ्' धातु से भाव में 'अप्' प्रत्यय करने से सिद्ध होता है । यहां षष्ठी विभक्ति निर्धारण में है "न निर्धारणे" (पा० २।२।१०) सूत्र से समास का निषेध होता है ।

इस नाम का भावार्थ भाष्यकार इन पद्यों द्वारा प्रकट करते हैं—

यह जो जगत् हमें प्रत्यक्ष दीख रहा है, श्रीमत् है, किन्तु वरण करने "अपनाने" योग्य तो वही एक भगवान् विष्णु है जो सब श्रीमानों में श्रेष्ठ है, सत्यवक्ता पुरातन कवि पुरुष उसी का नमन, स्तवन तथा गायन करते हैं ।

श्री वेदरूप ज्ञान उसके पास है, इसलिये उसका नाम श्रीमान् है तथा वही सब में वर=श्रेष्ठ है और सब में मान्य=आदरणीय है, बोधवान् विद्वान् पुरुष उसका सदा ऋक्, यजुः तथा साम से स्तवन करते हैं ।

इसमें "तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते" यह वेद वचन प्रमाण है ।

श्रीदः—६०५

श्रीशब्दोपपदात् "डुदाञ् दाने" धातोः "आतोऽनुपसर्गे कः" (पा० ३।२।३) इति कर्त्रर्थे 'कः' प्रत्यय आल्लोपश्च, श्रींद इति। श्रियं ददातीति, श्रीश्च विष्णोरेव स्वीया, अतः स एव तस्या दाता, स एव च श्रीद इति।

अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"भूरिदा ह्यसि श्रुतः पुरुत्रा शूर वृत्रहन्। आ नो भजस्व राधसि।"

ऋक् ४।३२।२१॥

भवति चात्रास्माकम्—

श्रीदो हि विष्णुर्जगते ददाति श्रियं सदा भूरिविधामनन्ताम्।
वने जले विद्युति भेषु चोर्व्यां स केवलं [1]पञ्चति निष्प्रपञ्चः॥१६६॥

१—पञ्चति=विस्तारयति। पचि विस्तारवचने चौरादिको धातुः।

श्रीशः—६०६

श्रिय ईशः श्रीशः, षष्ठीतत्पुरुषसमासः, सांहितिको दीर्घश्च। श्रियो नियन्तेत्यर्थः।

श्रीदः—६०५

कर्मरूप श्री पद के उपपद होने पर दानार्थक 'डुदाञ्' धातु से कर्ता में 'क' कृत् प्रत्यय होता है तथा आकार का लोप हो जाता है, प्रातिपदिक संज्ञा और सु विभक्ति आने से श्रीद शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ है, श्री को देने वाला। श्री भगवान् की अपनी है, वह उसे दे सकता है, इसलिये उसी का नाम 'श्रीद' है।

इस अर्थ की पुष्टि इस वेद-वचन से होती है—"भूरिदा ह्यसि श्रुतः पुरुत्रा शूर" (ऋक् ४।३२।२१) इत्यादि।

भाष्यकार का पद्य द्वारा सारकथन इस प्रकार है—

श्रीद नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह विश्व के लिये बहुत प्रकार की अनन्त श्री का दान करता है। वह स्वयं प्रपञ्च रहित होकर भी इस बहुविध श्री का वन में, जल में, विद्युन्नक्षत्रादि ज्योति तथा पृथिवी में विस्तार करता है।

"पचि विस्तारवचने" धातु से पञ्चति णिच् के अभाव पक्ष में बनता है, जिसका अर्थ विस्तार करना है।

श्रीशः—६०६

श्री और ईश शब्द का षष्ठीतत्पुरुष समास होने से तथा संहिता में दीर्घ होने से श्रीश शब्द सिद्ध होता है। श्रीश शब्द का अर्थ है श्री का नियमन करने वाला।

भवति चात्रास्माकम्—

श्रीशोऽस्ति विष्णुः स युनक्ति लोकं श्रिया विचित्राभरणा च सा श्रीः।
लोकोऽस्ति तस्मात् प्रपदं विभक्तो निन्द्येन नन्द्येन [1]तदाश्रयेण॥१६७॥

१—तस्या आश्रयस्तदाश्रयः। आश्रयः पात्रम्। तद्यथा—सर्वाङ्गो विकलाङ्गश्च। सुरूपः, कुरूपश्च। सुगन्धिः, निर्गन्धश्च। तरुणो जीर्णश्च। बह्वपत्योऽनपत्यश्च। सदारो विदारश्च, दाराः स्त्री। सधनो निर्धनश्चेत्यादि, त्रिलिङ्गोपेतायां चतुर्विधसृष्ट्यां स्वयमूह्यम्। यथा—सुरूपः पुमान्, सुरूपा स्त्री, सुरूपमन्यत्। एतत् केवलं निदर्शनमात्रं दर्शितमस्माभिः।

श्रीनिवासः—६०७

श्रीशब्दः प्राग् व्याख्यातः।

निरुपसर्गपूर्वाद् वसतेरधिकरणे घञि वृद्धौ च निवासशब्दो निष्पद्यते। श्रिया न्युष्यते यत्रेति श्रीनिवासः। यत्र श्रीः सदा स्थिरा निवसतीत्यर्थः। एवं विधश्च भगवान् विष्णुरेव।

भाष्यकार श्रीश शब्द के भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम श्रीश है, क्योंकि वह इस विश्व को श्री से युक्त करता है तथा वह श्री विचित्रभरणा=विविध रूपों से नानाविध व्यवहारों का कारण है अर्थात् इस विलक्षण जगत् का वैलक्षण्य=वैविध्य सम्पादन का हेतु बहुरूपवती नानाविध श्री ही है। उसी के द्वारा यह सकल संसार पद-पद पर विभक्त होकर वैविध्यभाव को धारण करता है। श्रीरूप जो प्रभु की शक्ति है, वह आश्रयरूप पात्र के भेद से, निन्द्य, नन्द्य तथा अनिन्द्यानन्द्यरूप नाना भावों को धारण करती है।

जैसे कि—इस बहुविधरूप जगत् में कोई सर्वाङ्गपूर्ण है तो किसी में किसी अङ्ग की कमी भी है, कोई सुन्दर है तो कोई कुरूप भी है, किसी में सुन्दर गन्ध है तो किसी में गन्ध है ही नहीं, कोई युवा है तो कोई वृद्ध है, किसी के बहुत-सी सन्तान हैं तो किसी के एक भी नहीं, किसी के पास स्त्री है किसी के पास नहीं। इस प्रकार से पुरुष, स्त्री और नपुंसक रूप लिङ्गयुक्त चतुर्विध सृष्टि में विद्वानों को अपने आप समन्वय कर लेना चाहिये। यह तो हमने केवल उदाहरण मात्र दिखाया है।

श्रीनिवासः—६०७

श्री शब्द की सिद्धि प्रथम दिखा चुके हैं।

निवास शब्द—निरुपसर्ग पूर्वक "वस निवासे" धातु से अधिकरण में 'घञ्' तथा उपाधावृद्धि होने से सिद्ध होता है। श्री जहां निवास करती है, उसका नाम है श्रीनिवास अर्थात् जो श्री का नित्य अव्यभिचरित स्थान है, वह श्रीनिवास है ऐसा भगवान् विष्णु ही है, क्योंकि श्री का नित्य स्थान वही है।

भवति चात्रास्माकम्—

श्रियः समग्रा निहिता हि सूर्ये सूर्योऽस्ति विष्णुर्जगदस्ति विष्णौ ।
यथा[1] धनेशाकलकाधिसर्वं सन् मन्यते स्वामिनि तद्वदेतत् ॥१६८॥

१—आकलको=गणकः, कल संख्याने धातुः । धनेशस्याकलकः धनेशाकलकस्तस्मिन् सर्वमधिकृतं भवति वैभवं धनेशस्य, परन्तु गणकसमेतं सर्वं वैभवं धनेश एव निवसति वास्तवमेतत् । तथैव, प्रपदं गुणविभक्तमेतद् विश्वं तस्मिन्नेव सर्वपरिवृढे निवसति ।

तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।" यजुः ४०।१ ॥

श्रीनिधिः—६०८

श्रियो निधीयन्ते यस्मिन्निति श्रीनिधिः । निपूर्वकाद् धातोः **"कर्मण्यधिकरणे च"** (पा० ३।३।९३) सूत्रेणाधिकरणे 'किः' प्रत्यय आकारलोपो, विष्णुरेतन्नामवाच्यः ।

अत्रलिङ्गम्—

"निधीनान्त्वा निधिपतिँहवामहे ।" यजुः २३।१९ ॥
**"अपि तेषु त्रिषु पदेष्वस्मि येषु विश्वं भुवनमाविवेश ।
सद्यः पर्येमि पृथिवीमुतद्यामेकेनाङ्गेन दिवो अस्य पृष्ठम् ।"**
यजुः २३।५० ॥

श्रीनिवास शब्द का संक्षिप्तार्थ भाष्यकार अपने पद्य द्वारा प्रकट करता है—

श्रीनिवास नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि श्री का केन्द्र स्थान सूर्य है तथा सूर्य और विष्णु एक ही है । यह सकल जगत् विष्णु में है । जैसे किसी धनी पुरुष का सब आय-व्यय-गणक के हाथ में होते हुए भी वह आकलक और सब सम्पत्ति धनी की होती है तथा वह आकलक भी उसे अपने स्वामी की ही मानता है । इसी प्रकार श्री का केन्द्र स्थान सूर्य होने पर भी सूर्य और श्री सब विष्णु के ही हैं । इसमें **"ईशा वास्यमिदम्"** (यजुः ४०।१) इत्यादि वेद-वचन प्रमाण है ।

श्रीनिधिः—६०८

श्री का जो निधि=स्थिति स्थान है, उसका नाम श्रीनिधि है । निधि शब्द—निपूर्वक 'धाञ्' धातु से अधिकरण अर्थ में 'कि' प्रत्यय और आकार का लोप करने से बनता है ।

विष्णु भगवान् के इस नाम में यह **"निधीनान्त्वा निधिपतिम्"** इत्यादि (यजुः २३।१९) का वचन प्रमाण है तथा **"अपि तेषु त्रिषु पदेष्वस्मि"** (यजुः २३।५०) इत्यादि मन्त्र भी प्रमाण है ।

भवति चात्रास्माकम्—

स श्रीनिधिर्विष्णुरिहास्ति गम्यः पदानि यस्मिन् त्रिवृतानि तस्थुः ।
तं श्रीनिधिं ध्यायति तत्त्वविद् यः स श्रीनिधिः सन् व्रियते सदार्थैः ।।१६६।।

श्रीविभावनः—६०६

व्युपसर्गपूर्वको "भू सत्तायाम्" भौवादिको धातुस्तस्माद् णिजन्ताद् "नन्द्यादिलक्षणो" (द्र० पा० ३।१।१३४) ल्युः ल्युड् वा बाहुलकात्, णेर्लोपो, योरनादेशो, विभावयतीति विभावनः, श्रियः विभावनः श्रीविभावनः, श्रीर्विभाव्यतेऽनेनेति वा । श्रीविभावनो विष्णुः ।

श्रियश्च विभावनं विविधरूपैः परिणमनम्—यतो हि उपसर्गवशाद्धात्वर्थः परिवर्तते । यदुक्तं—

उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते ।
प्रहाराहारसंहारविहारपरिहारवत् ।। इति वैयाकरणसमयः ।

सूर्योऽपि श्रीविभावन नाम्ना स्तूयते ।

भाष्यकार का अपने पद्य द्वारा श्रीनिधि नाम के भावार्थ का कथन इस प्रकार है—

श्रीनिधि नाम भगवान् विष्णु का है । वही सब के ज्ञान का विषय है, अर्थात् उसी का ज्ञान सबको होना चाहिये, जिससे यह त्रिवृत् पद-समूह अर्थात् सकल भुवन जो कि त्रिगुणमय या त्रिपर्व युक्त स्थित है । जो तत्त्ववेत्ता पुरुष ऐसे भगवान् श्रीनिधि का ध्यान करता है, उसको सब प्रकार के अर्थ=प्रयोजनीय वस्तुएं स्वयं प्राप्त हो जाती हैं और वह स्वयं श्रीनिधि रूप बन जाता है ।

श्रीविभावनः—६०६

'वि' उपसर्ग पूर्वक "भू" यह भ्वादिगण पठित सत्तार्थक धातु है, इस णिजन्त से नन्द्यादि-लक्षण 'ल्यु' अथवा बाहुलक से ल्युट् प्रत्यय करने तथा ल्यु के यु को अनादेश और णि का लोप करने से विभावन शब्द सिद्ध होता है । श्री का जो विभावन=विविधरूप से परिणमन करे उसका नाम श्रीविभावन है । यहाँ वि उपसर्ग की शक्ति से भू धातु का परिणमन=परिणाम करना अर्थ हो जाता है, क्योंकि वैयाकरणों का ऐसा सिद्धान्त है कि उपसर्ग के बल से धातु के अर्थ का परिवर्तन हो जाता है । जैसे "हृञ् हरणे" धातु का प्र—सम्—वि—तथा परि उपसर्गों के बल से भिन्न-भिन्न अर्थ हो जाता है ।

सूर्य की स्तुति भी श्रीविभावन नाम से की जाती है ।

भवति चात्रास्माकम्—

श्रियं स विष्णुः प्रपदं विभज्य गुणेन रूपेण पृथक् च नाम्ना।
श्रिया विभातं कुरुते च विश्वं स्वयं श्रिया तत्र विभाति नित्यम् ॥१७०॥

श्रीधरः—६१०

श्रियो धरः श्रीधर इत्यत्र 'धृञ् धारणे' धातोः पचाद्यचि शेषषष्ठ्या समासः।

अत्र यद् वक्तव्यं तन्महीधरम्नो (३१७) व्याख्याने सविस्तरमुक्तमस्माभिः।

भवति चात्रास्माकम्—

स श्रीधरो विष्णुरनन्तशोभः श्रियञ्च दार्धति विचित्रचित्राम्।
नामानि लोके विविधानि तस्याः श्रियं स षट्केन बिभर्त्यृतूनाम् ॥१७१॥

श्रीकरः—६११

श्रीशब्दसिद्धिर्दर्शिता।

करः—"डुकृञ् करणे" इति धातोः "कृञो हेतु ताच्छील्यानुलोम्येषु" (पा० ३।२।२०) सूत्रेण हेत्वादिधर्मविशिष्टे कर्तरि टः प्रत्ययो रपरो गुणश्च।

भाष्यकार इस अर्थ को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु इसलिये श्रीविभावन है क्योंकि वह इस विश्व को तथा विश्व के प्रत्येक पदार्थ को नाम रूप गुण भेदों में विभक्त कर श्री के द्वारा शोभित करता है और स्वयं भी उस श्री के द्वारा नित्य देदीप्यमान रहता है।

श्रीधरः—६१०

यहां "धृञ् धारणे" धातु से पचाद्यच् प्रत्यय करने से धर शब्द सिद्ध होता है तथा श्री और धर शब्द का षष्ठीतत्पुरुष समास होने से श्रीधर शब्द सिद्ध होता है। यहां के कथनीय विवरण को हमने महीधर नाम (३१७) के व्याख्यान में विस्तार पूर्वक कह दिया है।

भाष्यकार ने अपने पद्य द्वारा इसके भावार्थ का कथन इस प्रकार किया है—

भगवान् विष्णु का नाम श्रीधर है, क्योंकि उसकी शोभा अपार है तथा वह विलक्षण विलक्षण शोभा को धारण करता है। उसके नाम भी लोक में विविध हैं तथा वह ऋतुओं की श्री को छह रूप में धारण करता है।

श्रीकरः—६११

श्री शब्द की सिद्धि दिखादी गई है।

कर शब्द—करणार्थक 'डुकृञ्' धातु से ताच्छील्यादि विशिष्ट कर्ता अर्थ में 'ट' प्रत्यय, गुण और रपर होने से सिद्ध होता है।

श्रियः करः कारणं, तच्छीलोऽनुकूलो वा श्रीकरः शोभाकरो, विभूतिकरो, विचित्रगुणबलादिकरो वा। एवंविधश्च भगवान् विष्णुरेव।

भवति चात्रास्माकम्—

'स श्रीकरो विष्णुरनन्तलोकान् करोति गर्भे स्वक एव यस्मात्।
तस्मात् स उक्तः कविभिः पुराणैः प्रभाकरो भास्कर एव वा सः ॥१७२॥

१—स विष्णुः सूर्यो वा।

श्रेयः—६१२

प्रशस्यशब्दात्—अतिशयद्योत्येऽर्थे **"द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ"** (पा० ५।४।५७) सूत्रेण 'ईयसुन्' प्रत्ययस्तस्मिँश्च **"प्रशस्यस्य श्रः"** (पा० ५।३।६०) सूत्रेण प्रशस्यस्य श्रादेशः, **"टेः"** (पा० ६।४।११५) इति प्राप्तष्टिलोपः **"प्रकृत्यैकाच्"** (पा० ६।४।१६३) सूत्रेण प्रकृतिभावविधानेन निषिध्यते, 'श्र—ईयस्' इति स्थितौ **"आद् गुणः"** (पा० ६।१८४) इति गुणः, प्रातिपदिकसंज्ञा, तन्निमित्ते च कार्ये विहिते श्रेय इति।

मनुष्यवर्गस्य कृते प्रवृत्तिनिवृत्तिरूपो द्विविधो मार्गः निर्दिष्टः शास्त्र-

---

श्रीकर शब्द का अर्थ 'श्री का करने वाला, श्री का हेतु, श्री के अनुकूल अर्थात् शोभा सम्पत्ति अथवा विचित्र गुण बलादि का करने वाला' ऐसा होता है और ऐसा भगवान् विष्णु ही है इसलिये भगवान् विष्णु का नाम श्रीकर है।

भाष्यकार का पद्य द्वारा भाव प्रकाशन इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु का नाम श्रीकर है, क्योंकि वह अपने गर्भ में स्थित लोकों को अथवा प्रकाशों को बाहर प्रकाशित करता है। इसलिये प्राचीन कवि=प्राक्तन विद्वान् पुरुष उसकी प्रभाकर अथवा भास्कर नाम से स्तुति भी करते हैं। यहां श्रीकर नाम से विष्णु और सूर्य का अभिन्न रूप से ग्रहण है।

श्रेयः—६१२

प्रशस्य शब्द से अतिशय प्रकट करने के अर्थ में ताद्धित 'ईयसुन्' प्रत्यय और उसके परे रहते प्रशस्य शब्द को "श्र" आदेश होता है और "टेः" सूत्र से प्राप्त 'टि' का लोप "प्रकृत्यैकाच्" (पा० ६।१।१६३) सूत्र से प्रकृतिभाव होने से नहीं होता। गुण, प्रातिपदिक संज्ञा तथा स्वादि कार्य होने से श्रेय शब्द सिद्ध होता है।

शास्त्रकारों ने मनुष्य वर्ग के लिये दो प्रकार के मार्ग का निर्देश किया है, जिसको प्रवृत्ति तथा निवृत्ति नाम से कहते हैं। उसी द्विविध मार्ग का नाम प्रेय तथा श्रेय है।

कृद्भिः स एव द्विविधो मार्गः श्रेयःप्रेयःशब्दाभ्यामभिधीयते । यथा च कठोपनिषदि (१।२।२)—

श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतस्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः ।
श्रेयो हि धीरोऽभिप्रेयसो वृणीते प्रेयो मन्दो योगक्षेमौ वृणीते ॥

श्रेयो निवृत्तिमार्गो भगवत्प्राप्तिकरः, प्रेयश्च प्रवृत्तिमार्गो लौकिकभोगप्रापकः । श्रेयो विष्णुः सूर्यो वा । तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"परि चिन्मर्त्तो द्रविणं ममन्यादृतस्य पथा नमसा विवासेत् ।
उत स्वेन क्रतुना सं वदेत श्रेयांसं दक्षं मनसा जगृभ्यात् ।"

ऋक् १०।३१।२ ॥

श्रेयःशब्दस्य श्रेयसे, श्रेयांसः, श्रेयांसमित्यादिबहुविभक्त्यन्ताः प्रयोगाः वेद उपलभ्यन्ते, निदर्शनमस्माभिः प्रदर्शितम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

श्रेयो हि विष्णुः स उ वास्ति दक्षः स एव सूर्यः स उ वास्ति यज्ञः ।
स एव लभ्यः स उ वास्ति वाच्यः श्रेयांसमेनं कवयः स्तुवन्ति ॥१७३॥

श्रीमान्—६१३

श्रियोऽस्य सन्तीति श्रीमान् । श्रीशब्दात् — "तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्" (पा० ५।२।९४) सूत्रेण मतुप् प्रत्ययः, प्रातिपदिकसंज्ञा, सुविभक्तिः, अत्वन्तलक्षणो दीर्घश्च, श्रीमानिति ।

इसका वर्णन कठोपनिषद् (१।२।२) के "**श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतस्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः**" इत्यादि मन्त्र में किया है । श्रेय नाम निवृत्ति मार्ग का है, जिससे भगवान् की प्राप्ति होती है और प्रेय नाम प्रवृत्ति मार्ग का है जिससे लौकिक भोगों की प्राप्ति होती है । श्रेय नाम भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का है । इसमें "**परि चिन्मर्त्तो ......श्रेयांसं दक्षं मनसा जगृभ्यात्**" इत्यादि ऋक् मन्त्र (१०।३१।२) प्रमाण है । वेद में इस शब्द का बहुत-सी विभक्तियों में प्रयोग मिलता है ।

भाष्यकार पद्य द्वारा इस अर्थ को इस प्रकार प्रकट करता है—

श्रेय नाम भगवान् विष्णु का है और वही दक्ष, सूर्य तथा यज्ञ है । वही सबका प्राप्य है तथा वही निगमागम का वाच्यार्थ तत्त्व है तथा उसीकी विद्वान् महात्मा पुरुष 'श्रेय' नाम से स्तुति करते हैं ।

श्रीमान्—६१३

जिसका श्री से सम्बन्ध है या जिसके पास में श्री है उसका नाम श्रीमान् है । श्री शब्द से "इसकी है या इसमें है" इस अर्थ में मतुप् प्रत्यय तथा मतुप्प्रत्ययान्त की प्रातिपदिक संज्ञा, सुविभक्ति और अत्वन्त लक्षण दीर्घ होने से 'श्रीमान्' शब्द सिद्ध होता है ।

भवति चात्रास्माकम्—

श्रीमान् स विष्णुः कुरुतेऽधि सर्वं न तद्विना श्रीर्भुवनेऽस्ति दृश्या ।
श्रीमान् मनुष्योऽपि भवेत् सुयज्ञो यज्ञेषु सर्वेषु ततः स एव ।।१७४।।

लोकत्रयाश्रयः—६१४

लोकशब्दो 'लोकृ दर्शने' धातोः **"हलश्च"** (पा० ३।३।१२१) सूत्रेण कर्मण्यधिकरणे वा घञ् प्रत्ययेन सिध्यति। लोक्यत इति, लोक्यते यत्रेति वा लोकः।

त्रय इति त्रिशब्द उणादिड्रिप्रत्ययान्तः, ततः **"संख्याया अवयवे तयप्"** (पा० ५।२।४२) सूत्रेण तयप् प्रत्ययोऽवयवार्थे। तस्य च **"द्वित्रिभ्यां तयस्याऽयज्वा"** (पा० ५।२।४३) सूत्रेण अयजादेशो वैकल्पिको, भत्वात् **"यस्येति च"** (पा० ६।४।१४८) इतीकारलोपः, त्रयमिति, पक्षे च त्रितयम्।

आश्रयः=आश्रीयत इति 'अकर्तरि च कारके'ऽधिकारे **"एरच्"** (पा० ३।३।५६) सूत्रेण कर्मणि अच् प्रत्ययः, गुणायादेशौ, सुवादिः, आश्रयः। लोकानां त्रयं भूर्भुवःस्वर्लक्षणं, तस्य=आसमन्ताद् आधारभूत इत्यर्थः। स च विष्णुः सूर्यो वा। मन्त्रलिङ्गम्—

भाष्यकार इसका भाव पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम श्रीमान् है क्योंकि जो कुछ हमारे इन्द्रियों का गोचर या उससे अतिरिक्त है, वह सब उसी के अधिकार में है। उससे अतिरिक्त लोक में श्री की कोई सत्ता ही नहीं है। अच्छे-अच्छे यज्ञ करने वाला मनुष्य भी श्रीमान् होता है, क्योंकि सब यज्ञों में भगवान् विष्णु की ही सत्ता है अथवा विष्णु ही यज्ञ हैं।

लोकत्रयाश्रयः—६१४

लोक शब्द—दर्शनार्थक 'लोकृ' धातु से कर्म या अधिकरण अर्थ में घञ् प्रत्यय करने से बनता है। जो देखा जाये वा जिसमें देखा जाये उसका नाम लोक है।

त्रय शब्द—उणादि ड्रि प्रत्यय से सिद्ध त्रि शब्द से अवयवार्थ में ताद्धित तयप् और तयप् को विकल्प से अयच् आदेश करने से सिद्ध होता है। अयच् पक्ष में 'भ' संज्ञा होने से **"यस्येति च"** (पा० ६।४।१४८) सूत्र से इकार का लोप हो जाता है। पक्ष में त्रितय शब्द बनता है।

आश्रय शब्द—"श्रिञ्" सेवार्थक धातु से कर्म में अच् प्रत्यय, प्रातिपदिकसंज्ञा तथा स्वादि कार्य करने से सिद्ध होता है। लोकों के जो तीन अवयव 'भूः, भुवः तथा स्वः' रूप हैं तथा उनका सब प्रकार से जो आधार भूत है, उसका नाम है "लोकत्रयाश्रय।" विष्णु और सूर्य दोनों ही इस नाम के वाच्य हैं।

"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।"
ऋक् १।१५४।२ ॥

"परि द्यावापृथिवी याति सद्यः ।" ऋक् ३।५८।८॥

भवति चात्रास्माकम्—

लोक त्रयं संश्रयते स विष्णुर्लोकत्रयं संश्रयते च सूर्यः ।
लोकत्रयं संश्रयते च देही त्रिलोकयातं मनुते मनश्च ॥१७५॥

स्वक्षः—६१५

शोभनं—अशनं—व्यापनं यस्येति सुपूर्वो बहुव्रीहिः । "अशूङ् व्याप्तौ" धातोरुणादिक्सौ (३।१५५) 'अक्षि'शब्दः सिध्यति । सु—अक्षि "बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच्" (पा० ५।४।११३) सूत्रेण षच् प्रत्ययः समासान्तः, "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) सूत्रेणेकारलोपः, सोर्विसर्गो, यण् वकारश्च, स्वक्ष इति । अक्षि शब्दो व्याप्त्यर्थको विषयाणां व्यापनात् ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"श्रिये सुदृशो वपुरस्य सर्गाः ।" ऋक् ४।२३।६ ॥
"तव श्रिया सुदृशो देव देवाः ।" ऋक् ५।३।४ ॥
"अग्निं सुदीतिं सुदृशं गृणन्तो नमस्यामस्त्वेड्यं जातवेदः ।"
ऋक् ३।१७।४ ॥

इस नाम के विष्णुवाचक होने में **"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा"** इत्यादि ऋङ्मन्त्र (३।५८।८) प्रमाण हैं ।

इसके भावार्थ का भाष्यकार अपने पद्य से इस प्रकार कथन करता है—

भगवान् विष्णु, सूर्य तथा आत्मा ये सभी विभु होने से तीनों लोकों को अपना आश्रय बनाये हुए हैं अर्थात् लोकत्रय इन से व्याप्त है । इसी प्रकार देही=आत्मा के सम्बन्ध से मन भी लोकत्रय को आश्रित किये हुए है, अर्थात् इसे अपना आश्रय समझे हुये है ।

स्वक्षः—६१५

'अशूङ्' यह व्यापनार्थक धातु है । इससे उणादि क्सि प्रत्यय होने से अक्षि शब्द होता है तथा सु उपसर्ग के साथ अक्षि शब्द बहुव्रीहि समास होने से और समासान्त षच् प्रत्यय होने से स्वक्ष शब्द सिद्ध होता है । सामान्यतः अक्षि नाम इन्द्रियों का है, क्योंकि वे विषयों का व्यापन करती हैं ।

इसमें **"श्रिये सुदृशो वपुरस्य सर्गाः"** (ऋक् ४।२३।६) **"तव श्रिया सुदृशो देव देवाः"** (ऋक् ५।३।४) **"अग्निं सुदीतिं सुदृशं गृणन्तो..."** (ऋक् ३।१७।४) ।

"तं सुप्रतीकं सुदृशं स्वञ्चमविद्वांसो विदुष्टरं सपेम ।
स यक्षद् विश्वा भुवनानि विद्वान् प्र हव्यमग्निरमृतेषु वोचत् ।"
ऋक् ६।१५।१० ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स्वक्षः स विष्णुर्भुवनानि पश्यन् हिरण्मयेनाथ रथेन याति ।
स एव चक्षुः सकलस्य लोके स्तुवन्ति देवाः सुदृशं सदाग्निम् ॥१७६॥

स्वङ्गः—६१६

शोभनानि अङ्गानि=गमनानि यस्य स स्वङ्गः । 'अगि गतौ' इति भौवादिकधातोः पचाद्यचि भावे घञि वा—अङ्गः, इदित्वान्नुम् । सुपूर्वो बहुव्रीहिः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अग्रे बृहन्नुषसामूर्ध्वो अस्थान्निर्जगन्वान् तमसो ज्योतिषागात् ।
अग्निर्भानुना रुषता स्वङ्ग आ जातो विश्वा सद्मान्यप्राः ।"
ऋक् १०।१।१ ॥

"श्रिये सुदृशो वपुरस्य सर्गाः……।" ऋक् ४।२३।६ ॥

तथा "तं सुप्रतीकं सुदृशं स्वञ्चमविद्वांसो……" (ऋक् ६।१५।१०) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं ।

भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस भाव को यों प्रकट करता है—

अच्छे प्रकार से व्यापन करने के कारण भगवान् विष्णु का नाम स्वक्ष है, क्योंकि वह हिरण्यरूप प्रकाशमय रथ में स्थित सकल भुवनों को देखता हुआ चलता है । वही सकल लोक का चक्षु है तथा देव गण अग्नि की भी सुदृश नाम से स्तुति करते हैं अथवा उस भगवान् विष्णु की ही सुदृश नाम अग्नि के रूप में स्तुति करते हैं ।

स्वङ्गः—६१६

'अगि गतौ' इस धातु से पचादि अच् अथवा भाव में घञ् प्रत्यय करने से अङ्ग शब्द सिद्ध होता है तथा सु उपसर्ग के साथ अङ्ग शब्द का बहुव्रीहि समास होने से स्वङ्ग शब्द सिद्ध होता है । यहां इदित् होने से नुम् हो जाता है ।

शोभन=सुन्दर अङ्ग=गति वाले का नाम है स्वङ्ग । इसमें "अग्रे बृहन्नुषसामूर्ध्वो……अग्निर्भानुना रुषता स्वङ्ग आ जातो विश्वा सद्मान्यप्राः" (ऋक् १०।१।१) तथा "श्रिये सुदृशो वपुरस्य सर्गाः" (ऋक् ४।२३।६) इत्यादि वेद-वचन प्रमाण हैं ।

भवति चात्रास्माकम्—

स्वङ्गो हि विष्णुर्गमयन् स विश्वं साङ्गैः शुभाङ्गैः कुरुते च विश्वम् ।
स्वाङ्गो हि गीतः, कुरुते स्थिराङ्गं यैः प्राणिमात्रं कुरुते क्रियाः स्वाः ॥१७७॥

शतानन्दः—६१७

शतशब्दोऽनन्तपर्यायः प्राग्व्याख्यातः ।

आनन्दशब्द आङ्पूर्वंदिकाद् "टुनदि समृद्धौ" इति भौवादिकाद् धातोर्भावे घञि, इदित्त्वान्नुमि, मत्वर्थीयेऽचि च सिध्यति । शतम् अनन्ता आनन्दा यस्मिन् यस्य वा स शतानन्दः । सर्वत्र विश्वे सर्वेणानुभूयमानः प्रसादः किन्निमित्तक इति विचार्यमाणे, विष्णोरेवानन्दरूपात् स सर्वत्र प्रसृत इति पर्यवसीयते । विकारम-भजमानं प्रकृतिस्थं वस्तु विष्णुसाम्यं भजदानन्दमनुभवति ।

अथवा यल्लब्ध्या समृद्धोऽहमिति मनसि प्रसत्तिर्जायते सैवानन्दशब्देनोच्यते । तत्र विषयनिमित्तो नानन्दः, किन्त्वानन्दाभासः सः, क्षणिकत्वात् तस्य । यज्ज्ञात्वा समृद्धार्थो भवति जीवः स एव वस्तुत आनन्दः । अपरथा ज्ञानमेवानन्दस्तस्य

भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इसके भाव का कथन इस प्रकार करता है—

भगवान् विष्णु का नाम स्वङ्ग है, क्योंकि वह विश्व को गति देता हुआ सुन्दर समान अङ्गों से युक्त इस विश्व को बनाता है । जिनके द्वारा प्राणिमात्र अपनी सब क्रियाएं करता है, वही स्वाङ्ग नाम से गाया जाता है ।

शतानन्दः—६१७

शत शब्द अनन्त शब्द का पर्य्यायवाचक शब्द है । आनन्द शब्द—आङ्पूर्वक भ्वादिगण पठित समृद्ध्यर्थक 'टुनदि' धातु से भाव में घञ्, इदित् होने से नुम् तथा मत्व-र्थीय अच् करने से सिद्ध होता है । अनन्त हैं आनन्द जिसके अथवा जिसमें वह है 'शतानन्द' यह शतानन्द शब्द का वाच्यार्थ है । इस विश्व में प्रत्येक प्राणी को आनन्द का अनुभव होता है, किन्तु वह कहां से आया ? ऐसा विचार होने पर निश्चय यही होता है कि जहां आनन्द है वहीं से आयेगा । आनन्दरूप भगवान् विष्णु है, इसलिये जगत् के मूल कारण भगवान् विष्णु से ही जगत् में आनन्द का प्रसार हुआ है ।

प्रकृतिस्थ वस्तु, जिसमें किसी प्रकार का विकार नहीं हुआ है, वह विष्णु के समान ही आनन्दरूप होती है अथवा जिस वस्तु की प्राप्ति से अपने आप में समृद्धत्व की भावना हो, वह वस्तु आनन्द शब्द से कही जाती है । विषय हेतुक आनन्द, आनन्द नहीं होता, किन्तु आनन्दभास होता है, क्योंकि वह क्षणिक है, जिसकी जानकारी से यह जीव समृद्ध= सफल मनोरथ होता है, वह वस्तुतः वास्तविक आनन्द है । दूसरी प्रकार से ज्ञान का नाम

चानन्त्यं, "अनन्ता वै वेदाः" (तै० ब्रा० ३।१०।११) इति वचनात् । सर्वञ्चैतत् शतानन्दरूपे ब्रह्मानन्दे परिसमाप्नोति । तस्मात् शतानन्दः स विष्णुः । शतानन्दाद् व्यतिरिक्तं यत्सर्वमनानन्दं तद् दुःखपर्यायेण निर्ऋतिशब्देनोच्यते । तद्यथा—

"बहुप्रजा निर्ऋतिमाविवेश ।" ऋक् १।१६४।३२ ॥

प्रार्थना च निर्ऋतिर्न नो प्राप्नुयात् । यथा—

"द्यौश्च नः पृथिवी च प्रचेतस ऋतावरी रक्षतामंहसोरिषः ।
मा दुर्विदत्रा निर्ऋतिर्न ईशत तद् देवानामवो अद्या वृणीमहे ।"
ऋक् १०।३६।२ ॥

"दुष्ष्वप्न्यं निर्ऋतिम्" (ऋक् १०।३६।४) इति दुष्ष्वप्न्यं निर्ऋत्या विशेषणम् । मन्त्रे चास्मिन्नादित्यसम्बन्धि शर्म प्रार्थ्यते । तत्र मन्त्रो यथा—

"ग्रावा वदन्नप रक्षांसि सेधतु दुष्ष्वप्न्यं निर्ऋतिं विश्वमत्रिणम् ।
आदित्यं शर्म मरुतामशीमहि तद् देवानामवो अद्या वृणीमहे ।"
ऋक् १०।३६।४ ॥

एवं वेदे बहुत्र निर्ऋतिशब्दो दृश्यते, तद् दुःखरूपनिर्ऋत्या निवृत्तये देवकर्तृकम् अवः=रक्षणं समीह्यते, यतो हि भगवन्तं शतानन्दमवाप्तुं तत्र स्थातुञ्च सकलानां जीवानां स्वाभाविकी प्रवृत्तिः ।

मृत्युरपि निर्ऋतिस्तत्र "एषा त्वा पातु निर्ऋतेरुपस्थात्" इति (१०।१८।१०) ऋग्वचनं लिङ्गम् ।

ही आनन्द है और वह अनन्त है, जैसाकि "अनन्ता वै वेदाः" (तै० ब्रा० ३।१०।११) यह आर्ष वचन है । किन्तु यह सकल आनन्द समूह उस भगवान् शतानन्द में समाप्त होता है:=समा जाता है, इसलिये उस भगवान् का नाम शतानन्द है ।

निर्ऋति शब्द दुःख का पर्य्यायवाचक शब्द है । जैसाकि "द्यौश्च नः पृथिवी च ......निर्ऋतिर्न ईशत तद्देवानामवो अद्या वृणीमहे ।" (ऋक् १०।३६।२) तथा "दुष्ष्वप्न्यं निर्ऋतिः" इत्यादि (ऋक् १०।३६।४) मन्त्रों से स्पष्ट है । इस मन्त्र में कल्याण की प्रार्थना आदित्य से की गई है, जैसे "ग्रावा वदन्नप रक्षांसि सेधतु दुष्ष्वप्न्यं निर्ऋतिं विश्वमत्रिणम्" इत्यादि (ऋक् १०।३६।४) । इस प्रकार वेद में निर्ऋति शब्द का बहुत प्रयोग आता है ।

दुःख रूप निर्ऋति के निवारण के लिये देव से रक्षा की प्रार्थना की जाती है, क्योंकि भगवान् शतानन्द को प्राप्त करने के लिये जीवों की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है । मृत्यु का नाम भी निर्ऋति है । जैसा कि "एषा त्वा पातु निर्ऋतेरुपस्थात्" इस ऋग्वचन (१०।१८।१०) से सिद्ध है ।

भवति चात्रास्माकम्—

शतानन्दः स वै विष्णुस्ते वा ये तदुपासकाः ।
देवा देवगणा वापि सर्वे वा [1]लोकविग्रहाः ॥१७८॥

१—लोकविग्रहा इति यदुक्तम्, तत्र—

अप्तत्त्वबहुलो मत्स्योऽप्सु समेधते, पृथिव्याञ्चासौ निर्ऋतिमाविशति । एवं पृथिवीतत्त्वबहुलं मनुष्यादीनां वपुः पृथिव्यां शतानन्देन समेधते, अप्सु निर्ऋतिं लभते । एतेनैवं विज्ञायते यत्—

यथास्वतत्त्वावस्थानं सुखं=आनन्दः, स्वतत्त्वाद्विच्युत्य परतत्त्वप्राप्तिर्दुःखं=निर्ऋतिः ।

सूर्यो जगतस्तस्थुषश्चात्मेति, स सुखं दुःखं वा न प्राप्नोति, किन्तु स्थानान्तरेण नभसा गच्छन् लोकान् सुखेन दुःखेन वा योजयति, परन्तु नैतदनन्तानन्दरूपे ब्रह्मणि सङ्गच्छतेऽतः स शतानन्दः ।

भवति चात्रास्माकम्—

विश्वे शतानन्दमयेन सृप्तं नन्दं स विष्णुः सकलाय राति ।
न निर्ऋतिं काङ्क्षति कोऽपि जीवो वाञ्छन् शतानन्दमयस्य चाङ्कम् ॥१७९॥

भाष्यकार का संक्षिप्त भावार्थ इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु, भगवान् के उपासक देव, देवगण तथा ये पांच भौतिक लोक सभी शतानन्द रूप हैं ।

लोकविग्रह शब्द की स्वयं भाष्यकार इस प्रकार व्याख्या करता है—

मत्स्य जो एक प्रकार का जल-जन्तु है, उसमें जल तत्त्व की प्रधानता है तथा वह जल में समृद्ध=आनन्दित होता है और जल के अभाव वाले स्थल में वह निर्ऋति=दुःख को प्राप्त हो जाता है । इसी प्रकार पृथिवीतत्त्व प्रधान मनुष्यादिकों का पार्थिव शरीर पृथिवी के द्वारा समृद्ध=आनन्दित होता है । जल आदि में दुःख को प्राप्त होता है वा नष्ट हो जाता है ।

इससे यह प्रतीत होता है कि अपने समान तत्त्व वाले स्थान में सुख तथा अपने से विरुद्ध तत्त्व वाले स्थान की प्राप्ति में दुःख है, जिसका दूसरा नाम निर्ऋति है ।

भगवान् सूर्य, सकल स्थावर जङ्गम रूप जगत् का आत्मा है, किन्तु वह स्वयं सुख या दुःख को प्राप्त नहीं होता, परन्तु अन्तरिक्ष मार्ग से जाता हुआ लोक को सुख दुःख से युक्त करता है । अनन्तानन्द रूप ब्रह्म इस प्रकार के सम्बन्ध से भी शून्य है । इसलिये वह शतानन्द है ।

भाष्यकार का पद्यबद्ध भावार्थ इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु का नाम शतानन्द है और वह अपने इस शतानन्द रूप से जगत् में व्याप्त है तथा सकल विश्व के लिये आनन्द देता है । कोई छोटे-से-छोटा और बड़े-से-बड़ा भी जीव निर्ऋति=दुःख नहीं चाहता, क्योंकि सब की भगवान् की गोद या सन्निधि में बैठने की इच्छा होती है ।

नन्दिः—६१८

'टुनदि समृद्धौ" धातोरौणादिकः "इन्" प्रत्ययः, इदित्त्वान्नुम् नन्दति, समर्धत इति नन्दिर्विष्णुः सूर्यो वा।

लोकेऽपि पश्यामः—चक्रमयमिदं विश्वं सर्वदा समृध्यमानं दृश्यते। दृश्यते चोदेत्य सूर्योऽन्तरिक्षे समर्द्धमानः। यत्र च यज्ज्योतिषा भावताञ्चक्रं समेधते स विष्णुर्नन्दिः। अस्याञ्च चतुर्विधायां सृष्टौ सर्वं नन्दति=समर्धते। यथा—सर्वोऽपि प्राणिवर्गः स्वसन्तानपरम्परया नन्दति, तथा— क्षुपलतावृक्षादयोऽपि निरन्तरं समेधन्ते। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"सर्वे नन्दन्ति यशसागतेन।" ऋक् १०।७१।१० ॥

भवति चात्रास्माकम्—

सूर्यो हि नन्दिः स समृद्ध्यमानो यथा जनैः खे परिलोक्यते वै।
विष्णुस्तथा विश्वमिदं समस्तं समृद्धयमानं कुरुते ह्यजस्रम् ॥१८०॥

ज्योतिर्गणेश्वरः—६१९

"द्युत दीप्तौ" इति भौवादिकाद्धातोः "द्युतेरिसिन्नादेश्च जः" (२।११०) इत्युणादिसूत्रण "इसिन्" प्रत्ययो धातोरादेर्दकारस्य जकारादेशश्च, गुणो, ज्योतिः। द्योतत इति ज्योतिः। ज्योतिः=प्रकाशग्रहनक्षत्राग्नयः तात्स्थ्यात्।

नन्दिः—६१८

'टुनदि समृद्धौ' धातु से उणादि इन् प्रत्यय और इदित् होने से नुम् का आगम तथा प्रातिपदिक संज्ञा और स्वादि कार्य करने से 'नन्दि' शब्द सिद्ध होता है, जो समृद्ध=उदित =उन्नत होता है उसका नाम 'नन्दि' है। यह भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का नाम है।

प्रत्यक्ष में यह विश्व चक्र रूप से बढ़ता हुआ ही दीखता है। सूर्य भी पूर्व दिशा में उदित होकर अन्तरिक्ष में बढ़ता हुआ दीखता है। जिसमें और जिसकी ज्योति से सूर्य चन्द्रादि सहित नक्षत्रादि ज्योतियों का समूह समृद्ध होता है, उस विष्णु का नाम नन्दि है और इस चार प्रकार की सृष्टि में सब समृद्ध होते हैं। जैसे— सब प्राणिवर्ग अपनी सन्तान परम्परा से समृद्ध होते हैं, छोटे-छोटे पौधे, लता, वृक्षादि भी निरन्तर बढ़ते हैं। इसमें— "सर्वे नन्दन्ति यशसागतेन" (ऋक् १०।७१।१०) मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार का पद्य द्वारा सरल तथा संक्षिप्तार्थ प्रकाशन इस प्रकार है—

विष्णु तथा सूर्य दोनों ही एक रूप होने से नन्दि हैं, जैसे पूर्व दिशायें उदित होकर सूर्य देव अन्तरिक्ष में बढ़ते हुए देखे जाते हैं, वैसे ही भगवान् विष्णु इस दृश्य सकल जगत् को सन्तान परम्परा से समृद्ध-वर्धनशील बनाते हैं।

ज्योतिर्गणेश्वरः—६१९

भ्वादिगण पठित 'द्युत दीप्तौ' धातु से उणादि 'इसिन्' प्रत्यय, धातु के आदिभूत दकार को जकारादेश तथा गुण होने से ज्योतिः शब्द सिद्ध होता है। यह प्रकाश युक्त ग्रह नक्षत्र अग्नि आदि का नाम है।

गणः—"गण संख्याने" इति चुराद्यन्तर्गतकथादिगणपठिताद् धातोर्णिच्, णिचि—अकारलोपस्तस्य च स्थानिवद्भावाद् वृद्धेरभावः। गणि इत्यस्य "सनाद्यन्ता धातवः" (पा० ३।१।३२) सूत्रेण धातुसंज्ञा, ततः "एरच्" (पा० ३।३।५६) सूत्रेण 'अच्' प्रत्ययः तस्मिंश्च णिलोपः। गण्यन्ते=संख्याविषयीक्रियन्त इति गणाः।

ईश्वरः—'ईश ऐश्वर्ये' धातोः "स्थेशभासपिसकसो वरच्" (पा० ३।२।१७५) इत्यनेन ताच्छील्यादिविशिष्टकर्त्रर्थे 'वरच्' प्रत्ययः। ज्योतिषां गणस्येश्वर इति ज्योतिर्गणेश्वरः, विष्णुः सूर्यो वा। मन्त्रलिङ्गम्—

"इनो विश्वस्य भुवनस्य गोपाः।" ऋक् १।१६४।२१॥ इनः=सूर्यः।

"यथा सूर्यो नक्षत्राणामुदयंस्तेजांस्याददे।
एवा स्त्रीणाञ्च पुंसां च द्विषतां वर्च आददे।" अथर्व ७।१३।१॥

लोके च पश्यामः—अयं शरीराभिमान्यात्मा ज्योतिषां समनस्कानामिन्द्रियाणामीश्वरः सन् ज्योतिर्गणेश्वर उच्यते। एवमयमैश्वरो गुणः सर्वत्र लोके व्याप्तो दृश्यते। तस्माद् विष्णुरेव ज्योतिर्गणेश्वर इति।

भवति चात्रास्माकम्—

ज्योतिर्गणेशः स रविः स विष्णुर्नक्षत्रतेजांस्युदयन् क्षिणोति।
तथा यथात्मा विरहन् शरीरं ज्योतींषि खानां परिगृह्य याति॥१८१॥

संख्यानार्थक चुरादिगण पठित गण धातु से णिच् प्रत्यय, णिच् परे रहते अकार लोप, अकार लोप के स्थानिवद् भाव होने से उपधावृद्धि का निषेध तथा गणि इसकी धातु संज्ञा होने पर **"एरच्"** (पा० ३।३।५६) सूत्र से कर्म में अच् प्रत्यय और णि का लोप होने से गण शब्द सिद्ध होता है। जिसकी गणना=संख्या की जाती है, वह है गण।

तथा ऐश्वर्यार्थक 'ईश' धातु से ताच्छील्यादि विशिष्ट कर्ता अर्थ में वरच् प्रत्यय होने से ईश्वर शब्द सिद्ध होता है। ज्योतियों के समूह का जो ईश नियन्ता=नियमन करने वाला है उसका नाम ज्योतिर्गणेश्वर है, यह विष्णु या सूर्य है। इसमें **"इनो विश्वस्य भुवनस्य गोपाः"** (ऋक् १।१६४।२१) तथा **"यथा सूर्यो नक्षत्राणामुदयंस्तेजांस्याददे"** (अथर्व ७।१३।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

लोक में भी देखा जाता है कि शरीराभिमानी जीवात्मा तथा ज्योतिरूप जो मन-सहित इन्द्रियां हैं, उनका ईश्वर=नियामक होने से ज्योतिर्गणेश्वर कहा जाता है। इस प्रकार से यह ऐश्वर गुण सर्वत्र व्यापक है, इसलिये भगवान् विष्णु का ही नाम ज्योतिर्गणेश्वर है।

भाष्यकार इस भाव को पद्य द्वारा इस प्रकार स्पष्ट करता है—

भगवान् विष्णु या सूर्य का नाम ज्योतिर्गणेश्वर है, क्योंकि जैसे उदय होता हुआ सूर्य नक्षत्रों के तेज को नष्ट करता है तथा भगवान् विष्णु अपनी ज्योति से सूर्यादिकों की ज्योति को नष्ट करता है। उसी प्रकार से निकलता हुआ जीवात्मा इन्द्रियों के तेज का अपहरण करता है।

विजितात्मा—६२०

विपूर्वो "जि जये" धातुरनिट्, तस्मात्कर्मणि क्तो विजितः। आत्मा—अततेर्मनिन्प्रत्ययान्तो व्याख्यातः। विजित आत्मा स्वरूपं येन स विजितात्मा स्वयम्प्रकाश इत्यर्थः।

लोके चापि दृश्यते—शरीरान्तर्गतो जीवात्मा स्वयं प्रकाशते, तस्मिन् प्रकाशमाने च ज्ञानेन्द्रियाणि प्रकाशन्ते, परन्तु—इन्द्रियगणो नहि जीवात्मनः प्रकाशकोऽतः स विजितात्मोच्यते। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अयं ह येन वा इदं स्वर्मरुत्वता जितम्।
इन्द्रेण सोमपीतये।" ऋक् ८।७६।४॥

भवति चात्रास्माकम्—

अयं ह विष्णुः सकलं विजित्य स्वीये स्वरूपे निदधाति सर्वम्।
सूर्योऽपि तद्वद्विजितान्तरात्मा विश्वं समस्तं कुरुते निजान्तः ॥१८२॥

विधेयात्मा—६२१—अविधेयात्मा

विपूर्वकः "डुधाञ् धारणपोषणयोः" इति जौहोत्यादिको धातुस्ततः "अचो यत्" (पा० ३।१।९७) इति यत् प्रत्ययः, कृत्यसंज्ञकत्वाद् "अर्हे कृत्यतृचश्च"

विजितात्मा—६२०

"जि" धातु जयार्थक तथा अनिट् है। जय नाम अपनी उत्कर्ष प्राप्ति तथा किसी अन्य के अभिभव=तिरस्कार का है। यह धातु प्रथम अर्थ में अकर्मक तथा दूसरे अर्थ में सकर्मक है। इस धातु से कर्म में 'क्त' प्रत्यय तथा वि—उपसर्ग जोड़ने से विजित शब्द सिद्ध होता है। विशेष करके जित=उत्कृष्ट है, आत्मा=स्वरूप जिसका, उसका नाम है विजितात्मा अर्थात् स्वयम्प्रकाशस्वरूप।

लोक में भी ऐसा देखा जाता है—शरीर के अन्तर्गत जीवात्मा अपने आप प्रकाशित होता है, उसके प्रकाशित होने पर ही इन्द्रियां प्रकाशित होती हैं, परन्तु इन्द्रियगण जीवात्मा का प्रकाशक नहीं होता। इसलिये उसका नाम विजितात्मा है।

इसमें "अयं ह येन वा इदं स्वर्मरुत्वता जितम्" (ऋक् ८।७६।४) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा यों प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम विजितात्मा है, क्योंकि वह सबको अपने वश में करके अपने उदर में रख लेता है तथा सूर्य का नाम भी विजितात्मा है, क्योंकि वह भी इस समस्त विश्व को अपने अन्दर रखता है।

विधेयात्मा—६२१—अविधेयात्मा

विपूर्वक धारण पोषणार्थक जुहोत्यादिगण पठित 'डुधाञ्' धातु से अर्हार्थ में कृत्य संज्ञक यत् प्रत्यय होता है और यत् परे रहते आकार को ईत्व हो जाता है। फिर गुण होने

(पा० ३।३।१६९) सूत्रेण अर्हार्थे विधीयते। यति परतश्च "ईद्यति" (पा० ६।४।६५) सूत्रेण आकारस्य ईत्वं विहितं, ततो गुणः। विधेय+आत्मा इत्यत्र सवर्णदीर्घः। आत्मशब्दस्य साधनं प्राग्विहितं, स च स्वरूपपर्यायः।

"बिजितात्माविधेयात्मा" इत्यत्र 'अविधेयात्मा' इत्यपिच्छेत्तुं शक्यतेऽतो द्विधा व्याख्यातमेतन्नाम। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते सꣳसृजेथामयं च।"
यजुः १५।५४॥

उद्बुध्यस्व, प्रतिजागृहि, इष्टापूर्ते संसृज, इत्यादि प्रेष्यत्वरूपमिह विधेयत्वम्। एवं प्रतिपदं वेदे तद्यथा—

"देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय।" यजुः ३०।१॥ इत्यादि।
नञा योगे अविधेयात्मेति। तत्र विधेयत्वप्रतिपादकानि वेदवाक्यानि—

"मेधाम्मे वरुणो दधातु मेधामग्निः प्रजापतिः।
मेधामिन्द्रश्च वायुश्च मेधां धाता दधातु मे।" यजुः ३२।१५॥

इत्यादीनि न ब्रह्मविषयकतात्पर्यवन्ति स्युरिति। अत उभयथेति सत्यदेवो वासिष्ठः। एवञ्चोपपद्यते—यद्यपि राजा अप्रेष्यस्तथापि तत्कर्मकराः प्रेष्या भवन्ति। एवं कर्तव्यमस्ति, तस्मादेवं कुरु—इति प्रेषणा।

से विधेय शब्द सिद्ध होता है। विधेय शब्द का आत्मा शब्द के साथ बहुव्रीहि समास होने से सवर्ण दीर्घ होने पर विधेयात्मा शब्द बन जाता है। आत्मा शब्द की सिद्धि पहले दिखादी गई है। आत्मा शब्द स्वरूप का पर्याय है।

"विजितात्माविधेयात्मा" इस पद में 'अविधेयात्मा' ऐसा पदच्छेद भी हो सकता है। इसलिये इसका दोनों ही प्रकारों से व्याख्यान किया है।

विधेयत्व रूप अर्थ में "उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि" (यजुः १५।५४) इत्यादि मन्त्र रूप प्रमाण है। इस मन्त्र में प्रेष्यत्व रूप विधेय है। इस प्रकार वेद में स्थान-स्थान पर विधेयत्व के प्रतिपादक वाक्य मिलते हैं। जैसे—"देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाव" (यजुः ३०।१) इत्यादि।

नञ् के योग में अर्थात् अविधेयात्मा पक्ष में, यदि यही निश्चित पक्ष मान लिया जाये तो जो विधेयता के प्रतिपादक अर्थात् विधायक वाक्य हैं वे ब्रह्मस्वरूप के प्रतिपादन में प्रमाण नहीं माने जायेंगे। जैसे—"मेधाम्मे वरुणो दधातु मेधामग्निः प्रजापतिः" (यजुः ३२।१५) इत्यादि। इसलिये इसका दोनों ही प्रकार से व्याख्यान उचित है। यह भाष्यकार का मत है। इसकी उपपत्ति इस प्रकार होती है जैसे—यद्यपि राजा किसी की प्रेरणा का विषय नहीं होता, तथापि राजा के कर्मचारियों को ऐसा करना चाहिये, 'ऐसा कर' इस प्रकार प्रेरणा का विषय बनाया जाता है।

भवति चात्रास्माकम्—

सर्वत्र सद्व्याप्तिमयं महेशं सूर्यं तथा चन्द्रमथापि शुक्रम् ।
आगच्छ तिष्ठेह कुरुष्व वैवं प्रकाश्यते मर्त्यवरेण वाञ्छा ॥१८३॥

तं प्रति—इति शेषः ।

सत्कीर्तिः—६२२

सती—अस्तेः शतरि 'सत्', स्त्रियां **"उगितश्च"** (पा० ४।१।६) ङीपि सती ।

कीर्तिः—'कृत संशब्दने' इति चोरादिको धातुस्ततो णिच्, णिचि च **"उपधायाश्च"** (पा० ७।१।१०१) सूत्रेण ऋकारस्य इत्वं रपरत्वं च, **"उपधायाञ्च"** (पा० ८।२।७८) सूत्रेण दीर्घः, कीर्ति इत्यस्य धातुसंज्ञायां **"ण्यासश्रन्थो युच्"** (पा० ३।३।१०७) इति प्रबाध्य **"ऊतियूतिजूतिसातिहेतिकीर्तयश्च"** (पा० ३।३।९७) सूत्रेण क्तिन्नन्तो निपातितः कीर्तिशब्दः । **"तितुत्र"** (पा० ७।२।८) इतीण्निषेधः, णेर्लोपः । सती कीर्तिर्यस्य स सत्कीर्तिः **"स्त्रियाः पुंवद्भाषित०"** (पा० ६।३।३२) इति पुंवद्भावः ।

भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस भाव को इस प्रकार प्रकट करता है—

सर्वत्र यज्ञादिकार्यों में यजमान अथवा ऋत्विक् गण अपने यजनीय सर्वव्यापी विष्णु, सूर्य, चन्द्र और शुक्रादि देवों के प्रति 'आइये, बैठिये तथा इस प्रकार कीजिये' इस प्रकार से अपनी इच्छा प्रकट करता है ।

सत्कीर्तिः—६२२

भवनार्थक अदादिगण पठित **"अस्"** धातु से शतृ प्रत्यय और तदन्त से स्त्रीलिङ्ग में ङीप् करने से सती शब्द सिद्ध होता है ।

'कृत संशब्दने' इस चुरादिगण पठित धातु से णिच् तथा णिच् परे रहते **"उपधायाश्च"** इस पाणिनीय (७।१।१०) सूत्र से ऋकार को रेफपरक इकार और **"उपधायाञ्च"** (पा० ८।२।७८) सूत्र से दीर्घ होने से 'कीर्ति' इस स्थिति में धातु संज्ञा होने पर **"ण्यासश्रन्थो युच्"** (पा० ३।३।१०७) इस सूत्र से प्राप्त युच् को बाधकर **"ऊतियूतिजूतिसातिहेतिकीर्तयश्च"** (पा० ३।३।९७) इस सूत्र के निपातन से क्तिन्नन्त कीर्ति शब्द सिद्ध होता है । **"सती कीर्तिर्यस्य"** इस बहुव्रीहि समास में **"स्त्रियाः पुंवद्भाषित०"** (पा० ६।३।३२) सूत्र द्वारा पुंवद्भाव होने से सत्कीर्ति शब्द सिद्ध हो जाता है जिसका अर्थ 'सदा विद्यमान=स्थायी कीर्ति वाला' ऐसा होता है ।

यद्वा णिजन्तात् कीर्तिधातोः "हृपिशिरुहिवृतिवृधिछिदिकीर्तिभ्यश्च" (४।११९) इत्युणादिसूत्रेण 'इन्' प्रत्ययः कीर्तिः । यद्वा णिजन्तादेव तस्मात् "अच इः" (४।१३९) इत्युणादिः "इ" प्रत्ययो णेर्लोपः, कीर्तिः, विशेषः स्वरे । कीर्तिर्नाम कस्यचित् गुणप्रकाशिका स्तुतिर्वस्तुत्वस्य प्रकाशनं वा । तत्र मन्त्रौ—

"न त्वदन्यः कवितरो न मेधया धीरतरो वरुण स्वधावन्"

अथर्व ५।११।४ ॥

"अग्निमीडे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।
होतारं रत्नधातमम् ।" ऋक् १।१।१ ॥ इत्यादि ।

भवति चात्रास्माकम्—
विष्णुः सदा सर्वगुणाभिरामः सङ्कीर्त्यते स्वात्मतमः प्रमृष्ट्यै ।
मन्त्रैर्व्रतैः सत्यजपैस्तपोभिर्नान्यस्ततः[1] कीर्तिमुपैति सत्याम् ॥१८४॥

१—तत इति—तस्मादन्य इत्यर्थः ।

छिन्नसंशयः–६२३

छिन्न इति—"छिदिर् द्वैधीकरणे" इति रौधादिको धातुरनिट्, ततः कर्मणि क्तः, "रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः" (पा० ८।२।४२) सूत्रेण निष्ठातकारस्य तथा पूर्वस्य धातुदकारस्य च नत्वम् ।

अथवा—णिजन्त कीर्ति धातु से उणादि "इन्" प्रत्यय होने से कीर्ति शब्द बन जाता है ।

अथवा णिजन्त से "अच इः" (४।१३९) इस उणादि सूत्र से इ प्रत्यय और णि का लोप होने से कीर्ति शब्द बनता है । विशेषता केवल स्वर में होती है ।

किसी की वास्तविकता को अर्थात् गुणों को शब्द द्वारा प्रकट करने का नाम कीर्ति है । इसमें "न त्वदन्यः कवितरो न मेधया धीरतरो वरुण स्वधावन्" (अथर्व ५।११।४) तथा "अग्निमीडे" (ऋक् १।१।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं ।

भाष्यकार ने अपने पद्य से सरलार्थ प्रकाशन इस प्रकार किया है—

भाग्यशाली पुरुष अपने अन्तःकरण के मल को दूर करने के लिये सर्वगुणाभिराम= दयालुत्वादि सर्वविध गुणों से सम्पन्न भगवान् विष्णु का ही सदा भजन तथा सङ्कीर्तन करते हैं । वह भगवान् ही सत्कीर्ति है । उसके अतिरिक्त दूसरा कोई भी सत्य कीर्ति को नहीं प्राप्त कर सकता ।

छिन्नसंशयः—६२३

छिन्न शब्द—छेदनार्थक 'छिदिर्' धातु से जो कि रुधादिगण पठित तथा अनिट् है, कर्म में क्त प्रत्यय और "रदाभ्यां निष्ठातो नः" (पा० ८।२।४२) इत्यादि सूत्र से निष्ठा के तकार तथा धातु के दकार को नकार होकर सिद्ध होता है ।

संशय इति—संपूर्वात् "शीङ् स्वप्ने" इत्यादादिकाद्धातोः "एरच्" (पा० ३।३।५६) इति भावेऽच् प्रत्ययः, गुणायादेशौ, समो मकारस्यानुस्वारश्च, संशय =सन्देहः।

छिन्नः संशयो यस्य स छिन्नसंशयो भगवान् विष्णुः। यतो हि तस्य सृष्टेरादित आरभ्य सृष्टेः प्रलयान्तं विश्वविषयकं सर्वं ज्ञानं निःसंशयं भवति, येनेदं जगद् व्यवस्थावद्धं सम्यक् प्रचलति। स मनुष्योऽपिच्छिन्नसंशयो यस्य भगवान् छिन्नसंशयो दक्षिणः। अन्यथा संशयग्रस्तो निमज्जति।

संशये मन्त्रलिङ्गम्—

'प्र सु स्तोमं भरत वाजयन्त इन्द्राय सत्यं यदि सत्यमस्ति।
नेन्द्रो अस्तीति नेम उ त्व आह क ईं ददर्श कमभिष्टवाम।"

ऋक् ८।१००।३॥

छिन्नसंशये मन्त्रलिङ्गम्—

"अयमस्मि जरितः पश्य मेह विश्वा जातान्यभ्यस्मि मह्ना।
ऋतस्य मा प्रदिशो वर्धयन्त्यादर्दिरो भुवना दर्दरीमि।"

ऋक् ८।१००।४॥

एवं बहुत्र—

"अहमिन्द्रो न परा जिग्ये।" ऋक् १०।४८।५॥

"अहं भुवं वसुनः पूर्व्यस्पतिरहं धनानि सं जयामि शश्वतः।
मां हवन्ते पितरं न जन्तवोऽहं दाशुषे वि भजामि भोजनम्।"

ऋक् १०।४८।१॥

संशय शब्द—शयनार्थक अदादिगण पठित 'शीङ्' धातु से भाव में अच् प्रत्यय तथा गुण अयादेश होने से बनता है तथा सम् के मकार को अनुस्वार हो जाता है।

छिन्न और संशय शब्द का बहुव्रीहि समास होने से 'संशय छिन्न हैं जिसके' अर्थात् 'संशय के अभाव वाला' ऐसा अर्थ होता है। यह विष्णु का नाम है क्योंकि उसका सृष्टि से लेकर प्रलय तक सम्पूर्ण कार्य-ज्ञान संशय रहित होता है, जिससे कि यह सकल संसार सुव्यवस्थित रूप से चलता रहता है। वह मनुष्य भी जिसके भगवान् छिन्नसंशय अनुकूल होते हैं, छिन्न-संशय हो जाता है। अन्यथा संशय के सद्भाव में अधःपात निश्चित है।

संशय अर्थ में "प्र सु स्तोमं भरत वाजयन्त इन्द्राय सत्यं यदि सत्यमस्ति" इत्यादि (ऋक् ८।१००।३) मन्त्र प्रमाण है।

छिन्नसंशय अर्थ में "अयमस्मि जरितः पश्य मेह विश्वा जातान्यभ्यस्मि मह्ना" इत्यादि (ऋक् ८।१००।४) ऋङ्मन्त्र प्रमाण है। वेद में "अहमिन्द्रो न परा जिग्ये" (ऋक् १०।४८।५) यथा "अहं भुवं वसुनः पूर्व्यस्पतिरहं धनानि सं जयामि शश्वतः" (ऋक् १०।४८।१) आदि बहुत वर्णन मिलता है।

भवति चात्रास्माकम्—

न संशयः स्थानमुपैति तस्मिन् तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा ।
अयं तथाहं च पदेन विष्णुर्व्यक्तोऽस्ति यद्वद् दिवि सूर्य [1]एकः ॥१८५॥

१—प्रतिसौरमण्डलमियं व्यवस्था द्रष्टव्या ।

उदीर्णः सर्वतश्चक्षुरनीशः शाश्वतस्थिरः ।
भूशयो भूषणो भूतिर्विशोकः शोकनाशनः ॥८०॥

६२४ उदीर्णः, ६२५ सर्वतश्चक्षुः, ६२६ अनीशः, ६२७ शाश्वतस्थिरः । ६२८ भूशयः, ६२९ भूषणः, ६३० भूतिः, ६३१ विशोकः, ६३२ शोकनाशनः ॥

उदीर्णः—६२४

उदिति तकारान्तोपसर्गपूर्वकः "ॠ गतौ" इति क्रैयादिको धातुस्ततो "**गत्यर्थाकर्मक**" (पा० ३।४।७२) इत्यादिना कर्तरि क्तः, गुणाभावः । "**श्र्युकः किति**" (पा० ७।२।११) सूत्रेणेण्निषेधः । "**ॠत इद्धातोः**" (पा० ७।१।१००) सूत्रेण धातोरङ्गस्य रपरमित्वम् । "**रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः** (पा० ८।२।४२) सूत्रेण निष्ठातकारस्य नकारादेशः । "**रषाभ्यां नो णः समानपदे**" (पा० ८।४।१) सूत्रेण णत्वम् । "**हलि च**" (पा० ८।२।७७) इति दीर्घः, उदीर्ण इति, उच्चैर्गत इत्यर्थः, अर्थात् सर्वस्यादिभूतः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

भाष्यकार इस भगवन्नाम के भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का 'छिन्न संशय' नाम इसलिये है कि उसका संशय से कुछ भी सम्बन्ध नहीं है, वस्तुतः उसका सकल विश्व-निर्माण सम्बन्धी ज्ञान संशय रहित है । सकल भुवन उसमें स्थित हैं । जैसे आकाश में एक ही सूर्य[1] विराजमान है, वैसे ही भगवान् विष्णु एक ही सकल विश्व में विराजमान है तथा उसकी अभिव्यक्ति प्राकट्य 'अयं' तथा 'अहं' आदि पदों से होती है ।

१—प्रति सौर मण्डल में एक सूर्य है, न कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में ।

उदीर्णः—६२४

उत् उपसर्ग है, गमनार्थक क्र्यादिगण पठित "ॠ" धातु से "**गत्यर्थाकर्मक**" इत्यादि (पा० ३।४।७२) सूत्र से कर्ता में क्त प्रत्यय गुणाभाव "**श्र्युकः किति**" (पा० ७।२।११) सूत्र से इट् का निषेध "**ॠत इद्धातोः**" (पा० ७।१।१०) सूत्र से धात्वङ्ग को रपर इकार, निष्ठा तकार को नकार, "**रषाभ्यां नो णः समानपदे**" (पा० ८।२।४२) सूत्र से नकार को णकार तथा "**हलि च**" (पा० ८।२।७७) सूत्र से दीर्घ होकर उदीर्ण

"एष स्य भानुरुदियर्त्ति।" ऋक् ४।४५।१ ॥
"इन्द्रः समुद्रमुदियर्त्ति।" ऋक् ६।८४।४ ॥
"दिवि स्वनो यतते भूम्योपर्य्यनन्तं शुष्ममुदियर्त्ति भानुना।
अभ्रादिव प्र स्तनयन्ति वृष्टयः सिन्धुर्यदेति वृषभो न रोरुवत्।"
ऋक् १०।७५।३ ॥ इत्यादि।

भवति चात्रास्माकम्—

सूर्यो ह्युदीर्णः सकलं हि दृश्यं नित्यं नयत्यात्मगुणेन नूत्नम्।
उदीर्य विश्वं कुरुते मनोज्ञं विष्णाविदं स्यूतमतोऽस्त्युदीर्णः ॥१८६॥

सर्वतश्चक्षुः—६२५

सर्वत इति—सर्वशब्दात् "आद्यादिभ्य उपसंख्यानम्" इति पा० ५।४।४४ सूत्रस्थवार्तिकेन सार्वविभक्तिकस्तसिः प्रत्ययः।

चक्षुः—"चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि" धातुर्दर्शनेऽपि, अत्र च दर्शनार्थक एव। इदितोऽप्यस्य नुम् न "अन्ते इदितः" इति व्याख्यानात् (द्र० क्षीरतरङ्गिणी २।८) "चक्षेः शिच्च" इत्युणादिना (२।११९) उसि प्रत्ययस्तस्य च शिद्वदतिदेशः, तेन शित्त्वात् "तिङ्शित् सार्वधातुकम्" (पा० ३।४।११३) सूत्रेण सार्वधातुकत्वात् ख्याञादेशाभावः, चक्षुरिति। सर्वतः पश्यतीति सर्वतश्चक्षुः।

शब्द सिद्ध होता है। उदीर्ण का वाच्यार्थ ऊपर को गया हुआ ऐसा होता है, अर्थात् जो सबके ऊपर सबका आदि भूत है। इसमें "एष स्य भानुरुदियर्त्ति" (ऋक् ४।४५।१) "इन्द्रः समुद्रमुदियर्त्ति" (ऋक् ६।८४।४) तथा "दिवि स्वनो यतते भूम्योपर्यनन्तं शुष्ममुदियर्त्ति भानुना" (ऋक् १०।७५।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा भावार्थ इस प्रकार कहा है—

भगवान् विष्णु तथा तद्भिन्न सूर्य भी उदीर्ण है क्योंकि सूर्य ऊंचे आकाश में पहुंच कर इस सकल दृश्य विश्व को अपने तेजस्वित्व गुण से सुन्दर तथा नूत्न बनाता है तथा यह सकल विश्व भगवान् विष्णु में अनुस्यूत है, इसलिये भगवान् विष्णु उदीर्ण है क्योंकि वह सबसे ऊपर है। यद्वा सब को ऊपर को उभारता है।

सर्वतश्चक्षुः—६२५

सर्व शब्द से 'आद्यादिभ्य उपसंख्यानम्" इस पा० ५।४।४४ सूत्रस्थ वार्तिक से सार्वविभक्तिक तसि प्रत्यय होता है, सर्वतः=सब ओर से।

चक्षुः शब्द—"चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि" धातु की दर्शन अर्थ में वृत्ति मानकर, देखने अर्थ में उणादि उसि प्रत्यय तथा शिद्वद् भाव "चक्षेः शिच्च" (प्र० २।११९) सूत्र से होता है। शिद्वद् भाव होने से सार्वधातुकसंज्ञा तथा सार्वधातुक संज्ञा होने से ख्याञादेश का अभाव हो जाता है, इस प्रकार चक्षु शब्द सिद्ध होता है।

अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो० ।" ऋक् १०।८१।३ ।।
यजु: १७।१९ ।। विश्वत:=सर्वत:—साक्षाद् द्रष्टेत्यर्थ: । अस्मिन्नेवार्थे—
"विश्वतश्चर्षणिरुत विश्वतोमुखो०" अथर्व १३।२।२६ ।। इत्यादि ।

भवति चात्रास्माकम्—

स सर्वतश्चक्षुरिहास्ति विष्णुः स विश्वतः पश्यति विश्वमेतद् ।
स विश्वबाहुः स च विश्वतस्पात् तमेव गायन्ति नमन्ति धीराः ।।१८७।।

अनीशः—६२६

"ईश ऐश्वर्ये" इति धातुरादादिकस्तस्माद् **"इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः"** (पा० ३।१।१३५) सूत्रेण कर्त्रर्थे कः प्रत्ययः गुणाभावः । नञा अविद्यमान ईशोऽनीश इति बहुव्रीहिसमासे **"नलोपो नञः"** (पा० ६।३।७३) सूत्रेण नकारलोपः, **"तस्मान्नुडचि"** (पा० ६।३।७४) सूत्रेण नुडागमश्च । न तस्य कश्चिदीष्टे, किन्तु स सर्वस्येष्टे । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अयमग्निः सुवीर्यस्येशे महः सौभगस्य ।
राय ईशे स्वपत्यस्य गोमत ईशे वृत्रहथानाम् । ऋक् ३।१६।१ ।।

ईशधातोर्वेदे विभिन्नलकारत्वेन विविधपुरुषवचनत्वेन च बहुधा प्रयोगो दृश्यते । तत्र वेदप्रमाणनिदर्शनमात्रमिह नः प्रयोजनम् ।

"सर्वतश्चक्षुः" शब्द का अर्थ है, जो सब ओर से देखे । इसमें **"विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो०"** (ऋक् १०।८१३ ।। यजुः १७।१९) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । विश्वतः =सर्वतः—सब ओर से साक्षात् देखने वाला ।

भाष्यकार का अपने पद्य द्वारा भावार्थ प्रकाशन इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु सब ओर से चक्षु वाला होने से सर्वतश्चक्षु है, इसीलिये वह इस सकल विश्व को सब ओर से देखता है, इसी प्रकार वह सब ओर से भुजाओं वाला तथा सब ओर से पैरों वाला है, धैर्यशाली महापुरुष उसी का गान तथा उसी को नमन करते हैं ।

अनीशः—६२६

अदादिगण पठित ऐश्वर्यार्थक "ईश" धातु से **"इगुपधज्ञा०"** (पा० ३।१।१३५) सूत्र से कर्ता अर्थ में क प्रत्यय, गुण का अभाव तथा नञ् के साथ बहुव्रीहि समास होने से नकार लोप और नुडागम होने पर अनीश शब्द सिद्ध होता है । 'जिसका कोई नियन्ता= प्रभु न हो' उसका नाम अनीश है । यह भगवान् विष्णु का नाम है क्योंकि वह सबका नियन्ता स्वामी है उसका कोई नियान्त नहीं है ।

इसमें **"अयमग्निः सुवीर्यस्येशे महः"** (ऋक् ३।१६।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । ईश धातु का वेद में लकार, पुरुष और वचन भेद से बहुत प्रयोग होता है ।

भवति चात्रास्माकम्—

अग्निर्हि विष्णुर्ह्यथवाऽपि सूर्यः स एव सर्गान्तमिदं समीष्टे ।
न कोऽपि विष्णोरपरोऽस्ति शास्ता गीतोऽस्त्यतोऽनीशपदेन विष्णुः ॥१९८॥

श.श्वतस्थिरः—६२७

शश्वदिति सदार्थेऽव्ययम् । शश्वदेव शाश्वतः, स्वार्थे अण् तद्धितः । **"अव्ययानां भमात्रे टिलोपो वक्तव्यः"** इति त्वनित्यं बहिषष्टिलोपविधानाज्ज्ञापकात् (द्र० काशिका ४।१।८५) **"येषाञ्च विरोधः शाश्वतिकः"** इति (पा० २।४।९) सूत्रलिङ्गाच्च ।

स्थिरः—"ष्ठा गतिनिवृत्तौ" इति भौवादिकाद्धातोः **"अजिरशिशिरशिथिलस्थिरस्फिरस्थविरखदिराः"** (१।५३) इत्युणादिसूत्रेण 'किरच्' प्रत्यय ष्टिलोपश्च निपात्यते । तिष्ठतीति स्थिरः, स्थायी दृढो वा । शाश्वतश्चासौ स्थिरश्चेति शाश्वतस्थिरः, सनातनोऽविनाशीत्यर्थः । विष्णुः सूर्यो वा शाश्वतस्थिरनामा, सूर्योऽपि हि शश्वत् दिवि तिष्ठत्यतः स एतन्नाम्नाऽभिधीयते ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"इन्द्रो अङ्ग महद् भयमभीषदपचुच्यवत् ।
स हि स्थिरो विचर्षणिः ।" ऋक् २।४१।१०, इति निदर्शनम् ।

भाष्यकार का पद्य द्वारा भाव प्रकाशन इस प्रकार है—

अग्नि और सूर्य तथा सूर्य और विष्णु को अभेद भाव से ज्ञान का विषय बनाते हुए भाष्यकार इन तीनों ही को अनीश पद का वाच्यार्थ मानते हैं । भगवान् सर्वेश्वर विष्णु का कोई दूसरा और शासक नहीं है । इसलिये अनीश नाम भगवान् विष्णु का है ।

शाश्वतस्थिरः—६२७

'शश्वत्' यह सदा शब्द का पर्य्यायवाचक अव्यय पद है । शश्वत् ही शाश्वत है, स्वार्थ में अण् प्रत्यय करने से बनता है । यद्यपि अण् प्रत्यय परे रहते **"अव्ययानां भमात्रे टिलोपो वक्तव्यः"** इस वार्तिक से 'टि' का लोप प्राप्त है, तथापि बहिष् शब्द के टि के लोप विधान करने (काशिका ४।१।८५) से और **"येषाञ्च विरोधः शाश्वतिकः"** इस (पा० २।४।९) सूत्र में टि के लोप के अभाव रूप लिङ्ग से, पूर्व वार्तिक से विहित टिलोप अनित्य है, इसलिये यहां 'टि' का लोप नहीं होता है ।

स्थिर शब्द "ष्ठा गतिनिवृत्तौ" इस भ्वादिगण पठित धातु से उणादि (१।५३) 'किरच्' प्रत्यय तथा टिलोप होने से बनता है । सदा रहने वाले वा दृढ़ का नाम स्थिर है । शाश्वत और स्थिर शब्द का कर्मधारय तत्पुरुष समास होने से शाश्वतस्थिर शब्द बनता है, जिसका अर्थ 'एक रस रूप से नित्य तथा सनातन है, अर्थात् सदा कूटस्थ अविनाशी' ऐसा होता है । विष्णु या सूर्य का नाम शाश्वतस्थिर है । सूर्य भी सदा दिव्=अन्तरिक्ष में रहता है इसलिये इस नाम का वाच्य है । इसमें—**"इन्द्रो अङ्ग महद्...... स हि स्थिरो विचर्षणि."** (ऋक् २।४१।१०) मन्त्र प्रमाण है ।

भवति चात्रास्माकम्—

स्थिरो हि विष्णुः स हि शाश्वतो वा दिवं सनाथं कुरुते चिरस्य ।
तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा संस्थापयन् विश्वमसौ बिभर्त्ति ॥१८९॥

भूशयः—६२८

भूः—"भू सत्तायाम्" भौवादिकाद्धातोः कर्तरि क्विप् । भवतीति भूः—भवनधर्मा ।

शयः—"शीङ् स्वप्ने" इत्यादादिको धातुस्ततः पचाद्यच्, गुणायादेशौ शय इति ।

भूषु=भवनधर्मकेषु=सत्तावत्सु शेते=अन्तर्यामिरूपेण वर्तत इति भूशयो विष्णुः । मन्त्रलिङ्गम्—

"शेषे वनेषु मात्रोः सं त्वा मर्तास इन्धते ।
अतन्द्रो हव्या वहसि हविष्कृत आदिद् देवेषु राजसि ।"

ऋक् ८।७।१५ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स भूशयो विष्णुरनन्तशक्तिश्चराचरं भूगुणवद्विधाय ।
शेतेऽन्तरासौ भुवनानि जानन् वपुर्यथात्मा कुरुते क्रियावत् ॥१९०॥

भाष्यकार पद्य द्वारा भाव प्रकाशन इस प्रकार किया है—

सर्वेश्वर भगवान् विष्णु का नाम शाश्वत स्थिर है, क्योंकि वह इस सकल जगत् को सनाथ करता हुआ भी सदा कूटस्थ रूप से विद्यमान रहता है । ये सब भुवन उसी में स्थित हैं, वही इस विश्व को मर्यादा में रखता हुआ इसकी रक्षा करता है ।

भूशयः—६२८

सत्तार्थक भू धातु से कर्ता अर्थ में क्विप् प्रत्यय करने से भू शब्द बनता है, जिसका अर्थ है होने वाला । शयनार्थक शीङ् धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से शय शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ है, सोने वाला ।

भवन धर्मक भूतों में जो अन्तर्यामीरूप से सोता है, उसका नाम भूशय है । इसमें **"शेषे वनेषु मात्रोः सं त्वा मर्त्तास इन्धते"** (ऋक् ८।६०।१५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा इसके भाव का संग्रह इस प्रकार किया है—

अनन्त-शक्ति भगवान् विष्णु का नाम भूशय है । वह अन्तर्यामी परमात्मा इस भवन धर्मक चराचर विश्व को बनाकर नित्य प्रबुद्धरूप से इन भुवनों को क्रियाशील बनाता हुआ इनमें व्यापक रूप से शयन करता है । जैसे जीवात्मा शरीर में वास करता हुआ शरीर को क्रियाशील बनाता है ।

भूषणः—६२६

"भूष अलङ्कारे" चौरादिको धातुस्ततो णिच्, णिजन्ताच्च "**क्रुधमण्डार्थेभ्यश्च**" (पा० ३।२।५१) सूत्रेण 'युच्' प्रत्ययः मण्डनार्थे, योरनादेशः, णेर्लोपः, णत्वम्, भूषण इति। भूषयति=अलङ्करोतीति भूषणः। भूषणता चेयमेव तस्य यदिमां जडात्मिकां प्रकृतिं सत्तया स्फूर्त्तिप्रदानेन क्रियाशीलतामापादयतीति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अरं हि ष्मा सुतेषु णः सोमेष्विन्द्र भूषसि।
अरं ते शक्र दानवे।" ऋक् ८।९२।२६॥

"अग्निः सनोति वीर्य्याणि विद्वान्त्सनोति वाजममृताय भूषन्।
स नो देवाँ एह वह पुरुक्षो।" ऋक् ३।२५।२॥

लोकेऽपि दृश्यते—यथा—यावत्कालमात्मा शरीरस्थायी तावत्कालं सः शरीरमलङ्कुरुते=भूषयति, अर्थात् प्रियत्वाय कल्पयति, तावत्तस्य भूषण इति संज्ञा। अपयाते चात्मनि तदेव शरीरं प्रतिक्षणं विक्रियामापद्यमानं परिक्षीणशोभं जायते। अतो ज्ञायते स आत्मैव शरीरस्य भूषण आसीदिति। एवमेव लोकस्य सर्वस्य भूषणः सूर्यः, सूर्यस्य च कश्चिदव्यक्तशक्तिर्विष्णुसंज्ञः। यो हि यस्य जीवनः स तस्य भूषण इत्यर्थादापद्यते।

भूषणः—६२६

अलङ्करणार्थक चुरादिगणपठित 'भूष' धातु से णिच् तथा णिजन्त से ताच्छील्य अर्थ में युच् प्रत्यय और यु को अनादेश णि का लोप तथा णत्व करने से भूषण शब्द सिद्ध होता है। जो भूषित=अलङ्कृत करता है, उसका नाम भूषण है, अतः यह भगवान् विष्णु का नाम है क्योंकि वह इस जड़ प्रकृति को अपनी सत्ता से स्फूर्ति देकर भूषित करता है। **"अरं हि ष्मा सुतेषु णः सोमेष्विन्द्र भूषसि।"** (ऋक् ८।९२।२६) तथा **"अग्निः सनोति वीर्याणि विद्वान् सनोति वाजममृताय भूषन्"** (ऋक् ३।२५।२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

लोक में भी ऐसा देखने में आता है—जब तक जीवात्मा इस शरीर में विद्यमान रहता है, तब तक यह शरीर जीवात्मा से भूषित होता है, अर्थात् सब को अच्छा=सुन्दर लगता है। तब इस शरीरस्थायी आत्मा की भूषण संज्ञा होती है। आत्मा के निकल जाने पर वही शरीर प्रतिक्षण विकृत होता हुआ, कान्ति हीन और भयानक लगने लगता है। इससे प्रतीत होता है कि वह जीवात्मा ही शरीर का भूषण था। एवं सकल लोक का भूषण सूर्य तथा सूर्य का भूषण कोई अव्यक्त=इन्द्रिय-अगोचर शक्ति विष्णु है अर्थात् जो जिसका जीवन है वह उसका भूषण है।

भवति चात्रास्माकम्—

स भूषणो विष्णुरलङ्करिष्णुः सूर्यादिभिर्भूषयते ह नित्यम् ।
तथा यथात्मा वपुरिन्द्रियाढ्यं स्वसत्तया तत्कुरुते प्रभावत् ॥१६१॥

सः विष्णुः सूर्यस्य भूषणः=मण्डनः । सूर्यश्च भूषणो लोकलोकान्तराणां मण्डनकर्तृत्वात् ।

भूतिः—६३०

"भू सत्तायाम्" इति भौवादिको धातुस्ततः स्त्रियां भावे क्तिन् । "श्र्युकः किति" (पा० ७।२।११) इतीण्निषेधः । कित्त्वाद् गुणाभावः । भवनं भूतिः सत्तारूपः । विभूतेः सम्पदो वा भूतिरिति नाम । स हि सत्तारूपः स्वसत्तया सर्वं व्याप्नोति, विभूतिरूपेण च सर्वं व्यवहारयति । सा च परा देवता । बृहस्पत्यादयस्तस्या एव स्वरूपविशेषाः, यदुक्तं **"अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता······बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता वरुणो देवता"** इत्यादि यजुषि १४।२० ।

विष्णु सर्वदेवतारूपः सूर्यरूपेण नक्षत्रादिरूपेण वा स्वसत्तया सर्वकालं सर्वत्र विद्यत इति द्रढयितुं भूतिरिति नाम भगवतः स्तुतिपरमिति ।

भाष्यकार इस भाव को पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम भूषण है क्योंकि वह अलङ्करणशील है, इसीलिये वह सूर्यादि के द्वारा इस विश्व को अलङ्कृत करता है। जैसे इन्द्रिय समेत इस शरीर को जीवात्मा कान्तियुक्त=भूषित करता है। विष्णु सूर्य का भूषण है, सूर्य सब लोकों को भूषित करने से भूषण है।

भूतिः—६३०

भ्वादिगण पठित सत्तार्थक-भू धातु से स्त्रीविशिष्ट भाव में क्तिन् प्रत्यय **"श्र्युकः किति"** (पा० ७।२।११) सूत्र से इट् का निषेध तथा कित् होने से गुण का अभाव होने पर भूति शब्द बनता है। भवनक्रिया का नाम भूति है। इसी को सत्ता नाम से कहते हैं।

अथवा—विभूति=सम्पत्ति का नाम भूति है। भगवान् का भूति नाम इसलिये है कि वह सत्ता रूप से सब का व्यापन करता है तथा विभूति रूप से सब को व्यवहार में प्रवृत्त करता है। वही परा देवता है, बृहस्पति आदि उसी के स्वरूप विशेष हैं, जैसे कि यजुर्वेद (१४।२०) में कहा है **"अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता······बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता"** इत्यादि।

सर्वेश्वर विष्णु सर्व देवता रूप है, इसलिये वह सूर्य चन्द्र नक्षत्र आदि रूप से सब समय सब स्थानों में अपनी सत्ता से व्याप्त है। इस निश्चित विषय को दृढ़ करने के लिये

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"कालो भूतिमसृजत काले तपति सूर्यः ।
काले ह विश्वा भूतानि काले चक्षुर्विपश्यति ।" अथर्व १९।५३।६ ॥

यस्मात् स काले भूतिमसृजत्, तस्मात् स तद्‌गुणाधिष्ठानो भूतिरित्युच्यते । तथा च, यथा योऽपूर्वं यन्त्रादिकमाविष्करोति स तन्नाम्ना प्रशस्यते व्यवह्रियते वा । लोकव्यवहारहेतुभूता वा सम्पद् भूतिः । तद्यथा—

"भूतिश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ।" यजुः १८।१४ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

भूतिः स विष्णुः कुरुते कृतं स्वं सत्तान्वितं सर्वरसं सदारथम् ।
यतः स भूतिर्न जहाति सत्तां कार्यञ्च सत्तां न जहाति तस्मात् ॥१९२॥

विशोकः—६३१ अशोकः

"शुच शोके" इति धातोर्भावे घञ् प्रत्ययः "चजोः कु घिण्ण्यतोः" (पा० ७।३।५२) सूत्रेण कुत्वं, गुणः । एकत्र अविद्यमानः शोको यस्य, अपरत्र विगतः शोको यस्येति बहुव्रीहिः, नञो नलोपोऽशोको, विशोकश्च । सर्वथा शोकरहित इत्यर्थः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"नैतावदेना परो अन्यदस्त्युक्षा स द्यावापृथिवी बिभर्त्ति ।
त्वचं पवित्रं कृणुत स्वधावान् यदीं सूर्यं न हरितो वहन्ति ॥

ही भगवान् का 'भूति' यह स्तुति परक नाम है । इसमें "कालो भूतिमसृजत कालेतपति सूर्यः" (अथर्व १९।५३।६) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । जिससे कि उसने काल में भूति का सर्जन किया, इसलिये वह भूति के गुणों का अधिष्ठान है इसीलिये वह भूति है । जैसे कोई नये यन्त्र आदि का आविष्कार करता है तब वह उस यन्त्र के नाम से स्तुत या व्यवहृत होता है अथवा लोक व्यवहार के साधनभूत सम्पत्ति का नाम भूति है । जैसा कि "भूतिश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्" इत्यादि (यजुः १८।१४) वचन है ।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा संक्षेप से भावार्थ सङ्कलन इस प्रकार किया है—

भगवान् विष्णु का नाम भूति है, क्योंकि वह अपने किये हुए प्रत्येक कार्य को सत्ता से युक्त तथा धारावाहिक रूप से नित्य करता है । जैसे वह कारणभूत अपनी सत्ता नहीं छोड़ता, वैसे ही कार्य भूत भूति भी अपनी सत्ता को नहीं छोड़ता ।

विशोकः—६३१ अशोकः

"शुच शोके" धातु से भाव में घञ् प्रत्यय, उपधागुण तथा "चजोः कुः घिण्ण्यतोः" (पा० ७।३।५२) इस सूत्र से घञ् के घित् होने से कुत्व करने पर शोक शब्द सिद्ध होता है । इसके साथ 'वि' उपसर्ग जोड़ने से "विगतः शोको यस्य" इस बहुव्रीहि समास से 'शोक रहित' यह अर्थ होता है और शोक शब्द के साथ नञ् का बहुव्रीहि समास करने से "अविद्यमानः शोको यस्य" इस प्रकार शोक रहित अर्थ होता है । इसमें

स्तेगो न क्षामत्येति पृथ्वीं मिहं न वातो वि ह वाति भूम ।
मित्रो यत्र वरुणो अज्यमानोऽग्निर्वने न व्यसृष्ट शोकम् ।"

ऋक् १०।३१।८, ९ ॥

विशोको विष्णुः सूर्योऽग्निरात्मा वा ।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्विशोकः कुरुते च सूर्यं विशोकमग्निं सकलं जगद्वा ।
न शोकमोहौ च तमश्नुवाते यतः स विद्वान् कविरात्मतन्त्रः ॥१९३॥

यद्वा—"ईशुचिर पूतिभावे" इति दैवादिकाद्धातोर्घञि शोकः । वि-उपसर्गेण समासे विगतः शोकः क्लेदो यस्य सः विशोकः, क्लेदरहितः खरांशुः सूर्यात्मको विष्णुः । 'ईशुचिर् पूतिभावे' इति तथा 'शुच दीप्तौ' इति धात्वर्थानुगमपक्षे च मन्त्रलिङ्गानि—

शुचिक्रन्दम् (ऋक् ७।९७।५), शुचिजिह्वः (ऋक् २।९।१), शुचिपेशसम् (ऋक् १।१४४।१), शुचिप्रतीकम् (ऋक् १।१४३।६), शुचिबन्धुः (ऋक् ९।९७।९), शुचिभ्राजाः (ऋक् १।७९।१) इत्यादीनि विशोकार्थं स्पष्टयन्ति । "तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" (यजुः ४०।७) इति यजुर्मन्त्रोक्त एवार्थो 'वि'-उपसर्गेण द्योत्यते ।

"स्तेगो न क्षामत्येति पृथ्वीं······व्यसृष्ट शोकं" इत्यादि (ऋक् १०।३१।९) का मन्त्र प्रमाण है । विशोक नाम भगवान् विष्णु, सूर्य, अग्नि अथवा आत्मा का है ।

भाष्यकार इस भाव को श्लोक द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

सर्वेश्वर भगवान् विष्णु का नाम विशोक है और वह सूर्य अग्नि अथवा सकल जगत् को विशोक करता है । शोक तथा मोह का उससे कोई सम्बन्ध नहीं है, क्योंकि वह वेदरूप श्रव्य तथा जगत् रूप दृश्य काव्य का कर्ता होने से कवि है तथा वह सर्वज्ञ और स्वतन्त्र है ।

यद्वा—क्लेदार्थक "ईशुचिर्" धातु से जो दिवादिगण में पठित है, घञ् प्रत्यय और कुत्व होने से शोक शब्द सिद्ध होता है। इसी प्रकार दीप्त्यर्थक "शुच" धातु से भी शोक शब्द की सिद्धि होती है । विशोक=क्लेद रहित होने से सूर्यात्मक विष्णु या अग्नि का नाम है ।

शुचिर् और शुच दीप्तौ धातु के अर्थ की सङ्गति में ये मन्त्र प्रमाण हैं—जैसे—शुचिक्रन्दम् (ऋक् ७।९७।५), शुचिजिह्वः (ऋक् २।९।१), शुचिपेशसम् । शुचिप्रतीकम् (ऋक् १।१४३।६) इत्यादि । ये सब भिन्न-भिन्न वेदवाक्य, विशोक शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हैं । यजुर्वेद के "तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" (४०।७) इस वाक्य का अर्थ ही 'वि' उपसर्ग से प्रकट हो रहा है ।

शोकनाशनः–६३२

"णश अदर्शने" इति दैवादिकाद्धातोर्हेतुमण्णिच्, वृद्धिः, ततो "नन्द्यादित्वात्" (पा० ३।१।१३४) ल्युर्ल्युड् वा बाहुलकात्, योरनादेशः, शोकस्य नाशनः शोकनाशनः, स्वयं विशोकोऽशोकसंस्पर्शः, परेषां शोकं नाशयति यः स शोकनाशन इत्यर्थः । मन्त्रलिङ्गम्—

"तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ।" यजु, ४०।७ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्विशोकः सविनाशनोऽस्ति शोकस्य तस्माल्लभते प्रसादम् ।
जगत् समस्तं शिशुमात्मसूतं माता यथा सूर्यमिमं तथा विट् ॥१९४॥

दृष्ट्वेति शेषः ।



अर्चिष्मानर्चितः कुम्भो विशुद्धात्मा विशोधनः ।
अनिरुद्धोऽप्रतिरथः प्रद्युम्नोऽमितविक्रमः ॥८१॥

६३३ अर्चिष्मान्, ६३४ अर्चितः, ६३५ कुम्भः, ६३६ विशुद्धात्मा, ६३७ विशोधनः । ६३८ अनिरुद्धः, ६३९ अप्रतिरथः, ६४० प्रद्युम्नः, ६४१ अमितविक्रमः ॥

शोकनाशनः—६३२

दिवादिगण पठित नाशार्थक णश् धातु से प्रेरणा अर्थ में णिच् और णिजन्त से "नन्द्यादि" नियम (पा० ३।१।१३४) से ल्यु अथवा बाहुलक से ल्युट् प्रत्यय तथा यु को अनादेश होने से नाशन शब्द सिद्ध होता है । शोक का जो नाश करने वाला है, उसका नाम शोकनाशन है, अर्थात् जो स्वयं विशोक है, शोक के सम्बन्ध से रहित है और दूसरों के शोक का नाश करता है, वह शोकनाशन है ।

इसमें "तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" यह यजुर्वेद (४०।७) का वचन प्रमाण है ।

भाष्यकार इस नाम के भाव को इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम शोकनाशन है, क्योंकि वह स्वयं विशोक है तथा स्वाश्रितों के शोक का नाश करता है, उससे सकल जगत् प्रसाद प्राप्त करता है । जैसे माता अपने बालक को देखकर इसी प्रकार सूर्य को देख कर यह सकल प्रजा प्रसन्नता प्राप्त करती है ।

अर्चिष्मान्—६३३

"अर्च पूजायाम्" भौवादिको धातुस्ततः "अर्चिशुचिहुसृपिच्छादिच्छर्दिभ्य इसिः" (२।१०८) इत्युणादिसूत्रेण 'इसिः' प्रत्ययस्ततो मतुप् "तसौ मत्वर्थे" (पा० १।४।१९) इत्यनेन भसंज्ञकत्वात् पदान्तस्य सो रुत्वं न भवति। "आदेशप्रत्यययोः" (पा० ८।३।५९) सूत्रेण षत्वम्, नुम्, अत्वन्तदीर्घः, अर्चिष्मानिति। अर्चिरिति पूजाया दीप्तेर्वा नाम, तेन पूजावान्=पूजार्हो दीप्तिमानिति वार्थः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"इन्द्रमिद् गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः।
इन्द्रं वाणीरनूषत।" ऋक् १।७।१ ॥

"गायन्ति त्वा गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः।
ब्रह्माणस्त्वा शतक्रत उद्वंशमिव येमिरे।" ऋक् १।१०।१ ॥

भवतश्चात्रास्माकम्—

अर्चिष्मानस्ति पूजार्हो विष्णुः सूर्यः सदा शुचिः।
अपरेऽपि ग्रहाः सर्वे पूजामर्हन्ति नैत्यिकीम् ॥१९५॥
विष्णुनैतद् यथा व्याप्तं जगत् सर्वं विराजते।
ग्रहैश्चापि तथा सर्वं विश्वं व्याप्तं विराजते ॥१९६॥

अर्चिष्मान्—६३३

पूजार्थक भ्वादिगण पठित 'अर्च' धातु से उणादि 'इसि' प्रत्यय और तदन्त से ताद्धित मतुप् प्रत्यय, मतुप् परे रहते सान्त की भसंज्ञा होने से स को रुत्व नहीं होता तथा प्रत्ययावयव होने से षत्व हो जाता है, नुम् और अत्वन्त लक्षण दीर्घ होने से अर्चिष्मान् शब्द सिद्ध होता है।

अर्चि यह पूजा या दीप्ति का नाम है। इसलिये अर्चिष्मान् शब्द का अर्थ पूजा के योग्य या दीप्ति वाला ऐसा होता है।

इसमें यह "इन्द्रमिद् गाथिनो०" (ऋक् १।७।१) तथा "गायन्ति त्वां गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः" (ऋक् १।१०।१०) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

इस नाम के भाव को भाष्यकार इस प्रकार स्पष्ट करता है—

अर्चिष्मान् नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह सबका पूजनीय है तथा वह सर्वथा शुद्ध और सूर्य रूप है और दूसरे ग्रह भी प्रतिदिन की पूजा के योग्य है।

जैसे यह सकल जगत् भगवान् विष्णु से व्याप्त होकर विराजमान है, इसी प्रकार विश्व भी ग्रहों से व्याप्त होकर विराजमान है।

अर्चितः–६३४

'अर्च पूजायाम्' इति भौवादिको धातुस्ततो भावे "गुरोश्च हलः" (पा० ३।३।१०३) इत्यनेन स्त्रियामकारः प्रत्ययः। ततष्टाप्, अर्चा=पूजेत्यर्थः। ततः "तदस्य सञ्जातं तारकादिभ्य इतच्" (पा० ५।२।३६) सूत्रेण 'इतच्' प्रत्ययः अर्चा सञ्जाता अस्येति अर्चितः पूजित इत्यर्थः। सर्वेषां पूज्य इति भावः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यस्मिन् विश्वानि काव्या चक्रे नाभिरिव श्रिता।
त्रितं जूती सपर्यत व्रजे गावो न संयुजे
युजे अश्वाँ अयुक्षत नभन्तामन्यके समे।" ऋक् ८।४१।६॥
"स माया अर्चिना पदा।" ऋक् ८।४१।८॥

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्जगत्यां लभतेऽर्चनां स्वां ततोऽर्चितः स स्तुतिमभ्युपैति।
तमेव वेदाः प्रणुदन्ति गातुं देवा नरा वा ऋषयः पुराणाः॥१६७॥

तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"न यस्येन्द्रो तरुणो न मित्रो व्रतमर्यमा न मिनन्ति रुद्रः।
नारातयस्तमिदं स्वस्ति हुवे देवं सवितारं नमोभिः।" ऋक् २।३८।९॥

अर्चितः—६३४

पूजार्थक भ्वादिगण पठित 'अर्च' धातु से "गुरोश्च हलः" (पा० ३।३।१०३) इस सूत्र से स्त्रीविशिष्ट भाव में अकार प्रत्यय तथा तदन्त से टाप् प्रत्यय करने से अर्चा शब्द सिद्ध होता है। अर्चा जिसकी हो, उसका नाम अर्चित है। तारकादि लक्षण (द्र० पा० ५।१।३६) ताद्धित इतच् प्रत्यय होने से अर्चित शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ 'पूज्य या पूजित' होता है, अर्थात् सब का पूजनीय।

इसमें **"यस्मिन् विश्वानि काव्या"** तथा **"स माया अर्चिना पदा"** (ऋक् ८।४१।६८) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार इस भाव को पद्य द्वारा इस प्रकार स्पष्ट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम अर्चित है, क्योंकि उसे प्राणिवर्ग अपने-अपने कृत कर्मों से अर्चित करते हैं, अर्थात् पूजते हैं और सत्यभूत गुणों के वर्णन से उसकी स्तुति करते हैं। वेद, देव, नर तथा पुरातन महर्षि वर्ग, उसी का गान तथा भजन करने के लिये सबको प्रेरणा देते हैं।

यहां **"न यस्येन्द्रो वरुणो न मित्रो......हुवे देवं सवितारं नमोभिः"** यह ऋग्वचन (२।३८।९) प्रमाण है।

कुम्भः—६३५

'कुभि आच्छादने' चौरादिको धातुस्ततः पचाद्यचि, कुम्भयति=आच्छादयतीति कुम्भः, विष्णुः सूर्यो वा।

यद्वा केचन—'कमु कान्तौ' इति भौवादिकाद्धातोः **"कमेः कुम्च"** इत्युणादि सूत्रेण 'भः' प्रत्ययो, धातोश्च कुमादेशः, कुम्भः काम्यत इति।

यद्वा—**"उणादयो बहुलम्"** (पा० ३।३।१) इति—अनुशासनात् कमेरत उः भश्च प्रत्ययो, बाहुलकाद् गुणाभावः। **"नेड् वशि कृति"** (पा० ७।२।८) इतीण्निषेधः, कुम्भः।

यद्वा—**"कै शब्दे"** इति भौवादिको धातुस्तत आत्वे **"कुर्भ्रश्च"** इति चकारादन्यतोऽपीति कुः प्रत्यय आलोपश्च, कुः। **"भा दीप्तौ"** इत्यादादिकस्य धातोः **"अन्येष्वपि दृश्यते"** (पा० ३।२।१०१) सूत्रेण डप्रत्ययान्तो भ-शब्दो गृह्यते। कायति भाति च, पृषोदरादित्वाद्वर्णोपजनो मकारः, कुम्भः। कुम्भ इति घटस्यापि नाम मनुष्यस्यापि च। तथा हि दृश्यते—लोके—कुम्भः पूर्यमाणो जलेन शब्दायते भाति=प्रकाशते च, तथा मनुष्योऽपि शब्दायमानो भाति। एवं

कुम्भः—६३५

चुरादिगण पठित 'कुभि आच्छादने' धातु से पचादि अच् प्रत्यय तथा णि का लोप होने पर कुम्भ शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ 'आच्छादन करता है' ऐसा होता है यह विष्णु या सूर्य का नाम है।

यद्वा—दूसरे वैयाकरण इस शब्द को भ्वादिगण पठित "कमु कान्तौ" धातु से उणादि 'भ' प्रत्यय तथा धातु को कुम्—आदेश करके सिद्ध करते हैं, जिसका अर्थ 'जिसकी इच्छा की जाती है' ऐसा होता है।

अथवा—**"उणादयो बहुलम्"** (पा० ३।१।३) इस अनुशासन के बल से 'कमु' धातु से **"कमेरत उः"** इस उणादि सूत्र से धातु के अकार को उकार तथा बाहुलक से 'भ' प्रत्यय और गुणाभाव **"नेड् वशि०"** (पा० ७।२।८) सूत्र से इट् का निषेध होने पर कुम्भ शब्द सिद्ध होता है—

अथवा—शब्दार्थक भ्वादिगण पठित "कै" धातु से **"कुर्भ्रश्च"** (१।२२) इस उणादि सूत्र में पठित चकार से "कु" प्रत्यय और आत्व तथा आकार का लोप करने से कु शब्द बनता है तथा दीप्त्यर्थक अदादिगण पठित भा धातु से **"अन्येष्वपि दृश्यते"** इस पाणिनीय (३।२।१०१) सूत्र से सिद्ध ड प्रत्ययान्त 'भ' शब्द का कु शब्द के साथ योग तथा पृषोदरादि शासनानुसार मकार वर्णोपजन करने से कुम्भ शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ "जो शब्द करता हुआ शोभायमान होता है" ऐसा होता है। कुम्भ नाम घट तथा मनुष्य का भी है, क्योंकि लोक में ऐसा देखा जाता है कि घट जब जल से पूर्ण किया, भरा

विधानां विविधकल्पनानां मूलं श्रीभर्तृहरिणा स्वकारिकायां प्रदर्शितं तत्रैव (वाक्यपदीय काण्ड २) द्रष्टव्यम् । सर्वमूहितं समादर्तव्यमिति मयात्र प्रदर्शितम् । यद्वा—अन्तर्गभितण्यर्थोऽत्र भातिः, कुं भापयति=प्रकाशयतीति कुम्भः, कौ वा भातीति कुम्भः सूर्यः, वर्णोपजनो मकारः । लोके च पश्यामः कुरूपमिदं पार्थिवं शरीरं तत्रात्मरूपः सूर्यः भाति=प्रकाशते प्रकाशयति वा तत् कुम्भः सूर्यः, निर्गत आत्मनि शरीरमिदं निस्तेजस्कं भवति ।

क्षुद्रा महान्तो वा जलाशया अपि समुद्रापेक्षया 'कुम्भ' इति संज्ञां लभन्ते । महाकायवतां मत्स्यानामपेक्षया क्षुद्रा मीना अपि कुम्भशब्देनाभिधातुं शक्याः । मीनो राशिर्वा । एवंविधामर्थयोजनामनुसृत्यैव वेदोक्तं ग्रहाणां फलं लोकमनुव्यापृत्य तिष्ठति । लोके चापि—हृदयं शरीरे समुद्र इव, यूकाश्च मीना इव कुम्भाभिधेयाः । आन्तरिक्ष्य आपः समुद्रस्थानीयाः, पार्थिव्यश्च कुम्भस्थानीयाः ।

जाता है तब शब्द करता है तथा भासमान होता है । इसी प्रकार मनुष्य भी शब्द करता हुआ शोभायमान होता है । इस प्रकार की विविध कल्पनाओं का मूल भर्तृहरि ने अपनी कारिका में दिखाया है, वहीं देखना चाहिये । कल्पना का सब विषय आदरणीय होना चाहिये, अर्थात् कल्पित सब ग्राह्य है, इस अभिप्राय से मैंने यहां विविध प्रकार की कल्पनाएं करके दिखाई हैं ।

अथवा 'भा' धातु यहां प्रेरणागर्भित ग्रहण की गई हैं, जिसका अर्थ हुआ जो पृथिवी को शोभित करे अथवा जो पृथिवी में शोभायमान हो । इसमें भी मकार वर्ण उपजन है ।

लोक में ऐसा देखा जाता है कि यह शरीर कु=पृथिवीरूप है और सूर्य इसमें आत्मारूप है, जो कि उसमें शोभायमान होता है तथा इसे शोभित करता है, क्योंकि शरीर से आत्मा के निकल जाने पर यह शरीर निस्तेज हो जाता है ।

छोटे-बड़े जलाशय भी महासमुद्र की अपेक्षा से कुम्भ शब्द के वाच्य होते हैं ।

महासमुद्र में रहने वाले महाकाय तिमिङ्गिलादि मत्स्यों की अपेक्षा से छोटे-छोटे मीन=मत्स्य भी कुम्भ शब्द से कहे जाते हैं । मीन नाम १२वीं राशि का भी है । इस प्रकार की अर्थ योजना के अनुसार ही वेदोक्त ग्रहों का फल, सकल लोक को अपनी व्याप्ति का विषय बना रहा है । लौकिक शरीर में हृदय समुद्र के समान है तथा यूका=जूं मीन के समान कुम्भ नाम से कही जाती हैं । अन्तरिक्ष के जल समुद्र स्थानीय हैं तथा पृथिवी के जल कुम्भस्थानीय हैं ।

भवति चात्रास्माकम्—

कुम्भोऽत्र विष्णुः स उ वापि सूर्यं आत्मापि कुम्भः किमु वाक् च कुम्भः ।
उशन्ति यं सूरिवराः स कुम्भो व्याप्तञ्च कुम्भेन विभाति सर्वम् ॥१९८॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"कुम्भो वनिष्ठुर्जनिता शचीभिर्यस्मिन्नग्रे योन्यां गर्भो अन्तः ।
प्लाशिर्व्यक्तः शतधार उत्सो दुहे न कुम्भीं स्वधा पितृभ्यः ।"
यजुः १९।८७ ॥

"सत्रे ह जाताविषिता नमोभिः कुम्भे रेतः सिसिचतुः समानम् ।
ततो ह मान उदियाय मध्यात् ततो जातमृषिमाहुर्वसिष्ठम् ।"
ऋक् ७।३३।१३ ॥

बहुविभक्त्यन्तोऽयं वेदे कुम्भशब्द उपलभ्यते । निदर्शनमात्रं नः प्रयोजनम्, नाममात्रप्रदर्शनार्थत्वात् ।

विशुद्धात्मा—६३६

"शुध शौचे" इति दैवादिको धातुरनिट्, ततः क्तः प्रत्ययः गुणाभावः । "झषस्तथोर्धोऽधः" (पा० ८।२।४०) सूत्रेण तकारस्य धकारः, "झलां जश् झशि" (पा० ८।४।५२) इति धातोर्धकारस्य दकारः शुद्धो, व्युपसृष्टो विशुद्ध

भाष्यकार ने पद्य द्वारा इस नाम के भाव का कथन इस प्रकार किया है—

भगवान् विष्णु का नाम कुम्भ है, तथा सूर्य, आत्मा और वाग्देवी का नाम भी कुम्भ है । जिसकी विद्वान् महापुरुष कामना=इच्छा करते हैं, उसका नाम भी कुम्भ है । यह सकल संसार ही कुम्भ से व्याप्त होकर शोभायमान हो रहा है ।

इस नाम के विष्णु नाम होने में 'कुम्भो वनिष्ठुर्जनिता······दुहे न कुम्भी स्वधा पितृभ्यः" (यजुः १९।८७) तथा "सत्रे ह जाता विषिता नमोभिः कुम्भे रेतः सिसिचतुः समानम्" (ऋक् ७।३३।१३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं ।

यह कुम्भ शब्द वेद में विभक्ति-वचन भेद से बहुत प्रयुक्त हुआ है, किन्तु उदाहरण मात्र दिखाना ही हमारा प्रयोजन है ।

विशुद्धात्मा—६३६

शौचार्थक दैवादिक अनिट् 'शुध' धातु से कर्ता अर्थ में 'क्त' प्रत्यय गुण का अभाव "झषस्तथोर्धोऽधः" इस पाणिनीय (पा० ८।२।४०) सूत्र से निष्ठा के तकार को धकार तथा "झलां जश् झशि" (पा० ८।४।५२) इस सूत्र से धकार को दकार होने से शुद्ध और वि-उपसर्ग जोड़ने से विशुद्ध शब्द बनता है । आत्मा शब्द का व्युत्पादक बहुत बार हो

इति । आत्मशब्दो बहुशो व्युत्पादितः स्वरूपपर्यायः, तस्मात् विशुद्धात्मा शुचिस्वरूप इत्यर्थः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स पर्यगात्……शुद्धमपापविद्धम् ।" यजु: ४०।८ ॥ इत्यादि ।

"एतो न्विन्द्रं स्तवाम शुद्धं शुद्धेन साम्ना ।
शुद्धैरुक्थैर्वावृध्वांसं शुद्ध आशीर्वान् ममत्तु ॥
इन्द्र शुद्धो न आ गहि शुद्धः शुद्धाभिरूतिभिः ।
शुद्धो रयिं नि धारय शुद्धो ममद्धि सोम्य ॥
इन्द्र शुद्धो हि नो रयिं शुद्धो रत्नानि दाशुषे ।
शुद्धो वृत्राणि जिघ्नसे शुद्धो वाजं सिषाससि ॥"

ऋक् ८।९५।७, ८, ९ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

विशुद्धात्मा स एवास्ति विष्णुः सूर्यः पुरातनः ।
शुद्धो दधाति विश्वस्मै रत्नानि च धनानि च ॥१९९॥

विशोधनः—६३७

व्युपसृष्टः "शुध शौचे" इति दैवादिको धातुस्ततो णिचि गुणे च विशोधि, ततश्च ल्युटि योरनादेशे णिलोपे विशोधन इति सिध्यति । स स्वयं विशुद्धो विशोधयति सर्वमिति विशोधन उच्यते । एतच्च विष्णोः सूर्यस्य वा नाम । विशोधनार्थकानि मन्त्राण्यत्र लिङ्गानि—

चुका है । आत्मा शब्द स्वरूप शब्द का पर्यायवाची शब्द है । शुद्ध है स्वरूप जिसका, इस बहुव्रीहि समास से 'शुद्धस्वरूप' यह अर्थ होता है ।

इस नाम में **"स पर्यगात्……शुद्धमपापविद्धं"** इत्यादि (यजुः ४०।८) **"एतो न्विन्द्रं स्तवाम शुद्धं शुद्धेन साम्ना । शुद्धैरुक्थैर्वावृध्वांसं शुद्ध"** इत्यादि तथा **"इन्द्रः शुद्धो न आगहि शुद्धः शुद्धाभिरुतिभिः शुद्धो रयिं नि धारय शुद्धो ममद्धि सोम्य"** इत्यादि ऋङ्मन्त्र (८।९५।७, ८, ९) प्रमाण हैं ।

इस नाम का भावार्थ भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

पुरातन भगवान् विष्णु तथा सूर्य ही विशुद्धात्मा हैं तथा विशुद्धात्मा भगवान् ही सकल विश्व के लिये नाना प्रकार के रमणीय रत्न और तृप्ति के साधन धनों को धारण करता है ।

विशोधनः—६३७

वि-उपसर्ग है : शौचार्थक "शुध" यह दिवादिगण पठित धातु है, इससे 'णिच्' प्रत्यय तथा गुण करने से विशोधि ण्यन्त की धातु संज्ञा होने से ल्युट् कृत् प्रत्यय, यु को अन आदेश और णि का लोप होने से विशोधन शब्द सिद्ध होता है । वह स्वयं विशुद्ध होता हुआ सबको शुद्ध करता है, इसलिये विशोधन कहा जाता है । वह विष्णु या सूर्य का नाम है । विशोधनार्थक मन्त्र ही यहां प्रमाण समझने चाहियें । यहां प्रधान रूप से भावार्थ ही

भावार्थोऽत्र प्राधान्यतोऽवगन्तव्यः, यथा—शुचिः, मार्गः, भर्ग इत्यादि-नामभिर्विष्णुः सूर्यो वोच्यते, तथैव—आत्मा शुचिः, भर्गः, मार्गो वा सन्, देहं शोधयति भृज्जति, मार्ष्टि वेति कृत्वा विशोधन उच्यते। एवं विशोधनाख्यो गुणो विश्वं व्यश्नुवानस्तमेव सर्वत्र व्याप्तं विशोधनाख्यं व्यनक्ति।

भवति चात्रास्माकम्—

विशोधनो विष्णुरमोघशक्तिर्विशोधयन् विश्वमिदं समस्तम्।
प्रत्नं स [1]नूत्नं कुरुते चिराय तथा यथा स्वापविमुक् [2]सभः स्यात् ॥२००॥

१—नवो नवो भवति जायमानः।" (ऋक् १०।८५।१९) चन्द्र इति शेषः।

२—समाना भा=प्रभा यस्य स सभः।

यदुक्तम् अमोघशक्तिरिति तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"इन्द्रस्य बाह्वोर्भूयिष्ठमोजः।" ऋक् ८।९६।३ ॥

अनिरुद्धः—६३८

नि—उपसर्गः, "रुधिर् आवरणे" इति रौधादिको धातुरनिट्, ततः क्तो घत्वजश्त्वे निरुद्ध इति, नञा समासे नञो नलोपः। नास्ति निरोधो यस्य सोऽनिरुद्धो विष्णुः सूर्यो वा। मन्त्रलिङ्गञ्च—

लेना चाहिये, जैसे—शुचि, मार्ग तथा भर्ग नाम से विष्णु या सूर्य का ग्रहण किया गया है। इसी प्रकार आत्मा भी शुचि, मार्ग वा भर्ग स्वरूप होता हुआ देह का शोधन करता है जलादि से, तपादि से तथा ओषधि आदि से। इन तीनों प्रकारों से शरीर का शोधन करने से आत्मा का नाम विशोधन है। इस प्रकार सर्वत्र विश्व में व्याप्त हुआ विशोधन नाम गुण, सर्वत्र विश्व में व्यापक विशोधन नाम वाले भगवान् विष्णु को बता रहा है।

भाष्यकार ने अपने पद्य द्वारा इसके भावार्थ को इस प्रकार कहा है—

अमोघशक्ति=कहीं पर भी अप्रतिहत शक्ति, भगवान् विष्णु का नाम विशोधन है, वह सब प्रकार से इस समस्त विश्व का विशोधन करता है तथा सदा से पुराण को नूत्न करता है। जैसे कि निद्रा से विमुक्त हुआ जीव पुनः प्रबोध=चैतन्य वा कान्ति को प्राप्त कर लेता है।

अमोघ शक्तिमत्त्व में "**इन्द्रस्य बाह्वोर्भूयिष्ठमोजः**" (ऋक् ८।९६।३) वचन प्रमाण है। तथा=पुरातन के नवीन होने में "**नवो नवो भवति जायमानः**" (ऋक् १०।८५।१७) यह वचन प्रमाण है।

अनिरुद्धः—६३८

नि-उपसर्ग है, आवरणार्थ रुधादिगण पठित 'रुधिर्' अनिट् धातु से 'क्त' प्रत्यय तथा घत्व और जश्त्व करने से निरुद्ध शब्द सिद्ध होता है। नञ् के साथ समास होने से जो निरुद्ध नहीं होता अर्थात् जिसका कोई निरोध नहीं कर सकता, उसका नाम अनिरुद्ध है, यह विष्णु अथवा सूर्य का नाम है।

"मरुद्भिरिन्द्रः सख्यं ते अस्त्वथेमा विश्वाः पृतना जयासि ।"
ऋक् ८।९६।९ ॥

"मन्ये त्वा वृषभं चर्षणीनाम् ।" ऋक् ८।९६।४ ॥
"पुरूण्यस्य पौंस्या ।" ऋक् ८।९५।६ ॥ इन्द्रस्येति शेषः ।
"त्वं हि शश्वतीनां पती राजा विशामसि ।" ऋक् ८।९५।३ ॥

लोकेऽपि दृश्यते—मृत्युकाले शरीरं विहाय गच्छन्नयं जीवो न केनापि शक्यो निरोद्धुमिति जीवोऽपि अनिरुद्ध शब्देनोच्यते ।

भवति चात्रास्माकम्—

अनिरुद्धः स एवास्ति विष्णुः सूर्यः पुरातनः ।
स्तूयते जीयते वासौ शत्रुजिद्विश्वबन्धनः[1] ॥२०१॥

१—"स नो बन्धुर्जनिता" (यजुः ३२।१०) इत्यादि मन्त्रमत्रलिङ्गम् ।

अप्रतिरथः—६३९

प्रति—उपसर्गः. "रमु क्रीडायाम्" भौवादिको धातुरनिट्, ततः "हनि-कुषिनीरमिकाशिभ्यः क्थन्" (२।२) इत्युणादिः क्थन् प्रत्ययः । "अनुदात्तोप-देश०" (पा० ६।४।३७) इत्यादिना झलि क्नित्यनुनासिकलोपः । प्रतिगतो रथं

इसमें "मरुद्भिरिन्द्रः सख्यं ते अस्त्वथेमा विश्वाः पृतना जयासि" (ऋक् ८।९६।४) "मन्ये त्वा वृषभं चर्षणीनाम्" (ऋक् ८।९६।४) इत्यादि ऋग्वेद मन्त्र प्रमाण हैं ।

लोक में भी देखा जाता है, मरण समय में शरीर को छोड़कर जाते हुए जीवात्मा को कोई भी नहीं रोक सकता, इसलिये जीवात्मा का नाम भी अनिरुद्ध है ।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु तथा जगदात्मभूत सूर्य का नाम अनिरुद्ध है, क्योंकि वह शत्रु-जित्=लोक व्यवस्था को भङ्ग करने वाले को जीतने वाला, अर्थात् दण्ड देने वाला तथा जगत् का बन्धन=नियन्त्रण अर्थात् मर्यादा की रक्षा करने वाला होने से सर्वोत्कृष्ट तथा स्तुति का विषय होता है ।

विश्वबन्धन अर्थ में "स नो बन्धुर्जनिता" (यजुः ३२।१०) इत्यादि वेद का वचन प्रमाण है ।

अप्रतिरथः—६३९

प्रति उपसर्ग हैं, क्रीड़ार्थक भ्वादिगण पठित अनिट् 'रमु' धातु से "हनिकुषि" (२।२) इत्यादि उणादि सूत्र से क्थन् प्रत्यय "अनुदात्तोपदेश" (पा० ६।४।३७) इत्यादि सूत्र से अनुनासिक लोप, 'प्रति गतो रथं प्रतिरथः' इस प्रकार तत्पुरुष समास से प्रतिरथ शब्द की सिद्धि होने पर 'नहीं है प्रतिरथ जिसका' इस बहुव्रीहि समास से अप्रतिरथ शब्द सिद्ध होता है । नहीं है प्रतिरथ=प्रतिपक्षी जिसका उसका नाम है अप्रतिरथ ।

प्रतिरथस्तत्पुरुषः, पुनर्नञा अविद्यमानः प्रतिरथो यस्येति "नञोऽस्त्यर्थानां बहुव्रीहिर्वा चोत्तरपदलोपश्च" (वा० २।२।२४) इति बहुव्रीहिः। प्रतिरथशब्दः, प्रतिपक्षिपर्यायः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स तिग्मशृङ्गं वृषभं युयुत्सन् द्रुहस्तस्थौ बहुले बद्धो अन्तः।"
ऋक् १०।४८।१० ॥

"नभो न कृष्णमवतस्थिवांसम्।" ऋक् ८।९६।१४ ॥
"अपराजितमस्तृतमषाढम्।" ऋक् १०।४८।११ ॥

"अहमिन्द्रो न परा जिग्ये इद्धनं न मृत्यवे अव तस्थे कदाचन।
सोममिन्मा सुन्वन्तो याचता वसु न मे पूरवः सख्ये रिषाथन॥"
ऋक् १०।४८।५ ॥

"त्वं ह त्यदप्रतिमानमोजो वज्रेण वज्रिन् धृषितो जघन्थ।"
ऋक् ८।९६।१७ ॥

रथमधिकृत्य-रथचर्षणे (ऋक् ८।५।१९), रथवते (ऋक् १।१२२।१२), रथवाहनम् (ऋक् ६।७५।८), रथिने (ऋक् १०।४०।५) इति निदर्शनम्।

भवति चात्रास्माकम्—

रथो न कश्चिन्न रथी च कश्चित् यः स्याज्जगत्यां प्रतिमानभूतः।।
हिरण्ययेनारमता रथेन पश्यन् स सूर्यो भुवनानि याति ॥२०२॥

इसमें "स तिग्मशृङ्गं वृषभं युयुत्सन्" (ऋक् १०।४८।१०), "नभो न कृष्णमवतस्थिवांसम्" (ऋक् ८।९६।१४), "अपराजितमस्तृतमषाढम्" (ऋक् १०।४८।११), "अहमिन्द्रो न परा जिग्ये इद्धनं न मृत्यवे" (ऋक् १०।४८।५), "त्वं ह त्यदप्रतिमानमोजो वज्रेण वज्रिन् धृषितो जघन्थ" (ऋक् ८।९६।१७) इत्यादि ऋग्वेद के वचन प्रमाण हैं।

रथ शब्द को लेकर "रथचर्षणे" (ऋक् ८।५।१९), "रथवते" (ऋक् १।१२२।११), "रथवाहनम्" (ऋक् ६।७५।८), "रथिने" (ऋक् १०।४०।५) इत्यादि वेद पद उदाहरण रूप हैं।

भाष्यकार इसके भाव को अपने पद्य द्वारा यों प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का नाम अप्रतिरथ है, क्योंकि जगत् में न कोई ऐसा रथ है और न रथी है जिससे उसकी प्रतिरथता की सिद्धि हो सके, किन्तु सूर्य रूप भगवान् अपने रमण के साधन भूत प्रकाशरूप रथ से भुवनों को देखता हुआ जाता है।

प्रद्युम्नः—६४०

प्र—उपसर्गः, 'दिव' धातुः क्रीडाद्यर्थको दैवादिकस्ततो "दिवेर्डिविः" (श्वेत० टीका ५।८०) इत्युणादिना 'डिविः' प्रत्ययष्टिलोपो द्—इव=दिव्, "दिव उत्" (पा० ६।१।१३१) सूत्रेण "अलोऽन्त्यस्य" इति (पा० १।१।५२) इति परिभाषासूत्रसाहाय्येनान्त्यवकारस्य स्थाने उदित्यादेशः दि—उ इति यणादेशेन यकारो द्युः।

म्नः—'म्ना अभ्यासे' इति भौवादिकाद्धातोः "घञर्थे कविधानम्" (पा० ३।३।५८) इति वार्तिकेन भावे कः प्रत्यय आल्लोपः। अभ्यासो हि पौनःपुन्यम्। एवञ्च पौनःपुन्येन प्रकर्षेण देवनं=द्योतनं=भासनं वा यस्य स प्रद्युम्नः। अक्षरवर्णसामान्यादर्थप्राधान्येन वा निर्ब्रूयाद् (द्र० निरु० २१) इति नियमेन, पुनः पुनः प्रद्योतत इति वा प्रद्युम्नो विष्णुः सूर्यो वा। यः पौनःपुन्येन सूर्यमुद्यातुं प्रेरयति स प्रद्युम्नो विष्णुः। यश्च पौनःपुन्येनोदेति सोऽपि प्रद्युम्नः सूर्यः। लोकेऽपि दृश्यते—नित्योऽयमात्मा पौनःपुन्येन यथाव्यवस्थं नूत्नानि शरीराण्युपैति, तत आत्माऽपि प्रद्युम्नः। यतो हि सः नूत्नं शरीरमुपेत्यापूर्व इव प्रदीप्यते।

प्रद्युम्नः—६४०

प्र—उपसर्ग है, क्रीड़ाद्यर्थक दिवादिगण पठित 'दिवु' धातु से "दिवेर्डिविः" इस उणादि (श्वेत० टी० ५।८०) सूत्र से डिवि प्रत्यय और टि का लोप होने से दिव् पद बन जाने पर "दिव उत्" (पा० ६।१।१३१) इस सूत्र से "अलोऽन्त्यस्य" (पा० १।१।५२) इस परिभाषा सूत्र की सहायता से अन्त्य वकार के स्थान में उत् आदेश तथा यण् करने से द्यु शब्द बनता है।

म्न शब्द अभ्यासार्थक भ्वादिगण पठित 'म्ना' धातु से "घञर्थे कविधानम्" इस वार्तिक (महा० ३।३।५८) से घञ् के अर्थ में क प्रत्यय करने से और आकार का लोप करने से सिद्ध होता है। बार-बार किसी क्रिया के करने का नाम अभ्यास है। इस प्रकार 'बार-बार और प्रकृष्ट=उत्कृष्ट है, दीप्ति जिसकी' उसको प्रद्युम्न कहते है, यह अर्थ प्रद्युम्न शब्द का हुआ।

अक्षर तथा वर्णों की समानता से तथा अर्थ की प्रधानता से निर्वचन करे ऐसा निरुक्तकार श्री यास्क जी का नियम है (द्र० निरुक्त २।१)। तदनुसार बार-बार प्रकृष्टता से जो भासता है, दीप्त होता है, वह सूर्य वा विष्णु प्रद्युम्न नाम से कहाता है। बार-बार सूर्य को उदय या अस्त के लिये प्रेरणा देने से भी विष्णु का नाम प्रद्युम्न है तथा जो वह बार-बार उदय और अस्त होता है, इससे सूर्य का नाम भी प्रद्युम्न होता है। लोक में भी यह जीवात्मा बार-बार नये-नये शरीरों को प्राप्त करता है, इसलिये आत्मा का नाम भी प्रद्युम्न है, क्योंकि वह नूतन शरीर को प्राप्त करके सर्वथा अपूर्व=नये के समान प्रदीप्त होता है।

प्रेर्य-प्रेरकभावेन जगच्चक्रं प्रवर्तत इति प्रेरको विष्णुः प्रद्युम्नः, प्रेर्यश्च सूर्योऽपि प्रद्युम्नो गभस्तिनेमिः। मन्त्रलिङ्गम्—

"अक्षासो अस्य वितिरन्ति कामं प्रतिदीव्ने दधत आकृतानि।"

ऋक् १०।३४।६॥

कः सः? —**"त्रिपञ्चाशः क्रीडति व्रात एषां देव इव सविता सत्यधर्मा। उग्रस्य चिन्मन्यवे ना नमन्ते राजा चिदेभ्यो नम इत् कृणोति।"**

ऋक् १०।३४।८॥ इति सूर्यः सः।

दिवियोनिः (ऋक् १०।८८।७), **दिविजाः** (ऋक् ७।७५।१), **द्युमत्तमः** (ऋक् ६।६५।१६) इति निदर्शनम्।

भवति चात्रास्माकम्—

स एव विष्णुः किमु वापि सूर्यः प्रद्युम्नशब्देन नमन्ति तं वा।
प्रद्युम्न आत्मापि यतः स कायं पुनः पुनः प्राप्य नवो विभाति॥२०३॥

अमितविक्रमः—६४१

"माङ् माने" इति जौहोत्यादिकाद्धातोः कर्मणि क्तः। अनिडयं धातुः गुणाभावः। ततश्च **"द्यतिस्यतिमास्थामित्ति किति"** (पा० ७।४।४०) सूत्रेण इत्वम्। न मित इति नञा समासः, नञो नलोपः, अमित इति।

यह सकल जगत् रूप चक्र प्रेर्य-प्रेरक भाव से चल रहा है, प्रेरक विष्णु प्रद्युम्न रूप है तथा प्रेर्य गभस्तिनेमि सूर्य भी प्रद्युम्न है।

इसमें ऋग्वेद की **"अक्षासो अस्य वितिरन्ति कामं प्रतिदीव्ने दधत आकृतानि"** (ऋक् १०।३४।६) यह ऋक् प्रमाण है। वह कौन है जिसका इस **"त्रिपञ्चाशः क्रीडति व्रात एषां देव इव सविता सत्यधर्मा। उग्रस्य चिन्मन्यवे ना नमन्ते राजा चिदेभ्यो नम इत् कृणोति"** (ऋक् १०।३४।८) मन्त्र में वर्णन है। इसका उत्तर यही है कि इस मन्त्र में एकमात्र सूर्य का ही वर्णन है। इसके सूर्य नाम होने में अर्थ के प्राधान्य से ये वेद वचन भी **"दिविजाः"** (ऋक् ७।७५।१), **"द्युमत्तमः"** (ऋक् ६।६५।१६), **"दिवियोनि"** (ऋक् १०।८८।७) प्रमाण हैं।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा भावसंकलन इस प्रकार किया है—

भगवान् विष्णु वा सूर्य का नाम प्रद्युम्न है, क्योंकि विद्वान् पुरुष प्रद्युम्न शब्द का उच्चारण करके इनको नमन करते हैं। आत्मा का नाम भी प्रद्युम्न हैं, क्योंकि वह नये-नये शरीरों को प्राप्त करके बार-बार नये के समान शोभायमान होता है।

अमितविक्रमः—६४१

मित शब्द मानार्थक जुहोत्यादिगण पठित "माङ्" धातु से कर्म में क्त प्रत्यय, गुण का अभाव **"द्यतिस्यतिमास्थामित्ति किति"** (पा० ७।४।४६) सूत्र से इत्व होने पर सिद्ध होता है। न मित इस नञ् तत्पुरुष समास में नञ् के नकार का लोप होने पर अमित शब्द बन जाता है, जिसका मान नहीं अर्थात् जो मान=परिणाम का विषय नहीं, उसका नाम अमित है।

विक्रमः—विपूर्वकात् "क्रमु पादविक्षेपे" धातोर्घञि "नोदात्तोपदेशस्य-मान्तस्यानाचमेः" (पा० ७।३।३४) इति सूत्रेणोपधावृद्धेर्निषेधः। विक्रमणं विक्रमः। अमितो विक्रमो यस्य सोऽमितविक्रमः।

अर्थप्रधानं मन्त्रलिङ्गम् अमिते—

"ववक्ष इन्द्रो अमितमृजीष्युभे आ पप्रौ रोदसी महित्वा।
अतश्चिदस्य महिमा विरेच्यभि यो विश्वा भुवना बभूव।"
ऋक् ४।१६।५॥

अमितक्रतुः—

"गोजिता बाहू अमितक्रतुः सिमः कर्मन् कर्मञ्छतमूतिः खजंकरः।
अकल्प इन्द्रः प्रतिमानमोजसाथा जना विह्वयन्ते सिषासवः।"
ऋक् १।१०२।६॥

अमितौजाः—

"पुरां भिन्दुर्युवा कविरमितौजा अजायत।
इन्द्रो विश्वस्य कर्मणो धाता वज्री पुरुष्टुतः।" ऋक् १।११।४॥

भवति चात्रास्माकम्—

इन्द्रोऽस्ति वेदेऽमितविक्रमेण नाम्ना प्रगीतः स हि वामितौजाः।
स एव सूर्यः क्रमतेऽमिते खे तं योऽतिविक्रामयते स विष्णुः॥२०४॥



विक्रम शब्द विपूर्वक पादविक्षेपार्थक "क्रमु" धातु से घञ् प्रत्यय तथा घञ् परे रहते "नोदात्तोपदेशस्य" (पा० ७।३।३४) इत्यादि सूत्र से उपधा वृद्धि का निषेध होने पर सिद्ध होता है। विक्रमण नाम, विविध प्रकार से पदन्यास का है, अमित जिसका विक्रमण है, उसका नाम अमितविक्रम है।

इस अमित शब्द में यह अर्थप्रधान मन्त्र "ववक्ष इन्द्रो अमितमृजीष्युभे" (ऋक् ४।१६।५) प्रमाण है। वही अमितक्रतु है, इसमें "गोजिता बाहू अमितक्रतुः" (ऋक् १।१०२।६) इत्यादि ऋङ् मन्त्र प्रमाण है तथा वही अमितौजा है, इसमें "पुरां भिन्दुर्युवा कविरमितौजा अजायत" (ऋक् १।११।४) इत्यादि ऋक् प्रमाण है।

भाष्यकार इसका भाव अपने पद्य द्वारा यों स्पष्ट करता है—

वेद में अमितविक्रम नाम से इन्द्र का कथन किया है। जैसे वह अमित विक्रम है, वैसे ही वह अमितौजा है तथा वही सूर्यरूप से अमित आकाश में भ्रमण करता है, इसको जो विक्रमण करने की प्रेरणा करता है, वह विष्णु अमितविक्रम है।

कालनेमिनिहा वीरः शौरिः शूरजनेश्वरः ।
त्रिलोकात्मा त्रिलोकेशः केशवः केशिहा हरिः ॥८२॥

६४२ कालनेमिनिहा, ६४३ वीरः, ६४४ शौरिः, ६४५ शूरजनेश्वरः। ६४६ त्रिलोकात्मा, ६४७ त्रिलोकेशः, ६४८ केशवः, ६४९ केशिहा, ६५० हरिः ॥

कालनेमिनिहा—६४२

"कल शब्दसंख्यानयोः" इति भौवादिको धातुस्ततो "हलश्च" (पा० ३।३।१२१) सूत्रेण करणेऽधिकरणे वा घञ् प्रत्ययः, ततो वृद्धिः, कालः। कल्यते =संख्यायते, शब्द्यते वानेनास्मिन् वा स काल इत्यर्थः।

नेमिः—'णीञ् प्रापणे" भौवादिकाद्धातोः "नियो मिः" (४।४३) इत्युणादिर्मिः प्रत्ययो, गुणो, नयतीति नेमिः।

निहा—नि-उपसर्गपूर्वकः "हन् हिंसागत्योः" इति धातुरादादिकस्तस्मात् क्विप्, कृदन्तत्वात्प्रातिपदिकसंज्ञा, सुविभक्तिस्ततः "इन्हन्" (पा० ६।४।१२) इति दीर्घो निहा गमयिता। एवञ्च संख्यानहेतुभूतस्य कालस्य नेमेर्=नियन्तुर्भगवतः सूर्यस्यापि यो निहा गमयिता स कालनेमिनिहा विष्णुः।

यद्वा—कीलकमिव यः कालस्य नेमिं=नियन्त्रणं=बन्धनं निहन्ति=भनक्ति स कालनेमिनिहा विष्णुः सूर्यो वा। तथा च, सूर्यः प्रमादमन्तराऽऽसर्गात्

कालनेमिनिहा—६४२

शब्द तथा संख्यानार्थक भ्वादिगण पठित "कल" धातु से करण या अधिकरण अर्थ में घञ् प्रत्यय तथा उपधा वृद्धि होने से काल शब्द सिद्ध होता है। संख्या=गणना या शब्द जिससे वा जिसमें किया जाये, उसका नाम काल है।

नेमि शब्द—प्रापणार्थक भ्वादिगण पठित "णीञ्" धातु से धातु के णोपदेश होने से आदि भूत णकार को नकार तथा उणादि मि प्रत्यय और गुण होने से सिद्ध होता है। ले जाने वाले का नाम नेमि है।

निहा शब्द—नि-उपसर्ग पूर्वक हिंसा तथा गत्यर्थक अदादिगण पठित "हन्" धातु से क्विप् प्रत्यय, कृदन्त होने से प्रातिपादिक संज्ञा तथा सु विभक्ति आने पर "इन्हन्" (पा० ६।४।१२) इत्यादि सूत्र से दीर्घ होने से बनता है। जिसका अर्थ होता है, गति देने वाला।

इस प्रकार कालनेमिनिहा शब्द का अर्थ 'संख्यान का हेतु काल तथा सकल जगत् का नियन्त्रण करने वाले सूर्य को जो गति देने वाला=चलाने वाला है' यह हुआ।

सर्गान्तं गमयति सर्वं जगत्, सरति च स्वयमुत्तरायणदक्षिणायनरूपचक्रद्वयेन, अतः स कालनेमिरिहोच्यते । यश्च सूर्यमपरांश्च ग्रहानुपग्रहान्, तथा नक्षत्रादीन् सनियमं गमयति स विष्णुः कालनेमिनिहा ।

लोकेऽपि दृश्यते– स्वस्थे ह् मनुष्ये यथानियतसमयं वातपित्तकफा विकाराणामुदयमस्तञ्च कुर्वन्तीति एतन्नामसम्बद्धं व्याख्यानं पृथक्-पृथक् कालः, नेमिः, इत्यादिनामव्याख्याप्रसङ्गे, प्रादर्शि तत्रैव द्रष्टव्यम् ।

भवतश्चात्रास्माकम्—

कालनेमिनिहा विष्णुः सर्वं काले नियच्छति ।
तद्यथाक्षगतं चक्रं [1]तं निहन्ति भ्रमत्यपि ॥२०५॥

आकाशे यानि दृश्यन्ते ज्योतिर्बिम्बान्यनेकशः ।
तेषु नक्षत्रसंज्ञानि स्थिरस्थानानि यानि वै ॥
गच्छन्तो [2]भानि गृह्णन्ति, सततं ये तु ते ग्रहाः ॥२०६॥

१—तम् = अक्षमित्यर्थः ।

२—भानि = नक्षत्राणि, गृह्णन्ति = उपाददते ये ते ग्रहाः सूर्यादयः सप्त, राहुकेतुयुताश्च नव ।

सूर्य का भी यह नाम इसलिये है, क्योंकि वह इस सकल जगत् को विना प्रमाद के, अर्थात् सावधान होकर सर्ग के आदि से सर्ग के अन्त तक चलाता है तथा स्वयं चलता है, उत्तरायण दक्षिणायन रूप दो चक्रों से ।

भगवान् सर्वनियन्ता विष्णु, सूर्य, ग्रह, उपग्रह तथा नक्षत्रादिकों को सनियम चला रहा है, इसलिये वह कालनेमिनिहा है । लोक में स्वस्थ शरीर में धातु—वात, पित्त, कफ नियत समय पर अपने-अपने विकारों का उदय तथा अस्त करते देखे जाते हैं । यह आयुर्वेद का सिद्धान्त है ।

इस नाम में जो व्याख्येय है वह हमने पृथक्-पृथक् 'काल' तथा 'नेमि' नामों की व्याख्या में दिखा दिया है. इसलिये सविस्तर वहीं देखना चाहिये ।

भाष्यकार इसके भाव को अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम कालनेमिनिहा है, क्योंकि वह जैसे चक्र के अन्तर्गत धुरा चक्र को अपने नियन्यण में रखता हुआ उसे घुमाता है, उसी प्रकार सकल विश्व को नियन्त्रण में रखता हुआ घुमा रहा है । आकाश में जो अनेक नक्षत्र बिम्ब दीखते हैं, उनमें जो अपने स्थान में स्थिर रहते हैं, उनकी नक्षत्र संज्ञा है तथा जो चलते हुए नक्षत्रों को प्राप्त करते हैं उनकी ग्रह संज्ञा है । सूर्यादि सात ग्रह हैं, राहु केतु से युक्त होकर नव ग्रह होते हैं ।

वीरः—६४३

वीरशब्दो व्युत्पादितो वीरहनामव्याख्याप्रसङ्गे ।

मन्त्रलिङ्गम्—

दिवि श्रवो दधिषे नाम वीरः ।" ऋक् १०।२८।१२ ॥
"अग्निः सप्तिं वाजंभरं ददात्यग्निर्वीरं श्रुत्यं कर्मनिष्ठाम् ।
अग्नी रोदसी वि चरत् समञ्जन्नग्निर्नारीं वीरकुक्षिं पुरन्धिम् ।"
ऋक् १०।८०।१ ॥

वेदे विविधविभक्तिवचनेषु प्रयुक्तो दृश्यतेऽयं वीरशब्दः । निदर्शनं नः प्रयोजनम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

यदत्र विश्वेऽस्ति विचित्रवीर्यं सर्वञ्च तद्वीरपदेऽस्ति विष्णौ ।
अग्निर्हि वीरो रविरस्ति वीरो वीरो मनुष्योऽपि जवातिरेकात् ॥२०७॥

शौरिः—६४४

"शूर विक्रान्तौ" इति चौरादिको धातुस्ततो बाहुलकात् "वसिवपिवदि" (४।१२५) इत्याद्युणादि सूत्रेण "इञ्" प्रत्ययः । णिलोपः, बाहुलकाद् आदि-

---

वीरः—६४३

वीर शब्द की सिद्धि वीरहा नाम की व्याख्या में की जा चुकी है ।

"दिवि श्रवो दधिषे नाम वीरः ।" ऋक् १०।२८।१२ ॥ **"अग्निः सप्तिं वाजम्भरं ददात्यग्निर्वीरं श्रुत्यं कर्मनिष्ठाम् । अग्नी रोदसी वि चरत् समञ्जन्नग्निर्नारीं वीरकुक्षिं पुरन्धिम् ।"** ऋक् १०।८०।१ ॥

यह शब्द वेद में विभक्ति वचन भेद से बहुत प्रयुक्त हुआ है । यहां निदर्शन मात्र लिखा है ।

भाष्यकार इस शब्द का भाव अपने पद्य से इस प्रकार प्रकट करता है—

जो कुछ भी इस विश्व में विलक्षण बलशाली वस्तु है, वह सब वीर पद के वाच्यार्थ विष्णु में विराजमान है । अग्नि और सूर्य का नाम वीर है तथा मनुष्य भी अधिक बलशाली होने से वीर कहा जाता है ।

शौरिः—६४४

विक्रमण अर्थ वाले चुरादिगण पठित "शूर" धातु से "वसिवपिवदि०" (४।१२५) इत्याद्युणादि सूत्र से इञ् प्रत्यय तथा णि का लोप, बाहुलक से आदि वृद्धि होने

वृद्धिः । शूरयत इति शौरिः । यद्वा शूरस्यापत्यं शौरिः, अत्यन्तशूर इत्यर्थः । अपत्यशब्दश्चात्यन्तार्थेऽपि प्रयुज्यते । तद्यथा—मगन्दः कुसीदी मामगमिष्यतीति ददात । तदपत्यं प्रमगन्दः अत्यन्तकुसीदी (निरु० ६।३२) ।

मन्त्रलिङ्गं भावप्रधानम्—

"शूरग्रामः सर्ववीरः सहावाञ्जेता पवस्व सनिता धनानि ।
तिग्मायुधः क्षिप्रधन्वा समत्स्वषाढः साह्वान् पृतनासु शत्रून् ।"
ऋक् ९।९०।३ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

य एव शूरः स हि चात्र शौरिः स सर्ववीरः सनिता धनानाम् ।
स क्षिप्रधन्वा स विहन्ति शत्रून् सूर्योऽथवा विष्णुरिहास्ति तर्क्यः ॥२०८॥

१—शूरग्रामः—शूराणां समूहः । इह च बहुशूरशौर्यशालित्वमनेन द्योत्यते ।

शूरजनेश्वरः—६४५

शूर इति—'शु' इति सौत्रो धातुर्गत्यर्थकस्ततः "शुसिचिमीनां दीर्घश्च" (२।२५) इत्युणादिसूत्रेण क्रन् प्रत्ययो दीर्घश्च, भ्वादेरवृत्कृतत्वादयं 'शु' इति

से शौरि शब्द सिद्ध होता है, जो विक्रान्ति=विक्रमण करे वह शौरि नाम से कहा जाता है अथवा शूर का अपत्य शौरि अर्थात् अत्यन्त शूर । अपत्य शब्द का प्रयोग अत्यन्त अर्थ में होता है जैसे कि निरुक्त ६।३१ में मगन्द का अर्थ कुसीदी और उसका अपत्य प्रमगन्द का अर्थ अत्यन्त कुसीदी दर्शाया है । भाषा में अत्यर्थ में 'बाप' या 'गुरु' शब्द का प्रयोग होता है । यथा—यह तो चोरों का भी बाप है, या चोरों का भी गुरु है ।

इस भाव की प्रधानता में—

"शूरग्रामः सर्ववीरः सहावाञ्जेता पवस्व सनिता धनानि । तिग्मायुधः क्षिप्रधन्वा समत्स्वषाढः साह्वान् पृतनासु शत्रून् ।" ऋक् ९।९०।३ ॥

इस शब्द के भाव को भाष्यकार इस प्रकार प्रकट करता है—

जो शूर है वही शौरि तथा सर्ववीर है, वही धनों का विभजन करने वाला है, वही क्षिप्रधन्वा तथा शत्रुओं का विनाश करने वाला है । ऐसी विलक्षण वीर्य शक्ति को विष्णु या सूर्य समझना चाहिये ।

शूरग्राम=नाम, शूरों का ग्राम नाम समूह है । यहां शूरग्राम शब्द से भगवान् का अत्यन्त शौर्य-शालित्व प्रकट होता है ।

शूरजनेश्वरः—६४५

शूर शब्द—गत्यर्थक भौवादिक सौत्र शु धातु की कल्पना करके उससे उणादि क्रन् प्रत्यय तथा दीर्घ करने से शूर शब्द सिद्ध होता है, यह पुरुषोत्तमदेव जी का मत है ।

धातुरुह्यत इति पुरुषोत्तमदेवः (द्र० उज्ज्वलदत्तीयोणादिवृत्तिः पृष्ठ ७१) शवति गच्छति योद्धुं संग्राममिति शूरः। शूयते वाऽसौ रिपूभिरिति शूरः।

जनः—"जनी प्रादुर्भावे" इति दैवादिको धातुस्ततः पचाद्यच्, जायत इति जनः। जन्यतेऽनेनेति वा जन इति घञ्यपि "जनिवध्योश्च" (पा० ७।३।३५) इति वृद्धिनिषेधात्।

ईश्वरः—ईशेर्वरचि व्युत्पादितः। शूरजनानामीश्वरः शूरजनेश्वरो विष्णुः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"शूरग्रामः सर्ववीरः।" (ऋक् ९।९०।३) इत्यादि

भवति चात्रास्माकम्—

गतौ हि यज्जायत एव तस्माज् जनोऽस्ति जातो जगदस्ति जातम्।
तस्मात् प्रधानात् पुरुषात् पुराणात् स गीयते शूरजनेश्वरोऽपि ॥२०९॥

त्रिलोकात्मा—६४६

त्रि—लोक—आत्मा चैते त्रयोऽपि शब्दा पृथक्-पृथक् पूर्वं व्युत्पादिताः। त्रयाणां लोकानामातयिता अतिता वा त्रिषु लोषु स त्रिलोकात्मा।

इसका अर्थ 'जो युद्ध के लिये सङ्ग्राम में जाये अथवा शत्रुगण जिससे युद्ध करने आये' ऐसा होता है।

जन शब्द—प्रादुर्भावार्थक दिवादिगण पठित 'जनी' धातु से कर्ता अर्थ में पचादि अच् प्रत्यय अथवा करण में घञ् प्रत्यय करने से बना है, घञ परे रहते "जनिवध्योश्च" इस पा० ७।३।३५ सूत्र से वृद्धि का निषेध होता है। जो उत्पन्न होता है या जिसके द्वारा उत्पन्न हुआ जाता है, उसका नाम जन है।

ईश्वर शब्द—ईश धातु से वरच् प्रत्यय करके सिद्ध किया जा चुका है। शूर जनों का जो ईश्वर हो उसका नाम शूरजनेश्वर है, अतः यह विष्णु का नाम है। "शूरग्रामः सर्ववीरः" इत्यादि मन्त्र (ऋक् ९।९०।३) इसमें प्रमाण है।

इसका भाव अपने पद्य द्वारा भाष्यकार यों प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का 'शूरजनेश्वर' नाम से भी गान किया जाता है, क्योंकि जो भी गमनशील समष्टिरूप जगत् अथवा व्यष्टिरूप जन है, वह सब उसी पुरातन प्रधान पुरुष से उत्पन्न होता है।

त्रिलोकात्मा—६४६

'त्रि, लोक' और 'आत्मा' इन तीनों शब्दों की सिद्धि पृथक्-पृथक् प्रसङ्गानुसार दिखा चुके हैं।

तीनों लोकों को घुमाने वाला वा तीनों लोकों में घूमने वाले का नाम त्रिलोकात्मा है, यह विष्णु या सूर्य का नाम है।

भावप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"त्रिमूर्धानं सप्तरश्मिं गृणीषे नूनमग्निं पित्रोरुपस्थे।
निषत्तमस्य चरतो ध्रुवस्य विश्वा दिवो रोचना पप्रिवांसम्।"
ऋक् १।१४६।१ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

त्रिलोकात्मा स एवास्ति विष्णुः सूर्यः पुरातनः।
स त्रिबन्धुस्त्रिमूर्धा वा पश्यंश्चातति सर्वदा ॥२१०॥

लोकेऽपि प्रत्यक्षं दृश्यते—स एवात्मा त्रिगुणात्मकस्य प्रकृतिविकारभूतस्य जगतो गमयिता हृद्गुहास्थ इति त्रिलोकात्मा, भूतानामतीतानां वर्तमानानां भविष्यताञ्चेति त्रिकालभाविनां स एक एवात्मा।

त्रिलोकेशः—६४७

तरतेर्ड्रिप्रत्यये त्रिशब्दः, तरतीति त्रिः। संख्यावाचकश्च त्रिशब्दः।

लोकः—"लोकृ दर्शने" भौवादिको धातुस्ततो "हलश्च" (पा० ३।३।१२१) सूत्रेण घञ् प्रत्ययः कर्मणि अधिकरणे वा। ईशेः इगुपधलक्षणः कः प्रत्ययः, ईष्ट इतीशः। त्रिसंख्याका लोकाः, त्रिलोकानामीशः त्रिलोकेशः।

इसके भावप्राधान्य में यह "त्रिमूर्धानं सप्तरश्मिं गृणीषे नूनमग्निं पित्रोरुपस्थे। निषत्तमस्य चरतो ध्रुवस्य विश्वा दिवो रोचना पप्रिवांसम्।" (ऋक् १।१४६।१) मन्त्र प्रमाण है।

इसके भावार्थ का कथन भाष्यकार यों करता है—

त्रिलोकात्मा नाम पुरातन पुरुष भगवान् विष्णु या सूर्य का है, वही त्रिमूर्धा है, वह द्रष्टा रूप से सब को देखता हुआ अन्तर्यामी रूप से सब में गमनशील तथा सदा सबको गति देता है।

लोक में भी प्रत्यक्ष दीखता है—वही एक आत्मा त्रिगुणात्मक प्रकृति विकार-भूत जगत् को गति देने वाला हृदयरूपी गुहा में स्थित त्रिलोकात्मा=अतीत वर्तमान भविष्यत् तीनों कालों में होने वाले भूतों का एक मात्र आत्मा है।

त्रिलोकेशः—६४७

"तॄ" तरणार्थक धातु से उणादि ड्रि प्रत्यय करने से त्रिशब्द सिद्ध होता है।

त्रिशब्द त्रित्व संख्या अर्थ वा तैरने वाले का वाचक है। लोक शब्द—दर्शनार्थक भ्वादिगण पठित "लोकृ" धातु से कर्म वा अधिकरण में घञ् प्रत्यय करने से बनता है, जिसको देखा जाये वा जिसमें देखा जाये उसका नाम लोक है।

ईश शब्द "ईश" धातु से इगुपधलक्षण 'क' प्रत्यय करने से बनता है। जो समर्थ है, उसका नाम ईश है। तीनों लोकों का जो ईश=नियन्ता है, वह त्रिलोकेश है। इसमें

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"इनो विश्वस्य भुवनस्य राजा।" ऋक् १।१६४।२१ ॥
"तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिम्।" ऋक् २५।१८ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

संराजते येन समस्तमेतदीष्टे त्रिलोक्याः स्वयमात्मसिद्धः।
विष्णुर्हं वा सूर्यं उ वा स एको विप्रास्तमेकं [1]बहुधा वदन्ति ॥२११॥

[1]—एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।"
ऋक् १।१६४।४६ ॥

केशवः—६४८

"क्लिशू विबाधने" क्रैयादिकाद् धातोः **"क्लिशेरन् लोपश्च लः"** (५।३३) इत्युणादिसूत्रेण "अन्" प्रत्ययो लकारस्य लोपश्च। क्लिश्नाति, क्लिश्यते वानेनेति कर्तरि करणे वा प्रत्ययः। यद्वा कशब्दो मस्तकस्य शिरसो-वाचकः, तत्र शेरत इति **"अन्येष्वपि दृश्यते"** (पा० ३।२।१०१ द्र० काशिका) इति डः, केशाः। **"तत्पुरुषे कृति बहुलम्"** (पा० ६।३।१३) इति सप्तम्या अलुक्। अथवा कस्य मस्तकस्य ईशाः केशाः। केशशब्दात् **"केशाद् वोऽन्यतर-**

"इनो विश्वस्य भुवनस्य राजा" (ऋक् १।१६४।२१) तथा **"तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिम्"** (यजुः २५।१८) इत्यादि यजुर्वेद के मन्त्र प्रमाण हैं।

इस नाम के भाव को भाष्यकार यों स्पष्ट करता है—

जो सच्चिदानन्द लक्षण प्रभु स्वयं सिद्ध है, अर्थात् जिसका सत्त्व किसी अन्य के आयत्त=आधीन नहीं है तथा जिससे सत्ता-स्फूर्ति प्राप्त करके यह सकल दृश्य वर्ग विराज-मान है, जो इस त्रिलोकी का समर्थ नियन्ता=व्यवस्थाता है। वह एक ही विष्णु तथा सूर्य नाम से अभिधेय है। विद्वान् पुरुष उसका इन्द्र वरुण आदि अनेक नामों से कथन करते हैं।

केशवः—६४८

विबाधनार्थक क्र्यादिगण पठित "क्लिशू" धातु से **"क्लिशेरन् लोपश्च लः"** (५।३३) इस उणादि सूत्र से अन् प्रत्यय तथा लकार का लोप होने से केश शब्द सिद्ध होता है, जो बाधा करें उसका नाम केश है। अथवा 'क' नाम मस्तक=शिर का है वहां शयन करने वाले=रहने वाले। इस अर्थ में 'शीङ् शये' धातु से **"अन्येष्वपि दृश्यते"** (पा० ३।२।१०१ द्र० काशिका) से 'ड' प्रत्यय **"तत्पुरुषे कृति बहुलम्"** (पा० ६।३।१२) से सप्तमी का अलुक् होकर केश शब्द निष्पन्न होता है। यद्वा मस्तक के जो ईश स्वामी

स्याम्" (पा० ५।२।१०९) सूत्रेण मत्वर्थीयो वः प्रत्ययः प्रशंसार्थे, प्रशस्ताः केशाः अस्य सन्तीति केशवः।

यद्वा—खेशयाः सन्त केशा इत्युच्यन्ते, शिरसि बाहुल्येन प्ररूढत्वात्। अत एव केशानामंशुसाम्येन व्याख्या विहिता, अंशवो मरीचयः किरणा वा। तद्यथा—

अंशवो ये प्रकाशन्ते मम ते केशसंज्ञिताः।
सर्वज्ञाः केशवं तस्मान्मामाहुर्द्विजसत्तमाः॥
महाभारत शा० प० ३४१।४८॥

"केशी केशा रश्मयः तैस्तद्वान् भवति" (नि० १२।२५) इति यास्कः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अधि यस्तस्थौ केशवन्ता व्यचस्वन्ता न पुष्टचै।
वनोति शिप्राभ्यां शिप्रिणीवान्।" ऋक् १०।१०५।५॥

शूर इन्द्र इत्यनुवर्तते पूर्वस्मान्मन्त्रात्।

भवतश्चात्रास्माकम्—

स केशवो विष्णुरिहास्ति सूर्यः स्वकांशुभिर्विश्वमिदं [1]प्रचष्टे।
त्रिधातुशृङ्गो दिविषत् स एव त्रिलोचनोऽसौ स मरीचिमाली॥२१२॥

अथ च—

एवं हि यः केशवमात्मसंस्थं नित्यं शुचिं पश्यति हृद्गुहास्थम्।
स वीतशोको विनिहन्ति पापं तथा यथाग्निर्विदहत्यवद्यम्॥२१३॥

१—प्रचष्टे=प्रपश्यति।

षष्ठी तत्पुरुष समास होगा। केश शब्द से मत्वर्थीय प्रशसार्थक व प्रत्यय होने से केशव शब्द बन जाता है, जिसका अर्थ हुआ प्रशस्त=श्रेष्ठ केशों वाला।

अथवा जो शिर में, जो कि आकाश स्थानीय है, बाहुल्य से उत्पन्न होकर सोते हुये से रहते हैं, इसलिये केश हैं। केशों और अंशुओं=किरणों की व्याख्या समान है। इसीलिये म० भा० शा० पूर्व ३४१।४८ में स्वयं देवकीनन्दन कृष्ण ने कहा है—

मेरे शरीर से निकलने वाली जो किरणे हैं, उनका नाम केश है, इसलिये बहुज्ञ विद्वान् पुरुष मुझे केशव नाम से कहते हैं। इसमें "अधि यस्तस्थौ केशवन्ता" (ऋक् १०।१०५।५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं। 'शूर इन्द्र' सविशेषण पद की पूर्व मन्त्र से अनुवृत्ति है।

भाष्यकार अपने भाव को पद्यों द्वारा यों प्रकट करता है—

केशव नाम भगवान् विष्णु वा तदभिन्न भाव से सूर्य का है, वह अपने अंशुओं=किरणों से इस सकल विश्व को देखता है, उसी को त्रिधातुशृङ्ग, दिविषत्, त्रिलोचन तथा मरीचिमाली कहते हैं।

इस प्रकार जो नित्य आत्मनिष्ठ शुद्ध भगवान् केशव को अपनी हृदयरूप गुहा में वर्तमान देखता है, वह विगत शोक होकर बड़े-से-बड़े पाप को उसी प्रकार नष्ट कर देता है, जैसे कि अग्नि मल को नष्ट कर देता है।

केशिहा—६४६

केशा अस्य सन्तीति केशी, केशिनं हन्तीति केशिहा इति। 'वीरह'-नाम्नि हन्तेः सर्वमुक्तम्, अन्यत्र चापि। तत्र—

केश-शब्दः—"क्लिशेरन् लोपश्च लः" (५।३३) इति क्लिशेर्धातोः अन् प्रत्ययो लकारस्य लोपश्च। क्लिश्यतेऽनेनेति केशः, शिरोलोमानि वा।

तत्र त्रयः केशिनः। तद्यथा—

केश्यग्निं केशी विषं केशी बिभर्ति रोदसी।
केशी विश्वं स्वर्दृशे केशीदं ज्योतिरुच्यते। ऋक् १०।१३६।१॥

केश्यग्निं विषं च। विषमित्युदकनाम, विष्णातेः [विपूर्वस्य स्नातेः शुद्धयर्थस्य]। विपूर्वस्य वा सचतेः। द्यावापृथिव्यौ च धारयति। केशीदं सर्वमभिविपश्यति, केशीदं ज्योतिरुच्यते, इत्यादित्यमाह।

अथाप्येते उत्तरे ज्योतिषी केशिनी उच्येते। धूमेनाग्नी रजसा च मध्यमः। तयोरेषा साधारणा भवति—

त्रयः केशिन ऋतुथा वि चक्षते संवत्सरे वपत एक एषाम्।
विश्वमेको अभिचष्टे शचीभिः ध्राजिरेकस्य ददृशे न रूपम्।
ऋक् १।१६४।४४॥

त्रयः केशिन ऋतुथा विचक्षते। काले कालेऽभिविपश्यन्ति संवत्सरे वपत एक एषाम् इत्यग्निः पृथिवीं दहति। सर्वमेकोऽभिविपश्यति कर्मभिरादित्यः।

केशिहा—६४६

केश जिसके हों वह केशी। केशी को गति देने वाला केशिहा। हन् धातु से प्रत्यय आदि का निर्देश **वीरहा** नाम में तथा अन्यत्र भी कर चुके।

केश शब्द **"क्लिशेरन् लोपश्च लः"** इस उणादि (५।३३) सूत्र से अन् प्रत्यय का लोप होने से बनता है। जिससे पीड़ित होता है वह केश कहाता है अथवा शिर के बाल भी केश कहाते हैं।

तीन केशी हैं ऐसा वेद में कहा है। ऋग्वेद १०।१३६।१ **"केश्यग्निं केशि विषं ......"** में केशी को अग्नि जल द्यावापृथिवी एवं सम्पूर्ण विश्व को धारण करने वाला कहा है। यह केशी ज्योति अर्थात् आदित्य है।

अन्य दो ज्योतियां भी केशी कहाती हैं। अग्नि केशा है, धूम उसका केश स्थानीय होता है। इन्द्र=विद्युत् भी केशी कहाता है, रज=उसके केश स्थानीय हैं। वेद के **"त्रयः केशिनः ऋतुथा वि चक्षते"** (ऋक् १।१६४।४४) मन्त्र में कहा है कि तीन केशी समय-समय पर अपनी-अपनी क्रिया करते हैं। इनमें एक अग्नि संवत्सर में वपन=लवन करता

गतिरेकस्य ददृशे न रूपं मध्यमस्य इति निरुक्ते १२।२६, २७ केशिव्याख्यान द्रष्टव्यम् ।

प्रसङ्गप्राप्तमुच्यते अश्वस्य ग्रीवारोमा केसरा उच्यन्ते, तेन तद्वान् अश्वोऽपि केशी । तद्यथा—

आ त्वा सहस्रमा शतं युक्ता रथे हिरण्यये ।
ब्रह्मयुजो हरय इन्द्र केशिनो वहन्तु सोमपीतये । ऋक् ८।१।२४ ॥

अत्र केशिनो हरयः, एवं यस्तान् हन्ति गतये प्रेरयति स केशिहा इन्द्रः । "इन्द्रः सूर्यमरोचयत्" (ऋक् ८।३।६) एतेन लिङ्गेन सूर्यात् पृथक् इन्द्रो विष्णु-पर्यायोऽपि वेदे दृश्यते ।

यद्वा—"कालो अश्वो वहति सप्तरश्मिः" (अथर्व १९।५३।१) इति कालं सूर्य एव स्वगत्या गणनायामास्थापयति । 'वंशवर्धनः' ८४६ नामव्याख्याने विशदमुक्तम् ।

हन्तिर्गत्यर्थेऽपि, तमन्तर्भावितण्यर्थं मत्वा उच्यते—केशी उदकं मेघरूपं हन्ति गमयति प्रापयति, वायुं वा हन्ति चालयति, विद्युतं वा हन्ति प्रकाशयति । एवं सूर्यः संगच्छतेतरां 'केशिहा' नामतः ।

है, अग्नि पृथिवी ओषधि वनस्पतियों को जला देता है । एक सूर्य अपने कर्म द्वारा सम्पूर्ण विश्व को देखता है । एक विद्युत् रूप मध्यमस्थानीय केशी का रूप दिखाई नहीं देता । यह सब निरुक्त अ० १२ खण्ड २६, २७ में 'केशी' नाम की व्याख्या में कहा है ।

अब प्रसङ्ग प्राप्त व्याख्यान किया जाता है—

अश्व ग्रीवा के रोम केसर कहाते हैं, उन केशों से अश्व भी केशी कहा जाता है। जैसा कि "आ त्वा सहस्रमा......हरय इन्द्र केशिनो वहन्तु......" (ऋक् ८।१।२४) मन्त्र में हरि=अश्व को केशी कहा है । इन हरि रूप अश्वों को जो 'हन्ति' प्रेरित करता है, वह (इन्द्र) केशिहा है । "इन्द्रः सूर्यमरोचयत्" (ऋक् ८।३।६) इस मन्त्र से जाना जाता है कि इन्द्र सूर्य से पृथक् विष्णु का पर्याय है भी ।

अथवा "कालो अश्वो वहति सप्तरश्मिः" (अथर्व १९।५३।१) मन्त्र में काल को वहन करने वाले को अश्व कहा है । यह अश्व सूर्य हैं । वही अपनी गति से सारे विश्व को गणना में रखता है । इसका व्याख्यान 'वंशवर्धनः' नाम की व्याख्या में विस्तार से किया है ।

हन्ति धातु गत्यर्थक भी है, उसको अन्तर्भावित-ण्यर्थ मान कर केशी=उदकों को मेघरूप में प्राप्त कराता है, अथवा वायु को गति देता है, अथवा विद्युत् को प्रकाशित करता है । इस प्रकार केशिहा नाम से सूर्य का कथन संगत होता है ।

लोकेऽपि च पश्यामः—इडा पिङ्गला सुषुम्ना च तिस्र एव नाड्यः पृष्ठवंशस्था मस्तिष्कं यावत् गच्छन्ति ।

वातपित्तकफा वा दोषा जीवतः सूर्यस्यात्मनः सत्तया जीवयन्ति शरीरम् । तत्र केशी आत्मा । केशा इव विविधस्वरूपास्ते दोषा पञ्चधा प्रत्यात्मं विभक्ताः सन्तः, तान् दोषान् गमयतीति केशिहाऽऽत्मा इति समानं भवति सूर्येण ।

यत्तु गत्यर्थो हन्तिरित्युक्तं, तत्र हृदयं तावत् सूक्ष्मलोमवत् सिराभिर्नद्धं तेषां पृथक्-पृथक् कोष्ठानां प्रत्यक्षतो दर्शनात् । तं केशिनं हृदयमात्मैव हन्ति गमयति एवं लोकसम्मितत्वात् आत्माऽपि केशिहा उक्तो भवति ।

यद्वा—ज्योतिःप्रधानानि समनस्कानि दशेन्द्रियाणि, तानि वाञ्छितार्थप्राप्तये मनोऽग्निमारुतसाहाय्येन आत्मा प्रेरयति । एवं वा आत्मा केशिहा उक्तो भवति ।

सारथी रथे तिष्ठन्नश्वान् कशेन हन्ति गत्यर्थं प्रेरयति । तत्र सारथिरपि केशिहा भवति ।

इति निदर्शनमात्रमुक्तम्, पथप्रदर्शनमस्माकमभिमतमिति कृत्वा । एवं विविधा ऊहा विज्ञैः कल्पनीयाः स्वयमेव लोकं वेदं वा दृष्ट्वा । यत्तु निरुक्तमुद्धृतं तदध्येतॄणां ज्ञानविवृद्धये व्याख्यानस्य च सुखावबोधाय ।

लोक में भी देखते हैं—इडा पिङ्गला और सुषुम्ना तीन पृष्ठवंशस्थ नाड़ियाँ मस्तिष्क तक जाती हैं ।

बात पित्त कफ ये दोष सूर्य रूप आत्मा की सत्ता से शरीर को जीवित रखते हैं । यहां केशी आत्मा है, विविध दोष स्वरूप से पांच विभाग में विभक्त केशों के समान हैं । उन दोषों को गति देने से आत्मा केशिहा कहाता है । इस प्रकार आत्मा और सूर्य की समानता होती है ।

अथवा, हृदय सूक्ष्म लोम के समान सिराओं से बंधा हुआ है । उसके पृथक्-पृथक् कोष्ठ प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं । उस केशी=हृदय को जो गति देता है वह आत्मा केशिहा कहाता है । इस प्रकार लोक और पुरुष की समानता है ।

अथवा, ज्योतिःप्रधान मन सहित दश इन्द्रियां हैं । उनको अपने वाञ्छित अर्थ की प्राप्ति के लिये मन-अग्नि और मारुत की सहायता से आत्मा प्रेरणा देता है । इस प्रकार आत्मा केशिहा कहा जाता है ।

सारथी रथ में बैठा हुआ कशा से अश्वों को गति के लिये प्रेरित करता है । इस कारण सारथी भी केशिहा कहाता है ।

इस प्रकार हमने निदर्शमात्र कहा है । मार्ग-प्रदर्शन करना ही हमारा प्रयोजन है । इस प्रकार विद्वानों को लोक और वेद को देखकर, विविध कल्पनाएं स्वयं कर लेनी चाहियें । संस्कृत व्याख्यान में हमने निरुक्त का उद्धरण अध्येताओं के ज्ञान की वृद्धि और व्याख्यान के सुख से बोध कराने के लिये दिया है ।

केशा रश्मयः, तदुक्तं केशी (६४८) इति नामव्याख्याने।

भवन्ति चात्रास्माकम्—

इन्द्रः स्वकाश्वैर्गतिमादधानः सन् केशिहा नाम बिभर्ति लोके।
अग्निं जलं विद्युतमत्र निघ्नन् स केशिहा सूर्य इहास्ति दृश्यः ॥२१४॥

कालं स लोके गणनाय युञ्जन् सरश्मिकः पश्यति विश्वमर्कः।
[1]जीवोऽपि तिग्मांशुसमश्च देहं घट्यादिभिः संकलनाय युङ्क्ते ॥२१५॥

स एव वातादिषु जालबद्धं त्रिनाडिबद्धं च वपुर्निसर्गात्।
जीवः स्वकार्थाय गतिं दधाति केशा विचित्राः कृतिमाहुरस्य[2] ॥२१६॥

स पुण्डरीकाक्षपदेन वाच्यः केशीव हृत्तन्त्रमनक्ति गत्या।
सूतो रथेष्ठोऽपि तथैव लोके स केशिहाऽश्वान् कशया विनिघ्नन् ॥२१७॥

१—"सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च" (ऋक् १।११५।१) इति मन्त्रलिङ्गमत्र।

२—मायाभिः पुरुरूपमीयमानस्यास्येन्द्रस्य। "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" (ऋक् ६।४७।१८) इति मन्त्रमत्रानुसन्धेयम्।

रश्मियों का नाम भी केश है, यह हमने केशी (६४८) नाम के व्याख्यान में कहा है।

भाष्यकार ने केशिहा नाम का विविध भाव पद्यों द्वारा इस प्रकार प्रकट किया है—

इन्द्र अपने अश्वों से गति प्राप्त करता हुआ लोक में 'केशिहा' नाम से कहा जाता है। अग्नि, जल, विद्युत् इनको गति वा प्रकाश देता हुआ सूर्य केशिहा कहाता है।

लोक में काल की गणना के लिये सरश्मिक सूर्य विश्व को देखता है, जीव भी तिग्मांशु सूर्य के समान इस देह की सत्ता को वर्ष, मास, दिन, घटि पल, विपल आदि रूप गणना से युक्त करता है।

वह ही जीव निज भेद से पञ्चधा विभक्त त्रिदोष रूप जाल से बंधे, तथा च इडा—पिङ्गला—सुषुम्ना से बंधे इस वपु=देह को अपने कार्य की सिद्ध्यर्थ नित्य गतिमय बनाये रखता है।

केश रूप वात-पित्त-कफ तथा इडा-पिङ्गला-सुषुम्ना रूप इस शरीर में विचित्र रूप से परिवर्तित करने वाले माया से पुरुरूप होने वाले विभु=इन्द्र का पुनः पुनः स्तवन=प्रकाशन करते हैं अर्थात् कहां केश और कहां वात-पित्त-कफ सहज में बुद्धि में आते नहीं, परन्तु यह सब कुछ पुरुष में लोक सम्मित ही है। इसी प्रकार हृदय के कोष्ठक भी सूक्ष्म बाल के समान सिराओं से बंधे हैं, ऐसा हमने प्रत्यक्ष देखा है। वह पुण्डरीकाक्ष जीव केशी=सूर्य के समान हृदय को नित्य गति देता है। इस प्रकार आत्मा भी केशिहा कहाता है। लोक में रथस्थ सारथी भी कशा से अश्वों को गति=प्रेरणा देता हुआ केशिहा कहाता है।

एवं हि यो वेत्ति स वेत्ति वेदं लोकं च वा देहमथापि सूर्यम् ।
इन्द्रं च वा केशिहनं च विष्णुं विश्वे ततं पश्यति विष्णुमेव ॥२१८॥

इतरोऽपि केशिनामाऽसुरः कश्चित्पुरुषः, महेन्द्र इति नामधृन्मनुष्यवत् । तस्य हन्ताऽपि केशिनामतो लोके प्रसिद्ध श्रूयते ।

हरिः—६५०

हरि-शब्दो 'हृञ् हरणे' इति भौवादिकाद्धातोः **"हृपिसिरुहिवृतिविदिच्छिदिकीर्तिभ्यश्च"** (४।११९) इत्युणादिसूत्रेण इन्प्रत्यये **"अच्च इः"** (४।१३९) इति 'इ'प्रत्यये वा सिध्यति, स्वरे विशेषः । हरतीति हरिः । शरणमुपेतानां, सर्वपापानां हारकोऽन्ते प्रलयकाले जगतो हारको वा तमसो हारकश्च ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"द्यामिन्द्रो हरिधायसं पृथिवीं हरिवर्पसम् ।
अधारयद्धरितोर्भूरि भोजनं ययोरन्तर्हरिश्चरत् ।" ऋक् ३।४४।३ ॥

हरिः=इन्द्रः, सूर्यश्च ।

"जज्ञानो हरितो वृषा विश्वमा भाति रोचनम् ।" ऋक् ३।४४।४ ॥

"उषो न जारः पृथुः पाजो अश्रेद् दविद्युतद् दीद्यच्छोशुचानः ।
वृषा हरिः शुचिरा भाति भासा धियो हिन्वान उशतीरजीगः ।"
ऋक् ७।१०।१ ॥

प्रसङ्गतो हरिः सूर्योऽग्निर्विष्णुर्वा—

"अग्निर्जन्मानि देव आ विविद्वान्, द्रवद् दूतो देवयावा वनिष्ठः ।"
ऋक् ७।१०।२ ॥

इस प्रकार जो लोक वा वेद को जानता है, देह-सूर्य अथवा इन्द्र के गति देने वाले विष्णु को जानता है, वह विश्व में व्याप्त विष्णु को देखता=जानता है ।

केशी नाम का कोई असुर पुरुष भी था, उसका हन्ता होने से कृष्ण का भी केशिहा नाम प्रसिद्ध है ।

हरिः—६५०

हरि शब्द हरणार्थक भ्वादिगण पठित **"हृञ्"** धातु से **"हृपिसिरुहि०"** (४।११९) इत्यादि उणादि सूत्र से इन् प्रत्यय अथवा **"अच्च इः"** (४।१३९) इस सूत्र से इ प्रत्यय करने से सिद्ध होता है, प्रत्यय भेद से स्वर में भेद होता है । हरण करने वाले का नाम हरि है अर्थात् जो शरण में आये हुओं के पापों का, प्रलय समय में जगत् का तथा सर्वदा अन्धकार का हरण करने वाला है, उसका नाम हरि है । इस अर्थ में **"द्यामिन्द्रो हरिधायसं पृथिवीं हरिवर्पसम् । अधारयद्धरितोर्भूरि भोजनम्"** (ऋक् ३।४४।३) इत्यादि ऋचा प्रमाण है । तथा **"जज्ञानो हरितो वृषा"** (ऋक् ३।४४।४) **"उषो न जारः पृथुः पाजो अश्रेद् दविद्युतद् दीद्यच्छोशुचानः । वृषा हरिः"** (ऋक् ७।१०।१)

लब्धप्रपञ्चोऽयं हरिशब्दो वेदे, निदर्शनं नः प्रयोजनम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

हरिर्हि विष्णुः सः उ वास्ति सूर्यो विश्वं समस्तं हरते महौजाः ।
भासा च विश्वं सकलं विभाति जन्मानि विश्वस्य स वेद विद्वान् ॥२१६॥

"स वीरो दक्षसाधनो वि यस्तस्तम्भ रोदसी । हरिः पवित्रे अव्यत वेधा न योनिमासदम् ।" (ऋक् ६।१०१।१५) इति ऋङ्मन्त्रलिङ्गञ्च ।



कामदेवः कामपालः कामी कान्तः कृतागमः ।
अनिर्देश्यवपुर्विष्णुर्वीरोऽनन्तो धनञ्जयः ॥८३॥

६५१ कामदेवः, ६५२ कामपालः, ६५३ कामी, ६५४ कान्तः, ६५५ कृतागमः । ६५६ अनिर्देश्यवपुः, ६५७ विष्णुः, ६५८ वीरः, ६५९ अनन्तः, ६६० धनञ्जयः ॥

कामदेवः—६५१

"कमु कान्तौ" इति भौवादिको धातुस्ततः **"अकर्तरि च कारके-संज्ञायाम्"** (पा० ३।३।१९) सूत्रेण कर्मणि घञ् प्रत्ययः । इह **"नोदात्तोपदेशस्य"** (पा० ७।३।३४) इति वृद्धेर्निषेधस्तु न भवति **"अनाचमिकमिवमीनामिति वक्तव्यम्"** इति वार्तिकेन वृद्धिनिषेधनिषेधात्, तस्मात् काम्यत इति कामः ।

इत्यादि प्रसङ्ग से तथा—**"अग्निर्जन्मानि देव आ विविद्वान्"** (ऋक् ७।१०।२) इत्यादि ऋक् प्रामाण्य से हरि नाम विष्णु, सूर्य तथा अग्नि का है । हरि शब्द वेद में बहुधा प्रयुक्त है, हमारा केवल उदाहरण मात्र दिखाना प्रयोजन है ।

भाष्यकार इस भाव का अपने पद्य से इस प्रकार विवरण करता है—

भगवान् विष्णु, सूर्य तथा अग्नि का नाम हरि है, क्योंकि ये सब क्रम से विश्व का हरण, विश्व का दीपन=प्रकाशन तथा विश्व-जात प्राणियों का ज्ञान करते हैं । इसीलिये अग्नि का नाम जातवेदा है ।

इसमें **"स वीरो दक्ष साधनो वि यस्तस्तम्भ रोदसी । हरिः पवित्रे अव्यत वेधा न योनिमासदम्"** (६।१०१।१५) यह ऋङ्मन्त्र भी प्रमाण है ।

कामदेवः—६५१

कान्ति=इच्छार्थक भ्वादिगणपठित "कमु" धातु से, कर्तृभिन्न कारक के अधिकार में, कर्म में घञ् प्रत्यय तथा उपधा वृद्धि होने से काम शब्द सिद्ध होता है । यहां **"नोदात्तोपदेशस्य०"** (पा० ७।३।३४) सूत्र से प्राप्त वृद्धि का निषेध **"अनाचमिकमि०"** इत्यादि वार्तिक के बल से नहीं होता है ।

देवः—"दिवु क्रीड़ादौ" इति दैवादिको धातुः। अत्रायं दानार्थकः, ततः पचाद्यच्, गुणः, देव इति। कामान् ददातीति कामदेवः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"कोऽदात् कस्मा अदात् कामोऽदात् कामायादात्।
कामो दाता कामः प्रतिग्रहीता कामैतत्ते।" यजुः ७।४८॥
"यः इन्द्रेण सरथं याति देवो वैश्वानर उत विश्वदाव्यः।
यं जोहवीमि पृतनासु सासहिं तेभ्यो अग्निभ्यो हुतमस्त्वेतत्॥
यो देवो विश्वाद् यमु काममाहुर्यं दातारं प्रतिगृह्णन्तमाहुः।
यो धीरः शक्रः परिभूरदाभ्यस्तेभ्यो अग्निभ्यो हुतमस्त्वेतत्।"
अथर्व ३।२१।३, ४॥

भवति चात्रास्माकम्—

स कामदेवो भगवान् वरेण्यो विष्णुर्हं वा सूर्य उतापि चाग्निः।
काम्यं समस्मै स ददाति नित्यं तं कामदेवं स्तुतिभिः स्तुवन्ति॥२२१॥

कामपालः—६५२

कामशब्दः कर्मणि घञि व्युत्पादितः।

पालशब्दश्च "पाल रक्षणे" चौरादिकाद् धातोर्णिच्, ततः पचाद्यच् प्रत्ययः, ततो णिलोपः। पालयतीति पालः। स स्वयं दत्तं कामं पालयति=

'जिसको प्राप्त करने की इच्छा की जाये' उसका नाम काम है। देव शब्द—क्रीड़ार्थक दिवादिगण पठित "दिवु" धातु से पचादि अच् तथा गुण होने से सिद्ध होता है।

यहां कामदेव शब्द में दिवु धातु का दान अर्थ है। कामों को जो देवे उसका नाम कामदेव है। इसमें—**"कोऽदात् कस्मा अदात् कामोऽदात् कामायादात् कामो दाता कामः प्रतिग्रहीता कामैतत्ते"** (यजुः ७।४८) यह मन्त्र प्रमाण है तथा **"य इन्द्रेण सरथं याति देवो वैश्वानर उत विश्वदाव्यः"** एवं **"यो देवो विश्वाद् यमु काममाहुर्यं दातारं प्रतिगृह्णन्तमाहुः"** इत्यादि अथर्ववेद (३।२१।३, ४) मन्त्र भी प्रमाण हैं।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा संक्षेप से भाव प्रकाशन इस प्रकार किया है—

सब के वरेण्य=प्रार्थनीय भगवान् विष्णु—सूर्य अथवा अग्नि का नाम कामदेव है, क्योंकि वह सबके कामों की पूर्ति करता है, इसीलिये ज्ञानी पुरुष उसकी कामदेव नाम से स्तुति करते हैं।

कामपालः—६५२

काम शब्द कर्म में घञ् प्रत्यय से सिद्ध किया जा चुका है।

पाल शब्द—चुरादिगण पठित रक्षार्थक 'पाल' धातु से णिच् प्रत्यय तथा णिजन्त से पचादि अच् प्रत्यय और णि का लोप होने से सिद्ध होता है।

रक्षतीति कामपालः। कामानां पाल इति षष्ठी तत्पुरुषः। यं यं कामं यथाविधं यस्मै ददाति तं तं तथाविधं तदायुःपर्यन्तं रक्षति, तथा लोके प्रत्यहं दृश्यते।

मन्त्रलिङ्गमत्र—

"कामस्तदग्रे समवर्त्तत मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।
स काम कामेन बृहता सयोनी रायस्पोषं यजमानाय धेहि॥

"यत्कामं कामयमाना इदं कृण्मसि ते हविः।
तन्नः सर्वं समृध्यतामथैतस्य हविषो वीहि स्वाहा।"
अथर्व १९।५२।१, ५॥

अत्रान्ये मन्त्रलिङ्गे—

"त्वं काम सहसासि प्रतिष्ठितो विभुर्विभावा लख आ सखीयसे।
त्वमुग्रः पृतनासु सासहिः सह ओजो यजमानाय धेहि॥

दूराच्चकमानाय प्रतिपाणायक्षये।
आस्मा अशृण्वन्नाशाः कामेनाजनयन्त्स्वः।" अथर्व १९।५२।२, ३॥

तथा चान्यदपि—

"कामेन मा काम आगन् हृदयाद्धृदयं परि।
यदमीषामदो मनस्तदैतूप मामिह।" अथर्व १९।५२।४॥

एवमत्रत्यं सर्वं सूक्तं द्रष्टव्यम।

अपने दिये हुए काम की जो रक्षा करता है उसका नाम कामपाल है।

जो काम=ईप्सित वस्तु जिसके लिये जैसी प्रदान की है उसकी उस कामरूप वस्तु की वह उसकी आयु पर्यन्त रक्षा करता है, यह लोक में प्रत्यक्ष देखने में आता है।

इसमें ये मन्त्र—

"कामदस्तदग्रे समवर्त्तत मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।
स कामः कामेन बृहता सयोनी रायस्पोषं यजमानाय धेहि।"
"यत्मकामं कामयमाना इदं कृण्मसि ते हविः।"
"त्वं काम सहसासि प्रतिष्ठितः।"

"दूराच्चकमानाय प्रतिपाणायक्षये।
आस्मा अशृण्वन्नाशाः कामेनाजनयन्त्स्वः॥"

"कामेन मा काम आगन् हृदयाद्धृदयं परि।
यदमीषामदो मनस्तदैतूप मामिह।" अथर्व १९।५२।१, ५, २, ३, ४॥

इत्यादि इस विषय का सम्पूर्ण सूक्त ही देखना चाहिये

भवति चात्रास्माकम्—

कामस्तदग्रे समवर्ततायं विभुर्विभावा स सखीयते च ।
स सासहिः पृत्सु स एव चोग्रः स कामपालोऽवतु[1]मां शरण्यः ॥२२२॥

१—'माम्' पदमिह जीवमात्राय प्रयुक्तम् ।

कामी—६५३

कामार्थिभ्यः प्रदानाय कामा भोग्यपदार्था अतिशयेन सन्त्यस्येति कामी । कामशब्दादतिशयेऽर्थे मत्वर्थीय इनिः प्रत्ययो "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) इत्यकारलोपः, प्रातिपदिकसंज्ञा, सान्निन्नन्तलक्षणो दीर्घः ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"कामी हि वीरः सदमस्य पीतिं जुहोत वृष्णे तदिदेष वष्टि ।"
ऋक् २।१४।१ ॥

लोकेऽपि पश्यामः—

आब्रह्मकीटान्तमिदं समस्तं विश्वं मनोवेगरूपेण कामेनाविष्टं, तदेतन्महाबलस्य भगवतः कामिनः कामगुणस्यैव जगति सर्वत्र व्याप्तस्य सर्वं विचेष्टितम् इति सम्यगनुसन्धेयं सुधीभिः ।

भाष्यकार अपना अभिमत अर्थ पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

इस सृष्टि का आदिभूत बीज रूप कारण काम ही वह विभु=व्यापक सब का उत्पादक तथा सब के साथ मित्र के समान हित का व्यवहार करने वाला है। वह अत्यन्त सहनशील तथा पृतना रूप उग्र=क्रूर प्राणियों के कर्मानुसार फलदान में अत्यन्त क्रूर है। वह शरणागत रक्षक काम ही कामपाल रूप विष्णु मेरी रक्षा करे।

यहां अस्मद् शब्द जीवमात्र का उपलक्षक है।

कामी—६५३

कामार्थी भक्तों को देने के लिये अमित भोग्य पदार्थ जिसके पास हैं उसका नाम है कामी।

काम शब्द से अतिशय अर्थ में मत्वर्थीय इनि प्रत्यय, "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) सूत्र से अकार लोप, प्रातिपदिक संज्ञा तथा सु विभक्ति में इन्नन्त लक्षण दीर्घ और सु का लोप होने से कामी शब्द सिद्ध होता है। इसमें यह "कामी हि वीरः सदमस्य पीतिं जुहोत वृष्णे तदिदेष वष्टि ।" (ऋक् २।१४।१) मन्त्र प्रमाण है।

लोक में भी ऐसा देखने में आता है कि ब्रह्मा से लेकर छोटे-से-छोटे कीट पर्यन्त यह सकल विश्व मनोवेग रूप काम से व्याप्त है, यह सब भगवान् महाबल कामी के सर्वत्र व्याप्त काम रूप गुण का ही प्रभाव है। यह विद्वानों के लिये सम्यग् बोद्धव्य है।

भवति चात्रास्माकम्—

कामी स सूर्यः परियाय विश्वं पिपर्ति कामान् सकलस्य लोके ।
विष्णुर्हि भूत्वा हृदि सन्निविष्टः कामेन कान्तं कुरुते जगत् सः ॥२२३॥

कान्तः—६५४

"कमु कान्तौ" इति भौवादिको धातुस्ततो "मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च" (पा० ३।२।१८८) सूत्रेण वर्तमाने काले क्तः प्रत्ययः। कान्तिः=इच्छा। इह सूत्रे च मतिशब्देन इच्छा गृह्यते, मतिशब्दात्पृथग् बुद्धेर्ग्रहणात्। "उदितो वा" (पा० ७।२।५६) इति क्त्वि इड्विकल्पनाद् "यस्य विभाषा" (पा० ७।२।१५) इति निष्ठायान्नेट्। "अनुनासिकस्य क्विझलोः क्ङिति" (पा० ६।४।१५) इति सूत्रेण झलादौ क्ङिति दीर्घः। अनुस्वारपरसवर्णौ। काम्यते=इष्यत इति कान्तः। दृश्यते च प्रत्यहं लोके—भगवान् सुखरूपो विष्णुः तेजोदः सद्बुद्धिदश्च सूर्यः शरीराधिष्ठाता चात्मा सर्वैः काम्यते। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुतमानुषेभिः।
यं कामये तं तमुग्रं करोमि तं ब्रह्माणं तं सुमेधाम्।"

ऋक् १०।१२५।५ ॥

काम्यते, काम्येते, काम्यन्ते, इति कान्तः कान्तौ, कान्ताः, । कान्तः=इष्यमाण इत्यर्थः।

इस रहस्य को पद्य द्वारा भाष्यकार यों स्पष्ट करता है—

भगवान् विष्णु या तदभिन्न भाव से सूर्य का नाम कामी है, क्योंकि वह सकल विश्व में व्यापक होकर सबके कामों की पूर्ति करता है तथा अन्तर्यामी रूप से सबके हृदय कमल में विराजमान होकर इस सकल विश्व को काम के द्वारा कान्त=सुन्दर बनाता है।

कान्तः—६५४

कान्त्यर्थक भ्वादिगण पठित 'कमु' धातु से "मतिबुद्धि०" इत्यादि सूत्र से वर्तमान में क्त प्रत्यय, उदित् होने से इट् का अभाव, "अनुनासिकस्य" इत्यादि सूत्र से दीर्घ तथा अनुस्वार और परसवर्ण होने से कान्त शब्द सिद्ध होता है।

कान्ति नाम इच्छा का है, उपर्युक्त निष्ठाविधायक सूत्र में पठित मति शब्द से इच्छा का ग्रहण है, क्योंकि यहां मति से पृथक् बुद्धि का ग्रहण किया है जिसे प्राप्त करने की इच्छा हो, अथवा जो सर्वदा इच्छा का विषय हो उसका नाम कान्त है।

लोक में यह प्रत्यक्ष देखने में आता है कि सकल चेतन वर्ग सुख अथवा विशेष करके मनुष्य वर्ग सुखरूप सर्वेश्वर विष्णु, तेज और सद्बुद्धि के दाता सूर्य तथा शरीर के अधिष्ठाता जीवात्मा को प्रतिक्षण चाहता है। इसमें **"अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः। यं कामये तं तमुग्रं करोमि तं ब्रह्माणं तं सुमेधाम्।"** (ऋक् १०।१२५।५) यह ऋङ्मन्त्र प्रमाण है। कान्त=इच्छा का विषय।

भवति चात्रास्माकम्—

कान्तिं समापन्न इहास्ति कान्तः स एव काम्येषु गतश्च कान्तः ।
'यं कामये तञ्च करोमि कान्तं कविं सुमेधामृषिषूत्तमं वा' ॥२२४॥

यद्वा—"कनी दीप्तिकान्तिगतिषु" इति भौवादिको धातुस्ततो गत्यर्थे दीप्त्यर्थे च "गत्यर्थाकर्मक" (पा० ३।४।७२) इति सूत्रेण कर्तरि क्तः । "अनुनासिकस्य क्विझलोः" (पा० ६।४।१५) इति दीर्घः । अयात्, अदीप्यतेति वा कान्तः ।

कृतागमः—६५५

कृतः करोतेः क्तः प्रत्ययो गुणाभावश्च ।

आगमः—आङुपसर्गपूर्वो "गम्लृ गतौ" इति भौवादिको धातुस्ततो "ग्रहवृदृनिश्चिगमश्च" (पा० ३।३।५८) इति सूत्रेण घञोऽपवादः 'अप्' प्रत्ययो विधीयते । कृत आगमो येन स कृतागम इति बहुव्रीहिः, "निष्ठा" (पा० २।२।३६) इति निष्ठान्तस्य पूर्वं निपातः । यथैतस्य सदा प्रत्यक्षं दृश्यमानस्य प्रत्यहमावृत्तिः सूर्यस्य तथा देहाभिमानिनो जीवस्यापि, नित्यं नैत्यिकीं क्रियां देहञ्च प्रति पुनःपुनरागम आवृत्तिर्भवति । अत एवायं सूर्यः, शरीरात्मा तथा तयोरावर्त-

---

भाष्यकार का पद्य द्वारा संक्षिप्त भावार्थ—

जो कान्ति=दीप्ति को प्राप्त है, अर्थात् जो आभा=लावण्य से युक्त है, उसका नाम कान्त है और वही सबकी इच्छा का विषय, अर्थात् उसे ही सब प्राप्त करना चाहते हैं, इसलिये भी उसका नाम कान्त है । भगवान् कान्त स्वयं श्री मुख से कहते हैं, मैं जिसे चाहता हूं उसे कान्त, कवि, सुमेध या ऋषिवर्ग में उत्तम=श्रेष्ठ बनाता हूँ ।

अथवा—दीप्ति, कान्ति तथा गत्यर्थक "कनी" धातु से गति तथा दीप्ति विशिष्ट कर्ता में क्त प्रत्यय और पूर्वोक्त सूत्र से दीर्घ होने से कान्त शब्द सिद्ध होता है । जिसका अर्थ जो 'सर्वत्र गया हुआ तथा दीप्यमान है' ऐसा होता है ।

कृतागमः—६५५

करणार्थक कृञ् धातु से कर्म में क्त प्रत्यय तथा गुण के निषेध होने से कृत शब्द सिद्ध होता है ।

आगम शब्द आङ् उपसर्गपूर्वक गत्यर्थक भ्वादिगण पठित "गम्" धातु से "ग्रहवृदृनिश्चिगमश्च" (पा० ३।३।५८) इस सूत्र से घञ् प्रत्यय का अपवाद होकर अप् प्रत्यय होता है । किया है आगम जिसने, इस बहुव्रीहि समास में "निष्ठा" (पा० २।२।३६) सूत्र से निष्ठान्त पद का पूर्वनिपात होता है । जैसे प्रत्यक्ष दिखते हुए सूर्य की प्रतिदिन आवृत्ति होती है, उसी प्रकार इस जीवात्मा की भी प्रतिदिन नैत्यिक क्रिया के प्रति तथा

यिता विष्णुः कृतागम उच्यते । एष यो गुणः प्रत्यावर्तनरूपो लोके दृश्यते, स लस्यैव भगवतो विष्णोर्व्यञ्जकः । आगमः=शास्त्रं तज्जन्यं ज्ञानं वा कृतमापादितं येन सोऽपि कृतागम उच्यते ज्ञानरूपः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"कन्नव्यो अतसीनां तुरो गृणीत मर्त्यः ।
नहि न्वस्य महिमानमिन्द्रियं स्वर्गृणन्त आनशुः ॥
कदु स्तुवन्त ऋतयन्त देवत ऋषिः को विप्र ओहते ।
कदा मघवन्निन्द्र सुन्वतः कदु स्तुवत आगमः ।" ऋक् ८।३।१३, १४ ॥
"कदा सुतं तृषाण ओक आगम इन्द्र स्वब्दीव वंसगः ।"
ऋक् ८।३३।२ ॥

"अमी न आ ववृत्स्व चक्रं न वृत्तमर्वतः ।
नियुद्भिश्चर्षणीनाम् ॥
प्रवता हि ऋतूनामा हा पदेव गच्छसि ।
अभक्षि सूर्ये सचा ।" ऋक् ४।३१।४, ५ ॥ इति निदर्शनम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्महान् यो विविधैः स्वरूपैः स्तोत्रा स्तुतस्तं समुपैति यस्मात् ।
तस्मान् स्तुतः सत्कविभिः पुराणैः कृतागमेनापि पदेन भानुः[1] ॥२२५॥

१—यदुक्तं 'तमसः परस्तात्' (यजुः ३१।१८) इति ।

प्रारब्ध भोग वश से नियत समय पर देह के प्रति आवृत्ति देखने में आती है, इसलिये आवृत्त होने वाला सूर्य, जीवात्मा तथा इनका आवर्तन करने वाला भगवान् विष्णु कृतागम शब्द से कहा जाता है। लोक में दिखने वाली यह प्रत्यावृत्ति तथा प्रत्यावर्तन रूप गुण वह भगवान् विष्णु को ही सर्वत्र व्यक्त कर रहा है। आगम नाम आवृत्ति या आवर्तन के अतिरिक्त शास्त्र या तज्जन्य ज्ञान का भी है। वह शास्त्र या शास्त्रीय ज्ञान, जिसने प्राप्त कर लिया हैं, वह भी कृतागम शब्द का वाच्यार्थ है, जो कि ज्ञानरूप है। इसमें "कन्नव्यो अतसीनां तुरो०" "कदु स्तुवन्त ऋतयन्त देवत......कदु स्तुवत आगमः।" (ऋक् ८।३।१३, १४) "कदा सुतं तृषाण ओक आगम इन्द्र स्वब्दीव वंसगः।" (ऋक् ८।३३।२) तथा अर्थ की प्रधानता से "अमी न आ ववृत्स्व चक्रं न वृत्तमर्वतः" (ऋक् ४।३१।४, ५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

इसके संक्षिप्त अर्थ को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा यों स्पष्ट करता है।

भगवान् विष्णु का कृतागम नाम इसलिये है कि वह नाना स्तोताओं से स्तुत हो, तदिच्छानुरूप स्वरूप बनाकर उन्हें बार-बार प्राप्त होता है तथा पुरातन 'कवि=विद्वान्' पुरुष उस ज्योतिरूप भगवान् की कृतागम शब्द से स्तुति करते हैं।

अनिर्देश्यवपुः—६५६

निर्—उपसर्गः । 'दिश अतिसर्जने' इति तौदादिको धातुस्तत "ऋहलोर्ण्यत्" (३।१।१२४) इति कृत्यो ण्यत् प्रत्ययः, "शकि लिङ् च" (पा० ३।३।१७२) इति शक्यार्थे विधीयते निर्देष्टुं शक्यं निर्देश्यम् ।

वपुः—"डुवप् बीजसन्ताने छेदने च" इति भौवादिको धातुस्ततः—"अर्तिपृवपियजितनिधनितपिभ्यो नित्" (२।११७) इत्युणादिसूत्रेण "उसि" प्रत्ययो नित्त्वञ्च तस्यातिदिश्यते । नित्त्वात् प्रत्ययान्तसमुदाय आद्युदात्तः । निर्देष्टुं शक्यं वपुर्यस्य स निर्देश्यवपुः । ततो नञा समासे नञो न लोपश्चेति—अनिर्देश्यवपुः । न निर्देष्टुमियत्प्रकारकमियत्प्रमाणञ्चैवं व्यपदेष्टुम्=आख्यातुं शक्यं रूपं यस्य सः, एवम्भूतो विष्णुः । यतो हि, सर्वो वेदस्तस्यैव भगवतो विविधैरूपैर्गुणातिशयितां द्योतयति । उक्तञ्च "तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा" (यजु ३१।१९) वेदोक्तं विभिन्नगुणातिशयवत्त्वं भगवतो विष्णोरेवेति तदनन्तगामि चेति, सोऽनिर्देश्यवपुरुच्यते । विस्तरस्तु पूर्वत्र द्रष्टव्यः ।

भवति चात्रास्माकम्—

यदत्र विश्वे परितोऽस्ति दृश्यं ज्ञानेन वा गन्तुमिहास्ति शक्यम् ।
सर्वं स्वरूपं तदिहास्ति विष्णोरियान् स वाचा न विधातुमर्हः ॥२२५॥

अनिर्देश्यवपुः—६५६

निर् यह उपसर्ग है, 'दिश' इस दानार्थक, तुदादिगण पठित धातु से "शकि लिङ् च" इस पाणिनीय (३।३।१७२) सूत्र से शक्य अर्थ में कृत्य संज्ञक ण्यत् प्रत्यय होता है तथा निर् उपसर्ग जोड़ने से इस धातु का 'कथन करना' अर्थ हो जाता है । नञ्समास करने से जिसको यथार्थ रूप से 'यह ऐसा ही है' यह न कहा जा सके उसका नाम अनिर्देश्य है ।

वपु शब्द, बीज-सन्तानार्थक तथा छेदनार्थक भौवादिक 'वप' धातु से उणादि "उसि" प्रत्यय और प्रत्यय को नित्त्वातिदेश करने से सिद्ध होता है । नित् होनें से प्रत्ययान्त समुदाय को आद्युदात्त होता है । जिसके शरीर के विषय में इदमित्थं रूप से कुछ न कहा जा सके, उसका नाम अनिर्देश्यवपु है । भगवान् वेद भी उसकी नाना रूपों से स्तुति करता है । वेद में कहा है "तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा" (यजुः ३१।१९) । यह वेदोक्त सब गुणातिशयिता भगवान् विष्णु की ही है, क्योंकि वह अनन्त स्वरूपों में विराजमान है, इसलिये वह अनिर्देश्यवपु नामा है । इसका सविस्तर वर्णन प्रथम किया जा चुका है ।

भाष्यकार का अपने पद्य द्वारा अभिमतार्थ प्रकाशन इस प्रकार है—

जो नाना प्रकार के स्वरूप इस विश्व में दृष्टिगोचर हो रहे हैं तथा जो स्वरूप केवल मानसिक ज्ञान-गम्य हैं, वे सब स्वरूप भगवान् विष्णु के ही हैं । इसलिये उसका इतना या इस प्रकार का ही रूप है, यह वाणी से नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वह अनिर्देश्यवपु है ।

विष्णुः—६५७

विष्लृ व्याप्ताविति जौहोत्यादिको धातुस्ततो "विषेः किच्च" (३।३९) इत्युणादिसूत्रेण 'णुः' प्रत्ययस्तस्य च कित्त्वातिदेशस्तेन गुणाभावः। अनिट् चायं धातुः। वेवेष्टि=व्याप्नोति चराचरं जगदिति विष्णुः।

यद्वा—"विश प्रवेशने" इति धातुस्ततो बाहुलकादन्यतोऽपि धातोर्णुः प्रत्ययः षत्वञ्च, विशति सर्वत्रेति विष्णुः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा।"

(ऋक् १।१५४।२) तथा

"इदं विष्णुर्वि चक्रमे।" (ऋक् १।२२।१७) इत्यादि ऋक्।

भवति चात्रास्माकम्—

स्थानं न तद्यत्र न विष्णुवासः स्थानं न तद्यत्र न विष्णुसत्ता।
स्थानं न तद्यत्र न सोऽस्ति विष्टः स्थानं न तद्यत्तु परं ततः स्यात् ॥२२६॥

उक्तञ्च महाभारते शान्तिपर्वणि (३४१।४२, ४३)—

व्याप्य मे रोदसी पार्थ कान्तिरभ्यधिका स्थिता।
क्रमणाद्वाप्यहं पार्थ विष्णुरित्यभिसंज्ञितः॥

विष्णुः—६५७

जुहोत्यादि गणपठित व्याप्त्यर्थक 'विष्लृ' धातु से "विषेः किच्चः" (३।३९) इस उणादि सूत्र से 'णु' प्रत्यय तथा उसको कित्त्व का अतिदेश होता है, इसलिये गुण का निषेध होकर विष्णु शब्द सिद्ध होता है। जो सकल चराचर का व्यापन करे उसका नाम विष्णु है।

अथवा—'विश' इस प्रवेशनार्थक धातु से बाहुलक शासनानुसार 'णु' प्रत्यय तथा षत्व करने से भी विष्णु शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ—'जो अन्तर्यामी रूप से सर्वत्र प्रविष्ट हो' ऐसा होता है।

इसमें "यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा" (ऋक् १।२२।१७) तथा "इदं विष्णुर्विचक्रमे" (ऋक् १।२२।१७) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार स्पष्ट करता है—

ऐसा कोई स्थान नहीं जहां भगवान् विष्णु का वास सत्त्व या व्याप्ति न हो। अर्थात् भगवान् विष्णु की व्याप्ति से अतिरिक्त=रहित कोई स्थान ही नहीं है, इसीलिये भगवान् का नाम विष्णु है।

महाभारत शान्ति-पर्व में तथा आदित्य पुराण में भी इसी आशय को कहने वाले वचन हैं, जैसे कि योगिराज कृष्ण का वचन है—हे पार्थ! मेरी ज्योति पृथिवी तथा द्युलोक का व्यापन करके इनसे अतिरिक्त भी है, अथवा मैं इन सब का अतिक्रमण करके अन्यत्र भी विराजमान हूँ, इससे मेरा विष्णु नाम है।

आदित्यपुराणे चापि—

यस्माद्विष्टमिदं सर्वं तस्य शक्त्या महात्मनः ।
तस्मात् स प्रोच्यते विष्णुर्विशेर्धातोः प्रवेशनात् ॥

वीरः—६५८

"वी गतिव्याप्तिप्रजनकान्त्यसनखादनेषु" धातुः । प्रजनं गर्भग्रहणम् । ततो बाहुलकादन्यतोऽपि धातोः "**स्फायितञ्चि०**" (२।१३) इत्यादिसूत्रेण "रक्" प्रत्ययो वीरः इति । अजेर्वीति पूर्वं व्युत्पादितः ।

वेति—गच्छति, व्याप्नोति, प्रजायते, अस्यति, खादतीति वा वीर इति । तथा च श्रुतिः—"**सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च**" (ऋक् १।११५।१) सर्वस्य जगत आत्मा सूर्योऽत्र वीरशब्देनोक्तः—यतो हि स गच्छति, कर्माणि च कारयति जगता, स्वांशुभिः सर्वं व्याप्नोति, प्रजायते=उदयते प्रत्यहं, अस्यति=क्षिपति किरणान् सर्वत्र, खादति=आदत्ते च रसान् । एतच्च सर्वं जीवात्मन्यपि घटते । तथा हि नित्योऽपि जीवात्मा शरीरसम्पृक्तो गच्छति, कर्माणि व्याप्नोति, प्रजायते =जन्म गृह्णाति, अस्यति=क्षिपति चारीन्, खादति चान्नादिकम् । सूर्यपक्षेऽन्तर्गर्भितण्यर्थोऽप्युपपद्यते । विष्णौ चान्तर्गर्भितण्यर्थं एव सम्यगन्वेति, वाययति= गमयतीति वीरः । कुतः ? "**तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः**" (४०।५) इति याजुषमन्त्रवर्णात् । व्याप्नोति, व्यापयति वा वीरः । प्रजनयतीति

भगवान् की स्वरूप भूत शक्ति से यह सकल जगत् व्याप्त है, इसलिये 'विश' धातु के अनुगम से भगवान् विष्णु हैं ।

वीरः—६५८

गति-व्याप्त्याद्यर्थक 'वी' धातु से बाहुलक से "**स्फायितञ्चि०**" (२।१३) इत्यादि उणादि सूत्र से 'रक्' प्रत्यय करने से वीर शब्द सिद्ध होता है । अज धातु को 'वी' आदेश करने से निष्पन्न वीर शब्द पहले सिद्ध किया गया है । गमन, व्यापन, प्रजनन, असन तथा खादन क्रियाओं के योग से अर्थात् इनका कर्ता होने से वीर शब्द सार्थक होता है । जैसे कि वेद का वचन है "**सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च**" (ऋक् १।११५।१) यहां सकल जगत् के आत्मा सूर्य को वीर शब्द से कहा है, क्योंकि वह चलता है, जगत् से कर्म करवाता है, अपनी किरणों से सबका व्यापन करता है, प्रतिदिन जन्म लेता=उदय होता है, सब स्थानों में अपनी किरणों को फेंकता है तथा रसों का खादन=ग्रहण करता है । ये सब अर्थ जीवात्मा में भी सङ्गत होते हैं, क्योंकि जीवात्मा नित्य होने पर भी शरीर के सम्बन्ध से चलता है, कर्मों का व्यापन करता है, जन्म लेता है, शत्रुओं का असन=प्रक्षेपण करता है तथा अन्नादि रसनीय द्रव्यों को खाता है ।

सूर्य पक्ष में ये क्रियायें अन्तर्गर्भितण्यर्थ अर्थात् प्रेरणार्थक भी उपपन्न होती हैं तथा विष्णु के वाच्यत्व में प्रेरणार्थक ही सङ्गत होती हैं, जैसे जो चलाता=गति देता है क्योंकि वह "**तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः**" (यजुः ४०।५) इस वेद वाक्य से

वीरो, यदुक्तं—**"प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तरजायमानो बहुधा विजायते"** (यजुः ३१।१९) विजायत इति, योनिभेदेन विविधानि भूतानि जनयतीति भावः। कुतः ? अजायमान इत्यत्रैव मन्त्र उक्तत्वात्। कामयते=अकामान् भक्तानिति, कान्तिविषयो भवति इति वा वीरः। अथवा कनति दीप्तो भवति, दीपयति वा विश्वमिति। तद् ब्रह्म **"वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्"** इति यजुषि (३१।१८) तमसः परस्ताज्ज्योती रूपमुक्तम्। अस्यति, आसयति वा वीरः। खादयति च सः। तथाहि, प्रतिप्राणि तदर्हदन्तदानेन विज्ञाप्यते, यत्स प्रतिप्राणि तदर्हं भोजनं ददाति। यदुक्तं—**"मां हवन्ते पितरं न जन्तवो अहं दाशुषे विभजामि भोजनम्।"** ऋक् १०।४८।१॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

वीरः—**"इन्द्र वाजेषु नोऽव सहस्रप्रधनेषु च।**
उग्र उग्राभिरूतिभिः।" ऋक् १।७।४॥

विशेषेण ईरयतीति वीर इति पूर्वमुक्तम्।

"स्तोत्रं राधानां पते गिर्वाहो वीर यस्य ते।
विभूतिरस्तु सूनृता।" ऋक् १।३०।५॥
"हव्यं वीर हव्या हवन्ते।" ऋक् ६।२१।१॥

स्पष्ट है। जो व्यापन करवाता है तथा जो जन्म ग्रहण करवाता है जैसे कि **"प्रजापतिश्चरति गर्भेऽन्तरजायमानो बहुधा विजायते"** (यजुः ३१।१९) इस वेद वचन से स्पष्ट है। **'विजायते'** का अर्थ है कि जो योनि भेद से नाना भूतों को जन्म देता है स्वयं वह अजन्मा है, क्योंकि इसी मन्त्र में **अजायमानः** यह पद आया है जिसका अर्थ होता है, जो स्वयं जन्म नहीं लेता।

अथवा—जो निष्काम भक्तों की कामना=इच्छा करता है, अथवा जो भक्तों की प्राप्तिविषयक इच्छा का विषय होता है। अथवा—दीप्ति अर्थ को लेकर जो स्वयं दीप्त है और इस सकल विश्व को दीप्त करता है, वह ज्योतिरूप ब्रह्म है। जैसा कि यजुर्वेद (३१।१८) का वचन है **"वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्"** इत्यादि।

जो अपनी शक्ति से शत्रुओं का असन=धर्षण तथा अन्नादि रस्य पदार्थों का भक्षण करवाता है। जैसे कि लोक दर्शन से प्रतीत होता है, क्योंकि उसने प्रत्येक प्राणी को उसके योग्य दांतों का प्रदान किया है इसलिये वह उसके योग्य भोजन भी देता है। जैसाकि वेद वचन है **"अहं दाशुषे विभजामि भोजनम्"** (ऋक् १०।४८।१) इसमें **"इन्द्र वाजेषु नोऽव"** (ऋक् १।७।४) विशेषकर के जो प्रक्षेपण=धर्षण करे; इस अर्थ वाले वीर शब्द की व्युत्पत्ति पहले की जा चुकी है तथा **"स्तोत्रं राधानां पते गिर्वाहो वीर यस्य ते"** (ऋक् १।१३०।५), **"हव्यं वीर हव्या हवन्ते"** (ऋक् ६।२१।१), **"ब्रह्मन्**

"ब्रह्मन् वीर ब्रह्मकृतिं जुषाणः ।" ऋक् ७।२९।२ ॥
"स वीरो दक्षसाधनो वि यस्तस्तम्भ रोदसी ।
हरिः पवित्रे अव्यत वेधा न योनिमासदम् ।" ऋक् ९।१०१।१५ ॥
"दिवि श्रवो दधिषे नाम वीरः ।" ऋक् १०।२८।१२ ॥

विविधविभक्तिवचनेषु प्रयुक्तोऽयं वीरशब्दो वेदे तत्रैव द्रष्टव्यः निदर्शनं नः प्रयोजनम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

वीरो हि विष्णुः स हि वास्ति सूर्यो जनोऽस्ति वा विष्णुगुणेन युक्तः ।
व्याप्नोति विश्वं स हि सर्वयातः सर्वंसहं तं स्तुवते पवित्रम् ॥२२७॥

अनन्तः—६५९

'अम गत्यादिषु" भौवादिको धातुस्ततो "हसिमृग्रिण्वामिदमितमिलूपूधूर्विभ्यस्तन्" (३।८६) इत्युणादिः 'तन्' प्रत्ययः अमति, अम्यते वासौ—अन्तः । "तितुत्र" (पा० ७।२।९) इति सूत्रेणेण्निषेधः । नञो नलोपो नुडागमश्च । नास्ति=अन्तो यस्य सोऽनन्तः=विष्णुः सूर्यो वा । मन्त्रलिङ्गञ्च —

"समानो अध्वा स्वस्रोरनन्तस्तमन्यान्या चरतो देवशिष्टे ।
न मेथेते न तस्थतुः सुमेके नक्तोषासा समनसा विरूपे ।"
ऋक् १।११३।३ ॥

वीर ब्रह्मकृतिं जुषाण." (ऋक् ७।२९।२). "स वीरो दक्षसाधनः" (ऋक् ९।१०१।१५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं । इस वीर शब्द का विभक्ति तथा वचन भेद से वेद में बहुत प्रयोग हुआ है जिसे वेदों में देखना चाहिए । यहां हमारा केवल उदाहरण मात्र दिखाना प्रयोजन हैं ।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा संक्षेप से यों वर्णन करता है—

सर्वेश्वर भगवान् विष्णु-सूर्य तथा विष्णु के व्यापन आदि गुणों से युक्त यह प्राणिवर्य वीर शब्द का वाच्य है, भगवान् सर्व गत तथा सर्वव्यापक है, उस सर्वथा शुद्ध तथा सब को सहन करने वाले अथवा सर्वबलातिशायी भगवान् की विद्वान् पुरुष स्तुति करते हैं ।

अनन्तः—६५९

गत्याद्यर्थक भ्वादिगण पठित 'अम' धातु से "हसिमृ" (३।८६) इत्यादि से उणादि तन् प्रत्यय तथा अनुस्वार परसवर्ण होने से अन्त शब्द सिद्ध होता है तथा इसका नञ् के साथ तत्पुरुष समास करके नञ् के नकार का लोप तथा नुट् का आगम होने से अनन्त शब्द सिद्ध होता है ।

अनन्त नाम जिसका अन्त नहीं है वह है "अनन्त"=विष्णु अथवा सूर्य । इसमें "समानो अध्वा स्वस्रोरनन्तस्तमन्यान्याचरतो देवशिष्टे" (ऋक् १।११३।३),

"यस्या अनन्तो अह्रुतस्त्वेषश्चरिष्णुरर्णवः ।
अमश्चरति रोरुवत् ।" ऋक् ६।६१।८ । त्वेषः=सूर्य ।
"अजिरासस्तदप ईयमाना आतस्थिवांसो अमृतस्य नाभिम् ।
अनन्तास उरवो विश्वतः सीं परि द्यावापृथिवी यन्ति पन्थाः ।"
ऋक् ५।४७।२ ॥

"अनन्ते अन्तरश्मनि ।" ऋक् १।१३०।३ ॥
"अनन्ते अन्तः परिवीत आगाच्छुचिः शुक्रो अर्यो रोरुचानः ।"
ऋक् ४।१।७ ॥ बहुविभक्त्यन्तोऽयं बहुत्र वेदे ।

भवति चात्रास्माकम्—
अनन्तशक्तिः कथितोऽत्र विष्णुरनन्तशक्तिश्च तथैव सूर्यः ।
अनन्तपारं कुरुते च सान्तं त्वेषश्चरिष्णुर्दिवमात्मचक्षुः[1] ॥२२८॥

१—आत्मचक्षुः=द्रष्टृरूपः ।

अनञ्जयः—६६०

"धन धान्ये" इति च्छान्दसो धातुस्तत पचाद्यच् प्रत्ययः, धनम् । 'जि जये' इति भौवादिको धातुस्ततः "संज्ञायां भृतृवृजिधारिसहितपिदमः" (पा० ३।२।४६) इत्यनेन खच् प्रत्ययो गुणायादेशौ च । धनं जयतीति विग्रहे "अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम्" (पा० ६।३।६७) इत्यजन्तस्य धनशब्दस्य मुमागमो मित्त्वादन्त्यादचः परः, अनुस्वारपरसवर्णौ च, पाक्षिकपरसवर्णाभावे धनंजयः ।

"यस्या अनन्तो अह्रुतस्त्वेषश्चरिष्णुरर्णवः" (ऋक् ६।६१।८) त्वेषः=सूर्य का नाम है । "अजिरासस्तदप ईयमाना⋯ ⋯अनन्तास उरवो विश्वतः" (ऋक् ५।४७।२), "अनन्ते अन्तरश्मनि" (ऋक् १।१३०।१), "अनन्ते अन्तः परिवीत आगाच्छुचिः शुक्रो अर्यो रोरुचानः" (ऋक् ४।१।७) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं । यह शब्द विभक्ति भेद से वेद में बहुत स्थानों में आया है ।

भाष्यकार का संक्षिप्त अभिमतार्थ इस प्रकार है—

जैसे सर्वेश्वर भगवान् विष्णु अपार शक्ति वाला है, उसी प्रकार तदभिन्न भाव से सूर्य भी अनन्त अपार शक्ति वाला है तथा वह द्रष्टृरूप विष्णु और सूर्य इस विश्व या इसके अन्तर्गत द्युलोक को प्रवाह रूप से अनन्त बनाते हैं ।

धनञ्जयः—६६०

धान्य=तर्पणार्थक "धन" इस वैदिक धातु से पचादि अच् प्रत्यय होने से धन शब्द बनता है ।

जयार्थक भौवादिक "जि" धातु से संज्ञा में धन शब्द के उपपद रहते 'खच्' प्रत्यय गुण, अयादेश, मुम् तथा उसके मकार को अनुस्वार परसवर्ण होने से 'धनञ्जय' शब्द सिद्ध होता है, जिसका 'जो धन को जीतता है' ऐसा अर्थ होता है । जहां पाक्षिक परसवर्ण नहीं होता वहां धनंजय ऐसा रूप होता है ।

तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"स पवस्व धनञ्जय प्रयन्ता राधसो महः ।
अस्मभ्यं सोम गातुवित् ।" ऋक् ९।४६।५ ॥
"विद्मा हि त्वा धनञ्जयं वाजेषु दधृषं कवेः ।
अधा ते सुम्नमीमहे ।" ऋक् ३।४२।६ ॥
"विद्मा हि त्वा धनञ्जयमिन्द्रः दृढा चिदारुजम् ।
आदारिणं यथा गयम् ।" ऋक् ८।४५।१३ ॥

एवं बहुत्र धनञ्जयशब्दप्रयोगो दृश्यते ।

भवति चात्रास्माकम्—

धनञ्जयो विष्णुरनन्तराधा धनं हि सर्वं जितमस्ति तेन ।
यस्मिन् स्थितः सोऽस्ति धनं तदेव यथा धनं जीवति काय आहुः ॥२२९॥

'जीवति, काये' इति च सप्तम्यन्ते पदे ।



ब्रह्मण्यो ब्रह्मकृद् ब्रह्मा ब्रह्म ब्रह्मविवर्धनः ।
ब्रह्मविद् ब्राह्मणो ब्रह्मी ब्रह्मज्ञो ब्राह्मणप्रियः ॥८४॥

६६१ ब्रह्मण्यः, ६६२ ब्रह्मकृत्, ६६३ ब्रह्मा, ६६४ ब्रह्म, ६६५ ब्रह्मविवर्धनः । ६६६ ब्रह्मवित्, ६६७ ब्राह्मणः, ६६८ ब्रह्मी, ६६९ ब्रह्मज्ञः । ६७० ब्राह्मणप्रियः ॥

ब्रह्मण्यः—६६१

'बृह बृहि वृद्धौ' भौवादिको धातुः, तयोर्बृंहेरिदितः "बृंहेर्नोऽच्च" (४।१४६) इत्युणादिसूत्रेण मनिन् प्रत्ययो नकारस्य चाकारः, अकारे परतश्च

इसमें "स पवस्य धनञ्जय प्रयन्ता" (ऋक् ९।४६।५), "विद्मा हि त्वा धनञ्जयं वाजेषु दधृषं कवेः" (ऋक् ३।४२।६), "विद्मा हि त्वा धनञ्जयमिन्द्रः दृढा चिदारुजम्" (ऋक् ८।४५।१३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं । इस प्रकार धनञ्जय शब्द वेद में बहुत स्थानों पर प्रयुक्त हुआ है ।

भाष्यकार का संक्षिप्त अभिमतार्थ इस प्रकार है—

अनन्तराध=अनन्तप्रकाश वा अनन्तज्ञान वाले वा तद्रूप विष्णु का नाम धनञ्जय है, क्योंकि जिस विश्व में वह अन्तर्यामिरूप से स्थित है, वह ही उसका धन है और उसका यह सकल धनरूप विश्व जीता=वश में किया हुआ है तथा जीवित शरीर का भी नाम धन है ।

ब्रह्मण्यः—६६१

वृद्ध्यर्थक, 'बृह बृहि' ये दोनों धातु भ्वादिगण में पठित हैं । उनमें से इदित् बृहि धातु से "बृंहेर्नोऽच्च" (४।१४६) इस उणादि सूत्र से 'मनिन्' प्रत्यय और नकार को

ऋकारस्य यणादेशः। "नेड् वशि कृति" (पा० ७।२।८) इत्यनेनेण्निषेधः । एवं ब्रह्म शब्दः सिध्यति । तस्माच्च ब्रह्मशब्दात् "खलयवमाषतिलवृषब्रह्मणश्च" (पा० ५।१।७) इति सूत्रेण हितमित्यर्थे यत् प्रत्ययो विहितः । एवञ्च 'ब्रह्मन् य' इति स्थितौ "नस्तद्धिते" (पा० ६।१।१४४) इति टिलोपे प्राप्ते "ये चाभावकर्मणोः" (पा० ६।४।१६८) सूत्रेण प्रकृतिभावः । ततः—"अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि" (पा० ८।४।२) सूत्रेण नकारस्य णकारः। तद्धितान्तत्वात् "कृत्तद्धितसमासाश्च" (पा० १।२।४६) इति प्रातिपदिकसंज्ञा, सु विभक्तिः ब्रह्मण्यो ब्रह्मणे हितः । स्वयं वृद्धं, स्वाश्रितान् बृंहयति=वर्धयति च ब्रह्म, सर्वधा च तद् ब्रह्म ।

तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"त्वं विप्रस्त्वं कविर्मधु प्रजातमन्धसः ।
मदेषु सर्वधा असि ।" ऋक् ६।१८।२ ॥

सर्वमेतत्सप्तमन्त्रकं सूक्तं "मदेषु सर्वधा असि" एतद्वाक्यान्तं समाप्नोति। यदेव ब्रह्म तदेव सर्वधा सर्वधातृत्वात् ।

"उत ब्रह्मण्या वयं तुभ्यं प्रवृद्ध वज्रिवः ।
विप्रा अतक्ष्म जीवसे ।" ऋक् ८।६।३३ ॥

अकार, अकार परे ऋकार को यणादेश रेफ, तथा "नेड् वशि कृति" (पा० ७।२।८) सूत्र से इट् का निषेध होने से ब्रह्म शब्द सिद्ध होता है ।

इस ब्रह्म शब्द से हितार्थ में यत् प्रत्यय "ये चाभावकर्मणोः" (पा० ६।४।१६८) सूत्र "नस्तद्धिते" (पा० ६।४।१४८) से प्राप्त टिलोप को बाध कर प्रकृतिभाव कर देता है और "अट्कुप्वाङ्०" (पा० ८।४।२) सूत्र से नकार को णकार, तद्धितान्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा तथा सु विभक्ति आने से ब्रह्मण्य शब्द सिद्ध होता है, जिसका अर्थ "ब्रह्म के लिये जो हित कल्याण कर हो" ऐसा होता है ।

ब्रह्म नाम उसका है, जो स्वयं बढ़ा हुआ, अपने आश्रितों को बढ़ाये । उसी का नाम सब का धारण करने वाला होने से 'सर्वधा' है । इसमें "त्वं विप्रस्त्वं कविर्मधु प्रजातमन्धसः । मदेषु सर्वधा असि" (ऋक् ६।१८।२) यह मन्त्र प्रमाण है । यह सात मन्त्रों का सूक्त है और इस सूक्त के सातों मन्त्र "मदेषु सर्वधा असि" इस वाक्य पर समाप्त होते हैं अर्थात् प्रत्येक मन्त्र का यह अन्तिम वाक्य है । जो ब्रह्म है वही सब को धारण करने से 'सर्वधा' है । इसमें "उत ब्रह्मण्या वयं तुभ्यं प्रवृद्ध वज्रिवः । विप्रा अतक्ष्म जीवसे" (ऋक् ८।६।३३) यह ऋङ्मन्त्र प्रमाण है ।

भवतश्चात्रास्माकम्—

स सर्वथा ब्रह्म बृहत् प्रवृद्धो विश्वे समस्ते च बृहद्धि सर्वम्।
दृशास्ति दृश्यो रविरूर्ध्वमायन् जगद्धितायैव चरिष्णुधर्मा॥२३०॥

ब्रह्मण्य[1] उक्तः कविभिर्विधिज्ञैर्ब्रह्मण्य[2] एनं निदधाति यन्त्रे[3]।
नियन्त्रितो विश्वहिताय[4] गच्छन् धामानि विश्वानि च वेद देवः[5] ॥२३१॥

१—ब्रह्मण्यः=सूर्यः। २—ब्रह्मण्यः=विष्णुः। ३—यन्त्रे=नियमे। ४—परिवृद्धस्य विश्वस्य हिताय। ५—देवः=विष्णुः सूर्यो वा।

ब्रह्मकृत्—६६२

ब्रह्मेति कर्मोपपदात् कृञः क्विप्, ब्रह्म=बृहत् करोतीति ब्रह्मकृत्, बृंहणो हि स प्रवर्धन आश्रितानाम्। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"त्वं विश्वा दधिषे केवलानि यान्याविर्या च गुहा वसूनि।
काममिन्मे मघवन् मा वि तारीस्त्वमाज्ञाता त्वमिन्द्रासि दाता॥
यो अदधाज्ज्योतिषि ज्योतिरन्तर्यो असृजन् मधुना सं मधूनि।
अध प्रियं शूषमिन्द्राय मन्म ब्रह्मकृतो बृहदुक्थ्यादवाचि।"

ऋक् १०।५४।५, ६॥

अयं ब्रह्मकृदिति शब्दो बहुत्र प्रयुक्तो दृश्यते वेदे।

भाष्यकार अपने संक्षिप्त अभिमत अर्थ को पद्यों से इस प्रकार स्पष्ट करता है—

वह सब को धारण करने वाला तथा सबसे बड़ा ब्रह्म इस समस्त विश्व, विश्वान्तर्गत पदार्थों को भी प्रवृद्ध ही बनाता है तथा सूर्यरूप बड़ ब्रह्म जगत् रूप ब्रह्म के हित=कल्याण के लिये ही उदय होकर भ्रमणशील रहता है।

भागवत-विधि=भगवन्नियमों के जानने वाले विद्वानों ने सूर्य को 'ब्रह्मण्य' कहा है तथा जो जगत् के हितार्थ इसको नियम में रखता है, वह भगवान् विष्णु ब्रह्मण्य है। ब्रह्मण्य नाम से अभिधेय विष्णु तथा तदभिन्न सूर्य नियम में स्थिर होकर विश्वहित के लिये गति करता हुआ समस्त भुवनों को जानता है अर्थात् विष्णु और सूर्य सकल ब्रह्माण्ड विषयक ज्ञान रखते हैं।

ब्रह्मकृत्—६६२

ब्रह्मरूप कर्म के उपपद रहते हुए कृञ् धातु से क्विप् प्रत्यय, तुक् का आगम तथा क्विप् का सर्वलोप करने से ब्रह्मकृत् शब्द सिद्ध होता है। ब्रह्म नाम बढ़े हुए का है, उसे जो करे अर्थात् अपने आश्रितों को जो बढ़ावे उसका नाम ब्रह्मकृत् है। इसमें "त्वं विश्वा दधिषे केवलानि" तथा "यो अदधाज्ज्योतिषि ज्योतिरन्तर्यो······ब्रह्मकृतो बृहदुक्थ्यादवाचि" (ऋक् १०।५४।५, ६) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

इस ब्रह्मकृत् शब्द का वेद में बहुत प्रयोग होता है।

भवति चात्रास्माकम्—

स ब्रह्मकृद् विष्णुरुतापि सूर्यो ये तत्कृतौ सन्ति च दत्तवाचः ।
स्तुवन्ति तं ब्रह्मकृतं पुराणं निजार्थसिद्धेः सकलायुराप्त्यै ।।२३२।।

ब्रह्मा—६६३, ब्रह्म—६६४

ब्रह्म शब्दः प्राग् व्युत्पादितस्तस्य पुंसि सौ दीर्घे नान्तोपधलक्षणे ब्रह्मेति, वर्धत इति ब्रह्मा । मन्त्रलिङ्गम्—

"आदित्यान् विष्णुं सूर्यं ब्रह्माणञ्च बृहस्पतिम् ।
इन्द्रवायू बृहस्पतिं सुहवेह हवामहे ।" ऋक् १०।१४१।३, ४ ।।

ब्रह्म क्लीवे । विशेष्यनिघ्नोऽयं वृद्धयर्थको ब्रह्म शब्दः । नित्यं नपुंसके परब्रह्मवाची । तत्र क्लीबलिङ्गे ब्रह्मशब्दे मन्त्रलिङ्गम्—

"त्वं नो अग्ने अग्निभिर्ब्रह्म यज्ञं च वर्धय ।
त्वं नो देवतातये रायो दानाय चोदय ।" ऋक् १०।१४१।६ ।।

वर्धनशीलं ब्रह्म यज्ञवृद्धयै प्रार्थ्यते ।

"एहि स्तोमाँ अभि स्वराऽभि गृणीह्या रुव ।
ब्रह्म च नो वसो सचेन्द्र यज्ञं च वर्धय ।" ऋक् १।१०।४ ।।

भाष्यकार इस भाव को पद्य द्वारा यों स्पष्ट करता है—

भगवान् विष्णु, सूर्य तथा भगवान् की कृति का व्याख्यान करने वाले महापुरुष, ये सब ब्रह्मकृत् शब्द के वाच्य हैं । विद्वान् वेदविद् महापुरुष, आयुभर अपनी अर्थसिद्धि के लिये भगवान् ब्रह्मकृत् का स्तवन करते हैं ।

ब्रह्मा—६६३

ब्रह्म शब्द की व्याख्या पहले की जा चुकी है, ब्रह्मन् शब्द का पुंल्लिङ्ग में सु विभक्ति परे नान्तोपध लक्षण दीर्घ होने तथा सु का लोप होने से ब्रह्मा शब्द सिद्ध होता है, जो बढ़े उसका नाम ब्रह्मा है अर्थात् जो सविशेष रूप में सबसे बड़ा है । इसमें **"आदित्यान् विष्णुं सूर्यं ब्रह्माणञ्च बृहस्पतिम्"** (ऋक् १०।१४१।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

वृद्धि अर्थ में वर्तमान ब्रह्मन् शब्द विशेष्यानुसार त्रिलिङ्ग है तथा परब्रह्मवाचक ब्रह्मन् शब्द नित्य नपुंसक लिङ्ग है । इसमें जहां कि ब्रह्मन् शब्द नपुंसक है—**"त्वं नो अग्ने अग्निभिर्ब्रह्म यज्ञं च वर्धय । त्वं नो देवतातये रायो दानाय चोदय ।"** (ऋक् १०।१४१।६) यह मन्त्र प्रमाण है । इस मन्त्र में वर्धनस्वभाव ब्रह्म की प्रार्थना यज्ञ की वृद्धि के लिये की जाती है । तथा **"एहि स्तोमाँ अभिस्वरा......ब्रह्म च नो वसो सचेन्द्र यज्ञं च वर्धय"** (ऋक् १।१०।४) यह मन्त्र भी इसके नपुंसकत्व को बता रहा है ।

भवति चात्रास्माकम्—

ब्रह्मा स विष्णुश्च तथाऽस्ति सूर्यो यः स्तूयते सामभिरुक्थरूपैः ।
यज्ञं च नो वर्धय देव देव ! तवोतिभी रिष्यति नैव मर्त्यः ॥२३३॥

'तवोतिभी' रित्यत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"स घा वीरो न रिष्यति यमिन्द्रो ब्रह्मणस्पतिः ।
सोमो हिनोति मर्त्यम् ।" ऋक् १।१८।४ ॥
"त्वं तं……मर्त्यं दक्षिणा पात्वंहसः ।" ऋक् १।१८।५ ॥

ब्रह्मविवर्धनः—६६५

ब्रह्म वै यज्ञः (ऐ० ब्रा० ७।२२), एवं च ब्रह्मविवर्धनो=यज्ञस्य वर्धन इत्यर्थः । "वर्ध छेदनपूरणयोः" इति चौरादिको धातुः "वृधु वृद्धौ" इति भौवादिकश्च, णिजन्तात् "नन्दिग्रहिपचादिभ्यः" (पा० ३।१।१२४) इति कर्तरि ल्युः प्रत्ययः, यद्वा ल्युट् करणे, योरनादेशः, वर्धनः, विशेषेण वर्धयति वर्ध्यते, पूर्यते वाऽनेनेति विवर्धनः । ब्रह्मणो=यज्ञस्य विवर्धनो ब्रह्मविवर्धनः । मन्त्रलिङ्गम्—

"यच्चिद्धि त्वा जना इमे नाना हवन्त ऊतये ।
अस्माकं ब्रह्मेदमिन्द्र भूतु तेऽहा विश्वा च वर्धनम् ।" ऋक् ८।१।३ ॥

भाष्यकार का पद्य द्वारा सक्षिप्तार्थ कथन इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु या तदभिन्न भाव से सूर्य का नाम ब्रह्मा है, क्योंकि वेदज्ञ महापुरुष उसकी 'हे देव ! आप हमारे ब्रह्म=वर्धनशील यज्ञ को बढ़ाओ=समृद्ध करो ।' इस प्रकार गीतिरूप सामवेद से स्तुति करते हैं । आप की स्तुतियों का गान करने वाला मनुष्य कभी दुःखी नहीं होता ।

भगवत्स्तुतिगायक कभी पीड़ित नहीं होता, इसमें **"स घा वीरो न रिष्यति"** (ऋक् १।१८।४) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

ब्रह्मविवर्धनः—६६५

यज्ञ का नाम ब्रह्म है, ब्रह्म का बढ़ाने वाला नाम यज्ञ का बढ़ाने वाला ऐसा होता है. छेदन या पूरणार्थक चुरादिगण पठित 'वर्ध' णिजन्त धातु अथवा वृद्धयर्थक भ्वादिगण पठित 'वृधु' धातु से **"नन्दिग्रहिपचादिभ्यः"** (पा० ३।१।१३४) से कर्ता में 'ल्यु' प्रत्यय अथवा करण में ल्युट् प्रत्यय तथा यु को अन आदेश करने से वर्धन शब्द सिद्ध होता है ।

जो विशेषरूप से बढ़ाना है, अथवा जिसके द्वारा विशेष करके बढ़ाया जाए और पूरण किया जाए, उसका नाम विवर्धन है ।

ब्रह्म=यज्ञ का बढ़ाने वाला ब्रह्मविवर्धन है । इस अर्थ की पुष्टि में **"यच्चिद्धि-त्वा जना इमे नाना हवन्त उतये । अस्माकं ब्रह्मेदमिन्द्र भूतु तेऽहा विश्वा च वर्धनम् ।"** यह ऋग्वेद का (८।१।३) का मन्त्र प्रमाण है ।

भवति चात्रास्माकम्—

विवर्धनं विश्वमिदं समस्तं यतः स्वयं ब्रह्मविवर्धनः स ।
बीजाच्च वृक्षं कुरुते विवृद्धं वृक्षाच्च बीजान् कुरुते बहून् सः ॥२३४॥

ब्रह्मवित्–६६६

ब्रह्मवेत्तीति ब्रह्मवित् "विद् ज्ञाने" आदादिको धातुस्ततः "**क्विप् च**" (पा० ३।२।६, ७) इत्यनेन सुप्युपपदे क्विप्प्रत्ययस्तस्य च सर्वस्यापहारः, "**वाऽवसाने**" (पा० ८।४।५६) इत्यनेन दस्य चर्त्त्वं, तकारो वैकल्पिको ब्रह्मविद् ब्रह्मवित् वा । विवृद्धं विवर्धनं वा ब्रह्म, दृश्यमदृश्यं ज्ञानमात्रगम्यञ्च यत्, तत् को वेत्तीति प्रश्ने वक्तुं शक्यते, स एव सर्वस्याधारो भगवान् विष्णुर्वेत्तीति । तस्मात्स ब्रह्मवित् । मन्त्रलिङ्गम्—

"**तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा ।**" यजुः ३१।१९ ॥
"**यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।**"
ऋक् १।१५४।२ ॥

तेषां बृहतां भुवनानां ज्ञाता स ब्रह्मवित् परमेश्वरः ।

एतस्य ब्रह्मणा कृतस्य ब्रह्मरूपस्य जगतोऽपि यो ज्ञाता स ब्रह्मवित्संज्ञकः । यदुक्तम्—

भाष्यकार ने पद्य द्वारा संक्षिप्त भावार्थं प्रकाशन इस प्रकार किया है—

यह समस्त दृश्यमान विश्व विशेषतः वर्धनशील है, क्योंकि यह वर्धनशील ब्रह्मरूप बीज से उत्पन्न हुआ है । वह सर्वेश्वर सर्व नियन्ता ब्रह्मविवर्धन विष्णु बीज से विस्तार युक्त वट वृक्ष को तथा वट वृक्ष से बहुत से बीजों को बनाता है ।

ब्रह्मवित्—६६६

ब्रह्म को जो जानता है उसका नाम ब्रह्मवित् है । अदादिगण पठित ज्ञानार्थक 'विद्' धातु से ब्रह्मरूप कर्म के उपपद रहते और क्विप् प्रत्यय और उसका सर्वलोप तथा वैकल्पिकचर्त्व करने से ब्रह्मवित् शब्द सिद्ध होता है । स्वयं बढ़े हुये तथा बढ़ने वाले का नाम ब्रह्म है ।

जो कुछ भी दृश्य अथवा ज्ञानगम्य अदृश्य कार्य है उस सब को पूर्ण रूप से कौन जानता है ? इस प्रश्न का 'सबका आधारभूत विष्णु ही सबको जानता है' यह ही एकमात्र उत्तर है । इस नाम में "**तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा**" (यजुः ३१।१९) तथा "**यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा**" (ऋक् १।१५४।२) यह यजुर्वचन तथा ऋग्वचन प्रमाण है । सब बढ़े हुओं को जानने वाले का नाम ब्रह्मविद् है तथा ब्रह्म के द्वारा रचित इस ब्रह्मरूप जगत् का पूर्ण रूप से जानता है उसका नाम भी

"सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात् स विद्याद् ब्राह्मणं महत् ।"
अथर्व १०।८।३७ ॥

"यत्र लोकांश्च कोशांश्चापो ब्रह्मविदो विदुः ।
असच्च यत्र सच्चान्तः स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः ।"
अथर्व १०।७।१० ॥

यच्चेदं दृश्यं जगत् तदिदं तस्य देवस्य दृश्यं काव्यं, यतो हि स परमेश्वरः कविः । अत्र वेदः—

"अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः । देवोदेवेभिरा गमत् ।"
ऋक् १।१।५ ॥

तस्य कवेः कर्म काव्यम् । तदृशिना विशेषितं जगदेव भवितुमर्हति ।

तद्व्यञ्जकश्च विष्णुस्तद्विद् ब्रह्मविदुच्यते, "यो हि यस्य व्यञ्जकः स तद्विद्" इति न्यायात् ।

भवति चात्रास्माकम्—

स ब्रह्मविद्विष्णुरुदात्तकाव्यो धामानि सर्वाणि दधाति गर्भे ।
जानाति वा तानि विधारकत्वात् स्तुवन्ति तं ब्रह्मविदः पुराणाः ॥२३५॥

ब्रह्मविद् है, जैसा कि वेदवचन है— "सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात् स विद्यात् ब्राह्मणं महत्" (अथर्व १०।८।३७) तथा "यत्र लोकांश्च कोशांश्चापो ब्रह्मविदो विदुः । असच्च यत्र सच्चान्तः स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः" (अथर्व १०।७।१०) जितना भी दृश्यवर्ग है, यह सब भगवान् का दृश्य "नाटकरूप" काव्य है क्योंकि भगवान् का नाम कवि वेद में मिलता है जैसे कि "अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः । देवो देवेभिरा गमत्" (ऋक् १।१।५) इत्यादि । कवि का कर्म काव्य होता है । विष्णुरूपी देव का जगत् ही दृश्य रूप काव्य हैं । अतः इस जगद्रूप दृश्य काव्य का व्यञ्जक=आविष्कारक विष्णु ही ब्रह्मविद् नाम से कहा जाता है । क्योंकि जो जिस कार्य का आविष्कारक=बनाने वाला होता है, वह उसका जानने वाला होता ही है, यह न्याय-सिद्ध बात है ।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य से यों स्पष्ट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम ब्रह्मवित् है और उसका यह जगद्रूप दृश्यकाव्य गम्भीरता तथा विचित्रता से पूर्ण है । वह इन सब भुवनों को जो कि उसके अपने ही गर्भ=उदर में स्थित हैं, उनका धारक=धारण करने वाला होने से तत्त्व से जानता है । इस तत्त्व को जानने वाले पुरातन ब्रह्मविद् विद्वान् पुरुष उसकी ब्रह्मविद् नाम से स्तुति करते हैं ।

ब्राह्मणः—६६७

ब्राह्मणं जगत्, तदस्यातीति मत्वर्थीयेऽचि ब्राह्मणो विष्णुः। जगद्धि ब्रह्मणः सङ्कल्पमात्राज्जातत्वादनपत्यमपि जातत्वसामान्येनोपचारादपत्यम्। यदुक्तम्—पुरुषसूक्ते—"ततो विराडजायत विराजो अधि पूरुषः। स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद् भूमिमथो पुरः।" तथा "तस्मादश्वा अजायन्त" "गावो ह जज्ञिरे तस्माद्" इत्यादि यजुः ३१।५, ८॥

अतः "ब्राह्मोऽजातौ" (पा० ६।४।१७१) इति सूत्रेण जातिविशिष्टापत्य-भिन्नार्थे, केवलेऽपत्यभिन्नार्थे च निपात्यमानष्टिलोप इह न भवति, जगत औपचारिकापत्यत्वात्। ब्राह्मणजातिवचनोऽपि ब्राह्मणशब्दः ब्रह्मणो जातत्वात्तस्य मुखरूपत्वाच्च, जातिविशिष्टापत्यत्वान्न टिलोपं लभते, यदुक्तं "ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्" इत्यादि यजुषि ३१।११॥ विराड्=ब्रह्मा, तदधिष्ठानत्वादात्मरूपत्वाच्च जगतः सूर्योऽपि ब्राह्मणः। यदुक्त "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च" (ऋक् १।११५।१) इत्यादि।

इह नाम्नि मन्त्रलिङ्गानि—

"यमृत्विजो बहुधा कल्पयन्तः सचेतसो यज्ञमिमं वहन्ति।
योऽनूचानो ब्राह्मणो युक्त आसीत् कास्वित्तत्र यजमानस्य संवित्॥

ब्राह्मणः—६६७

ब्राह्मण नाम जगत् का है तथा 'वह जिसका है' इस मत्वर्थ में 'अच्' करने से विष्णु का भी ब्राह्मण नाम है।

जगत् की उत्पत्ति, परब्रह्म के सङ्कल्प से हुई है, यद्यपि जगत् उसका अपत्यरूप नहीं है तथापि वह जातत्व—सामान्य धर्म से अपत्य के समान है, जो कि पुरुष सूक्त के "ततो विराडजायत" "तस्मादश्वा अजायन्त" "गावो ह जज्ञिरे तस्माद्" इत्यादि वचन (यजुः ३१।५, ८) इसी अर्थ की पुष्टि करते हैं।

इसलिये "ब्राह्मोऽजातौ" (पा० ६।४।१७१) इस पाणिनीय सूत्र से जाति विशिष्टापत्य से तथा केवल अपत्य से भिन्न अर्थ में निपातित 'टि' का लोप यहां नहीं होता, क्योंकि ब्राह्मण शब्द औपचारिक=गौण अपत्यार्थक है। ब्राह्मण जाति को कहने वाले ब्राह्मण शब्द के ब्रह्म से जात तथा उसके मुख रूप होने से, अत एव जातिविशिष्ट अपत्यवाचक होने से 'टि' का लोप नहीं होता, जैसा कि यजुर्वेद (३१।११) में कहा है—"ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्" इत्यादि। विराट्=ब्रह्मा का नाम है, ब्रह्मा का अधिष्ठान तथा जगत् का आत्मा होने से सूर्य का नाम भी 'ब्राह्मण' है। जैसा कि कहा है—"सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च" (ऋक् १।११५।१) इत्यादि।

इस नाम में ये "यमृत्विजो बहुधा कल्पयन्तः······योऽनूचानो ब्राह्मणो युक्त

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः ।
एकैवोषाः सर्वमिदं वि भात्येकं वा इदं बभूव सर्वम् ।।
ज्योतिष्मन्तं केतुमन्तं त्रिचक्रं सुखं रथं सुषदं भूरिवारम् ।
चित्रामघा यस्ययोगेऽधि जज्ञे तं वा हुवे अति रिक्तं पिबध्यै ।"

ऋक् ८।५८ १, २, ३ ।।

भवतश्चात्रास्माकम्—

अग्निः स एको बहुधा समिद्धः सूर्यः स वा सर्वमिद स एव ।
उषोऽप्यसौ ब्राह्मण एव भाति स केतुमान् चित्ररथस्त्रिचक्रः ।।२३६।।
एवं हि यो वेत्ति पदं सुगुप्तं स ब्राह्मणं वेदपदञ्च विष्णोः ।
विष्णुर्विधाता स पुनश्च धाता ब्रह्माप्यतो ब्राह्मणशब्दवाच्यः ।।२३७।।

ब्रह्मी—६६८

ब्रह्मन् शब्दोव्युत्पादितः । सर्वं सचराचरं विश्वरूपं ब्रह्म अस्य—अस्मिन्नास्तीति ब्रह्मी "व्रीह्यादिभ्यश्च" (पा० ५।२।११६) इति 'इनि'. "नस्तद्धिते" (पा० ६।४।१४४) सूत्रेण टिलोपो दीर्घश्चेन्नन्तलक्षणः ।

भावार्थप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"वैश्वानरस्य सुमतौ स्याम राजा हि कं भुवनानामभिश्रीः ।
इतो जातो विश्वमिदं वि चष्टे वैश्वानरो यतते सूर्येण ।"

ऋक् १।९८।१ ।।

आसीत् ।" एक एवाग्निबहुधा समिद्धः...... ज्योतिष्मन्तं केतुमन्तं त्रिचक्रम् इत्यादि (ऋक् ८।५८।१, २, ३) मन्त्र प्रमाण है ।

भाष्यकार का अपने पद्यों द्वारा संक्षेप से भावार्थ कथन इस प्रकार है—

बहुत प्रकार से दीप्यमान अग्नि, सूर्य, उषा तथा जो भी कुछ हमारे इन्द्रियों का गोचर है, यह सब ब्राह्मण शब्दवाच्य विष्णु रूप है और वही केतुमान्, चित्ररथ नामों से वेद में अभिहित है ।

इस प्रकार का सरहस्य ज्ञान जिस मनुष्य को हो गया है वही ब्राह्मण रूप विष्णु तथा उसके परमपद को जानता है, भगवान् विष्णु ही इस अनादि सान्त सृष्टि का करने वाला तथा पालने वाला है, इसलिये ब्रह्मा का नाम भी ब्राह्मण है ।

ब्रह्मी—६६८

ब्रह्म शब्द की सिद्धि प्रथम व्याख्यान में की जा चुकी है । सब सचराचर विश्वरूप ब्रह्म जिसका है या जिसमें है, उसका नाम ब्रह्मी है । ब्रह्म शब्द से **व्रीह्यादिभ्यश्च"** इस (पा० ५।२।११६) सूत्र से इनि प्रत्यय तथा **"नस्तद्धिते"** (पा० ६।४।१४४) सूत्र से 'टि' का लोप और इन्नन्त लक्षण दीर्घ होने से ब्रह्मी शब्द सिद्ध होता है ।

इस नाम के भावार्थ में यह **"वैश्वानरस्य सुमतौ स्याम राजा हि कं भुवना-**

त्वं हि विश्वतोमुख विश्वतः परिभूरसि ।
अप नः शोशुचदघम् । ऋक् १।९७।६ ॥
ब्रह्मणस्पते, ब्रह्मणस्पतिः । ऋक् १।१८।१, ४ ॥

एवंविधा बहवः प्रयोगा वेदे दृश्यन्ते ।

भवति चात्रास्माकम्—

यो यस्य राजा स्वमदो हि तस्य ब्रह्मास्ति विश्वं सकलञ्च तस्मिन् ।
ब्रह्मीति तस्मात् स हि विष्णुरुक्तः स विश्वतो वा परिभूः पुराणः ॥२३८॥

ब्रह्मज्ञः—६६९

ब्रह्मेति कर्मोपपदात्—"ज्ञा अवबोधने" धातोः "**आतोऽनुपसर्गे कः**" (पा० ३।२।३) इत्यनेन "कः" प्रत्ययः, आतो लोपः । ब्रह्म जानातीति ब्रह्मज्ञः ब्रह्म चात्र चराचरं विश्वमिति पूर्वमुक्तम् ।

भावार्थप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।"

ऋक् १।१५४।२ ॥

यस्मिन् यद् भवति स तद्वेत्ति तस्मात् स ब्रह्मज्ञः । यद्वा—महान्ति विवृद्धानि ब्रह्मपर्यायाणि भुवनानि स जानाति । उक्तञ्च—

नामभिश्रीः (ऋक् १।९८।१) तथा "**त्वं हि विश्वतोमुख विश्वतः परिभूरसि ।**" (ऋक् १।९७।६) मन्त्र प्रमाण हैं । "**ब्रह्मणस्पते, ब्रह्मणस्पतिः ।**" (द्र० ऋक् १।१८।१, ४) इत्यादि प्रकार के बहुत से प्रयोग वेद में आते हैं ।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा यों प्रकट करता है—

विश्व के सब ओर, और विश्व में सर्वत्र विद्यमान अनादि भगवान् विष्णु ही ब्रह्मी है, क्योंकि यह सकल ब्रह्मरूप विश्व उसी में अर्थात् उस ही का है । यह नियम है कि जो कुछ भी जिसके अधिकार में या जिसका अपना होता है वह उसका राजा=अधिपति होता है ।

ब्रह्मज्ञः—६६९

ब्रह्मरूप कर्म के उपपद रहते हुए अवबोधनार्थक ज्ञा धातु से "**आतोऽनुपसर्गे कः**" इस (पा० ३।२।३) सूत्र से 'क' प्रत्यय तथा आकार का लोप होने से ब्रह्मज्ञ शब्द सिद्ध होता है, चराचर विश्व का नाम ब्रह्म है, यह हम प्रथम लिख चुके हैं । इस भावार्थ में—"**यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा**" (ऋक् १।१५४।२) मन्त्र प्रमाण है, क्योंकि जो जिसमें रहता है, वह उस अपने में स्थित वस्तु का जानकार होता है, इसलिये वह ब्रह्मज्ञ है ।

"य उ त्रिधातु पृथिवीमुत द्यामेको दाधार भुवनानि विश्वा।"
ऋक् १।१५४।४ ॥

स कः ?—"महे शूराय विष्णवे चार्चत।" ऋक् १।१५५।१ ॥

तस्मात् स विष्णुर्ब्रह्मज्ञः।

यद्वा—ब्रह्म=वेदस्तं जानातीति ब्रह्मज्ञः। एतदेवाभिप्रेत्यैतदुक्तं वेदमयं काव्यमीति। भूतवर्तमानभविष्यत्कालिकवेदधर्माऽयमतो ब्रह्मज्ञः। स एव च—इति—ह—अस्ति, इति—ह—आस, इति—ह—भविष्यतीत्यादिकं सर्वं वेद, अतएव वक्ष्यति तस्येतिहास इति नाम।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्हि विश्वं परितोऽभ्युपेतो जानातिवृद्धं सकलं स्वकस्थम्।
ब्रह्मज्ञ उक्तः स कविश्च तस्माद् विश्वानि देवो वयुनानि विद्वान् ॥२३६॥

विद्वान् जानातीत्यर्थः। ऋग्यजुषोश्चोक्तम—

"अग्ने नय सुपथा रायेऽस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नमउक्तिं विधेम।"
ऋक् १।१८९।१ ॥ यजुः ४०।१६ ॥

ज्ञा अवबोधने, विद् ज्ञाने, बुध ज्ञाने. इत्यादयः समानार्था धातवः।

यद्वा—वृद्धयर्थक ब्रह्मशब्द के पर्यायभूत अत्यन्त बड़े हुये आकाशादिभूत तथा तदुद्भूत भुवनों को वह जानता है, इसलिये भी वह ब्रह्मज्ञ है। जैसा कि कहा है "**य उ त्रिधातु पृथिवीमुत द्यामेको दाधार भुवनानि विश्वा**" (ऋक् १।१५४।४) इत्यादि। ऐसी वह क्या वस्तु है, इसके उत्तर में यह "**महे शूराय विष्णवे चार्चत**" (ऋक् १।११५।१) वेद वचन है।

यद्वा ब्रह्म नाम वेद का है. उसको जो तत्त्व से जानता है, उसका नाम ब्रह्मज्ञ है, इसी अभिप्राय से वेद को भगवान् का श्रव्य काव्य कहा है।

भूत, वर्तमान तथा भविष्यत् काल विषयक ज्ञाता होने से भी उसका नाम ब्रह्मज्ञ है। यह है, यह था, यह होगा, इस प्रकार का ज्ञान ही त्रैकालिकज्ञान है। इसीलिये भगवान् का 'इतिहास' यह भी एक नाम है।

भाष्यकार का अपने पद्य द्वारा भाव का स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

विश्व में सब ओर से व्यापक भगवान् विष्णु अपने में स्थित इस सकल विश्व को समीचीन रूप से जानता है तथा सकल विषय ज्ञानों का जानकार "आगार" है, इसलिये महापुरुष उसे ब्रह्मज्ञ या कवि नाम से पुकारते हैं=बुलाते हैं।

विद्वान् नाम जानने वाले का है। जैसा कि ऋग्वेद (१।१८९।१) तथा यजुर्वेद (४०।१६) में कहा है।

"अग्ने नय सुपथा रायेऽस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठान्ते नमउक्तिं विधेम॥"

ज्ञा, विद् तथा बुध इत्यादि सब धातुओं का एक समान ही अर्थ है।

ब्राह्मणप्रियः—६७०

ब्राह्मणशब्दो व्युत्पादितः ।

प्रियः—"प्रीञ् तर्पणे कान्तौ च" इति क्रैयादिको धातुस्ततः "इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः" (पा० ३।१।१३५) इत्यनेन कः प्रत्ययः। "अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ" (पा० ६।४।६२) इति सूत्रेण 'इयङ् आदेशः' "ङिच्च" (पा० १।१।५३) इत्यनेनान्त्यस्य। ब्राह्मणानां प्रियः, षष्ठी तत्पुरुषसमासो ब्राह्मणप्रियः ।

"सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात्" (अथर्व १०।८।३७) इत्यत्र ब्राह्मणशब्दो विश्वमात्रस्य पर्यायवचनः, तस्मात् सकलस्य चराचरविश्वस्य तर्पकः प्रकाशकश्च विष्णुरेव ब्राह्मणप्रियशब्देनोक्तो भवति सूर्यश्च ।

यद्वा—"ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्" तथा "मुखादग्निरजायत" (यजुः ३१।११, १२) तस्माद् "आग्नेया ह ब्राह्मणाः" (तै० ब्रा० २।७।३) तेषां प्रकाशकः। तत्र—ब्राह्मणः=सूर्यः, अग्निर्वा, उषा वा, इदं सर्वं वा, तस्य तर्पको ब्राह्मणप्रियः ।

ब्राह्मणप्रियः—६७०

ब्राह्मण शब्द की सिद्धि पहले दिखा चुके हैं ।

प्रिय शब्द—प्रीञ् तर्पणे, इस क्र्यादिगण पठित धातु से "इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः" इस (पा० ३।१।१३५) सूत्र से कर्ता अर्थ में 'क' प्रत्यय "अचि श्नुधातुभ्रुवाम्" (पा० ६।४।६२) इत्यादि सूत्र से इयङ् आदेश "ङिच्च" (पा० १।१।५६) इस परिभाषा सूत्र से अन्त के स्थान में होता है। 'ब्राह्मणों का प्रिय' यह षष्ठीतत्पुरुष समास होता है ।

"सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात्" (अथर्व १०।८।३७) इस मन्त्र में ब्राह्मणशब्द समस्त विश्व का अभिधायक है, इसलिये जो इस सकल विश्व का तर्पक=तृप्त करने वाला तथा प्रकाशक=प्रकाश करने वाला है, उसका नाम ब्राह्मणप्रिय है, विष्णु और सूर्य का नाम है ।

अथवा तेजो रूप अग्नि तत्त्व प्रधान ब्राह्मण उनका तर्पक होने से ब्राह्मणप्रिय है, ब्राह्मणों के अग्नितत्त्व प्राधान्य को बताने वाले ये "मुखादग्निरजायत" "ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्" इत्यादि (यजुः ३१।११, १२) वेद-वचन हैं। सूर्य, अग्नि, उषा अथवा इस सकल विश्व का ही नाम ब्राह्मण है ।

भवति चात्रास्माकम्—

ब्राह्मणस्य प्रियो लोके विष्णुः सूर्यः पुरातनः ।
तं नमन्ति सदार्चन्ति विश्वञ्च स पृणाति वै ।।२४०।।

मन्त्रलिङ्गम्—

"सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यम् । सनिं मेधामयासिषम् ।"
यजुः ३२।१३ ।।

महाक्रमो महाकर्मा महातेजा महोरगः ।
महाक्रतुर्महायज्वा महायज्ञो महाहविः ।।८५।।

६७१ महाक्रमः, ६७२ महाकर्मा, ६७३ महातेजाः, ६७४ महोरगः । ६७५ महाक्रतुः, ६७६ महायज्वा, ६७७ महायज्ञः, ६७७ महाहविः ।।

महाक्रमः—६७१

महतो व्युत्पादनं "वर्तमाने पृषन्महज्जगच्छतृवच्च" (२।८४) इत्युणादौ विहितम् ।

क्रमतेश्च घञि क्रमः, "नोदात्तोपदेशस्य" (पा० ७।३।३४) इति वृद्धिनिषेधः । महान्तः क्रमाः पादविक्षेपा यस्य स महाक्रमः बहुव्रीहिसमासः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

इस भाव को भाष्यकार यों प्रकट करता है—

अनादि तथा समस्त विश्व का आदि बीज भगवान् विष्णु और सूर्य तथा इस विश्व का नाम ब्राह्मण है तथा भगवान् समस्त विश्व का प्रिय होने से ब्राह्मणप्रिय है । उसको समस्त प्राणिवर्ग नमन करता है तथा वह इस समस्त प्राणिवर्ग को तृप्त करता है ।

इसमें—"सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यम् । सनिं मेधामयासिषम् ।" (यजुः ३२।१३) यह वेद-वाक्य प्रमाण है ।

महाक्रमः—६७१

"वर्तमाने पृषन्महज्जगच्छतृवच्च" इस उणादि सूत्र में महत् शब्द की सिद्धि दिखादी गई है । पादविक्षेपणार्थक क्रमु धातु से घञ् प्रत्यय करने से और नोदात्तोपदेशस्येति सूत्र से वृद्धि का निषेध होने से क्रम शब्द सिद्ध होता है । महान्=बहुत बड़ा है, क्रम=पादविन्यास जिसका, उसका नाम है महाक्रम, यह बहुव्रीहि समास है ।

"विष्णुरुरुक्रमः" यजुः ३६।६ ॥
"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।"
ऋक् १।१५४।२ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

न चास्ति किञ्चिद् भुवि वर्तमानं महाक्रमो यन्न वशे करोति ।
त्रिधातुरुक्तः स कविः स सूर्यः स विष्णुरिन्द्रः स महान् स भर्गः ॥२४१॥

महाकर्मा—६७२

महदिति बहुशः साधितम् ।

कर्मेति—"डुकृञ् करणे" इति धातोः "सर्वधातुभ्यो मनिन्" (४।१४५) इति "मनिन्" प्रत्यय औणादिकः, रपरो गुणः । अनिडयं धातुः । महत् कर्म, जगतो रचनं धारणं व्यवस्थापनञ्च यस्येति बहुव्रीहिः समासः । नान्तलक्षणो दीर्घो महाकर्मेति विष्णुः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"विष्णोः कर्माणि पश्यत वतो व्रतानि पस्पशे ।
इन्द्रस्य युज्यः सखा ।" ऋक् १।२२।१६, यजुः ६।२ ॥

इसमें "विष्णुरुरुक्रमः" (यजुः ३६।६), "यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा" (ऋक् १।१५४।२) ये यजुर्वेद तथा ऋग्वेद के मन्त्र प्रमाण हैं ।

इसके भावार्थ को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा यों स्पष्ट करता है—

ऐसी कोई वस्तु पृथिवी में नहीं है जो भगवान् महाक्रम नाम विष्णु के वश में न हो, अर्थात् विश्वान्तर्गत प्रत्येक वस्तु भगवान् की हैं, इसलिये उसके बनाने या बिगाड़ने में भगवान् पूर्ण अधिकारी या समर्थ है, उस सर्वेश्वर भगवान् के ही त्रिधातु, कवि, सूर्य, इन्द्र, महान्, भर्ग, विष्णु इत्यादि अनेक नाम हैं ।

महाकर्मा—६७२

महत् शब्द की सिद्धि बहुत बार की जा चुकी है । कर्म शब्द "डुकृञ् करणे" इस धातु से उणादि मनिन् प्रत्यय तथा रेफपरक गुण करने से सिद्ध होता है । यह धातु अनिट् है, इसलिये इट् नहीं होता । बहुत बड़ा है कर्म जिसका, उसका नाम है महाकर्मा । इस सकल विश्व का बनाना, धारण करना तथा इसकी व्यवस्था करना, यह भगवान् का बड़ा कर्म है । इसमें

"विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे । इन्द्रस्य युज्यः सखा" (ऋक् १।२२।१६, यजुः ६।२) यह मन्त्र प्रमाण है ।

भवति चात्रास्माकम्—

महाकर्मा स एवास्ति विष्णुः सूर्यो जनेश्वरः ।
तं स्तुवन्ति सदा विप्राः प्राप्तुं तत्पदमुत्तमम् ॥२४२॥

महातेजाः—६७३

तेजः—"तिज निशाने" निशानं तीक्ष्णीकरणं चौरादिको धातुस्ततः "**सर्वधातुभ्योऽसुन्**" (४।१८२) इत्यसुन् प्रत्यय औणादिकः, गुणः। महत्तेजो यस्येति बहुव्रीहावसन्तलक्षणो दीर्घः, महातेजा विष्णुः सूर्यो वा। "**गुप्तिज्किद्भ्यः सन्**" (पा० ३।१।५) सूत्रेण संस्तु न भवति, तस्य क्षमायां विधीयमानत्वात्। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यथा सूर्यो नक्षत्राणामुदयंस्तेजांस्याददे ।
एवा स्त्रीणाञ्च पुंसां च द्विषतां वर्च आ ददे ।" अथर्व ७।१३।१ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

तेजोऽग्निरुक्तः स समिद्धतेजाः सूर्यो विभात्येति तमो विलुम्पन् ।
स तेजसां तेज इति प्रतीतः तेजांसि विष्णुर्हरते समेषाम् ॥२४३॥

भाष्यकार के पद्य का अभिमत भावार्थ इस प्रकार है—

सर्वेश्वर भगवान् विष्णु वा तदभिन्न भाव से सूर्य का नाम महाकर्मा है, उसके पद या उस ही को प्राप्त करने के लिये मेधावी पुरुष सदा उसकी स्तुति करते हैं।

यह मन्त्र भी इस नाम में प्रमाण है—

"तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समीहते ।
विष्णोर्यत् परमं पदम् ।" यजुः ३४।४४ ॥

महातेजाः ६७३

तेज शब्द—तीक्ष्णीकरणार्थक, चुरादिगण पठित 'तिज' धातु से उणादि 'असुन्' प्रत्यय और गुण होने से बनता है। यहां क्षमा अर्थ न होने से "**गुप्तिज्किद्भ्यः सन्**" (पा० ३।१।५) सूत्र से सन् प्रत्यय नहीं होता। बड़ा है तेज=पराभिभावक रूप गुण जिसका, इस बहुव्रीहि समास में असन्त लक्षण दीर्घ होने से महातेजाः शब्द सिद्ध होता है।

इस भगवन्नाम की सार्थकता में "**यथा सूर्यो नक्षत्राणामुदयंस्तेजांस्याददे । एवा स्त्रीणाञ्च पुंसां च द्विषतां वर्च आ ददे**" (अथर्व ७।१३।१) यह मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार के पद्य का अभिमत संक्षिप्त भावार्थ इस प्रकार है—

तेज नाम अग्नि तथा अन्धकार को नष्ट करने वाले प्रचण्डतेज सूर्य का है, किन्तु जो इन तेजों का भी तेज है तथा इन सब के तेजों का हरण करता है, इसका नाम महातेजा है, यह विष्णु का नाम है।

महोरगः—६७४

उरग इति—"ऋ गतिप्रापणयोः" इति भौवादिको धातुस्ततः "अर्तेरुच्च" (४।१९५) इत्युणादिसूत्रेण स्वाङ्गे गम्यमाने धातोरुदादेशो रपरोऽसुंश्च प्रत्ययः। अर्यतेऽनेनेत्युरः। उरसा गच्छतीत्यर्थे "उरसो लोपश्च" इति पा० ३।२।४८ सूत्रस्थवार्तिकेन गमेर्डः प्रत्ययष्टिलोपः, उरसः सलोपश्च। महांश्चासावुरगो महोरगः, आद् गुणः। महोरगो विष्णुः सूर्यो वा।

अर्थप्रधानं मन्त्रलिङ्गम्—

"आ देवो यातु सविता सुरत्नोऽन्तरिक्षप्रा[1] वहमानो अश्वैः।
हस्ते दधानो नर्या पुरूणि निवेशयञ्च प्रसुवञ्च भूम।"
ऋक् ७।४५।१॥

१—अन्तरिक्षप्राः=अन्तरिक्षं पूरयति, 'प्रा पूरणे' धातुः।

भवति चात्रास्माकम्—

महोरगो विष्णुरुतापि सूर्य उरोऽन्तरिक्षं स महांश्च तत्र।
गच्छन् रविः स्यात् स महोरगोऽतो विष्णुश्च यस्तन्नियमं विधत्ते॥२४४॥

महोरगः—६७४

उरग शब्द—गत्यर्थक तथा प्रापणार्थक भ्वादिगण पठित 'ऋ' धातु से स्वाङ्ग के द्योत्य होने पर उणादि असुन् प्रत्यय तथा धातु को रेफपरक उत् आदेश होने से 'उरः' पद बनता है, जिससे 'गति या प्राप्ति की जाये उसका नाम उर है' यह वक्षः-स्थल का नाम है। 'उर से जो चले' इस अर्थ में तृतीयान्त उरस् पद के उपपद रहते हुए गम् इस गत्यर्थक धातु से पा० ३।२।४८ सूत्रस्थ वार्तिक से 'ड' प्रत्यय और गम् की टि का लोप और उरस् के 'स' का लोप होने से 'उरग' शब्द सिद्ध होता है। बहुत बड़ा उरग यह कर्मधारय तत्पुरुष समास है।

बड़े अन्तरिक्ष में उर से जो जाता है, उसका नाम महोरग है, यह विष्णु या सूर्य का नाम है। इस नाम के अर्थ की प्रधानता में "आ देवो यातु सविता सुरत्नोऽन्तरिक्षप्रा वहमानो अश्वैः। हस्ते दधानो नर्या पुरूणि निवेशयञ्च प्रसुवञ्च भूम" (ऋक् ७।४५।१) यह मन्त्र प्रमाण है। अन्तरिक्षप्रा शब्द में 'प्रा पूरणे' धातु है।

भाष्यकार द्वारा अपना संक्षिप्त अभिमतार्थ प्रकाशन इस प्रकार है—

महोरग नाम विष्णु तथा सूर्य का है, क्योंकि वह विष्णु बहुत बड़े अन्तरिक्ष में उर से गमन करते हुए महोरग रूप सूर्य का नियमन करता है इसलिये उसका नाम भी महोरग है।

महाक्रतुः—६७५

क्रतुरिति—"कृञः कतुः" (१।७६) इत्युणादिसूत्रेण कतुः प्रत्ययः, गुणाभावः, यण्—ऋतो रेफः। करोतीति क्रतुः, क्रियते वा क्रतुः। यज्ञोऽपि क्रियतेऽतो क्रतुः। महत् कर्म महान्तः क्रतवो यज्ञा वा यस्य स महाक्रतुः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"त्वं सोमक्रतुभिः सुक्रतुर्भूस्त्वं दक्षैः सुदक्षो विश्ववेदाः।
त्वं वृषा वृषत्वेभिर्महित्वा द्युम्नेभिर्द्युम्न्यभवो नृचक्षाः।"

ऋक् १।९१।२॥

इति निदर्शनम्। बहुत्र वेदे क्रतुशब्दप्रयोगः समस्तो व्यस्तश्च, विविधविभक्तिवचनान्तश्च दृश्यते।

भवति चात्रास्माकम्—

महाक्रतुर्विष्णुरनन्तकर्मा सूर्योऽपि वोक्तः क्रतुमान् महान् सः।
विश्वञ्च यः कर्मसु सन्नियुङ्क्ते क्षणं विरामं लभते स्वयं नो॥२४५॥

महायज्वा—६७६

"यज देवपूजादौ" भौवादिको धातुस्ततः "सुयजोर्ङ्वनिप्" (पा० ३।२।१०३) सूत्रेण भूते ङ्वनिप् प्रत्यय इडभावः। कर्मधारयसमासः, नान्तोपधलक्षणो दीर्घः। महान्तं यज्ञं कृतवानिति महायज्वा। तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

महाक्रतुः—६७५

क्रतु शब्द—'डुकृञ् करणे' धातु से उणादि (१।७८) कतु प्रत्यय गुण का निषेध तथा ऋकार को यण् रेफ करने से सिद्ध होता है। करने वाले वा किये जाने वाले का नाम क्रतु है। यहां कर्मवाच्य के अनुसार क्रतु नाम यज्ञादि कर्मों का है।

जिसके बहुत बड़े क्रतु=यज्ञादि कर्म हैं उसका नाम महाक्रतु है। इसमें "त्वं सोम क्रतुभिः सुक्रतुर्भूस्त्वं दक्षैः सुदक्षो विश्ववेदाः। त्वं वृषा वृषत्वेभिर्महित्वा द्युम्नेभिर्द्युम्न्यभवो नृचक्षाः" (ऋक् १।९१।२) यह मन्त्र प्रमाण है।

वेद में क्रतु शब्द कहीं समस्त तथा कहीं व्यस्त और विविध प्रकार की विभक्ति वचन भेद से बहुधा प्रयुक्त हुआ है।

भाष्यकार का संक्षिप्तार्थ पद्य द्वारा—

अनन्तकर्मा भगवान् विष्णु तथा निरन्तर गतिरूप और प्रकाशदानरूप, बड़े कर्म वाला होने से महाक्रतु है। क्योंकि भगवान् इस सकल विश्व के प्राणियों को कर्म में नियुक्त करता हुआ एक क्षण भी विश्राम नहीं करता।

महायज्वा—६७६

देवपूजा, सङ्गतिकरण तथा दानार्थक 'यज' धातु से "सुयजोर्ङ्वनिप्" (पा० ३।२।१०३) सूत्र से ङ्वनिप् प्रत्यय, इट् का अभाव, प्रातिपदिक संज्ञा, सु विभक्ति, नान्तोपधलक्षण दीर्घ तथा सु का लोप होने से यज्वा शब्द सिद्ध होता है।

"यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि ।" इत्यादि यजुः ३१।१६ ॥

अन्यच्च –

"वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः ।" यजुः ३१।१४ ॥

अन्यच्च मन्त्रलिङ्गम् —

"आ होता मन्द्रो विदथान्यस्थात् सत्यो यज्वा कवितमः स वेधाः ।
विद्युद्रथः सहसस्पुत्रो अग्निः शोचिष्केशः पृथिव्यां पाजो अश्रेत् ।"
ऋक् ३।१४।१ ॥

मनुष्या महतो यज्ञान् विदधतीति तेष्वपि भगवतो महायज्वनो विष्णोर्महायज्वत्वरूपो गुणोऽनुस्यत इति ।

भवति चात्रास्माकम् —

यज्वा महान विष्णुरुतापि सूर्यो होता स एवास्ति कविः स वेधाः ।
विद्युद्रथोऽसौ सहसश्च पुत्रः स्तुतोऽस्ति वेदे स हि सर्वगतः ॥२४६॥

महायज्ञः—६७७

यज्ञ इति—यजतेः "यजयाचविच्छप्रच्छरक्षो नङ्" (पा० ३।३।९०) इति सूत्रेण कर्तृभिन्ने भावादौ नङ् प्रत्ययः । यजनं यज्ञः, इज्यते इति वा यज्ञः । महान् यज्ञो यस्येति बहुव्रीहिः । महद् यजनं यस्य, महद्भिरिज्यत इति वा ।

महत् शब्द के साथ यज्वन् शब्द का कर्मधारय तत्पुरुष समास होने से महायज्वा शब्द बनता है । बहुत बड़े यज्ञों के करने वाले का नाम महायज्वा है । जैसा कि "**यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि०**" (यजुः ३१।१६) तथा "**वसन्तोऽस्यासीदाज्यं-ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः**" (यजुः ३१।१४) इत्यादि श्रुति से सिद्ध है । इसमें "**आ होता मन्द्रो विदथान्यस्थात् सत्यो यज्वा कवितमः स वेधाः ।**" (ऋक् ३।१४।१) इत्यादि मन्त्र भी प्रमाण है । मनुष्य भी जो बड़े-बड़े यज्ञ करते हैं उन सब में भगवान् महायज्वा विष्णु का ही महायज्वत्व रूप गुण व्याप्त है ।

भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस भाव को यों प्रकट करता है--

भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का नाम महायज्वा है, क्योंकि उनका विश्वसर्जन रूप तथा विश्वधारण रूप महायज्ञ किया हुआ है, भगवान् विष्णु की ही वेद में विद्युद्रथ, सहस्पुत्र, होता, कवि तथा वेधा नाम से स्तुति की गई है तथा वह सर्वगत है ।

महायज्ञः — ६७७

यज्ञ शब्द देवपूजाद्यर्थक 'यज' धातु से कर्तृभिन्नकारक तथा भाव में नङ् प्रत्यय करने से बनता है । जिसका यजन किया जाये उसका नाम यज्ञ है । जिसका महत्=बड़ा यज्ञ हो अथवा जिसका महा=बड़े ज्ञानी पुरुषों से यजन किया जाये, उसका नाम महायज्ञ है ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन ।
स धीनां योगमिन्वति ।" ऋक् १।१८।७ ॥

स घा वीरः, सोम इन्द्र, सदसस्पतिमद्भुतम्, रेवान् यो अमीवहा वसुवित्पुष्टिवर्धनः (द्र० ऋक् १।१८ सूक्त) इत्यादिषूक्तो विष्णुः सूर्यो वा । कस्तस्माद्विष्णोः सूर्याद् ऋत एवंविधो भवितुमर्हति ? न कोऽपि, अतो महायज्ञो विष्णुः ।

भवति चात्रास्माकम्—

महानसौ येन विना न सिध्येद् यज्ञः स विष्णुः सदसस्पतिः सः ।
स एव सोमो वसुवित् स रेवान् स वाद्भुतस्तञ्च नमन्ति देवाः ॥२४७॥

महाहविः—६७८

हविः—"हु दानादानयो." इति जौहोत्यादिको धातुस्ततः "अर्चिशुचिहुसृपिच्छदिर्छदिभ्यः इसिः" (२।१०८) इत्युणादिसूत्रेण "इसिः" प्रत्ययः, गुणोऽवादेशो हविः । हूयते अनेन, हूयत इति वा हविः । जुहोतीति वा हविर्विष्णुः सर्वं प्रीणयतीति । सतां वा दानविषयः=आश्रयणीयः । महद्धविरिति ।

इस भाव को "यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन । स धीनां योगमिन्वति" (ऋक् १।१८।७) तथा "स घा वीरः, सोम इन्द्र, सदसस्पतिमद्भुतम्, रेवान् यो अमीवहा वसुवित्पुष्टिवर्धनः" (ऋक् १।१८ सूक्तस्थ) इत्यादि मन्त्र पुष्ट करते हैं तथा यह विष्णु या सूर्य का नाम है, क्योंकि विष्णु या सूर्य से अतिरिक्त किसी दूसरे का ऐसा होना असम्भव है, इसलिये महायज्ञ नाम विष्णु का है ।

भाष्यकार का पद्यगत संक्षिप्त भावार्थ इस प्रकार है—

यह जगन्निर्माण तथा जगद्धारण रूप यज्ञ जिसके बिना सिद्ध होना असम्भव है, वह विष्णु सदसस्पति, सोम, वसुवित्, रेवान् तथा अद्भुत आदि नामों से देवों की स्तुति का विषय होता है ।

महाहविः—६७८

हवि शब्द—जुहोत्यादिगण पठित 'हु' धातु से उणादि इसि प्रत्यय, गुण तथा अव् आदेश करने से सिद्ध होता है ।

हु धातु का अर्थ मन्त्रोच्चारणपूर्वक हवनीय द्रव्य का अग्नि में प्रक्षेप है । इसलिये हवि शब्द का 'जो हवन करता है, जिसका हवन किया जाता है, जिसके उद्देश्य से हवन

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"य इमा विश्वा भुवनानि जुह्वदृषिर्होता न्यसीदत् पिता नः।
स आशिषा द्रविणमिच्छमानः प्रथमच्छदवराँ आविवेश।"

ऋक् १०।८१।१॥

इमानि विश्वानि भुवनानि हविः-स्थानीयानि यस्येति स महाहविर्विष्णुरुच्यते।

भवति चात्रास्माकम्—

महाहविर्विष्णुरुतापि सूर्यो विश्वानि यो वा भुवनानि जुह्वद्।
ऋषिः स होता हविषा पिता नः स एव [1]विश्वा भुवनानि वेद ॥२४८॥

१—विश्वा=विश्वानीति।



स्तव्यः स्तवप्रियः स्तोत्रं स्तुतिः स्तोता रणप्रियः।
पूर्णः पूरयिता पुण्यः पुण्यकीर्तिरनामयः ॥८६॥

६७९ स्तव्यः, ६८० स्तवप्रियः, ६८१ स्तोत्रम्, ६८२ स्तुतिः, ६८३ स्तोता, ६८४ रणप्रियः। ६८५ पूर्णः, ६८६ पूरयिता, ६८७ पुण्यः, ६८८ पुण्यकीर्ति, ६८९ अनामयः॥

स्तव्यः—६७९

"ष्टुञ् स्तुतौ" इत्यादादिको धातुस्ततोऽकर्तरि कारकाधिकारे "ऋदोरप्" (पा० ३।३।५७) इति सूत्रेण भावे अप् प्रत्ययः, गुणोऽवादेशः, स्तवः।

किया जाता है, जिसमें वा जिससे हवन किया जाय' इस प्रकार का अर्थ होता है। महत शब्द के साथ हवि शब्द का कर्मधारय तत्पुरुष समास करने से महाहवि शब्द बन जाता है।

इसमें "य इमा विश्वा भुवनानि जुह्वदृषिर्होता न्यषीदत् पिता नः" (ऋक् १०।८१।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

ये विश्वान्तर्गत सब भुवन जिसके हविरूप हैं, उस परमेश्वर का नाम महाहवि है।

भाष्यकार का अपने पद्य द्वारा संक्षिप्त भावार्थ इस प्रकार है—

सर्वेश्वर विष्णु अथवा सूर्य का नाम महाहवि है, क्योंकि वह इन समस्त भुवनों का सङ्कल्परूप अग्नि में हवन करता है क्योंकि भगवत्सङ्कल्प से सबका प्रादुर्भाव अथवा लय होता है, वह हम सबका पिता, ऋषि तथा हवि से हवन कर्ता बनता है और वही इन सब भुवनों को तत्त्व से जानता है।

स्तव्यः—६७९

स्तुत्यर्थक अदादिगण पठित 'ष्टुञ्' धातु से कर्तृभिन्न कारक के अधिकार में भाव में "अप्" प्रत्यय गुण और अवादेश होने से स्तव शब्द सिद्ध होता है। स्तव=स्तुति के जो

तमर्हतीति स्तव्यः अर्हार्थे यत्, "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) इत्यवर्णलोपः, स्तव्यः स्तोतुमर्हं इत्यर्थः। बृहद्—रथन्तर—वामदेव्यादिकरणकस्तुतिविषयः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"महः सु वो अरमिषे स्तवामहे मीढुषे अरङ्गमाय जग्मये।
यज्ञेभिर्गीर्भिर्विश्वमनुषां मरुतामियक्षसि गाये त्वा नमसा गिरा।"
ऋक् ८।४६।१७॥

"सुते सोमे स्तुमसि शंसदुक्थेन्द्राय ब्रह्म वर्धनं यथासत्।"
ऋक् ६।२३।५॥

"स्तविष्यामि त्वामहं विश्वस्यामृत भोजन।
अग्ने त्रातारममृतं मियेध्य यजिष्ठं हव्यवाहन।" ऋक् १।४४।५॥

"उतो न एभिः स्तवथैरिह स्याः।" ऋक् ७।१।८॥

"त्वं नो अग्ने अङ्गिरः स्तुतः स्तवान आ भर।
होतर्विभ्वासहं रयिं स्तोतृभ्यः स्तवसे च न उतैधि पृत्सु नो वृधे।"
ऋक् ५।१०।७॥

"सो चिन्नु सख्या नर्य इनः स्तुतः।" ऋक् १०।५०।२॥

भवतश्चात्रास्माकम्—

स्तव्योऽस्ति को विष्णुरुतापि सूर्यो यतोऽमृतोऽसौ सकलस्य कर्म।
पश्यन् स्मरन् भूतपतिश्चरिष्णुर्वाञ्छन् नियच्छन् भुवनानि [1]वेत्ति॥२४६॥

१—वेत्ति=जानातीत्यर्थः।

योग्य हो, उसे कहते हैं स्तव्य अर्थात् स्तुति करने लायक। स्तव शब्द से अर्हार्थ में तद्धित 'यत्' प्रत्यय तथा "यस्येति च" (पा० ६।४।१४८) सूत्र से अकार का लोप होने से स्तव्य शब्द सिद्ध होता है। स्तव्य अर्थात् बृहत्—रथन्तर—वामदेव्य आदि सामवेद की स्तुति का विषय। इसमें—"महः सु वो अरमिषे स्तवामहे" (ऋक् ८।४८।७), "सुते सोमे स्तुमसि" (ऋक् ६।२३।५), "स्तविष्यामि त्वामहं विश्वस्यामृतभोजन" (ऋक् १।४४।५), "उतो न एभिस्तवथैरिह स्याः" (ऋक् ७।१।८), "त्वं नो अग्ने अङ्गिरः स्तुतः स्तवान आभर। होतर्विभ्वा सहं रयिं स्तोतृभ्यः स्तवसे च न उतैधि पृत्सु नो वृधे" (ऋक् ५।१०।७), "सो चिन्नु सख्या नर्य इनः स्तुतः" (ऋक् १०।५०।२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार अपने अभिप्रेत अर्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

स्तव्य कौन है? इस प्रश्न का उत्तर यह है कि भगवान् विष्णु या तदभिन्न केवल नाम से भिन्न सूर्य ही स्तव्य है क्योंकि वह अमृत=अविनाशी, भूतपति तथा सर्वत्र गंत है, और वही सब के कर्मों को देखता हुआ स्मरण करता हुआ तथा सब भुवनों को यथार्थ भाव से जानता हुआ सबके अभीष्ट फलों का सम्पादन करता है।

त्यक्त्वाऽमरं यो मनुजो महेशं नरो नरं स्तौति सहस्रभावैः ।
नष्टः स्वयं स्तोत्रमथापि नश्यन् वियुज्यते [1]चार्थ्यतमैश्च [2]लिप्स्यैः ।।२५०।।

१—अर्थ्यतमैः=अत्यन्तं याचितुमर्हैः । २—लिप्स्यैः=वाञ्छ्यैः ।

भावार्थः—नहि मरणधर्मामनुष्योऽमरत्वं साधमितुं प्रभवति ।

स्तवप्रियः—६८०

स्तवः प्रदर्शितसिद्धिः ।

प्रियः—प्रीञ् तर्पणे कान्तौ चेति क्रैयादिकाद् धातोः के प्रत्यय इयङि च सिद्धः ।

प्रियाः स्तवाः स्तुतयो यस्य स स्तवप्रियो विष्णुः । स्तोतॄणां स्तोत्रैः, प्रीतः, प्रीणयति स्तोतॄनिति भावः ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"आ नः कामं पूपुरन्तु स्तवानाः ।" ऋक् ७।६२।३ ।।

"आ वो वाहिष्ठो वहतु स्तवध्यै ।" ऋक् ७।३७।१ ।।

"आ नो राधांसि सवितः स्तवध्या आ रायो यन्तु पर्वतस्य रातौ ।
सदा नो दिव्यः पायुः सिषक्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ।"
ऋक् ७।३७।८ ।। इति निदर्शनम् ।

जो मनुष्य उस अविनाशी महेश को छोड़कर नाना प्रकार के भावों से किसी मनुष्य की स्तुति करता है, उसका वह स्तोत्र निष्फल होता हुआ उस मनुष्य को उसके अभीष्ट फलों से वियुक्त कर देता है ।

भावार्थ यह है कि मरणधर्मा मनुष्य अमृतत्व सिद्ध करने में निष्फल हो जाता है ।

स्तवप्रियः—६८०

स्तव शब्द की सिद्धि दिखादी गई है ।

प्रिय शब्द—तर्पण तथा कान्त्यर्थक क्र्यादिगण पठित 'प्रीञ्' धातु से कर्ता अर्थ में 'क' प्रत्यय करने से सिद्ध होता है । जिसको स्तव=स्तुतियां प्रिय "प्यारी" लगती हैं, उसका नाम स्तवप्रिय है अर्थात् जो स्तोताओं की स्तुतियों से प्रसन्न होकर स्तोताओं को तृप्त=सन्तुष्ट करे, उसका नाम स्तवप्रिय है । इसमें **"आ नः कामं पूपुरन्तु स्तवानाः"** (ऋक् ७।६२।३), **"आ वो वाहिष्ठो वहतु स्तवध्यै"** (ऋक् ७।३७।१) तथा **"आ नो राधांसि सवितः स्तवध्या"** (ऋक् ७।३७।८) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

भवतश्चात्रास्माकम्—

स्तवप्रियो विष्णुरिहास्ति लोके सूर्यस्तथान्ये च खगाः समस्ताः ।
स्तुतिं स्वकीयामभितो भवन्तीं श्रुत्वा च विस्वा परितः कनन्ति ॥२५१॥

लोकेऽपि यः स्तोत्रशतैः प्रक्लृप्तैर्नरो नरं स्तौति शताभिधानैः ।
स्तुत्यः स्तवैः शुद्धतरात्मभावः प्रीणाति तञ्चार्थ्यतमप्रदानैः ॥२५२॥

दृश्यते च लोकेऽपि—सर्वः प्राणिवर्गः स्वकीयया स्तुत्या प्रसन्नः स्वस्तोतारं प्रीणाति । एवं स्तवप्रियत्वरूपेण गुणेन लोकं व्यश्नुवानो विष्णुः स्तवप्रियः इति नाम भजते ।

स्तोत्रम्–६८१

"ष्टुञ् स्तुतौ" इति भौवादिको धातुस्ततो "दाम्नीशसयुयुजस्तुतुदसिसिचमिहपतदशनहः करणे" (पा० ३।२।१८२) सूत्रेण करणे ष्ट्रन् प्रत्ययः स्तूयतेऽनेनेति स्तोत्रं वेदः । वेदस्य प्रधानविषयत्वा ब्रह्मापि स्तोत्रम् । यदुक्तं—"वदन्तीर्यत्र गच्छन्ति तदाहुर्ब्राह्मणं महत् ।" अथर्व १०।८।३३ ॥

भाष्यकार का पद्य के रूप में संक्षिप्त अभिमतार्थ इस प्रकार है—

इस विश्व में भगवान् विष्णु, तदभिन्नरूप सूर्य तथा अन्य सब ग्रह दूसरों के द्वारा की हुई अपनी स्तुति=गुणवर्णन को सुनकर और उसे सत्यरूप से समझ कर, प्रसन्नता से दीप्त=प्रकाशमान=विकसित हो जाते हैं ।

इस लोक में भी प्रत्यक्ष देखने में आता है कि जो मनुष्य स्वकल्पित स्तोत्रों से, नाना प्रकार से किसी की स्तुति करता है तो वह स्तूयमान अपने स्तोता को उसके ईप्सित अर्थ के दान से तृप्त करता है ।

लोक में भी देखा जाता है—सभी प्राणिवर्ग दूसरे से की हुई अपनी स्तुति से प्रसन्न होकर अपनी स्तुति करने वाले को उसकी इच्छा की पूर्ति करके प्रसन्न करता है । इस प्रकार से स्तवप्रिय विष्णु का स्तवप्रियत्व गुण जगत् में सर्वत्र व्याप्त है ।

स्तोत्रम्—६८१

स्तुत्यर्थक भ्वादिगण पठित ष्टुञ् धातु से "दाम्नीशसयुयुजस्तु०" इत्यादि (पा० ३।२।१८२) सूत्र से करण अर्थ में ष्ट्रन् प्रत्यय करने से स्तोत्र शब्द सिद्ध होता है । स्तोत्र नाम वेद का है तथा वेद का प्रधान स्तोतव्य विषय होने से ब्रह्म का नाम भी स्तोत्र है । जैसा कि वेद का वचन है । "वदन्तीर्यत्र गच्छन्ति तदाहुर्ब्राह्मणं महत्" (अथर्व १०।८।३३) ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"महि स्तोत्रमव आगन्म सूरोरस्माकं सु मघवन् बोधि गोपाः।"
ऋक् ३।३१।१४॥

भवति चात्रास्माकम्—

स्तोत्रं स्वयं [1]ब्रह्मविवर्धनोऽसौ स्तोत्रस्वरूपेण [2]जरितृकोशे।
प्रतिष्ठितः सन् जरितुश्च [3]वाचः समर्धयत्येव च [4]तन्निशम्य ॥२५३॥

१—ब्रह्मविवर्धनः=विष्णुः। २—जरितृकोशे=स्तोतुर्हृदये। ३—वाचः =द्वितीया-बहुवचनम्। ४—निशम्य=श्रुत्वा। "श्रुधी हवम्" (ऋक् १।२।१) इति मन्त्रलिङ्गम्।

स्तुतिः—६८२

"ष्टुञ् स्तुतौ" इति भौवादिको धातुस्ततः स्त्रियां करणे क्तिन् प्रत्ययः, कित्त्वाद् गुणाभावः। नित्त्वमाद्युदात्तार्थम्। कृदन्तत्वात् प्रातिपदिकसंज्ञा, ततः सौ स्तुतिः-औपाधिकी चिच्छक्तिः। यद्वा स्तूयते या सेति कर्मणि क्तिन्, परमेश-रूपा चिच्छक्तिः। तयोश्चोपाधिनिर्मुक्तयोरैक्यात् स्तुतिर्विष्णुः। क्वचित् पुंल्लिङ्गता क्वचित स्त्रीलिङ्गता तथा क्वचित् क्लीबतेत्यनियतलिङ्गतायाः प्रदर्शनं भगवति लिङ्गाभावज्ञापनार्थम्।

इसमें यह "महि स्तोत्रमव आगन्म सूरोरस्माकं सु मघवन् बोधि गोपाः" (ऋक् ३।३१।१४) मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार का पद्य द्वारा संक्षेप से सारांश इस प्रकार है—

ब्रह्म विवर्धन भगवान् विष्णु स्वयं स्तोत्ररूप है और वह स्तोता के हृदय में स्वयं स्तोत्र रूप से स्थित होकर तथा स्तोता की स्तुति को सुनकर उसकी वाणी वा स्तुति को समृद्ध=बलवती बनाता है। "श्रुधी हवम्" (ऋक् ३।३१।१४) यह श्रुति वचन इसमें प्रमाण है।

स्तुतिः—६८२

अदादिगण पठित 'ष्टुञ् स्तुतौ' धातु से करण अर्थ में क्तिन् प्रत्यय, कित् होने से गुण का निषेध, कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा सु विभक्ति तथा उसको विसर्ग होने से 'स्तुतिः' शब्द सिद्ध होता है। यह उस अन्तःकरणोपाधिक चिच्छक्ति का नाम है, जिससे स्तुति की जाये। अथवा जिसकी स्तुति की जाये, इस अर्थ के अभिप्राय से कर्म में क्तिन् प्रत्यय करने से स्तुति नाम परमेशरूप चिच्छक्ति का है। उन दोनों के उपाधि से निर्मुक्त होने पर एक होने से स्तुति नाम भगवान् विष्णु का है। विष्णु के नामों में कहीं पुंल्लिङ्गत्व कहीं स्त्रीलिङ्गत्व तथा क्लीबत्व दिखाने का अभिप्राय ब्रह्म को लिङ्ग से निर्मुक्त बताना है।

केषाञ्चिन्मते स्तुत इति नाम। तत्र कर्मणि क्तः, स्तूयते यः स स्तुतोः विष्णुः सूर्यो वा। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"सं च त्वे जग्मुर्गिर इन्द्र पूर्व्वीर्वि च त्वद् यन्ति विभ्वो मनीषाः।
पुरा नूनञ्च स्तुतय ऋषीणां पस्पृध्र इन्द्रे अध्युक्थार्काः।" ऋक् ६।३४।१ ॥
"अस्य स्तुतिं जरितुर्भिक्षमाणाः।" ऋक् १०।३१।५ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स्तुतिर्हि विष्णुः स हि वास्ति सूर्यो मर्त्यः स्वकार्यस्य वशं प्रपन्नः।
स्तुतिं प्रयुङ्क्ते हृदि तं बिभर्ति तमेव वाचा बहुशो ब्रवीति ॥२५४॥

स्तोता—६८३

"ष्टुञ् स्तुतौ" इति धातुस्ततस्ताच्छीलिकस्तृन् प्रत्ययः। गुणोऽनङ्, दीर्घादि—स्तोतेति। स्तोतृमुखेन स्वयमेव स्वस्य स्तावकः स्तोता विष्णुः। लोकेऽपि च दृश्यते—किञ्चित् कस्मैचिद्दित्सुर्मनुष्यस्तमात्मानं स्तावयति, पश्चाच्च दत्ते। क्रमो ह्येष स्वाभाविको मनुष्यस्य। एवं विश्वं व्याप्य स्थितः स्तोतृत्वरूपो गुणो विष्णुरूप एव। मन्त्रलिङ्गञ्च—

किसी के मत में स्तुति के स्थान में 'स्तुत' यह नाम है, इसमें कर्म अर्थ में क्त प्रत्यय करने से 'जिसकी स्तुति की जाती है' उसका नाम स्तुत है। यह विष्णु या सूर्य का नाम है।

इसमें "सं च त्वे जग्मुर्गिर इन्द्र पूर्व्वीर्वि च त्वद् यन्ति विभ्वो मनीषाः। पुरा नूनञ्च स्तुतय ऋषीणां पस्पृध्र इन्द्रे अध्युक्थार्काः।" (ऋक् ६।३४।१) तथा "अस्य स्तुतिं जरितुर्भिक्षमाणाः" (ऋक् १०।३१।५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार इस अर्थ को संक्षेप से इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का नाम स्तुति है, क्योंकि प्रत्येक मनुष्य अपने कार्य सिद्धि की इच्छा से उसकी स्तुति तथा उसे हृदय में धारण करता है अर्थात् विविध प्रकार से उसका कीर्तन करता हुआ ध्यान करता है।

स्तोता—६८३

स्तुत्यर्थक 'ष्टुञ्' धातु से ताच्छील्य विशिष्ट कर्ता अर्थ में 'तृन्' कृत् प्रत्यय, गुण, अनङ् तथा दीर्घादि होने से स्तोता शब्द सिद्ध होता है।

चिति-शक्ति के सर्वत्र व्यापक तथा एक होने से स्तोता रूप से स्वयं अपनी स्तुति करने वाला अर्थात् जो स्वयं स्तोता तथा स्तोतव्य रूप है उस भगवान् विष्णु का नाम स्तोता है।

लोक में प्रत्यक्ष देखने में आता है कि किसी दूसरे के द्वारा स्तुत मनुष्य ही स्तोता को उसकी ईप्सित वस्तु देता है, यह मनुष्य का सहज स्वभाव है। इस प्रकार विश्व में व्यापक स्तोतृत्व तथा स्तोतव्यत्व रूप गुण स्वयं विष्णु ही है।

"यद् यूय पृश्निमातरो मर्त्तासः स्यातन ।
स्तोता वो अमृतः स्यात् ।" ऋक् १।३८।४ ॥

"ईशिषे वार्यस्य हि दात्रस्याग्ने स्वर्पतिः ।
स्तोता स्यां तव शर्मणि ।" ऋक् ८।४४।१८ ॥

वेदे विविधविभक्तिवचनान्तोऽयं स्तोतृशब्दः प्रयुज्यते । स्तौतीति कर्तरि तृज्वा स्तोता । वेदेषु त्वन्तोदात्तस्तृजन्त एव प्रयुज्यते ।

भवति चात्रास्माकम्—

स्तोता स विष्णुर्ह्यथवाऽपि सूर्यः स्तोतुर्हि हृद्देशगतः स्वयं सः ।
अर्थप्रदित्सुः प्रणुदन् प्रवक्तु' प्रसादमन्वेति वचांसि चोप्य ॥२५५॥

रणप्रियः—६८४

"रण गतौ, रण शब्दार्थः" इति वा भौवादिको धातुस्ततः पचाद्यच् प्रत्ययः कर्तरि, रणति=गच्छति, शब्दायते चेति रणः ।

प्रिय-शब्दः प्रीणातेर्व्युत्पादितः । रणन्=गच्छन्, शब्दायमानश्च प्रीणा-

---

इस नामार्थ में "यद् यूयं पृश्निमातरो मर्त्तासः स्यातन । स्तोता वो अमृतः स्यात् ।" (ऋक् १।३८।४) तथा "ईशिषे वार्यस्य हि दात्रस्याग्ने स्वर्पतिः । स्तोता स्यां तव शर्मणि ।" (ऋक् ८।४४।१८) ये मन्त्र प्रमाण हैं ।

वेद में लिङ्ग, विभक्ति, वचन से भेद स्तोता शब्द का बहुत प्रयोग है ।

अथवा कर्ता अर्थ में तृच् प्रत्यय करने से भी स्तोता शब्द बनता है । वेद में अन्तोदात्त तृजन्त स्तोतृ शब्द का ही प्रयोग मिलता है ।

भाष्यकार का अभिमतार्थ संक्षेप से इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु अथवा तदभिन्न सूर्य का नाम स्तोता है । स्वयं भगवान् स्तोता के हृदय में विराजमान होकर उसको अपनी स्तुति के लिये प्रयुक्त करता हुआ, उसके स्तुति वचनों को सुनकर प्रसन्न होता है तथा स्तोता के अभीष्ट अर्थ को सिद्ध करता है ।

रणप्रियः—६८४

गत्यर्थक अथवा शब्दार्थक भ्वादिगण पठित 'रण' धातु से कर्ता अर्थ में पचादि से अच् प्रत्यय करने से रण शब्द सिद्ध होता है, जो जाता है और शब्द करता है, उसका नाम रण है ।

प्रिय शब्द 'प्रीञ् तर्पणे कान्तौ च' इस क्र्यादिगण पठित धातु से सिद्ध किया जा चुका है । जो चलता तथा शब्द करता हुआ तृप्त हो उसका नाम रणप्रिय है । जिसमें

तीत्यर्थः। यत्र हि गतिस्तत्र शब्दः। अतः सर्वत्र गतोऽसौ शब्दायमानः प्रीणातीति कर्तृवाच्यगम्योऽर्थः।

यद्वा—रणनं रणः गतिः शब्दो वा। रणन्ति वा यत्रेति रणः। द्वन्द्वरूपेण वर्तमानो विविधभावरूपः सर्गयज्ञः सर्गसंग्रामयज्ञो वा।

तत्रोभयथाऽपि रणधातुतः अकर्तरि कारकाधिकारे "वशिरण्योरुपसंख्यानम्" इति पा० ३।३।५८ सूत्रस्थवार्तिकेन भावेऽधिकरणे वा 'अप्' प्रत्ययः। गतिरत्र द्वन्द्वभावेन विविधभावताऽभिप्रेता, तथा शब्दोऽपि सत्यां सृष्टौ प्रवर्तते, सर्गरूपयज्ञे, सर्गरूपसंग्रामे वा। वस्तुत इदं विश्वमेव संग्रामो यज्ञो वा। इहैव विविधभावरूपाया गतेः शब्दस्य च प्रादुर्भावः, गतिशब्दयोः साहचर्यात्। एष एव सर्गरूपः संग्रामः विविधभावरूपो यज्ञो वा भगवतः प्रिय इति बहुव्रीहिसमासगम्योऽर्थः।

यद्वा—रण्यते=गम्यते, शब्द्यते च यत्रेति रण आकाशो द्यौर्वा। तत्र प्रीणाति=कान्तिं=प्रकाशं ददातीति रणप्रियः सूर्यः।

रणः संग्रामोऽप्येतस्मादेव, तत्र प्रीणाति=हृष्यतीति रणप्रियो वीरः =योद्धा।

गति होगी, उसमें शब्द अवश्य होगा, ऐसा नियम है। इसलिये वह भगवान् सर्वत्र गतिशील शब्द करता हुआ तृप्त होता है। यह कर्तृवाच्य में अर्थ हुआ।

अथवा रण धातु से भाव वा अधिकरण अर्थ में "अप्" प्रत्यय करने से रण शब्द सिद्ध होता है जिसका अर्थ हुआ शब्द अथ वा गति।

अथवा जहां गमन करते हुए शब्द करते हैं उसका नाम रण है। यह परस्पर विरोधी भावापन्न तथा नानारूप सृष्टिरूप यज्ञ अथवा सृष्टिरूप संग्राम का नाम है। यहां भाव या अधिकरण अर्थ में अप् प्रत्यय हुआ है। यहां परस्पर विरोधी भावों से जो वैविध्य है, उसी का नाम गति है। सृष्टि में ही शब्द की प्रवृत्ति होती है। वस्तुतस्तु यह संसार यज्ञरूप या संग्रामरूप है, क्योंकि वैविध्य लक्षण गति तथा शब्द का सृष्टि में ही प्रादुर्भाव होता है। जहां गति होगी वहां शब्द अवश्य होगा, यह नियम है। यह यज्ञरूप वा संग्रामरूप विश्व भगवान् को प्रिय है, अतः वह रणप्रिय है।

अथवा जिसमें गमन अथवा शब्द होता है, उसका नाम रण है। यह आकाश या द्युलोक का नाम है। वहां जो प्रकाश देता है उसका नाम रणप्रिय है, वह सूर्य है।

संग्राम का नाम भी रण इसी कारण से है, क्योंकि वहां वीर पुरुष शब्द करते हुए जाते तथा प्रसन्न होते हैं।

तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"कस्य वृषा सुते सचा नियुत्वान् वृषभो रणत् ।
वृत्रहा सोमपीतये ।" ऋक् ८।६३।२० ॥
"सजूर्विश्वेभिर्देवेभिरश्विभ्यामुषसा सजूः ।
आ याह्यग्ने अत्रिवत् सुते रणः ।" ऋक् ५।५१।८ ॥ तथा
"पवस्व गोजिदश्वजिद् विश्वजित् सोम रण्यजित् ।
प्रजावद्रत्नमा भर ।" ऋक् ९।५९।१ ॥

सोमः, कविः, इन्द्रः, एते गुणप्रत्यायकाः पर्यायाश्चतुर्मन्त्रात्मकेऽस्मिन् सूक्ते ।

भवति चात्रास्माकम्—

रणप्रियो विष्णुरुतापि सूर्यः प्रकाशयन् द्यां च स एति विश्वम् ।
हृदि स्थितो वा स तमांसि हृत्वा प्रकाशयत्येव कविः सुमेधाम् ॥२५६॥

पूर्णः—६८५

'पूरी आप्यायने' चौरादिको दैवादिको वा धातुस्ततश्चौरादिकस्य कर्तरि क्ते "वा दान्तशान्तपूर्णदस्तस्पष्टच्छन्नज्ञप्ताः" (पा० ७।२।२७) इति सूत्रेण पाक्षिक इडभावो णेर्लुक् च निपात्यते, दैवादिकस्य चेडभावो निपात्यते—पूर्णः, पक्षे पूरितः । पूर्णः सर्वैः कामैः पूरयति च लोकान् स्वगुणैरिति पूर्णो विष्णुः, पीनः स्वयं, प्याययति च सर्वं रसरूपेणान्तः प्रविश्येति वा ।

इस नाम के भावार्थ में "कस्य वृषा......रणत् सजूर्विश्वेभिः......सुते रणः" (ऋक् ८।६३।२०) तथा "पवस्व गोजिदश्वजिद्......रण्यजित्" (ऋक् ९।५९।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं। इस चतुर्मन्त्रात्मक सूक्त में रण शब्द के गुणबोधक शब्द सोम, इन्द्र, कवि इत्यादि आये हैं।

भाष्यकार ने पद्य द्वारा संक्षेप से अभिमतार्थ इस प्रकार कहा है—

रणप्रिय नाम भगवान् विष्णु अथवा सूर्य का है क्योंकि वह सूर्य रूप से द्युलोक तथा विश्व का प्रकाश करता है तथा विष्णु रूप से सब में व्यापक सबके हृदयों के अन्धकार को, जो कि अज्ञान रूप है हरता है तथा बुद्धि को प्रकाश देता है।

पूर्णः—६८५

आप्यायन=स्थूल करना, इस अर्थ में वर्तमान चुरादि अथवा दिवादिगण पठित 'पूरी' धातु है। चुरादिगण पठित धातु से कर्ता अर्थ में 'क्त' प्रत्यय करने पर "वा दान्तशान्तपूर्ण०" (पा० ७।२।२७) इत्यादि सूत्र से पक्ष में इट् का अभाव तथा णिलोप का निपातन होता है तथा दैवादिक से केवल इट् के अभाव का निपातन होने से और तकार को नकार तथा णकार होने से पूर्ण शब्द सिद्ध होता है, पक्ष में पूरित शब्द बनता है।

स्वयं सब प्रकार के कामों से पूर्ण तथा सब लोकों को अपने गुणों से पूर्ण करने वाला स्वयं पीनः=स्थूल तथा सब में रस रूप से प्रवेश करके सब को स्थूल करने वाला,

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"पूर्ण आहावो मदिरस्य मध्वो यं विश्व इदभिहर्य्यन्ति देवाः ।"

ऋक् १०।११२।६ ।।

"यः पात्रं हारियोजनं पूर्णमिन्द्र चिकेतति योजान्विन्द्र ते हरी ।"

ऋक् १।८२।४ ।।

"प्र नूनं पूर्णबन्धुरः स्तुतो याहि वशाँ अनु योजान्विन्द्र ते हरी ।"

ऋक् १।८२।३ ।।

पूर्णगभस्तिः सूर्यः । तत्र वेदः—

"इमा गिरः सवितारं सुजिह्वं पूर्णगभस्तिमीडते सुपाणिम् ।
चित्रं वयो बृहदस्मे दधातु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ।।"

ऋक् ७।४५।४ ।।

अत्रैव सूक्ते प्रथमे मन्त्रे— .

"आ देवो यातु सविता सुरत्नोऽन्तरिक्षप्रा वहमानो अश्वैः ।
हस्ते दधानो नर्या पुरूणि निवेशयञ्च प्रसुवञ्च भूम ।।"

ऋक् ७।४५।१ ।।

अन्तरिक्षप्राः सूर्यः । स एव पूर्णगभस्तिः ।

भवति चात्रास्माकम्—

पूर्णो ह विष्णुः स हि वास्ति सूर्यः स पूर्णबन्धुः सविता सुरत्नः ।
स पूरयत्येव जगत्स्वभाभिः पूर्णं पदं तस्य बृहद् वदन्ति ।।२५७।।

भगवान् विष्णु ही पूर्ण शब्द का वाच्य है । यहां जगत् की समष्टि-स्थूलता का ब्रह्म में आरोपमात्र का अभिधान है । इस नाम के भावार्थ में—"पूर्ण आहावो मदिरस्य मध्वो०" (ऋक् १०।११२।६), "यः पात्रं हारियोजनं पूर्णमिन्द्र चिकेतति" (ऋक् १।८२।४), "प्र नूनं पूर्णबन्धुरः स्तुतो याहि" (ऋक् १।८२।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं । पूर्णगभस्ति नाम सूर्य का है—जैसा कि वेद का वचन है "इमा गिरः सवितारं सुजिह्वं पूर्णगभस्तिमीडते सुपाणिम्" (ऋक् ७।४५।४) इत्यादि । इसी सूक्त के प्रथम मन्त्र "सुरत्नोऽन्तरिक्षप्रा वहमानो अश्वैः" में 'अन्तरिक्षप्रा' नाम सूर्य का आया है, उसी का नाम पूर्णगभस्ति है ।

भाष्यकार के पद्य का संक्षेप में अभिमतार्थ इस प्रकार है—

पूर्ण नाम विष्णु अथवा तदभिन्न सूर्य का है तथा उसी के पूर्णबन्धुर, सविता, सुरत्न आदि नाम हैं । वह विष्णु अथवा सूर्य अपनी ज्योति या स्फुरण शक्ति से समस्त विश्व को पूर्ण करता है, ज्ञानी महापुरुष उसके परमधाम को "पूर्ण" पद=नाम से कहते हैं ।

पूरयिता—६८६

"पूरी आप्यायने" इति चौरादिको धातुस्ततो णिच्, णिजन्ताच्च 'तृन्' प्रत्ययः कर्तरि, इट्, "णेरनिटि" (पा० ६।४।५१) सूत्रेण इडादावार्धधातुके णेर्लोपाभावे, गुणायादेशे, पूरयितृशब्दस्य प्रातिपदिकसंज्ञा, ततः सावनङ् दीर्घादि, पूरयिता । भगवता पूरयित्रा पूर्णत्वात् सर्वमिदं विश्वं पूर्णमस्मीत्यनुभवति । पूरयिता, अन्तरिक्षप्रा इति समानार्थे नाम्नी । अन्तरिक्षं प्राति=पूरयतीति, पूर्णत्वेन वाऽप्रमादं चरतीति=अन्तरिक्षप्राः पूरयिता विष्णुः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"आ देवो यातु सविता सुरत्नोऽन्तरिक्षप्रा वहमानो अश्वैः ।"
ऋक् ७।४५।१ ॥

अश्वः कालः—

"कालोऽश्वो वहति सप्तरश्मिः ।" अथर्व १९।५३।१ ॥

"तस्माद्वै नान्यत् परमस्ति तेजः ।" अथर्व १९।५३।४ ॥

"पूर्णः कुम्भोऽधि काल आहितः ।" अथर्व १९।५३।३ ॥

सर्वकं चैतत् सूक्तं पठनार्हम् ।

पूरयिता—६८६

आप्यायनार्थक चुरादिगण पठित 'पूरी' धातु से चुरादि णिच् प्रत्यय और णिजन्त से "तृच्" प्रत्यय कर्ता अर्थ में, इट् का आगम "णेरनिटि" (पा० ६।४।५१) सूत्र से इडादि आर्धधातुक परे होने से णिलोप का अभाव तथा गुण और अय् आदेश करने से पूरयितृ शब्द बन जाता है । अब इसकी कृदन्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा, सु विभक्ति तथा अनङ्, दीर्घ, सुलोप करने से पूरयिता शब्द सिद्ध होता है ।

भगवान् पूरयिता से पूर्ण होने के कारण यह सकल विश्व अपने आपको भी पूर्ण ही समझता है । **पूरयिता** और **अन्तरिक्षप्रा** ये दोनों नाम समानार्थक हैं । अन्तरिक्ष को जो अपने तेज से पूर्ण करता है अथवा पूर्ण होने से जो प्रमाद रहित=एक रस से चल रहा है, उसका नाम **पूरयिता** या **अन्तरिक्षप्रा** है । यह भगवान् विष्णु का नाम है ।

इस भाव को **"आ देवो यातु सविता सुरत्नोऽन्तरिक्षप्रा वहमानो अश्वैः"** (ऋक् ७।४५।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाणित करता है । अश्व नाम काल का है, जैसा कि **"कालोऽश्वो वहति सप्तरश्मिः"** (अथर्व १९।५३।१) यह वेद-वचन है । यह सब सूक्त ही पढ़ने योग्य है ।

भवति चात्रास्माकम्—

मन्ये पूरयिता विष्णुर्जगत्[1] पूर्णं च मन्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णं सर्वञ्च दृश्यते ॥२५८॥

१—जगदिति प्रथमैकवचनम् ।

पुण्य:—६८७

'पूञ् पवन' इति धातुस्ततः "पूञो यण्णुग्घ्रस्वश्च" (५।१५) इत्युणादिना पूञो यत् प्रत्ययो, णुगागमः, उपधाया ह्रस्वत्वं च, ह्रस्वविधानसामर्थ्याद् गुणाभावः ।

पूङ् पवन इति भौवादिको धातुर्वा, पवत इति पूयते वाऽनेनेति पुण्यः पवित्रः पापानाविद्धः शुभो वा विष्णुः सूर्यो या । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"विश्वतो नः शकुने पुण्यमा वद ।" ऋक् २।४३।२ ॥

पुण्यं=पवित्रम् ।

"पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः ।" यजु: ४।४ ॥

"तपोष्पवित्रं विततं दिवस्पदे शोचन्तो अस्य तन्तवो व्यस्थिरन् ।
अवन्त्यस्य पवितारमाशवो दिवस्पृष्ठमधि तिष्ठन्ति चेतसा ।"
ऋक् ९।८३।२ ॥

एवं यत्रतत्र निगमे संयोजनीयं सुधीभिः ।

भाष्यकार ने स्वाभिमत संक्षिप्तार्थ पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया है—

भगवान् विष्णु अपने पूरयितृ रूप से जगत् को पूर्ण करता है, जिससे जगत् अपने आप को पूर्ण मानता है, भगवान् पूरयिता के पूर्णत्व से व्याप्त यह जगत् पूर्ण ही दीखने में आता है ।

पुण्य:—६८७

पवन=शोधनार्थक 'पूञ्' धातु से "पूञो यण्णुग्घ्रस्वश्च" (५।१५) इस उणादि सूत्र से यत् प्रत्यय णुक् का आगम तथा उपधा को ह्रस्व आदेश हो जाता है और ह्रस्व का विधान करने से गुण नहीं होता ।

अथवा—पवनार्थक भ्वादिगण पठित पूङ् धातु से पूर्वोक्त उणादि कार्य करने से पुण्य शब्द सिद्ध होता है । जिसका अर्थ पवित्र, शुद्ध, पाप से रहित इत्यादि होता है । यह विष्णु या सूर्य का नाम है ।

इस नाम की प्रमाणिकता "विश्वतो नः शकुने पुण्यमा वद" इत्यादि ऋङ् मन्त्र (२।४३।२) से होती है । इस वाक्य में पुण्य पवित्र शब्द का पर्याय है । उसकी पवित्रता बतलाने वाले ये 'पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः" (यजु: ४।४) तथा "तपोष्पवित्रं विततं दिवस्पदे शोचन्तो अस्य तन्तवो व्यस्थिरन् । अवन्त्यस्य पवितारमाशवो दिवस्पृष्ठमधि तिष्ठन्ति चेतसा" (ऋक् ९।८३।२) मन्त्र प्रमाण हैं । इस प्रकार विद्वानों को सर्वत्र समन्वय कर लेना चाहिये ।

भवति चात्रास्माकम्—

पुण्यः स विष्णुः स हि वाऽस्तु सूर्यः पुण्यः पवित्रं स पुनाति विश्वम् ।
तपः पवित्रं तपसा च पूर्णं विश्वं समस्तं प्रविभाति तस्मात् ॥२५६॥

पुण्यकीर्तिः—६८८

पुण्यशब्दः कीर्तिशब्दश्च कृतव्युत्पादनौ ।

पुण्यशब्दात् स्त्रियां टापि पुण्या, पुण्या चासौ कीर्तिः, पुण्या कीर्तिर्यस्येति वा बहुव्रीहिः । पूर्वत्र "पुंवत्कर्मधारय०" इत्यादिना (पा० ६।३।४२) अपरत्र "स्त्रियाः पुंवद् भाषित०" (पा० ६।३।३४) इत्यादिना पुंवद्भावः । कीर्तिः पवित्रं यशोगानं भगवतो महतां वा सताम् । पवित्रं संशब्दनमिति वा । सूर्यस्य नामोच्चारणं च पवित्रं, सर्वं भगवतः सूर्यस्य गुणसङ्कीर्तनम्, इह मन्त्रलिङ्गम्—

तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते ।
विष्णोर्यत् परमं पदम् । यजुः ३४।४४ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

[1]पुण्यकीर्तिः स एवास्ति विष्णुः सूर्यः सनातनः ।
तं विप्रासः समिन्धते लब्धुं विष्णोश्च [2]सत् पदम् ॥२६०॥

१—पुण्यकीर्तिशब्देन नामजपमाहात्म्यमधिगतं भवति ।
२—सत्पदम्=सत स्वरूपं पदं=ज्ञानमिति ।

भाष्यकार का अभिमत सरलार्थ पद्य द्वारा इस प्रकार वर्णित है—

विष्णु वा सूर्य का नाम पुण्य है, पुण्य का दूसरा नाम पवित्र है. भगवान् इस विश्व को पवित्र करता है तथा तप का नाम भी पवित्र है और उस तपःपावित्र्य से पूण यह सकल जगत् शोभायमान हो रहा है ।

पुण्यकीर्तिः—६८८

पुण्य और कीर्ति शब्दों की सिद्धि प्रथम दिखला दी गई है ।

पुण्य शब्द से स्त्रीत्व वाच्य होने पर टाप् प्रत्यय, पुण्या शब्द की कीर्ति शब्द के साथ कर्मधारय वा बहुव्रीहि समास करने से पुंवद्भाव होकर पुण्यकीर्ति शब्द सिद्ध होता है । पुण्य=पवित्र है, कीर्ति=यशवर्णन जिसका, उसका नाम पुण्यकीर्ति है, विष्णु का नाम है, अथवा सूर्य नाम के सङ्कीर्तन से प्रत्येक मनुष्य पाप रहित हो जाता है, इसलिये सूर्य का नामोच्चारण पवित्र है, अथवा इस भगवत्सहस्रनाम में भगवान् सूर्य के ही गुणों का सङ्कीर्तन है **"तद्विप्रासो विपन्यवः"** (यजुः ३४।४४) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

भाष्यकार का पद्यगत संक्षिप्तार्थ इस प्रकार है—

पुण्यकीर्ति नाम भगवान् विष्णु तथा सूर्य का है । उस सनातन विष्णु के सत्य ज्ञान को प्राप्त करने के लिये विद्वान् कवि पुरुष सदा दीप्त=प्रयत्नशील रहते हैं ।

भगवान् के नाम जप की महिमा पुण्यकीर्ति शब्द से प्रकट होती है । सत्य-ज्ञान का नाम सत्पद है ।

अनामयः—६८९

"मीञ् हिंसायाम्" इति क्रैयादिको धातुस्तस्माच्च पचाद्यच् प्रत्ययः कर्तरि "मीनातिमिनोति" पा० ६।१।५० इति सूत्रेण प्राप्तमात्वं अत्रत्येनैव "निमिमीलियां खलचोः प्रतिषेधः" इति वार्तिकेन निषिध्यते, ततो गुणायादेशौ आमयः, नञा समासेऽनामयः, सर्वविधदुःखविनिर्मुक्तोऽशेषसुखरूपो विष्णुः। सर्वाणि दुःखानि रोगांश्च निहन्तीति विष्णो सूर्यस्य वा नामानामयः। आरोग्यं भास्करादिच्छेदिति चागमः।

अत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"हृद्रोगं च मम सूर्य हरिमाणं च नाशय।" ऋक् १।५०।११॥

भवति चात्रास्माकम्—

अनामयो विष्णुरुतापि सूर्यः सदाऽव्रणो विश्वमसौ पिपर्ति।
योऽनामयं ध्यायति मुच्यतेऽसौ मनोविकारादथवान्यरोगात्॥२६१॥



मनोजवस्तीर्थकरो वसुरेता वसुप्रदः।
वसुप्रदो वासुदेवो वसुर्वसुमना हविः॥८७॥

६९० मनोजवः, ६९१ तीर्थकरः, ६९२ वसुरेताः, ६९३ वसुप्रदः। ६९४ वसुप्रदः, ६९५ वासुदेवः, ६९६ वसुः, ६९७ वसुमनाः, ६९८ हविः॥

अनामयः—६८९

हिंसार्थक क्र्यादिगण पठित 'मीञ्' धातु से पचादि अच् प्रत्यय कर्ता में तथा गुण और अयादेश होने से मय शब्द सिद्ध होता है, आङ् उपसर्ग जोड़ने से आमय शब्द बन जाता है। आमय शब्द का नञ् के साथ समास करने से अनामय शब्द सिद्ध हो जाता है। यहां "मीनातिमिनोति" (पा० ६।१।५०) सूत्र से प्राप्त आत्व का "निमिमीलियां खलचोः प्रतिषेधः" इस वार्तिक से निषेध हो जाता है। अनामय नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह सब प्रकार के दुःखों से मुक्त तथा अशेष सुखरूप है। सूर्य का नाम भी अनामय है, क्योंकि वह सब प्रकार के रोगों को तथा दुःखों को नष्ट करता है। "आरोग्य की कामना भास्कर=सूर्य से करे" ऐसा प्राचीन आचार्यों का कथन है।

इस नामार्थ में "हृद्रोगं च मम सूर्य हरिमाणं च नाशय" (ऋक् १।५०।११) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार का अभिमत सारार्थ इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु वा सूर्य का नाम अनामय है, क्योंकि वह सदा विश्व का पालन करता हुआ अव्रण=रोगरहित, अपाप तथा शुद्ध है। जो अनामय भगवान् विष्णु का ध्यान करता है, वह भी मन के विकारों तथा शरीर के अन्य रोगों से सर्वदा मुक्त हो जाता है।

मनोजवः—६९०

"मन ज्ञाने" धातोरुणाद्यसुन्प्रत्ययान्तो मनः शब्दः । "जु" सौत्रधातोर्भावे "ऋदोरप्" (पा० ३।३।५७) सूत्रेण 'अप्' प्रत्ययो गुणावादेशौ, जव इति ।

मनः=ज्ञानरूपं जवो गतिः वेगो वा यस्येति मनोजवः । यथा ज्ञानेन सर्वं प्राप्यते, तथैव विष्णोर्ज्ञानं सर्वं गतिमत्-वेगवच्च करोति ।

यथा पक्षिणां जवो मनोनुगतो भवति तथा मानवानां जवो ज्ञानानुगतो भवति । तथैव सूर्यादीनां ग्रहाणां जवो गतिरपि, विष्णुविहितज्ञानपूर्विकैवास्ति इति निश्चयतो ज्ञेयम् ।

मन्त्रलिङ्गम्—

"मनोजवसा वृषणा स्वस्ति ।" ऋक् १।११७।१५ ॥
"मनोजवेभिरिषिरैः शयध्यै ।" ऋक् ६।६२।३ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

ज्ञानं मनस्तत्र जवो हि यस्य मनोजवः स कविभिः प्रगीतः ।
ज्ञानेऽस्ति विष्णोरखिलं [1]समाप्तं जवो न तस्मात् परमस्तिकिञ्चित् ॥२६२॥

१—समाप्तं=सम्यगाप्तम् ।

मनोजवः—६९०

उणादि 'असुन्' प्रत्ययान्त मनः शब्द "मन ज्ञाने" धातु से बनता है ।

जव शब्द 'जु' इस सौत्र धातु से भावादि में अप् प्रत्यय तथा गुण और अव आदेश करने से सिद्ध होता है ।

मन=ज्ञानरूप है, जव=वेग अथवा गति जिसकी उसका नाम मनोजव है ।

जैसे ज्ञान से सब कुछ प्राप्त हो जाता है, उसी प्रकार भगवज्ज्ञान से गतिशीलता तथा क्रियाशीलता प्राप्त होती है । जैसे पक्षियों का जव=वेग, गति वा मन से अनुगत अर्थात् मनोऽनुकूल होता है । उसी प्रकार मनुष्यों का जव=वेग, वा गति भी ज्ञानानुगत=ज्ञावानुकूल होती है और इसी प्रकार सूर्यादिग्रहों की गति भी विष्णु के विधानानुसार ज्ञान-पूर्वक होती है, यह निश्चित है ।

इस नामार्थ में "मनोजवसा वृषणा स्वस्ति" (ऋक् १।११७।१५) तथा "मनोजवेभिरिषिरैः शयध्यै" (ऋक् ६।६२।३) इत्यादि वेदमन्त्र प्रमाण है ।

भाष्यकार का अभिमत सारांश इस प्रकार है—

मन नाम, ज्ञान में वेग=गति जिसकी है, उसको उत्तम कवियों ने 'मनोजव' नाम से कहा है । यह सब दृश्यमान जगत् भगवान् विष्णु के ज्ञान में ही समाया हुआ है, उस ज्ञान से अतिरिक्त और कोई जव नहीं है ।

तथा च—

सुनिश्चितं पूर्वत एव विश्वं [1]मनोजवेनैति सदा प्रणुन्नम् ।
स [2]विष्णुरेको भुवनस्य नाभिर्दिवि[3] क्षयो धावति [4]पूर्णबन्धुः ॥२६३॥

१—मनोजवेन=परमेश्वरेण (अक्षरेण)। २—विष्णुः=सूर्यः। भुवनस्य नाभिः=नद्धा। ३—दिविक्षयः=द्युलोकनिवसनः। ४—पूरयन्=आप्यायन् बध्नातीति=पूर्णबन्धुः।

तीर्थकरः—६६१

"तॄ प्लवनसन्तरणयोः" इति भौवादिको धातुस्ततः "पातॄतुदिवचिरिचिसिचिभ्यस्थक्" इत्यादिसूत्रेण थक् प्रत्ययः, कित्त्वात् "श्र्युकः किति"। (पा० ७।२।११) सूत्रेणेण्निषेधो गुणाभावश्च, "ॠत इद्धातोः" (पा० ७।१।१००) सूत्रेण रपरमित्त्वम्, "हलि च" (पा० ८।२।७७) इति दीर्घः। "अचो रहाभ्यां द्वे" (पा० ८।४।४६) सूत्रेण थकारस्य वैकल्पिको द्विर्भावः, "झरो झरि सवर्णे" (पा० ८।४।६५) सूत्रेण पाक्षिकः प्रथमथकारस्य लोपः, तीर्थ इति। तदभावे "खरि च" (पा० ८।४।५५) सूत्रेण थस्य चर्त्वं तकारः, तीर्त्थ इति।

करोतेः "कृञो हेतुताच्छील्यानुलोम्येषु" (पा० ३।२।२०) इति 'टः' प्रत्ययो गुणो रपरः, तत "उपपदमतिङ्" (पा० २।२।१९) इत्युपपदसमासः।

अनादि काल से यह विश्व, मनोजव भगवान् विष्णु की प्रेरणा से चल रहा है तथा वह सूर्य नामा सकल विश्व का बन्धनस्थान भगवान् विष्णु अपने पूर्ण=विस्तीर्ण तेज=रश्मियों से विश्व को बांधे हुए अन्तरिक्ष में दौड़ रहा है।

तीर्थकरः—६६१

प्लवन=कूदकर चलना तथा तिरना अर्थ के अभिधायक "तॄ" धातु से उणादि थक् प्रत्यय, कित् होने से इट् का निषेध तथा गुण का अभाव "ॠत इद्धातोः" (पा० ७।१।१००) सूत्र से रपरक इत्त्व, "हलि च" (पा० ८।२।७७) सूत्र से दीर्घ "अचो रहाभ्यां" (पा० ८।४।४६) सूत्र से थकार को पाक्षिक द्वित्व, "झरो झरि सवर्णे" (पा० ८।४।६५) सूत्र से पाक्षिक थकार का लोप तथा उसके अभाव में चर्त्व से तीर्थ तथा तीर्त्थ ये दो रूप बनते हैं।

डुकृञ् करणे धातु से ताच्छील्यादि विशिष्ट कर्ता में 'ट' प्रत्यय तथा रेफपरक गुण करने से कर शब्द सिद्ध होता है। 'तीर्थं करोतीति' तीर्थ को करने वाला यह उपपद तत्पुरुष समास है,

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"ता मन्दसाना मनुष्यो दुरोण आ धत्तं रयिं सर्ववीरं वचस्यवे ।
कृतं तीर्थं सुप्रपाणं शुभस्पती स्थाणुं पथेष्ठामप दुर्मतिं हतम् ।"
ऋक् १०।४०।१३ ॥

वहुत्र वेदे तीर्थशब्दो विविधविभक्तिवचनान्तो दृश्यते ।

भवति चात्रास्माकम्—

मन्ये तीर्थकरो विष्णुः सूर्यः सर्वे च खेचराः ।
तरन्ति विष्णौ सम्बद्धा विष्णुस्तीर्थकरो मतः ॥२६४॥

वसुरेताः—६९२

वसुः—"वस निवासे" इति भौवादिको धातुस्ततः "शॄस्वृस्निहित्रप्यसिवसिहनिक्लिदिबन्धिमनिभ्यश्च" (१।१०) इत्युणादिसूत्रेण "उः" प्रत्ययो वसत्यस्मिन् सर्वमिति वसुः । रेतः—"रीङ् स्रवणे" धातोः "स्रुरीभ्यां तुट् च" (४।२०२) इत्युणादिसूत्रेण 'असुन्' प्रत्ययस्तुडागमश्च टित्त्वादाद्यवयवः, गुणः, रेतः । वसु चादो रेतः, यद्वा वसु रेतो यस्य सः वसुरेताः । सर्वनिवासहेतुः, सर्वोत्पत्तिहेतुश्चे-

---

जिसके द्वारा तिरते हैं उसका नाम तीर्थ है । इसमें "ता मन्दसाना मनुष्यो दुरोण आ धत्तं रयिं सर्ववीरं वचस्यवे । कृतं तीर्थं सुप्रपाणं शुभस्पती स्थाणुं पथेष्ठामप दुर्मतिं हतम्" (ऋक् १०।४०।१३) मन्त्र प्रमाण है । वेद में तीर्थ शब्द विभक्ति तथा वचन भेद से बहुत स्थानों पर देखने में आता है ।

भाष्यकार का अभिमत साराँश इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु का नाम तीर्थंकर है, क्योंकि सूर्य आदि सब खेचर=ग्रह आदि भगवान् विष्णु के सम्बन्ध से तिरते हैं, इसलिये विष्णु तीर्थंकर है ।

वसुरेताः—६९२

वसु शब्द "वस निवासे" इस भ्वादिगण पठित धातु से "शॄस्वृस्निहि" (१।१०) इत्यादि सूत्र से 'उ' प्रत्यय करने से सिद्ध होता है । जिसमें यह सकल विश्व वास करता है, उसका नाम वसु है ।

रेतः शब्द—स्रवण=क्षरणार्थक "रीङ्" धातु से "स्रुरीभ्यां तुट् च" इस उणादि (४।२०२) से "असुन्" प्रत्यय और तुट् का आगम, टित् होने से वह आदि का अवयव होता है तथा गुण होने से सिद्ध होता है ।

वसु ही जो रेत, अथवा वसु है रेत जिसका, उसका नाम वसुरेता है । इस प्रकार वसुरेता शब्द का अर्थ सब का निवास स्थान, अथवा सब का उत्पत्तिस्थान ऐसा होता है ।

त्यर्थः । असन्तलक्षणो दीर्घः । यदन्तःप्राणि, सर्वप्राण्युत्पत्तिहेतुभूतं वीजं शुक्र-शोणितादि, तस्य व्यवस्थापको भगवान् विष्णुरेव यथाप्राणियोग्यतम् । दृश्यते च लोकेऽपि सर्वत्र द्विर्भावमुपेतं जगदिदमग्नीषोमीयमिति, स वसुरेता इत्याख्यायते ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"आर्दी केचित् पश्यमानास आप्यं वसुरुचो दिव्या अभ्यनूषत ।
वारं न देवा सविता व्यूर्णुते ।" ऋक् ९।११०।६ ॥

एतन्मन्त्रस्थो वसुरुचो वसुरेतसः समानार्थकः ।

"अध यदिमे पवमान रोदसी इमा च विश्वा भुवनानि मज्मना ।
यूथे न निःष्ठा वृषभो वितिष्ठसे ।" ऋक् ९।११०।९ ॥

रेतोधाः शब्दोऽप्येतदर्थक एव । तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"त्रिपाजस्यो वृषभो विश्वरूप उत त्र्युधा पुरुध प्रजावान् ।
त्र्यनीकः पत्यते महिनावान्त्स रेतोधा वृषभः शश्वतीनाम् ।"
ऋक् ३।५६।३ ॥

"स रेतोधा वृषभः शश्वतीनां तस्मिन्नात्मा जगतस्तस्थुषश्च ।
तन्म ऋतं पातु शतशारदाय यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ।"
ऋक् ७।१०१।६ ॥

"कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत् ।
सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा ॥

असन्तलक्षणदीर्घ हो जाता है । जो प्राणियों में प्राणियों की उत्पत्ति का कारण शुक्र शोणित-रूप बीज है, प्रत्येक प्राणी की योग्यता के अनुकूल उस बीज का व्यवस्थापक भगवान् विष्णु है । लोक में यह प्रत्यक्ष देखने में आता है कि यह जगत् अग्नि और सोम का द्वन्द्व रूप है, इसलिये इसमें सर्वत्र द्विर्भाव, अर्थात् एक पदार्थ का विरोधी दूसरा पदार्थ दीखने में आता है, अथवा यों कहिये एक पदार्थ अग्नि, भोक्तारूप है तो दूसरा सोम=भोग्य रूप है या भक्ष्य रूप है । इसलिये इसका नाम वसुरेता है । इसमें **"आर्दी केचित् पश्यमानास आप्यं वसुरुचो दिव्या"** (ऋक् ९।११०।६) तथा **"अथ इमे पवमान रोदसी इमा च विश्वा भुवनानि मज्मना"** (ऋक् ९।११०।९) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं ।

मन्त्र (९।११०।६) में पठित **वसुरूप** शब्द 'वसुरेता' का समानार्थक है ।

वसुरेता शब्द के समान अर्थ वाला ही **रेतोधा** शब्द है, जैसा कि **"त्रिपाजस्यो-वृषभो······रेतोधा वृषभः शश्वतीनाम्"** इस मन्त्र से सिद्ध है ।

"स रेतोधा वृषभः शश्वतीनां तस्मिन्नात्मा जगतस्तस्थुषश्च······" (ऋक् ७।१०१।६), **"कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्"** (ऋक्

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषामधः स्विदासी३दुपरिः स्विदासी३त् ।
रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात् ।"
ऋक् १०।१२६।४, ५ ।। इति निदर्शनम्

महाभारतेऽपि—

"देवः पूर्वमपः सृष्ट्वा तासु वीर्यमपासृजत ।
तदण्डमभवद्धैमं ब्रह्मणः कारणं परम् ।।

भवति चात्रास्माकम्—

वसुरेताः स एवास्ति ञिष्णुः सूर्यः सखा कविः ।
यस्मिन्नात्मा समस्तस्य रेतोधा वृषभश्च सः ।।२६५।।

उक्तञ्च "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुश्च" (यजुः ७।४२) ।

वसुप्रदः—६६३

वसत्यस्मिन्निति वसुर्वासस्तं प्रददातीति वसुप्रदः । वसुरूपकर्मोपपदात् प्रोपसृष्टाद् "डुदाञ् दाने" धातोः "प्रे दाज्ञः" (पा० ३।२।६) सूत्रेण कः प्रत्ययः स्तस्मिश्चाल्लोपः वसुप्रद इति ।

१०।१२६।४) इत्यादि तथा "तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषादधः……रेतोधा आसन् महिमानः" (ऋक् १०।१२६।५) इत्यादि ऋग्वेद के मन्त्र प्रमाण हैं ।

महाभारत में इस भाव का प्रकाश करने वाला यह वचन है—

सर्वेश्वर भगवान् ने प्रथम जलों का जो कि सोम रूप हैं सर्जन करके उनमें अपने वीर्य का प्रक्षेप किया, उससे सुवर्णमय अण्डा हुआ जो कि ब्रह्मा=विराट् पुरुष की उत्पत्ति का कारण हुआ ।

भाष्यकार का पद्य मत सारांश इस प्रकार हैं—

भगवान् विष्णु अथवा तदनन्यरूप सूर्य ही वसुरेता नाम का वाच्यार्थ है, वही सखा, कवि, रेतोधा तथा वृषभ नाम से कहा जाता है । जिसमें यह सकल विश्व स्थित है अथवा जो सकल व्यष्टि जीवात्माओं की समष्टि आत्मा है । जैसा कि वेद कहता है "आत्मा जगतस्तस्थुषश्च" (यजुः ७।५२) इत्यादि ।

वसुप्रदः—६६३

वसु रूप कर्म के उपपद रहते हुये, प्र उपसर्ग युत "डुदाञ्" इस दानार्थक धातु से "प्रे दाज्ञः" (पा० ३।२।६) इस सूत्र से कर्ता अर्थ में 'क' प्रत्यय और उसके परे रहते आकार का लोप होने से 'वसुप्रद' शब्द सिद्ध होता है । इस भगवन्नाम में "स बोधि

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स बोधि सूरिर्मघवा वसुपते वसुदावन् ।
युयोध्यस्मद् द्वेषांसि ।" ऋक् २।६।४ ॥
"विधेम ते परमे जन्मन्नग्ने विधेम स्तोमैरवरे सधस्थे ।
यस्माद् योनेरुदारिथा यजे तं प्र त्वे हवींषि जुहुरे समिद्धे ।"
ऋक् २।९।३ ॥

सधस्थं=स्थानम् । तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टा पूर्ते सꣳसृजेथामयञ्च ।
अस्मिन् सधस्थेऽध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत ।"
यजुः १५।५४ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स्थानं ह्यशेषाय ददाति शम्भुः स्थानाधिपः स्थानपतिश्च सोऽस्ति ।
वसुप्रदो वासपतिश्च किं वा [1]वस्यः स्वयं विष्णुरनन्तकर्मा ॥२६६॥

१—वस्तुमर्हः=वस्यः ।

उक्तञ्च—

"त्वं दूतस्त्वमु नः परस्पास्त्वं वस्य आ वृषभ प्रणेता ।" ऋक् २।९ २ ॥

वसुप्रदः—६९४

वसुशब्दः प्रदशब्दश्च विहितसाधनौ ।
वसु धनं तत्प्रददातीति वसुप्रदः । मन्त्रलिङ्गम्—

सूरिर्मघवा वसुपते वसुदावन्" (ऋक् २।६।४) इत्यादि ऋक् प्रमाण है और यह "विधेम ते परमे जन्मन्नग्ने विधेम स्तोमैरवरे सधस्थे" (ऋक् २।९।३) मन्त्र भी प्रमाण है । इसमें सधस्थ नाम स्थान का है, जैसा कि यजुर्वेद (१५।५४) मन्त्र "उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टा पूर्ते सꣳसृजेथामयञ्च । अस्मिन् सधस्थेऽध्युत्तरस्मिन विश्वे देवा यजमानश्च सीदत" कहता है ।

भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस नाम का भावार्थ यों प्रकट करता है—

जगन्निर्माणरूप कर्म जिसका अनन्त=अपार अन्तरहित है, ऐसे भगवान् विष्णु का नाम वसुप्रद है वही इस सकल विश्व रूप स्थान का पालक तथा स्वामी है, वही इस सकल विश्व को अपने आप में बसाने वाला तथा बसने योग्य है । इस अर्थ की पुष्टि "त्वं दूतस्त्वमु नः परस्पास्त्वं वस्य आ वृषभ प्रणेता" (ऋक् २।९।२) इत्यादि ऋङ् मन्त्र करता है ।

वसुप्रदः—६९८

वसु और प्रद शब्दों की सिद्धि की जा चुकी है ।

यहां वसु नाम धन का है तथा प्रद नाम देने वाले का है । वसुप्रद=इष्टसाधन

"स नो वसून्या भर।" ऋक् १०।१९।११॥

"तमित् सखित्व ईमहे तं राये तं सुवीर्ये।
स शक्र उत नः शकदिन्द्रो वसु दयमानः।" ऋक् ११।१०।६॥

"यो विश्वा दयते वसु होता मन्द्रो जनानाम्।
मधोर्न पात्रा प्रथमान्यस्मै प्र स्तोमा यन्त्यग्नये।" ऋक् ८।१०३।६॥

दयते ददाति, तच्छीलो दयालुः। "दय दान—गति—रक्षण—हिंसा—आदानेषु" इति भौवादिको धातुस्ततः "स्पृहिगृहिपतिदयि" (पा० ३।२।१५०) इत्यादितः सूत्रेण 'आलुच्' प्रत्ययः।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्दयालुर्दयते वसूनि वसुप्रदश्चापि स एव गीतः।
सखित्वमिच्छन्ति बुधश्च तस्य स नो वसून्याभरते च यस्मात् ॥२६७॥

वासुदेवः—६९५

वासुः—"वस निवासे" इति भौवादिको धातुस्ततः "कृवापाजिमिस्वदिसाध्यशूभ्य उण्" (१।१) इत्युणादिसूत्रेण बाहुलकाद् "उण् प्रत्ययः।" यः सर्वत्र वसति सर्वं वा यस्मिन् वसतीति वासुः।

धन का देने वाला विष्णु। इस नामार्थ में "स नो वसून्या भर" (ऋक् १०।१९।११) यह मन्त्र वाक्य प्रमाण है। तथा "तमित् सखित्व ईमहे तं राये तं सुवीर्ये। स शक्र उत नः शकदिन्द्रो वसु दयमानः" ऋक् ११।१०।६) तथा "यो दयते वसु होता मन्द्रो जनानाम्" (ऋक् ८।१०३।६) इत्यादि मन्त्र भी इस नामार्थ की पुष्टि करते हैं।

इन मन्त्रों में आये **दयमान, दयते** आदि शब्द भगवान् के दया भाव को प्रकट करते हैं। दयालु ही दिया करता है। दयालु शब्द—दान—गति—रक्षण— तथा हिंसार्थक भ्वादिगण पठित 'दय' धातु से पा० सू० ३।२।१५९ से आलुच् प्रत्यय करने से बनता है।

भाष्यकार का पद्यगत सारांश इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु का वसुप्रद नाम है, क्योंकि वह धनार्थी भक्तों पर दयालु होकर उनको उनका अभीप्सित धन देता है, इसीलिये विद्वान् महापुरुष उसके सखित्व की इच्छा करते हैं, अर्थात् उससे प्रेम करते हैं।

वासुदेवः—६९५

भ्वादिगण पठित निवासार्थक 'वस' धातु से "कृवापाजिमि०" (१।१) इत्यादि उणादि सूत्र से बाहुलक से उण् प्रत्यय और उपधा वृद्धि होने से वासुदेव शब्द सिद्ध होता है। जो सर्वत्र विश्व में अन्तर्यामी रूप से रहता है अथवा जिसमें यह सकल संसार सूत्र में मणियों के समान रहता है, उसका नाम वासु है।

देवः—दीव्यतेः पचाद्यच् प्रत्ययः। पचादिगणपाठादिगुपधलक्षणः 'कः' न भवति, दीव्यतीति देवः। वसति, वासयति वा, गच्छति, गमयति वेति, वासुश्चासौ देवः वासुदेवः। उक्तञ्च क्वचित्—

वासनाद्वासुदेवस्य वासितं भुवनत्रयम्।
सर्वभूतनिवासोऽसि वासुदेव नमोऽस्तु ते॥

भवति चात्रास्माकम्—

यस्मिन्निदं वासमुपैति विश्वं विश्वे च यो वासमुपैत्यशेषे।
चरिष्णुरर्को दिवि यात्यनन्ते स वासुदेवः कथितोऽत्र विष्णुः॥२६८॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।" यजुः ४०।१॥

वस्तुमर्हो वस्यः=सूर्यः।

मन्त्रलिङ्गम्—

"त्वं दूतस्त्वमु नः परस्पास्त्वं वस्य आ वृषभ प्रणेता।"

ऋक् २।६।२॥

क्रीडाद्यर्थक दिवादिगण पठित दिवु धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से देव शब्द बनता है, यद्यपि यहां इगुपधलक्षण 'क' प्रत्यय की प्राप्ति थी तथापि देवट् शब्द का पचादि गण मे पाठ होने से यह सूत्र इगुपध सूत्र का बाध करता है। दिवु धातु का यहां गति अर्थ लेने से 'जो स्वयं सर्वत्र गत है तथा सब को नियम से चला रहा है' यह देव शब्द का अर्थ होता है। वासु और देव शब्द कर्मधारय समास करने से जो सर्वत्र वस रहा तथा सब को वसा रहा है, जो सर्वत्र गत तथा सबको चला रहा है, ऐसा वासुदेव शब्द का अर्थ होता है।

कहा भी है कहीं पर—

हे वासुदेव! तुझ वासुदेव की व्याप्ति से यह विश्व वासित=व्याप्त है, आप सकल भूतों के निवास स्थान हैं, इसलिये आपको प्रणाम है।

भाष्यकार का अपने पद्य द्वारा भावार्थ स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

जिसमें यह सकल दृश्यमान विश्व निवास करता है और जो सकल विश्व में वास करता है तथा जो भास्कर रूप से सदा इस अनन्त अन्तरिक्ष में भ्रमण कर रहा है, वह सर्वेश्वर विष्णु ही यहां विद्वानों द्वारा वासुदेव नाम से कहा गया गया है।

इस नामार्थ में "ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्" (यजुः ४०।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है। वसने योग्य का नाम वस्य है। यह सूर्य का नाम है। इसमें "त्वं दूतस्त्वमु नः परस्पास्त्वं वस्य आ वृषभ प्रणेता" (ऋक् २।६।२) तथा

"देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय।" यजुः ९।१ ॥

यच्चोक्तं 'दिवि यात्यनन्तेः' इति तत्र—

"अनन्ते अन्तः परिवीत आगात् शुचिः शुक्रो अर्यो रोरुचानः।"

ऋक् ४।१।७ ॥

वसुः—६९६

वसुशब्दो "वस निवासे" इति भौवादिकाद् "वस आच्छादने" इति आदादिकाद्वा धातोर्लब्धस्वरूपः। वसतेर्वस्तेर्वा "शृस्वृस्निहित्रप्यसिवसिहनिक्लिदिबन्धिमनिभ्यश्च" (१।१०) इत्युणादिः "उः" प्रत्ययः। वसति सर्वत्र सर्वं वा वस्त आच्छादयतीति वसुः।

मन्त्रलिङ्गम्—

"यः शुक्र इव सूर्यो हिरण्यमिव रोचते।
श्रेष्ठो देवानां वसुः।" ऋक् १।४३।५ ॥

वसुः शब्दो बहुत्र वेद उपलभ्यते।

भवति चात्रास्माकम्—

वसु र्हि विष्णुः स हि वास्तु सूर्यस्त्रिविक्रमे वासमुपैति विश्वम्।
वसुर्हि वासं [1]दयते समस्मै स्तुवन्ति गायन्ति वसुं वरेण्यम् ॥२६९॥

१—दयते=ददाति।

"देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय" (यजुः ९।१) इत्यादि मन्त्र वाक्य प्रमाण हैं।

ऊपर जो कहा है वह अनन्त द्युलोक में चल रहा है। इसमें "अनन्ते अन्तः परिवीत आगाच्छुचिः शुक्रो अर्यो रोरुचानः" (ऋक् ४।१।७) यह मन्त्र प्रमाण है।

वसुः—६९६

वसु शब्द जैसे भौवादिक 'वस निवासे' धातुसे "शृस्वृस्निहि०" (१।१०) इत्यादि सूत्र से 'उ' प्रत्यय करने से बनता है वैसे ही आच्छादनार्थक अदादिगण पठित 'वस' धातु से भी 'उ' प्रत्यय करने से बनता है। जो सब में बसता है अथवा जो सबका आच्छादन करता है, उसका नाम वसु है। इस नामार्थ में "यः शुक्र इव सूर्यो हिरण्यमिव रोचते। श्रेष्ठो देवानां वसुः" (ऋक् १।४३।५) यह मन्त्र प्रमाण है। वसु शब्द का वेद में बहुत प्रयोग हुआ है। यहां केवल उदाहरण मात्र दिखलाया है।

भाष्यकार इस भावार्थ को अपने पद्य द्वारा यों स्पष्ट करता है—

विष्णु अथवा तदभिन्न भाव से सूर्य का नाम वसु है, क्योंकि वह सकल दृश्यवर्ग उसी त्रिविक्रमरूप वसु में वास करता है और वह भगवान् वसु सबके लिये वास देता है। इसीलिये उन सब के प्रार्थनीय वसु का भक्त जन स्तवन तथा गान करते हैं।

वसुमनाः—६६७

वसतीति वसु आत्मरूपं, सृष्टदृश्यरूपं वा (आत्मविषयकं दृश्यविषयकं वेत्यर्थः) मनो=ज्ञानं यस्य स वसुमनाः। मन्यतेरौणादिकः 'असुन्" प्रत्ययः, मनः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"द्यावो न यस्य पनयन्त्यभ्वं भासांसि वस्ते सूर्यो न शुक्रः।
वि य इनोत्यजरः पावकोऽश्नस्य चिच्छिश्नथत् पूर्व्याणि।"
ऋक् ६।४।३॥

वस्ते=आच्छादयतीत्यर्थः।

"त्वं हि क्षैतवद् यशो अग्ने मित्रो न पत्यसे।
त्वं विचर्षणे श्रवो वसो पुष्टिं न पुष्यसि।" ऋक् ६।२।१॥

"यावदिदं भुवनं विश्वमस्त्युरुव्यचा वरिमता गभीरम्।
तावाँ अयं पातवे सोमो अस्त्वरमिन्द्राग्नी मनसे युवभ्याम्।"
ऋक् १।१०८।२॥

भवति चात्रास्माकम्—

नूनं वसुमना विष्णुः सूर्यः सत्यस्त्रिविक्रमः।
सर्वं विश्वं समावास्य मनुते कर्मतत्कृतम् ॥२७०॥

वसुमनाः—६६७

वसु शब्द का व्याख्यान कर चुके। मनस् शब्द उणादि असुन् प्रत्यय करने से 'मन ज्ञाने' धातु से सिद्ध होता है।

वसु शब्द जो वसता है अथवा जिसमें वसता है, अपने आप तथा दृश्यवर्ग दोनों का ग्राहक है। मन नाम ज्ञान का है। इस प्रकार से आत्म-विषयक अथवा दृश्यवर्ग विषयक ज्ञान है जिसका, ऐसा वसुमना शब्द का अर्थ होता है।

इस नामार्थ में "द्यावो न यस्य पनयन्त्यभ्वं भासांसि वस्ते सूर्यो न शुक्रः ......" (ऋक् ६।४।३) वस्ते=आच्छादन करता है। "त्वं हि क्षैतवद् यशो अग्ने मित्रो न पत्यसे। त्वं विचर्षणे श्रवो वस्ते पुष्टिं न पुष्यसि" (ऋक् ६।२।१) तथा "यावदिदं भुवनं विश्वमस्त्युरुव्यचा......" (ऋक् १।१०८।२) इत्यादि वेद मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार का पद्य द्वारा संक्षेप से भावार्थ इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु वा तद्रूप सूर्य का नाम वसुमनाः है। वही सत्य तथा त्रिविक्रम है और वह सकल विश्व का व्यापन करके इसके किये कार्य का ज्ञान रखता है।

हविः—६६८

'हु दानादनयोः' इति जौहोत्यादिको धातुस्ततः "अर्चिशुचिहुसृपि" (२।१०८) इत्यादिना इसिः प्रत्यय औणादिकः। हूयत इति जुहोतीति वा हविः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः।
यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्निदूतो अरंकृतः॥
यमाय घृतवद्धविर्जुहोत प्र च तिष्ठत।
स नो देवेष्वा यमद् दीर्घमायुः प्र जीवसे।" ऋक् १०।१४।१४, १५॥

जुहोतीति कर्तरि—

"वयं तद्वः सम्राज आ वृणीमहे पुत्रो न बहुपाय्यम्।
अश्याम तदादित्या जुह्वतो हविर्येन वस्योऽनशामहै।"
ऋक् ८।२७।२२॥

"अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः।
देवो देवेभिरा गमत्।" ऋक् १।१।५॥

भवति चात्रास्माकम्—

हविर्हि विष्णुः स जुहोति नित्यं क्रियाविधौ विश्वमिदं [1]प्रगच्छन्।
स एव होता स हि वास्तु हुत्यो बिभर्त्ति रूपाणि यतः स एकः॥२७१॥

१—प्रगच्छन्=प्रकर्षेण गच्छन्=अव्याहतगतिरित्यर्थः।



हविः—६६८

"हु दानादनयोः" इस जुहोत्यादिगण पठित धातु से "अर्चिशुचिहुसृपि०" (२।१०८) इत्यादि उणादि सूत्र से इसि प्रत्यय और गुण, अवादेश होने से हविः शब्द सिद्ध होता है। हवन करने वाला अथ वा जिसका हवन किया जाय उसका नाम हवि है।

इस भगवन्नाम में "यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः" (ऋक् १०।१४।१४, १५) इत्यादि ऋचायें प्रमाण हैं।

जहां कर्तृवाचक हवि शब्द है, उसमें "वयं तद्वः सम्राज......हविर्येन वस्योऽनशामहै" (ऋक् ८।२७।२२) तथा "अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः" (ऋक् १।१।५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भाष्यकार अपने अभिमत भावार्थ को पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम हवि है, क्योंकि वह अव्याहतगति=प्रतिबन्ध रहित इस विश्व का क्रिया विधि=कर्मानुष्ठान में हवन करता है अर्थात् प्रतिक्षण इसे क्रियाशील बनाता है। वह एक ही नानारूपों को धारण करता हुआ होता होतव्य आदि नाना नामों का वाच्य होता है।

सद्गतिः सत्कृतिः सत्ता सद्भूतिः सत्परायणः ।
शूरसेनो यदुश्रेष्ठः सन्निवासः सुयामुनः ।।८८।।

६९९ सद्गतिः, ७०० सत्कृतिः, ७०१ सत्ता, ७०२ सद्भूतिः, ७०३ सत्परायणः । ७०४ शूरसेनः, ७०५ यदुश्रेष्ठः, ७०६ सन्निवासः, ७०७ सुयामुनः ।।

सद्गतिः—६९९

सदिति, अस्तेः शतरि व्युत्पादितः ।
गच्छतेः स्त्रीविशिष्टभावे क्तिनि गतिः । अस्ति सती गतिर्यस्य स सद्गतिः ।
भवति चात्रास्माकम्—

सदास्ति खे तद्गतिमद् यदस्ति सूर्यादयश्चापि सता[1] भ्रमन्ति ।
प्रवाहनित्यञ्च जगद् भ्रमत् सत् स विष्णुरेको भ्रमयत्यशेषम् ।।२७२।।

१—सता=सद्धेतुका इति, हेतौ तृतीया ।

सत्कृतिः—७००

असेः स्त्रियां शत्रन्तान्ङीपि सती, कृञः स्त्रियां भावे क्तिनि कृतिः । सती =विद्यमाना कारणनिमित्ता क्रिया यस्य स सत्कृतिः ।

सद्गतिः—६९९

भवनार्थक "अस्" धातु से शतृ प्रत्यय करने से सत् शब्द सिद्ध किया गया है ।

"गम्लृ गतौ" धातु से स्त्रीविशिष्ट भाव में क्तिन् प्रत्यय करने से गति शब्द सिद्ध होता है । नेत्रों से दृश्यमान इस जङ्गम जगत् की गति का हेतु, शाश्वती=नित्य जिसकी गति है उसका नाम सद्गति है अर्थात् जिसका नित्य गतिरूप गुण जगत् में व्याप्त हो रहा है ।

भाष्यकार सद्गति शब्द का भाव संक्षेप से यों प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम सद्गति है, क्योंकि वह आकाश अथवा पृथिवी में जो कुछ भी गति वाला है उस सब की गति का मूल कारण है, प्रवाहरूप से नित्य भ्रमणशील जगत् को केवल एक भगवान् विष्णु ही घुमा रहा है ।

पद्य में सता यह तृतीया विभक्ति हेतु में है अर्थात् सूर्यादि ग्रहों की गति का भी हेतु वही है ।

सत्कृतिः—७००

"अस् भुवि" धातु से शतृ तथा तदन्त से ङीप् करने से सती और "डुकृञ् करणे" धातु से स्त्री विशिष्ट भाव में क्तिन् प्रत्यय करने से कृति शब्द सिद्ध होता है ।

यथा लोके स्थावरजङ्गमजातीनां भेदे बीजं निमित्तमस्ति, तथा जीवानां विलक्षणभावमापन्नानां सुखदुःखनिमित्ता कर्मानुरूपा क्रिया=कृतिरस्यास्तीति स सत्कृतिरित्युच्यते।

जगद्वीजभूतायाः सर्वत्र आद्यक्रियायाः कर्तृत्वाच्चापि स सत्कृतिर्भगवान् विष्णुः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"सदसस्पतिमद्भुतम्" इत्यादि यजुः ३२।१३॥

सत् कारणरूपं ब्रह्म, असत् कार्यरूपञ्च ब्रह्म, तदुभयविधस्य पतिः।

भवति चात्रास्माकम्—

स सत्कृतिर्विष्णुरनन्तकर्मा करोति तद् यस्य निमित्तमस्ति।
करोति बीजात् स फलं फलाच्च बीजं पुनर्विश्वमिदञ्च तद्वत्॥२७३॥



सत्ता—७०१

भवत्यर्थे वर्तमानादसेः शतरि सत्, ततः "तस्य भावस्त्वतलौ" (पा० ५।१।११९) इति सूत्रेण तलि "तलन्तं स्त्रियाम्" (लिङ्गानुशासन १।१७) इति

विद्यमान है जगत् के कारण की प्रवर्तक क्रिया जिसमें उसका नाम है सत्कृति। जैसे लोक में स्थावर तथा जङ्गम जातियों के भेद का कारण बीज है। इसी प्रकार नाना प्रकार के विलक्षण स्वरूप को प्राप्त जीवों के सुख-दुःख का कारण, कर्मानुसार क्रिया जिसमें है उसका सत्कृति है।

जगत् की कारण भूत सबसे आदि क्षण में होने वाली ईश्वरीय क्रिया का जो कर्ता है, वह है सत्कृति। इस भगवन्नाम में "सदसस्पतिमद्भुतम्" (यजुः ३२।१२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं। सत् नाम कारण ब्रह्म का तथा असत् नाम कार्य ब्रह्म का है, उन दोनों का जो पति होवे उसका नाम सदसस्पति है।

भाष्यकार का पद्य द्वारा संक्षिप्त भावार्थ कथन इस प्रकार है—

अनन्त=अगण्य वा अपार कर्म वाले भगवान् विष्णु का नाम सत्कृति है, क्योंकि वह नित्य विश्व तथा विश्व के कार्यों के कारण को करता हुआ कार्य के द्वारा उसके कारण का भी कारण है जैसे बीज से वृक्ष और वृक्ष से बीज को करता हुआ बीज का भी कारण होता है।

व्याख्यातमेतच्छतकं मयाऽत्र समापितं सप्तमकं मनोज्ञम्।
अनूदितं राष्ट्रगिरा च भूयाद् भव्याय दिव्यं भुवि भावुकानाम्॥



सत्ता—७०१

सत्ता अर्थ में वर्तमान अस् धातु से शतृ प्रत्यय करने से सत् शब्द सिद्ध होता है। सत् शब्द से भाव में तल् प्रत्यय तथा तलन्त से स्त्रीत्व के वाच्य होने पर टाप् प्रत्यय करने से 'सत्ता' शब्द बन जाता है। आत्मधारण करने का नाम सत्ता है, यह "सत्ता ह्यात्म-

वैयाकरणसमयानुसारतष्टापि सत्ता, सा चात्मधारणलक्षणा "सत्ता ह्यात्मधारणम्" इत्यभिज्ञवचनात्। सा च यद्यपि सर्वत्रानुस्यूता, सर्वं ह्यात्मानं दधत्स्वास्तित्वमनुभवति, तथापि भगवतोऽतिरिक्ता सा सर्वत्र व्यभिचारिणी—प्रतिक्षणं परिवर्तनशीला, उत्पत्तिविनाशशीला वा, भगवतश्च शाश्वती नित्यैकरूपाऽतो भगवान् विष्णुरक्षुण्णामेकरसां सत्तामधितिष्ठन् सत्स्वरूपः सत्तानाम्नाऽभिधीयते सत्तातत्त्वकोविदैः। कारणरूपायाः प्रकृतेः कार्यरूपं विविधं जगत् सत्तावदपि न सत्तासञ्ज्ञं तत्सत्ताया विपरिणामित्वात्। यथा च लोके सूर्योऽयनांशं प्राप्नुवानो व्यभिचरति स्वामेकरसात्मिकां सत्ताम्, अस्तित्वञ्च महाप्रलये। तस्माद् व्यभिचारिसत्त्वशून्यो भगवान् विष्णुः स्वसत्तया व्याप्य सर्वं सत्तावद् विदधत् स्वयं सत्तेति नाम बिभर्ति। अमुथैव लोकं दृष्ट्वा विविधमूह्यम्, दिङ्मात्रप्रदर्शनमेतत्।

भवति चात्रास्माकम्—

चराचरं विश्वमिदं समस्तं बिभर्ति नूनं निजसत्स्वरूपे।
षड्भाववैकारिकमेतदेव जगत्, न सत्तां प्रजहाति सत्ता ॥२७४॥

१—सत्ता=विष्णुः।

धारणम्" इस विद्वानों के वचन से सिद्ध है। वह सत्ता सर्वत्र ओतप्रोत है, क्योंकि प्रत्येक प्राणी या वस्तु अपने आपको धारण करती हुई अपने अस्तित्व का अनुभव करती है तथापि भगवान् की सत्ता के अतिरिक्त अन्य प्राणियों या वस्तुओं की सत्तायें व्यभिचरित होती हैं। अर्थात् भगवत्सत्ता के अतिरिक्त और सब सत्तायें, प्रतिक्षण परिवर्तन तथा उत्पत्तिविनाशशील है। भगवान् की सत्ता का कभी भी परिवर्तन, उत्पत्ति अथवा विनाश नहीं होता तथा वह सदा एकरूप रहती है, इसीलिये भगवान् का नाम सत्ता है, यह सत्ता शब्द के तत्त्वज्ञ विद्वानों का कथन है। कारणरूप प्रकृति का कार्यरूप विविध प्रकार का जगत् अपनी सत्ता रखता हुआ भी सत्ता नाम से नहीं कहा जाता, क्योंकि इसकी सत्ता परिवर्तनशील है, जैसा कि हम लोक में देखते हैं—अयनांशों के भेद से सूर्य की सत्ता भी अपनी एकरूपता को छोड़कर भिन्न-भिन्न अर्थात् न्यून या अधिक हो जाती है तथा महाप्रलय में सूर्य की सत्ता का विनाश भी हो जाता है। इसलिये व्यभिचाररहित सत्तावाला भगवान् विष्णु, अपनी सत्ता से इस समस्त जड़चेतन को सत्तावाला बनाता हुआ, सत्ता नाम को धारण करता है अर्थात् सत्ता नाम से कहा जाता है। इसी प्रकार लोक को देखकर विभिन्न प्रकार की ऊहायें कर लेनी चाहियें। हमने केवल मार्गमात्र दिखाया है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

वह भगवान् सत्तारूप विष्णु अपने सत्स्वरूप में इस चराचर रूप समस्त विश्व को धारण करता हुआ इसे सत्तायुक्त करता है। किन्तु जगत् के षड्भावविकारयुक्त होने से जगत् सत्तायें परिवर्तित होती रहती हैं, परन्तु भगवान् सदा अपनी एकरूप सत्ता से युक्त रहता है। वह अपनी सत्ता से ही सत्तानाम वाला है।

सद्भूतिः—७०२

अस्तेर्भवत्यर्थे वर्तमानादादिकाद् वर्तमानकाले शतृप्रत्यये सदिति साधितचरम् । अस्तिमत् सत् । सत्तार्थकभवतेः स्त्रियां भावे क्तिनि कित्वाद् गुणाभावे "तितुत्रतथसिसुसरकसेषु च" (पा० ७।२।९) सूत्रेणेण्निषेधे च भूतिरितिसिध्यति । सूत्रे चास्मिन् निरनुबन्धकेन तिग्रहणेन क्तिन्क्तिचोरुभयोर्ग्रहणं भवति । यद्वा "श्र्युकः क्किति" (पा० ७।२।११) सूत्रेणेण्निषेधः । एवञ्च सती =शाश्वती, भूतिः=भवनं=विविधभावेन परिणमनं यस्य स सद्भूतिः । अथवा सतः सत्तास्वरूपस्य विविधभावेन परिणामः सद्भूतिः । तथा च लोकेऽपि पश्यामः—कार्यभावेन परिणतमपि कारणं स्वकारणतां न जहाति, बीजं हि वृक्षपत्रफलादिरूपेण परिणतमपि स्वकारणबीजवद् भवति । तथा चोच्यते 'फलकोषो हि बीजाय ।' एतेन ज्ञायते, यन्नहि कारणं कालेन विहन्तुं शक्यते । सर्वत्र चैष कारणतालक्षणो गुणो विश्वं व्यश्नुवानो व्याचष्टे सद्भूतिसंज्ञं विष्णुम् । निमित्तकारणञ्च ब्रह्म जगतः, तथा हि दृश्यते लोके कृषीवलः क्षेत्रं बीजाकरोति, तत्र कृषीवलो बीजावापे निर्मित्तं भवति, न तूपादानं स्वयं बीजभावमापद्यते । तथैवेदं ब्रह्म जडचेतनरूपस्यास्य विश्वस्य निमित्तं कारणं न तूपादानकारणं, बीजानां वप्तेव । उपादानकारणन्तु सत्पदवाच्या प्रकृतिरेव । लोकेऽपि च दृश्यते

सद्भूतिः—७०२

सत् शब्द की सिद्धि पहले की जा चुकी है । सत्ता वाले का नाम सत् है । भूति शब्द सत्तार्थक भू धातु से स्त्रीत्वविशिष्ट भाव में क्तिन् प्रत्यय, क्निन्मित्तक गुण का अभाव तथा "तितुत्र" (पा० ७।१।९) इत्यादि सूत्र से इट् का निषेध होने से सिद्ध होता है । इस प्रकार जिसका नित्य ही विविधभाव से भूति अर्थात् परिणाम होता है, उसका नाम सद्भूति है । अथवा सत्स्वरूप के विविधभाव से परिणाम का नाम सद्भूति है ! लोक में भी देखने में आता है कि कार्यरूप में परिणत हुआ भी कारण अपनी कारणता का त्याग नहीं करता । बीज वृक्ष रूप में परिणत होकर भी अपने कारणरूप बीज की सत्ता रखता है, बीज के लिये ही फलकोष (फली) होता है । इससे यह सिद्ध होता है कि काल से कारण का नाश नहीं होता । यह ही कारणता-लक्षण धर्म सर्वत्र व्याप्त हुआ, उस सद्भूति नामक भगवान् विष्णु का व्याख्यान कर रहा है । ब्रह्म जगत् का निमित्त कारण है । ऐसा ही लोक में देखा जाता है । जैसे कि कोई कृषक (किसान) खेत में बीज बोता है, तो बीजों के बोने में किसान निमित्त होता है न कि उपादान कारण । किसान के समान ही यह ब्रह्म इस जड़ चेतन रूप विश्व का निमित्त कारण होता है, न कि उपादान कारण । जगत् का उपादान कारण सत् शब्द का वाच्यार्थ प्रकृति है । लोक में भी देखने आता है—भूमि में उत्पन्न होता हुआ फल भूमि में ही किसी प्रकार के उपादान को प्राप्त करके कारणरूप से परिणत होता हैं । जैसे—प्राधान्य से जल को चाहते हुये शालितण्डुल तथा भूमि को प्राधान्य से चाहते हुये गोधूम (गेहूं), और गेहूं कुछ अन्तर से जल प्रतिक्षण जल का आश्रय लेते हैं ।

भूमावुत्पद्यमानं फलं, भूमावेव पुनस्तथाविधं किञ्चिदुपादानं प्राप्य कारणरूपेण परिणमते, नान्यथा । तद्यथा—शालयो जलं प्राधान्येनापेक्षमाणाः गोधूमाश्च भूमिं प्राधान्येनापेक्षमाणा जलमनुलवमाश्रयन्ते । किन्तु यवा रूक्षा लघवश्च भवन्ति, तस्मान्न.तेऽनुलवं जलमवश्यम्भावत्वेनापेक्षन्ते । तस्मात् सत्, निमित्तं, आदिकारणं वा ब्रह्म । सत्=प्रकृतिः किमपि चेतनमपेक्षते स्वप्रवृत्तौ, बीजमिव कृषीवलम् । एवं लोकदर्शमुदाहरणवैविध्यं कल्पनीयम् । पथप्रदर्शनमेवास्माकमभिमतम् ।

भवतश्चात्रास्माकम्—

सत् सर्वकार्येषु विभाति नैर्जीं सत्तां पुनस्तन्न जहाति नूनम् ।
सत्ता हि सद्भूतिपदेन बोध्या सद्भूतिरन्वेति च कार्यमात्रम् ।।२७५।।

कृषीवलः सस्यसुखानुलिप्सुर्निमित्तमात्रं त्विह बीजवापे ।
तथैव विष्णुस्तु निमित्तमात्रं स सत्प्रकृत्या कुरुते च विश्वम् ।।२७६।।

यथा हि बीजं स्ववापे चेतनशक्तिमपेक्षते, तथैव महज्जगन्महत् सज्ञं सच्चित्स्वरूपमपेक्षते । निर्लिप्तत्वाच्च स आनन्दमयः ।

किन्तु यव (जौ) धान्य रूक्ष और लघु (हलका) होता है, इसलिये वह जल को प्रतिक्षण अर्थात् अधिकता से नहीं चाहता । इसलिये सत् निमित्त या जगत् का आदिकारण ब्रह्म है । सत् रूप प्रकृति अपने प्रवृत्त होने के लिये, बीज की प्रवृत्ति में किसान के समान किसी चेतन की अपेक्षा करती है । इस प्रकार लोक को देखकर विविध प्रकार के उदाहरणों की कल्पनायें कर लेनी चाहियें । हमारा अभिमत केवल व्याख्या मार्गमात्र दिखलाना है ।

इस उपर्युक्त भाव को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार प्रकार व्यक्त करता है—

वह सत्स्वरूप भगवान् विष्णु, सब कार्यरूप भावों में परिणत होकर भी अपनी सत्ता को न हि छोड़ता अर्थात् अपनी मूलसत्ता को बनाये रखता है । सत्ता का ही नाम सद्भूति है तथा वह सर्वत्र कार्यमात्र से सम्बद्ध है । जैसे बीजों के वपन (बोने) में किसान निमित्तमात्र होता है, उस ही प्रकार भगवान् विष्णु विश्व के निर्माण में निमित्त कारण होता है, वह सत्पदाभिधेय उपादान कारण प्रकृति के द्वारा इस विश्व की रचना करता है ।

जैसे बीज अपने वपन (बिजाई) में चेतन शक्ति की अपेक्षा करता है, उस ही प्रकार यह महत् जगत् किसी महत् संज्ञक सच्चिदानन्दमय तत्त्व की अपेक्षा रखता है अपने संचलन में । वह भगवान् विष्णु ही निर्लिप्त होने से आनन्दमय है ।

सत्परायणः—७०३

सत्— शब्दो व्युत्पादितः । परः पृणातेः पचाद्यचि, पृणातीति परः । एतेर् अयतेर्वाऽधिकरणे ल्युटि, अयनम । परशब्देन सह सांहितिको दीर्घसन्धिः परायणः । एवञ्च सद्रूपायाः प्रकृतेः परः श्रेष्ठो गमनाधारः । अथवा—सत्प्रकृतिविकाराणां पालनपोषणकर्तॄणां पञ्चमहाभूतानाम् अशेषयोनिभेदप्रत्यायकानां, कारणानां, यस्मिन् निमित्तकारणात्मके ब्रह्मणि=अयनं=गमनं मातुरङ्कवत्, सत्परायणं ब्रह्म, सत्परायणो विष्णुः सविता वा ।

लोकेऽपि च पश्यामः—कृषीवलस्य सर्वाणि बीजवापनिमित्तानि, साधनानि निमित्तकारणं कृषीवलमेवाश्रित्य सार्थकानि भवन्ति, सम्यग् व्यवस्थितानि च तमेव निमित्तकारणं कृषीवलं प्रत्याययन्ति । तथैवायं सत्परायणो विष्णुः स्वयमविनाशी जगतः कर्ता, कर्त्रा च यथापेक्षकार्यकरणाय सम्यग्व्यवस्थितानि साधनानि स्वयं शोभमानानि स्वप्रयोक्तारं प्रत्याययन्ति । इयमेवावस्था चराचररूपे विश्वे प्रतिपदं दृश्यते—एनं चराचरं विश्वं व्यवस्थापयितुं, निमित्तकारणात्मकः कृषीवल इव विष्णुर्मनुष्यबुद्धेर्विषयबहिर्भूतानां प्रवाहनित्यानामसंख्यातानां परम आश्रय इति सत्परायण उक्तो भवति, प्रत्याय्यते च प्रतिपदमेभिः साधनैः ।

सत्परायणः—७०३

सत् शब्द का व्युत्पादन पहले किया गया है—

पालन तथा पूरणार्थक क्र्यादिगणपठित "पॄ" धातु से पचादि अच् प्रत्यय और गुण करने से पर शब्द सिद्ध होता है । अयन शब्द गत्यर्थक "अय" अथवा 'इण्" धातु से अधिकरण अर्थ में ल्युट् प्रत्यय करने से बनता है । इस प्रकार सद्रूप प्रकृति का जो श्रेष्ठ पूरक तथा गति का आधार है उसका नाम सत्परायण है अथवा माता की गोद में बालक के समान इन सब सद्रूप प्रकृति के विकारभूत पालन पोषण करने वाले पञ्चमहाभूत तथा सब योनिभेदों के परिचायक कारणों का जिसमें गमन है, ऐसे जगत् के निमित्तकारणभूत ब्रह्म का नाम सत्परायण है, तथा यह सूर्य का नाम भी है । हम लोक में भी देखते हैं—कृषक (किसान) के बीज बोने के सब बैल हल आदि साधन, निमित्तकारण रूप किसान के आश्रय से ही सफल होते हैं तथा वे सब अच्छे प्रकार से व्यवस्थित हुये उस किसान को ही बोधित करते हैं । इसी प्रकार जगत् के अविनाशी कर्ता भगवान् विष्णु के द्वारा अपने अपेक्षित विश्व के सञ्चालन के लिये प्रयुक्त किये हुये साधन व्यवस्थानुकूल कार्य करते हुये अपने प्रयोक्ता को बोधित करते हैं । इस चराचररूप विश्व में इसी प्रकार की स्थिति पद-पद पर देखने में आती है । इस चराचर विश्व को व्यवस्थित करने के लिये बीजावाप के निमित्तकारणभूत किसान के समान, वह विष्णु मनुष्य की बुद्धि के अगोचर तथा प्रवाहरूप से नित्य असंख्य कार्य कारणों का परम आश्रय है । इसलिये उसका नाम सत्परायण है, तथा पद-पद पर इन ही साधनों के द्वारा उसका बोध होता है । इसमें

मन्त्रलिङ्गञ्चात्र—

"अन्ति सन्तं न पश्यति अन्ति सन्तं न जहाति ।
पश्य देवस्य काव्यं न ममार न जीर्यति ।।

पूर्वेणेषिता वाचस्ता वदन्ति यथायथम् ।
वदन्तीर्यत्र गच्छन्तितदाहुर्ब्राह्मणं महत् ।" अथर्व० १०।८।३२, ३३ ।।

"यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव ।
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम ।"
यजुः २३।३; ऋक् १०।१२१।३ ।। इत्यादि ।

भवतश्चात्रास्माकम्—

यदस्ति सत्तत् क्रमते च सन्तं स सच्चिदानन्दमयोऽस्ति सृप्तः ।
लोकेऽपि विद्वांसमुपेत्य दक्षं सम्भान्ति सर्वाणि च साधनानि ।।२७५।।

महाबुद्धिर्महावीर्यो विष्णुरेको हि केवलः ।
[1]तपसोऽभीद्धयोगेन [2]व्यज्यानक्ति च सत्पदम् ।।२७६।।

१—अत्र मन्त्रलिङ्गम्—"ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत ।"
ऋक् १।१९०।१ ।।

२—व्यज्य—वि—अज्य=सर्वं कार्यगणं कारणगणञ्च पृथक्-पृथक् प्रकाश्य, स्वकं विनाशरहितं स्वरूपं प्रत्याययति, प्रत्यक्षमिव प्रकटयति ।

"अन्ति सन्तं न पश्यति" "पूर्वेणेषिता वाचः" (अथर्व १०।८।३२, ३३) तथा "यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक" (यजु २३, ३; ऋक् १०।१२१।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं ।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

जो कुछ भी यहां सद् रूप से प्रतीत होता है वह सब भगवान् सच्चिदानन्द के आश्रित होता है, वह सब भगवान् सच्चिदानन्द ही सर्वत्र व्यापकरूप से प्रसृत अर्थात् फैला हुआ है । लोक में भी साधनों की शोभा या सफलता विद्वान् चतुर पुरुष के आश्रित होने से ही होती है । केवल एक भगवान् विष्णु ही अपने अपरिमित बल बुद्धि तथा [1]अभीद्ध=अत्यन्त प्रवृद्ध तथा प्रदीप्त तप के योग से कार्य और कारण गण को पृथक्-पृथक् प्रकाशित करके इसके द्वारा अपने सत् रूप परमपद को प्रकट करता है, अर्थात् अपने अविनाशि-स्वरूप का बोध करवाता है ।

१—इसमें "ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत" (ऋक् १।१९०।१) मन्त्र प्रमाण है ।

शूरसेनः—७०४

शूरा—"शु" इति सौत्रो धातुर्गत्यर्थस्तस्मात् **"शुसिचिमीनां दीर्घश्च"** (२।२५) इत्युणादिसूत्रेण रक् प्रत्ययस्तत् सन्नियोगेन धातूकारस्य दीर्घश्च, "तितुत्र" (पा० ७।२।९) इतीण् निषेधः, किस्वाद् गुणाभावश्च, स्त्रियां टाप्।

शूरयतेर्वा पचाद्यच्, णेर्लोपः, स्त्रियां टाप्। बहुव्रीहौ **"स्त्रियाः पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ्"** (पा० ६।३।३२) इत्यादिना पूर्वपदस्य पुंवद्भावः—

सेना—"षिञ् बन्धने" इति सौवादिको धातुः **"धात्वादेः षः सः"** (पा० ६।१।६२) सूत्रेण मूर्द्धन्यस्य षस्य सकारः। **"कृवृजृसिद्रुपन्यनिस्वपिभ्यो नित्"** (३।१०) इत्युणादिसूत्रेण 'नः' प्रत्ययस्तस्य निद्वद्भावश्च **"नेड् वशि कृति"** (पा० ७।२।८) सूत्रेणेण्निषेधः, **"सार्वधातुकार्धधातुकयोः"** (पा० ७।३।८४) इति गुणः, स्त्रियां टाप्।

चमूशब्दपर्यायवाचकं सेनाशब्दमधिकृत्येदमुच्यते—यावन्तो हि हिंस्रस्वभावा जन्तवः भगवता निर्मितास्ते सर्वे भगवद्व्यवस्थया बद्धा न तदाज्ञां विना कमपि हन्तुमीशते। एतेन प्रतिपदं दृश्यमानेन नियमेन तस्य शूरसेनस्य सर्वव्यापिका शूरसेनता दृग्गोचरमायाति। यद्वा, शूरान्=गतिमतोऽसौ सिनाति=बध्नातीति शूरसेनः। तथा हि दृश्यते लोके—आपादनखशिखं बद्धेयं प्राणिजातिः सवेगं धावति, यथाभिमतमाचरति च। न हि कश्चिदपि जीवः सवेगं निःशङ्कञ्च

शूरसेनः—७०४

गत्यर्थक सौत्र "शु" धातु से उणादि रक् प्रत्यय के सम्बन्ध से धातु के उकार को दीर्घ तथा तितुत्र० इत्यादि सूत्र से इट् का निषेध होने से शूर शब्द बनता है। स्त्रीलिङ्ग में टाप् करने से शूरा शब्द बन जाता है।

यद्वा—चुरादिगण पठित विक्रान्त्यर्थक शूर धातु से पचादि अच् प्रत्यय, णि का लोप, स्त्रीप्रत्यय टाप् तथा बहुव्रीहिसमास में **"स्त्रियाः पुंवद् भाषितपुंस्कादनूङ्"** (पा० ६।३।३२) से पुंवद्भाव करने से 'शूरा' को 'शूर' हो जाता है।

सेना शब्द, षिञ् इस बन्धनार्थक स्वादिगणीय धातु से आदि के षकार को सकार, उणादि न प्रत्यय, इट् का निषेध, गुण तथा स्त्रीलिङ्ग में टाप् करने से सिद्ध होता है।

चमू शब्द के पर्याय सेना शब्द के विषय में कुछ वर्णन किया जाता है—जितने हिंसक जीव भगवान् ने बनाये हैं, वे सब भगवान् के अनिवार्य नियमों से निबद्ध हैं, वे विना भगवान् की आज्ञा के किसी को नहीं मार सकते। इस अटल नियम से प्रतीत होता है कि भगवान् की शूरसेनता सर्वव्यापक है, अर्थात् यहां दृश्यवर्ग में विक्रान्तिशील जीव भगवान् के सेनारूप हैं।

यद्वा—शूर नाम गति वालों का है, उन गति वालों को जो बांधता है, उसका नाम शूरसेन है, जैसा कि लोक में देखा जाता है—ये सब प्राणी शिखा से पैरों के नखों

धावन् मम धावतः कश्चिदवयवः पतिष्यतीति मनसापि चिन्तयति। ईदृश्येव व्यवस्था सर्वत्र दृश्यते—

एतस्य मूलञ्च भगवान् सूर्य एव। यदुक्तम्—"सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्चेति" (ऋक् १।११५।१) ततः शक्यते वक्तुं यद् येन भगवता स्वव्यवस्थया बद्धः सूर्यः सर्वदा दिवि चरति, स भगवान् महामहिमशाली विष्णुरेव शूरसेन इति। एवमेव सकलं चराचरदृश्यमदृश्यं चिन्त्यमचिन्त्यञ्च जगत्तस्य विष्णोः शूरसेनत्वलक्षणं गुणं प्रकाशयन्, शूरसेनाभिधानं लभते।

पूर्वैरर्वाक्तनैश्चर्षिभिः सर्वत्र यन्त्रेषु प्रयुक्तोऽग्निः बन्धनबद्धं यन्त्रं गमयित्वा मनुष्योपकारं कुरुते। तदेतत्सर्वं तस्य भगवतश्शूरसेनस्यानुकरणमात्रम्। एवं प्रतिपदं कल्पनीयम्।

यथा शिल्पी यन्त्रेषु स्वबुद्धे वैभवं प्रतिपदं व्यनक्ति, तथैवायं महाबुद्धिः स्वतः प्रकाशः स्वयं प्रमाता, यथायोग्यविभागभवतं यथायोग्यबन्धनैर्बद्धञ्च शरीरं विधाय, केवलं स्वतन्त्रमबद्धमिव बोधयन् निजमव्यक्तं स्वरूपं प्रत्याययति।

मन्त्रलिङ्गञ्चात्र—

"अग्निमीडे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्।
होतारं रत्नधातमम्।

तक बन्धे हुये हैं। इसीलिये वेग से भागते हुये तथा यथेष्ट आचरण करते हुये इनका कोई भी अवयव न हि गिरता तथा यथेष्ट वेग से दौड़ता हुआ प्राणी, मन से भी यह नहीं विचारता कि भागने से मेरा कोई अवयव गिर जायेगा। सर्वत्र इस प्रकार की ही व्यवस्था देखने में आती है।

इस व्यवस्था का मूल कारण भगवान् सूर्य ही है जैसा कि कहा है "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्चेति" (ऋक् १।११५।१) इसलिये जिसकी व्यवस्था से व्यवस्थित अर्थात् बन्धकर, प्रतिक्षण सूर्य आकाश में भ्रमण करता है, वह महामहिमशाली भगवान् विष्णु ही शूरसेन नाम से कहा जाता है। इस ही प्रकार यह सब चराचर दृश्यादृश्य तथा चिन्त्याचिन्त्य जगत् भगवान् विष्णु के शूरसेनस्वरूप धर्म को प्रकट करता हुआ शूरसेन नाम से उक्त होता है। पूर्व तथा उनके बाद में होने वाले ऋषियों के द्वारा यन्त्रों में प्रयुक्त किया हुआ अग्नि, बन्धनों से बन्धे हुये यन्त्र को चलाकर मनुष्यों का उपकार करता है। यह सब भगवान् शूरसेन का अनुकरण मात्र है। इसी प्रकार स्थान-स्थान पर=सर्वत्र कल्पनायें करनी चाहियें।

जैसे कोई शिल्पी=कारीगर यन्त्रकार आदि यन्त्रों के निर्माण तथा प्रयोग में अपनी बुद्धि के वैभव को प्रकट करता है, उस ही प्रकार विलक्षण बल बुद्धिशाली, स्वयम्प्रकाश, स्वयम्प्रमातृरूप भगवान्, यथायोग्य अवयवों में विभक्त तथा अनुकूल बन्धनों से बन्धे हुये शरीर का निर्माण करके इसको स्वतन्त्र तथा अबद्ध=स्वाधीन के समान बोधित करता

अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत ।
स देवाँ एह वक्ष्यति ।।

अग्निना रयिमश्नवत् पोषमेव दिवे दिवे ।
यशसं वीरवत्तमम् ।" ऋक् १।१।१, २, ३ ।।

अग्नि शब्देन लौकिकोऽग्निरीश्वरश्चोभावपि गृह्येते । तस्मादुभयथापि शूरसेन इति नाम व्याख्यातम् । उदाहरणानां वैविध्यं लोकं दृष्ट्वा स्वयमुन्नेयं भवति । तद्यथा—नेत्रं गतिमत्, नृत्यदिव च पश्यति, परन्तु न पतति बद्धत्वात्, शूर इव कुरुते च गतिम्, साधयति च यथेष्टम् ।

इतरोऽपि योद्धृपर्यायः शूर एतस्मादेव । सोऽपि स्वाम्यभिमतं चिकीर्षुर्गतिं कुरुते । इतरा पृतनाऽपरनामिका सेनाप्येतस्मादेव, सा हि नियमबद्धा गच्छति राजाभिमतञ्च कुरुते । गौणनाम्ना राजापि शूरसेन उक्तो भवति, परन्तु परमार्थतः सूर्यः शूरसेनः, तद्व्यवस्थापकश्च भगवान् सर्वं बिभ्राणो विष्णुः शूरसेन इति निष्प्रपञ्चं बोद्धव्यम् ।

हुआ अपने अव्यक्त अन्तर्यामी स्वरूप का बोध करवाता है । इस अर्थ को "अग्निमीडे पुरोहितं" "अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यः" तथा "अग्निना रयिमश्नवत्" (ऋक् १।१।१, २, ३) इत्यादि मन्त्र प्रमाणित करता है ।

अग्नि शब्द से लौकिक अग्नि और ईश्वर दोनों का ग्रहण होता है । इसलिये दोनों ही प्रकार से शूरसेन नाम का व्याख्यान किया गया है । उदाहरणों की विविध कल्पनायें लोक को देखकर कर लेनी चाहियें ।

जैसे—चक्षु इन्द्रिय गतिवाला है और वह नृत्य करता हुआ सा रूप को ग्रहण करता है, किन्तु वह गिरता नहीं, क्योंकि वह बन्धा हुआ है तथा शूर के समान गति करता है । यथेष्ट साध्य कार्य को सिद्ध करता है । दूसरा जिसे योद्धा कहते हैं, वह शूर भी इसीलिये है कि वह अपने स्वामी का अभिमत करने की इच्छा से गति करता है ।

यह शत्रुओं से युद्ध करने वाली सेना भी सेना नाम से इसीलिये सेना कही जाती है, क्योंकि वह नियमबद्ध चलती है तथा राजा का अभिमत सिद्ध करती है । गौणरूप से राजा का नाम भी शूरसेन है, किन्तु परमार्थरूप से सूर्य और उसके व्यवस्थापक सकल चराचर को धारण करने वाले विष्णु का नाम शूरसेन है, यह परमार्थ सत्य है । यह उदाहरण पद्धति का प्रदर्शन मात्र है ।

भवति चात्रास्माकम्—

स शूरसेनो भगवान् मनस्वी बध्वापि विश्वं कुरुते स्वतन्त्रम् ।
तं ज्ञाननेत्राः प्रपदं समीक्ष्य स्तुवन्ति विष्णुं क्षपयन्ति पापम् ।।२७६।।
ये शूरसेनस्य यथातिसूक्ष्मं ज्ञानं जगत्याञ्च प्रतिष्ठमानम् ।
पश्यन्ति ते वह्निमुपास्य यन्त्रे गच्छत् सुबद्धं विदधन्ति[1] यन्त्रम् ।।२७७।।

इति दिङ्मात्रमुदाहृतम् ।

१—दध धारणे, विपूर्वः करोत्यर्थे ।

यदुश्रेष्ठः—७०५

यदुः—"यती प्रयत्ने" इति भौवादिको धातुस्ततः "**अणश्च**" (१।८) इति उणादिसूत्रपठितचकाराद् वा 'उः' प्रत्ययः । तथा च कटति रसनां कटुः रसः, वटतीति वटु, विभाजको द्विजसुतो वा, यतेः यतुः प्रयत्नशीलः "**पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्**" (पा० ६।३।१०७) इति वैयाकरणसमयात् तकारस्य दकाररूपो वर्णादेशः । एवञ्च यो हि यतुः स एव यदुरिति विज्ञेयम् ।

श्रेष्ठः—प्रशस्यशब्दादातिशायनिकेऽर्थे "**प्रशस्यस्य श्रः**" (पा० ५।३।६०) '**इष्ठनि**' प्रकृतेः श्रादेशे, प्रकृतिभावे गुणे च, अतिशयेन प्रशस्यः श्रेष्ठः । यदूनां =प्रयत्नशीलानां मध्ये अतिशयेन प्रयत्नशील इत्यर्थः । तत्र सूर्यो नित्यैकरस-गतिर्दिवि भ्रमति, तस्मात स यदुश्रेष्ठ इत्युक्तो भवति । मन्त्रलिङ्गञ्च—

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

वह सर्वज्ञ भगवान् शूरसेन इस विश्व को सन्धिरूप वन्धनों या अपने अटल नियमों से वान्धकर भी स्वतन्त्र (खुले हुये) के समान रखता है, ज्ञानी महापुरुष इसी रूप से भगवान् को देखते हुये, अपने पापों को नष्ट करने के लिये उसकी स्तुति करते हैं ।

जो पुरुष इस अत्यन्त सूक्ष्म सर्वत्र जगत् में फैले हुये भगवान् शूरसेन सम्बन्धि ज्ञान को जान लेते हैं, वे पुरुष यन्त्र में अग्नि की उपासना अर्थात् स्थापना करके यन्त्र को सुबद्ध तथा गतिशील बनाते हैं ।

यदुश्रेष्ठः—७०५

यदु शब्द प्रयत्नार्थक भ्वादिगणपठित "यती" धातु से उणादि १।८ सूत्रस्थ चकार से अथवा बाहुलक से 'उ' प्रत्यय तथा पृषोदरादि के नियमानुसार तकार को दकाररूप वर्णादेश करने से सिद्ध होता है । जैसे कट धातु से उणादि उ प्रत्यय करने से 'कटु', जो रसना (जिह्वा) को रोके, वट धातु से वटु, जो विभाग करे अथवा द्विजसुत । इसी प्रकार यती धातु से बना यतु ही तकार को दकार करने से यदु हो जाता है, अर्थ 'जो प्रयत्न-शील है ।'

श्रेष्ठ शब्द, प्रशस्य शब्द से अतिशय अर्थ में इष्ठन् प्रत्यय शब्द को श्र आदेश तथा प्रकृतिभाव और गुण करने से बनता है जो अत्यन्त प्रशस्त=प्रशंसनीय है, उसका नाम श्रेष्ठ है । यदुओं (प्रयत्नशीलों) में जो श्रेष्ठ है उसका नाम यदुश्रेष्ठ है । जैसे

"यदिन्द्राग्नी यदुषु तुर्वशेषु यद् द्रुह्युष्वनुषु पुरुषु स्थः ।
अतः परि वृषणा वा हि यातमथा सोमस्य पिबतं सुतस्य ।"
ऋक् १।१०८।१ ।।

"उत दासा परिविषे स्मद्दिष्टी गोपरीणसा ।
यदुस्तुर्वश्च मामहे ।" ऋक् १०।६२।१० ।।

लोके चापि पश्यामः शरीरे हृदयं यतूनां मध्ये श्रेष्ठं, तत्र चात्मनो निवासः आत्मा च सूर्यः "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च" (ऋक् १।११५।१) इति मन्त्रलिङ्गात् । पुण्डरीकाक्षनामव्याख्यानेऽपि विशदमुक्तं, तत्र द्रष्टव्यम् । हृदययन्त्रं स्वतन्त्रपेशीमत्कं ततश्च तन्निरन्तरं चलति, तद्गतेरवरोधान्नाशो मृत्युरिति । हृदयस्य निर्दोषतायै जीवः प्रार्थयते—

"यन्मे छिद्रं चक्षुषो हृदयस्य मनसो वाऽतितृण्णं बृहस्पतिर्मे तद्दधातु ।
शन्नो भवतु भुवनस्य यस्पतिः ।" यजुः ३६।२ ।।

तत्रेदं वितर्क्यंते, को नामास्य सूर्यस्य व्यवस्थापयितेति । समाधानमस्येदमेव यत् स सर्वगः सर्वाधारो यदुश्रेष्ठो भगवान् विष्णुरेवास्य व्यवस्थापयिता ।

तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके तदन्तरस्य
सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ।" यजुः ४०।५ ।।

भगवान् सूर्य सदा एक रस गति से आकाश में भ्रमण करता है, इसलिये नित्यगतिशील अर्थात् प्रयत्नशील होने से यदुश्रेष्ठ है । यह भगवान् का नाम "यदिन्द्राग्नी यदुषः" (ऋक् १।१०८।८) तथा "उत दासा परिविषेः" (ऋक् १०।६२।१०) इत्यादि मन्त्रों से प्रमाणित है । लोक में भी हम देखते हैं शरीरों में हृदय यदुश्रेष्ठ है क्योंकि हृदय में आत्मा का निवास है और सूर्य ही आत्मा है । सूर्य के आत्मत्व में "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च" (ऋक् १।११५।१) यह मन्त्र प्रमाण है । इस विषय में पुण्डरीकाक्ष नाम के व्याख्यान में बहुत कुछ स्पष्ट किया गया है, इसलिये वहां देखना चाहिये । हृदयरूप यन्त्र अपनी स्वतन्त्र पेशियों से निरन्तर चलता रहता है । हृदय की गति के रुक जाने से ही शरीर का नाश अर्थात् मृत्यु होती है । हृदय की निर्दोषता अर्थात् शुद्धि के लिये ही जीव "यन्मे छिद्रं चक्षुषो हृदयस्य०" (यजुः ३६।२) इत्यादि मन्त्र से ईश्वर की प्रार्थना करता है ।

यहां यदि सूर्य का व्यवस्थापक कौन है ? इस विषय में विचारा जाये तो समाधान यह ही होता है कि सूर्य का व्यवस्थापक सर्वगत सर्वाधार यदुश्रेष्ठ नामक भगवान् विष्णु ही है । यह भाव इस "तदेजति तन्नैजति तद्दूरे०" (यजुः० ४०।५) इत्यादि तथा

तथा—

"अस्मे श्रेष्ठेभिर्भानुभिर्विभाह्युषो देवी प्रतिरन्ती न आयुः ।
इयं च नो दधती विश्ववारे गोमदश्वाद् रथवच्च राधः ।"
ऋक् ७।७७ ५ ॥

यथायं यदुश्रेष्ठः सूर्यः राशे राश्यन्तरं सङ्क्रामति, तथायं जीवोऽपि देहाद्देहान्तरं सङ्क्रामति—

"अङ्गादङ्गात् सम्भवसि हृदयादधिजायसे ।
आत्मा वै पुत्रनामासि त्वं जीव शरदः शतम् ।"
(तुलनीयम् मन्त्र ब्राह्मण—१।५।१७)

इतिमन्त्रलिङ्गात् ।

भवति चात्रास्माकम्—

मन्ये यदुश्रेष्ठ इहास्ति सूर्य आत्मापि सूर्यः स विभुश्च सूर्यः ।
काये यदुश्रेष्ठमतश्च "हृत्" स्यात् विष्णुस्तु यातूनतिशय्य शेते ॥२७८॥

यथायमात्मा नश्यत्स्वपि शरीरेषु न नश्यति, तथैवायं यदुश्रेष्ठो भगवान् वरेण्यो नश्यत्स्वपि जागतभावेषु न नश्यति सत्यधर्मा । वक्ष्यति च नामसंग्रहे **सत्यधर्मपरायण** इति ।

"अस्मेश्रेष्ठेभिर्भानुभिर्विभाह्युषो देवीः" (ऋक् ७।७७।५) इत्यादि मन्त्र से प्रमाणित होता है । जैसे यह यदुश्रेष्ठ सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में जाता है, उसी प्रकार यह जीव भी एक देह से दूसरे देह में जाता है, जैसा कि **'अङ्गादङ्गात्सम्भवसि हृदयादधिजायसे"** (द्र० मन्त्र ब्राह्मण १।५।१७) इत्यादि मन्त्र से प्रतिपादित है ।

इस नाम के भाव को भाष्यकार अपने पद्य से इस प्रकार व्यक्त करता है—

सूर्य का नाम यदुश्रेष्ठ है, वह सूर्य ही आत्मा है तथा वह सर्वव्यापक भगवान् विष्णु ही सूर्यरूप है । शरीरों में हृदय यदुश्रेष्ठ इसीलिये है कि उसमें यदुश्रेष्ठ, सूर्य, आत्मारूप से निवास करता है, तथा भगवान् विष्णु सब यदुओं=प्रयत्नशीलों में अत्यन्त यदु=प्रयत्नशील होने से यदुश्रेष्ठ है । जैसे यह जीवात्मा शरीरों का नाश होने पर भी स्वयं नष्ट न हि होता, उसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ सत्यधर्मा सब जगत् के भाव=पदार्थों के नष्ट होने पर भी नष्ट नहीं होता, क्योंकि वह सत्यधर्मा तथा अविनाशी है, इसीलिये भगवान् को नाम संग्रह में **सत्यधर्मपरायण** नाम से कहा गया है ।

सन्निवासः—७०६

सत् - शब्दो व्युत्पादितः । निवासः—नि-उपसर्गपूर्वकः "वस निवासे" इति भौवादिको धातुस्ततो "हलश्च" (पा० ३।३।१२१) सूत्रेणाधिकारणे घञ् प्रत्ययो ञित्त्वादुपधावृद्धिः ततो निवासः, उष्यतेऽस्मिन्निति । सतां=विनाश-रहितानां, प्रवाहतो नित्यानाम्, आप्रलयस्थायिनां वासो यस्मिन् स सन्निवास इति । सतः तकारस्य "यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा" (पा० ८।४।४५) सूत्रेण पाक्षिको नकारः । प्रकृतिः, जीवः, स्वयं ब्रह्म चेत्यविनाशिवर्गः । तत्र प्रकृत्याः कार्यरूपपरिणामे कारणं ब्रह्म, यथा चेतनजीवाधिष्ठितदेहरूपपुत्रोत्पादने माता-पितरौ निमित्तकारणं भवतः । गौण्या वृत्त्या चोच्यते, मातृजोऽयं, पितृजोऽयमिति । अमुथैवेयम् अघटितघटनापटीयसी प्रकृतिः निमित्तकारणस्य ब्रह्मणोऽभीद्धतपसो योगेन दृश्यादृश्यलोकलोकान्तररूपकार्ये परिणमते, यो हि यं परिणमयति, स तस्य परिणमयिता=वासयिता भवति । तद्यथा—

> "त्वं हि नः पिता वसो ! त्वं माता शतक्रतो ! बभूविथ ।
> अथाते सुम्नमीमहे ।" (ऋक् ८।९८।११; साम० ३०, ४, २, १३, २)

इति ऋक्साम्नोर्मन्त्रलिङ्गम् ।

अमुथैवायं विष्णुः सन्निवास उक्तो भवति । लोकेऽपि च पश्यामः—त्रिदोषदोषमूले प्रवाहनित्ये शरीरे ये काम—क्रोध—लोभ—मोह—अहङ्काराः,

---

सन्निवासः—७०६

सत् शब्द पहले सिद्ध किया जा चुका है ।

निवास शब्द, नि उपसर्गपूर्वक निवासार्थक भौवादिक "वस" धातु से अधिकरण कारक में घञ् और उपधावृद्धि करने से सिद्ध होता है । जिसमें वास किया जाये, उसका नाम निवास है । सत् अर्थात् अविनाशी, प्रवाहरूप से नित्य प्रलय पर्यन्त स्थायी भावों का जिसमें निवास हो, उसका नाम सन्निवास है । सत् के तकार को परसवर्णरूप वैकल्पिक नकार हुआ है । प्रकृति, जीव तथा ब्रह्म में तीनों अविनाशी हैं । प्रकृति के कार्यरूप में परिणमन होने में ब्रह्म कारण है, उसी प्रकार जिस प्रकार कि चेतनजीव से अधिष्ठित देहरूप पुत्र के उत्पन्न करने में माता पिता निमित्त कारण होते हैं । किन्तु गौण व्यवहार से उसे माता या पिता से उत्पन्न हुआ कहा जाता है । इसी प्रकार यह अघटितघटज अर्थात् अकार्य को करने में समर्थ प्रकृति, निमित्त कारण ब्रह्म के प्रवृद्ध तपरूप ज्ञान योग से, दृश्य तथा अदृश्य लोक लोकान्तररूप कार्य में परिणत होती है । जो परिणाम में प्रयोजक होता है, वह परिणमयिता या वासयिता नाम से कहा जाता है । यह ही भाव "त्वं हि नः पिता वसो" इत्यादि ऋक् (८।९८।११) और सामवेद (उ० ४।२।१३।२) में पठित मन्त्र से सिद्ध होता है । इस प्रकार से भगवान् विष्णु का सन्निवास

तथा इच्छा—द्वेष—प्रयत्न—सुख—दुःख—ज्ञानानि सन्ति, तेषां प्रवाहनित्यानां वासयिताऽविनाशी जीवो भवति नह्येते मृतशरीरे व्यञ्जन्त्यात्मानम्। तस्मात् यथाभूतं दृश्यते, तथा भूतमुच्यते।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यादृगेव ददृशे तादृगुच्यते।" ऋक् ५।४४।६ ॥

अमुथैवायं सूर्योऽपि सन्निवास उक्तो भवति, स हि सूर्यः सकलस्य चराचरस्यात्मभूतः सकलं चराचरं जीवितमिव गत्या, प्रभया, तेजसा च युनक्ति कारणानुरूपम्। एवं सर्वं विश्वं व्यश्नुवानो भगवान् विष्णुः सन्निवास इति नाम्नोच्यते कूटस्थत्वान्नित्यत्वाच्च।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"जिघर्म्यग्निं हविषा घृतेन प्रतिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा।
पृथुं तिरश्चा वयसा बृहन्तं व्यचिष्ठमन्नै रभसं दृशानम्।"
ऋक् २।१०।४ ॥

"प्रति क्षियन्तं भुवनानि विश्वा" विश्वानि भुवनानि=लोकलोकान्तराणि निजसत्तायां वासयन्तं, तेषु वा वसन्तमिति भावः। अस्य सूक्तस्य अग्निर्देवता। अग्निशब्देन चात्र सङ्ग्रहे विष्णुर्गृहीतः। क्वचित् सूर्यः क्वचिद् भौतिकोऽग्निरिति यत्र तत्र मन्त्रेषु विदुषोहाः कर्तव्याः।

नाम अन्वर्थ होता है। लोक में भी हम देखते हैं—इस वातपित्तकफादिरूप त्रिदोषमूलक शरीर में जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहङ्कार तथा इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख. दुख, ज्ञान आदि हैं, उन सब का वासयिता अर्थात बसाने वाला अविनाशी जीवात्मा होता है। क्योंकि ये सब गुण मृत शरीर में प्रतीत नहीं होते। इसलिये जैसा देखा जाता है, वैसा कहा जाता है, इस अर्थ को प्रमाणित करने वाला **"यादृगेव ददृशे तादृगुच्यते"** (ऋक् ५।४४।६) इत्यादि ऋक् वचन है।

सूर्य का नाम भी सन्निवास है, क्योंकि वह सकल चराचर वर्ग का आत्मा है, तथा इस सकल चराचर वर्ग को जीवित के समान कारण के अनुसार, गति, तेज, तथा कान्ति से युक्त करता है। इस प्रकार सर्वव्यापक भगवान् विष्णु कूटस्थनित्य होने से सन्निवास नाम का वाच्य है। इसमें **"जिघर्म्यग्निं हविषा घृतेन प्रतिक्षियन्ति भुवनानि"** ऋक् (२।१०।४) इत्यादि मन्त्र लिङ्ग है। "प्रतिक्षियन्तं भुवनानि" का अर्थ, लोक लोकान्तरों को अपने या अपनी सत्ता में बसाता हुआ, अथवा स्वयं उनमें बसता हुआ, ऐसा होता है।

इस सूक्त का देवता अग्नि है। इस नाम संग्रह में अग्नि शब्द से विष्णु का ग्रहण होता है। कहीं पर सूर्य तथा कहीं पर भौतिक अग्नि का भी अग्नि शब्द से ग्रहण होता है, यह विद्वान् स्वयं जानने में समर्थ है।

भवति चात्रास्माकम्—

स सन्निवासो भगवान् वरेण्यो विष्णुः स्वयं तिष्ठति सत्यधर्मा ।
चराचरे मर्त्यधियाप्यचिन्त्ये प्रवाहनित्यं जगदादधाति ॥२७९॥

एवं हि ये पूतधियो हि धन्या जयन्ति किं वा तमु राधयन्ति ।
ते सन्निवास भगवन्तमेकं पश्यन्ति नित्यं हृदये वसन्तम् ॥२८०॥

किं वच्मि मर्त्याः ! मयकि प्रयासे गङ्गामृते[1] दोषविनाशशक्ते ।
भाष्ये निमज्यात्मधियो विशोध्य विष्णुं सदा पश्यत, यात शान्तिम् ॥२८१॥

१—नदीनां गङ्गा श्रेष्ठतमा, तस्मादिदमुच्यते ।

सुयामुनः—७०७

"यम उपरमे" भौवादिको धातुः सु—उपसर्गपूर्वकः । ततः "अजियमिशीङ्भ्यश्च" (३।६१) इत्युणादिसूत्रेण 'उनन्' प्रत्ययः, यच्छति=उपरमयतीति यमुनः । यमुन एव यामुनः स्वार्थेऽण्, शोभनो यामुनः सुयामुनो विष्णुः । तथा हि भगवान् विष्णुर्महाप्रलये स्वकीयया व्यवस्थया कार्यकारणरूपमिदं समस्तं विश्वं यच्छति, अर्थात् कार्यकारणरूपेण परिणतमुपरमयति=शमयतीत्यर्थः । अथवा पुनः कार्यकारणरूपेण परिणमयितुं स्वान्तरुदरे समावेश्य रक्षतीत्यर्थः । यथा

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

सब का वरेण्य=प्रार्थनीय भगवान् सत्यधर्मा विष्णु, इस प्रवाह रूप से नित्य जगत् को धारण करता हुआ, मनुष्य बुद्धि के अगोचर चराचर रूप विश्व में स्थित होने से सन्निवास नाम से कहा जाता है ।

इस दृष्टि से भगवान् विष्णु का जप या आराधना करने वाले पवित्रबुद्धि, धन्यपुरुष अपने हृदय में विराजमान केवल सन्निवास भगवान् को ही प्रतिक्षण देखते हैं ।

भाष्यकार कहता हैं कि हे मनुष्यो ! अधिक मैं कुछ नहीं कहता केवल इसके कि आप सब मेरे प्रयासरूप, इस गङ्गाजल के समान पापों=दोषों के नाश करने में समर्थ, सत्यभाष्य में स्नान करके अर्थात् इसका मनन करके, अपनी बुद्धि को शुद्ध करें, तथा सर्वत्र भगवान् विष्णु का दर्शन करते हुए. शान्ति प्राप्त करें ।

सुयामुनः—७०७

उपरम=शमन, एतदर्थक यम धातु से उणादि उनन् प्रत्यय करने से यमुन शब्द तथा यमुन शब्द से स्वार्थ में अण् प्रत्यय करने से यामुन शब्द बनता है । यामुन शब्द का सु इसके साथ प्रादि समास करने से सुयामुन शब्द सिद्ध होता है । सुयामुन यह विष्णु का नाम है, क्योंकि वह महाप्रलय काल में अपनी व्यवस्थानुसार इस कार्यकारण-रूप समस्त विश्व का शमन करता है, अथवा इसे फिर कार्य कारण रूप में परिणत करने के लिए अपने उदर में सुरक्षित रखता है ।

कृषीवलः स्वं वाप्यं बीजं तथा रक्षति यथा स बीजः कार्यरूपेण परिणमनक्षमः स्यात् । एवं भगवान् विष्णुः सर्वं कार्यकारणरूपं विश्वं यथाव्यवस्थं स्वज्ञाने उपरमति, न च स्वयं विकारं भजते तथा च कश्चिन्मनस्वी विद्वान् शरीरान्तरेऽपि स्वकानि पूर्ववृत्तानि स्मरति । अमुथैव भगवान् सूर्यो भूखण्डपिहितो निजतिरोधानरूपधर्मेण रात्रिं विदधज्जीवान् उपशमयति=विश्रमं प्रापयतीत्यर्थः ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"आत्वेषं वर्तते तमः ।" यजुः ३४।३२ ॥

त्विष—दीप्ताविति धातुस्तस्येदं त्वेष इति रूपम् । न चायं सूर्यः कदाचिन्निम्लोचति, तत्र मन्त्रलिङ्गम्—

"एवा पर्येमि ते मनो यथा पर्येति सूर्यः ।" तुलनीयम् अथर्व ६।८।३ ॥

तथा ब्राह्मणवादश्च भवति—

स वा एष न कदाचन निम्लोचति । ऐ०ब्रा० १४।६ ॥ गोपथ २।४।१० ॥

तथाचायं भगवानपि न निम्लोचति, तस्मादयं सुयामुन उच्यतेऽव्यभिचरितज्ञानः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधि[1] क्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।"

ऋक् १।१५४।४ ॥

१—अधि-यस्मिन्नर्थेऽव्ययम् । तत्र-मन्त्रलिङ्गं च—

"यस्मिन् क्षियन्ति प्रदिशः षडुर्वीः ।" अथर्व १३।३।१ ॥

क्षि—निवासगत्योरिति धातोर्लटि प्रथमपुरुषबहुवचने, क्षियन्तीति रूपम् कार्यावस्थायां निवसन्तीत्यर्थः । कारणावस्थायाञ्च गच्छन्ति लयमित्यर्थः । लयम्=उपरममित्यर्थः । नहि कदाचिदपि सतो नाश इति ।

जैसे किसान बीज को इस प्रकार सुरक्षित रखता है, जिससे कि वह पुनः कार्य-कारणरूप में परिणत होने योग्य रहे । इस प्रकार भगवान् विष्णु इस समस्त कार्यकारण रूप विश्व को व्यवस्थानुसार अपने ज्ञान में समाविष्ट करके भी स्वयं निर्विकार बना रहता है, जैसे कोई विद्वान् मननशील पुरुष जन्मान्तर के समाचारों को भी अपने ज्ञान में अर्थात् स्मरण में रखता है । इसी प्रकार भगवान् सूर्य भी अपने आप को किसी भूभाग से आच्छादित करके अपने तिरोधान रूप धर्म से रात्रि का निर्माण करता हुआ, जीवों का उपराम अर्थात् विश्राम करवाता है । इस अर्थ की—**"आत्वेषं वर्तते तमः"** (यजुः ३४।३२) इत्यादि मन्त्र की पुष्टि होती है । भगवान् सूर्य कभी भी चलने से उपरत=बन्द नहीं होता । इस अर्थ की पुष्टि **"एवा पर्येमि ते मनो यथा पर्येति सूर्यः"** अथर्व वचन से होती है । इसी प्रकार भगवान् भी अपनी व्यवस्था में सदा तत्पर रहने तथा अव्यभिचरित=नित्यैकरस ज्ञान होने से सुयामुन नाम से कहा जाता है । इस भाव की पुष्टि—**"अधि क्षियन्ति भुवनानि विश्वा"** इस ऋग्वेद के वचन से होती है । गति तथा निवासार्थक 'क्षि' धातु का लट् के प्रथम पुरुष बहुवचन में क्षियन्ति यह क्रियापद सिद्ध होता है ।

भवति चात्रास्माकम्—

सुयामुनो विष्णुरतर्क्यरूपः क्षिणोति स्वस्मिन्निति कार्यजातम् ।
रात्रौ नरोऽशेषमथोपरत्य सकारणं ज्ञानमनाश्च शेते ॥२८२॥



भूतावासो वासुदेवः सर्वासुनिलयोऽनलः ।
दर्पहा दर्पदो दृप्तो दुर्धरोऽथापराजितः ॥८९॥

७०८ भूतावासः, ७०९ वासुदेवः, ७१० सर्वासुनिलयः, ७११ अनलः । ७१२ दर्पहा, ७१३ दर्पदः, ७१४ दृप्तः, ७१५ दुर्धरः, अथ, ७१६ अपराजितः ॥

भूतावासः—७०८

भूतम्—भवतेः सत्तार्थकाद् भौवादिकाद्धातोः कर्तरि कारके क्तः प्रत्ययः, "श्र्युकः किति" (पा० ७।२।११) सूत्रेणेण्निषेधः । भवन्तीति भूतानि ।

आवासः—आङुपसर्गः समन्ताद्भवनेऽर्थे । "वस निवासे" इति भौवादिको धातुस्ततो "हलश्च" (पा० ३।३।१२१) सूत्रेणाधिकरणे घञ् प्रत्ययः

इस क्षियन्ति शब्द से कार्यावस्था में भूतों का ब्रह्म में निवास तथा कारणावस्था में ब्रह्म में गमन अर्थात् लय अर्थ अभिप्रेत है । लय का अर्थ है उपरम, अर्थात् सब प्रकार की हलचल को त्याग कर शान्त होना, क्योंकि सद्वस्तु कभी भी नष्ट नहीं होती ।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम सुयामुन है, क्योंकि वह इस समस्त कार्यसमूह को अपने में निवास देता है । जैसे कि रात्रि में मनुष्य अपने समस्त कार्यकलाप को समेट निश्चिन्त केवल ज्ञानावस्थ, होता है, उस ही प्रकार भगवान् विष्णु भी जो तर्क=अनुमानादि सब प्रमाणों का अविषय है, इस समस्त कार्यकारणरूप जगत् को समेट कर निर्विशेष रूप से स्थित रहता है, अर्थात् केवल ज्ञानरूप से स्थित रहता है ।

भूतावासः—७०८

सत्तार्थक 'भू' धातु से कर्ता कारक में क्त प्रत्यय तथा इट् का निषेध होने से भूत शब्द की सिद्धि होती है । जो होते हैं, उनका नाम भूत है ।

आवास शब्द, सब ओर होने अर्थ वाले "आङ्" उपसर्ग पूर्वक "वस" धातु से अधिकरण कारक में घञ् प्रत्यय और उपधा को वृद्धि करने से बनता है । जिसमें सब

उपधावृद्धिश्च । एवञ्च—आ=समन्ताद् वसन्ति भूतानि यस्मिन् सः भूतावासो भगवान् विष्णुः । सांहितिको दीर्घः । नित्योऽयमात्मा, भवनधर्मा च जीवः । शरीरेन्द्रियादिभिर्योगे सति इच्छा—द्वेष—प्रयत्न—सुख—दुःख—ज्ञानादिभि-र्देहात् पृथक् सद्भावेन व्यज्यमानोऽयं जीवो भूत इत्युच्यते यद्वा—अव्यक्त प्रकृतेः कार्याणि खादीनि पञ्चमहाभूतानि सकार्याणि चराचरात्मकानि, वसन्ति समन्ताद् यस्मिन्निति स भूतावासः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अधि[1] क्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।" ऋक् १।१५४ ४ ॥

१—"अधि" यस्मिन्नर्थे वर्तते ।

"क्षि निवासगत्योः" इति धातुः, क्षियन्ति=वसन्तीत्यर्थः । प्रत्यक्षं लोक-दर्शनेन ज्ञायते यद् आकाश—वायु—अग्नि—जल—पृथिवीति पञ्चमहाभूत-समुद्भवान्यपि पृथिवीतत्त्वप्रधानानि दृश्यानि शरीराणि, स्वाश्रयप्रधानभूतस्य गुणाधिक्यं वहन्ति, तद्रक्षितुर्वा भूतस्य । तत्र मिश्रितयोर्द्वयोर्भूतयोरपि क्वचित्प्राधान्यं दृश्यते । यथा—ऊर्णनाभ आकाशतत्त्वप्रधानो जीवः स च तद्भूतप्राधान्यं व्यङ्क्तुमकाशे जालं वितत्य वसति तत्र, प्रधानता तत्राकाशस्य गौणता चेतरेषां भूतानाम् । एवं वायव्यानां प्राधान्येन वातानुकूल-

---

ओर अर्थात् सर्वत्र भूत वसते हैं, उसका नाम भूतावास है । यह भगवान् विष्णु का नाम है ।

यह जीवात्मा नित्य तथा भवनधर्मा है । जीवात्मा का शरीर तथा इन्द्रियों से योग=सम्बन्ध होने पर इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख, दुख आदिकों से भिन्न भिन्न प्रतीत होता हुआ यह भूत शब्द से कहा जाता हैं । अथवा, जिसमें प्रकृति के कार्य आकाश आदि पञ्चमहाभूत, अपने कार्यों आदि सहित रहते हैं, उसका नाम भूतावास है । इसी अर्थ में **"अधि क्षियन्ति भूतानि"** इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं । "क्षियन्ति" यह क्रिया-पद, गति तथा निवासार्थक "क्षि" धातु से बनता है, जिसका अर्थ 'वसते है' ऐसा होता है । लोक को देखने से प्रत्यक्ष प्रतीत होता है कि, ये सब दृश्य शरीर पञ्चमहाभूतों से उत्पन्न हुए भी पृथिवी तत्त्व प्रधान होते हैं, तथा अपने आश्रय प्रधानतत्व के गुण को धारण करते है, यद्वा अपने रक्षक तत्व के गुणों को धारण करते हैं । किसी किसी भूत में, मिले हुए दो भूतों की भी प्रधानता देखने में आती है । जैसे ऊर्णनाभ नामक जीव में आकाश महाभूत की प्रधानता भी होती है, और वह उस आकाश तत्त्व की प्रधानता को प्रकट करने के लिए आकाश में जाल फैलाकर उसमें रहता है । इसमें आकाश की प्रधानता है, तथा गौण रूप से और भूत भी रहते हैं ।

इसी प्रकार वायवीय जन्तुओं में, वायु के गुण धर्म प्रधानता से तथा दूसरे भूतों का सत्त्व वहां भगवान् भूतावास ने गौणरूप से किया है ।

धर्मित्वम्, इतरेषाञ्च तत्रानुपातवशाद् विहितं सत्त्वं भूतावासेन भगवता। एवं हि वृद्धपरम्परातः श्रूयते, अतिक्रान्तपञ्चाशद्वत्सरे साग्निगोमयभस्मनि आग्नेया जीवाः प्रादुर्भवन्ति, ते च न म्रियन्ते—आग्नेयास्ते। इत्युपदिष्टमस्मदायुर्वेदगुरुभिः श्रीब्रह्मचारितिलकरामशर्मभिरमृतसरोनाम्नि नगरे, दृष्टाश्चासन् तैस्तथाविधाः क्रिमयः। जले जलतत्त्वप्रधाना जीवाः प्रतिपदं दृश्यन्ते, ते च प्रायश आग्नेया एव भवन्ति, यतो हि न ते शीतेन बाध्यन्ते। मत्स्यो हि जले जीवति, त्वक्तो जीवनीयं तत्त्वमाकर्षति, फुप्फुसयोरभावात्. विचित्रा हि रचना भगवतः। परन्तु मण्डूक उभयथा नासिकातः त्वक्तश्च जीवनीयं जलीयं वायवीयञ्चांशमादत्ते जलस्थो जलीयं वहिःस्थितो वायवीयम्। मत्स्यस्याग्नितत्त्वप्रधानत्वात्तन्मांसभोक्तापि भूयो भूयो जलं पिपासति। मनुष्यपशुबिलेशयाश्च पृथिवीतत्त्वप्रधानाः फुप्फुसाभ्यां प्राणेभ्यश्चाकर्षन्ति जीवनीयं तत्त्वम्। एवञ्च ज्ञायते यद् भूताश्रयः स भगवान सर्वान् पश्यति, सर्वांश्च तत्तद्भोगैर्युनक्ति। पाञ्चभौतिकानां शरीराणां नाना भेदाः प्रभेदाश्च तेनैव कृताः सन्ति।

वृद्धों से हम परम्परा से ऐसा सुनते आ रहे हैं कि पञ्चाशत् (५०) वर्ष बीत जाने पर गोमय की साग्नि भस्म में आग्नेय जीवों की उत्पत्ति होती है और वे आग्नेय होने से अग्नियोग से मरते नहीं। यह हमारे स्वर्गीय गुरु श्री तिलकराम जी ब्रह्मचारी का कथन है जो कि अमृतसर नगर में रहते थे। ये आग्नेय जीव उन्होंने साक्षात् देखे थे।

जल में जलतत्त्व प्रधान जीव पद पद पर देखने में आते हैं, क्योंकि वे शीत से पीड़ित नहीं होते। इसलिए जलतत्व प्रधान हैं तथा प्रायः करके वे आग्नेय होते हैं। मत्स्य जीव जल में जीता है तथा त्वचा से जीवनोपयोगी तत्त्व का आकर्षण करता है, क्योंकि उसके फुप्फुस नहीं होते, भगवान् की रचना बड़ी विलक्षण है। मन्डूक (मेंढक) नासिका और त्वचा दोनों से अपने जीवनोपयोगी तत्त्व को ग्रहण करता है, वह जल में रहते हुए जलीय अंश को लेता है, तथा जल से बाहर आकर वायवीय अंश को लेता है। मत्स्य यह जलीय जन्तु, अग्नितत्त्व प्रधान है, इसलिए इसके मांस खाने वाले को बार बार प्यास लगती है।

मनुष्य, पशु तथा बिलों में रहने वाले जीव पृथिवीतत्त्व प्रधान होते हैं, क्योंकि वे अपने जीवनीय तत्त्व का आकर्षण फुप्फुसों से करते हैं।

इससे प्रतीत होता है कि वह सर्वभूताश्रय भगवान् सब को देखता तथा भोगों से युक्त करता है। पाञ्चभौतिक शरीरों की उसने बहुत प्रकार से रचना की है। स्थावर वृक्ष लता क्षुप आदि में भी स्पष्ट विविधता देखने में आती है। इन सब में उनका कारण बीज विद्यमान रहता है।

सब योनियों का भिन्न भिन्न उत्पत्तिकाल तथा उनके गर्भाशय के स्थान की दूरी और समीपता प्रभु की अतिशय ज्ञानवत्ता को प्रकट करती है। भिन्न भिन्न योनि

स्थावरेष्वपि वीरुद्—वृक्ष—क्षुप—लतादिषु विविधता प्रत्यक्षं दृश्यते। सर्वस्य बीजात्मकं कारणं सर्वत्र निहितं भवति। योनीनामुत्पत्तिकालस्तत्तद्-गर्भाशयस्य दूरनिकटभेदाच्च स्थानकरणं, प्रभोर्ज्ञानातिशयतां प्रकटयति। तत्तद्-योनिमतो जन्तोर्जननेन्द्रियदैर्घ्यं लघुताञ्च दृष्ट्वा प्रतीयते, भगवतः **सर्वलक्षण-लक्षण्य** इति सहस्रनामस्तोत्रे समाम्नातं नाम अन्वर्थमिति, तत्कर्म चापि सर्व-लक्षणलक्षितमिति युक्तमुपपद्यते। चटकादयः शीघ्रं प्रसुवतेऽल्पीयसा कालेन, तत्कालनैयून्यं पुनर्बाह्येन तापेनापूर्यते। नक्रादीनामण्डानां तापनैयून्यं सूर्यः पूरयति। नक्रादयोऽण्डानि जलाद्बहिः प्रसुवते। मयूरी गर्भबीजं मुखेनादत्ते। ईदृग्भ्यो निदर्शनेभ्यो ज्ञायते यद् विचित्रज्ञानवता मोघकर्मणा विष्णुना सर्वत्र सर्वकार्ये प्रतिपदं स्वकीयं मेधावित्वं प्रदर्शितमिति। अत एवोक्तं वेदे—

"विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे।
इन्द्रस्य युज्यः सखा।" ऋक् १।२२।१९; यजुः ६।४॥"
"त्वं हि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ।
अथा ते सुम्नमीमहे।" ऋक् ८।९८।११; सा० उ० ४।२।१३।२॥

इति ऋक्साम्नः।

एवं च—

"यथायथा हि पुरुषः शास्त्रं समधिगच्छति।
तथा तथा विजानाति विज्ञानं चास्य रोचते॥"

इति मनुस्मृतौ ४ २०॥

उक्तं पद्यं सत्यापयति निजात्मानम्। एवं सूक्ष्मपर्यालोचनेन निश्चीयते यद्

वाले जीवों के जननेन्द्रिय की लघुता और दीर्घता को देखने से विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र में पठित, भगवान् का **सर्वलक्षणलक्षण्य** नाम तथा उसका कर्म भी सर्वलक्षणलक्षित उपपन्न होता है। चटका आदि का प्रसवकाल लघु होता है, अर्थात् उनके सन्तानोत्पत्ति गर्भाधान के पश्चात् शीघ्र ही हो जाती है, उनके प्रसवकाल की कमी को बाहर का ताप अर्थात् उष्मा पूर्ण कर देता है। नक्र आदि जलीय जन्तुओं के ताप की कमी को, सूर्य अपनी गर्मी से पूर्ण कर देता है, क्योंकि नक्र आदि जलीय जन्तु कुछ ऐसे हैं जो जल से बाहर अन्डे देते हैं। मयूरी में गर्भाधान मुख द्वारा होता है। इस प्रकार के विलक्षण दृष्टान्तों से यह सिद्ध होता है कि विलक्षण ज्ञान तथा सफल कर्म वाले भगवान् विष्णु ने, सब कार्यों में पद-पद पर अपनी विशिष्ट बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया है। इसीलिए '**विष्णोः कर्माणि पश्यत**" इत्यादि वेद (ऋक् १।२२।१९) का कथन है। इसी प्रकार "**यथायथायं पुरुषः**" इत्यादि मनुस्मृति (४।२०) में कहा हुआ पद्य भी अपने आप को प्रमाणित करता है।

इस प्रकार के सूक्ष्म विचार से सिद्ध हुआ कि भूतों का आवास स्थान होने से सर्वत्र व्याप्त भगवान्, भूतावास नाम से कहा जाता है। और ऊपर जो यह कहा है कि

भूतानामावासत्वेन सर्वं विश्वं व्यश्नुवानो भगवान् विष्णुर्भूतावास उक्तो भवति यच्चोक्तं प्रसवकालोऽपि प्रतियोनिभिन्नोभिन्न इति तत्र शुनी—गर्दभी—वडवा—महिषी गौः—सिंही—उष्ट्री चैताः सर्वाः पृथक् पृथक्—मासैर्दिनैर्घटिकाभिश्च संख्यातुमर्हं कालं स्वप्रसवं प्रति उपाददते। स प्रभुः—माता=निर्माता सन्नात्मानं मातरि व्यनक्ति भूतावासत्वेन। मनुष्यो यथा यथा भिन्नभिन्नप्राणिशरीररचनां पश्यति, तथा तथा पश्यत्यसौ सर्वत्र विततं भूतावासरूपम्। प्राणिशरीरेष्वपि प्रतिप्राणिशरीरं भिन्नभिन्नप्रकाराः विविधाः क्रिमयो जीवन्तीति क्रिमिरोग-व्याख्याने व्याख्यातम्। विषेऽपि विषक्रिमयो जीवन्ति। काकजङ्घानाम्नि क्षुपमूल-काण्डे स्वत एव क्रिमय उत्पद्यन्ते, तेषाञ्चैकोऽपि समध्वजादुग्धेन पायितो जीवित-क्रिमिः शमयति सन्निपातोत्थमुरःशूलं सद्य एवेति प्रात्यक्षिकं नः। एकस्मिन् क्षुपमूलेऽपि दृष्टा मया जीवाः, स च क्षुपः प्रायशो नदीकूले भवति, तस्य च मूले वद्धौ द्वावण्डकोशाविवाण्डौ तयोश्च प्रत्यण्डं कृष्णवर्णः षट्पाद् प्रबुद्धः कीटो विदारिते चाण्डे सद्यो वहिरुड्डीनः। भगवतो विष्णोर्महाबुद्धिमत्त्वं भूतावासत्वञ्च प्रतिपदं व्यज्यते। मन्त्रेऽप्युक्त —

"अन्ति सन्तं न पश्यति अन्ति सन्तं न जहाति।
पश्य देवस्य काव्यं न ममार न जीर्यति।" अथर्व १०।८।३२॥

भिन्न भिन्न योनि का प्रसवकाल भिन्न भिन्न है, वहाँ कुतिया, गधी, घोडी, महिष, गौ, सिंहनी तथा ऊंटनी, इन सब का प्रसवकाल मान दिन घटि आदि से संख्यात अर्थात् गणित होता है। वह भगवान् विष्णु सब का माता=निर्माता अर्थात् कर्त्ता होकर भी भूतावास होने से अपने आपको माता=जननी रूप में प्रकट करता है।

मनुष्य, जैसे जैसे प्राणियों की भिन्न भिन्न शरीरों की रचना को देखता है, वैसे वैसे ही वह सर्वत्र फैले हुए भगवान् भूतावास के रूप को देखता है। प्राणियों के शरीरों में भी प्रत्येक प्राणिशरीर में विविध प्रकार के जीवित क्रिमि (कीट) रहते हैं, यह क्रिमिरोग की व्याख्या में स्पष्ट किया गया है। विष में भी विष के क्रिमि जीवित रहते हैं। काकजङ्घा नामक पौधे की मूल-ग्रन्थि में अपने आप ही कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं, उनमें से एक भी क्रिमि, बकरी के मधुयुक्त दुग्ध के साथ पिलाया हुआ जीवितक्रिमि, सन्निपात से उत्पन्न वक्षःस्थल की पीड़ा को शीघ्र ही शान्त कर देता है, यह हमारा प्रत्यक्ष किया हुआ है। किसी एक क्षुप (पौधे) के जड़ में भी मैंने क्रिमि देखे हैं, वह क्षुप प्रायः करके नदी के तट पर होता है, उसके मूल में अण्डकोषों के समान दो अण्डे होते हैं, उन अण्डों में प्रत्येक में कृष्णवर्ण षट् ६ पैरों वाला जीवित कीड़ा होता है। उस अण्डे को जब मैंने विदीर्ण किया तो वह कीड़ा शीघ्र ही बाहर उड़ गया। भगवान् विष्णु की सर्वाति-शायिनी बुद्धिमत्ता तथा भूतावासत्व पद पद पर प्रकट हो रहा है। मन्त्र में भी कहा है—"अन्ति सन्तं न पश्यति······पश्य देवस्य काव्यं न ममार न जीर्यति" (अथर्व १०।८।३२)

देवस्य दृश्यं काव्यं जगत्, तस्माद्विदुषा शिल्पिना जगदध्येतव्यं पौनः—पुन्येन। उक्तञ्च वराहमिहिरेण—

"आब्रह्मकीटान्तमिदं निबद्धं पुंस्त्रीप्रयोगेण जगत् समस्तम्।"

स्त्रीत्वं पुंस्त्वञ्च स्थावरेष्वपि प्रतिपदं दृश्यते। यथा—खजूरे एरण्ड-दशाङ्गुले। बीजस्य द्विदलता च प्रत्यक्षं प्रत्यायिका भवति इति दिङ्मात्रमुक्तं ज्ञानवृद्धये भगवति श्रद्धोत्पादनाय च।

भवति चात्रास्माकम—

स विष्णुरेकः स्वधिया विभाव्य जगत्प्रक्लृप्यात्मनि तन्निवास्य।
निमित्तहेतुर्जगतोऽद्वितीयो शेते समायो जगदीश आद्यः ॥२८३॥
नित्यो हि जीवः प्रकृतिश्च नित्या संयोज्य शिल्पीव करोति देहान्।
विचित्र वर्णाकृतिभिर्विभक्तान् नमन्ति नम्राः कवयोऽत्र विष्णुम् ॥२८४॥
कालं प्रसूतेरथ गर्भशय्यां पृथक्पृथक्शोऽथ विधाय चायुः।
आवासितं भूतमयं विधत्ते जगत् समस्तं सविता मनस्वी ॥२८५॥

इत्यादि। भगवान् का दृश्य काव्य जगत् है, इसलिए भगवान् के दृश्य काव्य जगत् का ही विद्वान को पुनः पुनः अध्ययन करना चाहिए।

श्री वराहमिहिर ने भी "आब्रह्मकीटान्तमिदं समस्तम्" इत्यादि पद से यह स्पष्ट किया है, अर्थात् यह समस्त जगत् पुरुष और स्त्री के पारस्परिक व्यवहार से ही बन्धा हुआ चला आ रहा है।

स्थावर पदार्थों में भी स्त्रीत्व और पुरुषत्व देखने में आता है। जैसे खजूर, एरण्ड तथा खरबूजे में। वीज का द्विदलभाव, प्रत्यक्ष स्त्रीत्व तथा पुंस्त्व को प्रकट करता है। यह उदाहरणों की पद्धतिमात्र दर्शन, ज्ञानवृद्धि तथा भगवान् में श्रद्धोत्पत्ति के लिए किया गया है।

इस गद्योक्त भाव को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

अद्वितीय, सब का आदिभूत, जगत् का निमित्त कारण भगवान विष्णु अपने सङ्कल्प से प्रकृति द्वारा जगत् को रचकर, उसे अपने में ही बसाता हुआ अर्थात् अपने आप में ही सुरक्षित रखता हुआ तथा जगत् का शासन करता हुआ, जगत् में माया सहित व्यापक होकर शयन कर रहा है अर्थात् स्थित है।

वह भगवान् विष्णु, नित्य जीव तथा नित्य प्रकृति का सयोग करके कारु (कारीगर) के समान विचित्र वर्ण और आकार वाले विभिन्न शरीरों को बनाता है, इसीलिये विद्वान् विनम्र भाव से भगवान् विष्णु को नमस्कार करते हैं।

भगवान् विष्णु प्रसवकाल, गर्भस्थान तथा सब की आयु का पृथक् पृथक् निर्माण करके, इस भूतमय=भौतिक जगत् को अपने आप से आवासित करता है अर्थात् सब ओर से अपने आप में ही रखता है, इसीलिए उसे मनस्वी=सर्वज्ञ तथा सविता=सब का उत्पादक कहते हुए नमस्कार करते हैं।

वासुदेवः–७०६

वासुः—निवासार्थक वस इति भौवादिकाद्धातोर्ण्यन्तात् "शॄस्वृस्निहित्रप्यसिवसिहनिक्लिदिबन्धिमनिभ्यश्च" (१।१०) इत्युणादिसूत्रेण 'उः' प्रत्ययः।

अथवा शुद्धाद्वसेर्बाहुलकाद् "उण्" प्रत्यय औणादिक उपधावृद्धिश्च वासुः। एवञ्च यः सर्वं स्वस्मिन् वासयति. सर्वत्र वा स्वयं वसतीति वासुरीश्वरः। आच्छादनार्थकाद् वसेरपि 'उः' 'उण्' इति वा प्रत्यये "वसुः" वासुर्वा, धनं, सूर्यः, ईश्वरः, आकाशो वा।

देवः—दीव्यतेः पचाद्यचि दीव्यतीति देवः। वासुश्चासौ देवश्च वासुदेव इति। लोकेऽपि च पश्यामो यो यत्र वसति स तत्र यथाभिमतं दीव्यति, अर्थाद्यथास्वरुचि क्रीडति, विजिगीषते, व्यवहरति, इत्यादि। अथवा यो यमुपस्वं वासयति सोऽपि तत्र यथाभिमतं क्रीडितुं व्यवहर्तुं वा स्वतन्त्रो भवति। यथा चेयं लौकिकी व्यवस्था दृश्यते तथैव भागवत्यपि द्रष्टव्या। भगवान् हि सर्वं चराचरं स्वस्मिन् वासयति वसति च स्वयं तस्मिन्, तस्मात् स वासुरीश्वरो यथाव्यवस्थं जगद् व्यवहारक्षमं विधत्ते। सर्वत्र वर्तमानश्च स दीव्यत्यर्थबोध्यो विद्वद्भिः

वासुदेवः—७०६

वासु शब्द, निवासार्थक वस इस ण्यन्त धातु से उणादि उ प्रत्यय करने से बनता है, यद्वा शुद्ध वस धातु से बाहुलक से उणादि 'उण्' प्रत्यय और उपधा वृद्धि करने से बनता है। इस प्रकार से वासु शब्द का अर्थ, जो सब में रहे, अथवा सब जिसमें रहें ऐसा होता है।

यद्वा आच्छादनार्थक वस धातु से उस ही प्रकार 'उ' या 'उण्' प्रत्यय करने से वसु या वासु शब्द बन जाते हैं। जिनका वाच्यार्थ धन, सूर्य तथा ईश्वर होता है, आकाश का नाम भी वसु है।

देव शब्द क्रीड़ाद्यर्थक दिवु धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से बनता हैं, जिसका अर्थ 'क्रीड़ा करता है, जीतना चाहता है तथा व्यवहार करता है' इत्यादि होता है। जो वासु भी है और देव भी उसका नाम वासुदेव है। लोक में भी हम देखते हैं, जो जहां रहता है, वह वहां अपनी रुचि के अनुसार क्रीड़ा, विजिगीषा या व्यवहार करता है, अथवा जो जिसको अपने पास बसाता है, वह बसाने वाला भी वहाँ क्रीड़ादि करने में स्वतन्त्र होता है। जैसी यह लोक की व्यवस्था है, वैसी ही भगवान् की व्यवस्था है. भगवान् विष्णु सब चराचर को अपने में बसाता तथा स्वयं इस सब चराचर में बसता है, इसलिए वह वासु है। जिसका पर्यायवाची शब्द ईश्वर है, वह ही इस सम्पूर्ण जगद् को व्यवहार के योग्य बनाता है। उस सर्वत्र वर्त्तमान विष्णु को विद्वानों ने देव शब्द

कल्प्यते। भगवतो विष्णोः सूर्यस्य वा महार्थवत्त्वप्रकाशनायैव विष्णुसहस्रनाम्नि स्तोत्रे गौणानां नाम्नां सग्रहः।

लोकेऽपि च पश्यामो यथा जीवं वासयितुं देवो विष्णुः शरीररचनाभिरेव ज्ञानानन्त्यं व्यज्य, सर्वं ससुखंक्रियाक्षमं कुरुते, जीवभोगाय शरीरसाधनानि, आहार—प्राण—जल—वायु—प्रकाशरूपाणि पोषणनिमित्तानि, बुद्धिं बुद्धि-निमित्तानि, प्रजां प्रजानिमित्तानि च ददाति, तथैवायं विश्वं वासयित्वा विश्व-रचनायां पारस्परिकापेक्षितानि जगति ददाति प्राणिभ्य इति दीव्यत्यर्थानुगमाद्देवः। एवञ्च वासुदेव इति नामान्वर्थं तस्य। दृश्यते चायं वासनदेवनरूपो भगवतो गुणः सर्वत्र व्याप्त इति। यावच्छरीरे जीवात्मा तावच्छरीरं प्रियायते, जीवात्मापेतञ्च तच्छरीर शवरूपम्। या शरीरे देवरूपता, सा देहाभिमानिन आत्मन एव। आत्मापाये शरीरं मृतमिति निगद्यते सर्वविधचेष्टाशून्यम्। तस्माद्वासुदेव आत्मा सूर्यश्च। स्वोदरे गर्भं वासयति, जनयति च सम्पूर्णाङ्गमिति मातापि वासुदेव्युच्यते। पिताऽपि गर्भमाधातुं दीव्यति स्ववीर्यरूपं बीजं क्षेत्र-भूतायैस्त्रियै ददातीति स वासुदेव उच्यते दीव्यत्यर्थानुगमाद्।

वसुदेव नामा कश्चित्तस्य यदपत्य पुमान् सोऽपि वासुदेवः स्त्र्यपत्यञ्च

से कहा है। भगवान् विष्णु या सूर्य की महार्थवत्ता को प्रकट करने के लिए ही विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र में गौण नामों का संग्रह किया है।

हम लोक में भी देखते हैं, जीव को बसाने के लिए भगवान विष्णु. नानाविध शरीरों की रचना से अपने ज्ञान की अनन्तता को प्रकट करता हुआ, सब को सुखपूर्वक क्रिया करने में समर्थ बनाता है। जीवों के भोग के लिए शरीरों के साधन आहार, प्राण, जल, वायु तथा प्रकाश और पुष्टि के हेतु, बुद्धि और बुद्धि के हेतु, प्रजा और प्रजा के हेतु, ये सब प्रदान करता है। उस ही प्रकार भगवान् इस विश्व को बसाकर विश्व की रचना में, अर्थात् विश्व के आगे चलाने में, प्राणियों को अपेक्षित साधनों को प्राणियों के लिए देता है, इस प्रकार भगवान् में 'दिवु धातु' के अर्थ की सङ्गति होने से उसका नाम देव है। और भगवान् का यह वासन तथा देवन रूप गुण जगत् में सर्वत्र व्याप्त है। जब तक इस शरीर में जीवात्मा की सत्ता है, तब तक यह शरीर प्रिय होता है तथा जीवात्मा के निकल जाने पर यह शव (मुर्दा) किसी का प्रिय नहीं होता। जो शरीर में देवत्व है, वह उस जीवात्मा का ही है, जीवात्मा से रहित होने पर सर्वविध चेष्टा शून्य शरीर 'मृत' नाम से कहा जाता है। इसलिए आत्मा तथा सूर्य का नाम वासुदेव है। अपने उदर में गर्भ को बसाकर तथा उसको सकलाङ्गयुत करके जन्म देने से जननी भी वासुदेवी नाम से कही जाती है। पिता में भी दिव' धातु के अर्थ की सङ्गति है, क्योंकि वह गर्भ के आधान के लिए अपना वीर्य, क्षेत्ररूप स्त्री के लिए देता है, इसलिए पिता भी वासुदेव है।

वसुदेव किसी पुरुष का नाम था इसलिए उस की पुमान् अपत्य का नाम भी वासुदेव

वासुदेवी । किन्तु नैतदपत्यत्वमीश्वरे युज्यते कूटस्थनित्यत्वान्निमित्तकारणत्वाच्चेश्वरस्य । वृद्धानुश्रुतिरत्र लिङ्गम्—

वासनाद्वासुदेवस्य वासितं भुवनत्रयम् ।
सर्वभूतनिवासोऽसि वासुदेव नमोऽस्तु ते ॥

तथा—वासुदेवः सर्वमिति गीतोपनिषत् ७।१६ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

स वासुदेवः सकलं वसानः स वा निवासोऽस्ति च भूतयोन्याः ।
स सर्वकस्मै च ददाति सर्वं यद्यस्य वस्तु समपेक्षितं स्यात् ॥२८६॥
देवो हि दानात् स वरेण्य उक्तो वासु हि वासं स ददाति यस्मात् ।
तं वासुदेवं प्रणमन्ति देवा याचन्ति[1] तञ्चापि समीप्सितं स्वम् ॥२८७॥
स वासुदेवो वसुदान[2] उक्तो वह्नि[3] हि वा विश्वमिदं समिध्य ।
करोति वासाय समग्रमेतद् यथार्हमिष्टेन च संयुनक्ति ॥२८८॥

१—याचन्ति आर्षानुकरणम् ।

२—मन्त्रलिङ्गं च—
"सायं सायं गृहपति र्नो अग्निः प्रातः प्रातः सौमनसस्य दाता ।
वसोर्वसो र्वसुदान एधि वयं त्वेन्धानस्तन्वं पुषेम ।" अथर्व १६।७।५५ ॥

३—वह्निः=अग्निः ।

हुआ । तथा स्त्रीरूप अपत्य का नाम वासुदेवी हुआ । किन्तु यह अपत्स्यत्व धर्म सब के आदि कारण परमेश्वर में सङ्गत नहीं होता, क्योंकि वह कूटस्थ नित्य जगत् का निमित्त कारण है । यह अभिज्ञ वृद्ध महापुरुषों का—"वासनाद् वासुदेवस्य०" इत्यादि कथन यहां प्रमाण है । इसी अर्थ को गीता (७।१६) में "वासुदेवः सर्वम्" इत्यादि रूप से कहा है ।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् का नाम वासुदेव है, क्योंकि वह सब का आच्छादन करता हुआ, सब भूतयोनियों का निवास स्थान है, अर्थात् सब भवनशील पदार्थ योनियां उसी में रहती हैं, तथा वह जिसको जो वस्तु अपेक्षित (इष्ट) होती है, वह वस्तु उसे देता है ।

वह सब का प्रार्थनीय सर्वश्रेष्ठ भगवान् विष्णु, सबको यथेप्सित वस्तु देने से देव तथा सब का वासयिता होने से वासु है । देवता भी उस वासुदेव भगवान् को नमन करते हुए, उससे अपने अभीष्ट की याचना करते हैं ।

भगवान् वासुदेव का ही नाम वासुदान भी है तथा अग्नि को भी वासुदान कहते हैं, क्योंकि वह सब को प्रकाश युक्त करके, वास के योग्य बनाता हुआ, सब को यथायोग्य साधनों से युक्त करता है । इसमें "सायं सायं गृहपति र्नो"(अथर्व १६।७।५५)प्रमाण है ।

सर्वासुनिलयः—७१०

सर्वेषां प्राणिनामसवो निलीयन्ते यस्मिन् स सर्वासुनिलयः। सर्वप्राणि-प्राणाधार इत्यर्थः। सर्वेषामसूनां जीवनसाधनानां वा निलय आधारभूतोऽवल-म्बनं वा स सर्वासुनिलय इति।

सर्वः—'सृ' गत्यर्थकधातोः "सर्वनिघृष्वरिष्वलष्व शिवपद्वप्रह्वेष्वा अतन्त्रे" (१।१५३) इत्युणादिसूत्रेण वन् प्रत्यये गुणे च सिध्यति, सृतमनेन विश्वमिति सर्वः।

असुः—अस्तेर्भवत्यर्थे वर्तमानाद् "शृस्वृस्निहित्रप्यसिवसिहनिक्लिदिबन्धि-मनिभ्यश्च" (१।१०) इत्युणादिसूत्रेण "उ" प्रत्यये सिध्यति—अस्तीति असुः। यद्वा—असुक्षेपणे दैवादिको धातुः, अस्यन्ति शरीरमित्यसवः प्राणाः।

निलयः—नि—उपसर्गः। 'लीङ् श्लेषणे' इति दैवादिको, 'ली श्लेषण' इति वा क्रैयादिको धातुस्तत "एरच्" (पा० ३।३।५६) सूत्रेणाधिकरणे 'अच्' प्रत्ययो गुणायादेशौ च। यद्यपीह "विभाषा लीयतेः" (पा० ६।१।५१) सूत्रेण यका निर्देशाद् उभयोरप्यात्वं प्राप्नोति, तथापि "निमिमिलियां खलचोरात्वन्न" (पा० ६।१।५१) इति निषेधान्न भवति निलीयन्तेऽस्मिन्निति निलय आश्रय इत्यर्थः।

सर्वासुनिलयः—७१०

सब के असु=प्राणों का जिसमें लय होता है, अर्थात् सब प्राणियों के प्राणों के आधार का नाम सर्वासुनिलय है।

यद्वा सब के असु=जीवन के साधनों का जो आधारभूत निलय=आश्रय, उसका नाम 'सर्वासुनिलय' है।

सर्व शब्द, गत्यर्थक 'सृ' धातु से उणादि 'वन्' प्रत्यय और गुण करने से बनता है, जिससे यह सब कुछ सृत=व्याप्त है, उसका नाम सर्व है।

असु शब्द, भवनार्थक 'अस' धातु से उणादि उ प्रत्यय करने से, यद्वा 'असु' इस क्षेपणार्थक धातु से उणादि उ प्रत्यय करने से सिद्ध होता है। इस प्रकार असु शब्द का सत्तावान् यद्वा शरीर को फेंकने वाला, अर्थात् एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाने वाला, ऐसा अर्थ होता है, जो कि प्राणों का नाम है:

निलय शब्द नि उपसर्ग पूर्वक श्लेषणार्थक 'लीङ्' इस दिवादिगणपठित धातु से यद्वा 'ली' इस क्रैयादिक धातु से अधिकरण में अच् प्रत्यय, गुण तथा अय् आदेश करने से सिद्ध होता है। निलय शब्द का, जिसमें निलीन होते हैं अर्थात् आश्रय अर्थ होता है। इस

एवञ्च सर्वगः सर्वत्र विद्यमानस्तथा सर्वाश्रय इति सर्वासुनिलयनाम्नोऽर्थः सम्पन्नो भवति। सर्वासां योनीनां जीवनाधार इति वार्थः।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।" अथर्व ११।४।१ ॥

लोकेऽपि च पश्यामः—यो हि शिल्पी यस्य यन्त्रस्य निर्माता, स तद्विषयकं सर्वं रहस्यं वेत्ति, तथायं सर्वासुनिलयो विष्णुः सर्वं विश्वं श्लेषयन् जीवनाधारेण योजयन् सर्वं व्यश्नुवानश्च वशे करोति।

भवति चात्रास्माकम्—

सर्वासुनिलयः शम्भुः सर्वं कृत्वा जगद्वशे।
सर्वाधारः स्वयं प्राणो जगतीं व्याप्य तिष्ठति ॥२८९॥

अनलः—७११

"अल भूषणपर्याप्तिवारणेषु" भौवादिको धातुस्ततः पचाद्यच् प्रत्ययः। अलतीत्यलः, न अलः—अनलः। यद्वा—अलमित्यव्ययं स्वरादिषु पर्याप्त्यर्थकं निषेधार्थकञ्च, तस्माद् "**अर्शआदिभ्योऽच्**" (पा० ५।२।१२७) सूत्रेण, अर्शादेराकृतिगणत्वान्मत्वर्थीयोऽच् प्रत्ययः "**अव्ययानां भमात्रे टिलोपो वक्तव्यः**"

प्रकार सर्वगत, सर्वत्र विद्यमान तथा सब का आश्रय ऐसा अर्थ हुआ, सर्वासुनिलय शब्द का। यद्वा सब योनियों का जीवनाधार, सर्वासुनिलय शब्द से कहा जाता है। इसमें "**प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे**" (अथर्व ११।४।१) मन्त्र प्रमाण है। हम लोक में भी देखते हैं, जो जो कारु (मिस्त्री) जिस जिस यन्त्र का निर्माण करता है, वह उस यन्त्र के विषय की पूर्ण जानकारी रखता हुआ, उसे अपने वश में रखता है। उसी प्रकार यह सर्वासुनिलय विष्णु, इस सकल विश्व को जीवनोपयोगी साधनों से युक्त करता हुआ सर्वत्र व्याप्त इस विश्व को वश में रखता है।

इस भाव को भाष्यकार इस प्रकार व्यक्त करता है—

सर्वासुनिलय नाम भगवान् विष्णु का है, क्योंकि वह सर्वाधार, स्वयं प्राणरूप इस जगत् को वश में करके व्यापक रूप से स्थित है।

अनलः—७११

भूषण, पर्याप्ति=प्रभूतता तथा वारण, इन अर्थों में विद्यमान अल धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से अल शब्द सिद्ध होता है। अल शब्द का नञ् के साथ समास करने से अनल शब्द बन जाता है, जिसका अर्थ "जिसकी किसी अन्य से भूषा पर्याप्ति या वारण नहीं है" ऐसा होता है। यद्वा अलं पर्याप्त्यर्थक तथा निषेधार्थक शब्द स्वरादि में पठित होने से अव्यय है। उससे अर्शादि के आकृतिगण होने से मत्वर्थीय अच् प्रत्यय तथा टि

इति टिलोपे च अलइति सिध्यति, नञा समासे, नञो नलोपे नुडागमः। अलं पर्याप्तिः=प्रभूतमेतावन्नान्यदपेक्षम् इत्येतद्रूपं तृप्तिवचन, समाप्तिवचनं वा। तदुभयन्न विद्यते यस्य सोऽनल इति। लोकेऽपि च पश्यामः कश्चिदुत्पद्यते कश्चिन्म्रियते—इत्यविच्छिन्नपरम्परया नहि प्रभूतमेतदेतावत्, समाप्तं वैतदिति केनाप्याकलयितुं शक्यते। तस्माद् भगवान् विष्णुरनलत्वरूपेण गुणेन सर्वं विश्वं व्यश्नुवान आस्ते।

अलशब्दस्य भूषणार्थवृत्तावपि, नास्त्यन्यो भूषयिता यस्येति सोऽनलः। पर्याप्तिवचने च—नास्त्यपरो विना तं महावीर्यं विष्णुं पर्याप्तः=शक्तः सृष्टिनिर्माण इत्यनलः। वारणार्थे—नास्त्यन्यः कश्चिदीदृशो यो विष्णुं पराजयेतेति, विष्णुरेवानलः। भावार्थप्रधानं मन्त्रलिङ्गञ्च—

"न त्वदन्यः कवितरो न मेधया धीरो वरुण स्वधावान्।"
अथर्व ५।११।४॥

"न द्वितीयो न तृतीयः।" इति अथर्व १३।४।१६॥

"अहमिन्द्रो न परा जिग्ये।" ऋक् १०।४८।५॥

"सर्वं तदिन्द्र ते वशे।"
ऋक् ८।९३।४; अथर्व २०।११२।१; यजुः ३३।३५॥

का लोप होने से अल शब्द बन जाता है। तथा उससे नञ् समास और नुट् का आगम होने से, अनल शब्द बनता है। अल नाम पर्याप्ति का है, जिसका स्वरूप 'बहुत है और नहीं चाहिए' इस प्रकार का तृप्तिवचन है। अथवा अल शब्द का अर्थ समाप्ति है। ये दोनों जिसमें नहीं हैं, उसका नाम अनल है। लोक में भी हम देखते हैं, कोई उत्पन्न होता है, कोई मरता है, यह जन्म-मरणरूप परम्परा अविच्छिन्न रूप से चलती रहती है, इससे किसी की प्रभूतता या समाप्ति की गणना नहीं की जा सकती। इससे भगवान् विष्णु की, अनलत्व रूप से व्याप्ति का बोध होता है। अल शब्द के शक्त अर्थ में प्रयुक्त करने से, जिस महावीर्य विष्णु को छोड़कर कोई अन्य सृष्टि के बनाने में समर्थ नहीं हैं, ऐसा अनल शब्द का अर्थ होता है। वारण अर्थ लेने से, अन्य कोई भी ऐसा नहीं है, जो भगवान् विष्णु को हरा देवे (पराजित कर दे) ऐसा अनल शब्द का अर्थ होता है।

इसमें भावार्थ प्रधान मन्त्रलिङ्ग 'न त्वदन्यः कवितरो न मेधया धीरो०" (अथर्व ५।११।४) तथा "न द्वितीयो न तृतीयः" (अथर्व १३।४।६) इत्यादि हैं। तथा यह ही भावार्थ "अहमिन्द्रो न पराजिग्ये" (ऋक् १०।४८।५) "सर्वं तदिन्द्र ते वशे" इत्यादि (ऋक् ८।९३।४) अथर्व (२०।११२।१) यजुः (३३।३५) वचनों से पुष्ट होता है।

भवति चात्रास्माकम्—

**मन्येऽनलं सर्वगतं हि विष्णुं न तस्य शक्तिं ह्युपहन्तुमीशः ।
न कोऽपि वा भूषयिताऽस्ति तस्य निमित्तभूतः स दधाति विश्वम् ॥२९०॥**

धारणे मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स दाधार पृथिवीमुतद्यामुतेमाम् ।" अथर्व ४।२।७ इत्यादि ॥

दर्पहा—७१२

'दृप हर्षमोहनयोः" इति दैवादिको धातुस्ततो भावे घञ्, रपरो गुणो दर्पः । दर्पं हतवान्, हन्ति, हनिष्यतीति वा सार्वकालिकः क्विप्, हन्नन्तलक्षणो दीर्घः (पा० ६।४।१२) । भगवद्व्यवस्थाप्रभावतः सर्वे जीवा आत्मानं पूर्णमन्यमाना दृप्यन्ति, त एव च यदा कञ्चित्स्वसदृशं नश्यन्तं पश्यन्ति, तदा तेषां स दर्पः किञ्चिदुपशाम्यति, तद्दर्शनात्मकदर्पोपशमनहेतोरुपस्थापको भगवान् विष्णुरेव 'दर्पहा' इत्युक्तो भवति । लोकेऽपि जरां गतस्य रूपवतोऽपि रूपं हीयते । क्व गतं तद्रूपमिति प्रश्ने प्रतिवचनमेतदेव यद् रूपस्य दात्रा विधात्रा स्वव्यवस्थानुसारं प्रत्यात्तं प्रत्याहृतं वा तत् । एवञ्च स दर्पहा—हर्षहा—मोहहा वेत्युक्तो भवति । मन्त्रलिङ्गञ्च—

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

मैं सर्वगत भगवान् विष्ण को अनल शब्द का वाच्यार्थ, इसलिए मानता हूं कि भगवान् से अन्य कोई भी ऐसा नहीं है जो भगवान् की शक्ति का प्रतिघात करदे या उसे भूषित करे, अर्थात् वह सर्वातिशायी शक्तिशाली, तथा स्वयं अपनेरूप से भूषित है, और निमित्तकारणरूप से वह इस विश्व को धारण कर रहा है। धारण करना अर्थ **"स दाधार पृथिवीम्"** (अथर्व ४।२।७) इत्यादि मन्त्र से पुष्ट होता है ।

दर्पहा—७१२

हर्ष तथा मोहन अर्थ में वर्तमान 'दृप' यह दिवादिगण पठित धातु है । इस से भाव में घञ् प्रत्यय तथा रेफपरक गुण करने से दर्प शब्द सिद्ध होता है । दर्प का जिसने हनन किया, हनन करता है, या करेगा उस का नाम दर्पहा है। दर्पपूर्वक हन् धातु से सार्वकालिक क्विप् प्रत्यय, तथा हन्नन्तलक्षण दीर्घ (पा० ६।४।१२) करने से दर्पहा शब्द बन जाता है । भगवान् की अटल व्यवस्था या नियमों से प्रभावित हुये सब जीव अपने आप को सर्वथा पूर्ण मानते हुए दर्प=गर्व करते हैं, किन्तु जब वे अपने समान किसी दूसरे का विनाश देखते हैं, तब उनका वह दर्प कुछ शान्त होता है । उस दूसरे का विनाश दर्शनरूप, दर्प के शमन हेतु को उत्पन्न करनेवाला भगवान् विष्णु, दर्पहा नाम से कहा जाता है । लोक में भी ऐसा देखने में आता कि वृद्धावस्था को प्राप्त होनेपर सुन्दर जीव का भी रूप=सौन्दर्य स्वयं नष्ट हो जाता है । यदि पूछा जाए कि वह रूप कहां गया ? तब उत्तर एक ही होगा कि रूप को देने वाले

"अकामो धीरो अमृतः स्वयम्भू रसेन तृप्तो न कुतश्चनोनः ।
तमेव विद्वान् न बिभाय मृत्योरात्मानं धीरमजरं युवानम् ।
अथर्व १०।८।४४ ।।

भवति चात्रास्माकम्—

स दर्पहा सर्वगतः स्वयम्भूर्दर्पं ददात्येव स विश्वकस्मै ।
दर्पं च हर्षं किमुताथ मोहं स एव हन्तीति विनिश्चितं मे ।।२६१।।

दर्पदः—७१३

दर्प शब्दो निष्पादितो 'दर्पहा' नाम व्याख्याने । दर्पं ददातीति ददातेः "आतोऽनुपसर्गे कः" (पा० ३।२।३) सूत्रेण कः प्रत्ययः, आल्लोपश्च, दर्पदः । दर्पः—हर्षः—मोहो वा प्रतिवस्तु यो दर्पो यो हर्षो यो मोहो वा स तस्यैव भगवतो विष्णोरिति विज्ञापयितुं तन्नामैव दर्पद इति विख्यापितं तत्त्ववेतृभिः । लोकेऽपि पश्यामो, योषिति यो रूपसम्मोहः स कस्येति प्रश्ने, भगवतश्चन्द्रशुक्र नामवतो विष्णोरेव स इति समाधिः । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः ।
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ।" यजुः ३२।१ ।।

विधाता ने ही उसे वापिस ले लिया अर्थात् विधाता ने ही रूप हरण कर लिया । इस प्रकार भगवान् का दर्पहा, हर्षहा, अथवा मोहहा नाम होता है । इस में "अकामो धीरो अमृतः स्वयम्भूः" (अथर्व १०।८।४४) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

मेरा यह निश्चित मत है कि सर्वगत भगवान् स्वयम्भू ही सबको दर्प देता है, तथा वह ही सब के दर्प, हर्ष, तथा मोह का हनन करता है, इसलिए दर्पहा है अपने इस पद्य में दान तथा हननरूप अर्थ, भाष्यकार ने हन् धातु के गति और हिंसा अर्थ के उद्देश्य से किया है ।

दर्पदः—७१३

दर्प शब्द का व्युत्पादन पहले दर्पहा नाम में किया गया है । दर्प पूर्व दा धातु से क प्रत्यय करने से दर्पद शब्द बनता है जिसका अर्थ है—दर्प को देने वाला अर्थात् प्रत्येक वस्तु में अर्थात् जीव में जो दर्प, हर्ष, या मोह देखने में आते हैं, वे सब भगवान् के ही हैं । इस अर्थ को प्रकट करने के लिए ही तत्त्ववित् महापुरुषों ने भगवान् को दर्पद नाम से कहा है । लोक में भी हम देखते हैं—यदि किसी से पूछा जाए कि स्त्री में जो मोहित करनेवाला रूप है, वह किस का है ? तब उत्तर मिलेगा चन्द्र-शुक्र नामवाले भगवान् विष्णु का ही वह रूप है, चन्द्र और शुक्र भी भगवान् के ही नाम है, इसमें "तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद् वायुस्तदु चन्द्रमाः"(यजु ३२।१)इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्हि रूपेण युनक्ति विश्वं मोहेन चापि स युनक्ति युक्त्या ।
न तं विना रूपमिहास्ति चन्द्रे मन्ये न शुक्रे स हि दर्पदोऽतः ॥२६२॥

शुक्रचन्द्रयोर्योगो, रूपं सम्मोहनं करोतीति ग्रहयोगविदां समयः ।

अदृप्तः—दृप्तः—७१४

'दृप हर्ष मोहनयोः' इति दैवादिकाद्धातोः कर्तरि क्तः, अनिट् गुणाभावश्च अत्र द्विधा सन्धिविग्रहः—अदृप्त इति दृप्त इति वा । तत्र न दृप्त इति नञ् समासे, अदृप्त पक्षे—न दृप्यतीति—अदृप्तः । यत्र च न नञ्समासस्तत्र दृप्त इति । 'दर्पदोदृप्त' इति सांहितिकं रूपं तूभयत्र समानम् । अत उभयथाऽप्ययं व्याख्यायते—

तत्रादृप्त इति—सर्वं यथायथं विरच्यापि न कञ्चिद् व्युत्क्रमते स्वकीयेना दृप्तगुणेन विश्वं व्यश्नुवान इति । तद्यथा—बीजानुसारिणा कार्येण भवितव्यमिति कृतनियमं विश्वमिदन्न व्यभिचरति । नासौ क्वचित्तथाविधं मोहं हर्षं वा प्राप्नोतीति विष्णुः 'अदृप्त' इत्यनया संज्ञया ख्यापितस्तत्त्ववेदिभिः ।

दृप्त इति पक्षे च—भगवद्रचितमिदं विश्वं विष्णोः कर्माणि पश्यन्तं बुद्धिमन्तमपि क्षणं मोहयति, स चाश्चर्यचकितश्चिन्तयति, को ह्यस्य विश्वस्य

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु ही इस समस्त विश्व को रूप तथा मोह से युक्त करता है । मेरा यह मत है कि, भगवान् के दिये बिना न चन्द्रमा में और न शुक्र में ही किसी प्रकार का रूप है, इसलिए भगवान् का नाम दर्पद है ।

ज्योतिषियों के सिद्धान्त से शुक्र और चन्द्रमा के सम्बन्ध से ही सम्मोहन रूप की उत्पत्ति है ।

अदृप्तः—दृप्तः—७१४

हर्ष तथा मोहनार्थक दृप से कर्ता अर्थ में 'क्त' प्रत्यय इट् तथा गुण के अभाव होने से दृप्त शब्द सिद्ध होता है । यहां 'दर्पदोदृप्तः' श्लोकांश में 'दृप्त' 'अदृप्त' दो प्रकार से विग्रह किया जा सकता है । इसलिये यहां दोनों का ही ग्रहण है । अदृप्त तथा दृप्त दोनों ही नाम भगवान् विष्णु के सङ्गतार्थ हैं । वह सब की यथार्थरूप से रचना करके भी सर्वत्र व्यापक रूप से स्थित हुआ, अपने किसी नियम विशेष का उल्लङ्घन नहीं करता, इसलिये अदृप्त है । जैसे कि कार्य कारण के अनुरूप होना चाहिये, यह नियम है । इस नियम का कहीं भी भगवान् मोह या हर्षवश होकर उल्लङ्घन नहीं करता । इसलिये अदृप्त नाम से कहा जाता है तथा भगवान् का बनाया हुआ यह विश्व, विष्णु के विचित्र-विचित्र कर्मों के द्वारा बुद्धिमान् को भी मोहित कर देता है और वह आश्चर्यचकित होकर विचारता

कर्ता, कथंविधश्च स इति। विश्वमायामोहितस्य मोहकरणः स भगवानपि आयुर्वै घृतमितिवत् 'कारणे कार्यशब्द' न्यायेन दृप्त नाम्नोक्तो भवति, तस्मिंश्च स्थितं विश्वमिदं शोकाद्विमुच्यते। अत एव भगवतो विष्णोः 'विशोक-शोकनाशन' इति नाम्नी पृथक्-पृथक् व्याख्यातचरे।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।" यजुः ३२।१॥

भवति चात्रास्माकम्—

दृप्तः शम्भुरदृप्तो वा स्वभावं नातिवर्तते।
यथाबीजगुणं कृत्वा नियच्छन् विश्वमेजति ॥२९३॥

दुर्धरः—७१५

दुस् उपसर्गः, 'धृञ् धारणे' इति भौवादिको धातुस्ततः "ईषद्दुः सुषु कृच्छ्राकृच्छ्रार्थेषु खल्" (पा० ३।३।१२६) सूत्रेण कृच्छ्रार्थके दुस्युपपदे खल् प्रत्ययः सस्य रुत्वं उकारस्य चेत्संज्ञा, धातोरपि गुणो रपरः, दुर्धर इति दुःखेन

है कि इस विश्व का कर्ता कौन है और वह कैसा है ? इस प्रकार चकित हुये विश्वमाया से मोहित बुद्धिमान् मनुष्य का मोह कारण होने से, जैसे **आयुर्वै घृतम्** में आयु के कारण घृत के लिये तत्कार्यरूप आयु शब्द का व्यवहार होता है उसी प्रकार यहां भगवान् विष्णु का नाम भी दृप्तरूप से व्यवहृत होता है। भगवान् में स्थित हुआ यह सकल विश्व शोक से छूट जाता है। इसीलिये भगवान् के 'विशोक' तथा 'शोकनाशन' नाम हैं। इनका पहले व्याख्यान पृथक्-पृथक् किया गया है। इस नाम के भाव में **"तदेजति तन्नैजति"** (यजुः ३२।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

इसके भाव को भाष्यकार अपने पद्य से इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु के दृप्त तथा अदृप्त दोनों ही नाम हैं, क्योंकि वह बीज=कारण के गुणानुसार कार्य को करता हुआ इस विश्व का नियमन करता है. तथा स्वयं किसी प्रकार के हर्ष या मोह को प्राप्त न होकर भी विश्वमाया से मोहित हुये विद्वान् के मोह का कारण होने से दृप्त कहाता है।

दुर्धरः—७१५

दुस् उपसर्ग है, धारणार्थक भ्वादिगणपठित 'धृञ्' धातु से कृच्छ्रार्थक 'दुस्' उपसर्ग के उपपद रहते हुये कर्म अर्थ में कृत् खल् प्रत्यय तथा धातु को रेफपरक गुण करने से दुर्धर शब्द सिद्ध होता है। जिसको दुःख से धारण किया जा सके अर्थात् जाना जा सके, उसका नाम दुर्धर है। जरायुज अण्डज-स्वेदज-उद्भिज्ज भेद से चतुर्विध योनि तथा उनके

धर्तुं शक्यो दुर्धरः। दुर्ज्ञेय इति तु वास्तविकार्थः। जरायुजाण्डस्वेदजोद्भिज्जरूप चतुर्विधयोनीनाम् अनन्तानां च तद्विकल्पनानां ज्ञानगुणकर्मस्वभावादीनि धर्तुं =ज्ञातुं सचेतसामपि चेतांसि न क्षमाणि भवन्तीति कृत्वा। स विष्णुर्दुर्धर इत्युक्तो भवति। तद्यथा—पाणिना वायुर्दुर्धरः, पटेनाग्निर्दुर्धरः, शिरसा पृथिवी दुर्धरा, यथा वा सूर्यः पाणिना दुर्धरः, तथैवायं भगवान् ज्ञानचक्षुष्कैरपि दुर्धरो दुःखेन ज्ञातुं शक्य इति दुर्धर उच्यते। तत्र मन्त्रलिङ्गञ्च—

"सहस्रशीर्षापुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिꣳसर्वतस्पृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्।" यजुः ३१।१॥

भवति चात्रास्माकम्—

स दुर्धरो विष्णुरचिन्त्यरूप आत्मानुरूपञ्च जगद्विधाय।
स्वं दुर्धरत्वं विविधं विचष्टे तं दुर्धरं पूतधियो नमन्ति ॥२६४॥

अपराजितः—७१६

परोपसर्गपूर्वक 'जि जये' इति भौवादिको धातुस्ततः कर्मणि 'क्तः' प्रत्ययोऽनिट्, गुणाभावश्च। न पराजीयतेऽन्यैरित्यपराजितः, पराजितशब्देन नञ्तत्पुरुषः समासो नञो नलोपः। न कश्चित्तमपरः पराजेतुं शक्त इत्यपरा-

---

अनन्त भेदों के ज्ञान, गुण, कर्म विद्वान् पुरुषों के भी जानने में पूर्णतया नहीं आते जो कि इन्द्रियगोचर हैं, फिर जो मन सहित किसी भी इन्द्रिय का विषय नहीं है, उस भगवान् को कैसे जाना जा सकता है? इसलिये उसका नाम दुर्धर है। जिस प्रकार—हाथ से वायु, वस्त्र से अग्नि, शिर से पृथिवी ग्रहण वा धारण नहीं की जा सकती, अथवा जैसे हाथ से सूर्य नहीं पकड़ा जा सकता, उसी प्रकार भगवान् ज्ञानचक्षुवालों से भी दुर्ज्ञेय होने से दुर्धर है। इस अर्थ का समर्थन "सहस्रशीर्षा पुरुषः" (यजुः ३१।१) इत्यादि मन्त्र से होता है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

सर्वथा इन्द्रियागोचर होने से अचिन्त्य भगवान् विष्णु अपने अनुरूप जगत् का निर्माण करके, इसके द्वारा अपने दुर्धरत्व=दुर्ज्ञेयता को प्रकट करता हुआ दुर्धर नाम से कहा जाता है। तथा उसे पवित्र बुद्धि वाले पुरुष नमस्कार करते हैं।

अपराजितः=७१६

परा इस उपसर्गपूर्वक जयार्थक 'जि' धातु से कर्म में क्त प्रत्यय करने से पराजित शब्द सिद्ध होता है। जिसको दूसरा कोई हरा न सके=निरस्कृत न कर सके उसका नाम अपराजित है। अथवा अपराजित शब्द से तद्रूप द्वितीय का लक्षणा द्वारा अभाव की प्रतीति

जितो विष्णुः। अथवा पर एव कश्चिन्नास्ति "न द्वितीयो न तृतीयः" इत्यथर्व-वचनात् (१३।४।१६) तस्मात् पराजित्वस्यासम्भवाद् भगवतोऽपराजित इति नम्ना सङ्कीर्तनं युक्तमुपपद्यते। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"इन्द्रो बध्नातु ते मणिं जिगीवाँ अपराजितः।" अथर्व ८।५।२२॥

तथा—

"आदित्यानां वसूनां रुद्रियाणां देवो देवानां न मिनामि धाम।
ते मा भद्राय शवसे ततक्षुरपराजितमस्तृतभषाढम्।"
ऋक् १०।४८।११॥

लोकेऽपि च पश्यामः—कश्चित्प्राणी कञ्चिदपरं स्वतो बलिष्ठं प्राणिन दृष्ट्वैतेन जितोऽहं स्यां कदाचिदिति मत्वा निरुत्साहो भवति त्यजति वा लक्ष्यम् न तथा स्वं स्वेन पराजितं मन्यते।

एवं भगवानखिलनामधरोऽपराजित इत्युक्तो भवति।

"सख्ये त इन्द्र वाजिनो मा भेम शवसस्पते।
त्वामभि प्रणोनुमो जेतारमपराजितम्।" ऋक् १।११।२॥

तथा च दृश्यते लोके—बहुलसाधनसम्पन्नमपि मरणशीलं शरीरं न अमरमात्मानं जेतुं क्षममित्यात्मा अपराजित इत्युच्यते।

अमुथैव भगवता निमित्तकारणेन यथापूर्वमिदं दृश्यतामानीतं जगत् स्वविकारैः कथं तमद्वितीयं जेतुं क्षमं स्यादित्यपराजितः स उक्तो भवति।

होती है, जैसा कि "न द्वितीयो न तृतीयः" इत्यादि (अथर्व १३।४।१६) वचन से सिद्ध है। पराजय किसी दूसरे से होता है, जब कि दूसरा कोई है ही नहीं इसलिये भगवान् का अपराजित नाम युक्तिसङ्गत है। इसमें "इन्द्रो बध्नातु ते मणिम्" (अथर्व ८।५।२२) इत्यादि तथा "आदित्यानां वसूनां रुद्रियाणां देवो०" (ऋक् १०।४८।११) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

हम लोक में भी देखते हैं—कोई प्राणी किसी अपने से बलवान् प्राणी को देखकर यह मुझे कभी जीत न ले, अर्थात् हरा न देवे, इस बुद्धि से निरुत्साह हो जाता है तथा अपने लक्ष्य को छोड़ देता है, किन्तु कोई अपने आप से पराजय की सम्भावना भी नहीं करता। इसी प्रकार सब नामों को धारण करने वाला भगवान् विष्णु, अद्वितीय होने से अपराजित नाम से कहा जाता है। इसी अर्थ में "सख्ये ते इन्द्र वाजिनो०" (ऋक् १।११।२) इत्यादि मन्त्र भी प्रमाण है। लोक में भी देखा जाता है, बहुत से साधनों से सम्पन्न होने पर भी यह मरणशील शरीर, अमर आत्मा को नहीं जीत सकता, इसलिये आत्मा का नाम भी अपराजित है। इसी प्रकार निमित्तकारण भगवान् विष्णु के द्वारा विसृष्ट यह जगत् अपने विकारों से उसे कैसे जीत सकता है, इसलिये भगवान् का नाम अपराजित है।

भवति चात्रास्माकम्—

परो न यस्यास्ति समो बलेन रूपेण किं वा पर एव नास्ति ।
तस्माद्वदन्त्येव समाप्तवेदा विष्णुं न केनापि जितं कदाचित् ॥२६५॥



विश्वमूर्तिर्महामूर्तिर्दीप्तमूर्तिरमूर्तिमान् ।
अनेकमूर्तिरव्यक्तः शतमूर्तिः शताननः ॥६०॥

७१७ विश्वमूर्तिः, ७१८ महामूर्तिः, ७१९ दीप्तमूर्तिः, ७२० अमूर्तिमान् । ७२१ अनेकमूर्तिः, ७२२ अव्यक्तः, ७२३ शतमूर्तिः, ७२४ शताननः ॥

विश्वमूर्तिः—७१७

विशेः क्वनि विश्वमिति "विश्व" नामव्याख्याने व्युत्पादितम् । विश्वं =जडचेतनात्मकः सर्वो दृश्यवर्गः । "मुर्च्छा–मोहसमुच्छ्राययोः" इति भौवादिको धातुस्ततः "स्त्रियां क्तिन्" (पा० ३।३।९४) सूत्रेण स्त्रीत्वविशिष्टभावे क्तिन् प्रत्ययः, "तितुत्रतथसिसुसरकसेषु च" (पा० ७।२।९) सूत्रेणेटः प्रतिषेधः । "राल्लोपः" (पा० ६।४।२१) सूत्रेण झलादौ प्रत्यये रात् परस्य छस्य लोपः । "हलि च" (पा० ८।२।७७) सूत्रेण दीर्घे मूर्तिः, वैकल्पिकद्वित्वपक्षे च मूर्त्तिः । मूर्त्तिः=आकारः, मायारूपा मोहिका शक्तिर्वा । विश्वमेव मूर्तिराकारो यस्य

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का नाम अपराजित है, क्योंकि बल या रूप में उसके समान कोई नहीं है, अथवा उसके तत्सदृश दूसरा है ही नहीं, जो उसको जीते । इसलिये वेदज्ञ महापुरुष उस विष्णु को 'अपराजित' नाम से कहते हैं ।

विश्वमूर्तिः—७१७

प्रवेशनार्थक 'विश' धातु से क्वन् प्रत्यय द्वारा विश्व शब्द की सिद्धि 'विश्व' नाम के व्याख्यान में की जा चुकी है । तदनुसार सब जड़चेतनात्मक दृश्यवर्ग का नाम विश्व है ।

मूर्ति शब्द मोह तथा काठिन्यार्थक 'मुर्च्छा' धातु से स्त्रीत्वविशिष्ट भाव में क्तिन् प्रत्यय करने से बनता है । मूर्ति नाम आकार का या मोहित करने वाली शक्ति विशेष का है । विश्व ही है मूर्त्ति=आकार जिसका, उसका नाम है विश्वमूर्ति । अथवा विश्व ही है मूर्ति=मोहित करनेवाली शक्ति जिसकी, उसका नाम है विश्वमूर्ति । अथवा विश्व=सकल चराचर को मोहित करने वाली है मूर्ति जिसकी, उसका नाम है विश्वमूर्ति । इस सकल विश्व में व्यापकरूप से स्थित भगवान् विष्णु विश्वाकार=विश्वरूप होने से

सः विश्वमूर्तिः। अथवा विश्वमेव माया=विमोहिका शक्ति र्यस्य स विश्वमूर्तिः। अथवा विश्वस्य मोहिका शक्तिर्यस्य स विश्वमूर्तिः। तथा हि सर्वमिदं विश्वं व्याप्य स्थितो भगवान् विष्णुर्विश्वाकारः सन् विश्वमूर्तिरित्युक्तो भवति। तस्य च सर्वस्य मोहिका शक्तिर्विश्वमेव। विचित्ररचनाचातुर्यमिदं विश्वं, विश्वान्तर्गतं प्रत्येकं वस्तु वा द्रष्टारं प्रति प्रत्यक्षत उपस्थितमपि मोहयतीव सर्वम्। आ तृणा-दामेरु बुद्धेरप्यगोचरेऽस्मिन् चराचररूपे विश्वे स सर्वत्र व्याप्तोऽव्यक्तरूपेण सर्वस्योद्भावकः सर्वस्याश्रयश्चास्ति। अतएव स विष्णुः सर्वव्यापकः, सर्वरूपः, सर्वमोहनः, सर्वाश्रयश्च विश्वमूर्तिरित्युक्तो भवति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा।" यजुः ३१।१९॥ तथा
"तस्मिन् क्षियन्ति भुवनानि विश्वा।" ऋक्।

भवति चात्रास्माकम्—

स्थानं न तद् यत्र न वर्तते "यत्"[1] तद्दर्शकं विस्मितवद् विधत्ते।
विद्वान् सदा विश्वगतञ्च विष्णुं निजात्मवत् पश्यति वीतशङ्कः ॥२९६॥

१—यदिति=विष्णुः।

विश्वमूर्ति कहा जाता है और उसकी सब को मोहित करने वाली शक्ति विश्व ही है। विचित्र-विचित्र रचनाओं से अनुस्यूत यह विश्व अथवा विश्वान्तर्गत प्रत्येक वस्तु प्रत्यक्षरूप से सामने आई हुई भी सब देखने वालों को मोह से युक्त कर देती है। तृण से लेकर मेरु-पर्यन्त बुद्धि के भी अविषय, इस चराचररूप विश्व में सर्वत्र व्याप्त हुआ भगवान् विष्णु सबका उत्पादक तथा आश्रय है। इसीलिये भगवान् विष्णु सर्वव्यापक, सर्वरूप, सर्वमोहन तथा सबका आश्रय होता हुआ विश्वमूर्ति नाम का वाच्य होता है। इसमें "तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा" (यजुः ३१।१९) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है तथा "तस्मिन् क्षियन्ति भुवनानि विश्वा" इत्यादि मन्त्र से भी यह अर्थ प्रतिपादित है।

इसी भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

ऐसा कोई स्थान नहीं जहां भगवान् विष्णु की सत्ता न हो। विश्व की प्रत्येक वस्तु अपने दर्शक को विस्मयान्वित करती है, किन्तु विद्वान् पुरुष निःसंशय होकर विश्व में सर्वत्र व्याप्त विष्णु को अपने से अभिन्न अर्थात् उसके सर्वव्यापक होने से अपने आपको भी विष्णु रूप से देखता है।

जैसे शरीर में विद्यमान जीवात्मा को आजतक भी किसी ने अपनी दृष्टि से, अर्थात् प्रत्यक्ष में नहीं देखा है, फिर भी मनुष्य 'अहं' शब्द के आश्रयार्थ की बुद्धि से उसका व्या-

तथा—

शरीर आत्मा हि यथा ह्यदृश्यो जीवो न केनापि दृशास्ति दृष्टः ।
तथापि निर्वक्तुमर्हधिया तं मर्त्यो यथाशक्ति वचांसि [1]यौति ।।२६७।।

१—यौति=सत्यान्यसत्यानि च मिश्रयति । यथाज्ञाननिचितैर्वचोभिर्यौति=निश्चयेन व्यामोहयति स्वात्मानं परात्मानञ्च । यथा लोकेऽपि प्रत्येकं प्राणी—आत्मनश्छायां दृष्ट्वाऽस्यां मत्कमेव रूपं व्याप्तमिति मन्यमानः तस्यां प्रियायते । तथैव विद्वानपि चराचररूपं जगत् तद्रूपमेव मन्यमानो विशोको रमते स्वात्मनि निर्भयम् ।

माया चेह—मीयते=ज्ञायतेऽनेनेति मायं=ज्ञानम् बाहुलकात् कर्मणि णः प्रत्ययो युगागमश्च, स्त्रियाञ्च माया—ज्ञानं शक्तिर्वा ।

महामूर्तिः—७१८

महच्छब्दसिद्धिः पूर्वं प्रदर्शिता, तस्य शतृवद्भावविधानात् "उगितश्च" इति (पा० ४।१।६) सूत्रेण ङीप् प्रत्ययः पुंवद्भावश्च, महती मूर्तिर्यस्य स महामूर्तिः । मूर्तिशब्दश्चात्रापि प्राक् प्रदर्शितार्थोऽवगन्तव्यो जगन्मूर्तित्वात्तस्य ।

अत्र च मन्त्रलिङ्गम्—

"न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः ।" यजुः ३२।२ ॥

ख्यान करने के लिये, सत्य तथा असत्य वचनों को प्रयुक्त करता है, अपनी शक्ति के अनुसार ।

अर्थात् सत्यासत्य से मिश्रित वचनों से अपनी बुद्धि के अनुसार अपने आपको तथा दूसरों को व्यामोहित करता है । जैसे लोक में प्रत्येक प्राणी अपनी छाया को देखकर इस छाया में मेरा ही रूप व्याप्त है, इस प्रकार मानता हुआ प्रसन्न होता है । इसी प्रकार विद्वान् इस चराचररूप विश्व को भगवान् का ही रूप मानता हुआ शोकरहित होकर अपने आप में रमण करता है ।

माय नाम ज्ञान का है मा धातु से बाहुलक से कर्म में ण प्रत्यय तथा युक् का आगम होने से सिद्ध हुआ है, स्त्रीलिङ्ग में टाप् करने से माया शब्द बनता है । यह ज्ञान या शक्ति का नाम है ।

महामूर्तिः—७१८

महत् शब्द की सिद्धि पहले दिखाई जा चुकी है ।

शतृवद्भाव होने से उससे ङीप् प्रत्यय तथा समास में पुंवद्भाव करने से महामूर्ति शब्द सिद्ध होता है । महत्=बड़ी है मूर्ति=आकार जिसका, उसका नाम महामूर्ति है । मूर्ति शब्द का जो अर्थ, विश्वमूर्ति शब्द में दिखाया है, वह ही यहां समझना चाहिये । यह सकल जगत् ही भगवान् की मूर्ति है । जैसा कि "न तस्य प्रतिमा अस्ति" इत्यादि यजुर्वेद (३२।३) मन्त्र से प्रतिपादित है । सर्वव्यापक भगवान् विष्णु की मूर्ति, जगत् के पदार्थों

महतः सर्वव्यापकस्य विष्णोर्मूत्तिरपि यथाजागतपदार्थव्याप्ति महती, लघ्वी च भवति। यथा जीवो यथाशरीरं शक्त्या रूपेण च व्यक्तो भवति, तथा महतो महती मूर्त्तिरिति व्यञ्जयितुं सर्वमहतोऽमोघस्य विष्णो महामोहनं विश्व-मिति महद्रूपञ्च तस्य विश्वस्य। अत एव भगवतो जगन्मूर्तित्वान्महामूर्तिरिति नामाघुष्यत विद्वद्भिः।

भवति चात्रास्माकम् --

यावान् हि यस्तस्य च तावती स्यात् छाया महामूर्तिपदेन विष्णुम्।
गायन्ति पश्यन्ति कथानकेषु शृण्वन्ति तां चोपचरन्ति तज्ज्ञाः ॥२९८॥

व्याख्यातञ्च विस्तरतो ज्येष्ठनाम व्याख्याने। तद्यथा—

"यस्य भूमिः प्रमा अन्तरिक्षमुतोदरम्।
दिवं यश्चक्रे मूर्द्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः।" अथर्व १०।७।३२॥

दीप्तमूर्तिः—७१९

'दीपी दीप्तौ' इति दैवादिको धातुस्ततः कर्तरि क्तः, "श्वीदितो निष्ठायाम्" इति (पा० ७।२।१४) सूत्रेण इण्निषेधः दीप्तः, स्त्रियां टाप्—दीप्ता। दीप्ता मूर्तिर्यस्य स दीप्तमूर्तिः। दीप्तशब्दोऽयं विशेष्यनिघ्नः, समासे तस्य पुंवद्भावः। तथा च यथा सूर्यादयो ग्रहाः सनक्षत्रा

की व्याप्ति के अनुसार छोटी तथा बड़ी होती है, जैसे शरीर के अनुसार जीव शक्ति और रूप से शरीरानुसार व्यक्त होता है, उसी प्रकार सबसे बड़े सर्वथासफल भगवान् विष्णु ही यह महामोहन महद्रूप विश्व बड़ी से बड़ी मूर्ति है। यह महत् जगत् ही भगवान् की मूर्ति है इसलिये विद्वानों ने उसको महामूर्ति नाम से कहा है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य से इस प्रकार व्यक्त करता है—

जो जितना है, अर्थात् जिसका जितना बड़ा या छोटा आकार है उसकी उतनी ही बड़ी या छोटी छाया=प्रतिबिम्ब होता है, इसलिये कथानकों में महापुरुष, भगवान् का महामूर्ति नाम से गान करते हैं तथा उसकी उस महती मूर्ति का दर्शन और पूजन करते हैं।

इसका सविस्तार व्याख्यान, ज्येष्ठ नाम के व्याख्यान में "यस्य भूमिः प्रमा" इत्यादि अथर्व (१०।७।३२) से प्रमाणित करके किया गया है।

दीप्तमूर्तिः—७१९

दीप्त्यर्थक 'दीपी' इस दैवादिक धातु से कर्ता कारक में क्त प्रत्यय तथा ईदित् होने से इट् का निषेध होकर दीप्त शब्द सिद्ध होता है। इससे स्त्रीत्व द्योत्य होने पर टाप् प्रत्यय होने से दीप्ता शब्द बनता है। दीप्ता=प्रकाशमाना है मूर्ति=आकार जिसका, उसका नाम है दीप्तमूर्ति। दीप्त शब्द के विशेष्य के समान लिङ्ग विभक्ति, वचन होते हैं।

दीप्यन्ते=प्रकाशन्ते स्वात्मना, तथाऽयं दीप्तमूर्तिर्विष्णुः स्वतः प्रकाशते। स्वप्रकाशरूपेण च गुणेन विश्वं व्यश्नुवानः सर्वमपि प्रकाशयति। तद्यथा—म्रियमाणस्य तन्मृत्युज्ञापकानि लक्षणानि प्रकाशन्ते, यियासोः क्रियोपकरणं विलक्षणं भवति, प्रसोष्यमाणायाः प्रसवकालभाविन्यो वेदनाः जायन्ते, एवं सूक्ष्मपर्यालोचनेन भगवान् विष्णुर्दीप्तमूर्त्तित्वगुणेन सर्वत्र व्यष्टो द्रष्टेव लीलावत् सर्वं चरन्तं चारयति विश्वम्। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो बाहुरुत विश्वतस्पात्।
सं बाहुभ्यां धमति सं पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देव एकः।"

ऋक् १०।८१।३॥

भवति चात्रास्माकम्—

मर्त्यो यथा गुह्यतमानि कर्तुं गुप्तं प्रदेशं कुरुते प्रयत्नात्।
विष्णुर्न तद्वत् स तु दीप्तमूर्तिः सर्वत्र सर्वञ्च करोति दीप्रम्॥२६६॥

अमूर्तिमान्—७२०

न मूर्तिर्येषां तेऽमूर्तयोऽव्यक्तादयः। तेऽस्य सन्तीति अमूर्त्तिमान् विष्णुः। अथवा न—एवंविधेति निश्चितरूपा मूर्तिर्यस्य सोऽमूर्तिमान् विष्णुरिति भावानु-

---

समास मे पूर्व पद को पुंवद्भाव हो जाता है। जैसे सनक्षत्र सूर्य आदि ग्रह अपने स्वरूप से प्रकाशमान हैं, वैसे ही भगवान् विष्णु स्वतः प्रकाशमान है, इसलिये दीप्तमूर्ति है। अपने प्रकाशरूप गुण से सर्वत्र व्याप्त हुआ भगवान् सकल जगत् को प्रकाशित करता है, जैसे कि किसी मरते हुये जीव के उसके मरण के सूचक चिन्ह स्वयं प्रकाशित=प्रकट हो जाते हैं, किसी यात्रा करने वाले यात्री के गमनसूचक सामग्री अर्थात् साधन विलक्षण होते हैं, बच्चा उत्पन्न करने वाली स्त्री में प्रसवकालिक वेदनायें पहले ही प्रकट हो जाती हैं। इस प्रकार सूक्ष्म विचारने से सिद्ध होता है कि भगवान् अपने दीप्तमूर्तिरूप गुण से सर्वत्र व्याप्त हुआ, द्रष्टा के समान तटस्थरूप से स्थित अपने लीलास्थल इस स्वयं चलते हुये विश्व का सञ्चालन कर रहा है। यह नामार्थ "विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो०" इत्यादि ऋङ्-मन्त्र (१०।८१।३) से सिद्ध होता है।

इसी भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

जैसे कोई मनुष्य किसी गोपनीय कर्म को करने के लिये गुप्त (दूसरों से अदृश्य) स्थान का निर्माण करता है, इस प्रकार भगवान् विष्णु नहीं करता, क्योंकि वह दीप्तमूर्ति है, इसीलिये वह सबको दीप्र=दीपनशील अर्थात् प्रकाशमान करता है।

अमूर्तिमान्—७२०

मूर्ति जिनके नहीं है ऐसे अव्यक्त प्रकृति तथा आकाशादि प्रकृति विकार जिसके हैं उसका नाम है अमूर्तिमान्। अथवा 'ऐसी ही है' इस प्रकार से निश्चित मूर्ति जिसकी नहीं

सारिणी व्युत्पत्तिः । अमूर्त्तिशब्दात् "तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्" (पा० ५।२।३६) सूत्रेण 'मतुप्' प्रत्ययः। सुबादिकार्यमुपधादीर्घो, नुमादि च । एवञ्चामूर्त एव भगवान् विष्णुः सूर्यादिरूपेण सर्वत्र चरति । तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"तदेवाग्नि स्तदादित्यस्तद् वायुस्तदु चन्द्रमाः ।
तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ।" यजुः ३२।१ ॥
"प्रजापतिश्चरति गर्भे अदृश्यमानो बहुधा विजायते ।"
अथर्व १०।८।१३ ॥

तथा—
"सूर्य व्रतपते !"
"चन्द्र व्रतपते !"
"अग्ने व्रतपते !" (द्र० साममन्त्र ब्रा० १।६, ९।१२) ।

इत्याद्यूह्यम् ।
भवति चात्रास्माकम्—

नैवं विधैवास्ति च तस्य मूर्तिरित्थं विनिश्चेतुमिदं प्रवृत्तम् ।
अमूर्तिमान्नाम च तस्य विष्णोः स एव सर्वत्र गतोऽस्त्यमूर्तः ॥३००॥

अनेकमूर्तिः—७२१

एकः—"इण् गतौ" इत्यादादिको धातुस्ततः "इण्भीका०" (३।४३) इत्यादिनोणादिसूत्रेण 'कन्' प्रत्ययः, तस्मिंश्च परतो गुणः, एक इति । न एकम्

है उसका नाम अमूर्तिमान् है । यह विष्णु का नाम है । यह नाम के भाव को प्रकाशित करने वाली व्युत्पत्ति है । अमूर्ति शब्द से मतुप् प्रत्यय सुबादि कार्य तथा दीर्घ आदि करने से अमूर्तिमान् शब्द बना है । भगवान् विष्णु स्वयं अमूर्त होकर भी सूर्य आदि रूप से सर्वत्र विचरण करता है । जैसा कि "तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद् वायुस्तदु चन्द्रमाः" इत्यादि (यजुः ३२।१) मन्त्र से सिद्ध होता है । इस भगवान् की नानाविधरूपता में "प्रजापतिश्चरति गर्भे" (अथर्व १०।८।१३) तथा "सूर्य व्रतपते ! चन्द्र व्रतपते ! अग्ने व्रतपते !" इत्यादि मन्त्र (द्र० साममन्त्र ब्रा० १।६।९-१२) प्रमाण हैं । इसी प्रकार की और-और कल्पनायें कर लेनी चाहियें ।

इस नामार्थ को भाष्यकार अपने पद्य से इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् की मूर्ति इतने प्रमाण की या इस प्रकार की है, ऐसा निश्चितरूप से नहीं कहा जा सकता, इसी भाव को भगवान् विष्णु का यह अमूर्तिमान् नाम प्रकट करता है, तथा वह भगवान् अमूर्तरूप से सर्वगत=सर्वव्यापक है ।

अनेकमूर्तिः—७२१

एक शब्द की सिद्धि गत्यर्थक 'इण्' धातु से उणादि कन् प्रत्यय तथा गुण करने से होती है । एक शब्द का नञ् के साथ समास करने से अनेक शब्द बन जाता है । अनेक=

अनेक मिति नञ् समासे नञो नलोपः । अनेका मूर्तयो यस्य सोऽनेकमूर्तिः । मूर्त्ति-शब्दश्च मूर्च्छतेः क्तिनि पूर्ववद् व्युत्पादनीयः । पुरुमूर्त्तिरिति भावः । तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते ।" ऋक् ६।४७।१८ ॥

तथा च भगवान् विष्णुर्मायाभिः पुरुरूपतां प्राप्नुवन् प्रतिजाति बाहुविध्य विदधदनेकमोहनः, अनेकाश्रयश्च भवति । एकमनेकमिव व्यनक्तीत्यर्थः । जीवित-मनुष्यगोऽश्वश्ववृक्षमूषकमूषिकामत्स्यसर्पादीनां दर्शनेन वस्तुतो मनुष्यस्य मनीषा मुह्यतीव । एवं जलस्थलसहस्रदलादीनामनेकविधता, तस्य भगवतो बहुविध-मूर्त्तित्वं प्रकटयति । एवञ्चानेकमूर्तित्वरूपेण गुणेन सर्वत्र व्याप्तो भगवान् विश्वं व्यवस्थापयति । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"रूपं रूपं मघवा बोभवीति मायाः कृण्वानस्तन्वः परिस्वाम् ।
त्रिर्यद् दिवः परिमूहूर्तमागात् स्वैर्मन्त्रैरनृतुपा ऋतावा ।"
ऋक् ३।५३।८ ॥

रूपमधिकृत्य, नैकरूपव्याख्याने यदुक्तं तदिहापि समुन्नेयम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

विश्वं हि विष्णुः परिगृह्य सर्वं विभिद्य तत् तत्र च वर्तमानम् ।
एकं हि सन्तं बहुधा तमाप्ता अनेकमूर्ति परिभाव्य तस्थुः ॥३०१॥

बहुत हैं मूर्तियां जिसकी उसका नाम अनेकमूर्ति है, अर्थात् पुरुमूर्ति इत्यादि एकार्थक शब्द हैं । इस अर्थ का प्रतिपादन "**इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते**" (ऋक् ६।४७।१८) इत्यादि वेदमन्त्र करता है । माया=ज्ञान या क्रियाओं के द्वारा पुरुरूपता को प्राप्त होकर भगवान् विष्णु प्रत्येक जाति अथवा प्राणियों में बहुप्रकारता अर्थात् अनेकता को करता हुआ, अनेक-मोहन या अनेकाश्रय होता है अर्थात् वह एकरूप अपने आपको अनेक रूपों में व्यक्त करता है । जीवित मनुष्य गो, अश्व, कुत्ता, वृक्ष मूषक, मूषिका, मत्स्य तथा सर्पादिकों को देखने से मनुष्य की बुद्धि मूढ अर्थात् भ्रान्त हो जाती है । इसी प्रकार जल या स्थल में होने वाले कमल या पुष्प आदिकों की बहुविधता, भगवान् के अनेक मूर्तित्व को प्रकट करती है । इस प्रकार अनेक मूर्तिरूप से विश्व में व्याप्त हुआ भगवान् विष्णु, विश्व की व्यवस्था करता है । इसमें "**रूपं रूपं मघवा बोभवीति**" (ऋक् ३।५३ ८) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । "**नैकरूप**" नाम की व्याख्या में रूप शब्द के विषय में जो कुछ कहा है, वह यहां भी समझ लेना चाहिये ।

इस भाव को भाष्यकार इस प्रकार व्यक्त करता है—

नाना भेदों में विभक्त इस विश्व में नानारूप से स्वयं स्थित भगवान् विष्णु की आप्त पुरुष, वास्तविकरूप से एक होते हुए हुये भी अनेकमूर्तिरूप से स्तुति करते हैं । इस

मन्त्रलिङ्गञ्च—
"एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।"
ऋक् १।१६४।४६ ॥

विश्वम्=चराचरम्।
"त्रिषुतिवक्रमणेष्वधि क्षियन्ति भुवनानि विश्वा।" ऋक् १।१५४।२ ॥

तस्थुः=स्थिरैरङ्गैः स्तोतुं प्रववर्तिरे।

अव्यक्तः—७२२

'वि' उपसर्गपूर्वः अञ्जू व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु इति रौधादिको धातुस्ततो "अञ्जिघृसिभ्यः क्तः" (३।८९) इत्युणादिसूत्रेण कर्तरि क्तः प्रत्ययः, "तितुत्रतथसिसुसरकसेषु च" (पा० ७।२।९) सूत्रेणेण्निषेधः। "अनिदितां हल उपधायाः क्ङिति (पा० ६।४।२४) सूत्रेण नकारलोपः। "चोः कुः" (पा० ८।२।३०) इति सूत्रेण कुत्वम्। वेरिकारस्य यण्। विविधमात्मानम्—अनक्तीति व्यक्तः। न व्यक्तः अव्यक्तः। नञ्तत्पुरुषो नञो नलोपः। मनुजः स्थलपद्मं पश्यन्नपि, तत्तत्त्वतो व्याकर्तुमक्षम उपरमति, तच्चाव्यक्तमेतदित्याचष्टे। तद्यथा—यदा पुष्पं स्वं रूपं व्यनक्ति, तदा तन्मूलमव्यक्तं भवति, तत्पार्थिवाणुसंयोगवियोगौ चाप्यव्यक्तौ भवतः। यदा कश्चिद्विद्वान् तन्मूलमुत्पाट्य पश्यति

अर्थ की पुष्टि "एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति" (ऋक् १।१६४।४६) तथा "तस्मिन् क्षियन्ति भुवनानि विश्वा" इत्यादि मन्त्र से होती है। 'तस्थुः' इस क्रिया पद का भाव 'स्थिर अङ्गों से स्तुति करना' है।

अव्यक्तः—७२२

व्यक्ति=प्रकट करना, म्रक्षण=स्नेहन, तथा कान्त्यादि अर्थों में वर्तमान अञ्जू धातु से, कर्ता अर्थ में उणादि (३।८९) क्त प्रत्यय, "तितुत्र०"(पा ०७।२.९) आदि सूत्र से इट् का निषेध, और नकार का लोप करने से अक्त शब्द सिद्ध होता है। 'वि' यह उपसर्ग है, इसके इकार को यण् करने तथा नञ् समास करने से, अव्यक्त शब्द सिद्ध होता है। जो विविधरूप से आत्मा को (अपने आप को) प्रकट करे उसका नाम व्यक्त है, तथा जो व्यक्त नहीं है, उसका नाम अव्यक्त है। मनुष्य स्थलपद्म को देखता हुआ भी उसकी पूर्णरूप से व्याख्या करने में असमर्थ, उसे अव्यक्त कहता है, क्योंकि पुष्प यद्यपि अपने अर्थात् कार्यरूप से व्यक्त है, तथापि मूलरूप से अव्यक्त है, तथा उसके पार्थिव अणुओं के संयोग और वियोग भी अव्यक्त हैं। जब कोई विद्वान् उसके मूल को निकाल कर देखता है, तब उस मूल का कार्यरूप पुष्प अव्यक्त हो जाता है, तथा मूल व्यक्त हो जाता है। इसलिये मूलभूत विष्णु के अव्यक्त होने से विष्णु का कार्य यह विश्व भी अव्यक्त है। इस

तदा तन्मूलं व्यक्तं सन्न व्यनक्ति स्वं कार्यमात्मात्मानम् । अर्थात् कार्यमव्यक्ततां याति । अतोऽव्यक्तं वैष्णवं कर्म, यतो हि तस्य कर्ताऽव्यक्तोऽस्ति । एवं सर्वत्र विश्वेऽव्यक्तत्वगुणस्य व्याप्तिदर्शनात्, स भगवानव्यक्त इति गौणेन नाम्ना स्तूयते । एवं सर्वत्रोह्यं लोकानुरूपम् । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अन्ति सन्त न पश्यति अन्ति सन्तं न जहाति ।
देवस्य पश्य काव्यं न ममार न जीर्यति ।" अथर्व १०।८।३२ ॥
"एको देवः सर्वभूतेषु गूढः ।" श्वे० उ० ६।११ ॥

गूढः=गुप्त इत्यनर्थान्तरम् ।

इतरा प्रकृतिरप्येतस्मादेवाव्यक्ताभिधाना । नह्येकेन विकारेण व्यनक्त्यात्मानम् अपितु नाना स्वविकारान्तर्निगूढा तन्मूलभूतेति । स्त्रियोऽप्यव्यक्ताभिधानमर्हन्ति, यतो हि ता अपि स्वसन्ततिप्रकृतिरूपा । प्रकृतिरिव मनोऽप्यव्यक्तं, रूपाणां प्रकृतित्वात, इति दिङ्मात्रमुक्तम्—

भवति चात्रास्माकम्—

अव्यक्तमाहुर्मुनयस्तमक्तं व्यक्तं पुनस्तञ्च [1]विभक्तमाहुः ।
तथा यथा व्यक्ततमोऽत्र सूर्योऽव्यक्तस्वरूपेण[2] जगद् बिभर्ति ॥३०२॥

१—विभक्तम्=अव्यक्तम् ।
२—अव्यक्तस्वरूपेण=नानाशक्तिभेदेन ।

प्रकार सब विश्व में अव्यक्तरूप गुण की व्याप्ति होने से, भगवान् विष्णु अव्यक्त है । लोक के अनुसार सर्वत्र इसीप्रकार की कल्पनायें करनी चाहियें । इसमें "अन्ति सन्तं न पश्यति" (अथर्व १०।८।३२) तथा "एको देवः सर्वभूतेषु गूढः" (श्वे० उ० ६।११) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । गूढ और गुप्त शब्द एकार्थक हैं ।

जगत् का उपादानकारण प्रकृति भी इसीलिये अव्यक्त नाम से कही जाती है, क्योंकि वह अपने किसी एक विचार से, अपने आप को व्यक्त न करती हुई, नाना विकारों में अन्तर्भूत उन सब विकारों की मूलभूत है । स्त्रियां भी अव्यक्त हैं, क्योंकि वे अपनी सन्तानरूपविकारों की प्रकृति हैं । प्रकृति के समान रूपों की प्रकृति होने से मन भी प्रकृति है, इसीलिये अव्यक्त है । यह हमने अल्परूप से मार्गमात्र दिखलाया है ।

इस भाव को भाष्यकार, अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

कार्यरूप से व्यक्त हुआ भी भगवान् विष्णु, मुनियों द्वारा 'अव्यक्त' कहा जाता है, क्योंकि वह व्यक्त हुआ भी मूलरूप से अव्यक्त है, अर्थात् यह व्यक्त कार्य भी फिर मूलरूप अव्यक्त में चला जाता है, अव्यक्त हो जाता है । जैसे अत्यन्त व्यक्त हुआ भी सूर्य अपनी अव्यक्त रूप नाना प्रकार की शक्तियों से जगत् का धारण पोषण करता है ।

विभक्त नाम अव्यक्त का है ।

'अव्यक्तस्वरूपेण' का अर्थ है, नाना प्रकार की अव्यक्त शक्तियों से ।

शतमूर्तिः—७२३

शतशब्दो मूर्तिशब्दश्च प्राग् व्युत्पादितौ । शतशब्दोऽनन्तपर्य्यायः । सहस्रशब्दोऽपि निघण्टौ बहुनामसु पठितोऽनन्तपर्याय एव । विश्वं शतधा, सहस्रधा वा विधाय तत्रानुस्यूतो भगवान् विष्णुस्तद्रूपतां प्रतिपद्य अनन्ताकारः शतमूर्तिरिवाभाति । अतएव स शतमूर्तिः, सहस्रमूर्तिर्वोक्तो भवति । जगज्जन्यभेदं प्रधानीकृत्यैतन्नाम सङ्कीर्तितम् । अनेकमूर्तिरेव शतमूर्तिः, बहुमूर्तिर्वा ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"इन्द्रं मित्रं वरुणमाहुर्दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान् ।
एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः ।"
ऋक् १।१६४।४६ ॥

तथा—

"शतं सेना अजयत् साकमिन्द्रः ।" ऋक् १०।१०३।१ ॥

शतं सेनाः=बहुसेना इत्यर्थः ।

भवति चात्रास्माकम्—

एको रसोऽर्कप्रभवः पृथिव्यां विभिद्यते सोऽत्र च पाकभेदात् ।
यथा तथाऽयं परियातविश्वो[1] विष्णुर्निजं[2] मूर्तिशतैर्व्यनक्ति ॥३०३॥

१—परियातं=व्याप्तं विश्वं येन सः ।
२—निजं स्वरूपमित्यर्थः ।

शतमूर्तिः—७२३

शत और मूर्ति शब्द का व्युत्पादन पहले हो चुका है । शत शब्द अनन्त शब्द का पर्यायवाचक है । सहस्र शब्द भी निघण्टु में बहु अर्थ वाले नामों में पठित होने से अनन्त का पर्याय है । अनन्त प्रकार से विश्व की रचना करके विश्व में व्याप्त हुआ, तत्तद्रूपता को प्राप्त होकर भगवान् विष्णु अनन्ताकार हुआ शतमूर्ति के समान प्रतीत होता हुआ, शतमूर्ति या सहस्रमूर्ति नाम से कहा जाता है । जगत् के भेदानुसार यह भगवान् का शतमूर्ति नाम सङ्गत होता है । अनेकमूर्ति को ही शतमूर्ति या बहुमूर्ति नाम से कहा जाता है । इसमें **"इद्रं मित्रं वरुणम्"** (ऋक् १।१६४।४३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है, तथा **'शतं सेना अजयत् साकमिन्द्रः'** (ऋक् १०।१०३।१) इत्यादि मन्त्र भी **शतं सेना** शब्द से मूर्ति शब्द का ही प्रतिपादन करता है ।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

जैसे सूर्य से उत्पन्न हुआ एक ही रस पाकभेद से विभिन्न प्रकार का हो जाता है, उसी प्रकार विश्व में सर्वत्र व्याप्त भगवान् विष्णु अनन्त आकारों से अपने आपको प्रकट करता है ।

शतानन:-७२४

शतशब्दो व्युत्पादितः। आङुपसर्गपूर्वः "अन प्राणने" धातुरादादिकस्ततः "करणाधिकरणयोश्च" (पा० ३।३।११७) सूत्रेण करणे ल्युट् प्रत्ययो योरनादेशः। आ=समन्ताद् अन्यते=प्राण्यतेऽनेनेत्याननं=मुखम्। मुखसाहचर्य्याच्च मूर्धापि मुखमुच्यते, प्रधानानामननाधारभूतानां ज्ञानेन्द्रियाणां मूर्ध्न्येव सत्त्वात्। शतं=आननानि यस्य स शताननः अनन्तानन इत्यर्थः। प्राणा हि जीवनहेतवः। जीवनोपायानाञ्च वाहुविध्यं, तथा च यद्यज्जीवने शिल्पवैशिष्ट्यं तत् तत् तस्यैव भगवत इत्याख्यातुं शताननानाम्ना भगवान् विष्णुः स्तूयते।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

'ब्राह्मणोऽस्य मुखम्।" यजुः ३१।११॥

ब्रह्म=ज्ञानं तस्येदं ब्राह्मणं=ज्ञानेन्द्रियाश्रयं मुखं मूर्धा वा। इत्यूहितव्यम्। ऊहाकरणं हि व्याकरणस्य प्रयोजनम्। तथा च पातञ्जलमहाभाष्यम्—"रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम्" इति पस्पशाह्निके। सर्वप्राणिज्ञानाधारस्य मुखस्य मूर्ध्नो वा निर्माणकौशलं, तमेव व्यनक्ति भगवन्तं विष्णुमित्यभिप्रेत्य "सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपाद्" (यजुः ३१।१) इति मन्त्रलिङ्गमिति संगन्तव्यम्।

शतानन:—७२४

शत शब्द का व्युत्पादन किया जा चुका है। आङ् उपसर्ग के पूर्व होने पर प्राणनार्थक 'अन' धातु से करण अर्थ में ल्युट् प्रत्यय तथा यु को अन् आदेश करने से आनन शब्द सिद्ध होता है। जिसके द्वारा प्राणन क्रिया की जाये, उसका नाम आनन है, यह मुख का नाम है। मुख से सम्बद्ध होने से मूर्धा=मस्तिष्क का नाम भी आनन है, क्योंकि जीवन के प्रधान आधार ज्ञानेन्द्रियों का मूर्धा में ही स्थान है। जिसके शत=अनन्त आनन हैं, उसका नाम शतानन है। प्राण ही जीवन है। जीवन के साधनभूत उपाय बहुविध हैं, अर्थात् अपने-अपने जीवन में जो चातुर्य विशेष है, वह भगवान् का ही है, इसी को बताने के लिये भगवान् की शतानन नाम से स्तुति की गई है। इसमें "ब्राह्मणोऽस्य मुखम्" (यजुः ३१।११) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है। ब्रह्म नाम ज्ञान का है, उस ज्ञान का जो हो, उसका नाम ब्राह्मण है, यह ज्ञानेन्द्रियों के आश्रय मूर्धा का नाम है। इसी प्रकार ऊहा करनी चाहिये। क्योंकि 'ऊहा' व्याकरण का मुख्य प्रयोजन है. जैसा कि "रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम्" इत्यादि रूप से पातञ्जलमहाभाष्य के पस्पशाह्निक में कहा गया है। सब प्राणियों के ज्ञान के आधार मुख अर्थात् मूर्धा का निर्माण चातुर्य, भगवान् विष्णु को ही प्रकट करता है। इसी अभिप्राय से "सहस्रशीर्षा पुरुषः" (यजुः ३१।१) इत्यादि मन्त्र सङ्गत होता है।

भवति चात्रास्माकम्—

शताननो विष्णुरिहामुखो वा[1] तथैव बोध्यः स सहस्रशीर्षा।
मुखं सदेकं बहुरूपभक्तं [2]त्वष्टारमाम्नाति ततं हि विश्वे ॥३०४॥

१—वा=अप्यर्थकः।

२—तथा च "त्वष्टा रूपाणि पिंशतु" (अथर्व ५।२५।५) "ये त्रिषप्ताः" (अथर्व १।१।१) इत्यादि पदं, रूपविभरणे मूलम्।

यद्वा—आङ् पूर्वादनतेः "हेतुमति च" (पा० ३।३।२६) सूत्रेण प्रयोजक-व्यापारे 'णिच्' प्रत्ययस्तन्निमित्तोपधावृद्धिश्च आनि—इति णिजन्तान्नन्द्यादिल्युः कर्त्तरि। आनयतीत्याननः शतं=अनन्तान्यानयति=जीवयतीति शताननः। चतुर्विधसृष्ट्युद्भाविनोऽनन्तान् जीवान् तत्तज्जीवनीयैरुपकरणैरानयति=जीव-यति—इति शताननो विष्णुरुक्तो भवति। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"त्वं महां इन्द्र यो ह शुष्मैर्द्यावापृथिवी जजान अमेधाः।
यद्ध ते विश्वा गिरयश्चिदभ्वा भिया दृढासः किरणा नैजन्।"
ऋक् १।६३।१ ॥

भवति चात्रास्माकम्—

यथा स विष्णुर्भुवनं जजान तथा स विष्णु र्बहुधा बभूव।
[1]दिव्यानिवाण्डाज् जलजांश्च सोऽण्डात् धरेव योनी र्जनयत्यनेकाः॥३०४॥

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है·—

यद्यपि भगवान् विष्णु, मुख, शिर आदि अङ्गों से रहित है निराकार होने से, तथापि वह शतानन और सहस्रशीर्षा हैं क्योंकि प्राणन क्रिया का साधन, यह बहुरूपों में विभक्त हुआ मुख उसी त्वष्टा नामक भगवान् विष्णु का कथन कर रहा है।

अथवा बहुरूप भक्त शब्द का बहुत रूपों को धारण करने वाला, ऐसा अर्थ भाष्य-कार का अभिप्रेत है। जैसा कि रूपभरण का मूल "त्वष्टा रूपाणि पिंशतु" (अथर्व ५।२५।५) तथा "ये त्रिषप्ताः" (अथर्व १।१।१) इत्यादि श्रुति से सिद्ध है।

यद्वा—आङ् पूर्वक 'अन' धातु से प्रेरणा अर्थ में णिच् प्रत्यय उपधावृद्धि तथा ण्यन्त से नन्द्यादिलक्षण ल्यु कर्ता में करने से आनन शब्द सिद्ध होता है। जो जीवनोपयोगी साधनों को सुलभ करके जीवन का प्रवर्तक है, उसका नाम आनन है। शत अर्थात् अनन्तों का जो आनन=जीवनदाता हो उसका नाम शतानन है। भगवान् विष्णु शतानन है, क्योंकि वह अनन्त जीवों को, उनके जीवनोपयोगी साधनों को प्रदान करके उन्हें जीवन देता है। इसमें यह "त्वं महां इन्द्र यो ह शुष्मैः" (ऋक् १।६३।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्यों द्वारा इस प्रकार स्पष्ट करता है—

भगवान् विष्णु ने जिस प्रकार से नानाविध भुवनों का निर्माण किया, उसी प्रकार वह स्वयं भी तद्रूपों अर्थात् भुवन या भुवनान्तर्गत पदार्थों के रूप से बहुत प्रकार का बन

तथा—

अहं हि मन्ये महिमानमस्य शताननस्यैकरसस्य कल्पात् ।
प्रक्लृप्य सर्वं स दधार सर्वं तेभ्यो ददात्येव च भोजनानि ॥३०५॥

१—दिव्याः=दिवि भवाः=आकाशीया इत्यर्थः ।

२—मन्त्रलिङ्गञ्च—

"मां हवन्ते पितरन्न जन्तवो अहं दाशुषे विभजामि भोजनम् ।"
ऋक् १०।४८।१ ॥



एको नैकः सवः कः किं यत्तत्पदमनुत्तमम् ।
लोकबन्धुर्लोकनाथो माधवो भक्तवत्सलः ॥६१॥

७२५ एकः, ७२६ नैकः, ७२७ सवः, ७२८ कः, ७२९ किम्, ७३० यत्, ७३१ तत्, ७३२ पदमनुत्तमम् । ७३३ लोकबन्धु, ७३४ लोकनाथः, ७३५ माधवः, ७३६ भक्तवत्सलः ॥

एकः—७२५

"इण् गतौ" इति आदादिको धातुस्तत "इण्भीकापाशल्यर्तिमर्चिभ्यः कन्" (३।४३) इत्युणादिसूत्रेण कन् प्रत्ययः गुणः । अनिट् चायं धातुः । एति=गच्छति सर्वत्रेत्येकः । बह्वर्थोऽयमेकशब्दो यथा च पातञ्जलभाष्ये—

गया । जैसे पृथिवी, नाना प्रकार के जडचेतन पदार्थों को उत्पन्न करती है, उसी प्रकार भगवान् अण्डज आकाशीय जीवों तथा जलीय नाना जीवों को उत्पन्न करता है । मैं सदा एकरूप भगवान् शतानन की ही यह महिमा समझता हूं, जो वह इस सकल चराचर वर्ग का निर्माण करके इसे धारण तथा भोजन प्रदान कर रहा है । दिव्य नाम आकाश में होने वाले पक्षी आदि का है । इसी भाव की पुष्टि "मां हवन्ते पितरन्न जन्तवो०" (ऋक् १०।४८।१) इत्यादि मन्त्र से होती है ।

एकः—७२५

एक शब्द गत्यर्थक 'इण्' धातु से उणादि कन् (३।४३) प्रत्यय तथा गुण करने से बनता है जो सर्वत्र एक है । एक शब्द नानार्थक अर्थात् एक शब्द बहुत अर्थों में वर्तमान है, जैसा कि पातञ्जल महाभाष्य (१।१।२३) में प्रतिपादित है । वहां कहा है—एक शब्द बह्वर्थक है, एक, दो, तीन इत्यादि गणना में संख्या का अभिधायक है । एकाग्नि, एकहल

एकशब्दोऽयं बह्वर्थः। अस्त्येव संख्यावाची, यथा—एको द्वौ—बहवः। अस्ति चासहायवाची, यथा—एकाग्नयः एकहलानि। एकाकिभिः क्षुद्रकैर्जितम्, असहायैरित्यर्थः। अस्त्यन्यार्थकश्च यथा—प्रजामेका रक्षत्यूर्जमेका, अन्येत्यर्थः। सधमादो द्युम्न एकास्ता अन्या इत्यर्थः। (१।१।२३)

भगवान् विष्णुः सर्वमितो भवतीत्येकः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"द्यावाभूमी जनयन् देव एकः।" ऋक् १०।८१।३॥

लोकेऽपि च पश्यामः—एति, स्त्रियं गच्छतीत्येकः पिता। नहि दृश्यते लोके द्वयोः पित्रो रूपाकृतिं दधान एको जातक इति। कुत एवं? तस्य भगवतो विष्णोरेकत्वधर्मस्य सर्वत्र व्याप्तत्वात्। एवञ्चैकोविष्णुर्विश्वं व्यश्नुवान आस्ते। दृश्यते च लोके—अन्यशाखोपर्यारोपितान्यशाखान्वितो वृक्षो यं बीजं जनयति, नहि स बीजो जनयत्यात्मनः सदृशं वृक्षं, यतः स बीजो द्वन्द्वजः। तस्मिन् क्षुपे एकत्वस्य व्यभिचारात्। एवमन्यत्राप्यूहनीयम्।

भवति चात्रास्माकम्—

एकः स विष्णुः सकलं विजन्य पितेव तञ्चैति स [1]एकसंज्ञः।
[2]वापो यथा याति च गर्भधिं स्वां न चैककालेऽस्ति गतिर्द्वयोऽतः॥३०५॥

१—एकः प्रधानः। २—वापः—वप्ता बीजस्य।

इत्यादि वचनों में असहाय का अभिधायक है तथा एकाकी क्षुद्रकों ने जय प्राप्त की, एक शब्द यहां भी सहायहीनता का वाचक है। "प्रजामेका रक्षत्यूर्जमेका" इत्यादि में तथा "सधमादो द्युम्न एकास्ता" यहां एक शब्द अन्य का वाचक है। सर्वगत भगवान् विष्णु एक शब्द का वाच्यार्थ है। इसमें "द्यावाभूमी जनयन् देव एकः" (ऋक् १०।८१।३) इत्यादि ऋङ्मन्त्र प्रमाण है।

हम लोक में भी देखते हैं, स्त्री के पास जाने वाले पुरुष का नाम भी एक है। इसलिये बालक दो जनकों के रूप तथा आकार को धारण नहीं करता। भगवान् का एकत्वरूप गुण सर्वत्र व्याप्त है, अर्थात् सर्वत्र एकत्व का प्रसार है, इसलिये बालक में भी एक के ही रूप आकृति गुण आते हैं। लोक में भी देखने में आता है कि यदि किसी पौदे की पौद दूसरे पौदे पर आरोपित कर दी जाय (चढ़ा दी जाय) तो उससे उत्पन्न होने वाला बीज स्व सदृश पौदे को उत्पन्न नहीं करता, क्योंकि वह बीज द्वन्द्वज है, अर्थात् युगल से उत्पन्न हुआ है, क्योंकि उस क्षुप में एकत्व नहीं रहा। इसी प्रकार की कल्पनायें और भी कर लेनी चाहियें।

भाष्यकार का पद्य से भाव प्रकाशन इस प्रकार है—

भगवान् विष्णु एक इसलिये है कि वह इस सकल जड़-चेतन वर्ग को विविध प्रकार से उत्पन्न करके सन्तति में पिता के समान इसमें एकरूप से आया हुआ है, अर्थात् व्याप्त है। जैसे गर्भ का आधान करने वाला पुरुष, अपनी गर्भधि=स्त्री के पास अथवा शुक्ररूप से स्त्री में जाता है, किन्तु दोनों की एक साथ गति नहीं होती।

नैकः—७२६

न शब्दोऽयं निषेधार्थकः। नञो वा नलोपाभावः। एकशब्दो व्युत्पादितः प्राक्। न एको यस्मादिति नैकः। अर्थाद्यस्मादन्यः कश्चिदेकसंज्ञाभाङ्नास्ति, स नैकः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"एक इद्राजा जगतो बभूव।" ऋक् १०।१२१।३ ॥

"न तस्य प्रतिमा अस्ति।" ३२।२ ॥

लोकेऽपि च पश्यामः—समानपितृभ्यामपि जातो नैकं धर्मं न जहाति।

भवति चात्रास्माकम्—

विश्वं जनित्वा स विभुर्विशिष्टः नैकं करोत्यात्मगुणानुरूपम्।
समानपित्रोरपि जायमानः पृथग् व्यनक्त्येव सहोदरात् स्वम् ॥३०६॥

सवः—७२७

"श्रेष्ठं सवं सविता साविषन्नोऽभीद्धो धर्मस्तदु षुप्रवोचम्।"
ऋक् १।१६४।२६ ॥

सवो=यज्ञ इति।

नैकः—७२६

जिससे दूसरा कोई एक नहीं है, उसका नाम नैक है। नैक शब्द में निषेधार्थीय न शब्द का एक शब्द के साथ समास होकर नैक शब्द बनता है, अथवा नञ् के साथ एक शब्द का समास करने तथा नञ् के नकार का लोप न करने से नैक शब्द बन जाता है। एक शब्द का व्युत्पादन पहले कर दिया है। जिसमें अन्य कोई एक नाम का वाच्य न हो, उसका नाम है नैक। भगवान् विष्णु ही एक शब्द का वास्तविक वाच्यार्थ है। इसमें "एक इद्राजा जगतो बभूव" (ऋक् १०।१२१।३) तथा "न तस्य प्रतिमा अस्ति" इत्यादि (यजुः ३२।३) मन्त्र प्रमाण है। हम लोक में भी देखते हैं— अपने एक माता-पिता से उत्पन्न पुत्रों में भी एक पुत्र अपने नैकत्व धर्म को नहीं छोड़ता। अर्थात् प्रत्येक अपने में पृथक्-पृथक् वैशिष्ट्य रखता है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

सर्वत्र व्यापक सविशेष भगवान् विष्णु इस विश्व को उत्पन्न करके अपने गुणानुसार सबको नैकत्वधर्म से युक्त करता है। अपने एक माता-पिता से उत्पन्न हुये भी बालक परस्पर अपने आपको एक दूसरे से भिन्नरूप में प्रकट करता है।

सवः—७२७

सव शब्द के भगवान् विष्णु के नाम होने में "श्रेष्ठं सवं सविता साविषन्नो०" (ऋक् १।१६४।२६) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है। सव नाम यज्ञ का है, तथा विष्णु के यज्ञरूप

तथा च—

"अभि यं देव्यदितिर्गृणाति सवं देवस्य सवितुर्जुषाणा।
अभि सम्राजो वरुणो गृणन्त्यभिमित्रासो अर्यमा सजोषाः।"

ऋक् ७।३८।४॥

यो हि स्यति=अन्तयति=निश्चाययति स्वविषयं ज्ञानं. वसति च सर्वत्रेति सवः। निश्चितोदयास्तरूपं सर्गप्रलयकरं वा सूर्यस्य यत् कर्म, यद्वा देवस्येति सूर्यस्येश्वरस्य वेति, सूर्येण सहेश्वरोऽपि व्याख्यातो भवति, सूर्यो हि विष्णुरिति सहस्रनामस्तोत्रे पठितत्वात् उदयास्तकरं सर्गप्रलयकरं च धर्मः उभयोरेव।

भवति चात्रास्माकम्—

सवं हि देवस्य पुरातनस्य गृणाति देवी किमु वाऽथ सर्वे।
गृणन्ति देवाः किमु मित्रवर्गः किं वाऽर्यमा किं वरुणः सजोषा ॥३०७॥

सः—त्रः (इति वा छेदः)

सः—षो अन्तकर्मणीति दैवादिको धातुः षकारस्य सकारादेशः। "शशि-मुषिस्यति" इत्यादिनोणादि सूत्रेण "अन्येष्वपि दृश्यते" इति (पा० ३।२।१०१) सूत्रेण वा डः प्रत्ययः, टिलोपश्च। स्यति=अन्तयति, विश्वमिदमेवंविधं सव्यवस्थमिति निश्चाययतीति सः—विष्णुः। स चैनेन निश्चायनरूपेण गुणेन

होने से विष्णु का नाम सव होता है। इसी भाव की पुष्टि "अभि यं देव्यदितिर्गृणाति सवं" इत्यादि ऋङ्मन्त्र (७।३८।४) से होती है जो स्वविषयक ज्ञान का निश्चय करवाता तथा सर्वत्र वसता है, उसका नाम सव है। सूर्य का निश्चित रूप से उदय और अस्त होना तथा प्रलय और सृष्टि करना रूप जो कर्म है, वह सव है। अथवा यहां देव शब्द से सूर्य और ईश्वर दोनों का ग्रहण है, क्योंकि विष्णुसहस्रनाम स्तोत्र में सूर्य नाम से विष्णु का व्याख्यान किया है। इस प्रकार सूर्य के साथ ईश्वर का भी व्याख्यान हो जाता है। सर्ग-प्रलय और उदय-अस्त रूप धर्म दोनों का समान ही है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

पुराण पुरुष भगवान् विष्णु या सूर्य के सवरूप कर्म की देवी अदिति, मित्र, वरुण, अर्यमा, सजोषा अथवा सब ही देवता स्तुति करते हैं।

स—व

यद्वा यहां सव नाम में स व इस प्रकार पृथक्-पृथक् खण्ड हैं।

सः—'स' शब्द 'षो' इस दैवादिक धातु से "शशिमुषिस्यति०" इत्यादि उणादि सूत्र से अथवा "अन्येष्वपि दृश्यते" (पा० ३।२।१०१) सूत्र से ड प्रत्यय टि का लोप तथा धातु के आदि षकार को सकार आदेश करने से बनता है। यह विश्व 'इस प्रकार का'

सर्वं विश्वं व्यश्नुतेऽतः स इत्युक्तो भवति । लोकेऽपि पश्यामः—कस्यचित्कार्यस्य कर्ता पूर्वं विनिश्चिनोति, पश्चात् कार्यमारभते । अयं गुणः मनुष्येषु पश्वादिषु च सर्वत्र व्याप्तो दृश्यते, स्थावरसृष्टयां बीजोद्भवकालः पाककालश्च निश्चितो भवति, स एव ससंज्ञो विष्णुस्तत्र तत्र स्वं रूपं प्रकाशयति । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव ।
सचस्वा नः स्वस्तये ।" ऋक् १।१।६ ।।

भवति चात्रास्माकम्—

निश्चायिता ज्ञानविधिः स विष्णुर्विश्वं जनित्वा न करोति मोहम् ।
यतोह्यमोघः स पुनर्मनस्वी काव्यं जगत् सान्तमिदं करोति ।।३०८।।

सान्तं=निश्चितान्तपरिणाममिति भावः ।

वः—वस निवास इति भौवादिको धातुस्ततः "अन्येष्वपि दृश्यते" इति (पा० ३।२।१०१) सूत्रेण डः प्रत्ययो डिति टेर्लोपश्च । ततः प्रातिपदिकत्वात् सुः प्रत्ययो वसतीति वः । एवञ्च सर्वत्र विश्वे वसति यः स व इति । लोकेऽपि च पश्यामः—जीवात्मा स्वशक्त्या सर्वं शरीरं व्यवस्थापयन् तत्र वसति, तस्मिन्

और 'सव्यवस्थ है' इस प्रकार निश्चय करने वा करवाने वाला भगवान् स नाम से कहा जाता है । उसका यह निश्चय अथवा निश्चायनरूप गुण सर्वत्र विश्व में व्याप्त है, इसलिये वह विष्णु स नाम से कहा जाता है । लोक में भी देखा जाता है कि किसी भी कार्य का करने वाला पहले निश्चय करता है तथा बाद में कार्य शुरू करता है । यह निश्चयरूप गुण सर्वत्र मनुष्य तथा पश्वादि में व्याप्त है । स्थावरों में बीजोद्गमकाल तथा पाककाल निश्चित होता है । इन सब में 'स' नामक भगवान् विष्णु ही अपने स्वरूप को प्रकाशित करता है । यह स नाम "स नः पितेव सूनवेऽग्ने" (ऋक् १।१।६) इत्यादि मन्त्र से प्रमाणित है ।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार प्रकट करता है—

निश्चित है ज्ञान का प्रकार या कार्य का ज्ञान जिसका अथवा निश्चय करवाया है, ज्ञान का प्रकार या कार्य का ज्ञान जिसने, ऐसा वह भगवान् इस विश्व को उत्पन्न करके भी कभी मोह को प्राप्त नहीं होता, क्योंकि वह सकल ज्ञान तथा मनस्वी होने से इस दृश्य-काव्यरूप जगत् को अन्तिम परिणाम का निश्चय करके बनाता है ।

सान्त=नाम निश्चितान्त-परिणामयुक्त का है ।

व शब्द वस इस निवासार्थक धातु से "अन्येष्वपि०" इत्यादि (पा० ३।२।१०१) सूत्र से ड प्रत्यय और टि का लोप करने से बनता है । जो विश्व में वसता है, उसका नाम है व । हम लोक में भी देखते हैं, जीवात्मा अपनी शक्ति से शरीर की व्यवस्था करता हुआ शरीर में रहता है अथवा जीवात्मा के शरीर में रहते हुये ही यह शरीर चेतन के समान

वा जीवात्मनि शरीरे निवसति सति शरीरमिदं चेतनवद् भवत् पूजां प्राप्नोति। तथैवायं लोकस्तेन 'वेन' विष्णुना वासरूपेण गुणेन जगद् व्यश्नुवानेन चेतनवत् प्रत्याय्यते। मन्त्रलिङ्गञ्च वासार्थे—

"जिघर्म्यग्निं हविषा घृतेन प्रतिक्षियन्तं भुवनानि विश्वा।
पृथुं तिरश्चा वयसा बृहन्तं व्यचिष्ठमन्नै रभसं दृशानम्।"
ऋक् २।१०।२॥

क्षियन्तं=वसन्तम्।

तथा—

"ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किं च जगत्यां जगत्।" यजु: ४०।१॥

भवति चात्रास्माकम्—

सर्वं हि वो व्याप्य जगत् समस्तं तज्जीवयच्चेतनवद् विधत्ते।
तस्मिन् हि वै प्रीतिमुपैति विश्वं न तद्विना भाति मृतं वपु[१]र्वा॥३०९॥

१—वा शब्द उपमावाचक:।

स व इत्येवं पाठे "सुपां सुलुक्०" इत्यादिना (पा० ७।१।३९) सूत्रेण सोर्लुक्-छान्दस:। अत्रापि "ऋषिभि: परिगीतानि" इति प्रतिज्ञातत्वात्। यद्वा सश्चासौ वश्चेति सव इत्येकं नाम। यद्वा—सुवते: सवो यज्ञपर्यायोऽत्र यज्ञश्च विष्णु:। एवं महार्थवत्त्वं नाम्न: प्रदर्शितम्।

पूजित अर्थात् आदर भाव को प्राप्त होता है। उस ही प्रकार इस सर्वव्यापक व—रूप विष्णु से व्याप्त हुआ, यह विश्व चेतन के समान प्रतीत होता है। इस वसने रूप अर्थ में यह "जिघर्म्यग्निं हविषा घृतेन प्रतिक्षियन्तं भुवनानि विश्वा" (ऋक् २।२०।३) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं। यहां क्षियन् शब्द का वसता हुआ अर्थ है। इसी अर्थ की पुष्टि "ईशावास्यमिदं सर्वं०" इत्यादि यजुर्वेद (४०।१) मन्त्र से भी होती है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

'व' नामक भगवान् विष्णु इस समस्त जगत् को अपने से व्याप्त करके जिलाता हुआ, चेतन के समान बना देता है। यह सम्पूर्ण विश्व उस भगवान् विष्णु में ही प्रीति को प्राप्त करता है, उसी प्रकार जैसे कि जीवात्मा से शरीर की प्रीति होती है। जीवात्मा के निकल जाने पर यह शरीर जैसे मृत हो जाता है, तथा शोभित नहीं होता, उसी प्रकार भगवान् के विना जगत् का भान नहीं होता।

भाष्यकार के श्लोक में वा शब्द उपमार्थक है।

स व इस प्रकार नामद्वय मानने से इन दोनों की संहिता में स नाम के 'सु' का लोप इन नामों को ऋषिपरिगीत होने से, अत एव छान्दस होने से "सुपां सुलुक्०" इत्यादि (पा० ७।१।३९) सूत्र से हो जाता है। "यद्वा सश्चासौ वश्च" इस प्रकार कर्मधारय समास करने से 'सव' यह एक नाम है। सव यह यज्ञ का पर्याय है, और यज्ञ यह विष्णु का नाम है। इस प्रकार इस नाम की महार्थवत्ता का प्रदर्शन किया है।

कः—७२८

"कनी दीप्तिकान्तिगतिषु" इति भौवादिको धातुस्ततः "अन्येष्वपि दृश्यते" (पा० ३।२।१०१) सूत्रेण डः प्रत्ययस्तस्मिंश्च टेर्लोपे कृते क इति सिध्यति। कान्तो दीप्तो गतो वा भवति सर्वत्रेति कः। विष्णोरेतन्नाम।

तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"अहेर्यातारं कमपश्य इन्द्र हृदि यत्ते जघ्नुषो भीरगच्छत्।
नव च यन्नवतिं स्रवन्तीः श्येनो न भीतो अतरो रजांसि।"
ऋक् १।३२।१४॥

यथा शरीरे या कान्ति श्चेतनात्मिका दीप्तिर्गति र्वा, सा जीवस्यैवेति निश्चितम्, यतो हि जीवेऽपयाते शरीरमपि निष्प्रभं भवति। तथैवेदं जगत् काख्येन विष्णुना व्याप्तं सत् कान्तिमद् दृश्यते, तस्माद् भगवान् विष्णु कः इत्यनया संज्ञया व्यवहृतो भवति।

भवति चात्रास्माकम्—

आभा शरीरे प्रबलं हि भाति काख्येन जीवेन समर्ध्यते सा।
तथैव विश्वं प्रपदं वसानः कः कान्तिमद्विश्वमिदं विधत्ते ॥३१०॥

कः—७२८

क शब्द, दीप्ति कान्ति तथा गत्यर्थक कनी धातु से "अन्येष्वपि दृश्यते" इस पा० सूत्र से ड प्रत्यय तथा टि का लोप होने से सिद्ध होता है। जो सब का इष्ट सर्वगत तथा दीप्यमान है, उस का नाम क है। यह नाम भगवान् विष्णु का है। जैसा कि "अहेर्यातारं कमपश्य इन्द्र हृदे यत्ते" इत्यादि मन्त्र से सिद्ध है। जैसे इस शरीर में जो कान्ति, चेतना-रूप दीप्ति तथा गति है, वह जीवात्मा की है, क्योंकि जीव के निकल जाने पर यह शरीर दीप्ति कान्ति तथा गति आदि से हीन हो जाता है। उसी प्रकार यह सकल जगत् भगवान् 'क' नामक विष्णु से व्याप्त हुआ ही, कान्ति दीप्ति तथा गतिशील दीखता है। इसीलिये भगवान् का 'क' यह नाम है।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

शरीर में प्रतीत होने वाली आभा अर्थात् कान्ति, दीप्ति तथा गति 'क' नामक जीवात्मा से ही समृद्ध होती है, अर्थात् वह जीवात्मा की ही होती है, उसी प्रकार, इस विश्व को अपनी व्याप्ति से आच्छन्न करके भगवान् इसको कान्ति, दीप्ति तथा गतिशील करता है।

अथ च मन्त्रलिङ्गम्—

"गर्भे नु नौ जनिता दम्पती कर्देवस्त्वष्टा सविता विश्वरूपः।
न किरस्य प्रमिनन्ति व्रतानि वेद नावस्य पृथिवी उत द्यौः।"

ऋक् १०।१०।५ ॥

किम्—७२६

"प्रच्छ ज्ञीप्सायाम्" तौदादिको धातुस्तत 'इम्' प्रत्यय औणादिकः धातोः ककारादेशश्चोह्यते—

"संज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे।
कार्याद्विद्यादनूबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु।" महाभाष्य ३।३।१ ॥

इत्यनुशासनानुसारम्। पृच्छतीति किम्। पृच्छ्यत इति वा किम्।

यद्वा "कै शब्दे" इति भौवादिको धातु स्ततो 'डिम्' प्रत्ययः औणादिको डित्वाट्टिलोपः, कायतीति किम्।

सर्वत्रैव किमिदं ? कथं वेदं ? कुतो वेदम् ? इत्येवं रूपेण सर्वत्र व्यष्टमाख्यातु किमितिनाम्ना व्यपदिश्यते भगवान् विष्णुः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्।" ऋक् १०।१२९।१ ॥

तथा

"कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः।" ऋक् १०।१२९।६ ॥
"योऽस्याध्यक्षः परमे व्योमन्त्सो अङ्ग वेद यदि वा न वेद।"

ऋक् १०।१२९।७ ॥ इत्याद्यह्यूम्।

इस भाव को पुष्ट करने वाला, "गर्भे नु नौ जनिता दम्पति कर्देवस्त्वष्टा" (१०।१०।५) इत्यादि ऋङ्मन्त्र है।

किम्—७२६

किम् शब्द, जिज्ञासार्थक 'प्रच्छ' धातु से, उणादि इम् प्रत्यय तथा "संज्ञासु धातुरूपाणि०" इत्यादि श्लोक वार्तिक (महाभाष्य ३।३।१) के अनुसार धातु को ककार आदेश करने से बनता है। जो पूछता (प्रश्न करता) है, अथवा जिसके विषय में प्रश्न किया जाता है, उसका नाम "किम्" है।

यद्वा शब्दार्थक 'कै' धातु से, उणादि किम् प्रत्यय तथा टि का लोप करने से, किम् शब्द सिद्ध होता है, अर्थ वह ही है, अर्थात् जिसके विषय में क्या, कैसे, कहां है, इत्यादि शब्द किया जाता है (पूछा जाता) है, उसका नाम "किम्" है। इस क्या, कैसे, कहां इत्यादि रूप से सर्वत्र व्याप्त भगवान् विष्णु ही किम् शब्द का वाच्यार्थ है।

इसी भगवान्नाम की पुष्टि "अम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्" (ऋक् १०।१२९।२) "कुतः आजाता कुत इयं विसृष्टिः" (ऋक् १०।१२९।६) तथा "योऽस्याध्यक्षः परमे व्योमन्" (ऋक् १०।१२९।७) इत्यादि वेदमन्त्र करते हैं। इसी प्रकार और ऊहाएं कर लेनी चाहियें।

भवति चात्रास्माकम्—

विचित्रचित्रं यदिहास्ति विश्वे दृश्यं तथा ज्ञानदृशा च गम्यम् ।
सर्वत्र तत्रास्ति च वर्तमानं किं किं कुतो वेति स तत्र गुप्तः ॥३११॥

स विष्णुस्तत्र गुप्तो=निगूढः । उत्तरलभ्य इत्यर्थः ।

यत्–७३०

"यती प्रयत्न" इति भौवादिको धातुस्ततः कर्तरि क्विप् यतते, यतिष्यते अयतिष्ट, वेति, यत्, क्विपः सर्वापहारः जश्त्वचर्त्वे यत्, यद् ।

यद्वा—"यज देवपूजासङ्गतिकरणदानेषु" इति भौवादिको धातुस्ततः "त्यजितनियजिभ्यो डित्" (उ० १।१३२) इत्युणादिसूत्रेण 'अदिः' प्रत्ययः स च डित्, डित्वादभस्यापि टेर्लोपः । त्यजितन्याद्युणादि सूत्रे यजिस्थाने क्वचिन्मतभेदेन यतिरेव दृश्यते । तन्मते यतते रेवादिः प्रत्ययो यतत इति यत्, कर्ता । एतच्च सार्वकालिकप्रत्ययविधानं—

"प्रत्यक्षे च परोक्षे च समीपे दूरतस्तथा ।
सर्वेषाञ्च प्रयोक्तव्यस्तथा पुंस्त्रीनपुंसके ।"

इति वृद्धानुशासनात् (दश उ० वृत्तौ ६।४३, उपलभ्यते)

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

जो यहां विश्व में विलक्षण दृश्य प्रत्यक्ष देखने में आते हैं, अथवा मनोगम्य हैं, वहां सर्वत्र क्या, कैसे, कहां इत्यादि शब्दों से व्यवहार होता है, अर्थात् वह सब शब्द का विषय है, और उसमें सर्वत्र गुप्तरूप से भगवान् किं नामक विष्णु निगूढ अर्थात् अन्तर्हित है । प्रश्नवाचक किम् आदि शब्द का, उत्तरगम्य वाच्यार्थ विष्णु है ।

यत्--७३०

यत् शब्द, 'यती' इस प्रयत्नार्थक धातु से कर्त्ता अर्थ में क्विप् प्रत्यय तथा उसका सर्वापहार करने से बनता है, जश्त्व तथा वैकल्पिक चर्त्व करने से, यत् और यद् इन दोनों पदों की सिद्धि होती है । जिसने यत्न किया, करता है या करेगा उस का नाम "यत्" है ।

अथवा देवपूजा, सङ्गतिकरण तथा दानार्थक यज् धातु से उणादि डिद्भाव अदि प्रत्यय तथा डिन्निमित्तक टि का लोप होने से और जश्त्व तथा चर्त्व करने से, यत् और यद् शब्द की सिद्धि हो जाती है । "यजितनि०" इत्यादि उणादि सूत्र में मतान्तर से यति धातु का पाठ देखने में आता है, इसलिए उस मत में यती धातु से ही कर्त्ता में अदि प्रत्यय होता है । सार्वकालिक क्विप् तथा अदि प्रत्यय का विधान "प्रत्यक्षे च परोक्षे च समीपे

यद्यपि यत्तद् किमादीनां सर्वादिगणपठितत्वात् सर्वनाम संज्ञा प्राप्नोति द्वितीयकल्पे, तथापीह न भवति संज्ञाशब्दत्वादेतेषाम्। संज्ञाभूतास्तु न सर्वादय इति सिद्धान्तात्। मन्त्रलिङ्गञ्चार्थप्रधानम्—

"यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन।
स धीनां योगमिन्वति।" ऋक् १।१८।७॥

"यस्मिन् विश्वानि भुवनानि तस्थुः।" ऋक् ७।१०१।४॥ तथा च—

"यस्मिन् विश्वानि पौंस्याः।" ऋक् १।५।६॥

एतेन महावीर्यं इति नाम्नोऽन्वर्थता सम्पद्यते।

यथा च ब्रह्मणि सर्वाणि भुवनानि वसन्ति, तथैव जीवति शरीरे सर्वाण्याशानिबद्धानि भुवनानि स्वानि कर्माणि कुर्वन्ति जीवात्मनि वसन्ति। तदपाये तेऽपि विकारमुपयान्तीति भावः। अमुथैव 'यत्' शब्दाभिधेयो भगवान् विष्णुर्विश्वं व्यश्नुवानो यजमानयज्ञमिव विश्वं नयति सर्वोपकरणेन सहेति 'यत्' इत्युच्यते। अत्—तत्—त्यद् एतानि ब्रह्मणो नामानीत्याहुराचार्याः (द्र० उणादि कोषव्याख्या १।१३२)।

भवति चात्रास्माकम्—

यदस्तिविष्णुः स इहास्तिविश्वे, तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा।
यदेव यस्मिन् हि पदस्थवाच्यं तदेव तस्मिन् पदतोऽस्ति गम्यम्॥३१२॥

दूरतरत्था:" इत्यादि वृद्धानुशासन नियमानुसार होता है। यद्यपि जश्त्व करने पर दान्त यद्, तद् तथा किम् आदि शब्दों का सर्वादिगण में पाठ होने से सर्वनाम संज्ञा प्राप्त होती है, तथापि **"संज्ञाभूतास्तु न सर्वादयः"** इस नियम से संज्ञावाचक होने से इन की सर्वनाम संज्ञा तथा अन्तर्गण कार्य कस्मै अत्व आदि इनको नहीं होते। इस नाम के अर्थ की पुष्टि **'यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो"** इत्यादि। तथा **"यस्मिन् विश्वानि०"** मन्त्र से होती है। इसी से महावीर्यं नाम के अर्थ की सङ्गति हो जाती है। जैसे ब्रह्म में सब भुवनों का निवास है, उसी प्रकार, शरीर में आशाओं (कामनाओं) से बन्धे हुए सब भुवन, अपना कार्य करते हुए, जीवात्मा में वसते हैं. शरीर के विकृत हो जाने पर, अथवा जीवात्मा के निकल जाने पर वे भी सब विकृत हो जाते हैं।

इस प्रकार से यत् नामक भगवान् विष्णु, इस सकल जगत् में व्याप्त होकर, यज्ञ को यजमान के समान, सर्वोपकरण सहित इस विश्व को चला रहा है, इसीलिए उसे यत् नाम से कहते हैं।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

जो कुछ इस विश्व में है वह सब कुछ इस देह में है। ये सब भुवन भगवान् में ही स्थित है, तस्मिन् इस अधिकरणात्मक सुबन्त पद से यत् का ही ग्रहण है, अर्थात् सब का अधिकरण (वासस्थान) यत् ही है। तथा यस्मिन् पद से भी वह ही गम्य अर्थात् ग्राह्य है।

तत्—७३१

"तनु विस्तारे" इति धातुस्तानादिक स्ततः सार्वकालिकः क्विप्, तस्मिंश्च पा० ६।४।४० सूत्रस्थेन **"गमादीनामिति वक्तव्यम्"** इति वार्तिकेनानुनासिकलोपः, ततो **"ह्रस्वस्य पिति कृति तुग्"** (पा० ६।१।७१) इति सूत्रेण तुगागमो जश्त्वचर्त्वे च, तत्—तदिति । यद्वा "तनु विस्तारे" इति धातोः **"त्यजित्यनियतिभ्योडित्"** (उ० १।१३२) इत्युणादिसूत्रेण डिद्वद्भावभावितः 'अदिः' प्रत्ययः, तथा **"डित्वसामर्थ्यादभस्यापि टेर्लोपः"** इति वचनाट्टिलोपो जश्त्वचर्त्वे, तद्—तत् इति सर्वनाम संज्ञेह न भवतीति पूर्वमुक्तं यन्नाम्नि । तनोति विश्वमिति तत् । मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा" यजुः ३१।१९ ॥

तथा

"तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे ।
छन्दाꣳसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ।" यजुः ३१।७ ॥

अर्थप्रधानमेतत् ।

भवति चात्रास्माकम्—

ततं जगत्तेन ततं हि मन्ये तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि तद्वत ।
गर्भो यथा मातरि गुप्त आस्ते ततोऽस्ति माता तदिहास्ति विष्णुः ॥३१३॥

तत्—७३१

विस्तारार्थक "तनु" धातु से सार्वकालिक क्विप् तथा पाणिनीय ६।४।४० सूत्रस्थ वार्तिक से नकार लोप, **"ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्"** (पा० ६।१।७१) इत्यादि सूत्र से तुक् का आगम और जश्त्व तथा वैकल्पिक चर्त्व करने से 'तद्' और 'तत्' शब्द सिद्ध होता है। अथवा तनु धातु से ही **"त्यजितनि"** इत्यादि उणादि (१।१३२) सूत्र से डिद्वद्भाव युक्त अदि प्रत्यय तथा टि का लोप करने और जश्त्व तथा वैकल्पिक चर्त्व करने से 'तद्' और तत् शब्द सिद्ध हो जाता है। पूर्वोक्त प्रकार से इसकी भी सर्वनाम संज्ञा नहीं होती है। जो विश्व का विस्तार करता है उसका नाम तत् है। जैसा कि **"तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि"** (यजुः ३१।१९) इत्यादि मन्त्र से सिद्ध है तथा अर्थ के प्राधान्य से **'तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः"** (यजुः ३१।७) इत्यादि मन्त्र भी इस की पुष्टि करता है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का नाम तत् है, क्योंकि उसने अपने अन्तः स्थित विश्व का बाहर विस्तार किया है, अर्थात् अपने उदर में असत् के समान सूक्ष्मरूप से स्थित विश्व का दृश्यरूप से विस्तार किया है, जैसे अपने (उदर) में गुप्तरूप से स्थित बालक को जननी बाहर दृश्यरूप में विस्तारित=प्रकट करने से तत् नाम से कही जाती है।

पदमनुत्तमम्–७३२

"पद गतौ" इति दैवादिको धातुस्ततः "खनो घ च" इति (पा० ३।३।१२५) सूत्रे घित् करणाच्चकाराद्वा प्रकृत्यन्तरादपि घः प्रत्ययो भवतीति ज्ञाप्यते (द्र० काशिका ३।३।१२५)। तेनात्र कर्मणि घ प्रत्यये, पद्यते=गम्यते, ज्ञायते, प्राप्यते, यत्यते वा यदर्थं तत् पदम्।

उत्तमम्—उत्कृष्टवाचिन उच्छब्दाद् "अतिशायने तमबिष्ठनौ" (पा० ५।३।५५) सूत्रेणातिशायनिकस्तमप्, चर्त्वम्। नञ्बहुव्रीहिसमासे, नञो न लोपो नुडागमश्च। न उत्तमं यस्मादित्यनुत्तमम्। धर्मविदुत्तमनामव्याख्यावसरे उत्तम-शब्दो विशदं व्याख्यातस्तत्र द्रष्टव्यः। अनुत्तमञ्च तत्पदमित्यनुत्तमं पदम्। अतः पदमनुत्तममित्येतत् सविशेषणमेकं नाम, आविष्टलिङ्गञ्च।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"हिरण्यपाणिमूतये सवितारमुपह्वये।
स चेत्ता देवता पदम्।" ऋक् १।२२।५॥

तथा

"समध्वरायोषसो नमन्त दधिक्रावेव शुचये पदाय।
अर्वाचीनं वसुविदं भगं नो रथमिवाश्वा वाजिन आवहन्तु।"
ऋक् ७।४१।६॥

"इदं विष्णु र्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्।
समूढमस्य पांसुरे।" ऋक् १।२२।१७; यजुः ५।१५॥

पदमनुत्तमम्—७३२

गत्यर्थक पद धातु से "खनो घ च" (पा० ३।३।१२५) सूत्र में घित् करने से अथवा चकार से 'खन से अन्य धातु से भी घ प्रत्यय होता है' ऐसा जाना जाता है। इसलिए कर्मकारक में घ प्रत्यय करने से 'पद' शब्द सिद्ध होता है। जिसके जानने या प्राप्त करने के लिए यत्न किया जाये, उसका नाम पद है। उत्तम शब्द, उत्कृष्टार्थक उद् शब्द से आतिशायनिक तमप् प्रत्यय तथा चर्त्व करने से सिद्ध होता है। उत्तम शब्द के साथ नञ् का बहुव्रीहि समास तथा नञ् के नकार का लोप, और नुडागम करने से 'अनुत्तम' शब्द बन जाता है। जिससे कोई उत्तम (श्रेष्ठ) न हो उसका नाम अनुत्तम है। उत्तम शब्द की व्याख्या **धर्मविदुत्तम** नाम के व्याख्यान में विशद रूप से कर दी गई है, वहाँ देखनी चाहिए। अनुत्तम (श्रेष्ट) जो पद हो, उसका नाम है पदमनुत्तम। यह सविशेषण एक नाम है, तथा विशेष्याधीन इस का लिङ्ग है। इस में **"हिरण्यपाणिमूतये"** (ऋक् १।२२।५) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है, तथा **"समध्वरायोषसो नमन्त"** (ऋक् ७।४१।६) और **"इदं विष्णु र्विचक्रमे"** (ऋक् १।२२।१७, यजुः ५।१५) इत्यादि मन्त्र भी इस नाम को प्रमाणित करते हैं।

लोकेऽपि च पश्यामः—सर्वं वस्तु स्वरूपतस्त्रिधा भिद्यते। तद्यथा—उर्वारुकमेकं वस्तु, तच्च त्वङ्मांसबीजरूपेण त्रिधा भिन्नम्। तत्र त्वक् भूतस्थानीया, मांसो वर्तमानस्थानीयः, तथा—बीजं भविष्यत्स्थानीयमिति। ज्येष्ठे मासि पक्वं त्रोटितञ्चोर्वारुकं वर्तमाने (ज्येष्ठे मासि) तस्य मांसो वर्तमान इव भुज्यते स च वर्तमानो ज्येष्ठो मासः, जायते—उत्पद्यते भाद्रपदमासात्, जनयति च फाल्गुनम्, तत्र मासानां संक्रमणमधिकृत्येवमुच्यते—ज्येष्ठमासस्य—भूतमासः फाल्गुनमासः, भविष्यन्मासश्च भाद्रपदमिति, यतो हि—'अङ्कानां वामतो गतिरिति दक्षिणावर्तनमधिकृत्योच्यते। प्रत्यक्षतस्तु वामावर्त्तनमिवांकानां व्यवहारः। तद्यथा एकः—द्वौ—त्रय इति—३२१, पठने च एकविंशत्युत्तरं त्रिशतमिति, एवमेव—बीजानि—भाद्रपदे भविष्यदिव, त्वक् फाल्गुने भूतमिवेतिनिश्चेतव्यम्। न्यासस्तु—

४—१—१०
५—२—११
६—३—१२ इति

एवं सर्वत्र—सर्व मासानां उत्पाद्योत्पादकभावेषु योजना कर्तव्या भवति। यदि च वैशाखजं तत् फलं, तदा भूतो माघस्त्वक्, वर्तमानो वैशाखो मांसः,

---

लोक में भी हम देखते हैं कि प्रत्येक वस्तु अपने स्वरूप से तीन प्रकार की हैं। उर्वारुक (खरबूजा) नाम का फल, त्वचा (छिलका) गूदा (गिरी) तथा बीजों करके तीन प्रकार का है। उसमें त्वचा भूतस्थानीय, गूदा (गिरी) वर्त्तमान स्थानीय, तथा बीज भविष्यत्स्थानीय है। क्योंकि वर्त्तमान ज्येष्ठ मास में पका हुआ तथा तोड़ा हुआ जो खरबूजा फल है, उसका मांस अर्थात् गूदा वर्त्तमान ज्येष्ठ मास में ही खाया जाता है, इसलिए वह वर्त्तमान है। वह वर्त्तमान ज्येष्ठ मास, भाद्रपद मास से उत्पन्न होता है, तथा स्वयं फाल्गुन मास को उत्पन्न करता है। इसलिए ज्येष्ठ वर्त्तमान, फाल्गुन भूत तथा भाद्रपद भविष्यत् हुआ। यह व्याख्या मास-संक्रमण के वामावर्त्तीय होने से की है ऐसा समझना चाहिये, जैसाकि—**अंकानां वामतो गतिः** यह पठन-पाठन का क्रम है, परन्तु—लेखन में—स्थान—निर्देश—वामावर्त से ही होता हैं—जैसे—एक—दो—तीन—बने ३२१ पढ़े गये तीन सौ इक्कीस। ऐसा ही सर्वत्र समझना चाहिये—न्यास—

४—१—१०
५—२—११
६—३—१२

इसीलिए खरबूजा फल का गूदा वर्त्तमान ज्येष्ठ मास में खाया जाता है, भूतकालिक फाल्गुन मास जन्य उपद्रवों की शान्ति के लिए उसकी भूतस्थानीया त्वचा (छिलका) का उपयोग होता है, तथा भविष्यत् कालिक भाद्रपद मास जन्य उपद्रवों की शान्ति के लिये उसके बीजों का उपयोग होता है, जो कि भविष्यत् स्थानीय है। यदि कोई फल वैशाख में उत्पन्न होता है तब भूतकालिक

भविष्यञ्छ्रावणमासो बीजम् । एवं यदि चाषाढजं फलं, तदा पौषास्त्वक् आषाढ़ो मासः आश्विनो मासो बीजम् । इतिदिङ्मात्रमिहोक्तम्, बहुत्र चेदं बहुधा व्याख्यातं विविधोहाभिर्यतो हि सर्वं त्रिपर्वकम् । इदमेव च त्रिपर्वकत्वं वेदेषु त्रिवृत् पेदेनो च्यते, ब्राह्मणग्रन्थेषु च बहुधा व्याख्यायते । तद्यथा—हन्ताहमिनास्त्रिसो देवताः, तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकां करवाणि (छा० ३०६।३।२, ३)। वायुर्वा आशुस्त्रिवृत् (शत० ८।४।१।६) अग्निर्वै त्रिवृत् (तै० ब्रा० १।५।१०।४)।

भवति चात्रास्माकम्—

विश्वं हि सर्वं पदनीयमेकं तस्य त्रिधा स्यूतमिहास्ति कर्म ।
यो वेत्ति सूत्रं किमु सूत्रसूत्रं स [1]ब्राह्मणं वेद[2] महच्च विष्णुम् ।।३१४।।

१=ब्रह्मण इदं ब्राह्मणं=जगत् ।

२—महत्=विष्णुः, "**तस्य नाम महद्यश**" इति (३२।३) याजुषान्मन्त्र-लिङ्गात् ।

लोकबन्धुः—७३३

"लोकृ दर्शने" इति भौवादिको धातुस्ततो भावे घञि लोक इति ।

माघ त्वक्स्थानीय, वर्त्तमान वैशाख गिरीस्थानीय तथा भविष्यत् श्रावण मास बीजस्थानीय होता है इसी प्रकार जो फल आषाढ़ मास में उत्पन्न होता है, उसका भूतकालिक पौष त्वक्स्थानीय, वर्त्तमान कालिक आषाढ़ गिरी स्थानीय तथा भविष्यत् कालिक आश्विन बीजस्थानीय होता है । यह विषय यहाँ हमने संक्षेप से दिखाया है, इस विषय को हम बहुत स्थानों में विविध प्रकार की कल्पनाओं सहित दिखा चुके हैं, क्योंकि सम्पूर्ण दृश्य त्रिपर्व अर्थात् तीन ग्रन्थियों या तीन भेदों से युक्त है । वेद में इस विविधता को **त्रिवृत्** पद से बहुत्र कहा है । अनेक पदार्थों के त्रिवृत्त्व का उल्लेख ब्राह्मण ग्रन्थों में मिलता है ।

इस भाव को भाष्यकार अगने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

वास्तविक रूप से यह एक विश्व ही जानने योग्य है, क्योंकि यह भगवान् के तीन प्रकार के कर्म से अनुस्यूत अर्थात् ओत प्रोत है, जो इस सूत्र (सूक्ष्म) अथवा सूत्र के सूत्र (सूक्ष्म से सूक्ष्म) तत्त्व को जानता है, वह ही 'महत्' नामक विष्णु तथा 'ब्राह्मण' रूप जगत् को तत्त्व से जानता है । ब्राह्मण यह ब्रह्म का होने से जगत् का नाम है ।

'महत्' नाम विष्णु का है यह "**तस्य नाम महद्यशः**" (यजु० ३२।३) इत्यादि मन्त्र से प्रमाणित है ।

लोकबन्धुः—७३३

लोक शब्द, दर्शनार्थक 'लोकृ' धातु से घञ् प्रत्यय करने से बनता है, तथा बन्धु

बन्धुः--"बन्ध बन्धने" इति क्र्यादिको धातुस्ततः "शृस्वृस्निहित्रप्यसिवसिहनिक्लिदिबन्धिमनिभ्यश्च" (१।१०) इत्युणादिसूत्रेण 'उ' प्रत्ययः। बध्नातीति बन्धुः। सर्वं दृश्यमानं तेन ब्रह्मणैव नियतायुष्कं बद्धं सद् दृष्टिगोचरं भवति, लोकबन्धुत्वसामान्येन, लोके यो हि यस्य विकारः स तेन बद्धो भवति।

यद्वा, लोकः प्रकाशः, तद्रूपं सूर्यं बध्नाति=आकाशे गमनाय नियमयतीति लोकबन्धुर्विष्णुः।

सौरमण्डलं वा सर्वं लोकः, तं बध्नातीति लोकबन्धुः। लोकेऽपि च पश्यामो, भोक्ता भोगं बध्नाति। यथा दुग्धं पिपासुर्गां बध्नाति, एवं सर्वत्रोह्यम्।

भवति चात्रास्माकम्—

स लोकबन्धुर्भगवान् मनस्वी बध्नाति युक्त्या च ततं समस्तम्।
न तत्र रज्जुर्न च दृश्यमन्यत् स केवलस्तत्र निगूढकर्मा ॥३१५॥

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"उरुक्रमस्य स हि बन्धुरित्था विष्णोः पदे परमे मध्व उत्सः।"
ऋक् १।१५४।५॥

तथा—

"स नो बन्धुर्जनिता।" यजुः ३२।१०॥

लोका मनुष्यास्तेषां पारस्परिकं जीवनार्हं व्यवहारं वेदोपदेशेन बध्नातीति लोकबन्धुः।

शब्द बन्धनार्थक 'बन्ध' धातु से उणादि (१।१०) उ प्रत्यय करने से बन जाता है। जो लोकों को बान्धता है, उसका नाम लोकबन्धु है। यह सब दृश्यवर्ग भगवान् ने नियन्त्रित आयु के द्वारा बान्ध रक्खा है। लोकबन्धु की समानता से लोक में भी जो जिसका विकार है, वह विकार अपनी प्रकृति से बन्धा हुआ होता है। यद्वा लोक नाम प्रकाश का है, तथा उस प्रकाश रूप सूर्य को जो बान्धता अर्थात् आकाश में भ्रमण के लिये, जो गति से नियन्त्रित करता है, उसका नाम लोकबन्धु है। अथवा सब सौर मण्डल ही लोक है, उसे जो बान्धता है, उसका नाम लोकबन्धु है। यह विष्णु का नाम है। हम लोक में भी देखते हैं, भोक्ता अपने भोग्य विषय को बान्धता है। जैसे दुग्ध पीने की इच्छा से मनुष्य या दोग्धा गौ को बान्धता है। इसी प्रकार और और कल्पनायें कर लेनी चाहियें।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

सर्वज्ञ भगवान् विष्णु लोकबन्धु इसलिए है कि वह बिना किसी रज्जु या अन्य द्रव्य के ही, स्वयं सर्वत्र निगूढरूप (गुप्तरूप) से स्थित, इस लोक को बान्धता है।

इसी अर्थ को यह **"उरुक्रमस्य स हि बन्धुरित्था"** (ऋक् १।१५४।५) तथा **"स नो बन्धुर्जनिता"** (यजुः ३२।१०) इत्यादि मन्त्र पुष्ट करता है।

लोकों (मनुष्यों) के परस्पर में होने वाले व्यवहार को वेदोपदेश के द्वारा बान्धता है, उसका नाम लोकबन्धु है।

लोकनाथः—७३४

"लोकृ दर्शने" इति भौवादिको धातुस्ततो "हलश्च" (पा० ३।३।१२१) सूत्रेणाधिकरणे घञ्, लोकन्तेऽस्मिन्निति लोकः स्थावरजङ्गमात्मकं जगत्, तत्स्थाः प्राणिनो वा।

"नाथृ याच्ञोपतापैश्वर्याशीःषु" इति भौवादिकाद्धातोः पचाद्यच्, नाथन्त इति नाथाः। एवञ्च लोकाः=लोकस्थाः प्राणिनो नाथन्ते यं स लोकनाथ इति द्वितीयाबहुव्रीहिः। अथवा लोकतेः पचाद्यच् प्रत्ययः कर्तरि, नाथतेश्च घञ् प्रत्ययः कर्मणि, तथा च लोकैः प्राणिभिः स्वार्थसिद्धये नाथ्यते=प्रार्थ्यत इति लोकनाथः। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"मां हवन्ते पितरं न जन्तवो अहं दाशुषे विभजामि भोजनम्।"

ऋक् ३०।३८।१ ॥

यद्वा लोकं नाथति, स्वैश्वर्ययोगेनैश्वर्यवन्तं करोतीति लोकनाथः—अत्र "तत्सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वम्" (ऋक् १।११५।४) इति।

भूतभव्यभवन्नाथ इति नामव्याख्याने यदुक्तं तदिहापि द्रष्टव्यम्—

'पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्" (यजुः ३१।२) इति यजुश्च।

याच्ञा=याचना अर्थनास्वरूपश्चोक्तोऽर्थानर्थनाम्नोर्व्याख्याने, तत्र सम्यग् द्रष्टव्यम्।

लोकनाथः—७३४

लोक शब्द, दर्शनार्थक 'लोकृ' धातु से अधिकरण अर्थ में घञ् प्रत्यय करने से बनता है। जिसमें सबका प्रकाश या दर्शन होता है, अर्थात् जिस प्रकाशस्वरूप में सब की स्थिति है, ऐसा यह स्थावरजङ्गमात्मक जगत् अथवा इसमें स्थित प्राणियों का नाम लोक है। नाथ शब्द याचन, पीड़ा तथा आशीर्वाद दानरूप अर्थों में विद्यमान 'नाथृ' धातु से पचादि लक्षण 'अच्' प्रत्यय करने से बनता है। इस प्रकार लोक या लोकस्थ प्राणी जिससे याचना करते हैं, उसका नाम लोकनाथ है।

यद्वा लोकृ 'धातु' से कर्ता अर्थ में पचादि अच् प्रत्यय, तथा 'नाथृ' धातु से कर्म में घञ् प्रत्यय करने से लोक और नाथ शब्द बनते हैं। लोकों के द्वारा जिससे याचना की जाये, उस का नाम लोकनाथ है। इसी अर्थ की पुष्टि "मां हवन्ते पितरं न जन्तवो०" (ऋक् १०।४८।१) इत्यादि मन्त्र से होती है। अथवा जो लोक को अपने ऐश्वर्य के सम्बन्ध से ऐश्वर्यान्वित करे, उसका नाम लोकनाथ है। इस अर्थ में तत्सूर्यस्य देवत्वं "तन्महिवम्" (ऋक्० १।११५।४) इत्यादि ऋङ्मन्त्र प्रमाण है।

हमने जो कुछ भूतभव्यभवन्नाथ नाम के व्याख्यान में लिखा है, वह यहां भी समझना चाहिए, क्योंकि "पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्" (यजुः ३१।२) इत्यादि वेदमन्त्र का भी यह ही अर्थ प्रतिपाद्य है। अर्थना अर्थात् याचना का स्वरूप हम

लोकैर्याच्यते, लोकानामीष्ट इति वा लोकनाथः ।

पश्यामश्च लोकेऽपि, जीवो हि स्वतः श्रेष्ठं ज्येष्ठञ्च प्रार्थयते । यथा निर्धनो धनिनं, विद्यार्थी विद्यावन्तम् । सबलश्च दुर्बलमनुशास्ति । आशिषा वा युनक्ति ।

तथैवेमे जीवा भगवन्तं विष्णुं प्रार्थयन्ते स चैषामीष्टेऽत एताननुशास्ति ।

भवति चात्रास्माकम्—

नाथन्ति लोकास्तमु लोकनाथं युनक्ति लोकान् पुनराशिषा सः ।
तस्यैव भासाऽथ भिया च भीतस्तमेव लोकोऽत्र सदा प्रणौति ॥३१६॥

माधवः–७३५

"मन ज्ञाने" इति दैवादिको धातुस्ततो "अन्येष्वपि दृश्यते" (पा० ३।२।१०) इति सूत्रेण डः प्रत्ययो "डित्यभस्यापि टेर्लोपः" इति वार्तिकवचनाच्च टेर्लोपः, मन्यत इति मः स्त्री चेन्मा ।

यद्वा मनुतेर्वा "फलिपाटिनमिमनिजनी गुक्पटिना किधतश्च" (उ०

ने अर्थ और अनर्थ नाम के व्याख्यान में दिखाया है वहां ही देखना चाहिए । लोक जिससे याचना करें अथवा लोकों का जो शासन करे, उसका नाम लोकनाथ है । हम लोक में भी देखते हैं । प्रत्येक जीव अपने से श्रेष्ठ जीव की प्रार्थना करता है, जैसे निर्धन धनी की, तथा विद्यार्थी विद्वान् की । सबल जीव दुर्बल का अनुशासन करता है अथवा उसे आशीर्वाद देता है । इसी प्रकार सब प्राणी भगवान् की प्रार्थना करते हैं, और भगवान् समर्थ होने से इनका अनुशासन करता है ।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु, लोकनाथ इसलिये है कि वह प्रार्थना करने वाले सब प्राणियों को आशीर्वाद अर्थात् शुभ (कल्याण) से युक्त करता है, तथा उस ही के प्रकाश से प्रकाशित और उस ही के भय से भीत (डरे हुए) लोक उस को प्रणाम करते है ।

माधवः–७३५

ज्ञानार्थक 'मन' इस दिवादिगण पठित धातु से अन्येष्वपि दृश्यते पा० ३।२।१०१ सूत्र से ड प्रत्यय और टि का लोप करने से 'म' शब्द सिद्ध होता है तथा स्त्रीलिङ्ग में म शब्द से टाप्-प्रत्यय करने से 'मा' शब्द बन जाता है ।

अथवा अवबोधनार्थक 'मनु' धातु से "फलिपटिनमि०" इत्यादि उणादि सूत्र (१।१८) से उ प्रत्यय तथा धातु को धकार अन्तादेश करने से मधु शब्द सिद्ध होता है ।

११८) इत्युणादि सूत्रेण उः प्रत्ययो धकारोऽन्तादेशश्च मनुत इति मधुः। मनुरेव मधु। मधु=ज्ञानं मध्वेव माधवो ज्ञानरूपो विष्णुः स्वार्थेऽण्।

यद्वा—"धू कम्पने" इति क्र्यादिको धातुस्ततः पचाद्यच् धवः=धुनोतीति।

मन्यते, मनुते वा मः—मधुर्वा, धुनातीति धवः। मस्वरूपो धव इति मध्यमपदलोपी समासो मधवः, मधवो मधुरेव वा माधवः, स्वार्थेऽण् प्रत्ययः। अनेकार्थाभिधायी चायं मधुशब्दः।

विष्णुनामान्वर्थत्वे च, ज्ञानरूपो भगवान् सर्वं विधुनाति=कम्पयति, भीषया, भीतमिव कृत्वा व्यवस्थापयतीति माधवः। मनुरेव मधुः तथा च वहुत्र मन्त्रेषु मधुशब्दप्रयोगः। यथा—"मधुपाणिम्" (ऋक् १०।४१।३) "मधुपृष्ठम्" (ऋक् ९।८९।४) "मधु प्रतीकः" (ऋक् १०।११८।४) इत्यादि। लोकेऽपि-पश्यामः—सर्वो हि लोको ज्ञानानुस्यूतः स्वावश्यकतानुसारमपरं पदार्थं विधुनाति =विकम्प्य स्ववशं करोति। योऽयमेवम्प्रकारको गुणो लोके दृश्यते स सर्वत्र व्याप्तस्य भगवतो माधवस्यैव, स च गुणो भगवन्तं माधवं प्रतिपदं प्रकटयति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।" ऋक् १।१८९।१; यजुः ३।३६॥

जो जानता है, उसका नाम मनु है, मनु का ही नाम मधु है, तथा स्वार्थ में अण् प्रत्यय करने से मधु ही माधव है। यद्वा मनु नाम ज्ञान का है, मधु ही मधु और मनु ही माधव है, अर्थात् ज्ञानस्वरूप विष्णु का नाम माधव है।

यद्वा धव शब्द कम्पनार्थक 'धूञ्' धातु से पचादि अच् प्रत्यय करने से वनता है। म शब्द के साथ धव शब्द का मध्यमपदलोपी समास करने से मधव शब्द बन जाता है, अर्थात् म स्वरूप जो धव, उसका नाम है माधव, तथा मधु या मधव ही माधव है। इस मधु शब्द के अनेक अर्थ होते हैं।

भगवान् ज्ञानरूप विष्णु, सब का विधवन (कम्पन) करके अर्थात् सब को भयभीत करके व्यवस्थित (व्यवस्था में) रखता है, इस प्रकार का अर्थ करने से, मधु या माधव शब्द विष्णु में सङ्गतार्थ होता है। मन्त्रों में मधु शब्द का प्रयोग वहुत आता है, जैसे "मधुपाणिम्" (ऋक् १०।४१।३) "मधुपृष्ठम्" (ऋक् ९।८९।४) "मधुप्रतीकः" ऋक् १०।११४।४) इत्यादि में। लोक में भी हम देखते हैं; ज्ञान से व्याप्त यह सकल लोक, अपनी आवश्यकता के अनुसार दूसरे पदार्थ का कम्पन करके उसे अपने वश में करता है। इस प्रकार का धर्म जो सर्वत्र लोक में व्याप्त हुआ दीखता है, वह भगवान् सर्वव्यापक माधवरूप विष्णु का ही है, तथा वह धर्म पद-पद पर भगवान् विष्णु का ही बोधन करा रहा है। इसमें "विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्" (ऋक् १।१८९।१; यजुः ३।३६) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

भवति चात्रास्माकम्—

स माधवो विष्णुररं विधूय यथायथं ज्ञानविभागभक्तम् ।
विश्वं विधायात्मनि गुप्तरूपं प्रकाशते माधव एव सृप्तः ॥३१७॥

भक्तवत्सलः—७३६

भजति=विभागं करोतीति भक्तः "भज सेवायाम्" इति भौवादिको धातुस्ततो **"गत्यर्थाकर्मकश्लिषशीङ्स्थासवसजनरुह जीर्यतिभ्यश्च"** (पा० ३।४।७२) सूत्रेण बाहुलकात् कर्तरि क्तः प्रत्ययो भजत इति भक्तः । तथा च काशकृत्स्न धातु व्याख्याने (१।६९५)—**भजति, भजते, सेवत इति भक्तः** सस्नेहं वदतीति वत्सलः । **"वद व्यक्तायां वाचि"** इति धातुस्ततो **"वृतॄवदिहनिकमिकषिभ्यः सः"** इत्युणादि सूत्रेण (३।३२) कर्तरि सः प्रत्ययः, **"तितुत्रतथ०"** (पा० ७।२।९) इत्यादिना सूत्रेणेण्निषेधः, चर्त्वम्, वत्सः । वत्सशब्दाद् **"वत्सांसाभ्यां कामबले"** (पा० ५।२।९८) सूत्रेण कामवति=स्नेहवति मत्वर्थे लच् प्रत्ययो वत्सल इति । भक्तश्चासौ वत्सलः भक्तवत्सलः कर्मधारयः । विभजति सस्नेहं वदतीति चार्थः । [भक्तवत्सलो भगवान् विश्वं व्यश्नुवानः प्रत्येकं वस्तु भजति=विभक्तं करोति । विभक्तं विभक्तं प्रत्येकं स्निग्धमनाः सस्नेहं वक्तुं वाचा युनक्ति ।

इसी भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का नाम माधव है, क्योंकि वह ज्ञान भेद से विभक्त इस विश्व का निर्माण करके तथा इसे कम्पाकर अर्थात् भयभीत करके व्यवस्थित करता हुआ, अन्त में अपने आप में ही गुप्त अर्थात् लीन करके स्वयं माधव अर्थात् ज्ञानरूप से प्रकाशमान होता हैं ।

भक्तवत्सलः—७३६

भक्त शब्द, सेवनार्थक "भज" धातु से बाहुलक से कर्ता में क्त प्रत्यय करने से बनता है, जो भाग (विभाजन) करता है, उसका नाम भक्त हैं । "भजति भजते सेवते" इस काशकृत्स्न (काशकृत्स्न धातुव्याख्यान १।६९५) के अनुसार, भक्त शब्द में कर्ता अर्थ में क्त प्रत्यय सिद्ध होता है । वत्सल शब्द प्रेम से बोलने वाला इस अर्थ को कहता है । वद इस भाषण अर्थ में वर्तमान धातु से कर्ता अर्थ में उणादि स प्रत्यय "तितुत्र" (पा० ७।२।८) आदि सूत्र से इट् का निषेध तथा चर्त्व करने से वत्स शब्द सिद्ध होता है । तथा इस वत्स शब्द से स्नेहवान् अर्थ में लच् प्रत्यय करने से वत्सल शब्द सिद्ध होता है । जिसका अर्थ होता है, स्नेहवाला । भक्त और वत्सल शब्द का कर्मधारय समास करने से जो विभाग करता है, तथा सप्रेम बोलता है, उसका नाम भक्तवत्सल है ।

लोकेऽपि च पश्यामः—यथा माता भिन्नभिन्ननामगुणरूपवतीं प्रजां पृथक् पृथगभिकाङ्क्षितां वाचं सस्नेहं वक्ति। इतरेष्वपि प्राणिषु सा वाग् जातिभेदेन भिन्ना तत्तज्जातिमत्सु। यथा वानरा वानरवाचैव समवेता भवन्ति तथा काकाः काकवाचा, चटकाश्चटकवाचेति। स्थावरेष्वपि स्थावरवाग् भवति। यश्चायं लोकप्रसिद्धो भक्तः सोऽप्येतस्मादेव। यतो हि स विभजति स्वाभीष्टानर्थान् सेव्यं प्रति, सेव्यश्च तमाश्वासयति। तथा च कश्चिद्धनार्थी, कश्चित् पुत्रार्थीत्यादि विभक्तार्थो भजति तं भगवन्तं भक्तवत्सलं, भगवांश्च तमात्मसमं समर्थं विधत्ते, स तस्य भक्त=इत्युक्तो भवति। तञ्च हितमनाः स समर्थो भूया इति वदति। एष हि भक्तवत्सलाख्यरूपो गुणो विश्वे प्रतिपदं दृश्यते।

मन्त्रलिङ्गम्—

"मां हवन्ते पितरं न जन्तवो ग्रहं दाशुषे विभजामि भोजनम्।"

ऋक् १०।३८।१॥

भोजनम्=भोग्यमिति।

भवति चात्रास्माकम्—

भक्तादिमद् वत्सलनामविष्णु र्भागं विधत्ते सकलस्य लोके।
सस्नेहवाचञ्च ददाति तस्मै तथा यथा वाचमुनत्ति[1] माता॥३१८॥

१—उनत्ति—उन्दी क्लेदने, स्नेहान्वितां करोतीत्यर्थः।

सर्वव्यापक भगवान् भक्त वत्सल, प्रत्येक प्राणी को सस्नेह बोलने के लिए विभाग करके वाणी से युक्त करता है। लोक में भी हम देखते हैं, माता अपनी भिन्न-भिन्न नामरूप तथा गुण वाली सन्तान को, यथापेक्षित (मनचाही) स्नेहयुक्त वाणी बोलती है। और दूसरे प्राणियों में भी, जो जातिभेद से भिन्न हैं, वह वाणी भिन्न भिन्न है, जैसे वानर, काक तथा चटका आदि सब की वाणी भिन्न भिन्न हैं, और वे अपनी अपनी बोली से ही एकत्र हो जाते हैं। तथा जिसको लोक में भक्त शब्द से कहते हैं, वह भी इसलिए कि वह अपने स्वामी से अपने विभक्त अर्थों की याचना करता है तथा स्वामी उसको स्नेहयुक्त वाणी से आश्वासन देता है। जैसे कोई धन की इच्छा से, कोई पुत्र की इच्छा से, अपने अर्थों को विभक्त करके भगवान् को भजता है, तथा भगवान् उसकी इच्छानुसार उसे अर्थ प्रदान करके उसे समर्थ बना देता है, और वह भगवान् का भक्त कहा जाता है, तथा उसको भगवान् 'तू सब प्रकार से समर्थ हो' ऐसा वचन देता है। यह भक्त वत्सलत्व रूप गुण, पद पद पर विश्व में व्याप्त दीखता है। इसी अर्थ का प्रतिपादक **"मां हवन्ते पितरं न जन्तवो०"** (ऋक् १०।४८।१) इत्यादि मन्त्र है।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् का भक्त वत्सल नाम इसलिए है कि यह माता के समान सबको विभाग करके स्नेहयुक्त वाणी देता है।

श्लोक में 'उनत्ति' का अर्थ गीला करना अर्थात् स्नेहयुक्त करना है।

सुवर्णवर्णो हेमाङ्गो वराङ्गश्चनन्दनाङ्गदी।
वीरहा विषमः शून्यो घृताशीरचलश्चलः ॥९२॥

७३७ सुवर्णवर्णः, ७३८ हेमाङ्गः, ७३९ वराङ्गः, ७४० चन्दनाङ्गदी। ७४१ वीरहा, ७४२ विषमः, ७४३ शून्यः, ७४४ घृताशीः, ७४५ अचलः, ७४६ चलः ॥

सुवर्णवर्णः—७३७

सु उपसर्गः, "वृञ् वरणे" सौवादिको धातुस्ततः "कृवृजृसिद्रुपन्यस्वपिभ्योनित्" (उ० ३।१०) इत्युणादिसूत्रेण निद्वद्भावभावितो 'नः' प्रत्ययो "नेड् वशि कृति" (पा० ७।२।८) इतीण्निषेधो, गुणः, रपरः, वर्ण इति। शोभन वर्ण सुवर्ण, सुवर्णमिव वर्णं यस्य स सुवर्णवर्णः। वर्णं हि सर्वैर्व्रियते=प्राथ्यते। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"स्पार्हाः सुवर्णा अनवद्यरूपाः।" ऋक् १०।६८।३ ॥

तथा—

"स प्रजापतिः सुवर्णमात्मन्नपश्यत् तत् प्राजनयत्।" अथर्व १५।१।२ ॥

सुवर्णः सूर्योऽपि तैजसवर्णः प्रार्थनीयो वा। सुवर्णाभिधो धातुरपि सुवर्णं एतस्मादेव, स हि सर्वैं व्रियते भोगाय व्यवहाराय च। योऽयं रूपाणामधिपतिस्त्वष्टा "त्वष्टा रूपाणामधिपतिः" (पा० गृ० १०।५।१०) "त्वष्टा रूपाणि

सुवर्णवर्णः—७३७

सु यह उपसर्ग है, 'वृञ्' इस वरण (स्वीकार) अर्थ में वर्तमान धातु से निद्वद्भावयुक्त उणादि न प्रत्यय तथा "नेड् वशि०" (पा० ७।२।८) इत्यादि सूत्र से इट् का निषेध और रपरक गुण करने से वर्ण शब्द सिद्ध होता है। शोभन=सुन्दर है वर्ण (रूप) जिसका उसका नाम है सुवर्ण, तथा सुवर्ण के समान है वर्ण जिसका, उसका नाम है सुवर्णवर्ण। वर्ण इसलिए कि उसकी सब प्रार्थना करते हैं, अर्थात् उसे सब चाहते हैं। जैसा कि "स्पार्हाः सुवर्णाः" (ऋक् १०।६८।३) इत्यादि मन्त्र से प्रतिपादित है। "स प्रजापतिः सुवर्णमात्मन्नपश्यत्" (अ० १५।१।२) इत्यादि मन्त्र से भी इसी अर्थ की पुष्टि होती है।

सुवर्ण नाम सूर्य का भी है, क्योंकि वह तैजस वर्ण होने से सुवर्ण तथा सब का प्रार्थनीय है। धातु विशेष का नाम भी सुवर्ण है, क्योंकि भोग और व्यवहार के लिए उस को सब चाहते हैं। "त्वष्टा रूपाणामधिपतिः" (पार० गृ० १।५।१०) तथा "त्वष्टा

पिंशतु" (ऋक् १०।१८४।१) इति ऋङ्मन्त्रलिङ्गात, स एव सुवर्णवर्णः सन् विश्वे रूपाणि प्रकिरति ।

यद्वा सूर्य+शुक्र—चन्द्र+मङ्गलसंयोगजं सुवर्णं, तत्र नैयून्याधिक्ये परस्परं ग्रहाणामंशनैयून्याधिक्याभ्याम् । दृष्टिभेदाद् वर्गराशिभेदाद्वा । असंख्यातरूपविभक्तमिदं जगत् तमेव सुवर्णवर्णं विष्णुं व्यनक्ति । अत एव स सुवर्णवर्ण इत्युक्तो भवति ।

भवति चात्रास्माकम्—

सुवर्णवर्णो भगवान् वरेण्यो विष्णुः स्वयं राजति वर्णमात्रे ।
त्वष्टा जगत्तक्षति भिन्नरूपं ग्रहाः निमित्तं [1]पृथुलोचनानाम् ॥३१६॥

१—पृथुलोचनानाम्=स्थूलदृशामित्यर्थः ।

हेमाङ्गः—७३८

हेम—"हि गतिवृद्धयोः" इति सौवादिको धातुस्ततः "सर्वधातुभ्यो मनिन्" (उ० ४।१४५) इत्यादिको मनिन् प्रत्ययः । अनिट्, गुणो हेमन् ।

रूपाणि पिंशतु" (ऋक् १०।१८४।१) इत्यादि मन्त्रानुसार, जो रूपों को अधिपति त्वष्टा देव है, वह ही सुवर्णवर्ण के रूप में, विश्व में रूपों का प्रदान कर रहा है ।

यद्वा, सूर्य और शुक्र के संयोग से तथा चन्द्र और मङ्गल के संयोग से, सुवर्ण (सुन्दर वर्ण) की उत्पत्ति है, उस सुवर्ण की न्यूनता तथा अधिकता में, इन ग्रहों के अंशों की आपस में न्यूनता या अधिकता कारण है, अथवा दृष्टिभेद या राशिभेद इस में कारण है। असंख्यात रूपों से विभक्त हुआ वह जगत् उसी भगवान् विष्णु को व्यक्त कर रहा है । इसीलिए भगवान् विष्णु सुवर्णवर्ण नाम से कहा जाता है ।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

सबका प्रार्थनीय वा श्रेष्ठ भगवान् विष्णु सुवर्णवर्ण है क्योंकि सब भिन्न भिन्न प्रकार के वर्णों में वह ही विराजमान अर्थात् शोभित हो रहा है, तथा वह ही त्वष्टा नामक भगवान्, इस जगत् को विविधरूप बनाता है । रूप निर्माण में ग्रहों की कारणता केवल स्थूल दृष्टि अर्थात् स्थूल विचार वाले पुरुषों के मत में है । स्थूल विचार वालों का नाम पृथुलोचन है ।

हेमाङ्गः—७३८

गति तथा वृद्धयर्थक स्वादिगणपठित 'हि' धातु से उणादि मनिन् प्रत्यय, और गुण होने से हेमन् शब्द सिद्ध होता है । अङ्ग शब्द गत्यर्थक अगि धातु से पहले सिद्ध किया

अङ्गशब्दः—अगिधातो र्व्युत्पादितः, सवर्णदीर्घे नलोपो नासिद्धो "न लोपः सुप्स्वरसंज्ञातुग्विधिषु" इति (पा० ८।२।२) सूत्रनियमात् ।

वर्धमानः—अङ्गति=गच्छतीति हेमाङ्गः । सूर्यो हि हेमाङ्ग "यादृगेव ददृशे तादृगुच्यते" (ऋक् ५।४४।६) इति मन्त्रलिङ्गात् ।

यद्वा हेम इति हिरण्यपर्यायस्य सुवर्णस्य नाम तद्धि जनाज्जनं गच्छति ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"अस्य प्रेषा हेमना पूयमाने ।" ऋक् ९।९७।१ ।।

सुवर्णवर्ण इति नाम पूर्वं व्याख्यातम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

हेमाङ्गसंज्ञो भगवान् स विष्णुश्चन्द्रादिसर्वं गमयत्यजस्रम् ।
याता यथा स्वात्मपदं प्रपित्सुर्विवर्धते मार्गगतांश यातैः ।।३२०।।

लोकेऽपि च पश्यामो याता स्वगन्तव्यं प्रपित्सुर्गतक्रोशांशगणनायाऽऽत्मानं बृद्धं मन्यते, स एष गुणो विश्वं व्यश्नुवानस्य भगवतो विष्णोः सूर्यस्य च, लोके चैतस्यानुकरणमात्रम् । एवं लोकं दृष्ट्वा विविधमूहितव्यम् ।

गया है । हेमन् शब्द का अङ्ग शब्द के साथ कर्मधारय समास करने से हेमाङ्ग शब्द सिद्ध होता है, समास में नकार का लोप होने पर सवर्ण दीर्घ में "नलोपः सुप्-स्वर" इत्यादि पा० सूत्र नियमानुसार, नलोप असिद्ध नहीं होता । जो बढ़ता हुआ चलता है, उसका नाम हेमाङ्ग है । सूर्य का नाम हेमाङ्ग है, क्योंकि वह ही असीम अकाश में बढ़ता हुआ चलता देखने में आता है, तथा' 'यादृगेव ददृशे तादृगुच्यते" (ऋक् ५।४४।६) इत्यादि मन्त्रानुसार, जैसा देखा जाता है वैसा कहा जाता है । अथवा निरन्तर एक से दूसरे के पास जाने के कारण यह सुवर्ण, हिरण्य द्रव के वाचक सुवर्ण का नाम है । इसमें "अस्य प्रेषा हेमनाः" (ऋक् ९।९७।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है । सुवर्णवर्ण नाम का व्याख्यान पहले कर दिया है ।

इस भाव को भाष्यकार, अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का हेमाङ्ग नाम इसलिए है कि वह चन्द्र, सूर्य आदि सब को निरन्तर चलाता है, तथा सूर्य आदि के चलाते हुए जो समय व्यतीत होता है वह उसकी वृद्धि मानी जाती है । जैसे कोई यात्रा करता हुआ यात्री पुरुष, जितना मार्ग व्यतीत हो जाता है, उतने ही अंशों में अपने को बढ़ा हुआ मानता है । लोक में भी हम देखते हैं, यात्री अपने गन्तव्य स्थान को जाता हुआ, अपने क्रोश गणांशों की गणना से अर्थात् जितने क्रोश अंशों में गति ज्यादा होगी, उतना वह अपने आप को आगे बढ़ा हुआ मानता है । यह विश्व में व्याप्त विष्णु या सूर्य का गुण है, तथा लोक इसका अनुकरण मात्र करता है । इस प्रकार लोक को देखकर कल्पनायें कर लेनी चाहियें ।

वराङ्गः—७३९

"वृञ् वरणे" सौवादिको धातुस्ततो 'अकर्तरि कारकेऽधिकारे' "ग्रहवृदृनिश्चिगमश्च" (पा० ३।३।५८) सूत्रेण कर्मण्यप् प्रत्ययः, वर इति । अङ्ग-शब्दः—अङ्गे र्धातोः साधितः प्राक् ।

व्रियते=स्तूयते उदयमान इति वरः सूर्यः । व्रियते=प्रार्थ्यते सर्वैः स्वाभीष्टसिद्धचै वरो विष्णुः । वरः—अङ्गः=गतिः प्राप्तिर्वा यस्य स वराङ्गः । अध्यात्मनिष्ठाश्चराचरं व्यश्नुवानं भगवन्तं विष्णुं सूर्यं वा स्वगन्तव्यलक्ष्य-लब्धये वृण्वते=स्वीकुर्वन्तीत्यर्थः । इतरोऽपि वर एतस्मादेव, यतोहि सोऽपि व्रियते=स्वीक्रियते वध्वा ।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"य ईं वहाते य ईं वरेयात् ।" ऋक् १०।२७।११ ॥

अन्यच्च—

"भद्रा वधूर्भवति यत् सुपेशाः स्वयं सा मित्रं वनुते जने चित् ।"
ऋक् १०।२७।१२ ॥

तथा च—

"तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि ।
धियो यो नः प्रचोदयात् ।" ऋक् ३।६२।१०; यजुः ३।२५ ॥

वराङ्गः—७३९

स्वादिगणपठित स्वीकारार्थक वृञ् धातु से "ग्रहवृ०" (पा० ३।३।५८) इत्यादि सूत्र से कर्म अर्थ में अप् प्रत्यय, तथा गुण करने में वर शब्द सिद्ध होता है । अङ्ग शब्द की सिद्धि पहले की गई है ।

उदय होते हुये जिसका वरण अर्थात् स्तवन किया जाये उसको वर कहते । वर सूर्य का नाम है, क्योंकि सब अपनी अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिये उदय होते हुये सूर्य की स्तुति करते हैं । तथा विष्णु का नाम भी इसी अभिप्राय से वर है । विष्णु का नाम वर इसलिए भी है कि अध्यात्मयोगी पुरुष अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये विष्णु को को स्वीकार करते हैं, अर्थात् विष्णु की शरण में जाते हैं । कन्या के द्वारा स्वीकार करने से लौकिक वर भी वर है । जैसा कि "य ईं वहाते य ईं वा वरेयात्" (ऋ० १०।२७ (११) तथा भद्रा वधूर्भवति, स्वयं सा मित्रं वनुते०" (ऋक् १०।२७।१२) ।

सूर्य अथवा विष्णु का वर नाम (ऋक् ३।६२।१०; यजुः ३।२५) "तत्सवितुर्वरेण्यं०" इत्यादि मन्त्र से प्रतिपादित है । वरेण्य नाम वरण=स्वीकार करने योग्य का

वरेण्यं=वरीतुमर्हम्, सवितुः=सूर्यस्य, भर्गः=शुद्धं तेजो, धीमहि=ध्यायामश्चिन्ताविषयं कुर्म इत्यर्थः। स नः=अस्माकं धियः=बुद्धीः, प्रचोदयात्=शुभेषु कर्मसु प्रेरयेत्=संयोजयेदित्यर्थः।

भवति चात्रास्माकम्—

जनैर्वराङ्गोऽस्ति सदा वरेण्यो विष्णुर्यथा जीवितदेहजीवः।
जीवेऽपयातेऽस्यति तं नृसङ्घो वरा गतिरतञ्च यतो जहाति ।।३२१।।

लौकिकञ्च वरमधिकृत्य—

मनोज्ञगात्रोऽथ मनोज्ञकर्मा युवा युवत्या व्रियते मनुष्यः।
तस्माद् वरो विष्णुसमो जगत्यामाप्नोति पूजास्तुतिभोजनानि ।।३२२।।

चन्दनाङ्गदी—७४०

चन्दनम्—"चदि आह्लादे" इति धातुर्भौवादिक इदित्, ततश्चेदित्त्वानुम्। करणे ल्युड् योरनादेशः। यद्वा तस्मादेव णिजन्तात्—ल्यु, ल्युंड्, युज्वा, बाहुलकात्। योरनादेशो णेर्लोपश्च। चन्द्यतेऽनेन, चन्दयति वा यत् तच्चन्दनमिति। अङ्गशब्दोऽङ्गतेर्गत्यर्थाद् व्युत्पादितः।

है। **सवितुः**=सूर्य के **भर्गः**=विशुद्ध तेज का हम **धीमहि**=ध्यान करते है, वह हमारी **धियः**=बुद्धियों को **प्रचोदयात्**=अच्छे शुभ कर्मों में प्रेरित करे, यह मन्त्रार्थ है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

मनुष्यों का वराङ्ग नामक भगवान् विष्णु ही सदा वरेण्य अर्थात् सर्वश्रेष्ठ प्रार्थनीय या स्वीकार्य हैं, जैसे जीवान्वित शरीर में जीव। क्योंकि शरीर से जीव के निकल जाने पर, मनुष्य समूह, उसे दूर फैंक देता है, क्योंकि वरागतिः=जीव उस शरीर को छोड़ देता है।

लौकिक वर के अभिप्राय से—

सुन्दर शरीर तथा शुभ कर्मों वाला युवा पुरुष, इसलिए वर कहा जाता है कि उस का युवती स्त्री वरण करती है। इसलिए वह वर पुरुष, जगत् में विष्णु के समान पूजा, भोजन तथा सम्मान प्राप्त करता है।

चन्दनाङ्गदी—७४०

आह्लाद=आनन्दार्थक "चदि" धातु से, करण में ल्युट् प्रत्यय यु को अन आदेश तथा इदित् होने से नुम् करने से चन्दन शब्द सिद्ध होता है। अथवा णिजन्त चदि धातु से, बाहुलक से ल्यु, ल्युट् अथवा युच् प्रत्यय, यु को अन आदेश तथा णि का लोप करने से चन्दन शब्द सिद्ध होता है। जिससे आनन्द प्राप्त होता है, या जो आनन्द प्राप्ति में प्रयोजक है, उस का नाम चन्दन है।

चन्दनाङ्गरूपकर्मोपपदात् ददातेः "आतोऽनुपसर्गे कः" (पा० ३।२।३) सूत्रेण कः प्रत्ययः, तस्मिंश्चाल्लोपः। आह्लादकरीं गतिं यो ददाति स चन्दनाङ्गदः सूर्यादिः। स चन्दनाङ्गदः सूर्यादि र्यस्य, यस्मिन् वास्तीति स चन्दनाङ्गदी भगवान् विष्णुः मत्वर्थीय इनिः। भगवता पृथक् पृथग्गतिनिबद्धाः सूर्यादयो ग्रहा विश्वाय चन्दनम्=आह्लादं ददतो गच्छन्ति, ते ग्रहा सगतिका यस्य यस्मिन् वा स चन्दनाङ्गदी भगवान् विष्णुरुक्तो भवति। जीवोऽपि चायं चन्दनाङ्गदी यतो ह्येष शरीराय विविधामाह्लादकरीं गतिं ददाति स्वयं प्रकाशमानः। एवञ्चायं विष्णुः स्वेन चन्दनाङ्गदित्वरूपेण गुणेन विश्वं व्यश्नुवानो विविधगतिमच्चैतत् कुर्वन् परः शतशरदो जीवितुं जीवं प्रयासयति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"दश क्षियो युञ्जते बाहू अद्रिं सामस्य या शमितारो सुहस्ता।
मध्वो रसं सुगभस्ति र्गिरिष्ठां च निश्चदद् दुदुहे शुक्रमंशुः।"
ऋक् ५।४३।४॥

भवति चात्रास्माकम्—

यदत्र विश्वे गतिमत् प्रसन्नं तत्तस्य तस्मिन्निति वा च बोध्यम्।
स सच्चिदानन्दमयोऽत्र विष्णुः स्वशक्तिमद् विश्वमिदं विधत्ते॥३२३॥

अङ्ग शब्द की सिद्धि गत्यर्थक 'अगि" धातु से की गई है। चन्दनाङ्ग कर्म के उपपद होते हुए 'दा" धातु से क प्रत्यय, तथा आकार का लोप करने से चन्दनाङ्गद, तथा चन्दनाङ्गद शब्द से मतुवर्थक इनि प्रत्यय करने से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में चन्दनाङ्गदी शब्द सिद्ध हो जाता है। मन को प्रसन्न करने वाली गति देने वाले सूर्यादि का नाम चन्दनाङ्गद है, तथा चन्दनाङ्गद सूर्य आदि जिसके या जिसमें हैं, उसका नाम चन्दनाङ्गदी। यह विष्णु का नाम है। जीव भी शरीर को विविध प्रकार की मन प्रसन्न करने वाली गति को देने से, चन्दनाङ्गदी है। इस प्रकार से चन्दनाङ्गदी रूप से सर्वत्र व्यापकरूप से विराजमान भगवान् इस विश्व को विविध प्रकार की गति देता हुआ जीव को असंख्य वर्षों तक जीने के लिए प्रयत्न युक्त करता है। इस अर्थ का प्रतिपादक मन्त्र **"दश क्षिपो युञ्जते बाहू अद्रिं सामस्य या शमितारो०"** (ऋक् ५।४३।४) इत्यादि है।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

इस विश्व में जो कुछ गतिशील और प्रसन्न देखने में आता है, वह भगवान् विष्णु का है वा उस में ही है ऐसा समझना चाहिये। सच्चिदानन्दमय भगवान् विष्णु, इस विश्व को अपने गति और प्रसन्नता रूप गुणों से युक्त ही बनाता है।

वीरहा—७४१

वि उपसर्गः । "इण् गतौ" इत्यादादिकाद्धातोः "ऋज्रेन्द्राग्रवज्र०" (उ० २।२८) इत्यादिनोणादिसूत्रेण रन् प्रत्ययान्त इरा शब्दो निपात्यते गुणाभावोऽपि निपातनादेव । एति=गच्छति यया सा इरा=उदकं मद्यं वा । तद्योगादिरावान् समुद्रः । इरावत्येव ऐरावती नदी । इरया मद्येनोदकेन वा माद्यतीतीरम्मदः मेघज्योतिर्विद्युत् । वेदे च स्तनयित्नुरिरा, तथा च—

"प्र वाता वान्ति पतयन्ति विद्युत उदोषधीर्जिहते पिन्वते स्वः ।
इरा विश्वस्मै भुवनाय जायते यत् पर्जन्यः पृथिवीं रेतसावति ।"
ऋक् ५।८३।४ ।।

विविधा विगता वा इरा स्तनयित्नु र्यस्मात् यस्मिन् वा सः वीरः पर्जन्यस्तं वीरं पर्जन्यं हन्तीति वीरहा सूर्यः । यद्व्यवस्थया चैतत् कर्म भवति स सर्वेश्वरोऽपि वीरहा । विविधा इराः=विद्युतो हन्ति=गमयति पर्जन्यं लोकानां भावाभावाभ्यामिति वीरहा विष्णुः । तथा च लोकभावाभावकरान् विद्युद्भेदानाहुरभिज्ञाः—

वाताय कपिला विद्युद् दुर्भिक्षाय सिता भवेत् ।
कृष्णा सर्वविनाशाय वर्षायातिलोहिनी ।।इति।।

वीरहा—७४१

वि यह उपसर्ग है । 'इण्' इस गत्यर्थक धातु से, उणादि रन् प्रत्यान्त तथा गुण रहित इरा शब्द का निपातन होता है । जो चलता है, उसका नाम है इरा । यह उदक या मदिरा का नाम है । उस इरा=उदक के सम्बन्ध से समुद्र का नाम इरावन् है । इरावती होने से ऐरावती नदी का है । इरा=उदक से जो हृष्ट अर्थात् दीप्त होती है, उसका नाम है इरम्मद, यह मेघज्योति विद्युत् का नाम है । वेद में इरा नाम, स्तनयित्नु अर्थात् मेघ या विद्युत् का आया है, जैसा कि **"प्र वाता वान्ति पतयन्ति विद्युतः"** (ऋक् ५।८३।४) इत्यादि मन्त्र से सिद्ध है । जिससे इरा=विद्युत निकल गई हो, अथवा जिसमें विविध प्रकार की इरा=विद्युत् हो उसका नाम वीर है, अर्थात् विजली के साथ कड़कड़ा शब्द करते हुए मेघ का नाम वीर है, उसका जो हनन करे उसका नाम वीरहा है । यह सूर्य या विष्णु का नाम है, क्योंकि यह वीरहनन आदि सब भगवान् विष्णु की व्यवस्था से ही हो रहा है । इस प्रकार से भी वीरहा नाम विष्णु का है, क्योंकि वह लोकों के शुभ अथवा अशुभ के लिए पर्जन्य में विविध प्रकार की विद्युत् उत्पन्न करता है । अभिज्ञ पुरुषों ने लोक के शुभाशुभ सूचक विद्युतद्भेदों को, **"वाताय कपिला विद्युत्"** इत्यादि रूप से दिखाया है, अर्थात् कपिल रङ्ग की विद्युत् से वायु,

क्वचिच्चैवं पठ्यते—

वाताय कपिला विद्युद् आतपायातिलोहिनी ।
कृष्णा सर्वविनाशाय दुर्भिक्षाय सिता भवेत् ॥

एतेन वीरहननरूपेण गुणेन सर्वत्र व्याप्तो भगवान् वीरहोच्यते । तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"भूरिदा ह्यसि श्रुतः पुरुत्रा ।" ऋक् ४।३२।२१ ॥

सूर्यार्थे चापि—

"शूर वृत्रहन् आ नो भजस्व राधसि ।" ऋक् ४।३२।२१ ॥

वीरहा शब्दः पूर्वत्र व्याख्यातोऽपि द्विःपठितोऽयं पूर्वतोऽन्यमर्थं प्रकटयतीति पुनर्व्याख्यातोऽन्यथा ।

भवति चात्रास्माकम्—

स वीरहा विष्णुरिदं समस्तं जगत् समृद्धं कुरुते जलेन ।
इरासहायः स विहन्ति मेघान् पर्जन्ययोनिर्जलमेव विश्वे ॥३२४॥

विषमः—७४२

'षम अवैकल्ये' इति भौवादिको धातुस्ततः पचाद्यच् प्रत्ययः, समतीति· समः । समशब्दश्चायं सदृशार्थे रुढः । "धात्वादेः षः स" (पा० ६।१।६४) इति

श्वेत से दुर्भिक्ष, अत्यन्त रक्त से वर्षा अथवा आतप तथा कृष्ण रङ्ग की विद्युत् से सर्व विनाश होता है। इस वीरहनन रूप से सर्वत्र व्याप्त भगवान् वीरहा नाम से कहा जाता है, जैसा कि "भूरिदा ह्यसि श्रुतः पुरुत्रा" (ऋक् ४।३२।२१) इत्यादि मन्त्र से सिद्ध है। सूर्यार्थक इस नाम में "शूरः वृत्रहन् आनो भजस्व" (ऋक् ४।३२।२१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है। वीरहा नाम का व्याख्यान पहले किया जा चुका है, लेकिन इसका दो बार पाठ होने से, यहां इसका अन्य प्रकार से व्याख्यान किया है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का नाम वीरहा इसलिए है कि वह इस समस्त विश्व को मेघ का हनन करके, जल के द्वारा समृद्ध करता है, तथा विश्व में वर्तमान यावन्मात्र जल का योनि=उद्गम स्थान मेघ ही है।

विषमः—७४२

अवैकल्यार्थक षम धातु से पचादि अच् प्रत्यय, धातु के षकार को सकार तथा वि उपसर्ग के सम्बन्ध से पुनः षत्व करने से, विषम शब्द सिद्ध होता है। सम शब्द सादृश्य

बकारस्य सकारः । व्युपसर्गेणयोगे "सुविनिर्दुर्भ्यः सुपिसूतिसमाः" (पा० ८।३।८८) सूत्रेण षत्वम् । विषमः सादृश्यरहित इत्यर्थः । "विषमेभ्यः" इत्यादि (यजुः ३०।१६) यजुर्वेदमन्त्रश्चात्र प्रमाणम् । लोके हि नहि कश्चिदपि कस्य-चित्समो दृश्यते गुणाकृत्यादिभ्यो भिन्नत्वात् । तथा च—सप्तदीप्ताः समिद्धाः प्रकाशं प्राप्ता ग्रहाः "सप्त ते अग्ने समिधः" (यजुः १७।७९) इत्यादि मन्त्र-लिङ्गात्" विषमसंख्यां भजमानास्तथा विषम गतिं समगतिञ्च भजमाना विषमयन्ति लोकम् । एवं भगवान् विषमो निजविषमत्वरूपेण विश्वं व्यश्नुवानो विषमनाम्ना स्तुतिमभ्युपैति । समानपितृभ्यामपि जातः सन्ततिगणो न समो भवति सर्वात्मना परस्परम् ।

भवति चात्रास्माकम्—

स विष्णुरेको विषमः पुराणः करोति विश्वं विषमं स्वभावात् ।
तमानुकुर्वन् विषमं प्रवृत्ता सम्पद् विपच्चापि जगत् प्रसृप्ता ॥३२५॥

शून्यः—७४३

"शुन गतौ" इति तौदादिको धातुस्तत "ऋहलोर्ण्यत्" (पा० ३।१।११३) सूत्रेण, स्नानीय चूर्णम्, दानीयो विप्र इतिवत् बाहुलकात् कर्तरि ण्यत् प्रत्यय-स्ततः "अन्येषामपि दृश्यते" (पा० ६।३।१३७) सूत्रेण दीर्घः, शुनति=प्राप्तो भवति सर्वत्रेति शून्यो विष्णुः ।

अर्थ में रूढ़ है, इसलिये विषम शब्द का अर्थ हुआ, जो सम नहीं अर्थात् सादृश्य हीन है। इस विषम नाम में **"विषमेभ्यः"** इत्यादि यजुर्वेद (३०।१६) मन्त्र प्रमाण है। लोक में गुण आकार आदि के भेद से कोई भी किसी के सम अर्थात् सदृश नहीं है। **"सप्त ते अग्ने समिधः"** (यजुः १७।७९) इत्यादि मन्त्रानुसार प्रकाशमान सप्त सूर्य आदि ग्रह विषम संख्या तथा विषम और सम गति को प्राप्त हुये इस सकल लोक को विषम बनाते हैं। इस प्रकार विषमनामा भगवान् विष्णु अपने विषमत्वगुण से लोक को व्याप्त करता हुआ विषम नाम से स्तुत होता है। लोक में देखा जाता है कि एक माता-पिता से उत्पन्न हुई सन्तान भी परस्पर सकल भाव से सम नहीं होती, अर्थात् किसी गुण आकृति आदि भेद से विषम ही होता है।

इस भाव को भाष्यकार इस प्रकार व्यक्त करता है—

वह पुराणपुरुष भगवान् विष्णु, स्वयं विषम है, इसलिये अपने गुणानुसार इस विश्व को भी विषम ही बनाता है। उसका अनुकरण करती हुई परस्पर विरुद्ध सम्पत्ति तथा विपत्ति भी विषमरूप से जगत् में प्रसृत अर्थात् फैली हुई हैं।

शून्यः—७४३

गत्यर्थक "शुन" धातु से 'स्नानीय' 'दानीय' आदि शब्दों के समान बाहुलक से कर्ता में ण्यत् प्रत्यय तथा **"अन्येषामपि दृश्यते"** (पा० ६।३।१३७) इस सूत्र से दीर्घ

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।" यजुः ४० ॥

"तन्नो द्यावा पृथिवी तन्न आप इन्द्रः शृण्वन्तु मरुतो हवं वचः।
मा शूने भूम्न सूर्यस्य संदृशि भद्रं जीवन्तो जरणामशीमहि।"
ऋक् १०।३७।६ ॥

"खं ब्रह्म।" इति यजुः ४०।१७॥

खं=शून्यमिति। गति र्हि शून्यात् प्रादुर्भवति, शून्यात् प्रादुर्भूता च गतिः शून्य एवान्तमेति। लोकेऽपि च पश्यामः—सावकाशे गर्भाशये सिराधमन्याशयादिभिः शून्ययुक्तैरस्थिभिश्च स्तम्भतामुपगतं सर्वं दृश्यं शरीरं, सौरनवमासानन्तरं बहिर्निश्चिक्रमिषुर्गतिं लभते। अत्र गर्भाशयः शून्यमिव गर्भजातकश्चोत्क्रान्तनवसंख्यातुल्यः। एषा व्यवस्था चेतरपशुभ्य ऋते मनुष्येषु मनुष्यसदृशेषु गोषु च। गतिप्रादुर्भावमूले शून्ये गर्भाशये, शून्यवन्मांससितः त्वक्पिहितो जायते। स च प्रसूयमानः पश्यतीति पशुसंज्ञयाभिधीयते। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"वितिष्ठन्तां मातुरस्या उपस्थान्नानारूपा पशवो जायमानाः।"
अथर्व १४।२।२५ ।

पशवः शिशव इति। य एव शून्यः स एव सुमुखः सुखदश्च। स एव च खमिति तत्रतत्र यथाप्रसङ्गं व्याख्यातं द्रष्टव्यम्। गणिते शून्यमेव गतिं ददाति,

करने से शून्य शब्द सिद्ध होता है। जो सर्वत्र जाता है अर्थात् प्राप्त होता है, उसका नाम शून्य है। यह भगवान् विष्णु का नाम है, जैसा कि "तदन्तरस्य सर्वस्य०" (यजुः ४०।५) "तन्नो द्यावापृथिवी तन्न आप इन्द्रः०" (ऋक् १०।३७।६) तथा "खं ब्रह्म" (यजुः ४०।१७) इत्यादि मन्त्रों से सिद्ध है। ख नाम शून्य का है। गति शून्य से उत्पन्न होती है तथा शून्य में ही लीन होती है। लोक में भी हम देखते है—शून्य रूप गर्भाशय में विवरयुक्त सिरा धमनी आशय तथा अस्थियों से निबद्ध दृश्य शरीर सौर नव मास के पश्चात् गर्भाशय से बाहर निकलने की इच्छा से गति को प्राप्त करता है। यहां गर्भाशय शून्य के समान है तथा उत्पद्यमान शिशु इकाई स्थान से उठी हुई नव संख्या के समान है। यह व्यवस्था केवल मनुष्य, मनुष्यसदृश तथा गो नामक पशुओं में है। उत्पद्यमान प्रत्येक जातक, पशु नाम से इसलिये कहा जाता है कि वह गति की उत्पत्ति के कारण अर्थात् गति देने वाले गर्भाशय में शून्य के समान मांस से बंधा हुआ त्वचा से ढका (आच्छादित) हुआ उत्पन्न होता है तथा उत्पन्न होता हुआ देखता है। इस अर्थ का समर्थक "मातुरस्या उपस्थान्नानारूपाः पशवो जायमानाः०" इत्यादि अथर्व (१४।२।२५) मन्त्र है। पशु नाम शिशु का है।

शून्य शब्द के ही पर्याय सुमुख तथा सुखद शब्द हैं। शून्य ही गति का देने वाला है, अर्थात् गति की उत्पत्ति शून्य से ही होती है, यह गणित का सिद्धान्त है। जैसे कि

तथा च नवात्मिका संख्या यदा नवत्वमतिवर्तते तदा यावद्वाऽतिवर्तते, तत् संख्या सूचकोऽङ्कः सङ्कलय्य शून्यात् पूर्वं निधीयते गणितज्ञैः। तद्यथा—दश= १० इति। इह हि शून्यात् प्रथमं स्थित एकरूपोऽङ्को नवसंख्याया एकवारातिक्रमणं सूचयति। ततोऽवशिष्टञ्च शून्यं स्वोदरनिहितां सूचयति अथवा १० इत्यत्र शून्यस्थानादेकवारं व्यपगताया नवसंख्यायाः सूचकः १ इत्यङ्को दशत्वसंख्यापूरकश्च,० शून्यञ्च स्वस्वरूपेण नवसंख्यामाददानो नवसंख्याभावं सूचयति। यदा पुनरेकादारभ्य नवान्तां काञ्चित् सख्यामुपस्थापयितुमिच्छति शून्यं, तदा तां स्वगतां कुर्वत्तेन रूपेण स्थापयति। तद्यथा—एकादश ११, अत्र नवसंख्योत्क्रान्तैकधा तस्या ज्ञापक एकोऽङ्कः, तत्र शिष्टश्चैकस्थानीय एकोऽङ्क इति तौ मिलित्वा द्वौ जायेते ६+२=समानं भवति एकादश इति एवमन्यत्राप्यूह्यम्। अमुथैवायं विष्णुर्जगच्चिकीर्षुर्जगत् स्वगतं बहिः प्रकाशयत्युच्छिष्टाख्यः शून्यरूपः। यदुक्तम्—

"उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे।" अथर्व ११।७।११॥

इमं भावं व्यञ्जयितुं शून्य इति विष्णोर्नामसङ्कीर्तितं वेदविद्भिः।

तथा च कार्यं यदुपादानकं भवति, तदाकारं व्यनक्त्यात्मानम्। यथा—काष्ठचक्रं काष्ठाकारं, लौहचक्रं लौहाकारम्, सुवर्णचक्रं सुवर्णाकारं, नामचक्रञ्च

संख्या जब अपने नवत्व का अतिक्रमण करती है, तब जितनी बार अतिक्रमण करती है उतने ही का सूचक अङ्क शून्य से पूर्व में अर्थात् पहले रक्खा जाता है। जैसे १० इस संख्या में शून्य से पूर्व में स्थित एक का अङ्क, नव संख्या का एकवार अतिक्रमण सूचित करता है, तथा शेष शून्य अङ्क अपने में स्थित नव संख्या सूचक है अथवा १० इस संख्या में एक का अङ्क शून्य स्थान से एकबार उठी हुई नव संख्या का सूचक तथा दशत्व का पूरक है और शून्य अङ्क अपने में स्थित नव संख्या के अभाव का सूचक है। इसी प्रकार जब एक से लेकर नवसंख्यापर्यन्त किसी संख्या को शून्य अङ्क बताना चाहता है तो उसे अपने आप में स्थापित करके उसी रूप से बताता है जैसे—एकादशात्मक ११ संख्या में नवसंख्या एक बार निकल गई उसका सूचक अङ्क एक है, शेष बचा इकाई के स्थान में एक १ अङ्क उस एक के साथ मिलकर दो हो जाता है, जो कि नव और दो मिलकर एकादश के समान हो जाते हैं। इसी प्रकार की कल्पनायें अन्यत्र भी कर लेनी चाहियें।

इसी प्रकार उच्छिष्टाख्य शून्य रूप भगवान् विष्णु अपने में स्थित जगत् को ही बाहर दृश्य रूप में प्रकाशित करता है। जैसा कि "उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे" इत्यादि अथर्व वेद (११।७।११) में कहा है। इसी भाव को व्यक्त करने के लिये वेदज्ञों ने विष्णु का शून्य नाम से सङ्कीर्तन किया है।

कार्य अपने उपादान कारण के अनुसार ही अपने आप को प्रकट करता है, जैसे काष्ठ का चक्र, लोहे, सुवर्ण तथा ताम्र का चक्र अपने-अपने काष्ठ लोह आदि उपादान

ताम्राकारमित्याद्यूह्यम् । एवं मनुष्यान्मनुष्यः, गो गौः, शुनः श्वा, काकात् काकः पिकाच्च पिक इति । नैकरूपिणो निमित्ताकारणस्य विष्णोः नैकरूपतां गतं चराचररूपं जगत् तमेव तथाविधं सर्वत्रव्याप्तं शून्याख्यं विष्णुं व्यनवित । भण्यते च "जगदेव ब्रह्म, ब्रह्मैव जगच्चेति।" सर्वात्मना—उत्क्रान्ताः शून्यतः पूर्वं निपतिताः (१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९) संख्याः मातुर्गर्भाशयमिव शून्यं शेषयन्ति । एकधोत्क्रान्ता संख्या १०, द्विरुत्क्रान्ता संख्या २०, त्रिरुत्क्रान्ता ३०, त्रिंशदित्यादि योजनीयम् । दश, विंशतिः, त्रिंशदित्यादिसंख्यासंज्ञाः पूर्वाचार्यैर्विहिता व्यवहार-सौकर्याय । एवं—एक—दश—शत—सहस्रेत्याद्यो लीलावत्युक्ताः संज्ञाः स्थानानां ज्ञानसौकर्याय ।

भवति चात्रास्माकम्—

शून्यो हि विष्णुर्विदधाति खावृतं विश्वं स्वयं तत्र च लीयते सः ।
गर्भाशयः शून्य इहापि धत्ते शून्यं शिशुं स्वं न जहाति [1]भावम् ॥३२६॥

[1] भावं=शून्यत्व मित्यर्थः ।

कारण के अनुसार ही अपने आपको को प्रकट करता है । इत्यादि प्रकार से और भी ऊहायें कर लेनी चाहियें । इसी प्रकार मनुष्य से मनुष्य, गो से गौ, कुत्ते से कुत्ता, काक से काक तथा कोकिल से कोकिल आदि सब अपने उपादान कारणानुसार आकार वाले ही होते हैं । अनेकस्वरूप भगवान् विष्णु का कार्य यह अनेक रूप जगत् उस अनेक रूप सर्वत्र व्याप्त भगवान् का ही आख्यान कर रहा है, अर्थात् अनेक रूप विष्णु का वोध करा रहा है । अभिज्ञों का भी "जगदेव ब्रह्म, ब्रह्मैव जगत्" यह ही कथन है ।

सर्वथा उत्क्रान्त तथा शून्य से पूर्व में स्थित १ एक २ दो आदि संख्यायें शून्य को ही शेष रखती हैं, जैसे एक बार निकली हुई संख्या १० दो बार निकली २० तथा तीन बार निकली ३०, इत्यादि योजना स्वयं कर लेनी चाहिये । संख्याओं के निकलने से शून्य का शेष रहना इसी प्रकार है, जिस प्रकार कि जातक के गर्भाशय से निकलने पर शून्यरूप गर्भाशय का शेष रहना । संख्याओं की एक दो आदि संज्ञायें, पूर्वाचार्यों ने व्यवहार सौकर्य अर्थात् आसानी से व्यवहार चलाने के लिये की हैं । इसी प्रकार आसानी से स्थानों के ज्ञान के लिये एक, दश, शत, सहस्र इत्यादि संज्ञायें लीलावती नामक ज्योतिष ग्रन्थ में कही गई हैं ।

इस भाव को भाष्यकार इस प्रकार प्रकट करता है—

भगवान् विष्णु का नाम शून्य है, क्योंकि वह शून्य से व्याप्त इस विश्व को बनाता है, अन्त में यह विश्व उस शून्य में ही लीन हो जाता है । शून्य रूप गर्भाशय, शून्य रूप शिशु को धारण करता हुआ भी अपने शून्यत्व को नहीं छोड़ता । भाव शब्द से शून्यत्व का ग्रहण है ।

घृताशीः-७४४

"घृ सेचने" इति भौवादिको धातुः, यद्वा 'घृ क्षरणदीप्त्योः" इति जौहोत्यादिकस्ततो नपुंसके भावे क्तः प्रत्ययः । सेचनं, क्षरणं, दीपनं वा घृतम् । यद्वा—आभ्यामेव धातुभ्यां "**अञ्जिघृसिभ्यः क्तः**" (उ० ३।८९) इत्युणादिसूत्रेण कर्तरि कारके क्तः प्रत्ययः । एवञ्च सिञ्चति क्षरति, दीप्यत इति वा घृतम् ।

आशीः—"आङः शासु इच्छायाम्" इति धातुस्ततः "**क्विप् च**" (पा० ३।२।६७) इत्यनेन क्विप् "**आशासः क्वावुपधाया इत्वं वाच्यम्**" इति (पा० ६।४।३५) सूत्रस्थ वार्तिकेनोपधाया इत्वम् । शासेः सोरुत्वं "**र्वोरुपधाया दीर्घ इकः**" (पा० ८।२।७६) सूत्रेणोपधादीर्घः । आवसानिको विसर्गः । सोरन्यत्र "**शासिवसिघसीनाञ्च**" (पा० ८।३।६०) सूत्रेण षत्वं बोध्यम् । घृतं=क्षरणं, सिञ्चनं, दीपनं वेच्छतीति घृताशीः ।

घृतशब्देन जलादिद्रवद्रव्यम्, आग्नेयपदार्थजातञ्च गृह्यते । तदिच्छतीति घृताशीरिति । सर्वं लोके घृताशीः, यतो हि सर्वमेव जलं=स्नेहविशेषं दीपनं वेच्छति । सूर्यो घृताशीः, यतो हि स जलाकर्षणधर्मा । मनुष्यो घृताशीः, यतो हि सः पिपासति जलम् । भूमिघृताशीः, यतः सः वर्षारूपं जलमभिवाञ्छति ।

घृताशीः—७४४

भौवादिक सेचनार्थक 'घृ' अथवा क्षरण तथा दीप्त्यर्थक जुहोत्यादिगणपठित 'घृ' धातु से नपुंसकत्वविशिष्ट भाव में क्त प्रत्यय करने से घृत शब्द सिद्ध होता है । सेचन, क्षरण, या दीपन का नाम घृत है । अथवा इन दोनों ही धातु से "**अञ्जिघृसिभ्यः क्तः**" इस उणादि (३।८९) सूत्र से कर्ता कारक में क्त प्रत्यय करने से घृत शब्द बन जाता है । इस प्रकार जो सिञ्चन करता है, जो संचलित होता है तथा जो दीप्त होता है, उसका नाम घृत है ।

आशीः शब्द, इच्छार्थक आङ्पूर्वक 'शास' धातु से क्विप् प्रत्यय, क्विप् परे रहते उपधा इत्व, शास के सकार को रु तथा उपधा को दीर्घ करने से प्रथमा के एकवचन में सिद्ध होता है प्रथमा के एक वचन के अतिरिक्त अपदान्त में धातु सकार को षकार होता है । घृत शब्द से जल आदि द्रव द्रव्य तथा आग्नेय पदार्थों का बोध होता है । उनको जो चाहता है उसका नाम घृताशी है । लोक में सब ही घृताशी हैं, क्योंकि सब ही जल आदि स्नेह विशेष तथा दीपन (चमक) आदि को चाहते हैं । सूर्य घृताशी है, क्योंकि वह जल को चाहता हुआ, उसका आकर्षण करता है । मनुष्य घृताशी है, क्योंकि वह जल को पीने की इच्छा करता है । पृथिवी घृताशी है, क्योंकि वह वर्षारूप जल को चाहती है । स्त्री घृताशी है, क्योंकि वह भी शुक्ररूप जल को ग्रहण करना चाहती है । इस प्रकार से भगवान्

स्त्रीर्वा घृताशीः यतः सापि शुक्रात्मकं घृतं जिघृक्षति। एवञ्चैष घृताशिष्ट्वरूपो भगवतो गुणः सर्वत्र व्याप्तो दृश्यतेऽत एव भगवन्नामसु स्तुतिमाप्नोति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"घृतं तीव्रं जुहोतन।" ऋक् ५।५।१॥

"ऋताय चित्रं घृतवन्तमिष्यति।" ऋक् १।३४।१०॥

"घृतेन वर्धयातिथिम्।" अतिथि=रग्निः। तथा—

"घृतेन वर्द्धयामसि बृहच्छोचा यविष्ठचा।"

ऋक् ६।१६।११॥ इत्यादि।

भवति चात्रास्माकम्—

विष्णुर्घृताशीः स्वगुणेन विश्वं घृताशिषा युक्तमयं विधत्ते।
सूर्यो घृताशीरनलो घृताशी वैश्वानरोऽग्निश्च तथा घृताशीः॥३२७॥

अचलः—७४५

कम्पनार्थकश्चलि भौवादिको धातुस्ततः कर्तरि पचाद्यच् प्रत्ययः। चलतीति चलः। नञ् समासे "नलोपो नञः" (पा० ६।३।७) इति सूत्रेण नञो नकार लोपे च न चलः, अचल इति सिध्यति। न चलति=व्यभिचरति स्व-

---

का यह घृताशीरूप गुण सर्वत्र व्याप्त दीखता है, इसलिये भगवान् का नाम घृताशी है। यह नामार्थ "घृतं तीव्रं जुहोतन" (ऋक् ५।५।१) "ऋताय चित्रं घृतवन्तमिष्यति" (ऋक् १।३४।१०) "घृतेन वर्द्धयातिथिम्" अतिथि नाम अग्नि का है तथा "घृतेन वर्द्धयामसि बृहच्छोचा यविष्ठच" (ऋक् ६।१६।११) इत्यादि मन्त्रों से प्रमाणित होता है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का नाम घृताशी है, क्योंकि वह इस सकल विश्व को घृताशीरूप गुण से युक्त करता है जैसे कि पूर्वोक्त प्रकार से सूर्य, अग्नि तथा वैश्वानर अग्नि सब ही घृताशीः हैं।

अचलः—७४५

कम्पनार्थक चल धातु से कर्ता अर्थ में पचादि लक्षण अच् प्रत्यय करने से चल शब्द सिद्ध होता है, जो चलता है उसका नाम चल है तथा चल शब्द के साथ नञ् का समास करने से जो नहीं चलता उसका नाम अचल है। जो अपने सङ्कल्प तथा नित्यज्ञान-रूपगुण और क्रिया का व्यभिचार नहीं होने देता, उसका नाम अचल है, अर्थात् जिसका सङ्कल्प, ज्ञान, गुण तथा क्रिया सदा एक रस एक समान अव्यभिचारी है, उसका नाम

सङ्कल्पं, नित्यज्ञानगुणक्रियां वा सोऽचलो विष्णुः। अर्थाद् यद् यथा व्यवस्थापितं तदासृष्टेः प्रलयपर्यन्तं तथैव चलति न विपर्येति स्वधर्मतः। यथा सर्गादित एव सूर्यो न वक्री भवति, तथा च चन्द्रो वृद्धिक्षयौ भजति, सर्वे चेतरे ग्रहा वक्रगतित्वं रूपं धर्मं बिभ्राणा दर्शयन्ति भगवतोऽचलस्याचलत्वरूपं धर्मं सुव्यवस्थितमव्यभिचारिणमिति। यस्य वस्तुनो यादृक्स्वभावस्तस्मिन् समर्यादमवस्थानमेवाचलत्वम्। पश्यामश्च प्रतिपदं लोके बीजो हि स्वसदृशं क्षुपं जनयति, न विषदृशं कुत एवमिति प्रश्ने च, विश्वे व्यष्टेन भगवताऽचलेन स्वधर्मानुरूपकृतव्यवस्थत्वात्, सर्वस्य विश्वस्याचलधर्मवत्त्वात्। एवं सर्वत्रोहनीयम्। यथा— अग्निः स्वप्रकाशरूपं सन्तापरूपं, ऊर्ध्वगमनरूपं वा धर्मं न जहाति।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"षड् भारां एको अचरन् बिभर्त्यृतं वर्षिष्ठमुपगाव आगुः।
तिस्रो महीरुपरास्तस्थुरत्या गुहा द्वे निहिते दर्श्येका।"

ऋक् ३।५६।२॥

भवति चात्रास्माकम्—

चलं हि सर्वं यदिहास्ति दृश्यं स्वकञ्च धर्मन्न चलं जहाति।
कर्ताऽचलो ह्यस्य यतः स विष्णुः धीरोऽचलं तं प्रपदं हि नौति॥३२८॥

अचल है। सृष्टि से प्रलय पर्यन्त प्रत्येक वस्तु अपनी भगवत्कृत व्यवस्थानुसार चलती है, अर्थात् वह कभी भी अपने स्वभाव से च्युत नहीं होता, या अपने धर्म से विपरीत आचरण नहीं करती। जैसे सृष्टि के आदि से ही सूर्य कभी वक्री नहीं होता, चन्द्रमा वृद्धि और क्षय से युक्त है और सब ग्रह अपने वक्रगतित्वरूप धर्म को धारण करते हुये, अचलत्वरूप धर्म को सुव्यवस्थित रूप से प्रकट कर रहे हैं। जिस वस्तु का जो स्वभाव है, उस वस्तु का अपने स्वभाव में सुव्यवस्थित रहना ही अचलता है। हम लोक में पद-पद पर देखते हैं—बीज अपने सदृश पौदे को उत्पन्न करता है, अपने से विसदृश अर्थात् विलक्षण को नहीं, ऐसा क्यों है, इस प्रश्न का यह ही समाधान है कि सर्वत्र व्यापक रूप से स्थित भगवान् अचल अपने अचलत्व धर्मानुरूप ही सब को व्यवस्था करता है तथा कारणानुसारधर्मक होने से यह सकल विश्व अचल है। इसी प्रकार सर्वत्र जानना चाहिये, जैसे अग्नि का धर्म प्रकाशन, सन्तापन तथा ऊर्ध्वज्वलन है, वह अपने इस धर्म को कभी नहीं छोड़ता। इसमें "षड्भारां एको अचरन्" (ऋक् ३।५६।२) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है।

भाष्यकार इस भाव को अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् अचल के द्वारा निर्मित्त यह चल दृश्य अपने चल धर्म को कभी नहीं छोड़ता, क्योंकि यह अचल के द्वारा व्याप्त होने से स्वरूप से चल होने पर भी, स्वभाव से अचल है। उस अचल भगवान् को धीर पुरुष पद-पद पर नमन करता है।

चलः–७४६

"चल कम्पने" इति भौवादिकः स च "चलिः कम्पने" इति च मित्संज्ञकः। तस्माद् धातोः कर्तरि पचाद्यच् प्रत्ययः, चलतीति चलः। यद्यपि कूटस्थो हि सः, तथापि स्वस्वाभाविक्या ज्ञानरूपबलक्रियया वायुनिहितचलनकर्मा सर्वमिदं जगच्चलयञ्चलतीव प्रतीयते। यथा शिल्पी स्वशक्त्यपेक्ष्यानेकसाधनसम्पन्नो यन्त्र चालयन्, स्वस्थानस्थितोऽपि चलतीति जनप्रतीतिमवतरति, तथा भगवानपि वायुरूपेण स्वकर्मणा जगद्रूपं यन्त्रं चलयन् स्वयमपि चलतीव प्रतीयमानश्चलेति-संज्ञां प्रतिपद्यते।

एतच्चैवमुपपद्यते—अजनामा हि भगवान् विष्णुः स चाजति=प्रक्षिपति वायुरूपं स्वचलनात्मकं कर्म जगति, जगच्चिचलयिषुः, यथा यन्त्रं चिचलयिषुः शिल्पी यन्त्रचालको वा बाष्पं तस्मिन् प्रक्षिपति आविष्करोति, तेन च यन्त्रव्यापकेन यन्त्रनिबद्धेन वा बाष्पेण स्वयं कूटस्थ इव शिल्पी यन्त्रं स्वाभिमतसिद्धये प्रवर्तयति। एवं चलनधर्मणि वायौ या गतिः सा तस्यैव सर्वव्यापकस्य विष्णोः। यथा यन्त्रचालिका शक्तिः शिल्पिनः यावद्यन्त्रं चलति, तत्र निहिता भवति। एवं स्वाभाविक ज्ञानबलकर्मशीलस्य विष्णोश्चलनरूपं कर्म विश्वं व्यश्नुवानं तं

चलः—७४६

कम्पनार्थक "चल" धातु जो मित्संज्ञक है उससे पचादि अच् प्रत्यय करने से चल शब्द सिद्ध होता है। जो चलता है उसका नाम चल है। यद्यपि भगवान् स्वयं कूटस्थ है, तथापि वह अपनी स्वाभाविक ज्ञानरूप बलक्रिया से वायु में चलन रूप कर्म का आधान करके, उसके द्वारा इस जगत् को चलाता हुआ स्वयं चलता-सा प्रतीत होता है, जैसे कोई शिल्पी (कारीगर) अपनी शक्ति के अनुरूप अनेक साधनों से युक्त, यन्त्र को चलाता हुआ, स्वयं एकत्र स्थित हुआ भी चलता हुआ सा दीखता है, उसी प्रकार भगवान् अपने वायु रूप कर्म से जगत् रूप यन्त्र को चलाता हुआ, स्वयं भी चलता सा प्रतीयमान चल संज्ञा को धारण करता है। यह इस प्रकार सङ्गत होता है, भगवान् का एक नाम अज है, वह इस लिये कि भगवान् अपने चलनरूप कर्म वायु को जगत् में जगत् को चलाने के लिये प्रक्षिप्त अर्थात् प्रेरित करता है, उस ही प्रकार जैसे कि यन्त्र को चलाने के लिये शिल्पी यन्त्र में वायु रूप बाष्प का प्रक्षेप करता है, अर्थात् उसे वायु से पूर्ण करता है और उस यन्त्र में निबद्ध या व्यापक बाष्प से, स्वयं एकत्र स्थित भी यन्त्रचालक यन्त्र को अपनी अभिमत सिद्धि के लिये प्रवर्तित करता है। इसी प्रकार चलनधर्मक वायु में जो गति है वह सर्व-व्यापक भगवान् विष्णु की है, जैसे जब तक यन्त्र चलता है, तब तक यन्त्रचालक की शक्ति उसमें स्थित रहती रहती है। इस प्रकार स्वाभाविक ज्ञानबल क्रियाशील भगवान् का चलन रूप कर्म सर्वत्र विश्व में व्याप्त हुआ, सर्वव्यापक चलनात्मक भगवान् विष्णु को

चलाख्य विष्णुं व्यनक्ति प्रतिपदम् । वायौ यच्चलनात्मकं कर्म तत् कुत आयातमिति प्रश्ने, तद्विष्णोरेवायातमिति समाधानं सम्पद्यते । सर्वं हि पदार्थजातमवकाशगामि, स चावकाशरूपो धर्म आकाशस्य । खञ्च ब्रह्म, "ओं खं ब्रह्म" इति (४० अ० १७) याजुषाल्लिङ्गात् ।

लोको वेदश्च यादृक् पश्यति तादृग्वक्ति तत्र मन्त्रलिङ्गं यथा—

"यादृगेव ददृशे तादृगुच्यते ।" ऋक् ५।११।६ ॥

सर्वयन्त्रप्रवर्तयिता गत्यधिष्ठातृदेवः स वायुः स्तुतो भवति । यथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः ।
घोषा इदस्य शृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम ।"
ऋक् १०।१६८।४ ॥

अत एव विष्णुनामसंग्रहे वायोर्वातस्य वा नाम संगृहीतमस्ति ।

चर धातुरपि गत्यर्थत्वाच्चलधातुसमानार्थकः । तथा च—

"सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः ।" यजुः २३।१० ॥

"शिशू क्रीडन्तौ ।" ऋक् १०।८५।८ ॥

इत्यत्र शिशुशब्देन सूर्याचन्द्रमसोरभिधानम् ।

"इदमापः प्रवहत यदवद्यं दुरितञ्च यत् ।"
ऋक् १।२३।२२; यजुः ६।१७ ॥

व्यक्त कर रहा है । यदि पूछा जाये कि वायु में जो चलनरूप कर्म है वह कहां से आया है, तब इसका समाधान यह ही होगा कि यह भगवान् विष्णु से आया है । प्रत्येक पदार्थ की गति अवकाश अर्थात् शून्य में होती है, तथा शून्य रूप अवकाश ही "ओं खं ब्रह्म" इत्यादि यजुर्वेद (४०।१७) मन्त्रानुसार ब्रह्म है । लोक तथा वेद में "यादृगेव ददृशे तादृगुच्यते" (ऋक् ५।११।५६) इत्यादि मन्त्रानुसार जैसा देखा जाता है वैसा ही कहा जाता है, सब यन्त्रों में गति का आधान करके सब यन्त्रों के प्रवर्तक वायु की "आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो०" (ऋक् १०।१६८।४) इत्यादि मन्त्र में स्तुति की गई है, वायु या वात का नाम विष्णुसहस्रनामस्तोत्र में संगृहीत है । चर धातु भी चल समानार्थक है, जैसा कि "सूर्य एकाकी चरति" (यजुः २३।१०), "स्वस्ति पन्थामनुचरेम" (ऋक् ५।५१।१५) तथा "शिशू क्रीडन्तौ" ऋक् १०।८५।८) इत्यादि मन्त्रों से सिद्ध है । यहां शिशु शब्द से सूर्य और चन्द्रमा का ग्रहण है । "अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि" (यजुः १।५) तथा "इदमापः प्रवहत" (ऋक् १।२३।२२; यजुः ६।१७) इत्यादि मन्त्रों से भी इसी

तथा—

"अग्ने ! व्रतपते ! व्रतं चरिष्यामि । यजु: १।५ ।। इत्यादि ।

भावार्थश्चैव ज्ञेयम्—यथा बृहद्भानुर्विष्णुर्न सूर्यादृते तपन् दृश्यते, न वायोः ऋते चरन् दृश्यते, न चाग्नेर्ऋते दहन् दृश्यते, तथा च तत्तत्सूर्याद्यन्तर्हितः तत्तत् कर्म करोति । एवमत्र दृश्यमानश्चलनाख्यो गुणोऽपि तच्छक्त्यधीन एवेति दृढं द्योतयितुं चलसंज्ञया विष्णुरुक्तो भवति ।

लोकेऽपि च पश्यामः—शरीराधिष्ठातृदेव आत्मा स्वतएवान्यसहायमन्तरेण स्वान्यङ्गानि यथाकार्यवशं चलयति, तथैवायं विष्णुः प्रवाहनित्यमिदं विश्वं यथानियतमर्याद प्रवर्तयितुं चलनाख्येन कर्मणा संयुनक्ति, स्वयं सर्वत्र वर्तमानः । अन्यान्यप्येवमुदाहरणानि कल्पनीयानि लोकं दृष्ट्वा विज्ञैरिति ।

अन्यच्च–उत्पत्तिलयशालि जगदुत्पत्तिलयाभ्यां चलं दृश्यते, दृश्यते च सूर्यश्चल उदयास्ताभ्यां, तथा नित्योऽमरोऽपि जीवः शरीरसम्बन्धात् शरीरोत्पत्तिविनाशाभ्यां जातो मृत इति व्यवह्रियते । एवं कूटस्थोऽपि विष्णुः सर्वत्र सर्वावस्थासु ध्यात्रे स्वस्वरूपं प्रकाशयति सर्वत्र वर्तमानः । तस्माद् ध्याता तं सर्वत्र चलं मन्यते, यानस्थं शिल्पिनमिव ।

अर्थ की पुष्टि होती है । पूर्वोक्त का सारांश इस प्रकार जानना चाहिये, जैसे भगवान् बृहद्भानु विष्णु का, सूर्य के विना तपन, वायु के विना चलन तथा अग्नि के विना दहन, देखने में नहीं आता, किन्तु तपन, चलन तथा दाह धर्म इन सब में व्याप्त भगवान् विष्णु का ही है । इसी प्रकार दृश्यवर्ग में दीखता हुआ चलनरूप धर्म भी सर्वव्यापक भगवान् विष्णु का ही है, इस भाव को प्रकट करने वाला ही भगवान् का चल यह नाम है । हम लोक में भी देखते हैं, शरीर का अधिष्ठाता जीवात्मा विना किसी की सहायता के अपने कार्यानुसार अङ्गों को चलाता है । इस प्रकार भगवान् विष्णु प्रवाह से नित्य इस विश्व को चलाने के लिये मर्यादानुसार चलन रूप कर्म मे युक्त करता है । इसी प्रकार और उदाहरणों की कल्पना लोक को देखकर कर लेनी चाहिये ।

इसी प्रकार और भी यह उत्पत्ति तथा लयशील जगत् उत्पत्ति और लय से तथा उदय अस्त से सूर्य चल दीखता है । जीव, शरीर के सम्बन्ध से शरीर के उत्पत्ति और विनाश से उत्पन्न तथा मृत कहा जाता है । भगवान् विष्णु कूटस्थ होकर भी सब अवस्थाओं में सर्वत्र वर्तमान, ध्यान करने वाले के लिये अपना स्वरूप प्रकाशित करता है, इसीलिये ध्यान करने वाला उस सर्वगत भगवान् को चल मानता है, यान में स्थित यन्त्रचालक के समान ।

भवति चात्रास्माकम्—

या विश्वमात्रे गतिरस्ति सक्ता तदात्ममूतश्चलकर्मवायुः ।
वायुं चलं यः कुरुते मनस्वी चलः स विष्णुः स्तुतिमेति [1]वातः ॥३२६॥

१—"तस्मै वाताय हविषा विधेम।" (ऋक् १०।१६८।४) इत्युक्त-मन्त्रलिङ्गम् ।



अमानी मानदो मान्यो लोकस्वामी ।

७४७ अमानी, ७४८ मानदः, ७४९ मान्यः, ७५० लोकस्वामी ।

अमानी—७४७

"मान पूजायाम्" इति धातुश्चौरादिकस्तोऽनित्यण्यन्ताश्चुरादय इति सिद्धान्तभेदतो णिच् पक्षे "ण्यासश्रन्थो युच्" इति (पा० ३।३।१०७) सूत्रेण युच् प्रत्यये माननेति प्राप्ते "कृत्यल्युटो बहुलम्" (पा० ३।३।११३) सूत्रेण घञि मान इति, ततश्च मत्वर्थीय इनिः, "यस्येति च" (पा० ६।४।१५८) सूत्रेण अकार लोपे मानी, इन्नन्तलक्षणो दीर्घः । न मानी अमानी नञ् समासो नञो न लोपः । आत्मसम्मानभावरहितः इत्यर्थः ।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

जो इस विश्व में सर्वत्र गति देखने में आती है, उसका मूल चलनकर्मा वायु है, तथा जो सर्वज्ञ मनस्वी उस वायु को भी चल (गति युक्त) करता है, वह भगवान् विष्णु चल तथा वात नाम से स्तुत होता है । भगवान् का एक नाम वात है, इसमें **"तस्मै वाताय हविषा विधेम"** (ऋक् १०।१६८।४) इत्यादि मन्त्र प्रमाण है ।

अमानी—७४७

पूजार्थक चुरादिगणपठित "मान" धातु है, इससे चुरादि गणीय धातु अनित्य णिजन्त होते हैं इस सिद्धान्त के अनुसार, वैकल्पिक णिच् होने से णिच् पक्ष में मानना शब्द सिद्ध होता है, तथा **"कृत्यल्युटो बहुलम्"** (पा० ३।३।११३) सूत्र से भाव अर्थ में घञ् प्रत्यय करने से मान शब्द सिद्ध हो जाता है । मान शब्द से मतुबर्थक इनि प्रत्यय सुप् तथा इन्नन्त लक्षण दीर्घ करने से मानी शब्द तथा नञ् तत्पुरुष समास और नञ् के नकार का लोप करने से अमानी शब्द बन जाता है । जिसका अर्थ होता है, आत्मसम्मान अर्थात् अपने आप का सम्मान न चाहने वाला ।

यद्वा—माङ् माने धातुस्तस्मात् करणेऽधिकरणे वा ल्युट् प्रत्ययो योरन। मीयते येन मीयते यत्र वा तन्मानम्। तस्मान्मत्वर्थीय इनिः प्रत्ययो नञ् नलोपः इन्नन्तलक्षणे दीर्घः। न मानमियत्ता यस्यास्ति सोऽमानी, अप्रमेय इति भावः। अयम्भावोऽमेयाप्रमेयात्मनाम्नोर्व्याख्याने विशदं व्याख्यातं तत्र द्रष्टव्यम्।

मन्त्रलिङ्गञ्च—

"न ता मिनन्ति मायिनो न धीराः।" ऋक् ३।५६।२॥

भवति चात्रास्माकम्—

अमानिविष्णुर्नहि [1]मानगोचरोऽमानिविष्णुर्नहि [2]मानगोचरः।
अमानिविष्णुर्नहि मातुमर्ह्यते नरेण कल्पान्तवयः समेयुषा॥३३०॥

मानं=सम्मानम्। मानं=प्रमाणम्।

१—मानं सम्मानम्। तस्य गोचरो मानगोचरः, मानविषय रहित इत्यर्थः।
२—मानं प्रमाणम्। तस्य मानगोचरः, प्रमाणविषय इत्यर्थः।

मानदः—७४८

मानं ददातीति मानदः। मानशब्दो व्युत्पादितः प्राक्। मानरूपकर्मोपपदाद्दातेः "आतोऽनुपसर्गे कः" (पा० ३।२।३) सूत्रेण कः प्रत्यय आल्लोपश्च मानद इति।

अथवा मान=परिमाण अर्थ वाले "माङ्" धातु से करण या अधिकरण में ल्युट् प्रत्यय करने से मान शब्द बनता है। जिससे मान किया जाये, अथवा जिसमें मान इयत्ता अर्थात् परिच्छेद किया जाये उसका नाम मान है। पूर्वोक्त प्रकार से मान शब्द से मतुबर्थक इनि प्रत्यय, नञ् समास, नञ् के नकार का लोप तथा दीर्घ करने से अमानी शब्द बन जाता है। जिसकी इयत्ता अर्थात् कोई परिमाण नहीं है, उसका नाम अमानी है। इस नाम का विशदव्याख्यान अमेय तथा अप्रमेय नाम के व्याख्यान में देखना चाहिये। इसमें "न ता मिनन्ति मायिनो धीराः" (ऋक् ३।५६।१) इत्यादि मन्त्र प्रमाण हैं।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का अमानी नाम इसलिये है कि वह मान (आत्म सम्मान) का विषय नहीं है तथा वह किसी मान (प्रमाण) का विषय नहीं है और न उसका मान (परिमाण) कल्पान्त आयु वाले पुरुष के द्वारा भी किया जा सकता है। प्रथम मान शब्द का सम्मान, द्वितीय का प्रमाण तथा तृतीय का परिमाण अर्थ है।

मानदः—७४८

"मान" शब्द का व्युत्पादन पहले किया गया है। मान को देने वाले का नाम मानद है। मान पूर्वक दा धातु से क प्रत्यय तथा आकार का लोप करने से मानद शब्द सिद्ध होता है। मान नाम परिमाण (इयत्ता) का पहले कहा गया है। वह परिमाण,

मानं=परिमाणं=एतावत्त्वमिति पूर्वमुक्तम् । तच्च स्वात्मसंस्थानं सत्त्वरूपेण, खण्डरूपेण चेति द्विधा भिद्यते । तथा हि परस्परं जीव्यजीवकभावापन्नेषु पदार्थेष्वेकः स्वसंस्थानसत्तालक्षणं मानं ददात्याकर्षणेन,—अपरश्च तं द्यति=खण्डयति विकर्षणेन । एवञ्च सर्वं विश्वं भगवान् स्व स्वरूपनिवेशेनेयत्ताया परिच्छिनत्तीति मानद उच्यते । तथा च तस्य महामहिम्नो महिम्ना सर्वे ग्रहोपग्रहाः परस्पराकर्षणविकर्षणजीवना एतावत्त्वरूपं मानं=परिच्छेदं प्राप्ताः ।

लोकेऽपि च पश्यामः—प्रत्येकप्राणीन्द्रियगोलकानि परिच्छिनानि=इयत्ता विशिष्टानि विद्यन्ते । सा च तेषामियत्ता परस्परं भिन्ना विद्योतयति दानरूपं भिन्ना विद्योतयति दानरूपं=खण्डरूपं धर्मम् । एतच्च सर्वं शरीराङ्गविभागं दृष्ट्वा सुज्ञानं भवति ।

भावार्थश्चैषं ज्ञेयः—सर्वं तेन विधात्रा तष्टं तद्वशे वर्तते । मनुष्यज्ञानागोचरमपि यत्, तत् कन्दुकमिव तज्ज्ञानगोचरं भवति । यथा चाकाशे गच्छन्महद् यानमपि—आकाशविस्तारापेक्षयाऽणुप्रमाणम् । तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"सर्वं तदिन्द्र ते वशे ।" यजुः ३३।३५; ऋक् ८।९३।४ ॥

स्वात्मसंस्थानरूप तथा खण्ड रूप से दो प्रकार का है, और वह इस प्रकार है, परस्पर जीव्य तथा जीवक अर्थात् उपकार्य और उपकारक भाव को प्राप्त हुये पदार्थों में एक आकर्षण करके स्वसंस्थान रूप मान को देता है, तथा दूसरा विकर्षण अर्थात् अपने से कुछ अंश को पृथक् करके खण्डरूप मान को देता है । इस प्रकार भगवान् विष्णु अपने स्वरूप के निवेश अर्थात् व्याप्ति से इस सकल विश्व को परिच्छिन्न=परिमिति अर्थात् इयत्ता से युक्त करता है, इसलिये मानद नाम से कहा जाता है ।

महामहिमशाली भगवान् विष्णु की ही महिमा से, सब ग्रह तथा उपग्रह परस्पर के आकर्षण तथा विकणर्ष से सम्बद्ध हुये, परिच्छेद (मान) को प्राप्त हुये हैं । हम लोक में भी देखते हैं, प्रत्येक प्राणी के इन्द्रियगोलक, परिच्छिन्न अर्थात् परिमित हैं. यह इनकी इयत्ता ही परस्पर में भिन्न हुई खण्डरूप मान को प्रकट करती है और यह शरीर के सब अङ्गों के विभागों को देखने से अच्छे प्रकार जानी जा सकती है । पूर्वोक्त का सारांश इस प्रकार समझना चाहिये, जो कुछ भी परमात्मा ने बनाया है, वह सब उसके वश में है. जो कुछ अंश में भी मनुष्य के ज्ञान का विषय नहीं है, वह भी एक छोटे से गेन्द के समान परमात्मा के ज्ञान का विषय होता है । जैसे हमारी दृष्टि की अपेक्षा से बहुत बड़ा भी अन्तरिक्ष यान, अन्तरिक्ष के विस्तार की अपेक्षा से बहुत छोटा अर्थात् अणुप्रमाण है ।

जैसा कि **"सर्वं तदिन्द्र ते वशे"** (यजुः ३३।३५; ऋक् ८।९३।४) इत्यादि मन्त्र से सिद्ध है । भगवान् ने प्राणियों, अर्थात् मनुष्यों के लिये यन्त्रों का मान दिया है, जो कि

प्रत्येकप्राणिशरीरविभागविज्ञानेन भगवान् विष्णुर्मनुष्येभ्यो यन्त्रनिर्माण ज्ञानं ददाति। तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"वेदा यो वीनां पदमन्तरिक्षेण पतताम्।

वेद नाव. समुद्रियः।" ऋक् १ २५।७॥

एतद्धि गगनगविमान—विज्ञानमूलम्। एवं च स भगवान् विष्णु र्वीना-माकाशचराणांमद्ग्वादिजलचर—चराणां, अश्वादि स्थलचरजीवानां विज्ञानेन नभो जलस्थलगमनार्हाणां विमानादियानानामुपदेशं ददाति। एवमेव वर्तिकया कच्छपेन वा जलस्थलोभयसंचारियाननिर्माणमुपदिशति। तत्र चैतन्यनिधा-नाच्चोपदिशति चालकशक्तिनिवेशम्। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"नावेव सिन्धुदुरितात्यग्निः।" ऋक् १।९१।१॥

अग्निस्तत्र शरीरस्थ जीवस्थानीयः। एवं लोकं दृष्ट्वा बहुविधमूहनीयं तत्त्वविद्भिः।

भवति चात्रास्माकम्—

स मानदो मानशतानि दत्ते द्यतीव वा मानशतानि विष्णुः।
परस्परं मानमियर्त्ति सर्वं परस्परं वा च [1]विकर्षतीति ॥३३१॥

१—तद्यथा—जलमग्नि निर्वापयति,—अग्निर्वा जलं दहति, स्वबला-नुसारम्। मन्त्रलिङ्गञ्च—

प्राणियों के शरीर के अङ्गों के विभाग के ज्ञान से सिद्ध होता है. इसी भाव का पोषक **"वेदा यो वीनां पदमन्तरिक्षेण पतताम्। वेद नावः समुद्रियः"** (ऋक् १।२५·७) इत्यादि मन्त्र है। इससे आकाश में चलने वाले विमानों का विज्ञान होता है। इस प्रकार भगवान् अन्तरिक्षगामी जीवों, मद्गु जलचर जन्तु विशेष तथा स्थलचर अश्वादि जीवों के विज्ञान द्वारा आकाश, जल तथा स्थल में चलने वाले विमानों का उपदेश देता है. वत्तख तथा कच्छप जलजन्तु के द्वारा, समुद्र में तथा स्थल पर चलने वाले यानों का उपदेश देता है और इन सब में चैतन्य का निधान करके चालक शक्ति का उपदेश देता है। जैसा कि **"नावेव सिन्धुं दुरितात्यग्निः"** (ऋक् १।९१।१) इत्यादि मन्त्र से सिद्ध है। यन्त्रों में अग्नि जीवस्थानीय है। इस प्रकार तत्त्वविदों को लोक को देखकर और भी कल्पनायें कर लेनी चाहियें।

इस उपर्युक्त भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

भगवान् विष्णु का नाम मानद है, क्योंकि वह अनन्त मानों का दान तथा खण्डन करता है तथा विश्व में वर्तमान प्रत्येक पदार्थ परस्पर में आकर्षण या विकर्षण के द्वारा मान को प्राप्त होता है।

"एतानि वा श्रवस्या सुदानू ब्रह्माङ्गूषं सदनं रोदस्योः ।
यद्वां पज्रासो अश्विना हवन्ते यातमिषा च विदुषे च वाजम् ।"
ऋक् १।११७।१० ॥

रोदस्योः द्यावा (सूर्य) पृथिव्योः सदनम्—आङ्गूषम्—ब्रह्म- पज्रास इति । रोदस्योः सदनं शिल्पिशाला भवति सा च ब्रह्मलोकेनोपमिता भवति । यत्र यन्त्राणि मानं प्राप्नुवन्ति तन्मानदस्य शिल्पिनः शाला तस्य सदनं भवति ।

मान्यः—७४९

मान पूजायामिति चौरादिको धातुस्तत "ऋहलोर्ण्यत्" (पा० ३।१।१०४) सूत्रेण ण्यत्प्रत्ययः । मानयितुं योग्यो मान्यः पूजनीय इति । यश्चेष्टे समर्थो भवति स सर्वैर्मान्यत=पूज्यते । तथा च मन्त्रलिङ्गम्—

"ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।" यजुः ४०।१ ॥

सर्वमिदं विश्वमाकीटाद् ब्रह्मपर्यन्तमघटितघटनापटीयस्याः प्रकृतेः परिणामः । सा च प्रकृतिर्यद्वशगा स ईश एव सर्वेषां मान्य=पूज्य इति ।

लोकेऽपि च पश्यामः—सुचारुयन्त्रे, रमणीये वा चित्रे तन्निर्मितुः कर्तुर्यो

जैसे जल अपनी शक्ति के अनुसार अग्नि को शान्त कर देता है, तथा अग्नि अपनी शक्ति के अनुसार जल को जला देता है, इसी भाव का पोषक **"एतानि वां श्रवस्या सुदानू०"** (ऋक् १।११७।१०) इत्यादि मन्त्र है । रोदसी नाम द्यावापृथवी अर्थात् सूर्य और भूमि का सदन अर्थात् स्थान या शाला ब्रह्म है, अर्थात् जहां रोदसी=पृथिवी सूर्य आदि का निर्माण होता है, उस स्थान का नाम शिल्पिशाला है । उसकी समानता ब्रह्म लोक से की जाती है । जिस प्रकार यन्त्रों के मान अर्थात् निर्माण करने वाले शिल्पी का स्थान शिल्पिशाला नाम से कहा जाता है ।

मान्यः—७४९

चुरादिगणपठित पूजार्थक मान धातु से अर्हार्थ में ण्यत् प्रत्यय करने से मान्य शब्द सिद्ध होता है । जो मान अर्थात् पूजा करने योग्य होता है, उसका नाम मान्य है । समर्थ ही अर्थात् सब कुछ करने में सक्ष मही पूजने योग्य होता है, या सब के द्वारा पूजा जाता है जैसाकि **'ईशावास्यमिदं सर्वम्"** इत्यादि यजुर्वेद (४०।१) मन्त्र से सिद्ध है ।

कीट से लेकर ब्रह्म तक यह सकल विश्व अघटित घटन अर्थात् जिसकी सम्भावना भी मनुष्य को नहीं होती उसे भी करने में समर्थ प्रकृति देवी का परिणाम है ऐसी वह प्रकृति जिसके वश में है, वह सर्वथा समर्थ भगवान् सब का मान्य अर्थात् पूज्य है । लोक में भी हम देखते हैं, सुन्दर यन्त्र या चित्र में उसके कर्ता की वृद्धि ही प्रशंसनीय होती है,

बुद्धिनिवेशः स एव मान्यो भवति, नतु यन्त्रचित्रोपादानभूतं कारणमिति। एवञ्च—"न त्वदन्यः कवितरो न मेधया धीरतरो वरुण स्वधावन्।" इत्याथर्वण (अ० ५।११।४) मन्त्रलिङ्गात् स एव विष्णुः सर्वत्र प्राकृतेषु विकारेषु दृष्टिपथमुपयन् मान्यतां लभते। मान्य इत्यनेन नाम्ना च स एव पूज्यते, भवतु पूजाविधानानां बहुत्वमिति। तथा मन्त्रलिङ्गञ्च—

"गायन्ति त्वा गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः।" ऋक् १।१०।१॥

"अर्च पूजायाम्" धातुर्मानसमानार्थकः। मान्यः पूज्योऽर्च्यो वा।

भवति चात्रास्माकम्—

मान्यः स विष्णुर्भुवने शयानः स मेधयाऽन्यान् कुरुते ह्यधस्तात्।
स्तुवन्ति साम्ना स्तुतिकर्मदक्षाः तमेव चार्चन्ति च पूजनीयम्॥३३२॥

लोकस्वामी–७५०

स्वरतेर्डे प्रत्यये स्वः शब्दो न्यरुप्यत, तस्मादैश्वर्यवाच्ये मत्वर्थे "स्वामिन्नैश्वर्ये" (पा० ५।२।१२६) सूत्रेण 'आमिन्' प्रत्ययान्तो निपात्यते। इन्नन्तलक्षणे। दीर्घः। स्वम्=ऐश्वर्यमस्यास्तीति स्वामी, लोकानां लोकस्वामी।

यन्त्र या चित्र का उपादानभूत उपकरण लोह या रङ्ग आदि नहीं। इस प्रकार **"न त्वदन्यः कवितरो न मेधया धीरतरो वरुणः"** (अथर्व ५।११।४) इत्यादि मन्त्रानुसार भगवान् विष्णु ही इन सब प्राकृत विकारों में व्यापकरूप में दीखता हुआ मान अर्थात् पूजा को प्राप्त होता है, तथा मान्य नाम से वह ही पूजा जाता है, यद्यपि पूजा के विधान बहुत हैं। जैसा कि **"गायन्ति त्वां गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः"** (ऋक् १।२०।१) इत्यादि मन्त्र से प्रतिपादित है। पूजार्थक अर्च धातु, मान धातु का समानार्थक है, इसलिये मान्य, पूज्य, अर्च्य ये सब समानार्थक हैं।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

सर्वत्र भुवनों में व्यापक रूप से स्थित भगवान् विष्णु ही मान्य है, क्योंकि वह अपनी बुद्धि से सब को नीचा करता है। स्तावक भक्त पुरुष साम के द्वारा भगवान् की स्तुति करते हुये, उसकी अर्चा=पूजा करते हैं।

लोकस्वामी—७५०

शब्द तथा उपताप (रोग) अर्थ वाले स्वृ धातु से उणादि ड प्रत्ययान्त, स्व शब्द का व्युत्पादन पहले किया गया है। उस स्व शब्द से ऐश्वर्य अर्थ के वाच्य होने पर मतुप् अर्थ में आमिन् प्रत्यय तथा इन्नन्त लक्षण दीर्घ करने से स्वामी शब्द सिद्ध होता है। स्व नाम ऐश्वर्य, जिसमें या जिसके पास है, उसका नाम स्वामी है। षष्ठी तत्पुरुष समास

यद्वा लोकरूपं स्वं, लोकस्वम्, मध्यमपदलोपी समासः तदस्यास्तीति लोकस्वामी विष्णुः। ईश्वरस्य भावः कर्म वा---ऐश्वर्यम। यश्चेशनशीलः, ईशनधर्मा, ईशनसाधुश्च स ईश्वरः।

स च स्वकीयेनैश्वर्येण सर्वं व्यश्नुवानो विष्णुरेव। अथ चास्मिन् देहे जीवो लोकस्वामी, तथाहि पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि वाह्या लोकाः, पञ्च चाभ्यन्तराः, यथा—फुफ्फुसौ—हृदयं—यकृत् प्लीहानौ। मुत्रपुरीषद्वारद्वयं, सुपुम्नाख्यमेकं ज्ञानवहम्, एकञ्च मुखाद् गुदान्तं महाविवरमिमानि चतुर्दशभुवनानि, एभिरन्तःस्थमरिष्टं वाहिरायाति। मन्त्रलिङ्गञ्च—

"तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिमित्यादि।" यजुः २५।१८॥

भवति चात्रास्माकम्—

स्वामी हि लोकस्य परात्परोऽसौ स एव विष्णु र्वितनोति सर्वम्।
तथा यथा [1]स्वात्मवशी शरीरं स्वैश्वर्यमात्रेण करोति मान्यम्॥३३॥

१—आत्मा=जीवः।

करने से, लोकों का जो स्वामी है, उसका नाम लोकस्वामी है। यद्वा मध्यमपदलोपी समास करने से लोकरूप जो स्व, उसका नाम हुआ लोकस्व, वह लोकस्व जिसमें या जिसका है, उसका नाम हुआ लोकस्वामी, यह भगवान् विष्णु का नाम है। ईश्वर का जो भाव या कर्म उसका नाम है ऐश्वर्य। जिसका स्वभाव या धर्म ईशन (शासन) करना है, अथवा जो शासन करने में साधु (श्रेष्ठ) है, उसका नाम ईश्वर है और वह ईश्वर, अपने ऐश्वर्य से सब को व्याप्त करने वाला विष्णु ही है। इस पार्थिव शरीर में लोकस्वामी जीवात्मा है, क्योंकि इस शरीर के पञ्च ज्ञानेन्द्रियां वाह्य लोक हैं, तथा दो फुप्फुस एक हृदय, यकृत् और प्लीहा ये पञ्च आभ्यन्तर लोक हैं, तथा मूत्र और पुरीष के निर्गम द्वार दो, एक ज्ञानवाहिका सुषुम्ना और एक मुख से गुदातक महा विवर, ये १४ भुवन हैं, इन से ही प्राणियों का अन्तःस्थित अरिष्ट "मृत्युसूचक आदि लक्षण" बाहर आता है। यह लोकस्वामी नाम **"जगतस्तस्थुषस्पतिम्"** इत्यादि मन्त्र से प्रमाणित है।

इस भाव को भाष्यकार अपने पद्य द्वारा इस प्रकार व्यक्त करता है—

यह परात्पर भगवान् विष्णु, इस सकल लोक का स्वामी है, तथा वह ही इस सकल विश्व का विस्तार करता है और इसे मान्य करता है, उस ही प्रकार, जिस प्रकार यह जीवात्मा अपने ऐश्वर्य से इस शरीर को मान्य करता है।